ISSN 2277 - 7083

आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved CARE Listed Journal

वर्ष/Year-12 अंक/Vol.-46 द्विभाषी/Bilingual

अप्रैल - जून / April – June 2023

सभी देशवासियों को

आज़ादी के अमृत महोत्सव

की हार्दिक शुभकामनाएँ।

संपादक
-डॉ. आशीष कंधवे

विनायक दामोदर सावरकर स्मरणांजलि

काल स्वयं मुझ से डरा है,
मैं काल से नहीं,
कालेपानी का कालकूट पीकर
काल से कराल स्तभों को झकझोर कर,
मैं बार-बार लौट आया हूँ,
और फिर भी मैं जीवित हूँ।
हारी मत्यु है, मैं नहीं......

आधुनिक साहित्य



संपादक

डॉ. आशीष कंधवे

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

प्रकाशन | वितरण | राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रमुख उद्देश्य

★ हिंदी का प्रचार-प्रसार

★ उत्तम साहित्य का प्रकाशन

★ साहित्यकार साहित्य योजना

★ पुरस्कार प्रतियोगिता का संचालन

★ रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास

★ हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का समग्र विकास

★ साहित्य एवं संस्कृति के चहुँमुखी विकास के लिए प्रयत्न

★ संग्रहालय, पुस्तकालय एवं संगोष्ठी कक्ष की स्थापना में प्रयासरत

मुख्यालय

एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088

संपर्क सूत्र : 09811184393, 011-47481521

ई-मेल : vhspindia@gmail.com, aadhuniksahitya@gmail.com

Website : www.vhsp.in

UGC Approved CARE Listed Journal

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

वर्ष/Year-12 अंक/Vol.-46 | अप्रैल - जून 2023/April – June 2023 | द्विभाषी/Bilingual

Aadhunik Sahitya

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे*

Editor

Dr. Ashish Kandhway

उप संपादक	Sub Editor
रजनी सेठ	Rajni Seth
प्रबंध संपादक	Managing Editor
ममता गोयनका	Mamta Goenka
सहायक संपादक	Assistant Editor
डॉ. ऐश्वर्या झा	Dr. Aishwarya Jha
संवाददाता (अंग्रेजी)	Correspondent (English)
निलांजन बैनर्जी	Nilanjan Banerjee
संरक्षकगण	Patron
प्रो. उमापति दीक्षित	Prof. Umapati Dixit
कुमार अविकल मनु	Kumar Avikal Manu

*आशीष कंधवे (मूल नाम आशीष कुमार)

आधुनिक साहित्य में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबन्धित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा दिल्ली क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका में सम्पादन से जुड़े सभी पद गैर-व्यावसायिक एवं अवैतनिक हैं।

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved CARE Listed Journal

केंद्रीय हिंदी संस्थान के सहयोग द्वारा प्रकाशित

RNI No. DELBIL/2012/42547
ISSN 2277 - 7083

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशित सामग्री के पुन: उपयोग के लिए लेखक, अनुवादक अथवा आधुनिक साहित्य की स्वीकृति अनिवार्य है।

संपादकीय कार्यालय
एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088
फोन : 011-47481521, +91-9811184393
ई-मेल : aadhuniksahitya@gmail.com
adhuniksahitya@gmail.com

आलेख/रचना/कहानी में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के हैं इससे प्रकाशक या संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मूल्य : **₹ 500 प्रति अंक**

शुल्क :	तीन वर्ष (12 अंक)	₹ 6000
	पांच वर्ष (20 अंक)	₹ 9000
	(डाक/कोरियर खर्च सहित)	
	आजीवन सदस्यता	₹ 21,000
	विदेश के लिए (3 वर्ष)	200 डॉलर

शुल्क **'AADHUNIK SAHITYA'** के नाम पर भेजें।

Account Name	:	Aadhunik Sahitya
Account No.	:	16800200001233
Bank	:	Federal Bank Ltd.
Branch	:	Shalimar Bagh New Delhi-110088
IFSC Code	:	FDRL0001680

'आधुनिक साहित्य' द्विभाषी त्रैमासिकी आशीष कुमार के स्वामित्व में और उनके द्वारा एडी-94डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088 से प्रकाशित तथा आभा पब्लिसिटी, 163, देशबंधु गुप्ता मार्केट, करोलबाग, नई दिल्ली से मुद्रित। स्वामी/संपादक/प्रकाशक/मुद्रक : डॉ. आशीष कुमार।

'AADHUNIK SAHITYA' A quarterly bilingual (Hindi & English) Journal of Literature, Culture & Modern Thinking owned/published/printed/edited by Ashish Kumar from AD-94-D, Shalimar Bagh, Delhi-110088 and printed at Abha Publicity, 163, Deshbandhu Gupta Market, Karolbagh, New Delhi.

अनुक्रम

संपादकीय
- डॉ॰ आशीष कंधवे / **राष्ट्रबोध का नवजागरण और नवभारत** / 11

हिंदी प्रभाग
- डॉ. सुप्रिया संजू / **निज भाषा का अभिमान राष्ट्र उन्नति का सोपान** / 17
- अचला वर्मा / **इक्कीसवीं सदी के भाषाई निर्माण में हिंदी की सहभाषाओं की भूमिका** / 22
- विनीत कुमार सिन्हा / **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई हिंदी पत्रकारिता की भाषा : संभावनाएं एवं चुनौतियां** / 28
- डॉ. रीना / **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के परिप्रेक्ष्य में भारतीय भाषाओं का प्रश्न** / 33
- डॉ. शशि रानी / **निज भाषा का प्रश्न और सिनेमा** / 39
- डॉ. नीतू गुप्ता / **भाषा का प्रश्न और सिनेमा** / 44
- राजश्री भारद्वाज / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना** / 47
- डॉ. ममता / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना** / 54
- डॉ. ममता थपलियाल / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** / 59
- सुशान्त कुमार पाण्डेय / **भाषा का प्रश्न, आत्मनिर्भरता एवं नई शिक्षा नीति** / 64
- ऋचा राघव / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना** / 69
- डॉ. योजना कालिया / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना** / 74
- अमित जायसवाल / **नेपाल में हिंदी का वर्तमान परिदृश्य** / 77
- डॉ. अनिता देवी / **हिंदी सिनेमा की भाषा : कल, आज और कल** / 81
- वागीश शुक्ल / **अज्ञेय के निबंधों में भाषायी चिंतन** / 87
- डॉ. नीलम देवी / **हिंदी भाषा का वैश्विक परिदृश्य** / 97
- डॉ. विजय लक्ष्मी / **हिंदी भाषा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति** / 102
- ओम्मी ठाकुर / **भारतीय बहुभाषिक लोक और रंगमंच** / 107
- तृष्णा रॉय / **बांग्ला लोकगीतों में भाषाई परिप्रेक्ष्य** / 112
- डॉ. मंजू कुमारी / **वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न** / 119
- डॉ. अनुरुद्ध सिंह / **वैश्विक पटल पर हिंदी भाषा का प्रश्न** / 124
- अरविंद कुमार यादव / **अरुणाचल प्रदेश के हिंदी उपन्यासों में स्त्री स्वर** / 128
- सुअम्बदा कुमारी / **सुब्रमनी कृत उपन्यास 'डउका पुरान' में साहित्यिक संवेदना** / 133
- अरुण कुमार अग्रहरि / **भाषा का प्रश्न और इक्कीसवीं सदी का भारत** / 138
- दीपा कुमारी राय / **21वीं सदी में हिंदी भाषा और बाजारवाद** / 145

- आचार्य (डॉ.) एस. हुसैन / **भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति** / 150
- डॉ. माया शर्मा / **वैचारिक क्रांति में भाषा का योगदान** / 156
- डॉ. अशोक कुमार / **भाषा का प्रश्न और पूर्वोत्तर की हिंदी** / 162
- डॉ. विभाषा मिश्र / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति** / 167
- सीमा देवी / **वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा की स्वीकार्यता एवं प्रासंगिकता** / 169
- नायराह कुरैशी / **भाषा का प्रश्न और दक्षिण का हिंदी साहित्य** / 174
- डॉ. शीलम भारती / **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में** भाषा नीति का समीक्षात्मक अध्ययन / 177
- डॉ. पूजा जग्गी / **बुराड़ी कांड में भाषा की भूमिका** / 183
- प्रीति पाण्डेय / **भाषा के प्रश्न और काशीनाथ सिंह** / 189
- जगबीर सिंह / **भाषा का प्रश्न और प्रवासी साहित्य** / 197
- डॉ. मलखान सिंह / **तुलसी का कबित्त विवेक** / 204
- कित्तीपोंग बुनकर्ड / **समकालीन कविताओं में रामायण का प्रभाव :रावण के पात्र के विशेष संदर्भ में** / 212
- प्रो. सुचिता त्रिपाठी / **काशी का साहित्यिक योगदान** / 217
- नीलम राठी / **रेडियो प्रसारण में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अन्य प्रायोजित कार्यक्रमों की जनहितकारी भूमिका** / 224
- डॉ. अमित कुमार गुप्ता एवं डॉ. अपर्णा / **सॉफ्ट पावर : भारतीय विदेश नीति की अहम् रणनीति** / 233
- डॉ. सत्यप्रकाश सिंह / **स्वाधीनता आंदोलन और क्रांतिकारियों का जीवन तथा साहित्य** / 247
- सरिता कुमारी / **ज्योतिबा फुले का शिक्षा में योगदान : एक सामाजिक विश्लेषण** / 254

ENGLISH SECTION

- Swati Dwivedi / **National Education Policy (NEP) 2020: Promotion of Indian Languages, Multilingual Education, and the Three Language Formula** / 1
- Dr. Harjinder Kaur **/ Role of Information and Communication Technology (ICT) in the Development of Hindi in the 21st Century** / 8
- Lhundup Dorjee / **Analysis on the Different Features of Modern Tibetan Literature** / 15

- Prof. M.R. Verma, Pankaj Kumar /**Bhikhari Thakur: Gender inclusive representation in the modern Bhojpuri theatre** / 21
- Beena Negi Chaudhary / **Teaching Aptitude and Academic Achievement of B.Ed Students in Relation to Medium of Instruction** / 27
- Garima Mani Tripathi / **Language at the universal level: philosophical problems and prospects for Hindi** / 33
- Dr. Bipin Kumar Thakur / **Criteria for Inclusion in the Eighth Schedule: A Work in Progress** / 42
- Deepak Kumar , Dr Anita Kumari / **Tagore Uses of Language and Literatureas Nationalism** / 48
- Dr. Shaizy Ahmed, Mr. Praveen Singh / **English vs. Hindi: Does Language Matters in Career Development** / 53
- Dr. Kavita Singh, Prof. Harpreet Kaur / **Nature Protection Through Indian Vedic Culture** / 60
- Sadhna Jain / **Linguistic Challenges and Quality of Research in Cross-Cultural Research** / 67
- Dr. Zubair Ahmad Bhat / **From Theory to Practice: An Approach to the Importance of English Language in Contemporary India** / 73
- Dr. Santanu Saha / **"From Margin to Mainstream": An Inquiry into the Select Poems Written by Indian Women Poets in English** / 80
- Md Rashid Iqubal Siddique, Dr Anita Kumari / **Question of Language & New Age Journalism** / 85
- Dr. Reena Kapoor / **Marginalization of a Language and Ensuing Cultural Shift** / 92
- Pinku Jha / **The Complex Web of Language, Welfare and the Politics: A Critical Analysis** / 97
- Dr. Sojia John / **Status of Infusion of EE concepts in VIII th Standard Language Text Books of Kerala** / 103
- Priteesh Kumar / **National Education Policy2020 in the upgradation of Indian languages** / 115
- Anju Khandelwal, Avanish Kumar / **Scientific and Technical Knowledge: In View of Indian Languages** / 122
- Dr. Chetna Sharma / **Role of Hindi In The Resurrection of National Consciousness** / 132
- Shirsak Ghosh / **The power of language in Rudyard Kipling's selected poems** / 138

- Vandana Gaur Vashisht / **The status of the English language in the wake of NEP2020** / 143
- Ekta Verma **/ World Literature Today magazine and representation of Hindi** / 149
- Dr. Smitha Eapen / **Weblish –The Shortened Language: Rose or Thorn** / 155
- A.P. Charumathi, Dr. M. Premavathy / **Gleanings of Feminist Ideas in Sudha Murty's Dollar Bahu** / 160
- Dr. Chandrima Sen / **Reading Queer in Manju Kapur's Novel, *A Married Woman*** / 166
- Dr. V. Vinod Kumar, S. Bharath / **Investigating the Functions of Metacognitive Strategies in Second Language Acquisition** / 173
- Dr. M. Premavathy / **Picture of Rural Life in Thomas Hardy's Far*From The Madding Crowd*** / 180
- G. Vijayarenganayaki, Dr.T.S. Ramesh / **The Metamorphosis from Deflation to Inflation: An Inquiry of the Economic Transmutation in Thrity Umrigar's *The Secrets Between Us*.** / 185
- Dr. V. Sri Ramachandran / **A Study of human psychology in *High Noon, (Utchi Veyil*) by Indira Parthasarathy translated by Mr. M. R. Sivaramakrishnan** / 192
- Sudhir Sudam Kaware, UshaTiwari, Akhilesh Kumar Gupta / **A Study the Use of Social Networking Sites For Educational Purposes of Undergraduate Students** / 197
- Dr. R. Suresh Kumar / **Portrayal of Women and Transgenders In select Plays of Maheshdattani /** 209
- Dr. Garima Jain / **A Reading of Amiatv Ghosh's *The Hungry Tide* through the Prism of Cosmopolitanism** / 216
- A. Jesu Steephan Samy, Dr. S. Kirubhakaran / **Surrogate Colonialism in Ngugi WaThiango's *Matigari*** / 223
- R. Ramya Priyadharshini / **Numbness and Mortification of Igbo Enigmas in Achebe's *Things Fall Apart*** / 229
- C. Ramesh, Dr. N. Ramesh / **Eco-feminism and Social Perspectives in Barbara Kingsolver's *Flight Behavior*** / 235
- Dr. K.M. Kamalakkannan / **Arthur Miller's Theme of Masculine and Feminine Sensibilitis** / 241

- K.Mekala, Dr.N.Gunasekaran / **Comparative Picture of Cultural Conflict in the Novels of Vikram Seth** / 245
- Mr. T. Pasupathi / **Magical Realism in *Combat of Shadows*** / 251
- A. Nanthakumar, Dr. C. Govindaraj / **Mahesh Dattani: A Playwright with a Unique Voice and Vision** / 256
- Dr. N. Gunasekaran, Mrs. K.S. Shyalaja / **Positive Approach: Idealism Vs Materialism in Vikas Swarup's The Accidental Apprentice** / 263
- Dr. N. Gunasekaran, R. Santhi / **Women's Quest for freedom in Nayantara Sahgal's The Day in Shadow** / 268
- Dr Junti Boruah / **Reading Folktales from Gender Perspective: An analysis of Assamese folktales *Chilanir Jiyekar Sadhu* (The Tale of the Kite's Daughter) and *Champawati*** / 274
- Lakshmi V, Dr. S. Rasheeda Sulthana / **A Study of History, Politics and Gender Issues in 20th Century Egypt Through the Film *The Yacoubian Building*** / 281
- M. Prakash, Dr. K. Lavanya / **Discord and the Dynamics of Power in Octavia E. Butler's *Wild Seed*** / 285
- Pooja Jaggi, Veena Gupta / **Psycho-social Aspects of Communication in Destructive Cults and Groups** / 289
- R. Sivasankari / **Blacks Encounter Racial discrimination in Chester Himes' *If He Hollers Let Him Go*** / 295
- R.Deepadharshini, Dr. M.Premavathy / **Social Reality and its Caveat in V.S. Naipaul's *A House for Mr.Biswas*** / 300
- Rose Mary Kazhiia / **Re-reading the Mao folktale of *Akajii Ye Ariijii Ko*** /305
- Ms. Mini Srivastava, Prof. (Dr.) Arvind P. Bhanu and Ms. Divita Khanna/ **An Empirical Study on Social Media Users'Perception, Experience and Behavior in India** / 310
- Pardeep, Prof Manjeet Rathee / **Many Million Unconscious Minds Throb Along when a Gajban Goes Fetching Water: Analysis of a Folk Song** /320
- A. Yogaraj, Dr. M. Kavitha/**Insightful of Unified Heterogeneity in Rohinton Mistry's *Such a Long Jounney*** / 327
- A. Vasanthi, Dr. M. Noushath / **Dual Religions and Cultural Confrontation – Kamala Markandaya's Perception** / 335

- **Jisha John / Reimagining Memory: Contemporary Literary Trends in Memory Studies and Indian Writing** / 342
- G.Meshak Devakaram, Dr. K.S. Anish Kumar / **The Paradox of Patriarchal Code: A Feminist Readingof Prostitution in Nawal El Saadawi's Woman at Point Zero** / 351
- Bigrai Basumatary, Dr. Rustam Brahma / **Critiquing America's War on Terror: A Study of Nadeem Aslam's *The Blind Man's Garden*** / 358
- Dr. Shinam Batra, Dr. Sunil Kumar / **Education 5.0: Opportunities and Challenges** / 362
- Ankita Singh / **Critical and theoretical perspectives on digitized material, including participation, and crowdsourcing, for content development in Indian Education-based apps.** / 373



संपादकीय

राष्ट्रबोध का नवजागरण और नवभारत

भारत एक उत्सवधर्मी देश है और यही उत्सवधर्मिता हमें विश्व की अन्य संस्कृतियों से समृद्ध बनाती है और अलग दिखाती है। परंतु आज मैं भारत के किसी सांस्कृतिक त्योहार या अध्यात्मिक अनुष्ठान की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं उस विषय विशेष पर बात करना चाहता हूं जिसे हम नया भारत कह रहे हैं, जिसे हम बदलता हुआ भारत कह रहे हैं, जिसे हम विकास की ओर अग्रसर भारत कह रहे हैं, भविष्य में विश्व का मार्गदर्शन करने वाला भारत कह रहे हैं।

यथार्थ में अगर हम बात करें तो 21वीं सदी का दूसरा दशक भारत के नवभारत बनने के बीज का वर्ष है। सन 2014 में हुए राजनीतिक परिवर्तन से अनेक वर्जनाएं टूटी है, अनेक विचारधाराएं धूल धूसरित हो गई हैं। एक ओर राष्ट्रवाद का उदय देश के हर वर्ग में देखने को मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर भारत से भारत के लोगों का नवजुड़ाव ही नवभारत की नीव का पत्थर बनने वाला है। विकसित भारत की परिकल्पना और 2047 में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के लिए जो सपने देखे गए हैं और दिखाए गए हैं आज उनके बीच घटने वाली घटनाओं का आकलन करने का समय है। अमृत महोत्सव के इस काल में सत्यनिष्ठा के साथ अगर राष्ट्र का आकलन किया जाए तो यह कहा जा सकता है कि विगत 75 वर्षों में देश विश्व के अन्य विकसित देशों के समकक्ष खड़ा हो जाता, परंतु ऐसा नहीं हुआ या फिर स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो ऐसा होने नहीं दिया गया।

मैं यह नहीं कह सकता कि स्वतंत्रता के पश्चात् राष्ट्र में विकास नहीं हुआ है परंतु विकास जिस गति से, जिस निष्पक्षता से और जिस इमानदारी के साथ होना चाहिए था वह बिलकुल नहीं हुआ है। राष्ट्र की आवश्यकता के अनुसार विकास करना तर्क हो सकता है परंतु किसी भी राष्ट्र के भविष्य के आकलन के अनुसार उस राष्ट्र का विकास करना ही सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की सेवा है ।

भारत ही नहीं किसी भी राष्ट्र की मूल संचेतना को अगर समाज में जागृत नहीं किया जाएगा तो उसका स्वाभिमान स्वतः ही समाप्त हो जाता है। भारत में तो भारतीयों के स्वाभिमान को बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से समाप्त करने की प्रक्रिया अपनाई गई।

स्वतंत्रता के पश्चात् शिक्षा पद्धति इस हिसाब से विकसित की गई ताकि एक वर्ग विशेष को विशेष लाभ हो और भाषा के संदर्भ में भी ऐसी व्यवस्था की गई किस शासक और जनता की भाषा अलग अलग रहे।

स्वतंत्रता के पश्चात अत्यंत नियोजित माध्यम से भारत की मूल संस्कृति धर्म और अध्यात्म को पाठ्यक्रमों से लेकर समाज तक से गायब करने की प्रवृत्ति बनाई गई। इस प्रवृत्ति के कारण वामपंथ जैसी विचारधारा ने अपनी पकड़ बना ली, विशेषकर शैक्षणिक संस्थाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं पर। इसका परिणाम यह हुआ कि हम साधारण भारतवासी अपने स्वाभिमान से दूर हो गए, अपने इतिहास से दूर हो गए, अपनी गौरवशाली ज्ञान परंपरा से दूर हो गए और अपने सांस्कृतिक चेतना से दूर हो गए। इस नियोजन को और शक्ति तब प्राप्त हो गई जब इस देश में सेकुलरिज्म अर्थात धर्मनिरपेक्षता नाम के शब्द का प्रयोग संवैधानिक माध्यम से किया जाने लगा। मुझे आज तक यह बात समझ नहीं आई है कि जब व्यक्ति धार्मिक होता है तो कोई भूमि या कोई भूभाग धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है।

यह धर्म ही तो था जिसकी वेदना हमें 1947 में सहनी पड़ी और एक बड़ा भूभाग भारत के हिस्से से, भारत के स्वाभिमान से कटकर अलग हो गया। अर्थात सेकुलरिज्म अपने आप में एक बड़ा संशय है, कंफ्यूजन है क्योंकि जो व्यक्ति अपने घर में धार्मिक है अपने समाज में अध्यात्मिक है, वह राष्ट्र के स्तर पर धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? इस धर्मनिरपेक्षता की परिकल्पना ने भारत के बुद्धिजीवियों से लेकर भारत की साधारण जनता तक को दो हिस्सों में बांट कर रख दिया। यही सेकुलरिज्म शब्द को संवैधानिक आवरण देने वालों का लक्ष्य था। इसी सेकुलरिज्म की ओट में अनेक ऐसी चेतनाओं का जन्म हुआ जो हमारे भारतीय संस्कार, भारतीय परंपरा, भारतीय आस्था और भारतीय उत्सव धर्मिता के लिए ठीक नहीं था। पर वोट की राजनीति ने भारतीय लोकतंत्र को एक ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया जहां एक विशेष वर्ग अपने धार्मिक उन्माद और कट्टरता के कारण स्वयं को अल्पसंख्यक श्रेणी में रखकर सभी प्रकार की राष्ट्रीय सुविधाओं का उपयोग उपभोग करता रहा, वहीं, दूसरी ओर बहुसंख्यक हिंदू समाज राजनीति का ऐसा शिकार हुआ कि दलित महादलित हो गया, आदिवासी महाआदिवासी हो गया और उपेक्षित हो गया। हिंदू होते हुए भी हिंदुओं ने कभी इनकी सुध नहीं ली जिसका परिणाम यह हुआ कि इस वर्ग में बहुत तेजी से धर्म परिवर्तन जैसी कुरीतियां स्वीकार्य हो गई। दरअसल, सेकुलरिज्म के परदे के पीछे छुपा हुआ एजेंडा भी यही था जो धीरे–धीरे संवैधानिक डंडे के माध्यम से देश पर लागू किया जा रहा था। जेएनयू से लेकर एएमयू तक और कई अनेक महत्त्वपूर्ण विश्वविद्यालयों ने स्वयं को इस देश का सबसे बुद्धिजीवी वर्ग घोषित कर दिया था। यही वर्ग नीति नियंता बन गया था और इसी वर्ग से निकले हुए लोग भारत के लोकतंत्र को अपने हिसाब से विश्व में लज्जित कर रहे थे। हमारी आंखों में अंग्रेजी के सपने पल रहे थे और हमारे अपने ही अपने धर्म संस्कार और परंपराओं के विरुद्ध आग उगल रहे थे। जितने सुनियोजित और सुव्यवस्थित रूप से इस कार्य को अंजाम दिया गया यह हम सबके लिए एक शोध का विषय है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी छवि एक गरीब देश की बन गई। ऐसे देश की जहां न्यायालय में न्याय नहीं मिलता, शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है, लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। ऐसा करने से एक विशेष वर्ग लंबे समय तक शासक के रूप में भारत पर राज करता रहा, अपने हिसाब से शिक्षा नीति बनाता रहा और अपने हिसाब से भारतीय संस्कृति को तोड़ता मोड़ता रहा, भारत के गौरवशाली इतिहास को मिटाता रहा।

परंतु संपूर्ण हुए 75 वर्षों में हिंदू, हिंदुत्व, ज्ञान गायत्री, गंगा, गीता की बात भी कहीं न कहीं जीवित रही। बहुसंख्यक समाज में ऐसे लोग थे जिन्होंने अपनी सनातन संस्कृति और सनातन ज्ञान परंपरा को बचाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस श्रेणी में अनेक व्यक्तियों के भी नाम लिए जा सकते हैं परंतु मुख्य भूमिका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रही जो अपने अथक प्रयास से भारतीय जनमानस में अपने धर्म–अध्यात्म के प्रति, राष्ट्र के प्रति और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति जागृति करती रही। अनेक विघ्न बाधाओं से संतुलन स्थापित करते हुए संघ ने राष्ट्रीय चेतना की निर्मिती में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

नव भारत की परिकल्पना,राष्ट्रवाद का उदय और राजनीतिक व्यवस्था, राष्ट्रवाद के साथ सांस्कृतिक चेतना की अनुभूति, आदिवासी हिंदुओं से लेकर दलित हिंदुओं तक की स्थिति को समझे बिना तथा सेकुलरिज्म से दो कदम आगे की राजनीति और भविष्य के भारत में कमजोर पड़ते सेक्युलरिज्म के भविष्य को समझे बिना देश के आत्मगौरव को बढ़ाना कठिन होगा।

भाषा, संस्कृति और साहित्य के नवाचार के साथ–साथ इतिहास का नवलेखन करने के लिए हमें अतीत में लौटना होगा। क्योंकि अतीत के अनुभवों में ही भविष्य की कल्पना छुपी होती है। हमारा अतीत जितना गौरवशाली है हमारा भविष्य उतना ही समृद्ध हो सकता है। शर्त बस इतनी है कि आपको आपके गौरवशाली अतीत के बारे में जानकारी हो।

आज के समय में सबसे महत्त्वपूर्ण है नवभारत की परिकल्पना। एक ऐसे भारत की परिकल्पना जो शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भर हो जाए। कल्पना को संपूर्ण करने के लिए अनेक विचारधाराएं आपस में टकरा रही हैं परंतु सबसे महत्त्वपूर्ण है भारत की नई पीढ़ी के बीच में राष्ट्रबोध को जागृत करना।

नवभारत के निर्माण में लोकतंत्र के नवाचार को हमें समझना पड़ेगा। नए भारत की दिशा क्या होगी, नए भारत की दशा क्या होगी, इसका आकलन भी करना पड़ेगा और आने वाले 100 वर्षों के लिए एक योजना बनानी पड़ेगी। मैं यह समझता हूं कि नव भारत के निर्माण में लोकतंत्र का नवाचार कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर टिका होगा।

एक और विकट समस्या जो हम सबके बीच में खड़ी है वह है आदिवासियों और दलित हिंदुओं की। दलित शब्द का प्रयोग कब से भारतीय संस्कृति में प्रचलित है इस विषय पर बात करने का कोई गंभीर औचित्य नहीं है परंतु दलित शब्द का राजनीतिक

प्रयोग जिस स्तर पर किया गया है और जिस प्रकार से उन्हें भारत की मूल धारा यानी हिंदुत्व के एजेंडे से अलग किया गया है यह शोध का विषय है। ऐसी कौन सी परिस्थितियां थी जिसमें हिंदू समाज अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने ही धर्म को मानने वाले लोगों को अलग करने का कार्य करती है।

वर्ग व्यवस्था के विस्तार से जाति व्यवस्था का जन्म हुआ। जाति व्यवस्थाओं का आधार सामान्यतः पूरे देश में व्यवसाय आधारित व्यवहार ही रहा। किसी व्यवसाय विशेष या शिल्प विशेष से जुड़े परिवार धीरे–धीरे कुटुंब में और अपने कुटुंब तक संबंधित व्यवसायिक जातियों में विकसित होते चले गए। तेल का व्यवसाय करने वाले तेली कहलाए, सोने के गहने बनाने वाले सुनार, पुष्पहार बनाने वाले माली, तो चर्म सामग्री के निर्माणकर्ताओं को चर्मकार कहा गया। इसी प्रकार मिट्टी के कलश बनाने वाले कुम्हार, लकड़ी के सामान की निर्मिति करने वाले बढ़ई और समाज में मनुष्यों के द्वारा फैलाई गई गंदगी को निस्तारित करने का काम करने वालों को मेहतर कहकर पुकारा गया। अर्थात समाज में वे सभी लोग किसी न किसी विशेष शिल्प या कौशल के धनी थे जिसके कारण ही उनका नामकरण किया गया था। इसे हम विशुद्ध रूप से व्यवसायिक व्यवस्था के रूप में देख सकते हैं जबकि बीसवीं और 21वीं सदी में जब हम संचार क्रांति के युग में जी रहे हैं और वैज्ञानिक रूप से इतने समृद्ध हो चुके हैं कि पूरी दुनिया एक गांव के रूप में विकसित हो रही है। ऐसी स्थिति में भारत की समृद्ध परंपराओं का दलित अथवा वंचित के रूप में पहचान करना शर्मनाक स्थिति है। विश्व के अनेक विकसित देशों में इस प्रकार के कार्य करने वाले लोगों का सम्मान उतना ही होता है जितना विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले एक शिक्षक अथवा एक बड़े व्यवसायी का। अर्थात विश्व की अन्य व्यवस्थाओं ने हमारी इन व्यवस्थाओं से स्वयं को समृद्ध करने का कार्य किया है और इस व्यवस्था के जनक भारतवंशियों ने दलित और महादलित जैसे विशेषण लगाकर समाज की मूल धारा से काटने का कार्य किया है। निश्चित रूप से इस वर्ग को स्पष्ट रूप से कहें तो इस हिंदू वर्ग को अपनी राष्ट्रीय अस्मिता, चेतना। और व्यवस्था से सफलतापूर्वक जोड़ना ही लोकतंत्र का नवाचार होगा। यही स्थिति आदिवासियों के लिए भी है परंतु वह अपने कौशल या किसी विशेष ज्ञान के लिए नहीं जाने जाते थे बल्कि आदिवासियों के लिए सरल शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि प्रकृति और पर्यावरण के प्राकृतिक संरक्षक के रूप में विश्व के समस्त भूभाग पर आदिवासियों की उपस्थिति रही है और है। अर्थात आदिवासी मनुष्यों के द्वारा निर्मित कोई वर्ग नहीं है बल्कि इस प्रकृति की नैसर्गिक चेतना को बचाए रखने के लिए जिस वर्ग की उत्पत्ति हुई है उसे हम आदिवासियों के रूप में जानते हैं। उनकी अपनी न्यायिक व्यवस्था है उनकी अपनी सांस्कृतिक अवधारणाएं हैं और निश्चित रूप से भारत जैसे विशाल देश में आदिवासियों की भी एक समृद्ध परंपरा रही है। हमारे लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उन्हें समस्त लोकतांत्रिक अधिकारों से संपर्क करके उनके सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित रखा जाए तथा उनके मूलभूत मानवीय आवश्यकताओं को भी पूर्ण किया जाए। मैं यह समझता हूं कि जब तक लोकतंत्र में

बहुसंख्यक समाज की चिंता समरस भाव से नहीं की जाएगी तब तक लोकतांत्रिक नवाचार सुनने में तो अच्छा लगेगा परंतु यथार्थ के धरातल पर बहुत दूर।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे शब्दों का प्रयोग इतने व्यापक स्तर पर किया गया कि भारत की समस्त जनता अपने मूल आधार से विचलित हो गई। यह शब्द कुछ और नहीं बल्कि सेकुलरिज्म, धर्मनिरपेक्षता है। इस शब्द के अर्थ को भारत के संदर्भ में कैसे परिभाषित किया जाए, यह एक विकट समस्या है। परंतु इस शब्द को संवैधानिक अधिकार प्राप्त है जिसके कारण एक बड़े राजनीतिक दल नहीं, हिंदुओं और हिंदुत्व से संबंधित अनेक जनजातियों, बिरादरियों और परंपराओं को मानने वाले लोगों को मतिभ्रम कर दिया। भ्रम की स्थिति ऐसी उत्पन्न हुई कि हिंदुओं में खुद को तोड़ लेने की, बांट लेने की होड़ मच गई। अभी तक यह नहीं कहा जा सकता कि हिंदुओं ने स्वयं को बांटने की प्रक्रिया को बंद कर दिया है। अर्थात अभी और जारी है परंतु गति जरूर धीमी हुई है। इसलिए मैं अब कह सकता हूं कि सेकुलरिज्म का पर्दा धीरे–धीरे गिर रहा है। सेकुलरिज्म भारत के लोकतंत्र में एक ऐसे नाटक की तरह उभरा और इस प्रकार से उस का मंचन किया गया कि सेकुलरिज्म के आवरण के भीतर लोग अपनी भारतीयता को ढूंढने लगे और अपने मूल सांस्कृतिक विरासत पारिवारिक संरचना धार्मिक आस्था, अध्यात्मिक अनुष्ठानों से एक झटके में अलग हो गए। इस नाटक में देश का कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन सरल नहीं है परंतु अगर किसी भूल को भूल समझ कर इसे ठीक करने की दिशा में आगे बढ़ने का समय दिखाई पड़ता है तो वह वर्तमान है। अतीत में हुई भूल को वर्तमान में ही ठीक किया जा सकता है ताकि भविष्य सुरक्षित हो। वर्तमान सरकार इस बिंदु पर किस प्रकार चिंतन कर रही है इस बात से मैं अवगत नहीं हूं परंतु भारत की अस्मिता और भारत की मूल पहचान को आने वाली सदियों के लिए अगर संरक्षित करना है तो निश्चित रूप से हमें इस शब्द से भी छुटकारा पाना होगा जैसे कश्मीर में धारा 370 से हमने छुटकारा पाया है।

आइए ऐसे ही कुछ और बिंदुओं पर चर्चा कर लेते हैं।

सर्वप्रथम भारत के जनमानस विशेषकर नई पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च चेतना की

सर्वव्यापकता को जन्म देना होगा या फिर उसे स्थाई रूप से उनके हृदय में स्थापित करना होगा। दूसरे बिंदु के रूप में हमें यह तय करना होगा कि भारत राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मिक और भौतिक विकास के भरपूर अवसर प्राप्त हों और उनकी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आस्था बनी रहे। तीसरे बिंदु के रूप में भारत की नई पीढ़ी को ज्ञान और आध्यात्मिक अनुशासन तथा धैर्य और उपासना के विविध और विराट स्वरूप से परिचित कराना होगा तभी समाज में समरसता का निर्माण हो सकता है तभी समाज में सार्वभौम आस्था की निर्मिति हो सकती है। चौथे बिंदु के रूप में हम इसे इस प्रकार देख सकते हैं कि भारत की आंतरिक संगति में लोकतांत्रिक आस्था किस रूप से प्रकट हो रही है। यह एक प्रश्न भी है और इस प्रश्न में लोकतंत्र की निर्मिति और भविष्य के लोकतंत्र की स्वीकृति का उत्तर भी। पांचवें महत्त्वपूर्ण बिंदु के रूप में हम भारत की पारिवारिक, सामाजिक, शैक्षणिक, अनुशासन को परंपरागत मर्यादा के अंतर्गत

कैसे विकसित कर सकते हैं, इस ओर ध्यान देना होगा ताकि सनातन संस्कृति और सनातन ज्ञान परंपरा की सर्वव्यापी चेतना का बोध नई पीढ़ी से खंडित न हो।

इन पांचों बिंदुओं को समग्र रूप से अगर देखा, समझा और कहा जाए तो हम यह कह सकते हैं कि सांस्कृतिक राष्ट्रीयता के प्रति सद्भावना की उत्पत्ति एक भारतवासी होने के नाते उसके आत्मगौरव का आधार बने और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं की अभिव्यक्ति का माध्यम।

इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी शैक्षणिक व्यवस्था की है। शिक्षा ही वह संस्कार है जो व्यक्ति को अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय दायित्व के प्रति सचेत कर देता है। शिक्षा अगर राष्ट्रहित में दी जा रही हो तो राष्ट्ररक्षक तैयार होते हैं और अगर शिक्षा की पद्धति विषय वस्तु अप्रमाणित और विकृत हो तो उसी राष्ट्र के लोग अपने ही राष्ट्र के प्रति संशय की स्थिति में रहते हैं या फिर द्रोह भी करते हैं।

अर्थात राष्ट्र के विकास और विश्वास को जागृत रखने में शिक्षित वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है । भारत जैसे देश के लिए जहां हमारी अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक अवधारणाएं विद्यमान हैं और वैश्विक स्तर पर स्वीकृत भी हैं, एक निश्चित लोक तथा सांस्कृतिक–शैक्षणिक वातावरण की निर्मिति से ही लोक–व्यवस्था में नवाचार की उत्पत्ति हो सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में किसी भी राष्ट्र के राष्ट्र होने के लिए यह अपरिहार्य है कि उसकी राजनीतिक संस्थाएं, विविध प्रशासनिक संस्थाएं, न्यायिक व्यवस्था ज्ञान परंपरा और अपनी ही संस्कृति और भाषा से निर्मित, संचालित और पोषित होती रहें ।

सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत किए गए प्रावधानों को अगर निष्ठापूर्वक शैक्षणिक संस्थाओं पर लागू किया जाए तो स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन हो सकता है। हजारों वर्षों से भारतीय शिक्षा परंपरा भारत के ज्ञान प्रवाह को प्रवाहित बनाए रखती है। कतिपय कारणों से जो भी अपभ्रंश या दुविधा की स्थिति भारतीय जनमानस में उत्पन्न हुई थी उसे समाप्त करना ही वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे महत्त्वपूर्ण नवाचार होगा। जब तक ऐसी न्यायिक व्यवस्था, सामाजिक, सांस्कृतिक के साथ–साथ शैक्षणिक व्यवस्था को हम नहीं बदलते हैं, तब तक सही अर्थों में प्रभुतासंपन्न राष्ट्र के स्वरूप को बचाए रखना कठिन होगा।

–डॉ. आशीष कंधवे
+91–9811184393

निज भाषा का अभिमान राष्ट्र उन्नति का सोपान

–डॉ. सुप्रिया संजू

महात्मा गाँधी ने मातृभाषा की श्रेष्ठता को समझाते हुए कहा है, ''मनुष्य के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा उतनी ही जरूरी है, जितना की बच्चे के शारीरिक विकास के लिए माता का दूध। बालक पहला पाठ अपनी माता से ही पढ़ता है, इसलिए उसके मानसिक विकास के लिए उसके ऊपर मातृभाषा के अतिरिक्त कोई दूसरी भाषा लादना मैं मातृभूमि के विरुद्ध पाप समझता हूँ।'' हमारे राष्ट्र भक्तों के इस प्रकार के विचारों ने राष्ट्र चेतना के अलख को अब तक जगा रखा है।

भाषा विचारों की वाहिका शक्ति है। वैचारिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। मानव के लिए वरदान है जिसके माध्यम से वह अन्य प्राणियों की अपेक्षा अपना विशिष्ट एवं श्रेष्ठतम स्थान रखता है। सभ्यता व संस्कृति के विकास के परिणाम स्वरूप भाषा राष्ट्रीय व सांस्कृतिक चेतना का मूलभूत आधार सिद्ध हुई है। किसी भी राष्ट्र के एकीकरण में उसकी भाषा का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। भाषा न केवल संप्रेषण का महत्त्वपूर्ण माध्यम है बल्कि वह हमारी पहचान का भी एक अंग है। यह पहचान बड़े स्तर पर राष्ट्र की अस्मिता का हिस्सा हो जाती है। विद्वानों का कहना है कि भाषा का व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। एक ओर वह व्यक्तित्व के विकास और अभिव्यक्ति का माध्यम है तो दूसरी ओर उसके सामाजीकरण का साधन, एक ओर वह समाज में संप्रेषण व्यवस्था का उपकरण बनती है तो दूसरी ओर व्यक्तियों को सामाजिक वर्गों में बांधने और उनसे विलगाव करने का हेतु, एक ओर वह राष्ट्रीय भावना का संवाहक बनती है तो दूसरी ओर एक ही राष्ट्र के विभिन्न भाषाई समुदायों में विषम भाव उत्पन्न करने वाली चेतना। अतः भाषा का राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

इस शोध पत्र में निज भाषा अर्थात राष्ट्र भाषा के महत्त्व को विशेष रूप से समझाते हुए यह बताने का प्रयास किया गया है कि जब तक हम अपनी भाषा का सम्मान नहीं करेंगे तब तक हम अपने देश की उन्नति सुनिश्चित नहीं कर सकते हैं। अतः हमें अपनी भाषा पर स्नेह और गर्व होना चाहिए। मैथिलीशरण गुप्त ने भी कहा है

जिसको न निज भाषा तथा निज देश पर अभिमान है।
वो नर नहीं नर पशु निरा और मृतक समान है।

–मैथिलीशरण गुप्त

बीज शब्द – राष्ट्र, मातृभाषा, देश, शिक्षा, अभिमान, सांस्कृतिक चेतना, उन्नति

परिचय

भाषा विचारों को व्यक्त करने का एक प्रमुख साधन है। भाषा मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों आदि का वह समूह है, जिनके द्वारा मन की अभिव्यक्ति को व्यक्त किया जाता है। भाषा की सहायता से ही किसी समाज विशेष या देश के लोग अपने मनोगत भाव अथवा विचार एक–दूसरे पर प्रकट करते हैं। दुनिया में हजारों प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं। हर व्यक्ति बचपन से ही अपनी मातृभाषा या देश की भाषा से जुड़ा होता है। भाषा का संबंध न केवल भाषा के सीखने–सिखाने तक ही सीमित है बल्कि उसका राष्ट्र, समाज और शिक्षा से भी गहरा संबंध है। किसी भी देश में एक, दो या उससे अधिक भाषा बोली व समझी जा सकती है। ये सभी भाषाएं राष्ट्रीय, सामाजिक और शैक्षिक स्तर पर अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। किसी भी राष्ट्र के एकीकरण में उसकी भाषा का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। भाषा न केवल संप्रेषण का महत्त्वपूर्ण माध्यम है बल्कि वह हमारी पहचान का भी एक अंग है।

हमारे देश में भी भाषा के कई रंग विद्यमान है। विभिन्न जाति, समुदाय और वर्ग के अनुसार भाषा भी भिन्न–भिन्न ही हैं। क्योंकि यह आवश्यक नहीं की इन सभी वर्गों के लोगों की भाषा एक जैसी हो। विद्वानों के अनुसार भाषा का व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। एक ओर वह व्यक्तित्व के विकास और अभिव्यक्ति का माध्यम है तो दूसरी ओर उसके व्यक्ति के सामाजीकरण का साधन, एक ओर वह समाज में संप्रेषण व्यवस्था का उपकरण बनती है तो दूसरी ओर व्यक्तियों को सामाजिक वर्गों में बांधने और उनसे विलगाव करने का हेतु। एक ओर वह राष्ट्रीय भावना का संवाहक बनती है तो दूसरी ओर एक ही राष्ट्र के विभिन्न भाषाई समुदायों में विषम भाव उत्पन्न करने वाली चेतना। अतः भाषा समाज और व्यक्ति की उन्नति का महत्त्वपूर्ण साधन है।

भाषा शब्द संस्कृत के भाष धातु से बना है। जिसका अर्थ है– बोलना। कक्षा में अध्यापक अपनी बात बोलकर समझाते हैं और छात्र सुनकर उनकी बात समझते हैं। बच्चा माता–पिता से बोलकर अपने मन के भाव प्रकट करता है और वे उसकी बात सुनकर समझते हैं। इसी प्रकार, छात्र भी अध्यापक द्वारा समझाई गई बात को लिखकर प्रकट करते हैं और अध्यापक उसे पढ़कर मूल्यांकन करते हैं। सभी प्राणियों द्वारा मन के भावों का आदान–प्रदान करने के लिए भाषा का प्रयोग किया जाता है।

काव्यादर्श के अनुसार, ''यह समस्त तीनों लोक अन्धकारमय हो जाते, यदि शब्द रूपी ज्योति से यह संसार प्रदीप्त न होता हैं।''

''इदमंघतमः कृत्सनं जातेत् भुवन् त्रयम्,
यदि शब्दह्वयं ज्योतिरात्संसार न दीप्यते।''

अध्ययन की पृष्ठभूमि

निज यानी अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है, क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक वैभव की स्थापना का प्रथम पायदान निज भाषा अर्थात् मातृभाषा में शिक्षा में ही निहित है। बिना मातृभाषा के ज्ञान और अध्ययन के सब व्यवहार व्यर्थ ही माने गए हैं। अपनी भाषा के विकास में ही हमारा विकास है। अपनी भाषा के ज्ञान के बिना हमारे कष्टों का निवारण असम्भव है। अतः हमे अपनी भाषा के विकास के लिये अग्रसित होना चाहिए।

अनुसन्धान उद्देश्य

इस शोध का एक मात्र उद्देश्य निज भाषा के महत्त्व को बताना है। हम भारतीय भाषाओं के प्रति गौरव और स्नेह के द्वारा ही भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित कर सकते हैं। अंग्रेजी या अन्य पाश्चात्य भाषा को हम मात्र ज्ञान के रूप में अपनायें न की अपनी मुख्य भाषा के रूप में।

मुख्य बिन्दु

निज भाषा से तात्पर्य सर्वप्रथम मातृभाषा से है तत्पश्चात अपने राष्ट्र की भाषा से है। मातृभाषा को सर्वप्रथम समझने का प्रयास करें तो यह कहा जा सकता है कि मातृभाषा अर्थात माँ की भाषा। जिसे बालक माँ के सानिध्य में रह कर सहज रूप से सुनता और सीखता है। मातृभाषा को बालक माता–पिता, भाई–बहन अन्य परिवारजनों तथा समाज के बीच रह कर सहज और स्वाभाविक रूप से सीखता है। मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला होती है। मातृभाषा में ही बालक इस संसार में अपनी प्रथम भाषिक अभिव्यक्ति देता हैं।

महात्मा गाँधी ने मातृभाषा की श्रेष्ठता को समझाते हुए कहा है, ''मनुष्य के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा उतनी ही जरूरी है, जितना की बच्चे के शारीरिक विकास के लिए माता का दूध। बालक पहला पाठ अपनी माता से ही पढ़ता है, इसलिए उसके मानसिक विकास के लिए उसके ऊपर मातृभाषा के अतिरिक्त कोई दूसरी भाषा लादना मैं मातृभूमि के विरुद्ध पाप समझता हूँ।'' हमारे राष्ट्र भक्तों के इस प्रकार के विचारों ने राष्ट्र चेतना के अलख को अब तक जगा रखा है।

शोध यह दर्शाता है कि माता–पिता के लिए अपने बच्चे की पहली भाषा का विकास जारी रखना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि बच्चे दूसरी भाषा को अधिक प्रभावी ढंग से सीख पाएंगे यदि वह अपनी मातृभाषा विकसित करना जारी रखते हैं।

द्विभाषी बच्चों या व्यक्तियों का मस्तिष्क अधिक लचीला होता है क्योंकि वह अपने मस्तिष्क के दोनों भागों का एक साथ उपयोग करके दो भाषाओं में सूचनाओं को इक्कठा कर पाते हैं। मातृभाषा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण है क्योकि मातृभाषा को बनाए रखने से बच्चे को उसकी संस्कृति और विरासत को महत्त्व देने में मदद मिलती है। जब मूल भाषा अच्छे से नहीं सीखी जाती हैं, तो परिवार और अन्य समुदाय के सदस्यों से हमारे महत्त्वपूर्ण रिश्ते खो सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी मातृभाषा सीखने वाले बच्चे के लिए कई लाभ परिलक्षित होते हैं यथा मातृभाषा बच्चों के लिए अन्य भाषाओं को सीखना आसान बनाती है।

मातृभाषा बच्चे की व्यक्तिगत, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का विकास करती है। मातृभाषा का उपयोग करने से बच्चे को उनकी सोच और कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। मातृभाषा में सीखने वाले बच्चों के लिए आत्म–सम्मान अधिक होता है। परिजनों से सम्बन्ध अधिक मजबूत होता है।

मातृभाषा जितनी महत्त्वपूर्ण है मानव समाज के विकास के लिए, उतनी ही महत्त्वपूर्ण है किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए उसकी राष्ट्र भाषा। मानव के साथ ही भाषा का भी विकास होता आया है। इसी विकास के कारण भाषाओं में सदा परिवर्तन होता रहता है। भाषा अभिव्यक्ति का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के साथ–साथ समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। मैथिलिशरण गुप्त की कविता "जिसको न निज भाषा तथा निज देश पर अभिमान है, वो नर नहीं नर पशु निरा और मृतक समान है।" हमें

हमारी राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम उत्पन्न करने को प्रेरित करती है। किसी भी राष्ट्र की भाषा उस राष्ट्र को शीर्ष तक ले जाने का कार्य करती है। विदेशी भाषाओं को जानना समझना बस उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना की हमारी सफलता में भाषा रूकावट न बने। किन्तु सर्वप्रथम हमें अपने देश की भाषा पर अभिमान होना आवश्यक है। शुद्धता के साथ हम अपनी राष्ट्र भाषा का प्रयोग कर सके। माना कि शब्दों के आदान–प्रदान से भाषाएं समृद्ध होती हैं, पर क्या हमारी भाषा इतनी दरिद्र है कि हम उसके लिए दूसरी भाषाओं के निरर्थक शब्दों का आयात करें? हमारे देश या यूँ कहे कि किसी भी देश की भाषा स्वयं में एक अत्यंत समृद्ध भाषा होती है। किसी अन्य भाषा के शब्दों को उधार लिए बिना हम अपनी अभिव्यक्तियों को बहुत सरलता से अपनी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा में व्यक्त कर सकते हैं।

राष्ट्र की चेतना, उसका स्वरूप, उसका प्रभाव और उसकी गरिमा को प्रतिपादित करने वाली राष्ट्रीय तत्त्व होते हैं। राष्ट्रीय तत्त्वों के अंतर्गत, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रचिन्ह, राष्ट्रभाषा और साहित्य, संस्कृति सभ्यता, रीति–रस, पर्व –त्यौहार आदि आते हैं। इन सभी राष्ट्रीय तत्त्वों की पहचान करने वाला तत्त्व भाषा ही है। इस प्रकार हमारे सम्पूर्ण राष्ट्र की भावधारा को व्यक्त करने वाली भाषा हमारी निज भाषा है।

भारत वर्ष एक विशाल गणराज्य है। विस्तृत देश होने के कारण इसमें विभिन्नता का होना भी परम स्वाभाविक है। यह विभिन्नता हमें सर्वप्रथम इसमें प्रचलित विविध भाषाओं में दृष्टिगोचर होती है। भारत देश में विद्यमान भाषाओं की बात करें तो भारत में लगभग 22 भाषाएं बोली जाती है, जो अपने आप में अत्यंत ही समृद्ध हैं। इसके अतिरिक्त दुनिया की लगभग सभी भाषाओं की जननी "संस्कृत" हमारी वैदिक, ऐतिहासिक धरोहर भी हमारे पास सुरक्षित है। संस्कृत सिर्फ एक भाषा नहीं है, वह हमारा गौरव व हमारे पूर्वजों की धरोहर है। अतः विदेशी भाषाओं के शब्दों को अपनी समृद्ध भाषाओं के साथ जोड़कर बोलना हमारी भाषा को कमज़ोर सिद्ध करता है।

स्मरण रहे, "जो व्यक्ति अथवा समाज उधार पर जीवनयापन करता है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रहता। इसी प्रकार जो भाषा उधार के शब्दों पर अवलंबित हो जाती है, उसका अस्तित्व शीघ्र समाप्त हो जाता है। अतः हमें विदेशी भाषाओं के उन शब्दों का प्रयोग–उपयोग करने से भरसक बचना चाहिए।

निष्कर्ष

भाषा को मानवीय विकास का पर्याय माना जाता है। मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विचारों तथा भावों की अभिव्यक्ति एवं ज्ञानार्जन के लिए भाषा पर ही निर्भर रहता है। कहा जा सकता है कि समस्त मानवीय गुणों का विकास भाषा के द्वारा ही होता है। मानव समाज के साथ ही भाषा का भी विकास होता आया है। इसी विकास के कारण भाषाओं में सदा परिवर्तन होता रहता है। सामान्यतः भाषा को वैचारिक आदान–प्रदान का माध्यम कहा जा सकता है। भाषा अभिव्यक्ति का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम है। यही नहीं, यह हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। भाषा के बिना मनुष्य अपूर्ण है और अपने इतिहास और परंपरा से विछिन्न है।

स्वभाषा के बिना देश की जनता का विकास संभव नहीं। अतः भारतीय राष्ट्रीय चेतना के विकास के लिए राष्ट्र की भाषा का उत्तरोत्तर प्रगति आवश्यक है क्योंकि राष्ट्रभाषा का प्रश्न राष्ट्र की एकता से संबंध रखता है। संविधान के अंतर्गत भारत को विशाल एकता के सूत्र में पिरोए रखने का संकल्प लिया गया है अतः स्पष्ट है कि राष्ट्रीय एकता की संकल्पना को फलीभूत करने हेतु राष्ट्रभाषा का संवर्धन आवश्यक है। राष्ट्रभाषा के प्रति निष्ठा, आस्था व आदर की भावना

ही राष्ट्र व समाज की अस्मिता की कसौटी है। किंतु यह चिंता का विषय है कि वर्तमान समाज में हमारी नई पीढ़ी में राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम व श्रद्धा की भावना वैसी दिखाई नहीं देती जैसे कि एक समृद्ध परंपरा वाले राष्ट्र के नागरिकों में अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति होनी चाहिए। जहाँ तक विदेशी भाषाओं के बहुप्रचलन का प्रश्न है तो यह स्पष्ट है कि भाषाएँ सदा ज्ञान प्राप्ति का सशक्त माध्यम होती हैं। बहु–भाषा ज्ञान से विश्व संस्कृति के व्यापक स्वरूप को समझकर विश्व बंधुत्व की भावना में वृद्धि की जा सकती है। किंतु निज संस्कृति को समझे बिना अन्य संस्कृति का ज्ञान जड़ विहीन वृक्ष की भाँति ही होगा। और निज संस्कृति का गौरव प्राप्त होता है–निज भाषा के ज्ञान से। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कहा है

'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल'

स्पष्ट है कि स्वयं को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने के लिए राष्ट्रभाषा का ज्ञान अत्यावश्यक है। राष्ट्रभाषा को उसका उचित स्थान न देना मानसिकता दासता का परिचायक होगा। अतः राष्ट्रीय स्वतंत्रता को पूर्ण अर्थवान बनाने के लिए इस बात की आवश्यकता है कि वर्तमान पीढ़ी और समाज राष्ट्र भाषा के प्रति अपने कर्तव्य बोध का परिचय देते हुए भाषा के विकास और उत्थान हेतु कृत संकल्पित हो जाएं।

संस्कृति भाषा से संरक्षित होती है, साहित्य से प्रसारित होती है। लोक बोलियां भारत माता की आवाज है। लोक बोलियों को जो प्रोत्साहन देते हैं वो सच्चे अर्थों में भाषा के लिए कार्य कर रहे हैं। बोलियां और उपबोलियां एक जगह होंगी तो ही नई शिक्षा नीति सफल होगी। आवश्यक है मातृभाषा में शिक्षण सामग्री के लिए कार्य करना। लोक भाषाओं में अपार ज्ञान संपदा है जो उपेक्षा के कारण नष्ट हो रही है। पश्चिम की शिक्षा नीति से हमारी भाषा के खो गए आत्मगौरव को जगाना होगा। लोक भाषा को प्रोत्साहन देना। लोकसाहित्य और कलाकारों को समाज का संरक्षण जरूरी है। मातृभाषा का सम्मान राष्ट्र गौरव के हेतु परम आवश्यक है। क्योकि मातृभाषा को अपनाना भी स्वदेशी का संकल्प है। भाषा मजबूत होगी तो संस्कृति का संरक्षण होगा और देश मज़बूती से एकता के सूत्र में बंधेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ

राष्ट्र भाषा पर विचार, आचार्य चंद्रबली पांडेय
राष्ट्रभाषा प्रचार का इतिहास, सं. गंगाशरण सिंह
राष्ट्रभाषा आंदोलन, गो. प. नेने
हिंदी भाषा, डॉ. भोलानाथ तिवारी।
भाषा–विवेचन, डॉ. भागीरथ मिश्र
राष्ट्रभाषा आंदोलन और गांधी जी, रामधारी सिंह दिनकर
हिंदी राष्ट्रभाषा से विश्वभाषा की ओर, डॉ. सुरेश माहेश्वरी।

❒❒❒

Assistant Professor. SANSKRIT
Amity Centre for Sanskrit and Indic Studies, Amity School of Liberal Arts, Amity University Haryana, Mob: 9818244235 Email - ssanju@ggn.amity.edu, supriyasanju@gmail.com

इक्कीसवीं सदी के भाषाई निर्माण में हिंदी की सहभाषाओं की भूमिका

–अचला वर्मा

भारत में भाषाओं की सहवर्तिता इतनी प्रगाढ़ है कि न केवल इनका साहित्य एक दूसरे से प्रभावित है बल्कि इन भाषाओं की शब्दावलियाँ, मुहावरे, भाव, मनोदशा, सामाजिक–सांस्कृतिक पक्ष एवं सम्पूर्ण जीवन बोध भी एक–दूसरे पर आश्रित हैं। इसमें कौन दाता है और कौन गृहीता इसका भेद कर पाना मुश्किल है। वैसे भी भारतीय परंपरा में सदैव से देने की प्रवृत्ति तुलनात्मक रूप से व्यापक दृष्टि को दर्शाती रही है। आश्चर्य की बात नहीं है कि यही अनुकरण भाषाओं की आपसी साझेदारी में भी झलकता है।

हम ऐसे देश में निवास करते हैं जहां के बारे में सदियों से प्रचलित रहा है कि 'कोस–कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी'। जाहिर है ऐसी भारतीय जीवन पद्धति में निर्वाह करने वाले यहाँ के जनमानस के भीतर भाषाओं के प्रति स्वीकृति एवं सहिष्णुता का भाव ही इतने लम्बे अरसे से इसे मज़बूत बनाए हुए है। भारत की समस्त भाषाएं आपस में इतनी गहराई से संपृक्त हैं कि इक्कीसवीं शताब्दी के वर्तमान युग में भाषिक विकास की पारस्परिक श्रृंखला से उन्हें एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। यद्यपि ऐसा किया भी जाए तो उनके अस्तित्व को बचाना एक चुनौतिपूर्ण प्रश्न बन सकता है।

भारत में भाषाओं की सहवर्तिता इतनी प्रगाढ़ है कि न केवल इनका साहित्य एक दूसरे से प्रभावित है बल्कि इन भाषाओं की शब्दावलियाँ, मुहावरे, भाव, मनोदशा, सामाजिक–सांस्कृतिक पक्ष एवं सम्पूर्ण जीवन बोध भी एक–दूसरे पर आश्रित हैं। इसमें कौन दाता है और कौन गृहीता इसका भेद कर पाना मुश्किल है। वैसे भी भारतीय परंपरा में सदैव से देने की प्रवृत्ति तुलनात्मक रूप से व्यापक दृष्टि को दर्शाती रही है। आश्चर्य की बात नहीं है कि यही अनुकरण भाषाओं की आपसी साझेदारी में भी झलकता है।

इसी तर्ज पर यदि हिंदी की बात की जाये तो हम जानते हैं कि हिंदी भाषा को तमाम भाषाओं व क्षेत्रीय बोलियों ने मिलकर पूरित एवं पोषित किया है। यही कारण है कि हिंदी अपनी भाषिक एवं साहित्यिक विकास की लम्बी यात्रा को पूरा करते हुए वर्तमान युग की एक समृद्ध भाषा बनकर उभरी है। हिंदी भाषा की विशिष्टता इस अर्थ में सर्वाधिक रही है कि इसमें अन्य भारतीय भाषाओं के बरक्स अधिक समन्वयात्मक क्षमता का परिचय मिलता है।

आज हिंदी का जो स्वरूप हम देखते हैं वह खड़ी बोली हिंदी का है। बल्कि तथाकथित सभ्य समाज की मानक खड़ी

बोली का। जहाँ भारतीय संविधान के द्वारा इसे राजभाषा का दर्जा दिया गया है और वहीं वृहद् रूप से यह संपर्क भाषा के रूप में भी स्वीकृत हो चुकी है। सरकारी कार्यालयों से लेकर शासकीय कार्यविधियों में भी खड़ी बोली हिंदी भाषा का ही प्रयोग होता है। लेकिन हिंदी का इतिहास केवल खड़ी बोली का इतिहास नहीं है। बल्कि खड़ी बोली तो विधिवत रूप से लगभग डेढ़ सौ या पौने दो सौ वर्षों पूर्व से ही प्रचलित हुई है। इसके बावजूद सामान्य अर्थों में आध ुनिक साहित्य केवल खड़ी बोली का साहित्य ही मान लिया जाता है।

ध्यातव्य है कि खड़ी बोली के भाषाई निर्माण के पीछे दरअसल हिंदी की कई सहभाषाओं का योगदान रहा है जिनको यदि इस ऐतिहासिक परंपरा में शामिल न किया जाये तो हिंदी की झोली में मात्र यही कुछ वर्षों का इतिहास बचेगा जो खड़ी बोली में लिखा गया। बगैर इन सहवर्ती भाषाओं के हिंदी साहित्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इन सहभाषाओं की संख्या दो दर्जन से भी अधिक हैं और इनका इतिहास भी काफी पुराना है। वहीं हिंदी भाषा की भाषिक प्रक्रिया तकरीबन 1000 ई. से भी पहले लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट की परंपरा से ही चली आ रही है। जिसको आगे बढ़ाने का काम मुख्यतः अवधी, ब्रजभाषा, भोजपुरी, बुन्देली, बघेली, राजस्थानी, पहाड़ी भाषाओं का रहा है यही नहीं हिन्दुस्तानी और उर्दू भी इसमें कहीं भी पीछे नहीं है। हिंदी की व्यापकता का यही प्रमाण है। क्योंकि यहाँ के लोग अपने भाषिक संप्रेषण में इन भाषाओं की शब्दावलियों, मुहावरों, कहावतों आदि का आदतन प्रयोग करते हैं। यह उनके अवचेतन में इतना घुल–मिल गया है जिसकी वजह से ही भाषाई व्यापार सुगमतापूर्वक होता रहा और विकास की धारा गतिशील होती गयी। वस्तुतः भाषा एवं साहित्य दोनों के स्तरों पर हिंदी की विभिन्न सहभाषाओं तथा उनके ऐतिहासिक भाषा रूपों के माध्यम से हिंदी की अनेकार्थी संकल्पना आज हमारे समक्ष प्रस्तुत होती है।

स्पष्ट करना चाहती हूँ कि यहाँ इन भाषाओं को हिंदी की 'सहभाषा' कहा जा रहा है। अन्य प्रयोग में इसे हिंदी की 'विभाषा' भी कहा जा सकता है। क्योंकि इसकी साहित्यिक–सांस्कृतिक भूमिका को देखते हुए इन भाषाओं को बोली मात्र कहकर इनके महत्त्व को समेटा नहीं जा सकता। 'सहभाषा' कहें अथवा 'विभाषा' यह दोनों ही शब्द उससे कदम से कदम मिलाकर पथसाथी की तरह बराबरी का भाव अभिव्यक्त करते हैं। जबकि बोली निर्धारित भौगौलिक सीमाओं में प्रचलन की ओर संकेत करती है। ऐसे में इनके वृहद् योगदान को देखते हुए इनके महत्त्व को नाकारा नहीं जा सकता।

हालाँकि कुछ भाषाओं में भले ही शिष्ट साहित्यिक एवं प्रकाशित लेखन अधिक न हुआ हो लेकिन लोक साहित्य में इनका लेखन भरपूर संख्या में प्राप्त है। यही नहीं आज भी इन सहभाषाओं के अंतर्गत अनेक विधाओं, काव्यप्रवृत्तियों एवं नवीन विचारों से युक्त साहित्य की भिन्न–भिन्न धाराओं में सृजन हो रहा है। विकास के पथ पर हिंदी की सहभाषाओं का योगदान इतना रहा जिसने समय–समय पर हिन्दी के अंचल को भरे रखा। कवि–लेखकों एवं उनकी साहित्यिक कृतियों के माध्यम से हिन्दी भाषा सदा ही प्रगति के पथ पर अग्रसर रही है। यही वजह है कि आज यह तय कर पाना काफी मुश्किल हो गया है कि साहित्य की मुख्यधारा कौन

सी है। वस्तुत आधुनिक चेतना की समस्त चिंतनधारा एक स्तर पर मिलकर हिंदी की काव्यधारा का ही रूप धारण कर लेती है। पुष्य, सरहपा, गोरखनाथ, चंदरबरदाई, विद्यापति, खुसरो, सूर, तुलसी, जायसी, मीरा, कबीर, रसखान आदि कवियों ने अपने साहित्यिक अवदान से हिंदी को पुष्ट किया है।

इन सहभाषाओं की उत्पत्ति एवं उनका ऐतिहासिक विकास वहां की मिट्टी में ही हुआ है इसलिए इसमें लोकजीवन का रचाव बसाव, रंग ढंग, एवं प्रभाव ज्यादा है जिसे कई रूप में देखा जा सकता है– लोकगीत, लोककथा, लोकगाथा, लोकनाट्य, प्रकीर्ण साहित्य आदि। लेकिन लोक साहित्य में इनका प्रयोग भरपूर मात्रा में हुआ है। साथ ही इन विभाषाओं के अंतर्गत अनेक विधाओं, काव्यप्रवृत्तियों, एवं विचारों से युक्त साहित्य की भिन्न–भिन्न धाराओं में साहित्य सृजन हो रहा है।

इक्कीसवीं शताब्दी के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भाषाओं की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस विषय पर वृहद् स्तर पर विचार किया जा रहा है। इसकी झलक कई तरह से देखने को मिल ही जाती है। देश में भारतीय शिक्षा की दिशा में हाल ही में हुआ नवीन परिवर्तन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा की पुरानी पद्धति को खत्म करते हुए कुछ नवीन प्रयोजनों से युक्त नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दिनांक 29 जुलाई 2020 को लागू किया गया है। इसके प्रावधानों पर ध्यान दिया जाए तो हमें कई ऐसे नियम मिल जायेंगे जहाँ भारतीय भाषाओं के विकास एवं उसको सर्व दिशाओं में प्रचारित एवं प्रसारित करने के प्रयास नजर आते हैं। इस सन्दर्भ में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद हैं जिनमें भारत की क्षेत्रीय भाषा– प्रांतीय भाषा–मातृभाषा–घर की भाषा कहकर संबोधित किया है। उल्लेखनीय है कि इन भाषाओं को छात्र जीवन की प्रथम शिक्षा की भाषा बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

यहाँ यह विचारणीय है कि इन भाषाओं का विकास क्यों नहीं हो पाया अध्ययन के आधार पर इसके कई कारण बताये जा सकते हैं–

किसी ध्रुवक व्यक्तित्व का न मिल पाना।

इसमें गद्य साहित्य का विकास न हो पाना।

भाषा का मानकीकरण न हो पाने के कारण।

भाषा के अपने वैविध्यपूर्ण स्वरूप के कारण।

प्रेस, अखबार, पत्र–पत्रिकाओं आदि में प्रयोग की भाषा न बन पाने के कारण।

कार्यालयों या दफ्तर की भाषा न बन पाने के कारण।

उत्तर भारत, विशेष रूप से मध्य हिंदी क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण विभाषाएं प्रचलित हैं लेकिन यहाँ अवधी, ब्रज और बुन्देली तीन मुख्य भाषाओं पर विचार किया जा रहा है। इन तीनों ही भाषाओं का चरित्र सार्वभौमिक है। कहना न होगा कि इन्हीं विभाषाओं के कारण ही हमारे ग्रामीण व प्राकृतिक वैभव तथा लोकसंस्कृति के साक्ष्य और प्रमाण सुरक्षित हैं। उक्त भाषाओं का क्रमवार वर्णन यहां प्रस्तुत किया जा रहा है–

इस सन्दर्भ में अवधी भाषा का स्थान इनमें बहुत ही ज्यादा प्रासंगिक है। इसके इतिहास

पर विचार करें तो कहा जा सकता है कि अवधी भाषा लगभग डेढ़ हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी भाषा है। इसका अविर्भाव अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है। डॉ. बाबूराम सक्सेना के अनुसार अवधी की भाषाई सीमा का विस्तार इस प्रकार है "अवध क्षेत्र के उत्तर में हिमालय(नेपाल), पूर्व में भोजपुरी भाषी क्षेत्र, दक्षिण में बघेली व पश्चिम में बुन्देली और कन्नौजी के क्षेत्र हैं।"

अवधांचल की यह जुबान समस्त प्रदेश की सामाजिक–सांस्कृतिक, साहित्यिक, व्यवहारिक एवं भावात्मक दृष्टि की परिचायक है। यह प्रदेश राम की जन्मभूमि रही है स्वाभाविक रूप से रामकाव्यों में इसका स्वर अत्यंत शक्तिशाली रूप में व्यक्त हुआ है। यही नहीं सूफियों द्वारा स्वीकृत लोककथाओं पर आधारित प्रेमकाव्यों में भी अवधी के ठेठ स्वरूप को अपनाया गया है। तभी हिंदी भाषा के दो सबसे बड़े महाकाव्य तुलसी कृत रामचरितमानस और जायसी की पदमावत अवधी भाषा में ही मिलते हैं। मध्यकाल में अवधी भाषा के भाषिक एवं साहित्यिक विकास में विभिन्न रचनाकारों का योगदान रहा जिसमें–तुलसीदास, मलिक मुहम्मद जायसी, मंझन, मुल्ला दाउद, रामानंद, अग्रदास आदि का नाम आता है। स्वभाव से जनकाव्य होने के कारण रीतिकाल में अवधी भाषा दरबारी संस्कृति एवं लक्षण ग्रंथों से अलग ही रही। आगे चलकर इसका व्यापक विकास आधुनिक काल में दिखाई देता है। आधुनिक काल में अवधी के प्रमुख कवियों में बलभद्रप्रसाद दीक्षित पढ़ीस, पं. वंशीधर शुक्ल, चन्द्रभूषण त्रिवेदी रमई काका, त्रिलोचन शास्त्री, आचार्य विश्वनाथ पाठक, आद्याप्रसाद उन्मत्त, सुमित्राकुमारी सिन्हा, जुमई खान आजाद, सुशील सिद्धार्थ आदि आते हैं।

कवियों ने अपनी पैनी दृष्टि एवं अवधी के भाषिक व्यवहार का सामंजस्य करते हुए बहुत ही अच्छा संयोजन प्रस्तुत किया। जैसा की पहले कहा जा चुका है कि यह जनकाव्य, कृषक काव्य, लोककाव्य की हिमायती भाषा है इसी तर्ज पर अवधी में कवियों ने किसानी संस्कृति, कहावतों, मुहावरों की शैली, प्रकृति के प्रति निकटता, नारी सम्मान, ग्रामीण परिवेश, राष्ट्रीय जागरण, सामाजिक व्यवस्था की पड़ताल, संयुक्त परिवार, मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत विषयों पर लेखनी चलायी। शैली के स्तर पर हास्य, व्यंग्य एवं विनोद आदि का भी प्रयोग किया है। यहाँ रमई काका की 'अन्न देउता' कविता की कुछ पंक्तियाँ उद्धृत की जा रही हैं–

कहि रही घरैतिनी मुनुवाँ ते,
ऐ पूत! अन्न बिथराव न तुम
दाना–दाना की मूठि मा
ना जानें केतनी रासि छिपी
रासिन माँ प्रान संजोये है
प्रानन कै आस हुलास छिपी

इसी तरह जब ब्रजभाषा की बात आती है तब कहा जा सकता है– "जाति की आर्थिक–राजनीतिक एकता के आधार के साथ जब खड़ी बोली का हिंदी के रूप में विकास हुआ और वह सांस्कृतिक आदान–प्रदान का माध्यम भी बन गयी तब ब्रजभाषा ने शताब्दियों तक विकसित साहित्य–परंपरा और भाषातत्व उत्तराधिकार के रूप में सौंप कर हिंदी का अभिषेक

कर दिया।" ब्रजभाषा ने भी हिंदी भाषा साहित्य का गौरव बढ़ाया है। हिंदी साहित्य सम्पदा की इस भाषा ने सांस्कृतिक समरसता के लिए अपने को समर्पित किया है।

हिंदी साहित्य के मध्यकाल में तद्भव रूप 'ब्रज' अथवा 'बृज' शब्द का प्रयोग मथुरा के आस–पास के प्रदेश के अर्थ के रूप में मिलता है जहाँ की भाषा के लिए मध्यकालीन हिंदी लेखकों के द्वारा भाषा अथवा भाखा शब्द भी प्रयुक्त हुआ है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित है। वस्तुतः ब्रजभाषा के कई नाम मिलते हैं जिनमें भाखा, पिंगल, मध्यदेशी, अंतर्वेदी आदि प्रमुख हैं। अर्धकथानक में बनारसीदास जैन ने इसे मध्यदेस की बोली कहा है तो केशवदास ने इसे सुभाषा कहकर संबोधित किया है।

हिंदी साहित्य में ब्रजभाषा अपनी मौलिक विशेषताओं के कारण ही उपयोगी नहीं है बल्कि वह काव्य के समस्त उपादानों से युक्त है। यह खड़ीबोली के सर्वाधिक समतुल्य संचालित हो रही है। यह शौरसेनी प्राकृत तथा अपभ्रंश की भाषिक परंपरा के रिक्तता से प्राप्त हुई भाषा है। इसका क्षेत्र ब्रज है किन्तु इसकी भौगौलिक सीमा इससे कहीं अधिक विस्तृत है। सोलहवीं शताब्दी के करीब ब्रजभाषा पूर्णतः साहित्यिक रूप से विकसित एवं स्थापित हो चुकी थी। ब्रजभाषा को अपने काव्य के रूप में अपनाने बनाने वालों में ज्यादातर लोग ब्रज क्षेत्र के नहीं थे। इनमें राजस्थान की मीराबाई, महाराष्ट्र के नामदेव, गुजरात के नरसी और भोजपुरी भाषी भारतेंदु हरिश्चंद्र आदि आते हैं जिन्होंने इस तथ्य के बावजूद ब्रजभाषा को उत्कृष्ट स्थान पर पहुँचाया है। साथ ही इसके विकास में भक्तिकाल के कृष्ण भक्तों का नाम कैसे भुलाया जा सकता है। सूरदास ने तो ब्रज भाषा को कृष्णकाव्य का पर्याय ही बना दिया था। उनकी बाललीला की एक अत्यंत भावात्मक पंक्ति देखिये–

'काग के भाग बड़े सजनी, हरिहाँथ सों ले गयो माखन रोटी'

ब्रजभाषा माधुर्य एवं भक्ति की भाषा है वही दूसरी ओर राजदरबारों की बादशाही बोली भी। साथ ही ब्रजभाषा मुख्यतः मुक्तकों के रूप में ही अधिक संगृहीत है। आधुनिक काल में भी ब्रजभाषा ने अपना अलग नाम बनाया जिसमें भारतेंदु हरिश्चन्द्र, कविरत्न शर्मा, वियोगी हरि, जगन्नाथ दास रत्नाकर, गयाप्रसाद शुक्ल सनेही, जगदीश गुप्त का नाम उल्लेखनीय है। साहित्यिक ब्रजभाषा आज भी अपनी धारा में लिखी जा रही है। इस प्रकार ब्रजभाषा ने भी हिंदी के भाषाई निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।

इसी कड़ी में अगली भाषा बुन्देली भाषा है। नाम से ही पता चलता है बुन्देली भाषा बुंदेलखंड की भाषा है। इसके साहित्य एवं संस्कृति का इतिहास काफी पुराना रहा है। भारत के गजेटियर के अनुसार 'बुंदेलखंड वह प्रदेश है जो उत्तर में यमुना, उत्तर और पश्चिम में चम्बल, दक्षिण में मध्यप्रांत के जबलपुर तथा सागरखंड, तथा दक्षिण और पूर्व में रीवा अथवा बघेलखंड और मिर्जापुर की पहाड़ियों के मध्य स्थित है।'

भौगौलिक दृष्टि से इन जिलों में हमीरपुर, जालौन, झाँसी, ग्वालियर, होशंगाबाद आदि स्थान आते हैं जहाँ बुंदेली भाषा बोली जाती है। बुंदेली भाषा ने भी हिंदी के भाषिक निर्माण की धारा को आगे बढाने में योगदान किया है। इसका प्रारम्भिक रूप आल्हा ऊदल से सम्बंधित वीर चरित

काव्य हैं जो अभी भी पूरे भारत में गाये जाते हैं। यह भाटों के द्वारा बुन्देली की बनाफरी बोली में गाये जाते हैं। इसकी साहित्यिक महिमा इस बात से झलकती है कि इस प्रदेश के लेखक एवं कवियों ने हिंदी साहित्य को एक ऊंचा मुकाम दिलाया है। रामचरिमानस की रचना भी बुंदेलखंड की धरती पर हुई है। चित्रकूट में इस धार्मिक ग्रन्थ की रचना की गई। साथ ही राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, वृन्दावन लाल वर्मा, पद्माकर, लाल बिहारी, श्रीपति, श्री गंगाधर व्यास जैसे कवि साहित्यकारों का नाम आता है।

आंकड़ों के अनुसार आज भारत में विगत 50 वर्षों में समुचित देखभाल न मिल पाने के कारण 220 भाषाओं ने अपना अस्तित्व खो दिया है। यूनेसको द्वारा जारी लुप्तप्राय भारतीय भाषाओं की सूची में 197 भारतीय भाषाओं को लुप्तप्राय घोषित कर दिया गया है। 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं में से कई भाषाएँ अपने अस्तित्व के संरक्षण लिए कठिनाई का सामना कर रही हैं।

संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि भारत की इक्कीसवीं शताब्दी के भाषाई निर्माण में हिंदी की सहभाषाओं की भूमिका बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि वर्तमान युग में किसी भी भारतीय भाषा का अस्तित्व तभी कायम रह सकता है जब उसकी सहभाषाएं जिन्दा हों। इसलिए आवश्यक है कि हिंदी की स्रोतस्विनी को मजबूत बनाए रखने के लिए हम इन सहवर्ती भाषाओं की धाराओं को भी मजबूत बनाये रखें। साथ ही लौकिक एवं शिष्ट दोनों ही स्तरों पर इन भाषाओं के प्रति संवेदनशील होकर इनका प्रयोग व संप्रेक्षण ज्यादा से ज्यादा करते रहें।

सन्दर्भ ग्रन्थ–

1. डॉ. सक्सेना बाबूराम, अवधी का विकास, हिन्दुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद, संस्करण : 1972।
2. (संपा.) डॉ. त्रिपाठी रमेशचंद्र तथा डॉ. पाण्डेय अलका, आधुनिक ब्रज–अवधी काव्य दर्पण, प्रकाशन केंद्र लखनऊ, संस्करण : 2012।
3. (संपा.) डॉ. मिश्र दयानिधि, भारत की प्रमुख भाषाएँ समकालीन प्रवृत्तियां, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, प्रथम संस्करण : 2022।
4. भारत का भाषा सर्वेक्षण (भाग–9 पश्चिमी हिंदी), संकलनकर्ता एवं संपादक– सर जॉर्ज ग्रियर्सन, अनुवादक डॉ. निर्मला सक्सेना एवं सुरेन्द्र वर्मा, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ प्रथम संकरण : 1967।

❑❑❑

शोधार्थी, पी.एच–डी. हिंदी साहित्य जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, पिनः– 110067
सहायक आचार्य–हिंदी विभाग, श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय, कासगंज, उत्तर प्रदेश, पिन– 207123 मोबाइल न.– 9910317945 ईमेल–Achlavermahindi@gmail-com

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई हिंदी पत्रकारिता की भाषा : संभावनाएं एवं चुनौतियां

–विनीत कुमार सिन्हा

कृत्रिम बौद्धिक क्षमता ने लगभग सारे उद्योगों को प्रभावित किया है। सूचना एवं संचार के क्षेत्र में तो व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। नित नए ऐसे कंप्यूटर प्रोग्राम विकसित हो रहे हैं जो स्वयं लेखन करने तथा एक भाषा की विषय–वस्तु का अन्य भाषाओं में अनुवाद करने में सक्षम हैं। 'ChatGPT' तथा 'Google Pinpoint' सूचना एवं संचार जगत में प्रयोग की जाने वाली एआई आधारित सेवाएं हैं। सूचना तकनीक विकास की प्रक्रिया अनवरत जारी है।

तकनीकी विकास ने मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है। नई तकनीक अपने साथ कई नई संभावनाएं पैदा करती हैं तथा समाज के समक्ष नई चुनौतियाँ लाती हैं। मीडिया उद्योग तकनीकी विकास से सदैव प्रभावित होता रहा है। समय–समय पर नई तकनीक के आगमन से मीडिया की भाषा, विषय वस्तु और उसकी प्रस्तुति बदलती गयी। मीडिया की भाषा और विषय वस्तु को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली तकनीक इंटरनेट है। वेब 2.0 के आते ही मीडिया पहले से ज्यादा सहज और इंटरैक्टिव हो गया है। आज नई मीडिया के लेखकों के सामने 'गागर में सागर' प्रस्तुत करना तथा उसे पाठकों तक पहुँचाना कुछ प्रमुख चुनौतियाँ हैं। संचार वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब 3.0 और वर्चुअल रियलिटी का है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास के साथ आज रोबोटिक पत्रकारिता की कल्पना की जा रही है। यह केवल कपोल कल्पना ही नहीं बल्कि आने वाले कल की हक़ीकत है। भविष्य में मशीन खबर लिखेगी और उसे पाठकों तक पहुंचाएगी। इससे आने वाले समय की हिंदी पत्रकारिता का स्वरूप बदल जाएगा। इसकी भाषा में आमूल–चूल बदलाव देखने को मिलेंगे। विषयवस्तु में स्थानीय बोली का प्रभाव बढ़ेगा। यह तकनीक अनेक नई चुनौतियाँ जैसे घटना की प्रस्तुति हेतु शब्द–चयन और उसका भावनात्मक पक्ष, मीडिया की निष्पक्षता, विषय वस्तु में समाज के विभिन्न पक्षों प्रस्तुति इत्यादि, हमारे समक्ष लाने वाला है। इन चुनौतियों के समाधान हेतु यह आवश्यक होगा की पत्रकार पहले से ज्यादा सजग और सूक्ष्मदर्शी बनें।

बीज शब्द – आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक पत्रकारिता, वेब 3.0, भाषा का भावनात्मक पक्ष, स्थानीय बोली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई हिंदी पत्रकारिता की भाषा : संभावनाएं एवं चुनौतियाँ

परिचय

मनुष्य की खोजी प्रवृत्ति और बौद्धिक क्षमता उसे अन्य जीवों से भिन्न बनाती है। अपने जीवन को सहज एवं सुलभ बनाने के लिए मनुष्य ने विभिन्न उपकरणों का निर्माण किया तथा नई तकनीक विकसित की। आग की खोज, पत्थर के

औजार और पहिये के निर्माण से शुरू हुई तकनीकी विकास की यात्रा सतत गतिशील है। नई चुनौतियों का सामना करने हेतु मनुष्य नित नए प्रयोग कर रहा है और नई तकनीक विकसित कर रहा है। आज बौद्धिक क्षमता रखने वाली मशीनों की भी चर्चा होने लगी है। ये मशीन सोच सकती हैं। इनमें इनस्टॉल किया गया अल्गोरिथम इन्हें स्वतः कार्य करने तथा सोचने की शक्ति देता है। अल्गोरिथम एक विशेष प्रोग्राम है जो मशीन को स्वयं सोचने के लायक बनाता है। टेस्ला द्वारा विकसित स्वचालित कार, अमेजन द्वारा विकसित अलेक्सा इत्यादि बौद्धिक क्षमता आधारित मशीन के उदाहरण हैं।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक जॉन मैकार्थी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शब्द का प्रयोग किया। साल 1955 में उन्होंने इसे परिभाषित करते हुए लिखा कि कृत्रिम बौद्दिक क्षमता, बुद्धिमान मशीन बनाने का विज्ञान एवं अभियांत्रिकी प्रक्रिया है। "The Science and engineering of making intelligent machines"। बौद्धिक क्षमता का आशय किसी समस्या का समाधान करने हेतु उचित प्रणाली का प्रयोग करने से है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता आधारित मशीन न केवल किसी समस्या का समाधान हेतु उचित कार्यप्रणाली का प्रयोग करने में सक्षम होती हैं अपितु इनमें नई कार्यप्रणाली सीखने की क्षमता भी होती है।

कृत्रिम बौद्धिक क्षमता ने लगभग सारे उद्योगों को प्रभावित किया है। सूचना एवं संचार के क्षेत्र में तो व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। नित नए ऐसे कंप्यूटर प्रोग्राम विकसित हो रहे हैं जो स्वयं लेखन करने तथा एक भाषा की विषय–वस्तु का अन्य भाषाओं में अनुवाद करने में सक्षम हैं। 'ChatGPT 'तथा ' Google Pinpoint' सूचना एवं संचार जगत में प्रयोग की जाने वाली एआई आधारित सेवाएं हैं। सूचना तकनीक विकास की प्रक्रिया अनवरत जारी है।

तकनीक का विकास नई चुनौतियों के समाधान हेतु किया जाता है। किन्तु हर तकनीक अपने साथ नई चुनौती ले कर आती है। इसका समाज और संस्कृति पर प्रभाव, लोगों द्वारा तकनीक का प्रयोग इत्यादि कुछ ऐसे विषय हैं जिनके अध्ययन की जरूरत को नकारा नहीं जा सकता है। औपिश के अनुसार "तकनीकी विज्ञान का कला में प्रयोग है" (गुप्ता)। इसका निर्माण विज्ञान के माध्यम से होता है किन्तु इसका प्रयोग समाज में विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाता है। समाज और तकनीक के अंतर्संबंध को 'प्रौद्योगिक नियतत्ववाद' (Technological Determinism) के सिद्धांत के माध्यम से और बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। थोरस्टीन वेब्लेन, इस शब्द का प्रयोग करने वाले पहले विद्वान थे। इस सिद्धांत के अनुसार, तकनीक समाज की संस्कृति को प्रभावित करने वाले प्रमुख पहलुओं में से एक है। तकनीक के माध्यम से किसी समाज की प्रवृत्ति को समझा जा सकता है। मशहूर जर्मन दार्शनिक कार्ल मार्क्स के विचार इस सिद्धांत को बल प्रदान करते हैं। उनके अनुसार तकनीक के विकास से समाज में उत्पादन की नई विधियाँ विकसित होती हैं। इससे समाज में सांस्कृतिक, आर्थिक तथा राजनीतिक बदलाव आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि तकनीक समाज को बदलने में सक्षम होती है। मशहूर वैज्ञानिक विमर के अनुसार कई बार तकनीक के कारण अप्रत्याशित बदलाव भी आ जाते हैं। इस प्रक्रिया को परिभाषित करने हेतु उन्होंने "Technological Drift" शब्द का प्रयोग किया है। उनके अनुसार कई बार ऐसा होता है कि किसी तकनीक का विकास किसी विशेष उद्देश्य के लिए किया गया किन्तु समाज के लोग उसका प्रयोग अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए करने लगें। इससे समाज में कुछ ऐसे बदलाव आने लगते हैं जिससे यह प्रतीत होने लगता है कि मनुष्य तकनीक का मालिक नहीं अपितु तकनीक मनुष्य और समाज का मुकद्दर तय कर रही है।

मीडिया का लोकतंत्र में एक प्रमुख स्थान होता है। मीडिया द्वारा प्रस्तुत की गयी विषय–वस्तु तथा इसकी भाषा जनमानस के मस्तिष्क पर व्यापक प्रभाव डालती है। भारत विविध

ाताओं से भरा देश है। हिंदी भारत की प्रमुख भाषाओं में से एक है। देश की राजधानी दिल्ली तथा राज्य के नौ राज्यों की यह अधिकारिक भाषा है। देश में हिंदी भाषा का समाचारपत्र पढ़ने वाले तथा हिंदी न्यूज चैनल एवं हिंदी न्यूज पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त करने वालों की संख्या अच्छी खासी है। मीडिया जगत भी तकनीकी विकास के प्रभाव से अछूता नहीं है। नई तकनीक आने से विषय वस्तु निर्माण तथा प्रस्तुति तथा वितरण प्रणाली में पहले की तुलना में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। कई मीडिया संस्थानों में स्मार्टफोन ने वीडियो कैमरे की जगह ले ली है। बदलाव की यह प्रक्रिया रुकने वाली नहीं है। आने वाला समय रोबोटिक पत्रकारिता अथवा आटोमेटिक पत्रकारिता का होगा ऐसी भी चर्चा हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कंप्यूटर प्रोग्राम आंकड़ों के प्रबंधन के साथ विषय वस्तु लेखन तथा वितरण करने में भी सक्षम होंगे। विभिन्न देशों में विभिन्न प्रकार की खबर बनाने हेतु इसका प्रयोग शुरू भी हो चुका है। उदाहरणस्वरूप पुतर्गाल के कई मीडिया संस्थान खेल सम्बन्धित खबरों के निर्माण हेतु इसका प्रयोग कर रहे हैं (कैनाविल्हास, 2022)। ऐसे में यह जानना आवश्यक हो जाता कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत में हिंदी पत्रकारिता की भाषा पर क्या प्रभाव डालेगा। इसकी संभावनाएं एवं प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं?

साहित्य पुनरावलोकन

(कैनाविल्हास, 2022) : मीडिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग का मूल उद्देश्य नए मौके तलाशना है। पुतर्गाल में 34.4 प्रतिशत खेल मीडिया खबर निर्माण प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर रहा है। पत्रकारों ने यह माना की यह उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक है।

(थुरमन, नील, कॉन्स्टेंटिन, डोर, – कुनर्ट, 2017) : दस पत्रकारों पर आधारित इस अध्ययन में जिसमें तीन खेल पत्रकार शामिल थे, यह पाया गया कि पेशेवर पत्रकार कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा लिखित विषय वस्तु से संतुष्ट नहीं थे। उनके अनुसार सॉफ्टवेयर द्वारा लिखी गयी रिपोर्ट में मूल्यांकन, घटना का परिपेक्ष्य तथा व्यक्ति विशेष के कथन नदारत थे।

(लोपेज, जोस, टूरल – ब्रान, सैंटियागो, – कैचीरो–रेकेइजो, 2018) : स्पेन में 366 पत्रकारों पर किये गए इस अध्ययन में पत्रकारों ने यह स्वीकार किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उनके कार्यों को व्यवस्थित रूप से निष्पादित करने में सहायक है। इसकी मदद से कम लागत में ज्यादा विषय–वस्तु का निर्माण किया जा सकेगा साथ ही इससे समाचार वितरण प्रणाली भी प्रभावी बनेगी। हालाँकि इस अध्ययन में शामिल केवल 21.3 प्रतिशत पत्रकारों ने ही खबर निर्माण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को उपयोगी उपकरण के रूप में स्वीकार किया। 30 प्रतिशत लोगों का मत था कि एआई के माध्यम से आंकड़ों का प्रबंधन प्रभावी रूप से किया जा सकता है। (चार्ली, 2019) : लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पोलिटिकल साइंस द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पत्रकारों की विषय–वस्तु निर्माण क्षमता को बढ़ाने में तथा उसकी गुणवत्ता सुधारने में मदद करने वाली एक कारगर तकनीक है। इससे मीडिया घरानों की आर्थिक स्थिति सुधर सकती है तथा यह पत्रकारों की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने में भी सहायक है। इसके अलावा अध्ययन में शामिल अन्य पत्रकारों ने यह माना इसे अपनाने के लिए बड़ी पूँजी की आवश्यकता पड़ेगी। यह एक प्रमुख चुनौती है।

(सैंटोस–सेरोन, 2022) : न्यूज बिजनेस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कई तरीकों से किया जा सकता है। मीडिया उद्योग इसका प्रयोग पाठकों में विषय–वस्तु के लिए रूचि पैदा करने तथा बिजनेस नीतियां इत्यादि बनाने के लिए कर रहा है। यह पाठकों को उनकी रूचि के अनुसार सब्सक्रिप्शन पैकेज बताने में मददगार है। इसकी मदद से न्यूज पोर्टल पर नकरात्मक

एवं अभद्र प्रतिक्रियाओं को रोका जा सकता है। मीडिया घरानों के लिए एआई एक प्रमुख उपकरण है।

शोध का उद्देश्य

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का नई हिंदी पत्रकारिता की भाषा पर होने वाले प्रभाव को समझना।
- हिंदी अखबार, हिंदी न्यूज चैनल और हिंदी डिजिटल न्यूज पोर्टल के सामने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन के बाद उत्पन्न होने वाली संभावनाएं एवं चुनौतियों का अध्ययन।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध को पूर्ण करने हेतु शोधार्थी ने साक्षात्कार विधि का प्रयोग किया है। शोधार्थी ने रांची तथा पटना के हिंदी मीडिया संस्थान में कार्यरत पत्रकारों में से निर्दशन हेतु उद्देशीय निर्दशन पद्धति (Purposive Sampling) का प्रयोग किया है। चयनित संस्थानों से तीन–तीन पत्रकारों को अध्ययन में शामिल किया गया। तकनीकी पहलुओं की जानकारी हेतु चार तकनीकी विशेषज्ञों का साक्षात्कार भी किया गया। आंकड़े एकत्र करने के लिए शोधार्थी ने अनुसूची का प्रयोग किया।

परिणाम और निष्कर्ष

अध्ययन में यह पाया गया कि हिंदी प्रान्त के पत्रकार अभी एआई उपकरणों के प्रयोग से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं। डिजिटल न्यूज मीडिया के 40 फीसदी पत्रकार इससे अवगत हैं जब की हिंदी टीवी न्यूज चैनल में यह 25 प्रतिशत है। अखबार में कार्यरत मात्र 22 फीसदी पत्रकार ही मीडिया जगत में प्रयोग होने वाले एआई उपकरणों की जानकारी रखते हैं। पत्रकार यह मानते हैं कि यह नई तकनीक उनके कार्य को व्यवस्थित करने में सहायक सिद्ध होगी किन्तु इससे सम्बंधित कई पहलुओं को वे प्रमुख चुनौतियों के रूप में देखते हैं।

इसके द्वारा लिखित विषय–वस्तु में मानवीय संवेदना कितनी होगी यह एक प्रमुख प्रश्न है। हिंदी भाषा का शब्दकोष व्यापक है। इस भाषा में क्षेत्रीय बोली के भी शब्द मौजूद हैं। एआई इन्हें समझने में कितना कारगर होगा यह देखने वाली बात होगी। बिना मानवीय संवेदना के विषय–वस्तु प्राणहीन प्रतीत होगी तथा इसके समाज पर बुरे प्रभाव पड़ने के भी आसार रहेंगे। एक आम पाठक या विषय–वस्तु का उपभोक्ता यह गौर नहीं करता कि अमुक कहानी किसने लिखी है। अतः ऑटोमेटेड पत्रकारिता के दौर में यह आवश्यक होगा कि पत्रकार अपनी जिम्मेदारियों में परिवर्तन लायें। आने वाले समय में विषय–वस्तु लेखन से ज्यादा उन्हें विषय–वस्तु की निगरानी करनी पड़ेगी। मशीन द्वारा लिखित विषय वस्तु में किसी तरह की कमी नहीं रहे यह सुनिश्चित करना पत्रकारों का प्रमुख कार्य होगा। न्यूज जगत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपने साथ एक और बड़ी चुनौती ले कर आएगा, वह है खबर की निष्पक्षता और संतुलन। मशीन द्वारा लिखित खबर में घटना से सम्बंधित सारे पहलुओं का जिक्र हो यह आवश्यक है। आने वाले समय में कंप्यूटर प्रोग्रामर्स तथा पत्रकारों की यह जिम्मेदारी होगी की मशीन की लिखी खबर निष्पक्ष तथा संतुलित हो।

मीडिया में समाज के विभिन्न वर्गों की प्रस्तुति और प्रतिनिधित्व एक बड़ा प्रश्न है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाज के विभिन्न वर्गो को किस तरह से प्रस्तुत कर रहा है, पत्रकारों को इस पर नजर रखनी होगी। मीडिया की प्रस्तुति का लोगों के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता

है। अगर किसी वर्ग विशेष की प्रस्तुति गलत की जायेगी तो लोगों के मन में उसके प्रति गलत अवधारणा बनेगी। अतः मीडिया की भाषा तथा विषय–वस्तु पूर्वाग्रह मुक्त हो यह आवश्यक है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा उपकरण है जिससे अत्यंत सावधानी से प्रयोग करने की ज़रूरत है अन्यथा इससे सामाजिक शांति प्रभावित हो सकती है। गागर में सागर प्रस्तुत करने के इस दौर में मशीन द्वारा लिखित विषयवस्तु समाज को दुष्प्रभावित नहीं करे यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। अब पत्रकारों को पहले से ज्यादा सजग तथा पेशेवर होने की ज़रूरत है।

सन्दर्भ

जोआओ कैनाविल्हास. (2022). Artificial Intelligence and Journalism: Current Situation and Expectations in the Portuguese Sports Media. *Journalism and Media 3* , 510-520

तुनेज – लोपेज, मिगुएल जोस, कार्लोस टूरल – ब्रान, ब्रान और सैंटियागो, – कैचीरो–रेकेइजो. (2018). Automated -content generation using news writing bots and algorithms: Perception and attitude among Spain's journalists. *El Profesional de la Información* , 750-58.

थुरमन, नील, कॉन्स्टेंटिन, डोर, – जेसिका कुनर्ट. (2017). When reporters get hands-on with robo training: Professional consider automated journalism's capabilities and consequences. *Digital Journalism* , 1240-1259.

नोएन सांचेज, – अमाया. (2022). Addessing the impact of Artifical Intelligence on Journalism: The perception of experts, journalists and academics. *Communication and Society* , 105-21.

बेकलेट चार्ली. (2019). New Responsibilites: A Global Survey of Journalism and Artifical Intelligence. *London: The London School of Economics and Political Science*

मथियास फेलिप डी–लीमा सैंटोस, – विल्सन सेरोन. (2022). Artificial Intelligence in News Media: Current Perceptions and Future Outlook. *Journalism and Media,* 13-26

सौरभ गुप्ता. (दि.न.). शैक्षिक तकनीकी का अर्थ, परिभाषा एवं विशेषताएं . hindiguider.com: https://hindiguider.com/shaikshik-takaneekee-ka-arth-paribhaasha-evam-visheshataen-in-hindi/ से, 22 जनवरी 2023 को पुनर्प्राप्त

❑❑❑

पीएचडी शोधार्थी,जनसंचार विभाग, झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, रांची, मोबाइल नंबर – 7003069971 ईमेल–vineetsinha15@gmialAcom

पीएचडी शोधार्थी,मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, मोबाइल नंबर – 8877565443 ईमेल – shobhitAsuman1@gmail.com

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के परिप्रेक्ष्य में भारतीय भाषाओं का प्रश्न

–डॉ. रीना

भाषा किसी भी व्यक्ति, समाज के भावों–विचारों को प्रकट करने का माध्यम है साथ ही भाषा परस्पर विचारों का साधान ही नहीं है, यह किसी भी समाज, समूह से लेकर व्यक्ति की पहचान होती है। हमारी संस्कृति की विरासत को बचाने का काम भाषा ही करती है। इसलिए भाषा का अध्ययन व्यक्ति, समाज, संस्कृति के लिए महत्त्वपूर्ण बन जाता है। इस संदर्भ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) विशेष चिंतन करती है।

किसी भी देश की भाषा विचार–विनिमय का या भावों को प्रकट करने का साधन तो है ही, साथ ही साथ भाषा समाज का प्रमुख अंग होने के नाते हमारी सभ्यता और संस्कृति की वाहक भी होती है। हम कह सकते हैं कि विभिन्न संस्कृतियों की पहचान भाषा के आधार पर होती है। इसी संदर्भ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) की बात करें तो यह नीति भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं की पुनर्प्रतिष्ठा की सिफारिश करती है, क्योंकि भारतीय भाषाएं विकसित होंगी तो संस्कृति भी विकसित होगी। इस नीति में कक्षा– 5 तक मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा/घरेलू भाषा में शिक्षा के माध्यम का प्रावधान है। हालांकि भारतीय भाषाओं में पढ़ने–लिखने की संस्कृति के विकास की संभावना पहले की नीतियों में भी थी लेकिन वह अंग्रेजी की स्वीकार्यता का सूत्र बन गई। इस नीति में देश के विभिन्न भाषाओं के साहित्य में व्याप्त ज्ञान को सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर सुलभ कराने की बात है। साथ ही साथ ज्ञान–विज्ञान, मेडिकल, इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों को स्वभाषा में अध्ययन–अध्यापन की बात की गई है। इस नीति में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत पर ध्यान दिया गया है, जिससे निश्चित ही अंग्रेजी भाषा के वर्चस्व को चुनौती मिलेगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) लॉर्ड मैकाले की नीति को खारिज करती है तथा भारत की जड़ों की तरफ लौटने की बात करती है, क्योंकि भारतीय परिप्रेक्ष्य में वैश्विक ज्ञान संपदा का आदान–प्रदान तब तक अधूरा रहेगा, जब तक वह भारत की भाषाओं से नहीं जुड़ पाएगा, यही व्यावहारिक मांग भी है। इसके अतिरिक्त यह नीति संस्कृत, पालि, प्राकृत, फारसी भाषाओं को केंद्र में लाने का प्रयास करती है। इस नीति में संविधान की अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं की अकादमी स्थापित करने तथा पांडुलिपियों के संरक्षण, संवर्धन का प्रावधान भी किया गया है जो संकेत करता है कि यह नीति भारतीय भाषाओं का स्वाभिमान जगाने हेतु है।

विभिन्न शास्त्रीय भाषाओं और उनमें लिखित साहित्य को संस्थानों और विश्वविद्यालयों से जोड़ने की प्रतिबद्धता भी इस नीति में है। हालाँकि इस नीति के क्रियान्वयन की चुनौतियां भी है लेकिन समुचित ढंग से इसके क्रियान्वयन पर अमल किया जाए तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) भारतीय भाषाओं के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी।

बीज शब्द– भारतीय संस्कृति, मातृभाषा, उपनिवेशवाद, त्रिभाषा फार्मूला, अनुवाद, ज्ञान–विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, पांडुलिपि, संरक्षण, शोध, शास्त्रीय एवं संकटग्रस्त भाषा, राजभाषा, मैकाले नीति, चुनौती, क्रियान्वयन, विश्वशक्ति

मुख्य आलेख–

भाषा किसी भी व्यक्ति, समाज के भावों–विचारों को प्रकट करने का माध्यम है साथ ही भाषा परस्पर विचारों का साधन ही नहीं है, यह किसी भी समाज, समूह से लेकर व्यक्ति की पहचान होती है। हमारी संस्कृति की विरासत को बचाने का काम भाषा ही करती है। इसलिए भाषा का अध्ययन व्यक्ति, समाज, संस्कृति के लिए महत्त्वपूर्ण बन जाता है। इस संदर्भ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) विशेष चिंतन करती है। कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित यह नीति भारतीय भाषाओं के समुचित संरक्षण, संवर्धन के प्रति प्रतिबद्ध है। इस नीति में कहा गया है–" दुर्भाग्य से भारतीय भाषाओं को समुचित संरक्षण, संवर्धन न मिलने के कारण पिछले 50 वर्षों में 220 भाषाओं को खो दिया है। यूनेस्को ने 97 भारतीय भाषाओं को लुप्त प्राय घोषित किया"।[1] ऐसी स्थिति में भाषा का महत्त्व बढ़ जाता है। शिक्षा का भारतीयकरण अभियान अपनी भाषा से ही होगा, यह बात इस नीति में भलीभांति स्वीकार की गई है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) से पूर्व भी स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 भी आई। पुरानी नीतियों का समुचित ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण तथा कुछ कमियों की वजह से नई शिक्षा नीति (2020) में बदलाव की आवश्यकता हुई। यह नीति प्राचीन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा के आलोक में तैयार की गई है। पिछली नीतियों का जोर मुख्य रूप से सभी तक शिक्षा पहुँचने के मुद्दों पर था, वहीं इस नीति का विज़न भारतीय मूल्य शिक्षा प्रणाली है, यही कारण है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) भारतीय की विभिन्न भाषाओं में रचे साहित्य के उत्थान की बात करती है। इस नीति में भारतीय भाषाओं के विकास और संरक्षण पर अधिक बल दिया गया है, ताकि इन भाषाओं के माध्यम से देश के विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, साहित्य से हम परिचित हो सकें।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के अध्याय–4 और अध्याय–22 में शिक्षा के माध्यम से भाषा के संरक्षण की बात सुनिश्चित की गई है। मैकाले की शिक्षा नीति के महत्त्व को कम किया गया है। अध्याय–4 में कहा गया है कि कक्षा–5 तक के छात्र–छात्राओं के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा, स्थानीय भाषा, घरेलू भाषा, क्षेत्रीय भाषा होगी और कोशिश की जाये कि आठवीं कक्षा या उसके बाद भी स्वभाषा में पढ़ा लिखा जाये, क्योंकि अपनी भाषा में विद्यार्थी भिन्न–भिन्न विषयों की अवधारणाओं को आसानी से समझ सकेगा। मातृभाषा की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी कहा है–"मातृभाषा ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम मात्र नहीं है, वह अपने अंदर राष्ट्रीय इतिहास सँजोये रखती है। विशेष रूप से प्राथमिक

शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। अंग्रेजी के आयातित ज्ञान से छूट मिले, यह शोषकों की भाषा है।"[2]

20 अक्टूबर को एक शिक्षा सम्मेलन में महात्मा गांधी भी कहते हैं कि "विदेशी भाषा द्वारा शिक्षा पाने में दिमाग पर जो बोझ पड़ता है। वह असहनीय है। इससे हमारे बालक अधिकतर निक्कमे, कमजोर, निरुत्साही, रोगी और पूरे नकलची बन जाते हैं।"[3] गांधीजी के अनुसार अन्य भाषा में शिक्षण देने से बालकों के विचारों में स्पष्टता नहीं आएगी। वे अपनी संस्कृति, सभ्यता से अपरिचित रह जाएंगे। इसी क्रम में डॉक्टर जाकिर हुसैन समिति का गठन भी महत्त्वपूर्ण है–"मातृभाषा का उचित शिक्षण समस्त शिक्षा का आधार है। प्रभावी ढंग से बोलने, परिशुद्ध एवं स्पष्ट ढंग से बोलने एवं पढ़ने की क्षमता के बिना कोई भी व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर सकता। सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि मातृभाषा बच्चों को उनकी संपन्न वंशानुगत संस्कृति तथा पूर्वजों के विचारों, भावनाओं एवं आकांक्षाओं से परिचित कराती है। इस प्रकार यह सामाजिक रिश्तों का महत्त्वपूर्ण साधन है।"[4]

शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो, इसकी अनिवार्यता के साथ–साथ नई शिक्षा नीति स्कूली स्तर पर त्रिभाषा फार्मूला लागू करने की बात करती है, जिसमें 2 भारतीय भाषाओं को चुनना अनिवार्य है। एक विदेशी भाषा के साथ छात्रों के लिए संस्कृत और अन्य भारतीय भाषा चुनने का विकल्प होगा। त्रिभाषा सूत्र में कहा गया है कि इस सूत्र के क्रियान्वयन में लचीलापन प्रदान किया जाए। राज्य सरकारों को हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी और अंग्रेजी के अलावा आधुनिक भारतीय भाषा अधिमानतः दक्षिण भाषाओं में से एक के अध्ययन को और गैर हिंदी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा के अध्ययन को अपनाना और लागू करना चाहिए। इस नीति में कहा गया है कि "त्रिभाषा फार्मूला को अपनाने के लिए देशभर में भारतीय भाषाओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए, बड़ी संख्या में शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए आपस में द्विभाषी समझौते कर सकते हैं।[4] बहुभाषावाद एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए त्रिभाषा फार्मूला को लागू किया जाना जारी रहेगा।"[5]

यह नीति बहुभाषावाद को बढ़ावा देते हुए भारत की विभिन्न संस्कृतियों की भाषाओं को संरक्षण एवं प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है, इसमें कहा गया है कि "भाषा निस्संदेह कला एवं संस्कृति से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। लहजा अनुभवों की समझ और एक ही भाषा में व्यक्तियों की बातचीत में अपनापन, यह सभी संस्कृति के प्रतिबिंब और दस्तावेज है। अतः संस्कृति हमारी भाषाओं में समाहित है। संस्कृति के संवर्धन के लिए उस संस्कृति की भाषाओं का संवर्धन करना होगा।"[6] अतः नई शिक्षा नीति ने त्रिभाषा फार्मूला के माध्यम से बच्चों के भाषा सीखने और पढ़ाई के माध्यम पर एकदम स्पष्ट एवं सुविचारित रुख अपनाया।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आठवीं अनुसूची की उन भाषाओं की प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए चिंतनशील है, जो कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। इसमें कहा गया है कि भाषाएं प्रासंगिक और जीवित बनी रहें। इसमें आठवीं अनुसूची की भाषाओं के लिए अकादमी स्थापित करने की बात की गई है, जिससे इन भाषाओं में नवीन अवधारणाओं के लिए सरल शब्द भंडार, नवीनतम शब्दकोश जारी किए जा सकें। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में विशेष रूप से संस्कृत भाषा के विस्तार पर बल दिया गया है। यह भाषा भारतीय संस्कृति और परंपरा की जीवंत

अभिव्यक्ति का मुख्य स्वर है। इसकी वैज्ञानिक प्रकृति के कारण इसे उच्च शिक्षा में त्रिभाषा फार्मूला के तहत विकल्प के रूप में तथा उच्च शिक्षा में भी विभिन्न विषयों से जोड़कर पढ़ाने के बात की गई है। यह नीति इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि विदेशी यदि भारत आए तो यहां आने से पहले उन्हें अनिवार्य रूप से संस्कृत, हिंदी सीखनी पड़ेगी। इस नीति में नई शास्त्रीय भाषाओं तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, उड़िया से जुड़ी संस्थाओं के अकादमिक महत्त्व को देखते हुए उनको विभिन्न विश्वविद्यालयों से जोड़ने का सुझाव है। पाली, प्राकृत भाषा के लिए नए संस्थान बनाने पर जोर दिया गया है, ताकि देश की कला, संस्कृति, परंपराओं से परिचित हो सकें, उस भाषा के ज्ञान को प्राप्त कर सके। इस नीति में कहा गया है कि अभिलेखों के संरक्षण, अनुवाद एवं अध्ययन के केंद्र स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।

अनुवाद की दृष्टि से भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्त्वपूर्ण है। भारत जैसे बहुभाषी देश के अलग–अलग भाषाओं के साहित्य में वहां की संस्कृति, परंपरा का उत्कृष्ट ज्ञान उपलब्ध है। इस ज्ञान को सर्वजन तक भिन्न–भिन्न भाषाओं में अनुवाद के माध्यम से ही पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं में भारतीय भाषाओं के अनुवाद के बात की गई है, साथ ही अंग्रेजी का उच्च गुणवत्ता वाला ज्ञान भारतीय भाषाओं में अनुवादित करने का प्रावधान भी है। इसके लिए 'इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन' की स्थापना का प्रावधान है। संदर्भ में अरविंद का शैक्षिक दर्शन सार्थक प्रतीत होता है। वे कहते हैं–" हम जिस शिक्षा की खोज में है, वह भारतीय आत्मा और आवश्यकता तथा स्वभाव और संस्कृति की उपयुक्त शिक्षा है"।[7] इस संदर्भ में देखें तो नई शिक्षा नीति भी भारत की विकासमान आत्मा के प्रति, उसकी भावी आवश्यकताओं के प्रति, उसकी आत्मोतप्ति की महानता के प्रति और शाश्वत आत्मा के प्रति आस्था रखती है। गांधी भी कहते हैं कि–"विदेशी शिक्षा के माध्यम से सच्ची शिक्षा देना असंभव है।"[8] इस प्रकार कहा जा सकता है कि मेडिकल, इंजीनियरिंग, ज्ञान– विज्ञान के विषयों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में होगा तो अंग्रेजी पर हमारी निर्भरता कम होगी, बल्कि इससे अंग्रेजी का तथाकथित वर्चस्व भी टूटेगा।

तेजी से विकसित हो रहे आज के प्रौद्योगिकी युग में डिजिटलाइजेशन मनुष्य के जीवन में विशेष छाप छोड़ रहा है। ऐसे में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषा के डिजिटलीकरण पर जोर देती है। ऐसे में इस कार्य की मानसिकता एवं परिवेश निर्मित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी को अनिवार्य प्रयोग अपेक्षित है और यह स्थिति सूचना प्रौद्योगिकी को भाषा के साथ जोड़े बिना संभव नहीं है। इस नीति में भारतीय भाषाओं और उनसे संबंधित स्थानीय कला एवं संस्कृति का वेब आधारित प्लेटफार्म, पोर्टल, विकिपीडिया के माध्यम से दस्तावेजीकरण करने का प्रावधान है। ऐसे में यह नीति महत्त्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि सूचना प्रौद्योगिकी ने जनजीवन पर अमिट छाप छोड़ी है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर, इंटरनेट का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, लेकिन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का भली प्रकार से लाभ उठाने के लिए इसे भाषिक विकास के साथ जोड़ना जरूरी है, जो भाषिक प्रवृत्ति को विकसित किए बिना संभव नहीं। इस दृष्टि से देखें तो डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में अंग्रेजी के वर्चस्व को चुनौती मिलेगी। साहित्य रूपी काव्य कला के साथ–साथ स्थापत्य कला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत कला को भाषा के जरिए अभिव्यक्ति से नई दिशा मिलेगी। इस नीति से भारतीय भाषाओं के विकास को बढ़ावा देने के

लिए विकसित किए गए सॉफ्टवेयर टूल्स, इंटरनेट पर ज्ञान और सूचना सामग्री को सभी भाषाओं में उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। हम कह सकते हैं कि भारतीय भाषाओं के डिजिटलाइजेशन के लिए जिस तरह से केंद्रीय स्तर पर भिन्न भाषाओं में सॉफ्टवेयर तैयार करने के कार्य किये जा रहे हैं, इससे भारतीय भाषाओं के बहुमुखी विकास को तीव्रगति मिलेगी। तथा भारतीय भाषा में हर प्रकार का मुद्रण, पाठ्य सामग्री ,पुस्तकों की उपलब्धता आसानी से हो सकेगी। जब अपनी भाषाओं में सामग्री विकसित होगी तो निश्चित ही भारतीय भाषाओं को संजीवनी मिलेगी।

इस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के शब्दकोशों का अध्ययन, अद्यतनीकरण, योजनमूलक भाषा कार्यक्रमों को प्रोत्साहन, मानकीकृत पारिभाषिक शब्दावली का अधिकाधिक प्रयोग, कार्यालय प्रयोग में हिंदी को बढ़ावा देना जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। इस नीति में शोध को मातृभाषा में संभव करने के लिए 'राष्ट्रीय शोध संस्थान' स्थापित करने का प्रावधान भी है, जिसमें भारतीय भाषाओं में शोध हेतु आवश्यक निधि का प्रावधान किया गया है। यह नीति इस बात पर बल देती है कि सांस्कृतिक बोध मातृभाषा में ही संभव है। शोध, अनुसंधान की भाषा जब अपनी भाषा होगी तो भाषा के साथ–साथ संस्कृति भी विकसित होगी, इसलिए भारतीय भाषाओं में शोध अनुसंधान के विकल्प बढ़ने के साथ सांस्कृतिक बोध बढ़ेगा, जिससे अपनी भाषा में प्राप्त अवधारणात्मक समझ वर्तमान की समस्याओं का मूल्यांकन करते हुए भविष्य की चुनौतियों का दिग्दर्शन कराने में भी सक्षम होगी।

राजभाषा हिंदी के प्रयोग पर अधिक बल देते हुए यह नीति हिंदी के महत्त्व को भी प्रतिपादित करती है। प्रशासन के क्षेत्र में हिंदी का घटते प्रयोग के प्रति यह नीति संवेदनशील दिखती है। निश्चित तौर पर ये चिंतन का विषय है कि हमारे देश की प्रशासन व्यवस्था चलाने वाली भाषा अंग्रेजी है, जबकि व्यवस्था की भाषा जनभाषा होनी चाहिए। हमारे संसाधनों का ढलान अंग्रेजी की तरफ है, हमे उस ढलान को बदलना होगा। अंग्रेजी के आतंक से डरा हुआ देश कैसे महाशक्ति बनेगा? यह विचारणीय है। हम योजनाबद्ध ढंग से मैकाले की नीति के शिकार रहे है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस सन्दर्भ में ठोस कदम उठाती है जो निश्चित ही राष्ट्रभाषा बनने की और अग्रसर हिंदी के लिए जीवनदायिनी है।

चुनौतियाँ— निःसन्देह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) भारतीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके क्रियान्वयन की कुछ चुनौतियां भी हैं जो इस नीति को कार्यरूप देने में समस्या के रूप में हमारे सम्मुख आ सकती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मातृभाषा/स्थानीय भाषा/घरेलू भाषा/क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा देने की बात करती है, लेकिन इन भाषाओं में शिक्षण की भिन्न–भिन्न चुनौती है। भारतीय समाज में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं, कहीं क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाएं अलग हैं, कहीं मातृभाषा और घरेलू भाषा अलग–अलग हैं, ऐसे में द्विभाषी शिक्षक, प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा का चुनना चुनौती होगा। एक चुनौती शिक्षकों के तबादले की भी है। शिक्षक और विद्यार्थी के भाव अलग–अलग होते हैं। भाषा अलग होती है, शिक्षक दूसरी भाषा के साथ भावनात्मक संबंध नहीं बना पाता, जिस कारण छात्राओं के साथ भी वह नहीं जुड़ पाता। तो एक यह चुनौती होगी कि ऐसे शिक्षक नियुक्त किए जाएं जो घरेलू भाषा बोलें। बहुभाषी शिक्षकों की उपलब्धता और व्यय की दृष्टि से भी यह नीति महंगी होगी। इसके अतिरिक्त सभी मातृभाषा में अध्ययन सामग्री

उपलब्ध कराना, हिंदी माध्यम के व्यवसायिक कोर्स में रोजगार उपलब्ध कराना भी एक चुनौती होगी। फिर भी संकल्पबद्धता के साथ से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किये जायें तो तमाम चुनौतियों के बावजूद यह नीति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होगी।

समग्रता में कह सकते है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय भाषाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह नीति स्व अक्षर का बोध कराती हुई उपनिवेशवाद से छुटकारा दिलाने का प्रयास करती है। अंग्रेजी का प्रभुत्व समाप्त कर भारत की भाषाओं को मुख्यधारा में लाने और शिक्षा का भारतीयकरण करने का प्रयास भी इस नीति में किया गया है। यह नीति इस बात को सुनिश्चित करती है कि विद्यालय और उच्च शिक्षा का माध्यम स्वभाषा हो, अंग्रेजी जैसी विजातीय भाषा को शिक्षण में महान बना देने से भारतीय भाषाओं में उपस्थित ज्ञान से हम वंचित रह जाते हैं। हम अपनी भाषाओं में समझ विकसित नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी की स्वीकार्यता और अनिवार्यता ने दुर्भाग्य से भारतीय भाषाओं को हाशिए पर डाल दिया है, ऐसे में नई शिक्षा नीति निज भाषाओं की उन्नति, उनके उत्थान और शिक्षण संवर्धन की बात करती हुई उनके लिए संजीवनी प्रदान करती है। अंत मे कहें तो हिंदी नवजागरण के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्तियां नई शिक्षा नीति की भाषायी प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करने में सार्थक प्रतीत होती हैं–

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा–ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।"[9]

अर्थात निज भाषा की उन्नति में ही सभी उन्नतियों का मूल है। स्वभाषा की उन्नति से ही देश और समाज की प्रगति होगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी यही संदेश है। अतः यह कहना न्यायसंगत होगा कि अगर हम अपनी भाषा को साधन बनाकर चलेंगे, अंग्रेजी के बहाव के विपरीत हम बढ़ेंगे, तो निश्चित ही भारत को विश्वशक्ति बनने से कोई नही रोक सकता।

सन्दर्भ

1. राष्ट्रीय शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पृष्ठ 87
2. पंडित दीनदयाल उपाध्याय,राष्ट्रीय चिंतन 'शिक्षा', पृष्ठ,102
3. सानू सक्रांत, अंग्रेजी माध्यम का भ्रम जाल, प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली
4. एजुकेशनल रिकंस्ट्रक्शन, पृष्ठ,127
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पृष्ठ 20
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पृष्ठ 20
7. रामनाथ शर्मा, राष्ट्रीय धर्म दृष्टा श्री अरविंद शिक्षा और समाज, लोकहित प्रकाशन, पृष्ठ 183
8. सम्पूर्ण गांधी वांग्मय, खण्ड–13, पृष्ठ 432
9. भारतेंदु हरिश्चंद्र, कविता 'निज भाषा'

❑❑❑

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
भगिनी निवेदिता कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)
मोबाइल न.–9716188974 ईमेल–reenakasana3192@gmail.com
पता–बी–17, रिड्स लाइन, स्टाफ फ्लैट, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007

निजभाषा का प्रश्न और सिनेमा

–डॉ. शशि रानी

सिनेमा एक ऐसा माध्यम है जो एक साथ अनेक भाषा रूपों को समाए हुए अपना विकास कर रहा है। अधिकांश भाषाई समाज तक अपनी पहुंच बनाने और व्यावसायिक दृष्टि से अपना दायरा व्यापक करने के लिए हिंदी में फिल्में बनाई जाती है। नरेंद्र शर्मा के अनुसार, "सिनेमा लोक संस्कृति का धरोहर व्यवसाय है। चिर–नवीनता उसकी फितरत है, और नवइयत की सतत तलाश उसे नानाविध सामाजिक–सांस्कृतिक–भाषायी स्रोतों से सामग्री उठाने पर मजबूर करती है।"

भाषा हमारी संवेदना और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम मात्र नहीं है, यह हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है। सिनेमा में भाषा और हिंदी सिनेमा दोनों की विकास यात्रा 1931 में बनी पहली सवाक फिल्म आलमआरा से प्रारंभ हुई। दृश्य और भाषा के योग ने सिनेमा को व्यापक और लोकप्रिय जनोन्मुखी माध्यम बनाया। चूंकि सिनेमा एक कलात्मक अभिव्यक्ति है इसलिए इसकी भाषा का स्वरूप सदैव एक जैसा नहीं होता। समाज, परिस्थिति, परिवेश, पात्र, घटना और उद्देश्य के बदलने के साथ ही इसकी भाषा भी बदल जाती है। यही कारण है कि सिनेमा की भाषा का किसी एक भाषा के प्रति आग्रह नहीं होता। 1931 से लेकर आज तक की फिल्मों में भाषा के इस स्वरूप को आसानी से देखा जा सकता है। आर्थिक उदारीकरण, बदलती जीवन शैली ने फिल्मों में भाषा के ट्रेंड को बदला है। अब फिल्मों में क्षेत्रीय भाषाओं और क्षेत्रों में हिंदी बोलने के अंदाज को भी अपनाया जाने लगा है। जो सिनेमा की संवेदना को जन–जन तक सहज संप्रेषणीय बनाती है। हम पाते हैं कि केवल समाज ही नहीं अपितु बाजार भी इसकी भाषा के स्वरूप को निर्धारित करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रस्तुत शोध पत्र में हिंदी सिनेमा में भाषा के प्रश्न को इसी दृष्टि से अंतर्वस्तु विश्लेषण विधि के माध्यम से विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द : भाषा, सिनेमा, ट्रेंड, बाजार, साझा संस्कृति, संवेदना

परिचय : सिनेमा की भाव भूमि को सहजता और जीवंतता से सराबोर करने में भाषा एक अनिवार्य घटक है। यह है हमारे वर्तमान को हमारी संस्कृति, ज्ञान परंपरा और मूल्यों से तो जोड़ती ही है समाज में होने वाले हर परिवर्तन की धड़कन भी इसमें बोलती है। कहानी कहने या दिखाने के लिए सिनेमा में पुराने भाषा रूपों का प्रयोग किया जा सकता है लेकिन नई बात, नये युग को प्रस्तुत करने के लिए पुराने भाषा रूपों का प्रयोग समुचित नहीं होता क्योंकि भाषा रूप भी तत्कालीन परिवेश का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाता है। समय,

समाज और बाजार सभी भाषा रूप को प्रभावित करते हैं। सिनेमा के प्रारंभ से अब तककी फिल्मों के भाषिक ट्रेंडमें भी इस त्रिवेणी को आसानी से देखा जा सकता है।

साहित्य समीक्षा

भाषा सहज रूप से ही विकसित होती है। इसका विकास कोई अपनी तरह से अपनी धारणाओं के आधार पर नहीं कर सकता। लेकिन यह भी उतनी ही बड़ी सच्चाई है कि भाषा को बांधकर नहीं रखा जा सकता। बांधकर रखने की कोई भी कोशिश भाषा का हित नहीं कर सकती। इससे भाषा जड़ हो जाएगी और उसका विकास रुक जाएगा। भाषा को सतत गतिशील रहना चाहिए, तभी वह जीवित रह सकती है। (सुरेश उनियाल)

सिनेमा की पृष्ठभूमि

बीसवीं सदी के प्रथम दशक में पारसी रंगकर्मी जुड़ गए और उन्होंने एक मिली–जुली संस्कृति की मिली जुली भाषा को जन्म दिया और यह भाषा इतनी लोकप्रिय रही थी कि गुजराती, मराठी और मारवाड़ी रंगकर्मी अपनी अपनी भाषा छोड़कर इस में काम करने के लिए हिंदी भाषा सीखने को तत्पर हुए। (डॉ लक्ष्मी नारायण लाल) उभरते औद्योगिक महानगर के रूप में गैर मराठी और गैर गुजराती लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही थी। सैनिको, नाविकों, मजदूरों के रूप में आने वाले लोगों के बीच संपर्क भाषा के रूप में जिस जबानका उपयोग होता था। यह वही जबान थी जो पहले पारसी थिएटर के लोकप्रिय रंगमंच की भाषा बनी और बाद में सिनेमा की भाषा बनी। नाटकों के लिए जिस जबान का प्रयोग फिल्मों ने किया उसकी जड़ें उस पारसी नाटकों में थी जो फिल्मों के अस्तित्व में आने से पहले लगभग उन्हीं दर्शकों को ध्यान में रखकर लिखें और खेले जाते थे जो बाद में फिल्मों के दर्शक बने। भाषा का चयन आकस्मिक नहीं था। नाटकों का आधुनिक इतिहास बताता है कि कि पहले अंग्रेजी के बाद में मराठी और गुजराती के नाटक खेले गए लेकिन जब उन्होंने हिंदुस्तानी में नाटक खेलना शुरू किया तो उनकी पहुंच ना सिर्फ पूरे उत्तर भारत में हो गई बल्कि वे कलकाता जैसे महानगरों तक पहुंच गए। सिनेमा की भाषा को रूप देने में हिंदुस्तानी परंपरा से जुड़े नाटककारों का बहुत बड़ा योगदान था। लेकिन यह जबान लोकप्रिय इसलिए भी हो सकी कि कोलकाता से मुंबई और सुदूर पश्चिम में पेशावर तक फैले इलाके के लोगों के लिए यह बहुत अपरिचित नहीं थी। यहां लोगों में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग का दर्शक मौजूद था केवल शिक्षित ही नहीं अशिक्षित भी। (जवरीमल्ल पारख, पृ. 65) विभिन्न प्रांतों से आए बहुभाषी समाज तक पहुंच बनाने के लिए भाषा का यह प्रयोग समीचीन रहा।

सिनेमा की भाषा का स्वरूप

फिल्म के प्रत्येक क्षेत्र में गैर हिंदीभाषी कलाकारों का बाहुल्य है। यदि किसी एक क्षेत्र में हिंदी उर्दू भाषियों का बाहुल्य है तो वह है संवाद और गीत लेखन में। हिंदी फिल्मों में संवाद और गीत के लिए ही फिल्मकार मुख्य रूप से हिंदी उर्दू भाषी लेखकों और गीतकारों पर निर्भर हैं। गैर हिंदी भाषी फिल्मकारों के बाहुल्य का ही नतीजा है कि हिंदी सिनेमा में पटकथा लेखक और संवाद लेखक अलग–अलग होते हैं। हिंदी फिल्म की पटकथा तो अंग्रेजी में लिखे जाने का चलन आम है लेकिन संवाद और गीत तो जाहिर है कि हिंदी में ही हो सकते हैं। (वही पृ. 62) सिनेमाई हिंदी बॉलीवुड सिनेमा की सबसे बड़ी शक्ति है। यह बॉलीवुड फिल्मों की लाइफ लाइन है। बॉलीवुड फिल्में प्रतिवर्ष लगभग 1.75 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार कर रही है।

बॉलीवुड सिनेमा का फैलाव अरब जगत, अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान, इसराइल, लातिन अमेरिकी देशों के साथ उत्तरी अमेरिका, कनाडा जैसे देशों में है। अधिकांश प्रवासी भारतीय बॉलीवुड की फिल्मों के दर्शक हैं। इसी के साथ ही ब्रिटेन और अमेरिका में बनी भारतीय विषयक सिनेमा (मानसून वेडिंग आदि) में भी हिंग्लिश या ग्लोबली हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। सरल हिंदी में डब की जा रही हॉलीवुड फिल्मों (स्पाइडर–मैन 2, हैरी पॉटर आदि) का अपना हिंदी मार्केट है। इसी संदर्भ में ब्रांड दर्शकों का यह युवा वर्ग जो बड़े नगरों के मल्टीप्लैक्सों में लगने वाला हिंदी सिनेमा देखता है, एक तरह की हिंग्लिश उच्चारण की शैली वाली हिंदी से जुड़ रहा है। इस पड़ाव पर हमें सोचना होगा कि हॉलीवुड या ग्लोबल सिनेमाई हिंदी हमें किस प्रकार की भाषा संस्कार की ओर ले जा रही है।(किशोर वासवानी, पृ.37)

शोध अंतराल

शोध अपने आप में किसी चीज को नए ढंग से प्रस्तुत करने या एक नई अवधारणा की खोज करता है । प्रत्येक शोध उनस्वतंत्र विचारों के विस्तार में एक सेतु का कार्य करता है जिन पर पहले चर्चा नहीं हुई है। इस शोध पत्र में शोधकर्ता ने भाषा का प्रश्न और सिनेमा से संबंधित तथ्यों को व्यवस्थित तरीके से लिया है जो इसे अन्य शोध पत्रों से अलग बनाते हैं। इसके अतिरिक्त शोध पत्र में शोधकर्ता ने हिंदी सिनेमा में भाषा के बदलते ट्रेंड को समझाया है जो अन्य शोध पत्रों में वर्णित नहीं है।

शोध प्रश्न

1. सिनेमा में भाषा का स्वरूप कैसे निर्मित हुआ है?
2. हिंदी सिनेमा की भाषा क्या केवल हिंदी है?
3. सिनेमा की भाषा की प्रकृति कैसी है।

शोध केउद्देश्य

1. सिनेमा में भाषा के महत्व को जानना।
2. सिनेमा की भाषा की प्रकृति को जानना।
3. सिनेमाकी भाषा को रूप देने वाले कारणों की पड़ताल करना।

दायरा और सीमाएं

शोधार्थी ने इस विषय से संबंधित आंकड़ा ढूंढने में काफी समय लगाया है और आंकड़ा एकत्रित करते समय स्रोत की प्रामाणिकता और उपयुक्तता का पूरा ध्यान रखा है। सीमा यह है कि केवल प्रमुख फिल्मों के संदर्भ में भाषा पर विचार किया गया है और निष्कर्ष का सांख्यिकी रूप से उल्लेख नहीं किया गया है क्योंकि यह प्रकृति में वर्णनात्मक है।

शोध विधि

शोधकर्ता ने सिनेमा मेंभाषा के प्रश्न का विश्लेषण करने के लिए अंतर्वस्तु विश्लेषण विधि का प्रयोग किया है। शोध पत्र में शोधार्थी ने शोध प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने और व्यापक विश्लेषण करने के लिए वर्णनात्मक पद्धति को अपनाया है। शोधकर्ता ने लगभग हर दशक की फिल्में ली हैं।

अध्ययन का विश्लेषण

सिनेमा एक ऐसा माध्यम है जो एक साथ अनेक भाषा रूपों को समाए हुए अपना विकास कर रहा है। अधिकांश भाषाई समाज तक अपनी पहुंच बनाने और व्यावसायिक दृष्टि से अपना दायरा व्यापक करने के लिए हिंदी में फिल्में बनाई जाती है। नरेंद्र शर्मा के अनुसार, "सिनेमा लोक संस्कृति का धरोहर व्यवसाय है। चिर–नवीनता उसकी फितरत है, और नवइयत की सतत तलाश उसे नानाविध सामाजिक–सांस्कृतिक–भाषायी स्रोतों से सामग्री उठाने पर मजबूर करती है।" सिनेमा की यह प्रकृति और सिनेमा शुरू होने की प्रारंभिक स्थितियां यानी पारसी रंगमंच की भाषिक परंपरा मिलकर सिनेमा की भाषा का स्वरूप निर्मित करती हैं। जो अपनी प्रकृति में सामासिक है।

सिनेमा की भाषा की प्रकृति साहित्य और अन्य कलात्मक विधाओं से अलग है। "यह अंतर अन्य भाषाओं अंग्रेजी, बांग्ला, तमिल, मलयालम में उतना नहीं है। अतः इन भाषाओं को अपने सिनेमा में कुछ सीमा तक ही सही अपने साहित्य द्वारा एक संस्कार मिला है। हिंदी सिनेमा में यह नहीं हो पाया।" (किशोर वासवानी) सिनेमा संप्रेषण का एक सशक्त जनमाध्यम है। इसकी भाषा, व्याकरण का अपना अलग मुहावरा है जो इस माध्यम के दृश्य श्रव्य स्वरूप, व्यावसायिक स्वरूप / बाजार, फिल्म निर्देशक और फिल्म दर्शक की बदलती रुचि, फिल्म निर्माण की बदलती तकनीक और समय एवं समाज के अनुरूप बदलती सामाजिक संवेदना से निर्मित होता है। इस प्रवृत्ति को पहली सवाक फिल्म से लेकर आज तक देखा जा सकता है। विमल राय, महबूब खान, वी शांताराम और श्याम बेनेगलकी हिंदी फिल्में उनकी अपनी भाषासे या समूचे भारतीय सामाजिक यथार्थ से जुड़ी हैं। देवदास (1936), बंदिनी (1955) और परिणीता (1953) में बंगाली समाज, गुजराती पृष्ठभूमि मदर इंडिया (1957) और लगान (2001) जैसी फिल्में अपने समय के सामाजिक यथार्थ को अभिव्यक्त करती हैं। फिल्म की कहानी का देशकाल वातावरण पात्रों की वेशभूषा और भाषा को निर्धारित करता है। इसीलिए एक सही समय में बनी फिल्मों की भाषा एक से नहीं होती जैसे प्यासा, मदर इंडिया (1957), बंदिनी, हमराही (1963), निकाह ,सत्ते पे सत्ता (1982), बैंडिट क्वीन, हम आपके हैं कौन (1994) बंटी और बबली, मंगल पांडे द राइजिंग (2005), गंगूबाई काठियावाड़ी , दि कश्मीर फाईल्स और रामसेतु (2022) आदि। इन फिल्मों में समय स्थान और पात्र की पृष्ठभूमि के अनुसार भाषा का प्रयोग किया गया है।

सिचुएशन के हिसाब से भाषा संस्कारों की खोज करती रही है। फिल्म सत्या और बैंडिट क्वीन इसके उदाहरण हैं। सत्या की भाषा हिंदी सिनेमा संस्कार से एकदम अलग है। कल्टी, झकास, बिंदास, मस्त, लफड़ा,गल्ली, घोड़ा (पिस्टल), भेजा, तेरे को आदि शब्दों का चयन और इसके गीत (सपनों में मिलती है) भाषा के स्वरूप का एक अलग संसार अभिव्यक्त करते हैं, जिनका अपना स्पेस तो है पर उसे प्रमाणिक नहीं माना जाता।" बैंडिट क्वीन ने हिंदी सिनेमा के जवायची भाषा संस्कार में सेंध लगाई तो सत्या ने उसे आवाजाही का जनपथ बना दिया। यह भाषा का अवमूल्यन नहीं समकालीन अलंकार था जिसका आधार यह सोच थी कि समाज का जो वर्ग जो पर्दे पर आएगा वह अपने परिवेश और वेशभूषा के साथ उस भाषा में संवाद करेगा जिसको वो' ओढ़ता–बिछाता है।" (संवेद, पृ. 33)

सिचुएशन में बाजार भी शामिल है। लोकप्रिय फिल्मों में भाषाका स्वरूप बाजार के प्रभाव और कथा के सामाजिक यथार्थ के प्रति फिल्म निर्देशक के आग्रह से निर्मित होता है। हम आपके हैं कौन, कभी खुशी कभी गम, कल हो ना हो, देवदास (संजय लीला भंसाली, 2006), लगान, मुन्ना भाई एमबीबीएस, लगे रहो मुन्ना भाई, जब वी मेट, तारे जमीन पर, थ्री इडियट्स, आदि। मैं इसे आसानी से देखा जा सकता है। मुन्ना भाई एमबीबीएस फिल्म हास्य मूलक है। इसकी व्यंग्यात्मकता इस फिल्म को काफी लोकप्रिय बना देती है। इस फिल्म की बनावट बुनावट में

रोचकता, मनोरंजकता और उपयोगिता है जो गंभीर उद्देश्य को प्रत्येक स्तर और वर्ग के दर्शक तक सहजता से संप्रेषित कर देती है। मुन्ना की भाषा मुंबई की चालों या झुग्गी बस्तियों में रहने परित्यक्त समाज की भाषा है। राजकुमार हिरानी ने टपोरियों की भाषा में भी बड़ी मजबूती से गांधी के संदेशों को पुनर्जीवित कर दिया है। इसके विपरीत भारतीय संस्कृति के परंपरागत जीवन मूल्यों को पारिवारिक पृष्ठभूमि चित्रित करती हम आपके हैं कौन और देवदास में भाषा और संवाद अभिजात्य परिनिष्ठता से युक्त हैं। तनु वेड्स मनु की मुख्य किरदार कंगना हरियाणवी, बाजीराव मस्तानी में रणबीर कपूर बाजीराव पेशवा के जरिए मराठी, गैंग्स ऑफ वासेपुर में भोजपुरी, उड़ता पंजाब में पंजाबी, पान सिंह तोमर में बुंदेलखंडी, दंगल में हरियाणवी मिश्रित हिंदी, चेन्नई एक्सप्रेस में तमिल और हिंदी, इंग्लिश विंग्लिश मैं एक गाने के प्रसंग में पारंपरिक मराठी गीत का मुखड़े का प्रयोग है। समय के अनुसार भाषा में परिवर्तन हुआ है संवाद लेखन और पटकथा पर क्षेत्रीय प्रभाव देखने को मिलता है पर उसकी मूल प्रकृति पहले की तरह वर्तमान है। क्षेत्रीय भाषा और लहजा उसे स्वाभाविकता प्रदान करते हैं।

आर्थिक उदारीकरण और मल्टीप्लेक्स की बढ़ती संस्कृति ने हिंग्लिश की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। 1992 में नागेश कुकुनूर की हैदराबाद ब्लूज अंग्रेजी संवादों से भरी पड़ी है। इसके बाद इंग्लिश अगस्त 1994, मिस्टर एंड मिसेज अय्यर 2002, बोंग कनेक्शन 2006, लास्ट ईयर 2008, माय जैपनीज वाइफ 2012 में अंग्रेजी संवादों की भरमार है। हॉलीवुड की फिल्मों के प्रभाव के कारण न केवल भाषा बल्कि कहानी भी विदेशी है माय नेम इज खान, लंदन ड्रीम्स, पटियाला हाउस, अनजाना अनजानी, ऐसी ही फिल्में हैं।

निष्कर्ष

सिनेमा की विकास यात्रा दर्शाती है कि सिनेमा में समय, समाज और बाजार के अनुरूप भाषा के अनेक रूप प्रयुक्त हुए हैं। फिल्मकारों और फिल्म के दर्शकों की बदलती चेतना एवं अभिरुचि के कारण हिंदी सिनेमा के कथानक में विषय, भाषा, वर्ग, आयु, और क्षेत्र के वैविध्य को समा रहा है। इसलिए समाज की धारा में बहते सिनेमा की हिंदी भाषा में भाषा के ग्लोकल और ग्लोबल दोनों ही रूप दिखाई पड़ते हैं जो कि इसकी सामासिक संस्कृति का ही विकास है।

संदर्भ

1. गगनांचल, जुलाई–सितंबर ,1999
2. सिनेमाई भाषा और हिंदी संवादों का विश्लेषण,किशोर वासवानी, हिंदी बुक सेंटर, नई दिल्ली
3. हिंदी सिनेमा का समाजशास्त्र, जवरीमल्लपारख, ग्रंथ शिल्पी प्रकाशन, दिल्ली
4. वाक त्रैमासिक, अंक 3, 2007, वाणी प्रकाशन
5. हिंदी नेशनलिज्जम, आलोक राय, ओरियंट लॉन्गमैन,नई दिल्ली
6. संवेद, जनवरी 2015
7. हिंदी सिनेमा एक सफरनामा, सी भास्कर राव, शारदा प्रकाशन, नई दिल्ली
8. सिने पत्रकारिता, श्याम माथुर, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी,जयपुर
9. मीडिया की भाषा लीला, रविकांत,, वाणी प्रकाशन

❒❒❒

प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज, ईमेल : ssranidu@gmail.com मो.: 9810709922

भाषा का प्रश्न और सिनेमा

–डॉ. नीतू गुप्ता

भाषा और सिनेमा के इस मेल से एक नए सिनेमाई युग का आरम्भ हुआ। बोलती फिल्मों के आरंभिक दौर में निर्देशक ने भाषा की रचनात्मकता का बेहद सफल और प्रभावी प्रयोग किया जिसमें बाद में धीरे–धीरे नाटकीयता का भी समावेश होने लगा। सिनेमा ने भाषा और भाषाई संस्कृति दोनों के स्वरूप को विकसित किया। किसी भी फिल्म में पात्रों की परिस्थितियों और परिवेश के आधार पर ही भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भाषा ने मानव–मन के उद्‌गारों को व्यक्त करने में जो स्तुत्य योगदान दिया है उसी का परिणाम है कि मनुष्य के मन में उठने वाले विचार, भाव यहाँ तक की जो स्वप्न वह सोती–जागती आँखों से देखता है सभी भाषा में ही साकार हो पाते हैं। यह भाषा ही है जिसने साहित्य को संभव बनाया है। देश जब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा छटपटा रहा था तब एक भाषा ने अपनी वास्तविक शक्ति दिखाई और समूचे देशवासियों को एक धागे में पिरोकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ ऐसी मुहिम छेड़ी जिसमें सभी अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। यह भाषा ही है जिसने मूक सिनेमा को गति एवं अभिव्यक्ति दोनों प्रदान की। मूक सिनेमा में अभिनय तो लाजवाब था किन्तु अभिव्यक्ति का अभाव दर्शकों को खलता था। सन् 1934 के बाद की फिल्मों में भाषा के आगमन ने सिनेमा को दृश्य के साथ–साथ श्रव्य माध्यम भी बना दिया।

भाषा और सिनेमा के इस मेल से एक नए सिनेमाई युग का आरम्भ हुआ। बोलती फिल्मों के आरंभिक दौर में निर्देशक ने भाषा की रचनात्मकता का बेहद सफल और प्रभावी प्रयोग किया जिसमें बाद में धीरे–धीरे नाटकीयता का भी समावेश होने लगा। सिनेमा ने भाषा और भाषाई संस्कृति दोनों के स्वरूप को विकसित किया। किसी भी फिल्म में पात्रों की परिस्थितियों और परिवेश के आधार पर ही भाषा का प्रयोग किया जाता है। प्रत्येक भाषा–भाषी समाज में भाषा का स्वरुप कभी एक जैसा नहीं रहता। समय बदलने के साथ–साथ उसमें निरंतर परिवर्तन होता रहता है। यही परिवर्तन सिनेमा में भी दृष्टिगत होता है। फिल्मों में देशकाल–वातावरण के अनुसार भाषा का चयन किया जाता है। आमतौर पर हिन्दू देवी–देवताओं एवं पौराणिक विषयों पर आधारित फिल्मों में संस्कृतनिष्ठ हिंदी का प्रयोग होता था, किन्तु ऐतिहासिक विशेषकर मुगलकाल को प्रस्तुत करने वाली फिल्मों की भाषा उर्दू मिश्रित हिंदी होती थी। इसमें भी विशेष ध्यान इस बिंदु पर दिया जाता था कि संवाद बोलने वाला पात्र किस पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखता है। उदाहरण के तौर पर मुगल–ए–आज़म फिल्म से हम इस बिंदु को भली–भाँति समझ सकते हैं। शहजादे सलीम का यह संवाद कि ''मुझ पर जुल्म ढाते हुए आपको यह सोचना चाहिए

कि मैं आपके जिगर का टुकड़ा हूँ कोई गैर या कोई गुलाम नहीं। इसी संवाद के उत्तर हिन्दू महारानी जोधाबाई का यह संवाद भी देखने योग्य है — नहीं, सलीम नहीं... तुम हमारी बरसों की प्रार्थनाओं का फल हो।''

यहाँ सोचने वाली बात यह है कि बालक जन्म के पश्चात् जो भाषा सबसे पहले सीखता है वह उसकी मातृभाषा कहलाती है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि बालक सर्वप्रथम एवं सबसे अधिक अपनी माँ के संपर्क में रहता है अतः उस पर माँ की भाषा का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। सिनेमा भी इस तथ्य से भली–भाँति परिचित है। लेकिन निर्देशक ने जिस मुगलकाल को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया उसमें सत्ता की भाषा अरबी–फारसी थी और सलीम उस सत्ता का प्रतिनिधित्व करने वाला भावी शहंशाह। इस आधार पर उर्दूनिष्ठ भाषा का प्रयोग उसके लिए अवश्यम्भावी था। दूसरी ओर जोधाबाई भले ही महारानी हो किन्तु सत्ता में उसकी दखल न के बराबर है। अतः वह अपनी हिन्दू संस्कृति का ही परिचय देती है। (तत्कालीन दौर की राजनीति में स्त्रियों का हस्तक्षेप सर्वविदित है।) यहाँ भाषा का सम्बन्ध सीधे सत्ता से जुड़ता दिखाई देता है। सिनेमा की भाषा की यह सफलता ही कही जाएगी कि वह माँ और बेटे की भाषा में प्रयुक्त शब्दों की भिन्नता को भली–भाँति प्रस्तुत करता है और दर्शकों को यह भिन्नता कहीं भी अटपटी नहीं लगती। इसी तरह ग्रामीण पृष्ठभूमि को आधार बनाकर निर्मित होने वाली फिल्मों में देशज भाषा एवं देशज शब्दों की भरमार देखने को मिलती है। इनमें 'मदर इंडिया' और 'दो बीघा जमीन' जैसी फिल्में बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। मदर इंडिया में हिंदी के साथ–साथ भोजपुरी भाषा के प्रयोग ने फिल्म को प्रभावशाली बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फिल्मों का संवाद लेखन साहित्य के लेखन से इस मायने में भिन्न है कि फिल्मकार के पास श्रव्य के अतिरिक्त दृश्य माध्यम भी मौजूद रहता है। निर्देशक कैमरे के विभिन्न कोण, ध्वनि, प्रकाश व्यवस्था, नायक–नायिकाओं के चेहरे के हाव–भाव, प्रकृति की अलग–अलग लोकेशन आदि कई माध्यमों से अपना सन्देश दर्शकों के सामने प्रस्तुत कर सकता है। ''निर्देशक जिस भी बात पर बल देना चाहता है तुरंत उसका क्लोज–अप दिखा देता है। चेहरे का क्लोज–अप दिखाकर उसके एक–एक भाव को स्पष्ट कर देता है।''[1] यहाँ महत्त्वपूर्ण बिंदु यह भी है की दर्शक भी पात्रों के बिना कुछ कहे ही सब कुछ समझ जाता है। 70 और 80 के दशक की सभी फिल्मों में प्रेमालाप को समझाने के लिए अक्सर दो फूलों को मिलते हुए एवं बालक के आगमन की सूचना के लिए एक कली को खिलते हुए दिखाया जाता है। अतः ''साहित्य में जहाँ हम शब्दों के अर्थात् भाषा के सहारे देखते हैं वहाँ फिल्म में हमें कल्पना की मदद के बिना सीधे ही सब कुछ दिखाई देता है और साथ ही सुनाई भी पड़ता है।''[2]

फिल्मी संवादों ने स्त्री–छवि को गढ़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रारम्भ से आज तक स्त्री न केवल भारतीय सिनेमा के वरन विश्व सिनेमा के केंद्र में रही है। ''स्त्री के सौंदर्य का, उसके हृदय का, हर्ष और विषाद का, उदात्त प्रेम और छलनामय प्रेम का, सरलता और कुटिलता का।. ..... स्त्री की सहिष्णुता और करुणा का कभी यथार्थ और कभी अतिरंजक चित्रण सिनेमा में हुआ है।''[3] सिनेमा ने समाज में समय–समय पर स्त्री की बदलती स्थिति का सही मूल्यांकन किया है। आरम्भिक दौर में अछूत कन्या, दुनिया न माने, मिर्च मसाला, जोगन, सुजाता, धूल का फूल, मृत्युदंड, लज्जा आदि फिल्मों में स्त्री की भावनाओं को अभिव्यक्ति देने में इन फिल्मों की भाषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उदाहरण के लिए पिंक फिल्म का यह संवाद ''नो मीन्स नो'' भले ही छोटा सा हो किन्तु एक स्त्री के पूरे व्यक्तित्व को उजागर करने वाला है। स्त्री पुरुषों की तरह अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करती लेकिन अगर उसने एक बार ना कह दिया तो वह अपने निर्णय से पीछे भी नहीं हटती। इसी तरह बाहुबली फिल्म का संवाद ''औरत पे हाथ डालने वालों की

उंगलियां नहीं काटते, काटते हैं उसका गला।''

अस्सी के दशक में एक फिल्म आयी थी 'एक दूजे के लिए' इसमें भाषा की दृष्टि से फिल्मकार ने सर्वथा नवीन प्रयोग किये। जिसमें नायक तमिल भाषा–भाषी है एवं नायिका उत्तर भारतीय है। दोनों पूरी तरह से अलग पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं और एक दूसरे की भाषा को बोलने–समझने में असमर्थ हैं। ऐसे में उनके बीच आपसी सम्पर्क स्थापित करने के लिए किसी तीसरी भाषा की आवश्यकता है। इस उत्तरदायित्व का निर्वाह करती है 'अंग्रेजी'। उस दौर में अंग्रेजी पूरी तरह से जनमानस के दिलो–दिमाग पर हावी नहीं हो पायी थी इसलिए फिल्मकार ने संवादों में टूटी–फूटी अंग्रेजी का प्रयोग किया। इसकी तुलना यदि वर्तमान फिल्मों के संवादों से की जाये तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि आज मध्यवर्ग भी अंग्रेजी भाषा में दक्ष है जिसके चलते फिल्म में धड़ल्ले से अंग्रेजी संवादों का प्रयोग एक आम बात हो गयी है। संभवतः निर्देशक ने समाज की दशा का गहन अध्ययन किया और यह अनुमान लगाया कि यदि भारत के अलग–अलग राज्यों को आपस में संपर्क स्थापित करना है तो या तो एक दूसरे की भाषा को सीखना होगा जो नितांत असंभव है, क्योंकि भारत एक बहुभाषा–भाषी देश है। ऐसे में किसी तीसरी भाषा की आवश्यकता होगी जो सारे देश में प्रचलित हो। इसे ही देश की संपर्क भाषा मानना उचित होगा। इस फिल्म के गीतों में भी यही भाषायी प्रयोग बड़े रोचक ढंग से किया गया। जिसमें एक पंक्ति हिंदी की थी तथा दूसरी अंग्रेजी की। नायिका हिंदी में तो नायक का उपहास करती है परन्तु इसके साथ ही अंग्रेजी में उसकी प्रशंसा भी करती है जिससे गीत में हास्य का पुट विद्यमान रहे।

सिनेमा में गीतों ने दर्शकों के हृदय पर अपनी छाप छोड़ने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी। गीत चाहे राष्ट्र–प्रेम की भावना से ओत–प्रोत 'वंदे मातरम' हो, 'ए मेरे प्यारे वतन' या 'मेरे देश की धरती सोना उगले' आदि हो अथवा कहीं जीवन दर्शन को व्याख्यायित करने वाला जिंदगी प्यार का गीत है, जिंदगी की यही रीत है, जिंदगी कैसी है पहेली हाय, जिन्दगी का सफर आदि हो या दर्शकों के भीतर भक्ति भाव को जागृत करने वाला चलो बुलावा आया है, तू प्यार का सागर है, बड़ी देर भई नंदलाला, सुख के सब साथी, ए मालिक तेरे बंदे हम, हम को मन की शक्ति देना आदि हो सभी में भाषा ने अपना चमत्कार दिखाया और सिनेमा को घर–घर में प्रचलित कर दिया। फिल्मकारों ने गीतों में भी अपनी रचनात्मक क्षमता का बखूबी प्रयोग किया है जिसमें खुद्दार फिल्म का एक गीत 'अंग्रेजी में कहते है कि आई लव यू' उल्लेखनीय है, इस एक ही गीत में गीतकार ने अनेक भाषाओं के वाक्यों को सम्मिलित करके सभी भाषाओं को एक ही धुन में पिरो दिया। इन फिल्मी गीतों ने जीवन के हर रंग को उभारा है। यहाँ ''एक ओर प्रेम की स्वीकृति तो दूसरी ओर निडरता की अभिव्यक्ति है। मुगल–ए–आज़म की अनारकली गीत के जरिये अकबर बादशाह के सम्मुख सच को बेहिचक प्रस्तुत करती है, उसमें प्यार के कुबूलने की दृढ़ता है किन्तु उद्धतता के साथ नहीं , बल्कि नम्रता के साथ।''[4] जैसे–

''प्यार किया तो डरना क्या?
प्यार किया कोई चोरी नहीं की
चुपचुप आहें भरना क्या.....?''

हिंदी सिनेमा में अनेक फिल्में ऐसी बनी जो दूसरी भाषा की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। बात चाहे 'यहूदी' में दर्शाये गए रोम और मिस्र के इतिहास की हो, चाहे देवदास और परिणीता के बंगाली समाज की, कहीं मदर इंडिया का गुजराती समाज है तो कहीं गंगा जमुना और लगान जैसी फिल्मों का भोजपुरी और अवधी भाषा का सशक्त प्रयोग करता हुआ ग्रामीण परिवेश, यहाँ मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. की उस मुम्बइया टपोरी भाषा को कैसे भुलाया जा सकता है जो लम्बे

अरसे तक दर्शकों की जुबान पर चढ़ी रही, इन सभी में फिल्मकारों ने स्थानीयता का पुट बनाये रखने के लिए उसके पहनावे के साथ–साथ अनेक संवाद भी उसी भाषा से लिए जो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय भी हुए। इस सम्बन्ध में जवरीमल्ल पारेख का यह कथन उल्लेखनीय है कि "बिमल रॉय हिंदी में सिनेमा बनाते हैं, लेकिन बार–बार वे हिंदी में बांगला समाज को प्रस्तुत करते हैं, चाहे वह देवदास में हो या परिणीता में"[5] यहाँ फिल्मकार ने भाषा के बैरियर को तोड़ा जिससे फिल्में किसी एक भाषा तक सीमित न रहकर अनेक भाषाओं को अपने में समेटती दिखाई देती हैं। परिणामस्वरूप सिनेमा ने समाज में भाषाई शुद्धता के आग्रह को तोड़ा और भाषा की व्याकरण के बंधनों को कम करके उसके दायरे को समृद्ध किया। इससे बड़ा लाभ यह हुआ कि दर्शकों के भीतर अन्य भाषा के प्रति उदारता का भाव जाग्रत हुआ।

सिनेमा ने अनेक भाषाओं को एक ही मंच पर विराजमान करके सभी भाषा–भाषी समुदाय के बीच परस्पर सौहार्द की भावना का निरंतर विकास किया है। इससे अनेक क्षेत्रीय बोलियों को फिर से विकसित होने में सहायता मिली है जो अन्य भाषाओं के प्रयोग से या तो लुप्तप्राय हो गयी थी या उपहास का विषय बनकर रह गयी थी। तनु वेड्स मनु भाग दो की नायिका हरियाणवी परिधान के साथ–साथ भाषा भी ठेठ हरियाणवी बोलती है जिससे यह फिल्म हिंदी से अधिक हरियाणवी भाषा पर आधारित प्रतीत होती है किन्तु इस फिल्म ने दर्शकों के बीच खूब वाहवाही बटोरी और हिंदी तथा हरियाणवी के मध्य एक सेतु का काम किया।

यह हिंदी भाषा की विशेषता ही कही जाएगी कि एक ओर वह अपनी ज्ञान परंपरा में संस्कृत के निकट है जिससे 'सम्पूर्ण रामायण' एवं 'जय संतोषी माँ' जैसी फिल्में अस्तित्व में आई दूसरी तरफ वह अपनी नफासत में उर्दू के नजदीक है जहाँ 'मुगले आजम', 'मेरे महबूब' आदि को दर्शकों ने खूब सराहा इतना ही नहीं भोजपुरी, अवधी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी और मराठी आदि भाषाएँ समय–समय पर हिंदी की बोलियों के साथ जुड़कर हिंदी फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाती रही हैं। अब अन्य भाषा–भाषी भी सहज रूप से 'आत्ता मांझी सटकली', 'केम छो? मजा मा', 'घणी बावरी' का संवाद बोल सकते है। सिनेमा ने इन सभी भाषाओं को एक ऐसा मंच प्रदान किया है जिससे ये भारत की एकता एवं अखंडता को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऊपरी तौर पर भले ही भारत बहुभाषा–भाषी देश प्रतीत होता हो किन्तु सिनेमा ने भाषायी विविधता को कम करके एक ही मंच पर सबको ला खड़ा किया है।

सन्दर्भ–ग्रन्थ सूची

1. विवेक दूबे – हिंदी साहित्य और सिनेमा, संजय प्रकाशन, संस्करण 2009, पृ. 29
2. वही, पृ. 27
3. प्रो. रतनकुमार पांडेय– 'सिनेमा और साहित्य अन्तःसम्बन्ध', अनंग प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2015, पृ. 235
4. वही, पृ. 168
5. पारेख जवरीमल्ल–'साझा संस्कृति, सांप्रदायिक आतंकवाद और हिंदी सिनेमा' (2012), वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नयी दिल्ली पृ. 245–246

❒❒❒

सहायक प्रोफेसर, दौलतराम कॉलेज, मोबाइल नं.–9811317164 ईमेल – neetugupta210881@gmail.com

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना

–राज श्री भारद्वाज

भाषा राष्ट्र की एकता का प्रतीक होती है। भारत को एक राष्ट्र के रूप में एक सूत्र में जोड़ने में संस्कृति का विशेष योगदान है। भारत की विभिन्न संस्कृतियों और भौगोलिक रूप से अलग–अलग राज्यों और प्रांतों से संबंध रखने वाले भारतीय पारस्परिक विचारों के आदान–प्रदान के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं। भारत के विभिन्न भाषा–भाषी अनेक भाषाओं का प्रयोग करते हैं। संस्कृत प्रारंभ में साहित्य की भाषा थी। कम्पनी शासन के समय राजकाज की भाषा फारसी प्रयोग की जाती थी।

संस्कृत पालि, प्राकृत और अपभ्रंश के रूप में भाषा वर्तमान में खड़ी बोली हिन्दी के रूप में प्रयुक्त हो रही है। साहित्य, पत्र–पत्रिकाएं, पत्रकारिता, मीडिया और तकनीकी की भाषा है। प्रथम इतिहास लेखन गार्सा द तासी ने फ्रेंच भाषा में लिखा। मिश्र बंधुओं ने हिंदी साहित्य रचनाओं और रचनाकारों पर लिखा। भाषा और साहित्य का विस्तृत रूप हिंदी साहित्य का इतिहास आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने लिखा जिसके आधार पर साहित्य का काल विभाजन परवर्ती साहित्यकारों ने आधार के रूप में अपनाया। आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक भाषा, साहित्य और काल के आधार पर प्रवृत्तियां पायी जाती है। आदिकाल में साहित्य की भाषा अपभ्रंश और मैथिली थी। रासो ग्रंथ अपभ्रंश में रचित है। भक्तिकाल में अवधी और ब्रज भाषाओं में रचनाएं लिखी गई। कबीर की भाषा सधुक्कड़ी कहलायी। रीतिकालीन साहित्य की भाषा अधिकतर ब्रज ही थी। भारतेंदु कालीन भाषा ब्रज और साथ में खड़ी बोली हिंदी भाषा प्रवर्तन में आई इससे पहले देश की सरकारी कामकाज की भाषा अरबी–फारसी, उर्दू, और हिंदी थी। अधिकतर जनसमुदाय द्वारा प्रयुक्त होने वाली भाषा को दृष्टिगत रखते हुए राजभाषा हिंदी प्रयोग में आई। खड़ी बोली हिंदी का व्यवहारिक रूप प्रयुक्त होने लगा। हिंदी को देशभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए राजा राम मोहन राय, राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारतेन्दु, शुक्ल, प्रेमचंद, महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि भारत के इतिहास पुरुष एवं संस्थाओं ने योग दिया। जिन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा, एक राष्ट्र की एक बोली के रूप में अपनाने और देश को एक सूत्र में बांधने के लिए संघर्ष किया जिसका प्रतिफल है कि हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में राष्ट्र के गौरव को सोभित करती है। भारत में राष्ट्रीयता की भावना कुरुक्षेत्र, आर्यावर्त, मध्यदेश से प्रारंभ हुई। संस्कृतियों के परस्पर संबंधों से एक राष्ट्र की भावना का उदय हुआ। भारतीय साहित्य नैतिकता पर आधारित है जो मानव प्रेम से जोड़ती है। भारत में आर्य, म्लेच्छ और अन्य संस्कृतियों द्वारा मिली–जुली संस्कृतियों का निर्माण

हुआ। देश विभिन्न प्रांतों में फैले हुए हैं सबकी अलग–अलग भाषाएं, रीति–रिवाज, धर्म, संस्कार एवं परंपराएं हैं जिनसे मिलकर राष्ट्रीय एकता को परिभाषित करते हैं। विचारों के परस्पर आदान–प्रदान के लिए भाषा एक सशक्त माध्यम है चूंकि हर प्रांत की भाषाएं अनेक है। एक राष्ट्र को परिभाषित करने के लिए एक राष्ट्र एक भाषा का होना अनिवार्य है। कबीर, जायसी, सूर, तुलसी और अन्य रचनाकारों ने अपने साहित्य में युग प्रचलित भाषा में लिखा सामान्य जन को संबोधित किया। ज्ञान, उपदेश और नैतिकता की शिक्षा दी। संस्कृत के रामायण का लगभग सभी भाषाओं में अनुवाद किया गया। स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने वाले और साहित्य रचना करने वाले भारतेंदु, प्रताप नारायण मिश्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी और प्रेमचंद आदि रचनाकारों ने खड़ी बोली हिन्दी में रचनाएं लिखी और उन्होंने कहा कि हिंदी सबसे अधिक जनसामान्य द्वारा बोली जाती है इसलिए एक राष्ट्र के रूप में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाना चाहिए जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है। प्राचीन वेद ग्रंथ, उपनिषद, रामायण संस्कृत में लिखी गई। संस्कृत को देवभाषा की संज्ञा दी जाती है। संस्कृत को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाने के विचार भी दिए गए परंतु स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य में हिंदी के प्रयोग और अभिरुचि ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में गौरान्वित किया है।

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना –

भाषा राष्ट्र की एकता का प्रतीक होती है। भारत को एक राष्ट्र के रूप में एक सूत्र में जोड़ने में संस्कृति का विशेष योगदान है। भारत की विभिन्न संस्कृतियों और भौगोलिक रूप से अलग–अलग राज्यों और प्रांतों से संबंध रखने वाले भारतीय पारस्परिक विचारों के आदान–प्रदान के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं। भारत के विभिन्न भाषा–भाषी अनेक भाषाओं का प्रयोग करते हैं। संस्कृत प्रारंभ में साहित्य की भाषा थी। कम्पनी शासन के समय राजकाज की भाषा फारसी प्रयोग की जाती थी। फारसी के साथ–साथ उर्दू शब्द राजकाज की भाषा के रूप में प्रयोग किए जाते थे। भारत के अधिकतर जनसामान्य द्वारा प्रयुक्त और स्वाधीनता आंदोलन में अधिक व्यवहार होने के कारण हिंदी अस्तित्व में आई। हिंदी भाषा को एक भाषा एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया जाता है। वर्तमान तकनीकी युग में ज्ञान–विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन के साथ–साथ हिंदी भाषा की चुनौतियों में वृद्धि हुई है। राष्ट्र भाषा के रूप में हिंदी विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोग के साथ परिष्कृत रूप में प्रयुक्त होती है। ''सारांश यह है कि यदि इसे संसार के इतिहास में कुछ अपना व्यक्तित्व बनाए रखना है, तो भारतवर्ष को राष्ट्रीयता के एक पाश में अवश्य बंधना पड़ेगा। बिना एक राष्ट्रभाषा के राष्ट्रीयता का विकास नहीं हो सकता। यह बात राजा राम मोहन राय, दयानंद आदि ने समझी थी और इस युग की सब महान् आत्माएं इसका समर्थन करती हैं। राष्ट्रभाषा की स्वीकृति की मांग अपने इतिहास के प्रति भारतीय जनता की सजग दृष्टि से उत्पन्न हुई थी, यह उस साहित्य की देन थी जो पराधीनता की परिस्थितियों में जनता को एकताबद्ध होकर विदेशी शासकों से संघर्ष करने की प्रेरणा देता था, समाज को पुनर्गठित करके स्वाधीन राष्ट्रों के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ने की सहज आकांक्षा का वह प्रतिफलन थी, अंग्रेजों का विरोध करना है, केवल इसीलिए राष्ट्रभाषा चाहिए, इस तरह के नकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम वह न थी।''(1) राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी को अपनाने का संघर्ष अंग्रेजी के विरुद्ध समस्त भारतीय भाषाओं के रूप में देखा जाता है। वे समस्त मातृभाषाएं भी उस संघर्ष में थी जहां हिंदी भाषा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही थी। राष्ट्रीयता और भाषा के प्रश्न पर विचार करने पर वे समस्त भारतीय भाषाएं सम्मिलित हैं जो अलग–अलग प्रांतों

में हमारे विचार–विनमय का माध्यम है। भारत विविधताओं का देश है। विभिन्न संस्कृतियों, रीति–रिवाजों और परंपराओं का संगम है। एक सूत्र में जोड़ती है वह है भारत की मिली –जुली संस्कृति।

"राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी को अपनाने का संघर्ष वास्तव में अंग्रेजी के विरुद्ध समस्त भारतीय भाषाओं की अधिकार–प्राप्ति का संघर्ष था। निराला से पहले महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' की अनेक टिप्पणियों में प्रांतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने का समर्थन किया, अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाये रहने का विरोध किया। फरवरी 1916 की 'सरस्वती' में द्विवेदीजी ने 'विविध विषय' स्तंभ में लिखा था, मद्रास प्रांत में कई करोड़ आदमी तमिल और तैलंगी भाषाएं बोलते हैं। वही उनकी मातृभाषाएं हैं। उन सबको कुछ थोड़ी सी प्रारंभिक शिक्षा छोड़कर अन्य सारी शिक्षा अंग्रेजी भाषा ही के द्वारा मिलती है। यह बात आश्चर्य में डालने वाली है... अंग्रेजी भाषा सीखने की आवश्यकता है जरूर तथापि इससे मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने की महत्ता कम नहीं हो सकती। राष्ट्रभाषा के प्रश्न पर हिंदी के तमाम जिम्मेदार साहित्यकारों की वही राय रही है जो द्विवेदी जी की थी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाकर हिंदी वाले अन्य भाषाओं को दबाना चाहते हैं, यह प्रचार पराधीन भारत में गांधी जी के जीवन–काल में और गांधी जी के भेजे हुए हिंदी–प्रचारकों के विरुद्ध शुरू हो गया था, इसीलिए अहिंदी भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए हिंदी भाषियों ने जो आंदोलन किया, उसे याद रखना आवश्यक है। निराला ने द्विवेदी जी का अनुसरण करते हुए शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए प्रादेशिक भाषाओं का समर्थन किया। निराला ने यहां बिल्कुल स्पष्ट कर दिया कि "हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का यह अर्थ कदापि नहीं है, कि वह अहिंदी भाषाओं का स्थान ले ले। उसका स्थान तो वास्तव में अंग्रेजी लिए हुए थी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का उद्देश्य यह था कि एक प्रांत के निवासी दूसरे प्रांत के निवासियों से विचार–विनमय कर सकें। विचार–विनिमय का यह कार्य जो लोग अंग्रेजी के माध यम से करते थे, वे एक फीसदी से भी कम थे। एकता को व्यापक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक था कि विभिन्न प्रांतों के साधारण लोग बड़े पैमाने पर संपर्क कायम करें। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की आवश्यकता इन्हीं लोगों को थी।"(2)

"हिंदी उपन्यासों में भारत की सांस्कृतिक मूल्यों, सिद्धांतों और विचारों को विभिन्न चरित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। प्रेमचंद, प्रसाद, हजारी प्रसाद द्विवेदी, अमृतलाल नागर आदि साहित्यकारों की रचनाओं में भारतीय परंपरा, रीति–रिवाज और संस्कारों का वर्णन हुआ है जो राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत है। विभिन्न भाषा–भाषी होते हुए भी प्राचीन काल से लेकर आज तक राष्ट्रीयता की भावना एक जैसी है। राष्ट्रीयता की भावना मुखर रूप से द्विवेदी काल में प्राप्त होती है। "इस युग का संपूर्ण काव्य राष्ट्रीयता के जयनाद से घोषित और मुखर है। राष्ट्रीय आंदोलन का व्यापक प्रभाव द्विवेदी युग की कविता के स्वरों में तीव्र होने लगा। तद्युगीन कवियों ने देश के बौद्धिक और वैचारिक क्षितिज को झंकृत करने के लिए अपने काव्य का आधार भारत के महान अतीतकालीन गौरव का वर्णन तथा तत्कालीन वर्तमान सोचनीय स्थिति पर असंतोष की भावनाओं, को ही मुख्य रूप से स्वीकृति प्रदान की है। उद्‌बोधन के स्वर भी पर्याप्त रूप में काव्य क्षितिज से प्रगतिध्वनित होते सुने जाने लगे। साहित्यकारों की राष्ट्रीय सेवाओं का उल्लेख करते हुए डॉ. जयकिशन प्रसाद ने लिखा है – द्विवेदी युग की हिन्दी कविता तो राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत है।"(3)

भौगोलिक दृष्टि से हिमाचल, जम्मू, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान और

दिल्ली हिंदी भाषी प्रदेश हैं। पंजाब, बंगाल, असम, गुजरात, महाराष्ट्र हिंदी भाषी प्रदेश न होते हुए भी हिंदी शब्दावली से परिचित हैं। उनकी लिपियां भी भिन्न नहीं है। आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक की भाषाओं में संस्कृत के प्रयुक्त शब्द हिंदी के निकट हैं। हिंदी के रचनाकार संपूर्ण भारत की संस्कृतियों का वर्णन करते हुए परस्पर सांस्कृतिक आदान–प्रदान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रवासी भारतीय सामाजिक रूप से संस्कृतियों का आदान–प्रदान करते हुए हिंदी भाषा का व्यवहार करते हैं। धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से एक प्रदेश के लोग जब दूसरे प्रदेश के लोगों के संपर्क में आते हैं तो हिंदी भाषा में व्यवहार करते हैं। बंकिमचंद्र, रवीन्द्र, शरतचंद्र और अमृता प्रीतम आदि रचनाकारों की रचनाएं हिंदी में अनुवादित की गई है। रामायण का अनुवाद लगभग सभी भाषाओं में हुआ है। कहा जाता है देवकीनंदन खत्री की चंद्रकांता को पढ़ने के लिए कई लोगों ने हिंदी सीखी थी। अलग–अलग प्रांतों के रचनाकार और उनकी विभिन्न भाषाओं की रचनाएं हिंदी में अनुवादित की गई और अपनी भाषाओं के साथ हिंदी में लोकप्रिय हुई। ''फिल्म, टीवी, विज्ञापन और पत्रकारिता के साथ हिंदी साहित्य भी हिंदी प्रचार में पूरी तरह जुटा हुआ है। हिंदी वह पुल है जिसके माध्यम से संस्कृति, दर्शन, कला और समसामयिक चिंतन का आदान–प्रदान होता है। अनुवाद के साथ–साथ मूल रूप से भी हिंदी में लेखन संपन्न हो रहा है। अब अमृता प्रीतम, महीप सिंह केवल हिंदी के लेखक हैं। राही मासूम रजा और आलम शाह खान जैसे लेखक उर्दू के नहीं हिंदी के लेखक हैं। इस तरह भिन्न–भिन्न भाषा–भाषी जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं हैं, हिंदी के लेखक हैं और चर्चित भी रहे हैं– उनमें प्रभाकर माचवे, अनंत गोपाल शेवड़े, आलोक भट्टाचार्य, आरिगपुड़ी, जयश्री अय्यंगार, सुमिति अय्यर, आरसु, पांडुरंग राव, डॉ. जगन्नाथ, वेगुगोपाल, आबिद सुरती ऐसे कुछ नाम हैं– जो अभिव्यक्ति के लिए हिंदी को अधिक करीब पाते हैं। कुल मिलाकर जो एक अनौपचारिक संसार है– वह हिंदी से सराबोर है। मद्रास का कोई ट्रक ड्राइवर यदि हैदराबाद के चेक नाके पर किसी कर्मचारी से हिन्दी में बात करता है तो चौंकने जैसी कोई बात नहीं है। रेल के सफर में उतर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम चारों ओर हम अपरिचितों से हिन्दी के माध्यम से परिचय प्राप्त करें तो बहुत ही सहज है और अब तो, पेजर भी हिन्दी में आ गए, इंटरनेट में भी हिन्दी है।''(4) भारतीय साहित्य में जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति है जिनमें बुद्धि पक्ष और हृदय पक्ष की प्रधानता है। भारतीय भाषाओं के साहित्य में साहित्यिक प्रवृत्तियों में समानता पायी जाती है। जो काल के अनुसार बदलती भी रही है। प्राचीन काल में आनंदपरक भावना भक्तिकाल की दार्शनिकता रीतिकालीन प्रेम और श्रृंगार का वर्णन आधुनिक काल में देश प्रेम, नवजागरण, मानवतावाद राष्ट्रीय जागृति और चेतना के स्वर हैं। हिंदी भाषा के रचनाकारों की रचनाओं में बदलते समाज की परिवर्तित तस्वीरें शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त हुई है। ''बहुत ही वैज्ञानिक और अनुशासित भाषा है हिन्दी। प्रसाद के महाकाव्य की गरिमा निराला के काव्य का महान पौरुष पंत की प्राकृतिक छटा और महादेवी की करुणा से ओत–प्रोत है हिन्दी। एक ओर बच्चन की मस्ती है तो दूसरी ओर मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर, सोहनलाल द्विवेदी, श्याम नारायण पाण्डेय, चंद्रशेखर मिश्र एवं 'हितैषी' के पांचजन्य का नाद है। मुक्तिबोध, अज्ञेय, सुमन, धूमिल, दुष्यंत, भवानी भाई जैसे सरस्वती पुत्रों को आम आदमी से बांधने का रज्जु है हिन्दी। बाबा नागार्जुन का फक्कड़पन देखना है तो हिन्दी संसार में घुसिये। हरिशंकर परसाई, शरद जोशी, श्री लाल शुक्ल, बरसाने लाल चतुर्वेदी, के.पी. सक्सेना, रामावतार त्यागी का व्यंग्य विधान है हिन्दी में।'' (5)

हिंदी भाषा की बोलियों को पांच वर्गों में विभाजित किया गया है। पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, पूर्वी हिंदी, बिहारी और पहाड़ी हिंदी जिनमें खड़ी बोली, हरियाणवी, बुंदेली, मारवाड़ी, अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, मैथिली और गढ़वाली आदि भाषाएं आती है। हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है। यह संचार भाषा, माध्यम भाषा, संपर्क भाषा एवं कुछ राज्यों में राजभाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। संपर्क भाषा के रूप में अहिंदी भाषा–भाषी परस्पर एक–दूसरे से जुड़ते हैं। आधुनिक तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी के युग में हिंदी भाषा की उपयोगिता और संभावनाओं में वृद्धि हुई है। ''राष्ट्रभाषा हिन्दी–राष्ट्रभाषा का अर्थ है राष्ट्र की भाषा। इस तरह राष्ट्र की जितनी भी भाषाएं है, सभी राष्ट्रभाषा है। फलस्वरूप भारत के संविधान की अष्टम अनुसूची में सम्मिलित 22 भाषाओं के अतिरिक्त देश की दर्जनों अन्य भाषाएं भी जो अपने–अपने क्षेत्रों में लोक संप्रेषण का माध्यम है हमारी राष्ट्र भाषाएं है। यही कारण है कि भारत के संविधान में इनमें से किसी भी एक भाषा को राष्ट्रभाषा के नाम से अभिहित नहीं किया गया है। यही राजभाषा, संघभाषा अथवा संपर्क भाषा जैसे शब्दों का ही व्यवहार हुआ है। परंतु इतना होते हुए भी एक विशिष्ट अर्थ में राष्ट्रभाषा की संकल्पना और उसकी सार्थकता से हम इंकार नहीं कर सकते और इस सार्थकता एवं यथार्थता की अधिकारी भी अपनी स्थिति के चलते हिन्दी ही है।''(6) हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा न बनाएं जाने का तर्क–वितर्क प्रारंभ से चलता आ रहा है। जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है और प्रांतीय भाषाओं के साहित्य जो साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है उनके लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाने में कठिनाई महसूस होती है। ''जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं हैं वे अकसर हिन्दी में बात करने व लिखने में कतराते हैं तथा हिन्दी के प्रयोग में झिझक होती हैं। उनमें यह भय भी व्याप्त है कि उनपर हिन्दी थोपी जा रही है और हिन्दी के कारण प्रोन्नति के अवसर अवरुद्ध हो जायेंगे। इस काल्पनिक भय के कारण अंग्रेजी के प्रबल पक्षधर बने हुए हैं।''(7)

भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के युग में हिंदी भाषा प्रयोग में वृद्धि हुई है। विज्ञापन, सूचना, कृषि, प्रौद्योगिकी, मीडिया, वित्त–वाणिज्य, और पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में हिंदी भाषा का प्रयोग बढ़ा है। संघ की राजभाषा और जनसंपर्क स्थलों की भाषा हिंदी प्रयुक्त होती है। देवनागरी लिपि से जुड़कर हिंदी भाषा व्युत्पन्न शब्दों के अनुकूल अंतरराष्ट्रीय शब्दावली में प्रयुक्त हो रही है। हिंदी अपने सरल, सुबोध और प्रचलित शब्दों द्वारा क्लिष्ट शब्दों को रोचक और अनुकूल बनाती है। हिंदी भाषा के प्रति प्रवासी भारतीयों ने भी अपना योगदान दिया है जो विदेशों में रहकर भी भारतीय संस्कृति, साहित्य और भाषा को अपनाए हुए हैं और व्यवहार के रूप में हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं। ''अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में तो दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ोतरी हो रही हैं – आई. टी. कंपनियां, विदेशी पर्यटन स्थल, होटल कारोबार, विदेशों में बसे मूल भारतीयों व विदेशियों को हिंदी भाषा शिक्षण, अनुवादित सामग्री, हिन्दी में डाटा आपरेटर, मीडिया/बी.बी.सी/अखबार/भारतीय चैनल/थियेटर फिल्में– ये सारे कार्यक्षेत्र अब यू.एस.ए. कैनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जर्मनी व यू. के. में भी उपलब्ध होते जा रहे हैं– सारे देशों के बीच संयोजन क्षमताएं पूर्णतः विकसित होने से 'पारस्परिकता' का भाव बढ़ गया है। अतः 'विश्वग्राम' में हिंदीमय वातावरण निर्मित होता नजर आ रहा है। एक ऐसा चक्र पनप रहा है जहां यह पहचान पाना कठिन हो रहा है कि विश्व बाजार की जरूरत से हिन्दी पसर गई है या विदेशों में बसे भारतीयों के भारतीय मानस की वजह से।''(8)

भारत में विभिन्न भाषा–भाषी अपने प्रांतों में अलग–अलग भाषाओं का निर्वाह करते हैं। हिंदी

भाषा में अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, बुंदेली आदि भाषाओं को सम्मिलित किया जाता है जो अलग–अलग प्रांतों की भाषाएं हैं। तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी शब्दों से सम्मिश्रित हिंदी प्रयोग की जाती है। स्वाधीनता आंदोलन के समय और द्विवेदी युग में हिंदी अधिक प्रयोग में आई। भारत के जनसाधारण के बीच अधिक करीब थी वह हिंदी भाषा है जिनमें राष्ट्रीयता की भावना अभिव्यक्त हुई। आज हिन्दी सभी प्रांतों और विभिन्न भाषा–भाषियों के बीच विचार संप्रेषण का माध्यम है। हिंदी भाषा में सरलता, सहजता और आत्मीयता के गुण हैं जो सभी को निकट लाती है और राष्ट्रीयता के भाव जगाती है। हिन्दी के समक्ष अंग्रेजी भाषा सबसे बड़ी चुनौती है, हिन्दी और अहिन्दी भाषा–भाषी हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी को प्राथमिकता देते हैं। वर्तमान तकनीकी युग में अंग्रेजी की अनिवार्यता बढ़ा दी है। देश के साथ विदेशों में संपर्क माध्यम के रूप में अंग्रेजी भाषा प्रयोग की जाती है। अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता है परंतु हिन्दी भाषा की उपयोगिता और महत्त्व कम न हो हमें मिलकर प्रयास करना होगा। वर्तमान राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 प्रांतीय भाषाओं और हिंदी भाषा में अध्ययन–अध्यापन को प्रमुखता देती है। भारतीयता पर आधारित है जो भारत की समृद्ध प्राचीन सांस्कृतिक विविधता, भाषा, साहित्य, पुरातत्व, संग्रहालय, बहुभाषा ज्ञान और अनुवाद आदि को विकसित करते हुए भारत की गरिमामय संस्कृति का परिचय कराती है और अभिव्यक्त करती है।

संदर्भ ग्रंथ –

1. निराला की साहित्य साधना 2 – रामविलास शर्मा, पृष्ठ–62
2. वही, पृष्ठ– 63–64
3. हिन्दी साहित्य के विविध आयाम – डॉ. गिरीश सोलंकी, पृष्ठ – 44–45
4. राजभाषा हिन्दी दशा और दिशा – विनय श्रीवास्तव, पृष्ठ – iv-v
5. भारतीय साहित्य – अवधारणा, समन्वय एवं सादृश्यता– जगदीश यादव, पृष्ठ– 79–80
6. हिन्दी भाषा – डॉ. राजेश श्रीवास्तव 'शम्बर', पृष्ठ–227
7. राजभाषा हिन्दी दशा और दिशा– विनय श्रीवास्तव, पृष्ठ–257
8. वही, पृष्ठ–170–171

❑❑❑

सहायक प्राध्यापक हिन्दी

सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका नेवरा रायपुर छत्तीसगढ़

मो.नं. 7773064221, 9977645074

मेल– rajshree01081985@gmail.com

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना

–डॉ. ममता

किसी भी राष्ट्र के अस्तित्व के लिए उसकी भाषा अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक ओर जहाँ भाषा सभ्यता के विकास की सारथी होती है वहीं दूसरी तरफ यह विचारों के सृजन एवं सामाजिक–सांस्कृतिक 'पहचान' का महत्त्वपूर्ण साधन भी होती है। भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक–सांस्कृतिक 'पहचान' की परिचायक होती है, इसकी पुष्टि डॉ. रामविलास शर्मा भी करते हैं। डॉ. रामविलास शर्मा ने 'हिंदी जाति' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसे नस्ल या जाति विशेष (Race or Caste) के अर्थ में न लेकर 'राष्ट्रीयता' के अर्थ में लिया है।

भारतीयता के मूल स्वर को अभिव्यक्त करने वाला साहित्य ही राष्ट्रीय साहित्य हो सकता है 'हिंदी साहित्य में भारतीयता के वे सभी तत्त्व विद्यमान हैं' 'महज भाषा और बोली के आधार पर भारतीयता का आकलन नहीं किया जा सकता है' किसी भी राष्ट्र की अस्मिता की निर्मिति उस राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना से होती है। इस अर्थ में भारतीयता भी भारतीय सांस्कृतिक चेतना का पर्याय है। राष्ट्रीय चेतना के लिए यह आवश्यक है कि भाषा–विशेष राष्ट्र की आशाओं–आकांक्षाओं और सांस्कृतिक–गौरव को अभिव्यक्त करने में सक्षम हो। अथर्ववेद के भूमिसूक्त की ऋचा 'माता भूमि पुत्रोऽहं पृथिव्याः'

अर्थात् यह भूमि हमारी माता है और हम इसकी संतान है। वैदिक साहित्य में राष्ट्रीयता के भाव से सम्पृक्त अनगिनत सूत्र मिलते है। हिंदी को वैदिक साहित्य से विरासत में मिला यह प्रखर राष्ट्रवाद हिंदी साहित्य में आदिकाल से अद्यतन देखने को मिलता है। यूँ तो आदिकालीन रासो साहित्य, मध्ययुगीन भक्ति साहित्य तथा रीतिकाल के कवि भूषण के काव्य में राष्ट्रीय चेतना का प्रखर स्वर लक्षित होता है किंतु आधुनिक युग के हिंदी साहित्यकारों में सांस्कृतिक चेतना से युक्त परवर्ती उदात्त राष्ट्रीयता के भाव की तुलना में अधिक मुखर है। वस्तुतः हिंदी देश की स्वयंसिद्धा राष्ट्रभाषा है। तमाम विरोधों– प्रतिरोध ों और षड्यंत्रों के बावजूद विगत 1100–1200 वर्षों से हिंदी सम्पर्क भाषा और राजभाषा के रूप में अपना दायित्व निभाती आ रही है। लार्ड मैकाले ने संस्कृत और अन्य भारतीय भाषाओं की शक्ति को समझा और पाश्चात्य सभ्यता थोपने के इरादे से अंग्रेजी भाषा को सुनियोजित ढंग से हम पर थोप दिया। महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सी. राजगोपालाचारी, राजा राममोहन राय, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, लाला लाजपत राय तथा लोकमान्य तिलक सरीखे स्वतंत्रता सेनानियों एवं समाज–सुधारकों ने अंग्रेजों के इस षड्यंत्र को भांप लिया और क्षेत्रीयता की भावना से ऊपर उठकर अपना संदेश देशभर में पहुँचाने के लिए हिंदी–भाषा को अपना माध्यम बनाया।

बीज शब्द— राष्ट्र की अस्मिता, सांस्कृतिक—गौरव, राष्ट्रीयता का भाव, वैदिक साहित्य में राष्ट्रीयता

प्रस्तावना

If you talk to a man in a language he understands, that goes his head. If you talk to him in his language, that goes his heart.

नेल्सन मंडेला के ये शब्द अक्षरक्षः सत्य है। यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं, जिसे वह जानता है, तो वह बात उसके दिमाग को समझ आती है, और यदि आप उससे उसकी भाषा में बात करते हैं तो वह बात उसके मन को समझ आती है। नेल्सन मंडेला के कथन में स्वभाषा का महत्त्व स्पष्टता देखा जा सकता है। हिंदी के पुरोधा भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने इसी बात को काव्यात्मक शब्दों में कहा है— "निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय को सूल।" निज भाषा की उन्नति के बिना किसी भी समाज का उत्कर्ष संभव नहीं है और इसके साथ ही वे कहते हैं कि अपनी भाषा के ज्ञान के बिना मन की पीड़ा को दूर करना असंभव है।

यूं तो वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के पावर लैंग्वेज इंडेक्स के अनुसार 2050 तक हिंदी विश्व की सबसे ताकतवर भाषा बन जाएगी लेकिन यह भी विडम्बना ही है कि आज भी हिंदी भाषा का प्रयोग करने वाले हिंदी भाषा—भाषी हीनता बोध से ग्रसित हैं। आज भी हमें मोबाइल पर बात करने के लिए भाषा—विकल्प में हिंदी भाषा के लिए 'दो' के बटन को दबाना पड़ता है। बातचीत/संवाद के लिए 'एक' के बटन पर आज भी अंग्रेजी भाषा का ही आधिपत्य है। राष्ट्रीयता भौतिक और यांत्रिक नहीं अपितु सांस्कृतिक होती है। राष्ट्रीयता की एक अन्य विशेषता यह भी है कि यहाँ वैयक्तिकता के लिए कोई स्थान नहीं है। राष्ट्रीयता में सामूहिकता की भावना का समावेश होता है। सामूहिकता की भावना से आप्लावित सांस्कृतिक चेतना को भाषा ही स्वर देती है। बहुभाषी भारत देश में हिंदी भाषा ने इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाह किया है।

किसी भी राष्ट्र के अस्तित्व के लिए उसकी भाषा अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक ओर जहाँ भाषा सभ्यता के विकास की सारथी होती है वहीं दूसरी तरफ यह विचारों के सृजन एवं सामाजिक—सांस्कृतिक 'पहचान' का महत्त्वपूर्ण साधन भी होती है। भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक—सांस्कृतिक 'पहचान' की परिचायक होती है, इसकी पुष्टि डॉ. रामविलास शर्मा भी करते हैं। डॉ. रामविलास शर्मा ने 'हिंदी जाति' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसे नस्ल या जाति विशेष (Race or Caste) के अर्थ में न लेकर 'राष्ट्रीयता' के अर्थ में लिया है। अपनी पुस्तक 'निराला की साहित्य साधना' में इसे और अधिक स्पष्ट करते हुए वे कहते है कि "किसी भाषा को बोलने वाली, उस भाषा क्षेत्र में बसने वाली इकाई का नाम 'जाति' है'। 'संस्कृति और जातीयता' निबंध में भी हिंदी भाषा की व्यापकता पर विचार करते हुए वे लिखते हैं कि "भारतेंदु हरिश्चंद्र और रामचंद्र शुक्ल ने खड़ी बोली के प्रसार का संबंध पश्चिम से पूर्व की ओर आने वाली जातियों से जोड़ा था। यह स्थापना सही है।... ग्रियर्सन के 'लिंग्विस्टिक सर्वे' से पता चलता है कि यूरोप के व्यापारी अपनी सुविधा के लिए खड़ी बोली सीखते थे। व्यापार के प्रसार के साथ भारत में खड़ी बोली का महत्त्व बढ़ा। सरदेसाई के अनुसार इटालियन यात्री मनुच्ची और शिवाजी की बात खडी बोली में हुई थी।" इससे पहले भारतेंदु हरिश्चंद्र अपने निबंध 'जातीय संगीत' में हिंदी को भारतीयता के पर्याय के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया था। भारतेंदु की भांति

डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने भी जबलपुर से 1922 ई. में प्रकाशित श्रीशारदा पत्रिका के अपने लेख में हिंदी भाषा के राष्ट्रीय स्वरूप को चिन्हित किया था। कुछ ऐसा ही भाव डॉ. इकबाल के प्रसिद्ध गीत 'हिंदी है हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा' में भी अभिव्यक्त हुआ है। इस गीत में 'हिंदी' शब्द का प्रयोग भारतीयता के अर्थ में किया गया है। वस्तुतः भाषा को अधिकांश समाजशास्त्री राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक बोध एवं 'आईडेंटिटी के लिए आवश्यक घटक के रूप में देखते हैं। अतीत में सैन्य शक्ति के बल पर साम्राज्यवादी ताकतों ने अपने उपनिवेश स्थापित किए थे लेकिन अब सैन्य शक्ति या कहें कि 'हार्ड पावर' की बजाय 'साफ्ट पावर' के बल पर बिना किसी खून–खराबे के अपने साम्राज्य स्थापित किए जा सकते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर जोसेफ नेइ ने इस 'साफ्ट पावर' के बढ़ते महत्त्व को अपनी पुस्तक 'Bound to Lead : The Changing Nature of American Power' में रेखांकित करते हुए कहते है कि भाषा 'साफ्ट पावर' का सबसे प्रभावशाली हथियार है। यह बात काफी हद तक सही है। आज पूरे विश्व में अमेरिका और इंग्लैंड ने अंग्रेजी भाषा के बल पर 'नव औपनिवेशिक शोषण' को बखूबी अंजाम दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी के बल पर अंग्रेजी भाषा अपने साथ पाश्चात्य खान–पान, पाश्चात्य वेशभूषा तथा पाश्चात्य जीवन–मूल्यों को भी हमारे ऊपर थोप रही है। 'ठंडे' का मतलब कब कोका कोला और 'मीठे' का मतलब कब कैडबरी चॉकलेट हो गया? हमें यह पता ही नहीं चला। होली, दीपावली और तीज जैसे पारम्परिक त्यौहारों की उत्सवधर्मिता कब फादर्स डे, वेलेन्टाइन डे और फ्रेन्डशिप डे की उपभोक्तावाद के अवसर में बदल गई? इसको समझना कठिन है। कहने का अभिप्राय यह है कि भाषा के साथ जुड़ी राष्ट्रीय अस्मिता का क्षरण इतना मंद और और अमूर्त होता है कि उसका संज्ञान हमें तब होता है, जब क्षरण हो जाता है। एक ओर जहाँ भाषा प्रयोग के बल पर किसी देश की राष्ट्रीय अस्मिता का क्षरण किया जा सकता है वहीं दूसरी तरफ भाषा प्रयोग के बल पर राष्ट्र को संगठित करने का कार्य भी संभव है। जर्मनी, जापान और चीन ने अपने देश के आत्मगौरव और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण–संवर्धन में अपनी–अपनी भाषाओं का बखूबी इस्तेमाल किया। दरअसल भाषा और माँ सदैव अपनी संतानों से सम्मानित होती है। माँ की ताकत उसकी संतानें होती हैं और राष्ट्र की ताकत उस राष्ट्र की भाषा होती है। यही वजह है आक्रान्ता सबसे पहले भाषा पर ही आक्रमण करता है। भाषा ही धर्म और संस्कृति को सहेजती और स्वर प्रदान करती है। यही वजह है कि पहले मुगलों और बाद में ब्रिटिश शासकों ने भारतीय भाषाओं को कुचलने का हरसंभव प्रयास किया। वस्तुतः समाज को गुलाम बनाने में सबसे बड़ी अड़चन भाषा ही होती है। किसी भी भाषा के मरने से, उस भाषा में निहित संस्कृति अपने आप मर जाती है और किसी भी समाज/राष्ट्र के लिए संस्कृति की स्थिति वही होती है जो किसी वृक्ष के लिए उसकी जड़ों की होती है। वास्तव में राष्ट्र की सांस्कृतिक जड़ों को जीवित रखने वाली मृदा का नाम भाषा है। जैसे ही सांस्कृतिक जड़ों से भाषा रूपी मृदा को विलग करते हैं, बाहरी हवा लगते ही सांस्कृतिक जड़ों की जीवन्तता जाती रहती है। भारत पर शासन करने के लिए आक्रान्ताओं ने सबसे पहले भारतीय भाषाओं को हाशिए पर डालने का कुप्रयास किया। मुगलों ने उर्दू–फारसी को राजकाज और शासन की भाषा बनाकर संस्कृत और हिंदी को दरकिनार किया। रही सही कसर लार्ड मैकाले की शिक्षा–नीति ने अंग्रेजी को प्रमुखता देकर पूरी कर दी गई। लार्ड मैकाले यह अच्छी तरह से जानते थे कि यदि भारत पर लम्बे समय तक शासन करना है, तो उसके लिए भारतीय भाषाओं और भारतीय शिक्षा–पद्धति (गुरुकुल परम्परा) को हटाकर, उसकी जगह अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजियत के भाव बोध को लाना जरूरी

होगा। लार्ड मैकाले इस कार्य में काफी हद तक सफल भी रहे। उन्होंने अंग्रेजी भाषा के प्रति 'श्रेष्ठता' का भाव पैदा करके, भारतीयों में 'स्वभाषा' के प्रयोग के प्रति हीनता का बोध उत्पन्न कर दिया। मैकाले की इस नीति का अनुसरण करते हुए ईसाई मिशनरियों ने भी भारतीय समाज में भाषागत फूट के बीज को बोने का काम किया। बिशप राबर्ट कॉल्डवेल ने द्रविड़ और भारोपीय भाषाओं में वैभिन्नय दर्शाते हुए दक्षिण में बोली जाने वाली भाषाओं को द्रविड़ नाम देकर, द्रविड़ और उत्तर भारत की भाषाओं में विलगाव पैदा कर दिया। काल्डवेल और उन जैसे दुराग्रही भाषाविदों के इस तरह के दुष्प्रचार या कहें कि तथाकथित 'प्रोपेगैन्डा' के खंडन के लिए मार्कण्डेय का 'प्राकृत सर्वस्वं' नामक ग्रंथ पर्याप्त है। बिशप काल्डवेल से बहुत पहले मार्कण्डेय ने 'प्राकृत सर्वस्वं' में आर्यभाषा और द्रविड़ भाषा की परस्पर सम्बद्धता की तार्किक विवेचना करते हुए दोनों के परस्पर घनिष्ठ सम्बंधों को रेखांकित किया है। इस प्रकार हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को मारने के तमाम कुप्रयासों के बावजूद हिंदी एवं अधिकांश भारतीय भाषाएँ लोक में अपनी गहरी जड़ों के कारण, काफी हद तक अपने अस्तित्व को बचाने में सफल रही है। प्रायः हिंदी भाषा पर उसकी विविध बोलियों के कारण एकरूपता के अभाव का दोष मढ़कर इसके राष्ट्रीय/वैश्विक रूप पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया जाता है। यदि हिंदी पर बोलीगत विविधता के कारण 'एकरूपता' के अभाव का आक्षेप लगाते हैं, तो इसी तरह की विविधता तो अंग्रेजी और चीनी भाषा में भी मिलती है। आस्ट्रेलियाई अंग्रेजी, कैनेडियाई अंग्रेजी में– अंग्रेजी भाषा होते हुए भी उच्चारणगत अंतर है। स्काटिश अंग्रेजी और आयरिश अंग्रेजी को लेकर क्षेत्रीय विवाद को कौन नहीं जानता? 19वीं शताब्दी में आयरिश नेशनल मूवमेंट में आयरिश भाषा एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गई थी। ऐसे ही ईस्ट पाकिस्तान, जिसे आज हम बांग्लादेश के नाम से जानते है, ने उर्दू को देश की भाषा के रूप में अस्वीकार किया। ईस्ट पाकिस्तान के बांग्लादेश बनने के मूल में बांग्ला भाषा के प्रति वहाँ के निवासियों का अनन्य प्रेम भी एक बड़ा कारण रहा था। बांग्लादेश ने अपनी भाषा और सांस्कृतिक पहचान को बचाने की खातिर पाकिस्तान से अलग होने का निर्णय लिया। कुछ ऐसा ही इंग्लैंड में भी हुआ था। सन् 1540 तक इंग्लैंड की राजभाषा फ्रेंच थी। इंग्लैंड की राष्ट्रवादी ताकतों ने तय किया कि फ्रेंच को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। परिणामस्वरूप इंग्लैंड की संसद को फ्रेंच की बजाय अंग्रेजी भाषा के पक्ष में प्रस्ताव पारित करके उसे राष्ट्रभाषा का दर्जा देना पड़ा। इस तरह से कह सकते हैं कि भाषा और राष्ट्र का अविच्छिन्न संबंध है। राष्ट्र की अस्मिता और संस्कृति को उसकी भाषा के बल पर ही सहेजा जा सकता है। हिंदी के विस्तार का एक बड़ा कारण राष्ट्रीय आंदोलन में हिंदी भाषा का भरपूर प्रयोग भी रहा। हिंदी ने आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों की सहयोगिनी बनकर साथ निभाया। आश्चर्य की बात यह रही कि हिंदी की वकालत करने वाले अधिकांश समाज–सुधारक और नेता अहिंदी भाषी थे। हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण मानने वालों में केशवचंद्र सेन, महर्षि अरविंद घोष, राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, लोकमान्य तिलक, लाला लाजपत राय और महात्मा गाँधी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। 'हिंदी साहित्य की बंगीय भूमिका' नामक पुस्तक में कृष्णबिहारी मिश्र ने केशवचंद्र सेन के हिंदी प्रेम का उल्लेख करते हुए लिखा है कि केशवचंद्र सेन ने स्वामी दयानंद सरस्वती से 'हिंदुत्व को पुनर्स्थापित' करने तथा राष्ट्रीय आंदोलन को त्वरा प्रदान करने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करने का आग्रह किया था। स्वामी दयानंद ने राष्ट्रीय अस्मिता और आत्मगौरव जगाने के उद्देश्य से चारों वेदों का भाष्य संस्कृत या गुजराती में न

लिखकर हिंदी भाषा में लिखा। हिंदी प्रेमियों की इस कड़ी में एक महत्त्वपूर्ण नाम महात्मा गाँध ी का है। वे बिना भाषा–प्रेम के देश–प्रेम को निरर्थक मानते थे। इंदौर में 1918 में आयोजित हिंदी साहित्य सम्मेलन में गांधी जी ने कहा था कि ''जैसे ब्रिटिश अंग्रेजी में बोलते हैं और सारे कामों में अंग्रेजी का ही प्रयोग करते हैं, वैसे ही मैं सभी से प्रार्थना करता हूँ कि हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का सम्मान दें। इसे राष्ट्रीय भाषा बनाकर हमें अपने कर्तव्य को निभाना चाहिए।'' महात्मा गाँधी ब्रिटिश शासन व्यवस्था से देश को आजाद कराने में हिंदी की अहमियत से भली–भांति परिचित थे। यही वजह है कि उन्होंने अहिंदी प्रदेशों में हिंदी प्रचार के लिए पाँच प्रतिनिधियों को भेजा। इन 'हिंदी दूतों' में से एक दूत स्वयं उनका पुत्र देवदास गाँधी भी था। इतना ही नही उन्होंने 'हिंदी नवजीवन' पत्र को निकालकर हिंदी भाषा में लेख भी लिखे। कुछ ऐसा ही लोकमान्य तिलक ने मराठी में प्रकाशित 'केसरी' पत्र का 1903 में हिंदी संस्करण 'हिंदी केसरी' निकाल किया। राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नेताओं एवं समाज सुधारक यह बात अच्छी तरह से समझतें थे कि हिंदी ही वह भाषा है, जो पूरे देश को एकसूत्र में बांध सकती हैं।

निष्कर्ष : कुल मिलाकर कह सकते है कि भाषा किसी भी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की अभिव्यक्ति का माध्यम है। जैसे जब भी कोई व्यक्ति मुँह खोलता है तो उससे उस व्यक्ति के आचार–विचार, जीवन मूल्य और चरित्र के बारे में काफी कुछ पता चल जाता है। ठीक ऐसे ही किसी राष्ट्र के चरित्र, उसकी आशा–आकांक्षाओं एवं संस्कृति को भी हम उस राष्ट्र की भाषा के माध्यम से काफी हद तक जान पाते हैं। भाषा और 'आइडेन्टिटी' एक–दूसरे के पूरक कहे जा सकते हैं। किसी भी राष्ट्र की भाषा से उस राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का परिचय मिलता है। इस दृष्टि से भाषा की अहमियत को जानना और इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। हिंदी भाषा के संदर्भ मे देखें तो कहा जा सकता है इसने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता को सहेजने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि अंग्रेजी विश्व को जोड़ने का काम करती है तो हिंदी राष्ट्र को जोड़ने का कार्य कर रही है। जर्मनी के हिंदी विद्वान लोठार लुत्से ने सही कहा है कि 'हिंदी सीखे बिना भारतीयों के दिल तक नहीं पहुँचा जा सकता'।

संदर्भ सूची

1. 'अथर्ववेद' / 'भूमि सूक्त' / 12वाँ मंत्र
2. निजभाषा उन्नति' /भारतेंदु हरिश्चंद्र
3. https://www.newsncr.com/national/hindi-diwas.2021-by-2050-hindi-will-be-among-the-most- powerful-languages
4. निराला की साहित्य साधना / डा. रामविलास शर्मा / पृ. सं. 68
5. https://poshampa.org/ 'संस्कृति और जातीयता' / डा. रामविलास शर्मा

❑❑❑

प्रोफेसर, हिंदी विभाग, भीमराव अम्बेडकर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, ईमेल –dr.mamta101@gmail.com

भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

—डॉ. ममता थपलियाल

स्वभाषा में शिक्षा का उद्देश्य केवल भाषा के प्रति सम्मान या आत्मविश्वास विकसित करना नहीं अपितु उस भाषा के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक परम्परा के प्रति सजग होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा को संस्कृति का संवाहक बताया गया है – "भाषा, निसन्देह, कला एवं संस्कृति से अटूट रूप से जुड़ी है...लहजा, अनुभवों की समझ और एक ही भाषा के व्यक्तियों की बातचीत में अपनापन, यह सभी संस्कृति का प्रतिबिंब और दस्तावेज हैं। अतः संस्कृति हमारी भाषाओं में समाहित है।

मनुष्य मनुष्य की शक्ति भाषा की शक्ति पर निर्भर है। साहित्यकार अज्ञेय कहते हैं कि "हम भाषा को नहीं बनाते भाषा हमें बनाती है।" राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का भाषाई फलक वृहद एवं समावेशी है। यहाँ भारतीय भाषाएँ वैज्ञानिक, सुंदर और अभिव्यंजक रूप में प्रकट हुई हैं। इस शिक्षा नीति के दो भाग – 'बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति' एवं 'भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति का संवर्धन' पूर्णतः भाषा एवं संस्कृति पर केंद्रित है। इनमें एक ओर घर की भाषा एवं शिक्षण की भाषा के अंतराल को समाप्त करने के लिए बुनियादी स्तर पर मातृभाषा/स्थानीय भाषा के प्रयोग को आवश्यक माना गया है, तो दूसरी ओर बहुभाषावाद एवं राष्ट्रीय एकता के लिए त्रिभाषा सूत्र को जीवंत किया गया है। इसमें भाषा शिक्षण में नवाचार हेतु उत्कृष्ट भाषा शिक्षकों की नियुक्ति, भाषाओं का डिजिटिलाइजेशन, प्रोजेक्ट एवं संवादात्मक विधि से पढ़ाना, विज्ञान, गणित आदि विषयों के लिए उत्कृष्ट अनुवाद, अनुवाद एवं विवेचना हेतु 'इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एन्ड इंटरप्रिटेशन' की स्थापना इत्यादि अनुशंसाएँ की गई हैं। संस्कृत सहित सभी शास्त्रीय भाषाओं को मुख्यधारा में लाना, लुप्तप्राय भाषाओं का उत्थान एवं 22 राष्ट्रीयकृत भाषाओं के लिए भाषा अकादमी की स्थापना जैसे महत्त्वकाँक्षी प्रावधान भाषाई तौर पर आजाद एवं आत्मनिर्भर भारत का स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करते हैं।

बीज शब्द : भाषिक अवधारणा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भाषा का प्रश्न एवं पक्ष, बहुभाषावाद, भाषिक शक्ति, मातृभाषा, त्रिभाषा, भाषा संवर्धन, आत्मनिर्भर भारत

भाषिक अवधारणा

भाषा व्यक्ति का अस्तित्व है, हम दुनिया के किसी भी कोने में जाएँ, हमारे साथ हमारी भाषा भी विचरण करती है। भाषा मात्र अभिव्यक्ति कौशल का माध्यम नहीं अपितु हमारी संस्कृति राष्ट्रीय गौरव एवं ज्ञान परम्परा की परिचायक है। भाषिक तौर पर भारत की बढ़ती परनिर्भरता भाषा के साथ-साथ सांस्कृतिक दासता का भी सूचक है। प्रसिद्ध विद्वान वाल्टर चेनिंग कहते हैं कि "विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के

राजकाज एवं शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता का सूचक है।" भारतीय शिक्षा व्यवस्था जिस प्रकार भाषागत जटिलताओं एवं स्वभाषा के मान को परे रखकर प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक अंग्रेजी को ज्ञान–विज्ञान का एकमात्र आधार बना रही है, यह संकट सूचक है। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में शिक्षा, त्रिभाषा सूत्र का उचित क्रियान्वयन, उच्चत्तर शिक्षा में द्विभाषिक नीति अपनाने की सिफारिशें स्वदेशी भाषाओं के कल्याण एवं भाषाई तौर पर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहायक होंगी।

क्या है शिक्षा नीति ?

किसी भी राष्ट्र की प्रगति वहाँ की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर है। स्वाधीन भारत में तीन बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति बन चुकी है। प्रथम शिक्षा नीति 1968 में बनी, जो कोठारी आयोग 1964 की सिफारिशों पर आधारित थी। इसमें शिक्षा को राष्ट्रीय महत्त्व दिया गया, माध्यमिक स्तर पर त्रिभाषा सूत्र को लागू करने का सुझाव भी सर्वप्रथम इसी नीति में आया था जिसका यथोचित क्रियान्वयन वर्तमान शिक्षा नीति का मुख्य विषय है। दूसरी शिक्षा नीति 1986 में बनी, जो 1992 में संशोधित हुई। इसका मुख्य विषय ऑपरेशन ब्लेक बोर्ड एवं शिक्षा में समानता का अधिकार था। इसका स्वरूप तब निखर कर आया जब 2009 में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिनियम बना।

तृतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह नीति इस्रो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में बनी समिति की सिफारिशों एवं देश के विभिन्न वर्गों से प्राप्त रचनात्मक सुझावों पर आधारित है। वैश्वीकरण के इस युग में सूचना प्रौद्योगिकी का निरंतर विकास हो रहा है। समग्र विश्व एक गाँव में बदल गया है। वर्तमान अर्थव्यवस्था ज्ञान पर आधारित है। इस शिक्षा नीति में शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना, रटन्त विद्या से बाहर निकलना, रोजगारोन्मुख शिक्षा, अनुसन्धान को बढ़ावा, भारतीय ज्ञान परम्परा की जीवंतता एवं अस्मिता सुनिश्चित करना मुख्य विषय हैं। इसमें जीवन पर्यन्त शिक्षा के अवसर प्रदान करने एवं भारत की मुख्य समस्या प्रतिभा पलायन (ब्रेन–ड्रेन) रोकने पर बल दिया गया है। यह नीति नवीन अनुसंधान एवं सत्य की खोज पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भारत को ज्ञान आधारित देश के रूप में प्रतिष्ठित करना है।

भाषा का प्रश्न और पक्ष

अंग्रेजी विकसित राष्ट्रों में विदेशी भाषा के रूप में तो पढ़ाई जाती है किंतु शिक्षण का माध्यम वहाँ स्वदेशी भाषा ही होती है। इस बहुभाषिक राष्ट्र में शिक्षण माध्यम से लेकर, प्रशासन और अदालतों में अंग्रेजी की वैशाखी छूट नहीं रही है। इसे मुक्ति की आकांक्षा कहें या स्वदेशी भाषाओं के प्रति लगाव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं के संवर्धन हेतु विशेष अनुशंसाएँ की गई हैं। इस शिक्षा नीति में अध्याय 4 के अंतर्गत – 'बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति' तथा अध्याय 22 – 'भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति का संवर्धन' पूर्णतः भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के संवर्धन पर केंद्रित हैं।

मनोवैज्ञानिक सत्य है कि मातृभाषा में शिक्षा बोझिल नहीं लगती। इसमें ज्ञान और अधिगम के प्रति आकर्षण स्वतः स्फूर्त होता है क्योंकि सार्थक अवधारणाओं के लिए अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता और स्वभाषा से अभिव्यक्ति कौशल भी मौलिक एवं सृजनात्मक होता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मातृभाषा का महत्त्व बताते हुए कहते हैं– "मनुष्य के मानसिक विकास के लिए

मातृभाषा उतनी ही आवश्यक है, जितना कि बच्चे के शारीरिक विकास के लिए माता का दूध।"[1] महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम अपने अनुभव के आधार पर कहते हैं कि "मैं अच्छा वैज्ञानिक इसलिए बना, क्योंकि मैंने 12वीं तक विज्ञान, गणित सहित सम्पूर्ण शिक्षा मातृभाषा में प्राप्त की।"[2] भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सदैव घर और शिक्षण की भाषा में विरोधाभास रहा है। घर की भाषा एवं शिक्षण की भाषा के इसी अंतराल को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बुनियादी शिक्षा मातृभाषा में प्रदान करने की सिफारिश की गई है। इसमें कहा गया है कि "कम से कम ग्रेड 5 तक लेकिन बेहतर यह होगा कि यह ग्रेड 8 और उससे आगे तक भी हो, शिक्षा का माध्यम, घर की भाषा–मातृभाषा स्थानीय भाषा–क्षेत्रीय भाषा होगी। इसके बाद, घर–स्थानीय भाषा को जहाँ भी सम्भव हो भाषा के रूप में पढ़ाया जाता रहेगा। सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के स्कूल इसकी अनुपालना करेंगे।"[3] इससे पूर्व वर्धा शिक्षा योजना (1936) में भी गाँधी जी मातृभाषा में शिक्षा का सुझाव दे चुके हैं, किंतु वह विचार केवल बौद्धिक बहस बनकर रह गया था। अब देखना ये है कि नई शिक्षा नीति के इस प्रावधान को कब धरातलीय आधार मिलता है।

स्वभाषा में शिक्षा का उद्देश्य केवल भाषा के प्रति सम्मान या आत्मविश्वास विकसित करना नहीं अपितु उस भाषा के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक परम्परा के प्रति सजग होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा को संस्कृति का संवाहक बताया गया है – "भाषा, निसन्देह, कला एवं संस्कृति से अटूट रूप से जुड़ी है...लहजा, अनुभवों की समझ और एक ही भाषा के व्यक्तियों की बातचीत में अपनापन, यह सभी संस्कृति का प्रतिबिंब और दस्तावेज हैं। अतः संस्कृति हमारी भाषाओं में समाहित है। साहित्य, नाटक, संगीत, फिल्म आदि के रूप में कला की पूरी तरह सराहना करना बिना भाषा के सम्भव नहीं है। संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए, हमें उस संस्कृति की भाषाओं का संरक्षण और संवर्धन करना होगा।"[4] भारतीय भाषाओं को शिक्षण का माध्यम बनाना व्यापक उद्देश्य की पूर्ती है। उत्कृष्ट पाठ्यसामग्री की चुनौती के निराकरण के लिए मातृभाषाओं–स्थानीय भाषाओं में विज्ञान सहित सभी महत्त्वपूर्ण विषयों की उच्चतर गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

हम जानते हैं कि बुनियादी स्तर पर बच्चे भाषा जल्दी सीखते हैं और बहुभाषिकता से विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक लाभ होता है। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में फाउंडेशनल स्टेज की शुरूआत और उसके पश्चात विभिन्न भाषाओं को सीखने का एक्सपोजर दिए जाने का सुझाव रखा गया है। जिसके लिए त्रिभाषा सूत्र को पुनः जीवंत किया गया है "संवैधानिक प्रावधानों, लोगों, क्षेत्रों और संघ की आकांक्षाओं और बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत का ध्यान रखते हुए त्रि–भाषा फार्मूले को लागू किया जाना जारी रहेगा। हालांकि तीन भाषा के इस फार्मूले में काफी लचीलापन रखा जाएगा और किसी भी राज्य पर कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी। बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाओं के विकल्प राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से छात्रों के स्वयं के होंगे, जिनमें से कम से कम तीन में दो भारतीय भाषाएँ हों।"[5] अब तक कई राज्यों द्वारा त्रिभाषा सूत्र को अमल में न लाने के कारण इसे पुनः जीवित किया गया। इसके यथोचित क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता से एक ओर उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र की एकजुटता को बल मिलेगा, दूसरी ओर संवैधानिक तौर पर हिंदी की राष्ट्रभाषा बनने की राह खुलेगी।

नई शिक्षा नीति में सरकारी तथा निजी सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के पास भारत की शास्त्रीय भाषाओं और उससे जुड़े साहित्य को कम से कम दो साल सीखने का विकल्प रखने

का सुझाव दिया गया है। यहाँ भारतीय भाषाएँ ही नहीं अपितु विदेशी भाषाओं – कोरियाई, जापानी, थाई, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, पुर्तगाली और रूसी में भी माध्यमिक स्तर पर उच्चतर गुणवत्ता वाले कोर्स रखे जाने की सिफारिश की गयी है। इस प्रक्रिया से नई पीढ़ी को वैश्विक ज्ञान, विज्ञान, से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा, साथ ही पर्यटन एवं रोजगार की सम्भावनाओं में भी वृद्धि होगी।

भाषा शिक्षण को सुगम बनाने के लिए कुशल भाषा शिक्षकों की नियुक्ति, भाषा को मनोरंजनात्मक, संवादात्मक, अनुभव आधारित अंतःक्रिया से पढ़ाना इत्यादि पर बल दिया गया है। भाषा अधिगम में सुगमता हेतु 'द लैंग्वेज ऑफ इंडिया' प्रोजेक्ट गतिविधि तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल में भाग लेने का सुझाव दिया गया है। इसका लाभ बताते हुए कहा गया है कि "इस प्रोजेक्ट गतिविधि में, छात्र अधिकाँशरूप से प्रमुख भारतीय भाषाओं की उल्लेखनीय एकता के बारे में जानेंगे, जिसके तहत उनके सामान्य ध्वन्यात्मक और वैज्ञानिक रूप से व्यवस्थित वर्णमाला और लिपियों, उनकी सामान्य व्याकरणिक संरचनाओं, संस्कृत और अन्य शास्त्रीय भाषा से इनकी शब्दावली के स्रोत और उद्‌भव को ढूँढने से लेकर इन भाषा के समृद्ध अंतरप्रभाव और अंतरों को समझना शामिल है।"[6] विभिन्न एप्स के माध्यम से फिल्म, थियेटर, कथावाचन, काव्य और संगीत को जोड़ते हुए प्रासंगिक विषयों की बोधगम्यता बढ़ेगी जिससे भाषा शिक्षण सरल होगा।

उच्चत्तर शिक्षण संस्थानों में द्विभाषिक कार्यक्रमों को चलाए जाने का सुझाव रखा गया है, जिसके संकेत दिखाई देने लगे हैं। भारत में मेडिकल, इंजीनियरिंग की शिक्षा में जहाँ पूर्णतः अंग्रेजी का बोलबाला है, वहीं मध्यप्रदेश इत्यादि कई राज्यों ने इसे द्विभाषिक बनाते हुए हिंदी में भी प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। यद्यपि उत्कृष्ट अनुदित पुस्तकों के लिए हमेशा सवाल उठते रहे हैं, इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के तहत 'इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एन्ड इंटरप्रिटेशन' की स्थापना करके अनुवाद की दिशा में परिवर्तन सम्भव है। इससे सर्वसाधारण को विभिन्न भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में उच्चत्तर गुणवत्ता वाली अधिगम सामग्री मौखिक और लिखित रूप में प्राप्त होगी।

संस्कृत जो हमारे ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म की भाषा है, विभिन्न भारतीय भाषाओं की जन्मदात्री है। वह आज विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, मंत्र और कर्मकांड तक सिमट गई है। इस विकट परिस्थिति के मद्देनजर नई शिक्षा नीति में संस्कृत को मुख्यधारा में लाने का संकल्प लिया गया है। नीति के अनुसार संस्कृत को त्रिभाषा सूत्र के तहत वैकल्पिक रूप से रखा जाएगा तथा इसके अध्यापन में नवाचार पर बल दिया जाएगा। इसे समकालीन प्रासंगिक विषयों गणित, खगोलशास्त्र, दर्शनशास्त्र, योग आदि से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। संस्कृत सहित सभी शास्त्रीय भाषाओं – तमिल, तेलगू, मलयालम, ओड़िया इत्यादि की हजारों पांडुलिपियों को संरक्षित करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

भारत के प्रसिद्ध भाषाविद गणेश एन देवी ने कुछ वर्ष पूर्व अपने भाषा सर्वेक्षण में चिंता प्रकट की थी कि "अगले 50 वर्षों में विश्व की लगभग 4000 भाषाएँ लुप्त हो जाएँगी, जिनमें 400 भाषाएँ भारत की होंगी।" नई शिक्षा नीति में यूनेस्को सहित विभिन्न सर्वेक्षणों से प्राप्त भारत की लुप्तप्राय भाषाओं एवं बोलियों पर गम्भीरता से चिंतन किया गया है। इसमें कहा गया है कि "दुर्भाग्य से, भारतीय भाषाओं को समुचित ध्यान और देखभाल नहीं मिल पाई जिसके तहत देश ने विगत 50 वर्षों में ही 220 भाषाओं को खो दिया है। यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं

को 'लुप्तप्राय' घोषित किया है। विभिन्न भाषाएँ विलुप्त होने के कगार पर हैं विशेषतः वे भाषाएँ जिनकी कोई लिपि नहीं है।"[7]

वर्तमान शिक्षा नीति में संविधान में उल्लखित उन 22 भारतीय भाषाओं के संरक्षण का लक्ष्य भी रखा गया है जो आधिकारिक रूप से लुप्तप्राय नहीं हैं किंतु अस्तित्व बनाए रखने के लिए जूझ रही हैं। इन 22 राष्ट्रीयकृत भाषाओं के विकास हेतु पृथक–पृथक अकादमी स्थापित की जाएँगी। साथ ही अंग्रेजी, फ्रेन्च, जर्मन, जापानी इत्यादि की तर्ज पर भारतीय भाषाओं की जीवंतता एवं प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इनकी अधिगम सामग्री, प्रिंट सामग्री बढ़ाने, अन्य भाषाओं की महत्त्वपूर्ण सामग्री का अनुवाद एवं उसके शब्दकोशों के शब्दभंडार को आधिकारिक तौर पर अद्यतन किए जाने की सिफारिश इस नीति में की गई है। नीति के अनुसार सांकेतिक भाषा का भी राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण किया जाएगा।

नई शिक्षा नीति में सभी भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए वेब आधारित प्लेटफार्म–पोर्टल–विकिपीडिया के माध्यम से दस्तावेजीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे भाषा और साहित्य को पूर्णतः डिजिटल दुनिया से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय भाषाओं में समाहित ज्ञान–विज्ञान का प्रसार होगा। भारतीय भाषाओं, तुलनात्मक साहित्य, सृजनात्मक लेखन इत्यादि के देशभर में सशक्त विभाग स्थापित करके इन क्षेत्रों में रोजगार की सम्भावनाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि सम्भव है।

निष्कर्ष–

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि स्वाधीन भारत की यह पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिसमें भारतीय भाषाओं के संवर्धन हेतु विस्तारपूर्वक चिंतन, मन्थन एवं अनुशंसा की गई है। यदि ये अनुशंसाएँ व्यवहारिक धरातल पर क्रियान्वित होती हैं तो भाषाई तौर पर आजाद एवं आत्मनिर्भर भारत का स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची

1. भनोट ज्योति शर्मा, विश्व ज्योति हिंदी शिक्षण, टण्डन पब्लिकेशन लुधियाना, 2015, पृष्ठ–7
2. https://bhashasankalp-weebly-com/23502366234023712349236623592366-html
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पृष्ठ–19 साभार – शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार वेबसाइट – https://www.education.gov.in/hi
4. वही, पृष्ठ – 87
5. वही, पृष्ठ – 20
6. वही, पृष्ठ – 21
7. वही, पृष्ठ – 87

❒❒❒

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

प्र. ब. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अगस्त्यमुनि, जनपद–रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)– 246421

मोबाइल नं.– 9639253200 ईमेल– mamtasemwal19@gmail.com

भाषा का प्रश्न, आत्मनिर्भरता एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

—सुशांत कुमार पाण्डेय

मातृभाषा सीखने के कृष्टिकोण से सर्वोत्तम भाषा होती है। मातृभाषा के कारण बच्चों के दिमाग में शब्द एवं उनसे जुड़ी हुई चीजों के प्रति आत्मीयता विकसित होती है, जो उनके स्मरण एवं कल्पना शक्ति का विस्तार करती है। मातृभाषा में शिक्षा देने से शिक्षा का सैद्धांतिक रूप व्यावहारिकता के धरातल पर उतर पाता है। इससे बाल्यावस्था से ही आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त होने लगता है।

किसी राष्ट्र और उसके नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा का प्रश्न अति महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भाषा न सिर्फ संपूर्ण मानव–जाति की विशिष्ट पहचान है, अपितु यह मनुष्य एवं समाज के विकास की आधारशिला भी है। भाषा शिक्षा की गुणवत्ता एवं अर्थवत्ता का एक सशक्त माध्यम है, विशेषतः मातृभाषा, क्योंकि विभिन्न अध्ययनों से यह बात स्पष्ट है कि मातृभाषा न सिर्फ शिक्षा के प्रति अभिरुचि पैदा करती है, बल्कि अधिगम को आसान एवं प्रभावी भी बनाती है। शिक्षा किसी भी देश की अमूल्य निधि होती है, जिसकी धुरी पर मानव–विकास का चक्का घूमता है। भाषायी विविधताओं को धारण करने के परिप्रेक्ष्य में भारत एक महान् देश है, जिसके पास विशाल जनसंख्या है। इससे जनांकिकीय लाभांश प्राप्त किया जाए, इस दृष्टि से भाषा का प्रश्न और महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इसी तथ्य के आलोक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन में भारतीय भाषाओं पर विशेष बल दिया गया है। किसी राष्ट्र को देदीप्यमान बनाने में शिक्षा एवं उस देश की शिक्षा–नीति की महनीय भूमिका होती है। शिक्षा मनुष्य को आत्मनिर्भर बनाती है एवं आत्मनिर्भरता, व्यक्ति एवं राष्ट्र को सशक्त। 'आत्मनिर्भर–भारत' के स्वप्न को मूर्त रूप देने के लिए भाषा के प्रश्न को लेकर चलना आवश्यक है। भाषा की महत्ता की स्वीकृति से शिक्षा अपने व्यावहारिक उद्देश्य को पूर्ण कर सकेगी, जिससे आत्मनिर्भरता का पथ प्रशस्त होते जाएगा। इस शोध–आलेख के माध्यम से भाषा, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के बीच के संबंधों को स्पष्ट करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया जाएगा।

मुख्य शब्द—अधिगम, मानव–विकास, जनांकिकीय– लाभांश, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति

भाषा समाज का समन्वय–सूत्र है। यह भाषा ही है जिसके द्वारा व्यक्ति समाज का सजीव सदस्य बनता है। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है जिसके माध्यम से संप्रेषण किया जाता है।

संप्रेषण के माध्यम से श्रोता तक सूचना पहुँचती है लेकिन सूचना के साथ–साथ भाषा रचनात्मक संप्रेषण भी करती है, जो काफी महत्त्वपूर्ण है। भाषा का प्रश्न एक साथ कई पक्षों से जुड़ता है। विविधताओं को धारण करने वाले भारत जैसे देश के लिए तो यह पक्ष और भी विशिष्ट हो जाता है। भारतीय संस्कृति के विविध रूप भारतीय भाषाओं में समाहित हैं। इस दृष्टि से संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक हो जाता है। भाषाओं की स्थिति पर दृष्टिपात करने पर यह तथ्य सामने आता है कि देश ने विगत 50 वर्षों में ही 220 भाषाओं को खो दिया है... यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को लुप्तप्राय घोषित किया है।

भाषा का प्रश्न शिक्षा से जुड़ा एक अहम प्रश्न है। भाषा ही शिक्षा की अर्थवत्ता एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार "शिक्षा मनुष्य में अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।'' ध्यातव्य है कि मनुष्य अपनी अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति बिना अपनी भाषा के नहीं कर सकता है। अभिव्यक्ति तो किसी भी भाषा में हो सकती है लेकिन पूर्णता के लिए अपनी भाषा की तरफ ही लौटना पड़ता है। भारतेंदु इसी बात को स्वीकार करते हुए बार–बार निज भाषा की वकालत करते हैं– "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल / बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न ऊर को सूल।'' इतना ही नहीं उनकी यह स्पष्ट मान्यता थी कि अनेक भाषाओं में निष्णात व्यक्ति भी निज भाषा में ही बेहतर चिंतन कर सकता है। उन्होंने कहा– "पढ़ो लिखो कोई लाख विधि भाषा बहुत प्रकार पै जब कछु सोचिहो निज भाषा अनुसार।''

शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। वेदों की ऋचाओं में भी यह बात आती है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में जो गुरुकुल परंपरा दिखायी देती है, उसमें जब शिष्य की शिक्षा पूर्ण हो जाती थी, तब गुरु अपने शिष्यों को अंत में भविष्यत् जीवन मंत्र दिया करते थे– "यानि अनवद्यानि कर्माणि। तानि सेवितव्यानि" यानी जिस शिक्षा को ग्रहण किया गया है, उसे व्यावहारिक रूप देकर कार्यक्षेत्र में इसका उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्षेत्र में शिक्षा का यही उपयोग व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है। जहाँ तक भाषा एवं आत्मनिर्भरता के संबंध की बात है, यह सत्य है कि प्रथमदृष्टया इनमें कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं दिखायी देता है तथापि आत्मनिर्भरता का अर्थ यदि सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़कर देखा जाता है तब भाषा के पक्ष पर स्वतः ध्यान जाने लगता है। मनुष्य अपनी बाल्यावस्था से लेकर जीवन के विविध पड़ावों तक जो कुछ भी सीखता है, देखता है, उत्सवों एवं गीतों के माध्यम से जीवन के अनुभवों एवं रंगों को समझता है, उन सबके पीछे भाषा ही है। समाज में उसकी पहचान इसी भाषा से होती है।

आज के आधुनिक युग में विज्ञान एवं तकनीक का विकास हो रहा है। सामान्यतः तकनीक से जुड़े शब्दों पर गौर करने पर यह देखा जाता है कि अधिकांश शब्द अंग्रेजी भाषा के हैं। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है कि भाषा एवं समाज के बीच अन्योन्याश्रय संबंध होता है। जब समाज विकसित होता है, तब भाषा भी विकसित होती है। इसी प्रकार जब भाषा विकसित होती है, तब समाज भी विकसित होता है। इंग्लैंड, यूरोप महादेश के पश्चिमी तट से सटे एक छोटे से दीप का हिस्सा है। फिर भी यहाँ की स्थानीय भाषा रही अंग्रेजी वैश्विक भाषा बन जाती है। अंग्रेजी भाषा का विश्वस्तरीय प्रसार भाषा एवं समाज के संबंध की महत्ता की पुष्टि करता है। तकनीक एवं विज्ञान से जुड़ी शब्दावली में अधिकांश शब्द अंग्रेजी के इसलिए दिखायी देते हैं कि इस भाषा

को बोलने वाले समाज ने अपनी तरक्की की नई कहानियाँ जब लिखीं तब उन्होंने अपनी भाषा का चयन किया।

इसका एक दूसरा बेहतरीन उदाहरण संस्कृत भाषा है। प्राचीन भारत में देश ने आयुर्वेद, ज्योतिष एवं वैदिक गणित के माध्यम से स्वयं की पहचान बनायी। आज भी जब इन विषयों की मूल अवधारणाओं एवं तथ्यों पर गहरी समझ बनाने की कोशिश यदि कोई व्यक्ति करना चाहेगा, तब उसे संस्कृत की शब्दावली को समझना होगा। संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है क्योंकि इस भाषा में भारत देश के उच्च आदर्श, जीवन–मूल्य एवं सांस्कृतिक विचार समाहित हैं। दक्षिण भारतीय भाषाओं– तमिल, मलयालम, कन्नड़ एवं तेलुगु पर संस्कृत का प्रभाव इतना अधिक है कि भारत का उत्तरी एवं दक्षिणी भाग सांस्कृतिक शब्दभंडार की दृ ष्टि से सामान्य हो गया है। इसलिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संस्कृत भाषा पर जोर दिया गया है– 'संस्कृत भाषा के वृहद एवं महत्त्वपूर्ण योगदान तथा विभिन्न विधाओं एवं विषयों के साहित्य, सांस्कृतिक महत्त्व, वैज्ञानिक प्रकृति के चलते संस्कृत को केवल संस्कृत विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों तक सीमित न रखते हुए इसे मुख्यधारा में लाया जाएगा स्कूलों में त्रिभाषा सूत्र के विकल्प के रूप में, साथ ही साथ उच्चतर शिक्षा में भी।'

संस्कृत के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं पर भी यह नीति अपना ध्यान केंद्रित करती है ताकि शिक्षा का भारतीयकरण हो सके। डाउन टू अर्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार लैंग्वेज रिसर्च एवं पब्लिक सेंटर, वडोदरा तथा आदिवासी अकादमी के संस्थापक निदेशक गणेश एन देवी द्वारा भाषा से जुड़ी बातों को प्रमुखता से रखा गया था, जिसमें उन्होंने कहा था– भारत ने 1961 के बाद से 220 भाषाओं को करीब–करीब खो दिया है। इसी खबर में यह भी बताया गया था कि पांच ऐसी आदिवासी भाषाएं हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसमें सिक्किम की माझी भाषा है। पीपल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के शोध के अनुसार सिर्फ चार लोग ही बचे थे, जो माझी भाषा को बोलते थे और वे सभी लोग एक ही परिवार से जुड़े हुए थे। इसी रिपोर्ट में यह बताया गया कि पूर्वी भारत की महाली भाषा, अरुणाचल प्रदेश की कोरो, गुजरात की सीडी एवं असम की दिमासा भाषा की भी स्थिति कुछ इसी प्रकार की है। इस स्थिति को समझते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्पष्टतः कहती है– 'शास्त्रीय आदिवासी एवं लुप्तप्राय भाषाओं सहित सभी भारतीय भाषाओं को संरक्षित और बढ़ावा देने के प्रयास नए जोश के साथ किए जाएंगे।'
हरिजन पत्रिका में महात्मा गांधी ने भारतीय भाषाओं के संदर्भ में विचार दिया था –

"प्रांतीय भाषाओं के प्रतिस्थापन में एक–एक दिन का विलंब देश के लिए सांस्कृतिक हानि है। यह कहना कि कुछ वर्षों तक न्यायालयों, स्कूलों और दफ्तरों की भाषा नहीं बदली जा सकती, मानसिक आलस्य का प्रमाण देना है।'' जवाहरलाल नेहरु ने भी भाषा के संदर्भ में विशाल भारत में लिखा– "हमारा देश जब गिरा तब हमारी भाषाएं भी गिरी और बहुत दिनों तक गिरी रही।'' भाषा का एक–एक शब्द किसी देश की संस्कृति में निहित गहरे अर्थ को अभिव्यक्त करता है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने निबंध 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' में लिखा– "15 अगस्त को जब अंग्रेजी भाषा के पत्र इंडिपेंडेंस की घोषणा कर रहे थे, देसी भाषा के पत्र स्वाधीनता दिवस की चर्चा कर रहे थे। इंडिपेंडेंस का का अर्थ है किसी अनधीनता का अभाव, पर स्वाधीनता शब्द का अर्थ है अपने ही अधीन रहना।'' अंग्रेजी भाषा के इंडिपेंडेंस एवं भारतीय

भाषा हिंदी के स्वाधीनता, इन दो शब्दों के अर्थ समझाते हुए जब वे अंतर स्पष्ट करते हैं तो भाषा की उपादेयता सिर्फ इन दो शब्दों के अर्थ में अंतर के माध्यम से ही स्पष्ट हो जाती है। इतना ही नहीं, इसी निबंध की आगे की पंक्तियों में उन्होंने लिखा – "मैं कभी–कभी सोचता हूँ कि इतने दिनों तक अंग्रेजी की अनुवर्तिता करने के बाद भी भारतवर्ष इंडिपेंडेंस को अनधीनता क्यों नहीं कह सका? उसने अपने आजादी के जितने भी नामकरण किए–– स्वतंत्रता, स्वराज्य, स्वाधीनता––उन सबमें स्व का बंधन अवश्य रखा। यह क्या संयोग की बात है या हमारी समूची परंपरा ही अनजाने में हमारी भाषा के द्वारा प्रकट होती है।''

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भाषा एक सशक्त हथियार के रूप में सामने आई थी। उदाहरण के तौर पर जब ब्रिटिश शासन द्वारा लादी गई अंग्रेजी भारतीयों पर शोषण करने का एक माध्यम बन गई, तब राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी भाषा ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बड़े नेताओं ने राष्ट्रीय चेतना के जागरण हेतु हिंदी भाषा को उपयुक्त माना। स्वाधीनता आंदोलन के तीव्र होने के साथ–साथ हिंदी भाषा भारतीयों के स्वाभिमान की भाषा बनी, जिससे इसका महत्त्व और भी बढ़ा। 1925 में कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में इस बात का प्रस्ताव स्वीकार किया गया कि कांग्रेस अपने सभी कार्यों में प्रादेशिक भाषा और हिंदी का प्रयोग करेगी। महाराष्ट्र, गुजरात, बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल इत्यादि क्षेत्रों में, जो मुख्यतः हिंदी भाषी क्षेत्र नहीं थे। में भी हिंदी को व्यापक स्वीकृति मिली।

भारत विविधता वाला देश है। साथ ही जनसंख्या के मामले में भी यह एक विशाल देश है। इस विशाल जनसंख्या से जनसांख्यिकीय लाभ लेने के लिए शिक्षा महत्त्वपूर्ण हो जाती है। मनुष्य को 'मानव संसाधन' के रूप में तैयार करने तथा उसके माध्यम से राष्ट्र को सशक्त करने का कार्य शिक्षा पर निर्भर है। शिक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि उसका माध्यम क्या है? यानी वह किस भाषा में दी जा रही है? विदित है कि स्वतंत्रता के बाद भारत द्वारा अशिक्षा को दूर करने पर ध्यान दिया गया। अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित कर उनके सर्वांगीण विकास का प्रयास किया गया। भारत की पूर्व शिक्षा नीतियों ने इस बात का प्रयास किया कि शिक्षा तक सबकी पहुँच हो सके लेकिन भाषाई महत्ता के माध्यम से शिक्षा का भारतीयकरण करने का जैसा प्रयास नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिखाई देता है, वह विशिष्ट है। 'बहुभाषावाद और भाषा' की शक्ति को प्रोत्साहित कर 'प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा के आलोक में यह नीति तैयार की गई है।'

भाषा, कला एवं संस्कृति की भाषा भी होती है। इसलिए देश की शिक्षा प्रणाली को भारतीय भाषाओं के कलेवर में लाना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अच्छा प्रतिफल दे सकता है। गणेश शंकर विद्यार्थी का कथन इस संदर्भ में प्रासंगिक जान पड़ता है– "भाषा जातीय जीवन और उसकी संस्कृति की सर्वप्रधान रक्षिका है, वह उसके शील का दर्पण है, उसके विकास का वैभव है, भाषा जीती और सब जीत लिया.... पराई भाषा चरित्र की दृढ़ता का अपहरण कर लेती है और मौलिकता का विनाश कर देती है।'' मौलिकता ही नवाचारों की आधारशिला तैयार करती है। अधिगम को प्रभावी बनाने एवं शिक्षा में जीवन तथा मौलिकता के संचार के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बाल्यावस्था से ही मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दे रही है– 'जहां तक संभव हो कम से कम ग्रेड 5, लेकिन बेहतर यह होगा कि ग्रेड 8 और उससे आगे तक भी शिक्षा का

माध्यम घर की भाषा, मातृभाषा, स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा होगी।'

मातृभाषा सीखने के दृष्टिकोण से सर्वोत्तम भाषा होती है। मातृभाषा के कारण बच्चों के दिमाग में शब्द एवं उनसे जुड़ी हुई चीजों के प्रति आत्मीयता विकसित होती है, जो उनके स्मरण एवं कल्पना शक्ति का विस्तार करती है। मातृभाषा में शिक्षा देने से शिक्षा का सैद्धांतिक रूप व्यावहारिकता के धरातल पर उतर पाता है। इससे बाल्यावस्था से ही आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। बाल्यावस्था के अलावा उच्च शिक्षण संस्थानों में भी इन भाषाओं के प्रोत्साहन की बात इस नई नीति में दिखायी देती है।

भारतीय भाषाओं में उच्चतर गुणवत्ता वाली सामग्री की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020, 'आईआईटीआई' की स्थापना की बात करती है। यह संस्थान अनुवाद एवं व्याख्या के विशेषज्ञों की नियुक्ति करने तथा प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करते हुए भारतीय भाषाओं को प्रचारित एवं प्रसारित करने में अपनी भूमिका अदा करेगा। इन प्रयासों से भारतीय भाषाओं में पाठ्यक्रम तैयार करने तथा अनुसंधान की दिशा में काफी लाभ होगा।

किसी भाषा के विकास के लिए शब्दकोश का निर्माण करना एवं समय के साथ उसे अद्यतन करते रहना आवश्यक होता है, जिस पर शिक्षा नीति का ध्यान है। इसके अलावा संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित सभी भाषाओं पर भी यह अपना ध्यान केंद्रित करती है। इस नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि– 'भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित प्रत्येक भाषा के लिए अकादमी की स्थापना की जाएगी, जिनमें हर भाषा से श्रेष्ठ विद्वान एवं मूल रूप से उस भाषा को बोलने वाले लोग शामिल रहेंगे, ताकि नवीन अवधारणाओं का सरल किंतु सटीक शब्दभंडार तय किया जा सके तथा नियमित रूप से शब्दकोश जारी किया जा सके।' इस नीति में भाषा शिक्षण सुधार तथा बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करने के लिए त्रिभाषा सूत्र के जल्द क्रियान्वयन की बात हो रही है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी भारतीय भाषाओं की महत्ता को समझते हुए शिक्षा के भारतीयकरण का प्रयास कर रही है। इस प्रकार, शिक्षा द्वारा व्यक्ति की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। व्यक्ति से समाज एवं समाज से संपूर्ण राष्ट्र आत्मनिर्भरता के मार्ग पर प्रशस्त होगा जिससे आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न साकार होगा, ऐसी आशा की जा सकती है।

❒❒❒

शोध–छात्र, हिंदी विभाग
काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना

–ऋचा राघव

संपूर्ण देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए भाषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। भारत जैसे विशाल देश में यह और महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत एक विविध भाषा–भाषी देश है जिनमें से हमें एक ऐसी भाषा का चुनाव करना है जिससे संपूर्ण देश में एक चेतना का संचार किया जा सके। भारत के भाषा विशेषज्ञों ने इन तथ्यों को देखते हुए ही हिंदी भाषा को सर्वोपरि रखा। यही हिंदी भाषा स्वाधीनता संग्राम की सहचरिणी बनी।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इस समाज में रहने के लिए उसे भाषा रूपी माध्यम की आवश्यकता पड़ती है जिसकी सहायता से वह अपने विचारों को दूसरे व्यक्तियों तक आराम से पहुँचा सकता है। इसी भाषा के माध्यम से संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो कर रखा जा सकता है। स्वाधीनता के समय हमारे कवियों ने देश में राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने हिंदी भाषा के माध्यम से संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोकर लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत की जिसके परिणामस्वरूप भारतवर्ष स्वाधीनता के अँचल में साँस ले पाया। भाषा ही वह ताकत है जो लोगों के अंतर मन को जाकर छूती है, इसलिए अपनी भाषा में कही गई हर बात इंसान को अपने इतने नज़दीक ले आती है कि वह हमारी हर बात मानने को विवश हो जाता है। अपनी भाषा में कही गई बात हमारे अंतर्मन को छूती है और हम उस से प्रभावित होकर कार्य करने के लिए अपने पूरे मन के साथ प्रेरित होते हैं। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने भाषा की ताकत को समझ लिया था। यही कारण है कि महात्मा गाँधी स्वयं गुजराती भाषी थे लेकिन उन्होंने हिंदी पर इतना बल दिया था सिर्फ महात्मा गाँधी ही नहीं अपितु कई अन्य भाषा–भाषी लोगों ने हिंदी पर बहुत बल दिया जिनमें सरदार वल्लभभाई पटेल, गुरु रविंद्रनाथ टैगोर के नाम उल्लेखनीय हैं। लोगों में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने के लिए हिंदी भाषा को माध्यम बनाकर संपूर्ण देश में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य हमारे कवियों द्वारा प्रमुख रूप से किया गया। वर्तमान समय में भी हिंदी कवियों द्वारा हिंदी भाषा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय चेतना जगाने में हिंदी भाषा पूर्ण रूप से समर्थ है। हिंदी भाषा के ही माध्यम से राष्ट्र को एकजुट किया जा सकता है।

बीज शब्द–राष्ट्रीय चेतना, हिंदी भाषा, स्वाधीनता, अंचल।

भारत जैसे विशाल देश की आधिकारिक राष्ट्रभाषा हिंदी को वर्तमान समय में आधी से अधिक जनसंख्या द्वारा बोला

जाता और समझा जाता है। आजकल विश्व बाजार में भी हिंदी भाषा रोजगार के नवीन विकल्प प्रदान करने में सहयोग प्रदान कर रही है। वर्तमान परिवेश में यह चर्चा स्वाभाविक है कि पिछले कुछ वर्षों में हिंदी भाषा ने वैश्विक स्तर पर कितनी उपयोगिता प्राप्त की है। हमारे देश की हिंदी भाषा विश्व के अनेक देशों में जैसे ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन अमेरिका, सिंगापुर, न्यूजीलैंड तथा मॉरीशस जैसे आज अनेक देशों के नागरिकों द्वारा समझी जाती है। डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी के अनुसार–

मॉरीशस की कुल आबादी 12 लाख है। इसमें से 8 लाख भारतीय मूल के लोग हैं। शेष चार लाख में क्रियोल, फ्रेंच, चीनी और अन्य। यहाँ मुख्यतः हिंदू, इस्लाम और ईसाई धर्मावलंबी ही है।[1]

हिंदी देश की आधिकारिक भाषा होते हुए भी हमारे न्यायालयों, दफ्तरों एवं अधिकांश विद्यालयों में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग होता आ रहा है। विद्यार्थियों में भी उन्हें ही श्रेष्ठ माना जाता है जो अंग्रेजी को सही प्रकार से बोलते हैं। हिंदी को राजभाषा का दर्जा तो प्रदान कर दिया गया लेकिन हिंदी को हर प्रकार से भारत के राजकाज की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के प्रयास अभी भी धूमिल ही दृष्टिगत होते हैं। विश्व हिंदी दिवस की उपादेयता को समझते हुए उसे लागू भी कर दिया लेकिन हिंदी के लिए जो वातावरण तैयार करना था उसे करने में आलस्य दिखलाई देता है। जिस अंग्रेजी भाषा को राजकाज की भाषा स्थापित कर रखा है उसे लगभग 200 वर्षों के प्रयासों के उपरांत भी देश की अनुमानित 5% जनसंख्या भी उसमें दक्षता प्राप्त नहीं कर सकी है। सरकार द्वारा नवीन शिक्षा नीति एक उत्तम कदम है क्योंकि पूर्व में लॉर्ड मेकाले द्वारा जो शिक्षा पद्धति तैयार करके लागू की थी, तभी से भारत को स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भी उसमें समय–समय पर लघु सुधार ही किए गए जिससे हिंदी भाषा के प्रति जनता, विद्यार्थी एवं शिक्षकों को का रुझान भी कमोवेश कम ही रहा। लेकिन नई शिक्षा नीति के प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा में स्थानीय और मातृ भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने की बात कही गई है लेकिन शिक्षा के उच्च पदों पर आसीन नौकरशाहों का भारतीय भाषाओं के प्रति दिखावा ही प्रतीत होता है। ऐसे में जनमानस में एक प्रश्न उठता है कि आखिर क्या प्रयास करना होगा कि हिंदी भाषा को जनमानस के पटल पर सरलता से उतारा जा सके? क्या हिंदी भाषा में वह शक्ति नहीं है जो संपूर्ण राष्ट्र को एक साथ चला सके या उस में राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न कर सके। सदैव से इस प्रश्न का जवाब हाँ ही है क्योंकि प्रत्येक देश की भाषा वहाँ के संपूर्ण राष्ट्र को प्रभावित करती है। संपूर्ण देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए भाषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। भारत जैसे विशाल देश में यह और महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत एक विविध भाषा–भाषी देश है जिनमें से हमें एक ऐसी भाषा का चुनाव करना है जिससे संपूर्ण देश में एक चेतना का संचार किया जा सके। भारत के भाषा विशेषज्ञों ने इन तथ्यों को देखते हुए ही हिंदी भाषा को सर्वोपरि रखा। यही हिंदी भाषा स्वाधीनता संग्राम की सहचरिणी बनी। महात्मा गांधी ने अपनी गुजराती भाषा का मोह त्यागकर हिंदी भाषा को अपनाया और इसी हिंदी भाषा के माध्यम से अपनी बात लोगों को समझायी। यह हिंदी भाषा प्राचीन काल से ही लोगों में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का काम करती रही है। आदिकाल, जिसका नाम इसकी वीरता प्रधान रचनाओं के आधार पर वीरगाथा काल पड़ा, की अधिकांश रचनाएँ राष्ट्रीयता की भावना से ओत–प्रोत थीं। इनमें से कुछ रचनाएँ तो आज तक भी राष्ट्रीयता जगाने का काम निरंतर कर रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से परमाल रासो का नाम लिया जा सकता है। कहा जाता है कि प्रथम

विश्वयुद्ध में सैनिकों को युद्ध पर जाने से पहले परमाल रासो को गाकर सुनाया जाता था। भक्ति काल में कबीर, सूर और तुलसी आदि कवियों ने अपने काव्य में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य किया।

कालांतर में रीतिकालीन कवियों ने भी राजाओं के श्रृंगार और भोग–लिप्तता का चित्रण करने वाले कवियों के बीच भी राष्ट्रीय चेतना का संदेश देने वाले कवियों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इनमें प्रमुख रूप से भूषण ने शिवाजी और छत्रसाल जैसे वीर नायकों को अपने काव्य का वर्ण्य–विषय बनाया और राष्ट्रीयता की मिटती जा रही भावना को एक आशा के साथ प्रस्तुत किया। इस काल में अकेले भूषण ही नहीं अपितु गुरु गोविंद सिंह और सेनापति जैसे कवियों ने भी राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का कार्य किया। इसी हिंदी भाषा के बल पर भारतीय स्वाध ीनता संग्राम में हिंदी भाषा के कवियों द्वारा राष्ट्रीय चेतना जगाने का प्रयास किया गया। भारतेंदु हरिश्चंद्र लोगों में राष्ट्रीय प्रेम को जागृत करते हुए कहते हैं–

डुबत भारत नाथ बेगि जागो अब जागो।
बालस दवेएहि दहन हेतु चहुँ दिशि सों लागों।।
महामूढ़ता वायु बढ़ावत तेहि अनुरागो।
कृपा दृष्टि की वृष्टि बुझावहु आलस त्यागो।। 2

भारतीय लोगों के मन में एकता की भावना का संचार करते हुए भारतेंदु हरिश्चंद्र कहते हैं–

बैर फूट ही सों भयो, सब भारत को नास।
तबहुँ न छाड़त याहि सब, बंधे मोह के पास।। 3

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को स्वदेश प्रेम, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और अपनी भाषा को अपनाने पर विशेष बल दिया। भाषा के लिए भारतेंदु हरिश्चंद्र कहते हैं–

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल।। 4

हिंदी भाषा में समय–समय पर लोगों के मध्य जागरूकता फैलाने का कार्य किया। कुछ अहिंदी भाषी लोग और अंग्रेजी के समर्थक हिन्दी का विरोध करते रहते हैं। उनके द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि हिंदी को लादा नहीं जा सकता। जिसके कारण हमारे देश में भाषा का प्रश्न आज भी वैसा ही बना हुआ है जैसा सत्ता प्राप्ति के बाद था। हिंदी भाषा किस कवियों का इस ओर ध्यान गया। उन्होंने लोगों के मन मस्तिष्क में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध जनमत को जागृत किया। भारतेंदु हरिश्चंद्र कहते हैं–

अंग्रेज राज साज सजे सब भारी
पै धन विदेश चलि जात इहै बडख्वारि।[5]

मैथिलीशरण गुप्त ने अपने काव्य भारत–भारती में समाज में व्याप्त लोगों की दयनीय दशा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा है–

हम कौन थे, और क्या हो गए हैं, और क्या होंगे अभी,
आओ, विचारें आज मिलकर ये सभी समस्याएँ सभी।
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं,
हम कौन थे, इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं ।।[6]

गुप्तजी ने सुप्त पड़ी हुई लोगों की चेतना को अपने काव्य के माध्यम से जागृत किया और लोगों में एक नई राष्ट्रीय चेतना को प्रदीप्त कर उन्होंने राष्ट्र को एक नवीन मार्ग दिखाया। उन्हें अपने राष्ट्र के प्राचीन गौरव और संस्कृति को पहचानने के लिए विवश किया लोगों का ध्यान बार–बार उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की ओर आकर्षित किया। डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी कहते हैं कि–

राष्ट्रीयता अपने पूरे विस्तार और वेग में भारत–भारती का उपजीव्य है।[7]

मैथिलीशरण गुप्त ने भी संभावनाओं को माध्यम बनाकर लोगों को चेतन में बनाने के लिए वे सहज यही पुकार उठते हैं–

हे भाइयों! सोए बहुत, अब तो उठो जागो अहो।
देखो जरा अपनी दशा, आलस्य को त्यागो अहो
कुछ पार है, क्या–क्या समय के, उलट–फेर न हो चुके!
अब भी सजग होंगे न क्या? सर्वस्व तो हो खो चुके।।[8]

मैथिलीशरण गुप्त अपने महाकाव्य भारत–भारती में भारत के लिंग वर्तमान समय में देश भक्ति बताते हुए कहते हैं–

समझो ना भारत–भक्ति केवल भूमि के ही प्रेम को,
चाहो सदा निज देशवासी बंधुओं के क्षेम को।
यों तो सभी जड़ जन्तु भी स्वास्थान के अति भक्त हैं,
कृमि, कीट, खग, मृग, मीन भी हम से अधिक अनुरक्त हैं।।[9]

हिंदी भाषा के कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीयता के नवीन भावना का प्रचार किया देश को एक समय अनुकूल राष्ट्रीय चेतना प्रदान की माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी कविता फूल की चाह के अंतर्गत राष्ट्रप्रेम का परिचय कुछ इस प्रकार दिया है।

चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं,
चाह नहीं प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पर जावें वीर अनेक।।[10]

इन चैतन्य कवियों ने लोगों का ध्यान सामाजिक बुराइयों की ओर भी आकर्षित किया जिसके लिए उन्होंने हिंदी भाषा को अपनाकर उसे आगे बढ़ाया इनके अनुसार वही भाषा राष्ट्रभाषा के रूप में लोगों को जागरूक कर सकती है, जो अधिकांश लोगों द्वारा समझी जाती हो। यह हिंदी भाषा के अतिरिक्त कोई अन्य भाषा इस पद को प्राप्त नहीं कर सकती। भाषा ने सदैव से ही भारतीय लोगों के मन में वास किया। इस भाषा के माध्यम से लोगों ने जो बात कहनी चाहिए उसे सरलता के साथ कहा। अज्ञेय ने न सिर्फ भारत के वैभव का बल्कि उसके प्राकृतिक सौंदर्य जो गाँव में निवास करता है, उसका वर्णन करते हुए कहा है–

इन्हीं तृण–फूस–छप्पर से ढँके ढुलमुल गँवारू
झोंपड़ों में ही हमारा देश बसता है।[11]

हिंदी भाषा के इतना संपन्न होने पर भी हमारे मध्य में एक छोटा सा वर्ग है जो हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने में अनेक तर्कों को प्रस्तुत करते हैं। उनमें अधिकांश प्रांतीयता और अंग्रेजी भाषा के समर्थक हैं। वह तर्क देते हैं कि हिंदी का ज्ञान भंडार कम है इसलिए इसके माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र में सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी हिंदी

को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए थे। उनके अनुसार–

मैं हमेशा यह मानता हूँ कि हम किसी भी हालत में प्रांतीय भाषाओं को नुकसान पहुँचाना या मिटाना नहीं चाहते। हमारा मतलब तो सिर्फ यह है कि विभिन्न प्रांतों के पारस्परिक संबंध के लिए हम हिंदी भाषा सीखें। ऐसा कहने से हिंदी के प्रति हमारा कोई पक्षपात प्रकट नहीं होता। हिंदी को हम राष्ट्रभाषा मानते हैं। वह राष्ट्रीय होने के लायक है। वही भाषा राष्ट्रीय भाषा बन सकती है जिसे अधिक संख्या में लोग जानते बोलते हो और जो सीखने में सुगम हो।[12]

हिंदी भाषा ने एक लंबी यात्रा से गुजर कर भारतीय जनमानस के हृदय में एक विशेष स्थान बनाया है जिससे वह जन–जन के द्वारा समझी एवं बोली जाती है। हिंदी भाषा ने अपनी इस चेतन यात्रा में कई पड़ावों को पार किया जिससे आज उसके स्वरूप में भी पर्याप्त परिवर्तन आया है। आज की आवश्यकताओं के अनुसार राष्ट्रीय चेतना का स्वरूप भी बदला है। आज के इस बदलते हुए स्वरूप को भी हिंदी के द्वारा स्पष्ट तथा व्यक्त किया जा रहा है। यह हिंदी भाषा की महान उपलब्धि ही है कि उसके द्वारा प्राचीन काल से अब तक लोगों को सजग एवं सचेत किया जाता रहा है। हम हिंदी भाषा के रूप में अपने राष्ट्र को एकजुट बनाए रख सकते हैं और इसके माध्यम से अपने संपूर्ण राष्ट्र को एकता का संदेश दे सकते हैं और हमें अपनी इस भाषा पर गर्व है।

संदर्भ सूची

1. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी –हिंद महासागर का मोती 'मॉरिशस' पृष्ठ संख्या 127
2. भारतेंदु हरिश्चंद्र–भारतेंदु ग्रंथावली भाग–2, पृष्ठ संख्या 230
3. वही, पृष्ठ संख्या 352
4. वही, पृष्ठ संख्या 402
5. hindisahitya.com
6. मैथिलीशरण गुप्त भारत भारती प्रश्न संख्या 13
7. रामस्वरूप चतुर्वेदी– हिंदी काव्य का विकास पृष्ठ संख्या 142
8. मैथिलीशरण गुप्त –भारत भारती पृष्ठ संख्या 123
9. वही, पृष्ठ संख्या 129
10. hindikunj.com
11. द्वारिका प्रसाद सक्सेना हिंदी के आधुनिक प्रतिनिधि कवि पृष्ठ संख्या 429
12. मोहनदास करमचंद गाँधी–वैचारिकी, हिंदी समय.काम

❒❒❒

हिंदी विभाग

एम.एल.एंड जे.एन.के. गर्ल्स कॉलेज सहारनपुर

मोबाइल नं. - 7982147475 ईमेल - richaraghav70@gmail.com

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय चेतना

–डॉ. योजना कालिया

राजभाषा के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हिन्दी भाषा ही है। गांधी जी ने यहां तक कहा था कि राष्ट्रीय भाषा वही भाषा हो सकती है जो सरकारी कर्मचारियों के लिए सहज और सुगम हो, जो धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में माध्यम भाषा बनने की शक्ति रखती हो, जिसको बोलने वाले बहुसंख्यक हों और जो पूरे देश के लिए सहज रूप से उपलब्ध हो।

वर्तमान में एक शिक्षक हर दिन इस आत्मसंघर्ष से दो–चार होता है कि बाजारवाद के इस दौर में वह अपने विद्यार्थी को सफल होने के लिए साम–दाम–दंड–भेद की नीति से प्रशिक्षित करके आत्मसंतुष्ट हो जाए अथवा उसे राष्ट्र के प्रति एक सजग चेतना से जोड़े। दुर्भाग्यवश आज सफल होने के रास्ते और आदर्श मानव–मूल्यों के मार्ग एक–दूसरे की बिल्कुल विपरीत दिशा में बढ़ रहे हैं। भाषा का प्रश्न भी इसी प्रकार का है। इस महत्त्वपूर्ण विषय को विभिन्न अतिवादी दृष्टियों एवं विचारधाराओं के कारण कई खेमों में बांटकर देखने की विवशता बन चुकी है। दरअसल इन विभिन्न खेमों का निर्माण किसी विशिष्ट विचारधारा का परिणाम नहीं है, यह केवल एक नवीन प्रकार की राजनैतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम है जिसमें दौड़ता हुआ प्रत्येक प्रतिभागी अपनी विशिष्टता सिद्ध करना चाहता है, इतिहास के पृष्ठों पर अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित देखना चाहता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वह अपने अतार्किक विचारों और संकुचित दृष्टिकोण को भी उन प्रबल शब्दों में अभिव्यक्त करता है कि उसके साथ उसके कुछ समर्थक जुड़ जाते हैं। इस प्रकार से प्रारम्भ हो जाते हैं कुछ आंदोलन, जो केवल अपनी–अपनी बात कहते हैं और दूसरे पक्ष को सुनना भी नहीं चाहते। इस जीत और हार के खेल में जिसका सबसे अधिक नुकसान होता है, वह है भाषा।

विविधताओं के देश भारत की खूबसूरती ही उसकी विभिन्नताओं के सामंजस्य में है। भारत का अस्तित्व यहां के प्रत्येक रंग में विद्धमान है न कि किसी एक रंग में जब तक हम अपने राष्ट्र की इस विविध धर्मी विशिष्टता का सम्मान नहीं करेंगे तब तक हम तथाकथित संकीर्णताओं से नहीं उभर सकते।

इतिहास साक्षी है कि जब तक कबीर की तरह की 'घर फूंकने' और 'लुकाठी' हाथ में लेने की क्षमता अर्जित नहीं होती जब तक परिवर्तन की आकांक्षाएं कोरा स्वप्न हैं। कुछ पाने के लिए कुछ ना कुछ खोना पड़ता है और यह खोना वास्तव में त्यागना है। व्यक्तिगत सफलता के अकांक्षी इस समय को त्याग का संदेश हास्यास्पद प्रतीत होता है। ऐसे भाषा को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का उपक्रम भी काफी दुष्कर हो जाता है। तो युवा पीढ़ी को किस प्रकार इस महत् उद्देश्य से जोड़ा जा सकता है।

इतिहास सदैव हमारे लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। मध्यकालीन रचनाकारों ने अपनी क्षेत्रीय बोलियों से कभी भी दूरी नहीं बनाई थी, बल्कि अपने संदेशों/रचनाओं के माध्यम से अपने क्षेत्र की बोलियों को अन्य प्रदेश तक भी पहुंचाने का काम तो किया ही साथ ही भ्रमण की स्वाभाविक प्रकृति के चलते विभिन्न प्रदेशों के विशिष्ट शब्दों को भी ग्रहण करते चले। कबीर की सधुक्कड़ी भाषा इस बात का सुंदर उदाहरण है। आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं यथा महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, मदनमोहन मालवीय जैसे महारथी भी भाषा और राष्ट्रीयता के प्रश्न पर विचार करते रहे। उनका मानना था कि राजभाषा के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हिन्दी भाषा ही है। गांधी जी ने यहां तक कहा था कि राष्ट्रीय भाषा वही भाषा हो सकती है जो सरकारी कर्मचारियों के लिए सहज और सुगम हो, जो धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में माध्यम भाषा बनने की शक्ति रखती हो, जिसको बोलने वाले बहुसंख्यक हों और जो पूरे देश के लिए सहज रूप से उपलब्ध हो। अंग्रेजी किसी भी तरह इस कसौटी पर खरी नही उतर पाती। उनके अनुसार हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा थी जो उनके द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति करती थी, फिर ऐसे क्या कारण थे कि संविधान के अनुच्छेद–343 के अनुसार ''संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी'' स्वीकृत होने के बावजूद उसी अनुच्छेद के खंड (2) के अनुसार 'संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की कालावधि के लिए उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग की जाती रहेगी जिनके लिए ऐसे प्रारम्भ के पहले वह प्रयोग की जाती थी' को व्यवहार में लाया गया? इस प्रश्न के उत्तर में तर्क दिए गए कि अंग्रेजी के स्थान पर प्रशासनिक व्यवहार क्षेत्र में तत्काल प्रयोग में लाने के लिए हिन्दी भाषा न तो समर्थ है और न विकसित।

तो क्या गांधी जी और उनके साथ के अन्य महारथियों की भाषा संबंधी दृष्टि को अविकसित मान लिया जाए? देश के विभाजन–कर्ता हर दृष्टि से देश को कमजोर करने के लिए तत्पर थे। भाषा का प्रश्न धर्म, जाति और प्रदेश से जोड़कर उन्होंनें अपना खेल खेला और कहा कि एकाएक परिवर्तन से अहिन्दी भाषियों को काफी असुविधा होगी, इसलिए राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 में यह व्यवस्था की गई कि 1965 के बाद भी स्थिति यथावत् बनी रहे। इस प्रकार राजभाषा संशोधित अधिनियम ने द्विभाषिक प्रक्रिया को बढ़ावा दिया। परंतु यहां ठहरकर प्रश्न किया जा सकता है कि क्या यह द्विभाषिकता की स्थिति केवल अंग्रेजी और हिन्दी के ही संदर्भ में अनिवार्य थी? या हिन्दी और उस अहिन्दी भाषी प्रांत की क्षेत्रीय भाषा के साथ यह द्विभाषिकता की नीति लागू नहीं की जा सकती थी? या केवल एक अंग्रेजी ही ऐसी भाषा थी जो भारत के सभी अहिन्दी भाषी प्रांतों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रयुक्त की जा सकती थी? उसके उत्तर में सामान्य रूप से यह तर्क दिया जा सकता है कि इन प्रांतों की क्षेत्रीय भाषाएं प्रशासनिक सक्षम शब्दावली से युक्त नहीं थीं, तो क्या ऐसे में अंग्रेजी ही एकमात्र बैशाखी थी जिसका सहारा लेकर प्रशासन चल सकता था? अथवा इस निर्णय में हमारे पूर्वजों से शायद अनजाने में कुछ भूल हुई है? क्योंकि जहां तक हिन्दी भाषा की व्यापकता और व्यवहार शक्ति की क्षमता का प्रश्न है, गांधी जी के अनुसार 1917 के भारत की स्थिति यह थी कि हिन्दी बोलने जहां भी जाता है हिन्दी का प्रयोग करता है और कोई व्यक्ति इस पर आश्चर्य व्यक्त नहीं करता। हिन्दी बोलने वाले हिन्दू धर्मोपदेशक और उर्दू बोलने वाले मौलवी संपूर्ण भारतवर्ष में धर्म और आचरण संबंधी अपने भाषण हिन्दी या उर्दू में देते पाए जाते हैं। औरों की बात तो दूर, यहां तक कि अशिक्षित बहुसमाज भी उन्हें समझ लेता है।

राष्ट्रपिता के उक्त समर्थन के बावजूद भी हिन्दी आज तक राष्ट्रभाषा का स्वतंत्र स्थान नहीं प्राप्त कर सकी, इसका कारण हमें कहीं बहुत पीछे जाकर तलाशना पड़ेगा। अंग्रेजों ने वली, सौदा, नजीर अकबराबादी जैसे कवियों की लोक जीवन से जुड़ी हिन्दी–हिन्दुस्तानी की उपेक्षा करके फारसीमुखी हिन्दुस्तानी को जान–बूझकर तरजीह दी थी। गिलक्राइस्ट ने हिन्दी को 'गवारु' और हिन्दुओं की भाषा कहा था। गार्सा दत्तासी ने भी कहा कि 'हिन्दी में हिन्दू धर्म का

आभास है– वह हिन्दू धर्म, जिनके मूल में बुतपरस्ती और आनुषंगिक विधान है।...इस समय हिन्दी की हैसियत एक बोली की सी रह गई है, जो हर गांव में अलग–अलग ढंग से बोली जाती है। 'दरअसल हिन्दी चेतना के व्यापक धर्मनिरपेक्ष की ओर कई बुद्धिजीवियों ने जानबूझकर ध्यान नहीं दिया।' भारतीय अस्मिता और हिन्दी नामक पुस्तक में शंभुनाथ लिखते हैं कि–'भारत के आजाद होने के बावजूद हिन्दी का आजादी का स्वप्न पूरा नहीं हुआ। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ने कहा था, यदि देश आजाद हो गया, तब भी भाषा गुलाम रह सकती है, पर भाषा आजाद हो गई तो देश गुलाम नहीं रह सकता।' कहा जा सकता है कि हिन्दी को सामाजिक–क्षेत्रीय भेदभावों से मुक्त राष्ट्रीय अस्मिता की भाषा बनकर उभरना अभी भी बाकी है।

आजादी के 76वें वर्ष में भी आज यदि हम हिन्दी भाषा को हम अपनी अस्मिता से जोड़कर पूरी तरह से व्याख्यायित नहीं कर पाते तो यह प्रश्न प्रत्येक नागरिक को अपने–आप से पूछना चाहिए कि हम अपने देश, अपनी भाषा और अपने राष्ट्र के प्रति कितने ईमानदार हैं।

एक शिक्षक के रूप में युवा पीढ़ी के साथ हर पल जुड़ने का अवसर मिलता है। जब तक उनसे विचार–विमर्श होता ही रहता है। एक बात जो वर्तमान के युवा में अधिकांशतः मिलती–जुलती है, वह है विदेश–भ्रमण और भारत से बाहर स्थापित होने की प्रबल इच्छा। माता–पिता भी अपनी संतान को इसी रूप में सफल देखना चाहते हैं। यद्यपि यह भी सत्य है कि भारत छोड़कर बाहर बसे भारतीयों में अपनी भाषा, सभ्यता और संस्कृति को लेकर एक ईमानदार प्रेम जागृत होता है और वे उसके विकास के लिए दूर रहकर भी प्रयासरत रहते हैं। परंतु भारत में रहने वाली युवा पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए स्वयं को आधुनिक समझ रहा है। हिन्दी भाषा के प्रति जो उपेक्षा का भाव इस पीढ़ी में दिखाई पड़ता है उसके जिम्मेदार मेरी समझ में यह युवा नहीं हैं बल्कि हम हैं, जिन्होंनें उन्हें वह आदर्श नहीं दिए जो उन्हें देशभक्त बना सके।

दरअसल हमने अपनी अगली पीढ़ी को मनुष्य से अधिक उपभोक्ता बनाया है। जो उसी ओर आकर्षित होता है, जिधर उसे लाभ होता है। त्याग, समर्पण, आस्था, विश्वास और राष्ट्र–प्रेम यह सभी शब्द जैसे केवल खोखले शब्द रह गए हैं, इनके भीतर के अर्थ और संदर्भ कहीं काम पर जाने वाले बच्चों की गेंदों की तरह अंतरिक्ष में खो गए हैं।

वस्तुस्थिति तो यही है, प्रश्न उठता है कि ऐसे में हमारा कर्तव्य अथवा दायित्व क्या है व्यक्तिगत विश्वास के आधार पर मुझे प्रतीत होता है कि सबसे पहला कर्तव्य तो यह है कि देश के भीतर ही जो जातिगत, प्रदेशगत, धर्मगत, भाषागत वैमनस्य बढ़ रहा है, उसके प्रति युवा को सजग किया जाए। सांप्रदायिक द्वेष और कट्टरता तथा आपसी शत्रुता का का परिणाम दंगे ही हो सकते हैं, जो कि समय–समय पर स्थान–स्थान पर हुआ करते हैं। उस आपातकाल में कुछ शक्तियां युवाओं को दिग्भ्रमित करके अपने निजी स्वार्थों के लिए प्रयोग करतीं हैं। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें सही दिशा दिखाएं, एकता और सामंजस्य का भाव सिखाएं। उन्हें अपने देश और देशवासियों के उज्ज्वल इतिहास से परिचित कराएं। उन्हें निज भाषा के महत्त्व का ज्ञान दें। संपूर्ण राष्ट्र की अवधारणा का संस्कार उन्हें दें। भारत में रहने वाली प्रत्येक जाति, प्रत्येक धर्म, प्रत्येक भाषा–भाषी का सम्मान उन्हें करने का अभ्यास कराएं। जिस तरह विदेश में मिलने वाला हर भारतवासी चाहे वह सुदुर प्रदेश का ही क्यों न हो भाई ही लगता है, वही संवेदना का अभ्यास देश में रहते हुए ही कराना चाहिए। सभी तरह की विभिन्नताओं से ऊपर भारतीयता का पाठ उनके रक्त में प्रवाहित करना होगा, तभी हम अपनी भाषा को वह स्थान दिला पाएंगें, जिसकी प्रतीक्षा में हम बरसों बिता चुके हैं।

❑❑❑

एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, विवेकानंद कॉलेज, विवेक विहार, दिल्ली विश्वविद्यालय

मोबाइल नं.: 9540932431 ईमेलः yojnakalia73@gmail.com

नेपाल में हिंदी का वर्तमान परिदृश्य

–अमित जायसवाल

जब भी हम भारतीयों से हमारे सबसे प्यारे पड़ोसी की बात की जाती है, त्यों ही हमारा मानस पटल नेपाल का चित्र स्वतः ही उकेरने लगता है और निःसन्देह ही नेपाल हमारा सबसे प्यारा और विश्वसनीय पड़ोसी है। जिसके साथ हमारे सम्बन्ध रोटी–बेटी के है।

नेपाल की भौगोलिक स्थिति के कारण ही हिन्दी भाषा वहां के समाज में अभिन्न रूप में रची–बसी हुई है। नेपाल तीन ओर से भारत से घिरा है। पूर्व में बंगाल, पश्चिम में उत्तराखण्ड और दक्षिण का विस्तृत भू–भाग जो कि नेपाल के तराई का हिस्सा है, जो लगभग 50 प्रतिशत आबादी को बसाये हुए है, वह उत्तर प्रदेश और बिहार से लगा हुआ है। जो कि हिन्दी भाषा के गढ़ हैं। जहां तक नेपाल में हिन्दी भाषा के समाज की चर्चा की जाए तो हम देखते हैं कि पूर्व में मेची नदी (बंगाल की सीमा) से पश्चिम में महाकाली नदी (उत्तराखण्ड की सीमा) तक, दक्षिण में उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ ही उत्तर चीन सीमा (तातोपानी, कोदारी) तक बिना किसी झिझक और रुकावट के हिन्दी समझी जाती है और बहुत हद तक सभी लोग इसे बोलने में भी समर्थ हैं।

भाषा की दृष्टि से मैं नेपाल को एक अलग राष्ट्र न मानकर भारत का ही एक राज्य मानने का पक्षधर हूं। जहां कि राजभाषा हिन्दी ना होकर नेपाली है। जहां आबादी का बहुत बड़ा भाग मातृभाषा के रूप में अवधी, भोजपुरी, मैथिली इत्यादि का प्रयोग करता है। इसके अलावा हिन्दी यहां सम्पर्क भाषा के रूप में है। जो तराई को घाटी और पहाड़ से तथा पहाड़ियों को तराई से जोड़ती है। नेपाल में हिन्दी का विकास सहज मानवीय भाषा आदान–प्रदान की प्रक्रिया के आधार पर हुआ है। नेपाल में हिन्दी प्रवासी भाषा नहीं कही जा सकती। जब यह बात कही जा रही है, तो इसका मतलब यह है कि नेपाल में हिन्दी की एक समृद्ध परम्परा रही है। जो कुक्करिपा से होते हुए आज के वर्तमान लेखकों तक बराबर बनी हुई है। प्राचीन समय से ही नेपाल भारत का अंग रहा है। तो स्वाभाविक रूप से उसकी भाषा व संस्कृति भारतीय भाषा और संस्कृति के अनुरूप होनी है। परन्तु समय का चक्र चलता गया भारत देश टूटता गया और नई–नई सीमायें बनती चली गई। खैर,

नेपाल में हिन्दी का विकास सहज मानवीय भाषा आदान–प्रदान की प्रक्रिया के आधार पर हुआ है। नेपाल में हिन्दी प्रवासी भाषा नहीं कही जा सकती। जब यह बात कही जा रही है, तो इसका मतलब यह है कि नेपाल में हिन्दी की एक समृद्ध परम्परा रही है। जो कुक्करिपा से होते हुए आज के वर्तमान लेखकों तक बराबर बनी हुई है।

वर्तमान नेपाल का जो भौगोलिक स्वरूप है। उसे तीन भागों में बांटा जा सकता है–

1. पहाड़
2. घाटी
3. तराई

1. जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि पहाड़ का क्षेत्र काफी दुर्गम और ऊंची पहाड़ियों पर बसा है। जहां साधन और संसाधन बड़ी मुश्किल से ही पहुंच पातें है। जहां पर्यटक भी कम ही जाते हैं और सुविधा के नाम पर बुनियादी चीज ही मिल पाती हैं। इसके अलावा प्राथमिक से उच्च शिक्षा के स्तर पर हिन्दी ना होने के बावजूद भी पहाड़ी लोगों को हिन्दी समझने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना करते हुए नहीं देखा गया। पुराने समय से ही पहाड़ के लोग रोजगार की तलाश में घाटी और तराई में आने–जाने से भारतीय भाषाओं से परिचित होते रहे हैं। साथ ही साथ पहाड़ी लोग अक्सर भारत में भी आते रहे हैं। जिससे उन्हें हिन्दी का अच्छा–खासा अभ्यास हो जाता है। जिसका प्रयोग उन्हें पर्यटकों के बीच बराबर करना पड़ता है। यहां के लोग आपसी बातचीत या फिर अपने घरों में भी हिन्दी का प्रयोग करते हुए कभी–कभी नजर आ जाते हैं। अब तो भूमण्डलीकरण के दौर में इन्टरनेट की पहुंच ने यहां के लोगों को और भी अधिक हिन्दी का अभ्यस्त बना दिया है। क्योंकि उनके मनोरंजन के जो विषय हैं, वह अधिकतर भारतीय सिनेमा, सीरियल और यूट्यूब वीडियोस् हैं। जो कि हिन्दी भाषा में ही रहते हैं। इसका एक उदाहरण चीन सीमा के बगल के गांव तातोपानी में देखने को मिला। वहां एक दसवीं के छात्र (मीने) की हिन्दी के व्यवहार को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह गया। उसने बताया कि यहां लगभग सभी हिन्दी जानते व समझते हैं। क्योंकि हम सभी हिन्दी पिक्चर और वीडियोस् देखा करते हैं। इसीलिए अब हम अभ्यस्त हो गए हैं।

2. घाटी का क्षेत्र मुख्य रूप से पर्यटन पर आधारित है और जिस हिस्से को नेपाल समझा जाता है, उसके केन्द्र में यही भाग है। घाटी होने के कारण यहां कई खूबसूरत स्थान है। काठमाण्डू, पोखरा, फिदिम इत्यादि पर्यटन स्थल इसी प्रकार की घाटी क्षेत्र है। नेपाल में यात्रियों का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से ही आता रहा है और साथ ही आती रही है भाषा। जिस कारण यहां के बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक अच्छी–खासी हिन्दी बोलने और समझने में सक्षम हैं। इस प्रकार नेपाल में नेपाली भाषा के साथ–साथ सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी नेपाल की घाटियों में परम्परागत रूप से चलती चली आ रही है।

3. तराई का क्षेत्र सपाट, उर्वरक और कृषि के अनुकुल होने के कारण नेपाल की आर्थिक स्थिति का आधार रही है। तराई का हिस्सा उत्तर प्रदेश, बिहार से सटे होने के परिणामस्वरूप हिन्दी बोली का व्यवहार करती रही है, जो की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है। अवधी, भोजपुरी, मैथिली, मगही इत्यादि इस क्षेत्र की मातृभाषाएं हैं। नेपाल के तराई में हिन्दी की बहुपयोगिता इस क्षेत्र में आये नये व्यक्ति के मस्तिष्क को एक क्षण के लिए भ्रमित कर देती है कि शायद हम नेपाल में नहीं भारत के किसी एक हिन्दी भाषी हिस्से में खड़े हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार से लगे होने के कारण नेपाली भी हिन्दी की बोलियों से प्रभावित नजर आते हैं। नेपाली और हिन्दी बोलियों में काफी समानता है। 'क्योंकि खसकुरा नामक बोली जिसे नेपाली कहा जाता है, वह मुख्य रूप से नेपाल के पश्चिम पहाड़ी प्रदेश से आई है'। जिसकी उत्पत्ति भी हिन्दी की कई बोलियों की जननी शौरसेनी अपभ्रंश से हुई है तथा इसकी लिपि देवनागरी ही है।

सम्पर्क भाषा के रूप में देखा जाए तो नेपाल में दो भाषाओं की प्रधानता अभी तक बनी हुई है– पहला नेपाली और दूसरी हिन्दी। निर्विवादित रूप से समतल तराई क्षेत्र से लेकर ऊंचे–ऊंचे

पहाड़ी गांवों में सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी का प्रयोग आसानी से देखा जा सकता है। किसी क्षेत्र या भू–भाग पर भाषा का स्वरूप स्थाई होने के लिए उसका जुड़ाव वहां के समाज की संस्कृति के साथ–साथ उसकी जीवन शैली में भी गहरी पैठ होनी चाहिए। जो भाषा जीवन शैली और संस्कृति से जुड़ाव स्थापित नहीं कर पाती वह बहुत जल्दी नष्ट हो जाती है। इस नज़रिए से देखें तो नेपाल में हिन्दी की बहुत सारी बोलियों (अवधी, मैथिली, भोजपुरी) का स्वरूप मातृभाषा के रूप में उपस्थित है। हालांकि नेपाल में इन्हें हिन्दी से अलग स्वतन्त्र भाषा के रूप में देखा जाता है। फिर भी यह बोलियां यहां काफी समृद्ध रूप में उपस्थित हैं। जो नेपाल को हिन्दी और भारतीयता से जोड़ती है। परन्तु बढ़ते भूमण्डलीकरण के दौर और भारत में हिंग्लिश की बढ़ती लोकप्रियता नेपाल में हिन्दी के अस्तित्व को भी खतरे में डालने का काम कर रही है। बावजूद इसके अभी भारत की तरह नेपाल में हिंग्लिश का बोलबाला पूरी तरह से हावी नहीं हो पाया है। परन्तु आने वाले पच्चीस–पचास वर्षों में ऐसी सम्भावना हो सकती है कि नेपाल में हिन्दी की जगह हिंग्लिश का वर्चस्व तेजी से फैलता चला जाए और धीरे–धीरे हिंग्लिश और नेप्लिंग (नेपालिश) ही सम्पर्क भाषा के रूप में प्रयोग आने लगे। यदि समय रहते सचेता नहीं गया तो सौ–दो सौ वर्ष में नेप्लिंग और हिंग्लिश दोनों ही अपना अस्तित्व इंग्लिश में खो देंगे।

नेपाल में नई शिक्षा नीति और राजभाषा नीति के आधार पर हिन्दी को जड़ से उखाड़ने का काम किया गया है। नेपाल में हिन्दी को विदेशी भाषा के रूप में देखा जा रहा है। जिसका उदाहरण गोर्खापत्र में देखा जा सकता है।

वर्तमान हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं के सम्बन्ध में बात करें तो 24 जुलाई 2022 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय नेपाल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नेपाल में 7846 प्रिन्ट मीडिया है। जिनमें से मात्र 24 हिन्दी की पत्रिकाएं हैं। हालांकि आंकड़े उनके पुराने आंकड़ों के आधार पर है। परन्तु फिर भी पता लगाने पर पाया गया कि इन 24 पत्रिकाओं में से ज्यादातर बन्द हो चुके हैं। अतः अब यह मानकर चलना चाहिए कि यहां हिन्दी की पत्रिकाओं की संख्या दिन प्रतिदिन घटती चली जा रही है। वर्तमान नेपाल सरकार का हिन्दी के प्रति द्वेषपूर्ण नज़रिए का पता इसी बात से चल जाता है कि वहां के सरकारी पत्र गोरखा जिसमें करीब बीस भाषाओं (आंकड़े स्पष्ट नहीं) के प्रकाशन के लिए स्थान दिया गया है। लेकिन नेपाली के साथ सबसे ज्यादा सम्पर्क भाषा के रूप में प्रयोग किए जाने वाले हिन्दी के लिए स्थान ही नहीं है। हालांकि हिन्दी को गोर्खापत्र में स्थान दिलाये जाने को लेकर यहां के हिन्दी प्रेमी विद्वानों ने काफी प्रयास भी किए, परन्तु कोई सुखद परिणाम नहीं निकल सका। कहने के लिए तो नेपाल के काठमाण्डू में विश्व भाषा कैम्पस है। जहां विदेशी भाषाओं की पढ़ाई होती है, पर विडम्बना देखिए कि यहां हिन्दी की पढ़ाई नहीं होती। पूछने पर बताया जाता है कि हिन्दी तो सभी को आती है, फिर उसे पढ़ाने की क्या जरूरत।

भाषा हमारे मन–मस्तिष्क में किस तरह अपनी पैठ बनाती है, इसका उदाहरण मुझे एक ऑटो–रिक्शा वाले से सीखने को मिला। जब मैं सोनाली (भारतीय सीमा) के लिए भैरहवा से आ रहा था, तो नेपाल सीमा पर एक कस्टम ऑफिस बना हुआ है। जिसे नेपाली में भंसार कहते हैं। मैंने ऑटो वाले से पूछा कि–यह क्या है? उसने बताया यह कस्टम ऑफिस है, जिसे हम भन्सार कहते हैं। फिर उसने मुझसे ही पूछ लिया कि आपके यहां इसे क्या कहते हैं? मैंने कहा कस्टम ऑफिस। फिर उसने कहा नहीं आप की भाषा में क्या कहते हैं। मैंने दिमाग पर जोर डाला कि इसे क्या कहते हैं? क्या कहते हैं? लेकिन काफी जोर डालने पर भी मुझे याद नहीं आया कि कस्टम को हिन्दी में क्या कहते हैं। हालांकि मुझे झेंप भी महसूस हुई। पर अंग्रेजी भाषा के

समाज में बढ़ते प्रयोग के आगे आज मैं इसका उत्तर ना दे सका।

नेपाल में बोलचाल और सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी जैसे समृद्ध है उसी प्रकार यहां की साहित्यिक रचनात्मकता की एक समृद्ध परम्परा रही है। जो कुक्करिपा से होते हुए आज भी दिन प्रतिदिन आगे बढ़ती चली जा रही है।

हिन्दी साहित्य के आरम्भिक काल के अनेक सिद्ध नाथ रचनाकार नेपाल के निवासी या उससे सम्बन्धित थे। मध्यकाल में नेपाल में रचित अनेक नाटकों, शिलालेखों तथा सरकारी अभिलेखों की भाषा हिन्दी है। आज भी नेपाल में हिन्दी का बहुत बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जाता है। नेपाल में हिन्दी साहित्य को कोई प्रोत्साहन विशेष रूप से नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद भी यहां के लेखक, विचार निःस्वार्थ भाव से हिन्दी की सेवा में लगे हुए हैं। जिनका विस्तृत विवेचन यहां सम्भव नहीं है। फिर भी यहां डॉ० संजीता वर्मा (विभागाध्यक्षा हिन्दी, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमाण्डू), डॉ० श्वेता दीप्ति मैम (त्रि० वि० का०), राजेश्वर नेपाली जी, डॉ० सूर्यनाथ गोप, रमन पाण्डे जी आदि विद्वानों व बुद्धिजीवियों का उल्लेख करना आवश्यक हो जाता है। राजनैतिक कारणों से नेपाल में हिन्दी लेखन और उसकी परम्परा को आगे बढ़ाने के कारण यहां सामाजिक खतरा बराबर बना रहता है। इसके बावजूद तमाम लेखक–लेखिका इसकी परवाह ना करते हुए साहित्यिक, सामाजिक, राजनैतिक स्तर पर हिन्दी के लिए बराबर खड़े नजर आते हैं।

हालांकि नेपाल के शिक्षित और कट्टर नेपाली राजनैतिक मुद्दों के कारण हिन्दी से चिढ़ते हैं। ये इसका प्रयोग किसी भारतीय के सामने नहीं करना चाहते हैं, जबकि उन्हें अच्छे से हिन्दी आती है। जिसकी एक कड़ी यह भी है कि नेपाली और हिन्दी भाषा में बहुधा समानता है। नेपाल में हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में प्रचलित है। ऐसे में अगर हिन्दी को भी नेपाल में फलने–फूलने का मौका दिया गया तो इससे नेपाली भाषा के अस्तित्व पर संकट आने की सम्भावना है। इसकी तुलना में फिर भी थोड़ा कम पढ़े–लिखे पहाड़ी नेपाली जिनमें कट्टरता (भाषा को लेकर) नहीं है। बेझिझक हिन्दी का प्रयोग ना केवल भारतीयों के साथ करते हैं। अपितु आपसी बातचीत में भी इसका प्रयोग अपने आप ही झलकने लगता है।

भाषा प्रयोग की दृष्टि से देखा जाए तो भारत के बाद सर्वाधिक हिन्दी के प्रयोग की बात जब भी आती है, तो हमारे सामने सबसे पहले मॉरीशस और उसके बाद फिजी आदि देशों का नाम लिया जाता है। परन्तु सत्य तो यह है कि सम्पर्क भाषा और भाषा प्रयोग के आधार पर यदि देखा जाए तो नेपाल ही भारत के बाद सबसे अधिक हिन्दी का प्रयोग करता है। हालांकि नेपाली सरकारी आंकड़ों में जानबूझकर हिन्दी को सम्मिलित नहीं किया जाता। परन्तु वास्तविकता को हम नकार नहीं सकते और नेपाल हिन्दी प्रयोग में भारत के बाद दूसरे नम्बर पर आता है, इस बात से भी मुंह नहीं फेरा जा सकता। इतना कुछ होने के बावजूद सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, समानताओं के बाद भी आज तक एक भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन नेपाल में नहीं किया जा सका। यह अत्यन्त दुख और चिन्ता का विषय है। वहां के कई हिन्दी उत्साही विद्वान लोग इसके लिए प्रयास कर चुके हैं, फिर भी अभी तक कोई उम्मीद की किरण दिखाई नजर नहीं आ रही है।

❒❒❒

हिंदी सिनेमा की भाषा : कल, आज और कल

–डॉ. अनिता देवी

वर्तमान समय में सिनेमा से अभिप्राय थियेटर में बैठकर देखी जाने वाली फिल्मों से लेकर नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो और डिज्नी हॉट स्टार आदि ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रसारित होने वाली फिल्मों, वेबसीरीज, धारावाहिक तथा अन्य फिल्मों से है। आरम्भ से लेकर आज तक सिनेमा की विषय–वस्तु और उसकी भाषा में निरंतर बदलाव देखने को मिलता है। यह बदलाव समाज को प्रभावित करता है। अतः सिनेमा की विषय–वस्तु और भाषा को लेकर लगातार प्रश्न उठते हैं।

वर्तमान समय में हम देखते हैं कि हिंदी फिल्मों पर यह आरोप लगाया जाता है कि अन्य भाषाओं तथा क्षेत्रीय बोलियों के अतिशय प्रयोग से फिल्मों की भाषा खिचड़ी भाषा बनती जा रही है। वेबसिरिज में गालियों के अत्यधिक प्रयोग को लेकर भी कहा जा रहा है कि क्या इस तरह के भाषिक प्रयोग उचित हैं? इसलिए अतीत से लेकर वर्तमान तक हिंदी सिनेमा की भाषा में क्या–क्या परिवर्तन आए और क्यों आए, तथा हिंदी सिनेमा की भाषा कैसी होनी चाहिए आदि प्रश्नों के उत्तर जानने का प्रयास इस शोध के माध्यम से किया है।

बीज शब्द – हिंदी सिनेमा, छाया चित्र, मूक फिल्म, भौगोलिक, भाषा।

परिचय : हिंदी सिनेमा न केवल हिंदी क्षेत्र का बल्कि सम्पूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व करता है। भारत एक विविधताओं से भरा हुआ देश है। यह विविधता न केवल भौगोलिक और सांस्कृतिक दृष्टि से, बल्कि भाषाई दृष्टि से भी है। यहाँ प्रत्येक राज्य की अपनी भाषा और बोलियां हैं। "कोस–कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी।"[1] ये कहावत भारत के सन्दर्भ में मशहूर है। यह विविधता हिंदी भाषा में भी मिलती है, हिंदी भाषा भी अनेक बोलियों का समूह है। आज हिंदी भाषा विश्व में सर्वाधिक बोलने वाली भाषाओं में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसका श्रेय कुछ–कुछ हिंदी सिनेमा को भी जाता है क्योंकि भारत में सबसे अधिक हिंदी फिल्में बनती हैं और ये फिल्में न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी देखी तथा पसंद

की जाती हैं। व्यक्ति कहीं भी जाकर रहे, भाषा उसके साथ ही जाती है, उसके सोचने और विचारने का माध्यम उसकी अपनी भाषा ही होती है। "मनुष्य की भाषा सदा ही उसके साथ रहती है, न केवल उसकी वाणी में अपितु उसके विचारों और सपनों में भी।"[2] प्रवासी भारतीय भी विदेशी धरती पर रहकर हिंदी की फिल्में देखते और पसंद करते हैं। आज हिंदी सिनेमा पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

भारत में सिनेमा का प्रारंभ 1896 में छायाचित्रों के प्रदर्शन के साथ हुआ। ''जिन लोगों ने इन चित्रों को देखा, वे चकित हुए बिना न रह सके।''[3] इन फिल्मों में लोगों ने पहली बार दृ श्यों को गतिशील शैली में देखा था। इन चित्रों की भी अपनी भाषा थी जो लागों को अपनी ओर खींच रही थी। कहते हैं ''एक चित्र एक सहस्र शब्दों से अधिक मूल्यवान है तो निश्चय ही एक फिल्म एक सहस्र चित्रों से अधिक गुणवान है।''[4] सिनेमा दृश्य माध्यम है शायद इसलिए शुरू से ही इसके प्रति लोगों का एक खास आकर्षण रहा है। 1931 में जब 'आलमआरा' फिल्म रिलीज हुई तो उसको देखने के लिए हजारों लोगों का हुजूम एक साथ उमड़ा था और आज भी ऐसा ही होता है। छायाचित्रों के बाद भारतीय स्थलों पर बनी फिल्मों के शो भी मुंबई और कोलकाता में हुए, इन प्रयासों को मौलिक सिनेमा का आरंभिक चरण कहा जा सकता है और इस चरण में सिनेमा की भाषा संवाद नहीं बल्कि दृश्य होते थे, दृश्यों के माध्यम से लोग इन फिल्मों को समझते थे। उसके उपरांत भारत में मूक फिल्मों का आरंभ होता है। यह घटना 1913 की है, जब भारत में 'राजा हरिश्चंद्र' नामक पहली मूक फिल्म बनी, मूक फिल्म का अर्थ है– गूंगी फिल्म, जिसमें पात्र मुंह से कुछ नहीं बोलते लेकिन संकेतों से, मुंह के हाव– भाव से, शारीरिक अंगों की मुद्राओं और भंगिमाओं से, चाल–ढाल आदि से घटनाओं को दर्शाते थे। इसके अतिरिक्त मूक फिल्मों में अंग्रेजी तथा अन्य प्रादेशिक भाषा में टाइटल और सब–टाइटल दिए जाते थे। "सब–टाइटल साधारणतः चार भाषाओं में होते थे– अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी और उर्दू। कभी–कभी गुजराती या हिंदी का स्थान मराठी, बांग्ला या तमिल ले लेती थी। कई सिनेमा घरों में कमेंटेटर होते थे। वे पर्दे के पास खड़े रहते थे तथा पर्दे पर चल रही घटनाओं को माइक पर समझाते थे। मूल चरित्र के संवाद भी बोलते थे।"[4] मूक फिल्मों में तबला, हारमोनियम, सारंगी आदि की ध्वनियों का प्रयोग कर संवादों की कमी को पूरा किया जाता था। मूक फिल्मों को देखकर लगता है कि सिनेमा में संवाद रूपी भाषा तत्व उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, जितना की अभिव्यक्ति के अन्य माध्यमों में। अर्थात हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सिनेमा में दृश्य भी अभिव्यंजना का साधन बनते हैं। वहां पात्र नहीं दृश्य बोलते हैं। "शब्द, वाक्य और संवाद साहित्य की भाषा के अंग होते हैं, सिनेमा की भाषा में इनके अलावा भी बहुत कुछ होता है जिनके माध्यम से किसी फिल्म का निर्देशक दर्शकों तक संदेशों का सम्प्रेषण करता है।''[5]

सिनेमा में साहित्य की भांति कथा कहने और सुनने के लिए एक पाठक नहीं बल्कि एक दर्शक होता है। यहां अभिनेता की वेशभूषा, उनका रहन–सहन, गीत–संगीत, प्रकाश–व्यवस्था, कैमरे का एंगल आदि भी भाषा का ही काम करते हैं। संप्रेषणीयता की दृष्टि से दृश्य माध्यम इसलिए अधिक प्रभावशाली माना गया है क्योंकि इन सभी साधनों से हम फिल्म के सन्देश को समझ लेते हैं। इस संदर्भ में सुरभि रितेश लिखते हैं ''सिनेमा एक दृश्य माध्यम है, चाहे यह भी कथा कहने का एक माध्यम क्यों न हो, भाषा, संवाद आदि उस रूप में इसके प्राथमिक

आवश्यकता नहीं है, जिस रूप में दृश्य।''[6] इस संदर्भ में 1964 में सत्यजीत रे द्वारा बनाई गई फिल्म 'दो' का जिक्र करना प्रासंगिक हो जाता है। यह एक ऐसी मूक फिल्म है जो मूक होते हुए भी दर्शकों पर अमिट प्रभाव छोड़ती है, इस फिल्म में एक बालक आलीशान घर की छत्त पर, हाथ में महंगी घड़ी पहने खड़ा है और कोल्ड ड्रिंक पीता हुआ जाती हुई कार को टाटा करता है, उसके पास महंगे–महंगे खिलौने हैं। दर्शक समझ जाता है कि बालक अमीर बाप का बेटा है। दूसरा बालक फटे–पुराने कपड़ों में, नंगे पैर, छोटे–मोटे, टूटे–फूटे खिलौने जैसे– पतंग, बांसुरी, ढपली आदि के साथ अपनी झोपड़ी के पास खेल रहा है। दर्शक समझ जाता है कि बालक बहुत गरीब है। गरीब बालक जब पतंग उड़ाता है तो अमीर बालक अपनी खिलौना बंदूक से गोली मारकर पतंग के टुकड़े–टुकड़े कर देता है। गरीब बालक बांसुरी की प्यारी–सी धुन बजाकर ही खुश है। लेकिन अमीर बालक अपने कीमती खिलौनों को लात मारकर अपनी निराशा जाहिर करता है। इस प्रकार इस फिल्म में न कोई संवाद है और न ही कोई गीत, लेकिन दृश्यों के माध्यम से दर्शक समझ जाता है कि निर्देशक फिल्म से क्या संदेश देना चाहता है। चार्ली चैपलिन और मिस्टर बीन फिल्मों को भी देखा जा सकता है। ये दोनों फिल्में मूक हैं लेकिन किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं, आज भी दुनिया में लोग इनके दीवाने हैं और इन फिल्मों को बार–बार देखते हैं। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शक की दृष्टि महत्त्वपूर्ण हो जाती है। फ्रांसीसी निर्माता–निर्देशक आस्त्रुक लिखते हैं ''लिखे हुए शब्द की तरह फिल्म भी एक भाषा है, जिसे लिखने और पढ़ने के लिए एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।''[7] लेकिन इसका तात्पर्य यह कतई नहीं है कि फिल्मों को भाषा की आवश्यकता नहीं है। जब हम मूक फिल्मों को देखते हैं तो सब कुछ समझते हुए भी इन फिल्मों में एक कमी–सी नजर आती है, फिल्म अधूरी–अधूरी सी लगती है। ऐसा संवाद न होने के कारण लगता है। फिल्मों में संवाद और गीत दर्शक को रोमांचित और आनंदित करते हैं।

सवाक फिल्मों की शुरुआत 1931 में 'आलम आरा' फिल्म से हुई। फिल्म के निर्देशक अर्देशिर ईरानी हैं। इस कहानी को जोसेफ डेविड मुंशी जहीर ने लिखा। बोलती फिल्म कैसी होगी? यह देखने के लिए लोग उत्सुक थे। इस पहली बोलती फिल्म की भाषा को न तो शुद्ध हिंदी कहा जा सकता है और न ही शुद्ध उर्दू। यह मिलीजुली हिंदुस्तानी भाषा थी जिसका प्रयोग हिंदुस्तान में होता था। पारसी शैली के प्रसिद्ध नाटक लेखक नारायण प्रसाद बेताब ने इसकी भाषा को 'दूध में घुली मिश्री'[8] कहा था। आलम आरा का गीत– ''दे दे खुदा के नाम पे प्यारे, ताकत है गर देने की। चाहे अगर तो मांग ले मुझसे, हिम्मत है गर लेने की।''[9] बहुत प्रसिद्ध हुआ, संवादों में भी उर्दूपन है– ''बेटी मेरी नजर का क्या भरोसा तू देख आसमान पर सुर्खी नजर आ रही है।''[10] फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल ने 'आलम आरा' फिल्म पर कहा है, ''यह सिर्फ एक सवाक फिल्म नहीं थी बल्कि यह बोलने और गाने वाली फिल्म थी जिसमें बोलना कम और गाना अधिक था।''[11] गीतों के अत्यधिक प्रयोग का कारण पारसी शैली है। संस्कृतनिष्ट हिंदी का प्रयोग भी इस समय की फिल्मों में हुआ है। इस संदर्भ में 'चंडीदास' फिल्म के गीत को देखा जा सकता है– "प्रेम सखा हो, प्रेम पड़ोसी। प्रेम में सुख का सांस, प्रेम के संग बिताएंगे जीवन, प्रेम ही प्राणाधार। प्रेम सुधा से स्नान करूंगी, प्रेम से होगा श्रृंगार। प्रेम ही कर्म है, प्रेम ही धर्म है, प्रेम ही सत्य विचार।"[12]

संवादों की भाषा भी संस्कृतनिष्ट हिंदी है– अभिनेत्री : मंदिर के आसपास बहुत गरीब लोग रहते हैं, ऐसे छोटे काम के लिए उन्हें आज्ञा दीजिए। यह काम आपके लायक नहीं क्योंकि आप हिंदू जाति के शिरोमणि हैं, ब्राह्मण हैं और आचार्य जी के बाद इस मंदिर के सबसे बड़े आदमी हैं।

अभिनेता : ''रानी बड़ा–छोटा, उच्च–नीच यह सब समाज के बनाए हुए शब्द हैं। मैं ईश्वर को जगपिता और जग के प्राणियों को उसकी संतान समझता हूं। अगर यह समझना मेरी भूल है तो मैं इस भूल के स्वप्न से कभी जागना नहीं चाहता।''[13] पौराणिक कथाओं/देवी–देवताओं पर बनी फिल्मों में भी संस्कृत भाषा का प्रयोग किया गया है।

सन 1990 के उपरांत हिंदी फिल्मों पर अंग्रेजी भाषा का प्रभाव बढ़ता हुआ दिखा है। चाहे फिल्म का नाम हो, चाहे फिल्मों में फिल्माए गए गीत हो या संवाद, उनमें अंग्रेजी भाषा का प्रयोग हुआ है। वर्तमान में तो हिंदी फिल्मों की पटकथाएँ अंग्रेजी में लिखी जा रही हैं। माई नेम इज खान, लन्दन ड्रीम, पीके, मुन्ना भाई एमबीएस, हेट स्टोरीएज, वीरे दी वैडिंग, गैंग्स ऑफ वासेपुर, वेलकम, रेस टू, सुपर हीरो, डर्टी पिक्चर, वेलकम टू न्यूयॉर्क आदि अंग्रेजी में फिल्मों के नामों की सूची बहुत लंबी है। 2018 के बाद आई फिल्मों के नामों को देंखे तो ऐसी हिंदी फिल्में ज्यादा है जिनके नाम अंग्रेजी में हैं। निम्न तालिका में वर्षों के अनुसार ऐसी फिल्मों का आंकड़ा दिया गया है जिनका नाम अंग्रेजी/हिंगलिश में रखा गया है। विवरण देखा जा सकता है –

वर्ष	फिल्मों की संख्या	अंग्रेजी/हिंगलिश में
2018	113	54
2019	69	31
2020	29	16
2021	17	14
2022	32	18

फिल्म निर्देशक की कोशिश होती है कि फिल्म वास्तविक लगे। इसके लिए भाषा और लोकेशन महत्त्वपूर्ण उपकरण होते हैं। जब निर्देशक भाषा का चयन करता है तो वह फिल्म के विषय, पात्रों की पृष्ठभूमि और वर्ग को भी ध्यान में रखता है क्योंकि फिल्म में अभिनेता–अभिनेत्री अपने वर्ग और क्षेत्र की भाषा और लहजे में बोलेगा तभी वह दर्शकों के दिल में उतर पाएगा। तीसरी कसम में अभिनेता राजकपूर द्वारा 'इस्स...' शब्द का बार–बार प्रयोग करना इसी क्षेत्रीय भाषा और लहजे को दर्शाता है। इसलिए 'मुगले–ए–आजम' (उर्दू) और 'जिस देश में गंगा बहती हैं' (हिंदी) फिल्मों के एक ही साल में बनने के उपरांत इनकी भाषा में अंतर पाया जाता है। मदर–इण्डिया फिल्म हिंदी सिनेमा का बेजोड़ नगीना है जिसमें 'पी के घर आज प्यारी दुल्हनियां चली' अर्थात गीत और भाषा में उत्तरी भारत में बोली जाने वाली बोलियों का प्रभाव है।

वर्तमान में हिंदी फिल्मों में भारतीय भाषाओं (मराठी, गुजराती और पंजाबी आदि) तथा क्षेत्रीय भाषाओं (हरियाणवी, भोजपुरी, अवधी, बुंदेली आदि) का प्रयोग बहुत हुआ है। इस प्रयोग ने वर्षों से चले आ रहे भाषिक ट्रेंड को बदला है। ऐसे प्रयोगों से हिंदी भाषा का भी फायदा हुआ है। उसका शब्द भंडार पहले से अधिक समृद्ध हुआ है तथा उसके प्रयोग क्षेत्र का भी विस्तार हुआ

है। ऐसी फिल्मों को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया है। कंगना रनौत का हरियाणवी संवाद देखते–देखते लोगों की जुबान पर चढ़ गया था– "म्हारी छोरियां कै छोरों से कम हैं।"[14] तथा "मैं घणी बावली होगी"[15] गीत को भी प्रसंशा मिली। 'पान सिंह तोमर' फिल्म में ब्रज भाषा के शब्द और लहजा फिल्म की भाषा को विशेष बनाते हैं– "काहे नहीं चली गोली, कंधे पर लगा बट्टा, चल पड़ी गोली"[16] 'बधाई हो' फिल्म में सुरेखा सीकरी द्वारा बोले गए खड़ी बोली के संवाद और उसका अभिनय फिल्म की प्रसिद्धि का कारण बने। दबंग, पीके, गैंग्स ऑफ वासेपुर, बाजीराव मस्तानी, पृथ्वीराज चौहान, पेडमैन, उड़ता पंजाब आदि फिल्मों में भारत के अलग–अलग परिवेश से संबद्ध भाषाओं का प्रयोग हुआ है। दो बीघा जमीन (भोजपुरी), लगान (अवधी), तन्नु वेड्स मनु (पंजाबी), तन्नु वेड्स मनु रिटर्न्स (हरियाणवी), माजा मा (गुजराती) आदि फिल्में हिंदी को विश्व स्तर पर पहचान दिला रही हैं।

साहित्य पर आधारित हिंदी फिल्में भी बनी। जैसे– उसने कहा था (1960), गोदान (1962), रजनीगंधा (1964), गाइड (1965), गबन (1966), सारा आकाश (1969), आदि। इन फिल्मों की भाषा साहित्यिक हिंदी के करीब है। इसे शुद्ध हिंदी शैली कहा जा सकता है। फिल्मों के माध्यम से हिंदी शैलियों का निर्माण भी हुआ है। 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म में बोली गई हिंदी शुद्ध हिंदी नहीं है बल्कि हिंदी की मुंबइयां शैली है जिसका प्रयोग मुंबई में होता है। हाल ही में आई 'पुष्पा' फिल्म की हिंदी भी दक्षिण भारतीय भाषाओं के प्रभावस्वरूप एक नई शैली का निर्माण करती है। इसके अतिरिक्त निर्देशक व्यावसायिक दृष्टि से भी सोचता है क्योंकि उसे फिल्म से मुनाफा भी कमाना होता है।

आज इंटरनेट और तकनीकी विकास ने पूरे विश्व को एक गाँव में तब्दील कर दिया है। भारत भी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत को महत्त्व देता है, नई शिक्षा नीति में भी भारतीय भाषाओं को महत्त्व दिया गया है। इस दृष्टि से हिंदी सिनेमा एक कदम आगे है, वह सभी भारतीय भाषाओं को साथ लेकर चल रहा है और भारतीय भाषाओं के बीच सौहार्द पैदा कर रहा है। हमारा विश्वास है कि भविष्य में यह सौहार्द और बढ़ेगा।

अनुसंधान उद्देश्य : इस शोध कार्य का मुख्य उद्देश्य हिंदी सिनेमा की मूक फिल्मों से लेकर आज तक की प्रमुख फिल्मों का भाषिक दृष्टि से अध्ययन कर हिंदी सिनेमा की भाषा में आए बदलावों की पड़ताल कर, उसके परिणामों से अवगत कराया है। इसके अतिरिक्त सिनेमा की भाषा कैसी हो ? प्रश्न के उत्तर को जानने और समझने का प्रयास भी किया गया है। भाषा किसी भी समाज या देश की संस्कृति का अनिवार्य तत्त्व होती है, इस दृष्टिकोण से भी हिंदी सिनेमा की भाषा को देखा गया है।

अनुसंधान पद्धति : इस शोध की प्रणाली मुख्य रूप से ऐतिहासिक, तुलनात्मक, विवरणात्मक और विश्लेषणात्मक रही है।

निष्कर्ष / सिफारिशें :

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि साहित्य की तरह सिनेमा भी अपने समय और समाज का दर्पण होता है। सिनेमा में समाज की समस्याओं और संघर्ष को आवाज मिलती है, अगर समाज बदलेगा तो सिनेमा की भाषा भी बदलेगी। इसलिए सिनेमा के आरम्भ से लेकर आज तक हिंदी सिनेमा की भाषा निरंतर परिवर्तित होती रही है और भविष्य में भी होगी। भाषा का कोई भी रूप अंतिम नहीं होता, जो रूप भाषा का कल था वह आज नहीं है और जैसा आज है वैसा कल नहीं रहेगा। एक तरफ जहाँ समाज की भाषा सिनेमा की भाषा बनती है तो दूसरी तरफ समाज भी सिनेमा से भाषा सीखता है।

हिंदी सिनेमा की पहुँच विदेशों तक है इसलिए सिनेमा ने हिंदी भाषा और हिंदी समूह की बोलियों को पूरे विश्व में पहचान दिलाई है। हिंदी फिल्मों में विभिन्न भाषाओं एवं क्षेत्रीय बोलियों के प्रयोग से हिंदी भाषा बहता नीर बनी है, कूप जल नहीं। इस तरह के भाषिक प्रयोग ने जहाँ एक तरफ हिंदी फिल्मों के दर्शकों में वृद्धि की है तो वहाँ दूसरी तरफ हिंदी भाषा को समृद्ध भी किया है, इससे भाषाएँ जीवंत भी बनी हैं। लेकिन वेब सीरिज की भाषा को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि सिनेमा को देश की भाषा और संस्कृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए यह तय करना चाहिए कि उसे अपने दर्शकों को कैसी भाषा सिखानी है क्योंकि युवाओं के लिए सिनेमा भाषा सीखने का माध्यम भी है।

सीमाएं : भारतीय सिनेमा और हिंदी फिल्मों को ही शोध का आधार बनाया गया है–

सन्दर्भ :

1. **http://www.knowledgesagar.com/%E0%A4%AE%E0%A5%81%E0%A4%B9%E0%A4%BE%E0%A4%B5%E0%A4%B0%E0%A5%87-%E0%A4%8F%E0 %A4%B5%E0%A4%82-%E0%A4%B2%E0%A5%8B%E0%A4%95%E0%A5%8B%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%A4%E0%A4%BF%E0%A4%AF%E0%A4%BE%E0%A4%81/**
2. मिश्र, विद्या निवास, भारतीय भाषा शास्त्रीय चिंतन, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृष्ठ संख्या–3
3. श्रीवास्तव, संजीव, हिंदी सिनेमा का इतिहास, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार पृष्ठ संख्या–2
4. शर्मा, पंकज (सं) , चौधरी, अश्विनी– गूंगा नहीं था वह दौर, हिंदी सिनेमा की यात्रा, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ संख्या–13
5. अरुणकुमार, http://www.lokmanch-in/?p=959
6. संरक्षक– कुमार, प्रभात, समसामयिक सृजन, अक्टूबर–मार्च 2012–13, पृष्ठ संख्या– 10
7. सुधांशु, अनिरुद्ध कुमार – तरुण, अनुज कुमार, हिंदी सिनेमाः एक अध्ययन, श्री नटराज प्रकाशन, साउथ गमरी एक्सटेंशन, दिल्ली पृष्ठ संख्या– 9
8. https://www.youtube.com/watch?v=eddY4_8Odas&t=10s
9. https://www.youtube.com/watch?v=1zLJ3cQBT2w
10. https://www.youtube.com/watch?v=1zLJ3cQBT2w
11. 1. https://hi.m.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%86% E0%A4%B2%E0%A4 % AE% E0%A4%86%E0%A4%B0% E0%A4%BE_(1931_%E0%A4%AB %E0%A4%BC% E0%A4%BF%E0% 4%B2%E0%A5%8D%E0%A4%AE)
12. **https://www.youtube.com/watch?v=05bveXPTMSQ&t=664s**
13. **https://www.youtube.com/watch?v=05bveXPTMSQ&t=664s**
14. तन्नु वेड्स मनु रिटर्न्स, आनंद एल.राय
15. पान सिंह तोमर, निर्देशक– तिग्मांशु धुलिया

(पिछले वर्षों के दौरान देखी गई अनेक फिल्में)

❑❑❑

सहायक प्रोफेसर मैत्रेयी विश्वविद्यालय, मोबाइल नं – 9899840037 ईमेल– anita.bsd@gmail.com
1452, नीलकंठ अपार्टमेंट, सेक्टर–13, रोहिणी, दिल्ली–85

अज्ञेय के निबंधों में भाषायी चिंतन

–वागीश शुक्ल

स्वभावतः विद्रोही और अलीकी अज्ञेय ने अपने लेखन से भारतीय भाषा और साहित्य को समृद्धि प्रदान की। उनका लेखन भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और भाषा से सना हुआ है। अज्ञेय ने भाषा, संस्कृति, परंपरा, आधुनिकता, समाज, इतिहास बोध, जीवन–मूल्य, भारतीयता जैसे विषयों पर अपने निबंधों में गंभीर चिंतन किया है। उनका भाषायी चिंतन अपने आप में विविध पहलुओं को समेटे हुए है। भाषा संबंधी अपने निबंधों मसलन 'बोली, भाषा, राष्ट्रभाषा', 'भाषा और अस्मिता', 'भाषा और समाज', 'रचनात्मक भाषा और संप्रेषण की समस्याएं', 'सांस्कृतिक समग्रता : भाषिक वैविध्य', 'यथार्थ सम्प्रेषण : कथा–भाषा की समस्याएं' में उन्होंने बोली, भाषा, राष्ट्रभाषा, मातृभाषा, भाषा और समाज, भाषा और राष्ट्र, भाषायी अस्मिता, भाषा और संस्कृति, भाषा और व्यक्ति, भाषा और लेखक, भाषा और परिवेश जैसे पहलुओं पर गहराई से चिंतन किया है।

बीज शब्द : भाषा, बोली, लिपि, मातृभाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा, सम्पर्क भाषा, अस्मिता, परिवेश, परंपरा, संस्कृति, सभ्यता, राष्ट्रीयता

भारत में राष्ट्रभाषा को लेकर बहस और विवाद आजादी की लड़ाई के दिनों से लेकर वर्तमान समय तक किसी न किसी रूप में जारी है। हिन्दी और अहिन्दी भाषी प्रदेशों में राष्ट्रभाषा संबंधी प्रश्न उठते रहे हैं। राष्ट्रभाषा के पक्ष–विपक्ष में विभिन्न मत मौजूद हैं। आजादी के नायकों से लेकर आजादी के बाद के विचारकों ने राष्ट्रभाषा को लेकर अपना चिंतन प्रस्तुत किया है। अज्ञेय राष्ट्रीयता और राष्ट्रभाषा को एक न मानते हुए भी उसमें एक संबंध जरूर मानते हैं।

मूल आलेख : बहुमुखी प्रतिभा के धनी अज्ञेय ने कविता, उपन्यास, कहानी, निबंध, नाटक, आलोचना, डायरी, यात्रा–वृत्तान्त, संस्मरण, सम्पादन, अनुवाद, व्यवस्थापन, पत्रकारिता आदि विधाओं में अपनी मजबूत लेखनी चलाई है। स्वभावतः विद्रोही और अलीकी अज्ञेय ने अपने लेखन से भारतीय भाषा और साहित्य को समृद्धि प्रदान की। उनका लेखन भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और भाषा से सना हुआ है। अज्ञेय ने भाषा, संस्कृति, परंपरा, आधुनिकता, समाज, इतिहास बोध, जीवन–मूल्य, भारतीयता जैसे विषयों पर अपने निबंधों में गंभीर चिंतन किया है। उनका भाषायी चिंतन अपने आप में विविध पहलुओं को समेटे हुए है। अज्ञेय के लिए भाषा का प्रश्न सृजन की सिद्धि का प्रश्न है। ''मैं उन व्यक्तियों में से हूँ – और ऐसे व्यक्तियों की संख्या शायद दिन–प्रतिदिन घटती

जा रही है जो भाषा का सम्मान करते हैं और अच्छी भाषा को अपने आप में एक सिद्धि मानते हैं।''[1] भाषा संबंधी अपने निबंधों मसलन 'बोली–भाषा–राष्ट्रभाषा', 'भाषा और अस्मिता', 'भाषा और समाज', 'रचनात्मक भाषा और संप्रेषण की समस्याएं', 'सांस्कृतिक समग्रता : भाषिक वैविध्य', 'यथार्थ सम्प्रेषण : कथा–भाषा की समस्याएं' में उन्होंने बोली, भाषा, राष्ट्रभाषा, मातृभाषा, राजभाषा, सम्पर्क भाषा, भाषा और समाज, भाषा और राष्ट्र, भाषायी अस्मिता, भाषा और संस्कृति, भाषा और व्यक्ति, भाषा और लेखक, भाषा और परिवेश, भाषायी अवमूल्यन, लिपि जैसे पहलुओं पर गहराई से चिंतन किया है।

अज्ञेय दूसरी भाषा की तुलना में मातृभाषा में सृजन को प्राथमिकता देते हैं। अपनी मातृभाषा में ही लेखक कालजयी सृजन कर सकता है, जहां उसका सम्पूर्ण पक्ष उभरकर सामने आता है, ''जब मैं यह कहता हूं कि अपनी भाषा में लिखी गई रचना लेखक के व्यक्तित्व की सम्पूर्ण अभिव्यक्ति होती है तो उससे मेरा यह भी मतलब होता है कि उस व्यक्तित्व की अच्छाइयां और बुराइयां दोनों उसमें प्रतिबिंबित होती हैं।''[2] अपनी भाषा की अवहेलना करके उसे कमतर आंकने की प्रवृत्ति पर गहरी चोट करते हैं। कुछ लोग अंग्रेजी के जानकार होकर खुद को श्रेष्ठ और हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को हेय समझने की भूल करते हैं। अंग्रेजी व अन्य विदेशी भाषा सीखने के लिए कड़ा अभ्यास करते हैं, उसके प्रयोग के माध्यम से पाश्चात्य एवं उच्च वर्ग के खांचे में फिट बैठने का ढोंग करते हैं। ऐसे लोग अपनी मातृभाषा के व्यवहार के प्रति न केवल शिथिल होते हैं अपितु उसके प्रति चलताऊ नज़रिया रखते हैं। अज्ञेय इस पर तंज करते हुए बोलते हैं, ''अपनी भाषा को तो लोग घर की मुर्गी दाल बराबर समझते हैं, कहते हैं वह तो अपने–आप आ ही जाती है।''[3] अज्ञेय का स्पष्ट मानना है कि एक समाज के तौर पर हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा। अपनी भाषा में हम तभी बेहतर शब्द व्यवहार कर पाएंगें, जब उसे भी सीखने का प्रयास करेंगें। अज्ञेय की यह चिंता पूरी तरह जायज है, जिसका परिणाम हम आज की अपनी युवा पीढ़ी में देख रहे हैं, जिसे अपनी मातृभाषा में लिखने–पढ़ने में शर्मिंदगी तो महसूस होती ही है, साथ ही सच्चाई यह भी है कि वह शुद्ध हिन्दी नहीं लिख पाती। वह अपने देशज शब्दों का अर्थ तक नहीं जान पाती। चिंता की बात यह है कि बहुत से लोग उसे जानने का प्रयास तक नहीं करते अपितु उसकी खिल्ली उड़ाकर मेट्रोपोलिटन कल्चर में फिट होने की गर्वानुभूति करते हैं।

अज्ञेय एक ऐसे शिक्षित मध्यवर्गीय परिवार में पैदा हुए जो पाश्चात्य संस्कृति एवं भाषा से बहुत प्रभावित था, जहां अंग्रेजी बोलना गर्व की बात थी और हिन्दी का व्यवहार हेय समझा जाता था। मातृभाषा हिन्दी होने के बावजूद अज्ञेय बताते हैं कि–''मेरी पढ़ाई की शुरुआत हिन्दी में नहीं, अंग्रेजी से हुई, मेरे संस्कार अंग्रेजी के डाले गए क्योंकि उस जमाने में पढ़े–लिखे लोगों के घर में अंग्रेजी बोलना बड़े गर्व का विषय माना जाता था। इस प्रकार अगर कोई भी भाषा मुझे व्याकरण सम्मत ढंग से पढ़ाई गयी थी, तो वह थी अंग्रेजी।''[4] अंग्रेजी संस्कार में पले–बढ़े होने के बावजूद वह अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति बचपन से ही सजग थे। फिलीपीन पत्रकारों से बात करते हुए वह अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और प्रेम प्रकट करते हुए कहते हैं कि, ''यह बात और है कि मैं अपनी भाषा सीखने से न चूका।''[5] यह हिन्दी के प्रति अज्ञेय का लगाव ही था कि उन्होंने अंग्रेजी परिवेश में होने के बावजूद हिन्दी पर अपनी पकड़ मजबूत की, जिसका

परिणाम रहा कि अज्ञेय का सबसे पहला उपन्यास अंग्रेजी में न होकर 'शेखर : एक जीवनी' हिन्दी में प्रकाशित हुआ। हिन्दी में अज्ञेय ने विपुल साहित्य का सृजन किया। अंग्रेजी को समृद्ध बताने और हिन्दी को क्षुद्र मानने की प्रवृत्ति पर चोट करते हुए लिखते हैं कि–''स्वयं इस लेखक को अपनी भाषा के प्रति अधीर होते पचास–एक वर्ष हो चलें हैं, और इस अधैर्य को उसने गद्य और पद्य दोनों में अनेक बार प्रकट भी किया है, लेकिन ऐसा उसने कभी नहीं पाया कि वह जो कुछ गहराई तथा तीव्रता के साथ अनुभव करता है या करने के लिए कृत संकल्प है उसके लिए उसकी भाषा अपर्याप्त या असमर्थ हुई है।''[6] कोई भी सृजन अपनी भाषा में ही उच्चता को प्राप्त करता है, दो भाषाओं पर पकड़ रखने वाले लेखक की भी कालजयी रचना अपनी मातृभाषा में ही फूटती है। अज्ञेय इस तथ्य को स्वीकारते हुए चुनौती भरे अंदाज में कहते हैं कि–''अपनी भाषा में ही मैं अपने को सबसे अच्छा अभिव्यक्त कर सकता हूं। और मेरा विश्वास है कि संसार–भर के इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि किसी लेखक ने दो भाषाओं में रचना की हो और दोनों में उसका अधिकार और विश्वास बराबर रहा हो।''[7]

स्वाधीन मानस के लिए अपनी भाषा का संस्कार बहुत जरूरी है। अज्ञेय स्वाधीनता का गहरा सम्बन्ध भाषा से मानते हैं। जो समाज अपनी भाषा से अलग हो जाता है, उसे गुलाम बनाने में वक्त नहीं लगता है। अपनी भाषा के संस्कार में ही स्वतंत्र चिंतन संभव है। दूसरी भाषा पर मोहित होकर या उसे अपनी अभिव्यक्ति का साधन बनाकर हम कभी भी स्वाधीन नहीं हो सकतें हैं। भाषा केवल अभिव्यक्ति का साधन मात्र नहीं है अपितु उससे हमारी अस्मिता जुड़ी होती है, उसमें हमारे मूल्य गुंथे होते हैं, हमारी संस्कृति का रेशा–रेशा उससे बुना होता है। भाषा का सवाल अपने आप में पहचान के सवाल से जुड़ा है इसलिए अपनी भाषा की तुलना में दूसरी भाषा को महत्ता प्रदान करना, स्वयं को खोना है। स्वाधीनता की प्रबल चेतना अपनी भाषा में ही मुखरित हो सकती है। 'भाषा और अस्मिता' विषयक निबंध में अज्ञेय भाषा और अस्मिता के जुड़े हुए तन्तुओं पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं– ''बहुत अधिक समय तक बड़े करूण भाव से, इस मिथ्या आशा से चिपटे रहें हैं कि एक परायी भाषा उन्हें सम्पूर्ण आत्माभिव्यक्ति का साधन दे सकती है। और इस मोह का, मोह–भंग का पूरा पुरस्कार या दंड आज मिल रहा है। कुछ थोड़े–से लोगों को परायी भाषा से चाहे जितने शब्द मिल जाएं, कोई समाज किसी परायी भाषा में नहीं जी सकता, जीना आरंभ भी नहीं कर सकता। और जब वह समाज साथ ही स्वतंत्रता के लिए और स्वतंत्रता में सम्पूर्ण जीवन के लिए संघर्ष कर रहा हो, तब तो परायी भाषा में जीने का प्रयत्न सफलता की और भी कम सम्भावना रखता है।''[8] अज्ञेय का स्पष्ट मानना है कि अपनी भाषा छोड़कर दूसरी भाषा को जीने वाला समाज कभी भी सर्वांगीण विकास नहीं कर सकता है– ''किसी भी समाज को अनिवार्यतः अपनी भाषा में जीना होगा– नहीं तो उस की अस्मिता कुंठित ही होगी और उसमें आत्मबहिष्कार या अजनबियत के विकार प्रकट होंगें ही। हम जानते हैं कि अंग्रेजी–भाषी जगत् और स्वयं देश का अंग्रेजी–भाषी अंग इस बात को भाषागत मतान्धता कह कर उड़ा देना चाहेगा, लेकिन स्पष्ट है कि स्वयं उसकी राय ही बुनियादी तौर पर पूर्वग्रह–दूषित होगी। और उसके विरुद्ध सारे ऐतिहासिक अनुभव की दलीलें हैं– ऐसे प्रत्येक देश का अनुभव, जो कि भारत जैसी परिस्थितियों में गुजर रहा है, उनकी राय के विरुद्ध जाता है। फिलीपीन या इन्डोनेशिया का उदाहरण ताजा है।''[9] भाषा और उससे जुड़ी अस्मिता पर अज्ञेय कहते हैं कि,

''हमारा दृढ़ विश्वास है कि भाषा की, और बोलने वाले की अस्मिता को भाषा की देन, यह परिकल्पना सार्वभौम और सार्वकालिक है।''[10]

भाषा और संस्कृति का गहरा संबंध होता है। किसी भी संस्कृति का आधार उसकी भाषा होती है, भाषा से व्यक्ति का संस्कार जुड़ा होता है। संस्कृति की निर्मिति भाषा से ही होती है। अज्ञेय 'भाषा और अस्मिता' सम्बन्धी निबंध में मानते हैं कि,''हम जो भाषा बोलते हैं उसके द्वारा हम वह संसार चुन लेते हैं जिसमें हम रहते हैं– या इसी बात को उलट कर यों कहें कि हम जो भाषा बोलते हैं उसके निमित्त से हम उस जीवन– व्यवस्था (ऋण) के द्वारा चुन लिए जाते हैं जिसके हम अंग हैं : चुन लिए जाते हैं, एक निर्दिष्ट स्थान और धर्म पा लेते हैं, उसे निबाहने को स्वतंत्र हो जाते हैं।''[11] संस्कृति और समाज को अज्ञेय अलग–अलग अवधारणाएं नहीं मानते अपितु भाषायी तन्तु से दोनों आपस में बंधे हुए हैं। इस बात को स्पष्ट करते हुए अज्ञेय 'भाषा और समाज' निबंध में लिखते हैं– ''संस्कृति एक व्यापक और दीर्घकालीन ढांचा है जिसके अन्दर हमारी समाज की भावना उदित होती है और रूप लेती है। समाज के साथ भाषा का सम्बन्ध भी मैं इसी संदर्भ में जोड़ता हूं। जैसे समाज कहने पर मैं संस्कृति की समग्र और सतत प्रक्रिया के किसी एक देश काल में बंधे हुए रूप को सामने लाता हूं उसी तरह समाज के साथ जब भाषा को जोड़ता हूं तो उसकी भी उसी काल सीमा के भीतर की अवस्था पर विचार करता हूं।''[12] भाषा किसी भी संस्कृति का सबसे मूलभूत अवयव है। संस्कृति की नींव से लेकर उसके शीर्ष तक की पहचान में भाषा सर्वाधिक समृद्ध और शक्तिशाली उपकरण है। किसी भी संस्कृति का विस्तार भाषा के बल पर ही होता है इसलिए ये एक तरफ जहां किसी संस्कृति के प्रसार में सहायक होती है, वहीं दूसरी संस्कृति के प्रति समभाव की भावना नहीं रख पाती। अज्ञेय इसे इस रूप में बयां करते हैं– ''भाषा संस्कृति का सर्वाधिक शक्तिशाली और समृद्ध उपकरण है, क्योंकि इस संगति और सम्बन्ध के बोध का सबसे महत्त्वपूर्ण वाहक है। निःसन्देह नकारात्मक ढंग से इस बात को यों भी कहा जा सकता है कि भाषा एक बहुत बड़ी विभाजक शक्ति हो सकती है। इस नकारात्मक शक्ति के उदाहरण ढूंढने के लिए हमें दूर भी नहीं जाना होगा। लेकिन यह नकारात्मक शक्ति एक संकटग्रस्त अस्मिता के बोध से ही उत्पन्न होती है। अस्मिता का यह बोध मूलभूत रूप से भाषा के साथ जुड़ा हुआ है और जीवित भाषा की उपज है।''[13] भाषा के बिना संस्कृति अधूरी है। भाषायी अस्मिता संस्कृति के प्रचार– प्रसार के लिए आवश्यक है। मानवता के विकास में भाषा का अमूल्य योगदान है। अज्ञेय भाषा को मानवीय संस्कृति की सबसे अमूल्य उपलब्धि मानते हुए लिखते हैं–''मानवीय संस्कृति की सबसे मूल्यवान उपलब्धि भाषा है और भाषा ही समाज जीवन का–मध्यवर्ती जीवन का सबसे अधिक मूल्यवान उपकरण है। भाषा सम्पन्न मानव जीव ही 'मानवीय मध्यवर्ती' होता है। भाषा के अविष्कार में मानवीय अस्मिता का अविष्कार होता है, उसकी सृष्टि होती है।''[14]

समाज का कोई भी व्यवहार भाषा के माध्यम से होता है। इसलिए भाषा का एक रूप प्रयोजनमूलक भी है, भिन्न–भिन्न प्रयोजनों के लिए भाषा का प्रयोग होता है। अज्ञेय भाषा के अप्रतिम साधक हैं इसलिए भाषा के अवमूल्यन को लेकर भी वह काफी चिंतित दिखाई देते हैं। शब्द व्यवहार की सतर्कता उनके लिए सबसे आवश्यक है। राजनीति, मीडिया और बाजार किस हद तक भाषा को प्रभावित करती है, इसे वह काफी बारीकी से समझ रहे थे। भाषायी अवमूल्यन

पर प्रकाश डालते हुए अज्ञेय लिखते हैं कि– ''भाषा की मुद्रा पर आज कई दिशाओं से दबाव पड़ रहा है और मुद्रा–स्फीति का संकट हर भाषा पर है। एक ओर राजनीति और शासन–तन्त्र की वे तरकीबें हैं जिनसे 'जन–मत' तैयार किया जाता है, दूसरी ओर व्यापार की वह अति–राजनीतिक और अतिनैतिक दुनिया है जो विज्ञापनों के द्वारा सामूहिक प्रतिक्रियाओं के ढांचे तैयार करने में जुटी हैं।''[15]

अज्ञेय सीधे तौर पर हिन्दी को राजभाषा बनाने की वकालत नहीं करते हैं परंतु इस बात पर बल देते हैं कि एक राष्ट्र और समाज के तौर पर अंग्रेजी को हिन्दी या अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में बढ़ावा देना मुझे स्वीकार नहीं है। अंग्रेजी को हिन्दी या अन्य भारतीय भाषाओं से श्रेष्ठ मानना भी उचित नहीं है। अंग्रेजी की जगह पर हिन्दी को स्वीकार किया जाय या कोई अन्य भारतीय भाषा। अज्ञेय अपरोक्ष रूप से कहते हैं कि निरपेक्ष ढंग से यदि इस बात का मूल्यांकन किया जाए कि कौन सी भाषा ऐसी स्थिति में अंग्रेजी का स्थान लेने में सबसे सटीक होगी, तो निश्चित ही हिन्दी का नाम सबसे ऊपर आएगा, ''मैं हिन्दी को राजभाषा बनाने का तर्क नहीं दे रहा हूं। उसे सिद्ध करने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। हमारा काम अंग्रेजी से नहीं चल सकता इतना हम मान लें तो उससे आगे के तर्क स्वयं सिद्ध हो जाते हैं। कोई भी भारतीय भाषा अंग्रेजी का स्थान ले ले, यह मुझे स्वीकार्य है। कौन–सी भारतीय भाषा के लिए इसकी सम्भावना सबसे अधिक है? किस को यह स्थान देने में देश को, प्रदेशों को, इतर भाषाएं बोलने वालों को सबसे कम परिश्रम करना पड़ेगा? इन प्रश्नों के उत्तर जो संकेत करते हैं मैं उससे सन्तुष्ट हूं।''[16]

भाषा का सम्बन्ध किसी भी राष्ट्र की एकता और अखंडता से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा है। भारत भाषायी दृष्टि से काफी समृद्धि राष्ट्र है। भाषायी विविधता का होना भारत को जहां सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्धि बनाता है, वहीं राजकाज की दृष्टि से उसके सामने चुनौती भी प्रस्तुत करता है। अंग्रेजों ने भारत में अपने शासन की जड़ें गहरी करने एवं भारत की सांस्कृतिक जड़ों को खोखला करने के लिए यहां मौजूद भाषायी वैविध्य को विभेद में बदलने की कोशिश की। हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में विभेद कर अंग्रेजी को बढ़ावा दिया। उन्होंने अंग्रेजी को श्रेष्ठतर और हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को कमतर घोषित कर भारतीय जनमानस को सांस्कृतिक एवं भाषिक गुलाम बनाने की कोशिश की। देश आजाद होने के बाद भी समाज के कुछ प्रभुत्वशाली वर्गों में अंग्रेजी के प्रति मोह कम नहीं हुआ, वहीं दूसरी तरफ भारत का राजभाषा सम्बन्धी प्रश्न राजनीति का शिकार हो गया। परिणामस्वरूप देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भी राजभाषा को लेकर एक राय नहीं बन पाई जिसका फायदा व्यापक तौर पर अंग्रेजी उठा रही है। देश की एकता एवं अखंडता के लिए अज्ञेय का मानना है कि विदेशी भाषा के स्थान पर कोई भी देशी भाषा स्थापित होनी चाहिए और इस एकता को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि किसी देशी भाषा के बरक्स कोई दूसरी देशी भाषा न लाई जाए। उनका स्पष्ट मानना है कि सरकारी कामकाज की भाषा एक होनी चाहिए ताकि हमारी विविधता का सामूहिक स्वर एक हो। हालांकि लेखक को साहित्य का सृजन अपनी मातृभाषा में करना चाहिए, ''राष्ट्रीय एकता के लिए हमें सक्रिय रूप से यह प्रयास तो करना चाहिए कि किसी विदेशी भाषा के स्थान पर कोई भारतीय भाषा आ जाए, किन्तु किसी देशी भाषा के स्थान पर कोई दूसरी देशी भाषा आवे, ऐसा करना राष्ट्रीय एकता के लिए उचित नहीं होगा। सरकारी कामकाज के लिए भाषा

एक होनी चाहिए मगर साहित्यिक अभिव्यक्ति के लिए हर लेखक को अपनी मातृभाषा का व्यवहार करना चाहिए।''[17]

आजादी के बाद भारत में भाषायी समस्या को सुलझाने के लिए शासन स्तर पर त्रिभाषा फार्मूला अपनाया गया। त्रिभाषा फार्मूला पर अज्ञेय का मानना है कि बिना किसी एक भाषा के विधिवत ज्ञान के अन्य भाषाओं को मात्र जानभर लेना व्यक्ति एवं राष्ट्र के विकास के लिए उचित नहीं है। सृजन मातृभाषा में उत्कृष्टता को प्राप्त कर सकता है। 'रचनात्मक भाषा एवं सम्प्रेषण की समस्याएं' नामक निबंध में वह लिखते हैं कि – ''किसी एक भाषा में मुखर न हो सकने पर दो या तीन भाषाओं में अध–गूंगे हो जाना कोई उपलब्धि नहीं है!''[18] त्रिभाषा फार्मूला का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इसकी वजह से तथाकथित पढ़ा–लिखा समाज भाषायी रूप से अपंग बन गया है। वह किसी एक भाषा में पूर्ण रूप से समर्थ नहीं हो सका और न ही किसी एक संस्कृति को जी पा रहा है, इसके बजाय वह घड़ी की पेंडुलम की तरह अधर में झूल रहा है। अज्ञेय 'रचनात्मक भाषा और सम्प्रेषण की समस्याएं' निबंध में त्रिभाषा फार्मूला के दुष्परिणाम की ओर संकेत करते हुए लिखते हैं –''इस से अधिक चिंता तो उस तथाकथित 'पढ़ने– लिखने वाले' समाज को लेकर होती है जो पढ़–लिखकर अधिक असमर्थ बना है क्योंकि उसकी पढ़ाई–लिखाई ने उसे न तो 'टू कल्चर्स' में से कोई एक संस्कृति दी है, न 'टू–लैंग्वेज फार्मूला' या 'थ्री–लैंग्वेज फार्मूला' के आधार पर कोई एक भी भाषा इस वर्ग का अधिकांश न तो किसी एक भाषा में बोल सकता है, न किसी एक भाषा में सोच सकता है।''[19]

भारत में राष्ट्रभाषा को लेकर बहस और विवाद आजादी की लड़ाई के दिनों से लेकर वर्तमान समय तक किसी न किसी रूप में जारी है। हिन्दी और अहिन्दी भाषी प्रदेशों में राष्ट्रभाषा संबंधी प्रश्न उठते रहे हैं। राष्ट्रभाषा के पक्ष–विपक्ष में विभिन्न मत मौजूद हैं। आजादी के नायकों से लेकर आजादी के बाद के विचारकों ने राष्ट्रभाषा को लेकर अपना चिंतन प्रस्तुत किया है। अज्ञेय राष्ट्रीयता और राष्ट्रभाषा को एक न मानते हुए भी उसमें एक संबंध जरूर मानते हैं। इस बात के पक्ष में वह स्वयं एवं अन्य भारतीय लेखकों का अनुभव प्रस्तुत करते हैं, जिन्होंने अंग्रेजी का दामन छोड़कर जनभावनाओं को ध्यान में रखकर भारतीय भाषाओं में लेखन की शुरुआत की। 'बोली, भाषा और राष्ट्रभाषा' संबंधी निबंध में अज्ञेय फिलीपीनी पत्रकार से कहते हैं – ''मैं यह तो नहीं कहूंगा कि राष्ट्रीयता के उत्थान और राष्ट्रभाषा के प्रयोग की शुरुआत या उस की उत्तरोत्तर वृद्धि को बिल्कुल एक कर के देखा जा सकता है। इन दोनों में एक सम्बन्ध है जरूर, वह भले ही दिखाई न पड़े। मेरा अनुभव या मेरे जैसे अन्य भारतीय लेखकों का अनुभव हमारी इस बात को पूरी तरह सिद्ध कर देता है। तीसरी दशाब्दी में भारत में ऐसे बहुत से लोग थे, जो अपने को अंग्रेजी का एक अच्छा लेखक मानते थे, बाद में उन्होंने अपनी धारणाएं बदल ली, मैं समझता हूं कि यह अच्छा भी हुआ। उन्होंने अंग्रेजी से अपना पल्ला झाड़ लिया और भारतीय भाषाओं में लिखने लगे। शुरू–शुरू में उनमें इतना विश्वास नहीं था मगर इतना जरूर लगने लगा था कि अगर उन्हें अपने को सच्चे रूप में अभिव्यक्त करना है तो उन्हें कोई न कोई भारतीय भाषा

चुननी पड़ेगी। और मुझे खुशी है कि उन्होंने चुनाव कर लिया।''[20] एक सर्जक और विचारक के तौर पर अज्ञेय भारत के गुलाम बनने की वस्तुस्थिति से पूरी तरह परिचित हैं। भाषा और भाव के स्तर पर उनमें राष्ट्रीय चेतना की भावना गहरे तक समाई हुई है। भारत के राजनीतिक–आर्थिक गुलामी के कारणों एवं उसके दुष्परिणामों का जिक्र करते हुए अज्ञेय अंग्रेजी के कारण भारतीय संस्कृति पर पड़ने वाले खतरों के प्रति आगाह करते हैं। भारतीय भाषाओं के आपसी झगड़े का फायदा उठा अंग्रेजी हमें सांस्कृतिक रूप से गुलाम बना सकती है। अज्ञेय भाषायी दृष्टि से भी एक राष्ट्रीय सोच विकसित करने को लेकर चिंतित दिखाई देते हैं। 'साहित्य की भारतीय कसौटी' नामक निबंध में उनकी यह चिंता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है –'हमारे भाषा–सम्बन्धी विश्वासों में राष्ट्रीय भावना की समस्या विशेष रूप से लक्षित होती है। भाषा सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सबसे अधिक समर्थ माध्यम है इसलिए इससे लगाव होना स्वाभाविक है। लेकिन भारत एक सर्वव्यापी भाषा के न रहते हुए भी इतना भाग्यवान तो है कि एक सजीव राष्ट्रीय संस्कृति पा सका हो। राष्ट्रीय भावना जितनी राजनीतिक एकता को प्रतिबिम्बित करती है उससे कहीं अधिक ही राष्ट्रीय सांस्कृतिक भावना को वाणी देती है। अंग्रेजी इस देश में उस उत्तरदायित्व का निर्वाह आज नहीं कर सकती और कभी नहीं कर सकेगी। तब प्रश्न यह रह जाता है कि राष्ट्रीय संस्कृति की जो निधि आज हमें उपलभ्य है उसे क्या हम अधिक सुरक्षित और सम्पन्नतर बनायेंगें, या कि बांट–बिखेरकर सांस्कृतिक क्षेत्र में भी इस प्रकार विपन्न हो जायेंगें जिस प्रकार जमीन का बंटवारा करके अन्न–उत्पादन के क्षेत्र में हो गये?''[21]

अज्ञेय के भीतर राष्ट्रीय चेतना कूट–कूटकर भरी हुई थी। उन्होंने आजादी के आंदोलन में एक क्रांतिकारी भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। गांधी जी का भी प्रभाव उन पर काफी पड़ा। यह उनका ही प्रभाव था कि अंग्रेजी परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने अपने लेखन में विदेशी भाषा के बजाय अपनी देशी भाषा हिन्दी का प्रयोग किया। अज्ञेय स्वयं इस बात को 'बोली, भाषा, राष्ट्रभाषा' निबंध में स्वीकारते हैं –''मगर जब मैं करीब दस साल का था गांधी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीयता आन्दोलन ने जोर पकड़ा। उसमें तमाम बातों के साथ किसी भारतीय भाषा के व्यवहार का पहलू भी जुड़ा हुआ था। तभी मैंने अपने मन में यह निश्चय किया था कि मैं अब अंग्रेजी का व्यवहार बन्द कर दूंगा और अपनी भाषा का गम्भीरता से अध्ययन करूंगा।''[22] आजादी के आंदोलन के दौरान जहां एक तरफ आजादी के नायक अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने के लिए राजनीतिक लड़ाई लड़ रही थे, वहीं दूसरी तरफ अंग्रेजों से सांस्कृतिक और भाषायी गुलामी से मुक्ति के लिए भी प्रयत्नशील थे। गांधी जी ने अंग्रेजी भाषा की जगह हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए जनता को जागरूक कर रहे थे। हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न संस्थाओं एवं समितियों का निर्माण किया गया। आजादी की लड़ाई में हिन्दी भाषी राज्यों समेत गैर–हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए उन प्रदेशों के नायक मसलन सी. राजगोपालाचारी, सुभाषचन्द्र बोस समेत अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने समर्थन किया। परंतु आजादी के बाद राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी का प्रश्न राजनीति

का शिकार हो गया। भाषा को लेकर यह राजनीति दिनों–दिन बढ़ती गयी, जो आज भी देखने को मिलती है। जब तमाम नेता सत्तालोलुपता में हिन्दी के खिलाफ दुर्भावना पूर्ण बयानबाजी करते हैं। हिन्दी की इस स्थिति पर अज्ञेय 'लेखक की स्थिति' निबंध में बहुत ही सटीक टिप्पणी करते हैं –''हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा हो या हो सकती है, इस सम्भावना को लेकर जो विवाद और वैमनस्य लगातार बढ़ता गया है, उसका दंड हर हिन्दी लेखक को मिलता है। किसी भाषा के लेखक को केवल अपनी भाषा के कारण विरोध ही नहीं, घृणा और अपमान के वैसे उग्र वातावरण में नहीं जीना और काम करना पड़ता है जैसे हिंदी में लेखक को। और यह आज की स्थिति है : आजादी की वयस्कता के दिन की, आजादी से पहले के भारत में भी हिन्दी की यह स्थिति नहीं थी।''[23]

हिन्दी भले ही राष्ट्रभाषा के रूप में सम्पूर्ण देश में स्वीकार नहीं हो पायी लेकिन वह भारत की सम्पर्क भाषा के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। जनसंख्या के लिहाज से देखें तो वह देश में अन्य भाषाओं की तुलना में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। अज्ञेय हिन्दी की इस महत्ता पर प्रकाश डालते हैं –''भारत में एक दर्जन से ज्यादा भाषाएं पायी जाती हैं। और इतने बड़े देश में यदि एक दर्जन भाषाएं हैं तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वहां किसी भी भाषा के बोलने वालों की संख्या कम–से–कम एक लाख तो है ही। मेरी अपनी मातृभाषा हिन्दी है, जिसे बोलने वालों की संख्या के अनुसार भारत की सर्वप्रमुख भाषा माना जाता है। मोटे तौर पर अगर कहें, तो देश के आधे से ज़्यादा लोग उसे बोलते हैं।''[24]

भारत की भाषायी विविधता में एकता लाने के लिए अज्ञेय सभी भाषाओं के लिए एक लिपि इस्तेमाल करने का सुझाव देते हैं। उनका मत है कि भाषायी विविधता को कायम रखते हुए भी राष्ट्रीय एकता के लिए एक लिपि को बढ़ावा दिया जा सकता है। उनका मानना है कि सबसे बड़ी समस्या विविध भाषाओं का होना नहीं है, समस्या है उनकी लिपि का एक न होना। 'बोली, भाषा, राष्ट्रभाषा' निबंध में फिलीपीन के पत्रकारों से परिसंवाद करते हुए अज्ञेय कहते हैं– ''मगर लिपि की समस्या बहुत बड़ी समस्या है। विभिन्न भाषाओं की अलग–अलग लिपि होने के कारण बड़ी गड़बड़ियां पैदा हो रही हैं। इसलिए लिपि के मामले में आप बहुत मजे में हैं। पता नहीं हमारे यहां तमाम भाषाओं के लिए एक लिपि कब स्वीकार की जाएगी।''[25]

अंग्रेजी को सक्षम भाषा मानने और अन्य भारतीय भाषाओं को कमतर आंकने की प्रवृत्ति पर अज्ञेय कुठाराघात करते हैं। एक हद तक इस तर्क को स्वीकारते हुए भी अज्ञेय अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि शैली के स्तर पर गढ़ा हुआ गद्य भावनाओं के स्तर पर कमज़ोर हो सकता है। साहित्य भावों का प्रतिबिंब है, शैली का कुशल निरूपण नहीं। अज्ञेय का यह कथन ध्यातव्य है– ''यह सही है कि अंग्रेजी बहुत ही व्यापक और सुविकसित भाषा है और कुछ अर्थों में भारतीय भाषाओं के मुकाबले में ज्यादा सक्षम भी है और इसलिए अंग्रेजी का एक सधा हुआ लेखक कभी–कभी बहुत बढ़िया गद्य लिख लेता है मगर स्तर केवल वही तो नहीं होता जिसे आप सतही तौर पर देखते हैं। साहित्य का स्तर इस बात से भी आंका जाता है कि उसमें लोगों की भावनाएं

कहां तक सही–सही प्रतिबिंबित हो सकी हैं – और शायद यह भी कि उसमें लेखक विशेष की प्रतिभा कहां तक प्रतिबिंबित हो सकी है– और इस अर्थ में मैं कहूंगा कि केवल भारतीय भाषाओं का साहित्य महत्त्वपूर्ण है।''[26] जो साहित्य अपनी भाषा में लिखा जाता है, उसे पढ़ने में पाठकों को आनंद आता है। उसे पढ़कर जो अपनत्व की भावना प्रबल होती है, वह विदेशी भाषा के साहित्य को पढ़कर नहीं। अज्ञेय पाठक की इसी मनोवृत्ति का उल्लेख करते हुए कहते हैं – ''आज का पाठक अपनी किसी भारतीय भाषा को पढ़ना ज्यादा पसंद करता है, उसमें ज्यादा रस लेता है। विदेशी भाषाओं में लिखने वाले भारतीय लेखकों का आज वह सबसे बड़ा आलोचक हैं।''[27] अज्ञेय भारतीय पाठकों के मानस की समृद्धि एवं संतोष के लिए जहां अपनी भाषा में लिखने की बात करते हैं, वहीं भारतीय साहित्य की गुणवत्ता एवं समृद्धि के लिए अन्य भाषाओं में लिखे साहित्य का भारतीय भाषाओं में अनुवाद को भी प्रोत्साहित करते हैं – ''मेरे विचार से हमें किसी भारतीय भाषा में लिखना चाहिए क्योंकि केवल उसी में कोई इसी से पाठक को संतोष मिल सकता है। मगर साथ ही साथ यह भी जरूरी है कि काफी संख्या में अनुवाद किये जाएं, केवल इसलिए नहीं कि हम अनुवादों के माध्यम से दूसरी भाषाओं का साहित्य पढ़ सकें, बल्कि इसलिए भी कि उनके माध्यम से हम यह भी जान सकें कि हमारा भारतीय साहित्य कैसा लिखा जा रहा है।''[28]

इस प्रकार हम देखते हैं कि अज्ञेय राष्ट्रीयता के उद्भव से राष्ट्रभाषा को एक स्तर पर अलग मानते हुए भी कहीं न कहीं उससे जुड़ा हुआ मानते हैं। अंग्रेजी की तुलना में भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्ति की वकालत करते हैं। उनका मानना है कि भारतीयता की भावना भारतीय भाषा में ही प्रबल रूप से मुखरित हो सकती है। परिवारिक परिवेश अंग्रेजी होने के बावजूद गांधी जी के राष्ट्रीयता के आंदोलन से प्रभावित होकर उन्होंने अपनी मातृभाषा हिन्दी को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। अंग्रेजी के बरक्स अज्ञेय बिना अन्य भारतीय भाषाओं को हानि पहुंचाए हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने पर बल देते हैं। उनका मानना है कि हर लेखक को अपनी साहित्यिक अभिव्यक्ति मातृभाषा में करनी चाहिए, अपनी मातृभाषा में ही लेखक के व्यक्तित्व की सच्ची अभिव्यक्ति है। भारतीय भाषाओं में एकता लाने के लिए वह एक लिपि के इस्तेमाल का सुझाव देते हैं, इसके लिए वह फिलिपीन का उदाहरण देते हैं। किसी भी भारतीय भाषा में लिखे गए साहित्य को वह भारतीय साहित्य की संज्ञा से अभिहित करते हैं। अज्ञेय भाषा और उसके बोलने वाले के बीच अन्योन्याश्रित संबंध प्रकट करते हैं। भाषा से ही किसी समाज का अपना अस्तित्व होता है। कोई भी समाज अपनी भाषा में ही जीवंत होता है, पराई भाषा पर आश्रित समाज धीरे–धीरे अपनी परंपरा, पहचान, संस्कृति और स्वाधीनता को खो देता है। अपने आप को बचाए रखने के लिए अज्ञेय का मानना है कि समाज और राष्ट्र को अनिवार्यतः अपनी भाषा में जीना होगा। संस्कृति का सर्वाधिक शक्तिशाली एवं समृद्ध उपकरण भाषा ही है। भाषा के अवमूल्यन के लिए अज्ञेय राजनीति, शासनतंत्र, व्यापार और विज्ञापन को जिम्मेदार ठहराते हैं। साहित्यिक अभिव्यक्ति के लिए मातृभाषा को सर्वोत्कृष्ट मानते हुए किसी भी समाज और राष्ट्र

को जीवित रहने के लिए निज भाषा का व्यवहार अनिवार्य मानते हैं।

सन्दर्भ :

1. अज्ञेयय आत्मनेपद, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी प्रथम संस्करण–1960, पृ. 240
2. अज्ञेय रचनावली खंड –10, सं. कृष्णदत्त पालीवाल, भारतीय ज्ञानपीठय नयी दिल्ली य दूसरा संस्करण–2016, पृष्ठ संख्या –340
3. वही, पृष्ठ –341
4. वही
5. वही
6. वही, पृष्ठ संख्या –353
7. वही, पृष्ठ संख्या – 341
8. वही, पृष्ठ संख्या –354
9. वही
10. वही, पृष्ठ संख्या – 347
11. वही
12. चितरंजन मिश्ररू अज्ञेय का भाषा चिंतन,हिन्दी समय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
13. अज्ञेय रचनावली खंड –10, सं. कृष्णदत्त पालीवाल, भारतीय ज्ञानपीठय नयी दिल्ली य दूसरा संस्करण–2016, पृष्ठ संख्या –347
14. वही, पृष्ठ संख्या –359
15. वही, पृष्ठ संख्या –348
16. वही, पृष्ठ संख्या –241
17. वहीं, पृष्ठ संख्या –343
18. वही, पृष्ठ संख्या –374
19. वही
20. वही, पृष्ठ संख्या –337
21. वहीं, पृष्ठ संख्या –241
22. वही, पृष्ठ संख्या –341
23. वही, पृष्ठ संख्या –235
24. वही, पृष्ठ संख्या –341
25. वही, पृष्ठ संख्या –343
26. वही, पृष्ठ संख्या –338
27. वही
28. वही, पृष्ठ संख्या –339

❏❏❏

सहायक आचार्य, बी. एन. के. बी. पी. जी. कालेज, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

हिंदी भाषा का वैश्विक परिदृश्य

–डॉ. नीलम देवी

हिन्दी भाषा का गौरव माननीय अटल बिहारी बाजपेयी ने 'संयुक्त राष्ट्र संघ' में बतौर विदेश मंत्री हिन्दी में भाषण देकर भारत के आत्मविश्वास को नई ऊँचाई प्रदान की है। नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने अपने भाषण की शुरुआत हिन्दी भाषा में ही किया और पुरस्कार पुस्तिका में हस्ताक्षर भी हिन्दी में किया।

'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा–ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।

हिन्दी सिर्फ हिन्द की ही भाषा नहीं है अपितु यह साहित्य की अधिनायक और संपूर्ण भारत की राष्ट्रीय एकता, सम्प्रदाय एवं सांस्कृतिक एकता की नियामिका भी है। जिसको राष्ट्रहित से अलग नहीं माना जा सकता है। भाषा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने विचार एक–दूसरे को भली–भाँति समझा सकते हैं। यही कारण है कि हिन्दी भाषा जगत के व्यवहार का मूल है और समग्र भारत की अपनी बौद्धिक पहचान है। हिन्दी भाषा की वैश्विक परिदृश्य का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज हिन्दी बोलने, समझने वालों की संख्या बहुतायत में है जो भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों में भी फैला हुआ है। हिन्दी भाषा में साहित्य सृजन की प्रदीर्घ श्रृंखला है जो सभी विधाओं में वैविध्यपूर्ण एवं समृद्ध है तथा ज्ञान–विज्ञान के तमाम अनुशासनों में, नवीन विषयों में सामाग्री तैयार करने की क्षमता रखता है। साथ ही साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रौद्योगिक उपलब्धियों जैसे– ई–मेल, ई–कामर्स, ई–बुक, इंटरनेट तथा एस.एम.एस. और वेब जगत में भी अपनी सक्रिय एवं प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। आज हिन्दी भाषा वैश्विक पटल पर अपना परचम लहरा रही है, जिसे यहाँ तक पहुँचने में किसी कंधे की जरूरत नहीं, अपितु अपने नैसर्गिक गुणों एवं अदम्य शक्ति का ही आधार रहा है। कथाकार उदय प्रकाश के शब्दों में– ''आने वाले दिनों में हिन्दी एक नए कलेवर में होगी। वह अकादमिक हिन्दी नहीं बल्कि नई पीढ़ी की हिन्दी होगी।''

वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी हमारी मातृभाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा ही नहीं है अपितु हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका भी है। तथा हमारे राष्ट्र के रूप में उत्थान और आविष्कार की भाषा भी है। जो किसी एक वर्ग, समुदाय

की भाषा न होकर कश्मीर से कन्याकुमारी तथा गुजरात से असम तक की हमारी बोलचाल, रहन–सहन एवं परंपराओं को एक सूत्र में बाँधकर भारत देश के स्वाभिमान को प्रकट करती है। भारत एक बहुभाषी एवं बहु–सांस्कृतिक देश है जहाँ हर वर्ग, जाति के लोग अलग–अलग बोली और भाषा बोलते हैं। व्यक्ति को उसकी बोली, भाषा के आधार पर पहचाना जा सकता है। संसार में लगभग तीन हजार भाषाएँ बोली जाती हैं। जिनमें बहुत–सी भाषाएँ परिवारिक रूप से आपस में जुड़ी हैं। ध्वनि, व्याकरण, शब्द–समूह का अध्ययन–विश्लेषण करके तथा भौगोलिक विस्तार के आधार पर विद्वानों ने लगभग बारह–तेरह परिवार का पता लगाया है। द्रविण, चीनी, सेमेटिक, हेमेटिक, आग्नेय, यूराल–अल्टाइक, बांटू, अमरीकी (रेड–इण्डियन) काकेशस, सूडानी, बुशमैन, जापानी–कोरियाई तथा भारोपीय। हिन्दी हमारी भारोपीय परिवार की भाषा है जिसका विकास अप्रभ्रंश के शौरसेनी रूप में हुआ है। भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। एक–एक भाषाओं की कई–कई बोलियाँ हैं। जो अपनी सरलता, सहजता के कारण वैश्विक स्तर पर अपना वर्चस्व बनाए रखी हैं। ये उपभाषाएँ और बोलियाँ निम्नलिखित हैं।

पश्चिमी हिन्दी– खड़ी बोली, ब्रजभाषा, कन्नौजी, हरियाणवी, बुंदेली, जो मेरठ, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, कानपुर, वृंदावन, मथुरा आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

पूर्वी हिन्दी– अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी जो कि फतेहपुर, प्रतापगढ़, रीवा, सतना, सरगुजा, बिलासपुर आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

राजस्थानी हिन्दी– मेवाती, मालवी, मारवाड़ी, जयपुरी जो कि जोधपुर, अजमेर, भरतपुर, जयपुर, इंदौर, उज्जैन आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

बिहारी हिन्दी– मगही, मैथिली, भोजपुरी, जो बिहार के दरभंगा, भोजपुर, पटना, मुजफ्फर नगर और उ0प्र0 के गोरखपुर, बनारस आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

पहाड़ी हिन्दी– कुमाऊँनी, गढ़वाली यह उत्तराखंड के अल्मोड़ा नैनीताल, देहरादून, चमोली आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

हिन्दी भाषा विविधता में एकता लिए कभी संस्कृत के साथ मिलकर बेटी बन जाती है तो उर्दू के साथ मिलकर बहन। कभी आम फहम की भाषा तो कभी जनभाषा तो कभी मानक, संपर्क भाषा बनकर देश–विदेश में अपना सिक्का जमाती है। रूस के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू के विद्वान पी.ए. वारान्निकोव हिन्दी भाषा के संदर्भ में कहते हैं– "हिन्दी साम्राज्यवाद नाम की न तो कोई चीज है और न ही उसे किसी ने देखा है। हिन्दी न तो किसी पर थोपी जा रही है और न ही थोपी जा सकती है। हिन्दी एक समृद्ध भाषा है, इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते। हिन्दी एक सरल भाषा है और देवनागरी जैसी सरल लिपि तो शायद कोई हो।"[1]

हिन्दी भाषा और प्रवासी साहित्यकार–

हिन्दी भाषा भारत माता के माथे की बिंदी, उसका कोहिनूर, सरताज, अलंकार एक ऐसा चमकता हीरा है जो कि विश्व गुरु बनने में सक्षम है। यह न केवल भारत देश की अक्षुण्णता,

अखंडता को बनाने में सक्षम है अपितु संपूर्ण विश्व की अखंडता को बनाये रखने में भी सक्षम है। भारतीय संस्कृति पुरातन काल से ही अपने समन्वयवादी गुणों के कारण और परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर–अमर बनी हुई है। एक ओर जहाँ अन्य देश की संस्कृतियाँ अपने समय के साथ–साथ विलुप्त हो रही हैं वहीं भारतीय संस्कृति अपने उदात्त जीवन मूल्यों के कारण विदेशों में भी डंका बजा रही है। साथ–ही–साथ विदेशियों को भी अपनी धर्म और संस्कृति की ओर प्रभावित भी कर रही है। यही कारण है कि आज मॉरिशस, फिजी, श्रीलंका, नेपाल, सूरीनाम आदि जैसे देश भारत की सभ्यता, भाषा और संस्कृति को अपना रहे हैं। जिसमें हिन्दी भाषा सेतु का कार्य कर रही है। शासक और शासित के मध्य भाषा सेतु को लक्षित करते हुए जॉन गिल क्राइस्ट लिखते हैं– ''व्यापारी हो या पर्यटक, नागरिक, अधिकारी हो या सैनिक अफसर, वकील हो या धर्मोपदेशक अथवा दार्शनिक हो या चिकित्सक, संक्षेप में कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका भारत के साथ किसी प्रकार का भी सम्बन्ध है, उसके लिए हिन्दुस्तानी अन्य भाषा की अपेक्षा अधिक लाभप्रद भाषा है।''[2]

गिलक्राइस्ट के अतिरिक्त गार्सा–द–तासी ऐसे फ्रांसीसी और हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा के उन्नायक विद्वान हैं जिन्होंने फ्रेंच भाषा में 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' लिखा। इंग्लैंड के पिंगाट महोदय हिन्दुस्तानी कविता के प्रेमी थे। उन्होंने ब्रजभाषा में भारतेंदु जी की प्रशंसा में छंद लिखे। ग्राउस (इंग्लैंड) हेनरी कैलाग (अमेरिका) ग्रियर्सन (आयरलैण्ड) ग्रीब्ज (लंदन) फादर कालिम बुल्के (बेल्जियम) इन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी लघुकोश 1955, अंग्रेजी हिन्दी शब्दकोश 1968 का प्रकाशन किया। अभिमन्यु अनंत जिन्हें 'मॉरीशस' का प्रेमचंद कहा जाता है। इन्होंने अपने कथा साहित्य के माध्यम से अप्रवासी लोगों के मनस्ताप का वर्णन किया है। मिजोकामि (जापान) कोक ब्रुक, फ्रैंक ई. की, मोनियर, विलियम्स, विलियम केरी (इंग्लैंड) डॉ. लोठार लुत्से (जर्मनी) इन्होंने 'टीच योरसेल्फ हिन्दी' तथा 'हिन्दी के बारह पाठ' आदि महत्त्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। विवेकानंद शर्मा (फिजी) पं. दौलतराम शर्मा (मॉरीशस) आदि ऐसे प्रवासी साहित्यकार हैं जिन्होंने पूरे विश्व में हिन्दी भाषा का झंडा फहराया और आज भी हिन्दी भाषा की सजीव कड़ी से जुड़े हैं। और हिन्दी भाषा में साहित्य सृजन कर रहे हैं। डॉ. कमल किशोर गोयनका के अनुसार, ''हिन्दी के प्रवासी साहित्य ने अपना एक नया संसार रचा है, जिसका स्वरूप भले ही छोटा रहा हो परन्तु उसने एक अलग साहित्य संसार की रचना की जो पूरे विश्व में निरंतर विकसित होता गया और हिन्दी के प्रवासी साहित्य के एक बिंब का निर्माण हुआ। अब हिन्दी प्रवासी साहित्य मॉरीशस तक सीमित न रहा क्योंकि अब उसका परिदृश्य वैश्विक बन गया।''[3]

हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य–

इक्कीसवीं सदी का सबसे बड़ा लक्ष्य है– वैश्वीकरण। आज वैश्वीकरण चाहे मानवीयता के स्तर का हो या आधुनिकता के स्तर का या वैज्ञानिकता, सामाजिकता अथवा प्रौद्योगिकी के स्तर

का, अगर हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम्' 'विश्वबन्धुत्व' का लक्ष्य प्राप्त करना है तो हमें वैश्वीकरण को अपनाना पड़ेगा। वैश्वीकरण ने ही विश्व की कई मुख्य भाषाओं जैसे– अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी, अरबी, जर्मनी आदि के महत्त्व को बढ़ाया है। जिसमें हिन्दी भाषा ने वैश्विक पटल पर अपना मुकाम बनाया है। आज हिन्दी पढ़ने–लिखते वालों की संख्या भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी करोड़ों में है। डॉ. जयंती प्रसाद नौटियाल अपने 'भाषा शोध' (2005) में लिखते हैं कि ''विश्व में हिन्दी जानने वालों की संख्या एक अरब दो करोड़ पच्चीस लाख दस हजार तीन सौ बावन (1,02,25,10,352) है। जब कि चीनी बोलने वालों की संख्या केवल 90 करोड़ चार लाख छह हजार छह सौ चौदह (90,04,06,614) है।''[4]

हिन्दी भाषा का गौरव माननीय अटल बिहारी बाजपेयी ने 'संयुक्त राष्ट्र संघ' में बतौर विदेश मंत्री हिन्दी में भाषण देकर भारत के आत्मविश्वास को नई ऊँचाई प्रदान की है। नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने अपने भाषण की शुरुआत हिन्दी भाषा में ही किया और पुरस्कार पुस्तिका में हस्ताक्षर भी हिन्दी में किया।

हिन्दी भाषा को वैश्विक फलक तक लाने में संचार माध्यमों की भी महती भूमिका है। संचार तंत्र के कारण ही हम हिन्दी भाषा के ऑनलाइन शब्दकोश, बेब पत्रिकाएँ, इंटरनेट बैंकिंग, ई–मेल, ब्लॉग, कम्प्यूटर टूल्स, हिन्दी चैनल, रेडियो, फिल्म, गीत, सिनेमा आदि को बड़ी ही सहजता से प्रयोग कर लाभ उठा सकते हैं। ''भूमण्डलीकरण से हिन्दी की व्याप्ति की संभावनाएँ बहुत अधिक हो गई हैं। पश्चिमी देश भारत को एक बड़ी मंडी के रूप में देख रहे हैं। यहाँ आने पर विदेशी व्यापारियों और उद्योगपतियों को हिन्दी सीखनी ही होगी। हिन्दी भाषा से अनभिज्ञ रूसियों ने 'मेरा जूता है जापानी' और 'जीना यहाँ मरना यहाँ इसके सिवा जाना कहाँ' जैसे हिन्दी फिल्मी गानों को कितनी रुचि से सीखा, सब जानते हैं।''[5]

हिन्दी भाषा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में हमारे न्यूज चैनल, समाचार पत्र–पत्रिकाएँ भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारिता साहित्य की संवाहिका और समाज के विचारों का प्रतिबिम्ब है। जिसके माध्यम से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। नागरी प्रचारिणी पत्रिका, कविवचन सुधा, सरस्वती, हंस, राजभाषा प्रचार समिति 'वर्धा', हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, आदि ऐसी समितियाँ और पत्रिकाएँ हैं जो जनमानस की आशाओं–आकांक्षाओं के अनुरूप हर क्षेत्र में दैदीप्यमान हो रही हैं। भारतीय पत्र–पत्रिकाएँ ही नहीं अपितु अमरीका की 'विज्ञान प्रकाश' मॉरीशस की 'विश्व हिन्दी समाचार' और 'सौरभ बसंत' पत्रिका सूरीनाम में सूरीनामी हिन्दी परिषद, जयप्रकाश हिन्दी संस्थान, कनाडा की हिन्दी परिषद, हिन्दी संघ, मुकुल हिन्दी स्कूल, गुयाना में हिन्दी प्रचार सभा, इंग्लैंड में हिन्दी समिति भी हिन्दी भाषा की सार्वभौमिकता बनाए हुए हैं। महात्मा गाँधी जी पत्र–पत्रिकाओं की महत्ता और आवश्यकता को देखते हुए कहते हैं–

> ''इस अँधियारे विश्व में, दीपक है अखबार।
> सुपथ दिखाए आपको, आँख करत है चार।।''[6]

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि हिन्दी भाषा हमारी आभ्यांतर और वाह्य अभिव्यक्ति का माध

यम ही नहीं है अपितु वह हमारे आंतरिक निर्माण, विकास, हमारी अस्मिता और सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान का भी साधन है। जिसके बिना मानव पंगु और मृतप्राय है किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से ही होती है। यदि राष्ट्र हमारा शरीर है तो धर्म उसकी आत्मा और भाषा उसकी संस्कृति की संवाहिका। यदि हम वैश्विक परिदृश्य की बात करें तो आज हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता इस कदर बढ़ती जा रही है कि यह न केवल व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, ज्ञान, विज्ञान, व्यवसाय, बाजार, तकनीकि आदि की भाषा बनती जा रही है अपितु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की भी मूल आवश्यकता भी बन गई है। यही कारण है कि आज हिन्दी भाषा विश्व क्षितिज पर अपनी विजय पताका फहरा रही है।

पं. दौलतराम शर्मा (मॉरीशस) के शब्दों में–

''कुछ ध्यान दे के सुन लो हिंदी की कहानी।
बढ़ती गई कैसे यहाँ हिंदी महारानी।
लाए गए पूर्वज यहाँ करने को गुलामी।
होते हुए गुलाम भी रख ली स्वनिशानी।
....
थल थल पे हिन्दी के लिए होने लगे प्रचार।
रुकता कहाँ उदय रवि जब हो गया एक बार।
पाठशालाएँ हर गाँव में अब खुलने लगीं।
बच्चों के होंठों पर अब हिन्दी फूलने लगी।''[7]

जय हिन्दी, जय नागरी।

संदर्भ–

1. अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन 'स्मारिका'2020, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, पृ. 101
2. वही, पृ. 87
3 गुप्त अमित कुमार, सुश्री ज्योति कुशवाहा, भारतीय संस्कृति के उन्नयन में प्रवासी साहित्यकार, वान्या पब्लिकेशन, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर, पृ. 174
4 भाषा– सितम्बर–अक्टूबर 2019, अंक 286 वर्ष 58, केंद्रीय हिन्दी निदेशालय भारत सरकार, पृ. 12
5 भाषा– सितम्बर–अक्टूबर 2018, अंक 280 वर्ष 57, केंद्रीय हिन्दी निदेशालय भारत सरकार, पृ. 16
6 हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य, मिलिंद प्रकाशन, हैदराबाद, पृ. 118
7 अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन 'स्मारिका'2020, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, पृ. 102

❐❐❐

सहायक शिक्षक, हिन्दी
श्री पुरुषोत्तम इण्टर कॉलेज, खजुहा फतेहपुर, ईमेलः pawan_neel/yahoo.co.in मोबाइल – 9580150221

हिंदी भाषा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

—डॉ. विजय लक्ष्मी

कोई भी राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए उसका जन–जन मजबूत होता है, तब वह राष्ट्र उत्तरोत्तर तरक्की का मार्ग प्रशस्त करता है और इसलिए मातृभाषा ही इस कार्य के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान करती हैं। आज जन–जन को अपनी भाषा के प्रति जागरूक और मधुरता प्रकट करने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी जी ने भी कहा है–"कि मेरी मातृभाषा में कितनी खामियां क्यों ना हों? मैं इससे इसी तरह चिपटा रहूँगा जिस तरह बच्चा अपनी माँ की छाती से।

बीज शब्द– विकासशील, वरीयता, प्रोत्साहन, व्यवस्था, प्रयास।

शोध सार– समाज और राष्ट्र की उन्नति मातृभाषा के बिना नहीं हो सकती। भाषा की उन्नति से ही व्यक्ति, समाज और देश के विकास का द्वार खुलता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा व्यवस्था, मातृभाषा और बहुभाषा पर केंद्रित है, जिसमें भारतीय भाषाओं के महत्त्व पर बल दिया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि हिंदी भाषा के शिक्षण का प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों के ज्ञान, विवेक और चरित्र का विकास करना है। नई शिक्षा नीति के अनुसार पांचवी कक्षा तक के छात्रों को मातृभाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्र भाषा में ही अध्ययन करवाया जाएगा जो कि मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत सरकार ने भारतीय शिक्षा को अलग तरीके से आगे बढ़ाने और उसकी आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है जिसमें मातृभाषा को फिर से जीवित करने की बात रखी गई है। नई शिक्षा नीति लागू होने से हिंदीभाषा को बढ़ावा और प्रोत्साहन मिलेगा। नई शिक्षा नीति 21वीं सदी में शिक्षा के स्तर में सुधार तथा भारत की मूल व्यवस्था और प्रत्येक नागरिकों में विश्वकल्याण की भावना को भरने का उद्देश्य है। वर्तमान शिक्षा नीति पर ध्यान न देने के कारण ही भारत आज भी विकासशील देश बना हुआ है। वर्तमान समय में हिंदी भाषा को लेकर इतनी दुरूखद स्थिति है कि सामान्य बोलचाल में बोले जाने वाले शब्दों को भी आज के विद्यार्थी न तो ठीक से बोल पाते हैं और न ही ठीक से लिख पाते हैं, साथ ही आज की पीढ़ी अपने संस्कारों और संस्कृति से भी दूर होती जा रही है। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर गूगल की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 80 देशों में एआई युक्त उत्पादों में कुल 30 तरह की भाषाओं का चलन अधिक है उसमें हिंदी का प्रयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है,

जिसमें हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन गई है। अमेरिका की जनगणना विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2020 तक हिंदी बोलने वालों की संख्या नौ लाख से अधि ाक थी और यह लगातार बढ़ रही है। अमेरिका में रहने वाले 70% भारतीय घर पर हिंदी भाषा को वरीयता देते हैं। वर्तमान में सरकार, सरकारी स्कूलों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी पढ़ लिख कर अच्छे क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि कर सकें।

समाज और राष्ट्र की उन्नति मातृभाषा के बिना नहीं हो सकती। भाषा के महत्त्व को बताते हुए भारतेंदु हरिश्चंद्र ने कहा था कि "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।" मातृभाषा के बिना किसी भी देश की उन्नति नहीं हो सकती। भाषा की उन्नति से ही व्यक्ति, समाज और देश के विकास का द्वार खुलता है। हिंदी भाषा के शिक्षण का प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों के ज्ञान, विवेक और चरित्र का विकास करना है। वर्तमान में भारत सरकार ने भारतीय शिक्षा को तरीके से आगे बढ़ाने और उसकी आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की है जिसमें मातृभाषा को फिर जीवित करने की बात रखी गई है। नई शिक्षा नीति से हिंदी भाषा को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा व्यवस्था मातृभाषा और बहु–भाषा पर केंद्रित है जिसमें भारतीय भाषाओं के महत्त्व पर बल दिया गया है। नई शिक्षा नीति 21वीं सदी में शिक्षा के स्तर में सुधार तथा भारत की मूल व्यवस्था और प्रत्येक नागरिकों में विश्व कल्याण की भावना को भरने का उद्देश्य है। वर्तमान शिक्षा नीति पर ध्यान ना देने के कारण ही भारत आज भी विकासशील देश बना हुआ है। जिस देश की शिक्षा का स्तर मजबूत होगा वह शीघ्रता से प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा नई शिक्षा नीति में प्रारंभिक स्तर की पढ़ाई में सर्वप्रथम मातृभाषा और स्थानीय भाषा के प्रयोग पर अत्यधिक बल दिया गया है। शिक्षा प्रभावी हो तथा एक सशक्त भारत का निर्माण हो इसके लिए आवश्यक है कि सभी को मातृभाषा में शिक्षा को महत्त्व देना चाहिए।

कोई भी राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए उसका जन–जन मजबूत होता है, तब वह राष्ट्र उत्तरोत्तर तरक्की का मार्ग प्रशस्त करता है और इसलिए मातृभाषा ही इस कार्य के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान करती हैं। आज जन–जन को अपनी भाषा के प्रति जागरूक और मधुरता प्रकट करने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी जी ने भी कहा है–"कि मेरी मातृभाषा में कितनी खामियां क्यों ना हों? मैं इससे इसी तरह चिपटा रहूँगा जिस तरह बच्चा अपनी माँ की छाती से। यही मुझे जीवनदायिनी दूध दे सकती है। अगर अँग्रेजी उस जगह को हड़पना चाहती है जिसकी वह हकदार नहीं है तो मैं उससे सख्त नफरत करूँगा। वह कुछ लोगों के सीखने की वस्तु हो सकती है, लाखों–करोड़ों की नहीं।" वर्तमान समय में नई शिक्षा नीति के अनुसार पांचवी कक्षा तक के छात्रों को मातृभाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्रभाषा में ही अध्ययन करवाया जाएगा जो कि मातृभाषा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत महत्त्वपूर्ण है। वर्तमान समय में हिंदी भाषा को लेकर इतनी दुखद स्थिति है कि सामान्य बोलचाल में बोले जाने वाले शब्दों को भी आज के विद्यार्थी

ना तो ठीक से बोल पाते हैं और ना ठीक से लिख पाते हैं। साथ ही आज की पीढ़ी अपने संस्कारों और संस्कृति से भी दूर होती जा रही है क्योंकि वर्तमान में सभी माता–पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूल की अपेक्षा प्राइवेट में शिक्षा देना अत्यधिक पसंद करते हैं। यह केवल कहने की बात है कि प्राइवेट संस्थानों में शिक्षकों द्वारा अधिक अच्छे तरीके से बच्चों को शिक्षा दी जाती है जबकि सरकार सरकारी स्कूलों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी पढ़ लिखकर अच्छे क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि कर सकें।

नई शिक्षा नीति दूरदर्शी सोच की परिणिति है। इसके अध्याय 22 में भारतीय भाषाओं, कला एवं संस्कृति से संबंधित प्रावधानों को समायोजित किया गया है। इसमें सभी भाषाओं को समानता दी गई है। नई शिक्षा नीति में प्राथमिक तौर पर मातृभाषा के प्रभाव को समायोजित करते हुए हिंदी भाषा के महत्त्व को भी सम्मिलित किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान शिक्षा नीति भाषा के साथ कला की भी बात करती है क्योंकि इसमें भाषा के द्वारा कला और सांस्कृतिक संवर्धन का लक्ष्य भी रखा गया है। हमारे देश की राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी का स्थान अग्रणी रहेगा। वह हिंदी के प्रभुत्व को स्थापित करते हुए भविष्य में हिंदी युग की स्थापना के लिए भरसक प्रयास करेगा। सकारात्मक यह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा व्यवस्था में बहु भाषा और मातृभाषा पर केंद्रित है। यह जहां एक और भारत केंद्रित है वहीं दूसरी ओर बालक केंद्रित भी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि हम सभी अपनी मातृभाषा विशेषता हिंदी के व्यवहार में सम्मान महसूस करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर एक वीडियो संदेश में कहा कि "हिंदी भारतीय संस्कृति का अटूट अंग है तथा स्वतंत्रता संग्राम के समय से यह राष्ट्रीय एकता और अस्मिता का प्रभावी व शक्तिशाली माध्यम रही है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक देश की पहचान उसकी सीमा व भूगोल से होती है लेकिन उसकी सबसे बड़ी पहचान उसकी भाषा है भारत की विभिन्न भाषाएं और बोलियां उसकी शक्ति भी है और उसकी एकता का प्रतीक थी सदियों से पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम हिंदी कर रही है हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी वैज्ञानिकता, मौलिकता और सरलता है।"

देशी विदेशी सभी भाषाओं में ज्ञान का भंडार है। उन्हें सीखने में कोई बुराई नहीं है लेकिन पहला सम्मान अपनी मातृभाषा और अपनी मातृभूमि के लिए आवश्यक है। मातृभाषा में बालक की सहज प्रकृति का निर्माण करने की क्षमता है। आज भारतवर्ष भिन्न–भिन्न रूपों में विकास के मार्ग पर अग्रसर है। नया भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में यह परम आवश्यक है कि मातृभाषा शिक्षा एवं संस्कार का माध्यम बने। डॉ. जाकिर हुसैन ने हिंदी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा है– "कि हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मातृभाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सृजन करेगा।" युवा भारत मातृभाषा के चिंतन के साथ–साथ उसके वंदन के लिए भी सदैव दृढ़ संकल्पित रहें। विभिन्न अध्ययन एवं शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि बालक अपनी मातृभाषा में अधिक सीखता है और सरलता से सीखता

है। मातृभाषा में शिक्षा, मातृभाषा में कार्य और मातृभाषा का व्यवहार संपूर्ण साक्षरता की दिशा में भी कारगर सिद्ध हो सकता है। अभी हाल ही में हिंदुस्तान के ताजा अंक में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर गूगल की एक रिपोर्ट के अनुसार हिंदी बदलती दुनिया के साथ कदमताल कर रही है कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में हिंदी का दखल बढ़ रहा है। दुनिया के 80 देशों में एआई युक्त उत्पादों में कुल 30 तरह की भाषाओं का चलन अधिक है। उसमें हिंदी का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिसमें हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन गई है। दुनिया की अहम भाषा बन चुकी लोगों की भी पसंद बन रही है दुनिया के दूसरे देशों में रहने वाले लोगों के बीच भी हिंदी प्रेम बढ़ रहा है। एलेक्सा, एंड्राइड और दूसरे तकनीकी माध्यमों के जरिए दूसरी भाषा बोलने वाले लोग हिंदी सीख रहे हैं। भारत दौरे से पहले अपनी यात्रा को सफल बनाने के लिए विदेशी नागरिक हिंदी सीखने पर ज्यादा जोर देते हैं। अमेरिका के जनगणना विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2020 तक हिंदी बोलने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक थी और यह लगातार बढ़ रही है। एथनोलॉग के अनुसार वर्ष 2022 में अंग्रेजी और मॉडल इन चाइनीज के बाद हिंदी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत में करीब 35 करोड़ लोगों की मूल भाषा हिंदी है। वहीं 26 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं जो हिंदी भाषा का प्रयोग अपने जीवन में मौजूदा समय में कर रहे हैं। वही करोड़ों लोग हिंदी सीखने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया की अहम भाषा बन चुकी हिंदी लोगों की भी पसंद बन रही है। दुनिया के दूसरे देशों में रहने वाले लोगों के बीच भी हिंदी प्रेम बढ़ रहा है। भाषा ही मनुष्य को अपने देश संस्कृति और मूल्य के साथ जोड़ती है। हिंदी भारतीयों की राजभाषा है और भारतीय भाषाओं की सहेली है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था—"भारतीय संस्कृति एक विकसित शतदल कमल की तरह है जिसकी प्रत्येक पंखुड़ी हमारी प्रादेशिक भाषाएं हैं। किसी भी पंखुड़ी के नष्ट होने से कमल की शोभा नष्ट हो जाएगी। मैं चाहता हूं कि प्रादेशिक भाषाएं रानी बनकर प्रांतों में विराजमान रहे और उनके बीच हिंदी मध्य मणि बनकर बिराजे।" नई शिक्षा नीति 2020 लागू होने से हमारी हिंदी भाषा के लिए एक सकारात्मक बात यह भी है कि अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं हिंदी भाषा के साथ–साथ अन्य भाषाओं में भी आयोजित कराई जाएंगी। इसके अलावा हिंदी भाषा के साथ–साथ संस्कृत को प्रथमतरू स्थान दिया गया है जो कि हमारी भारतीय संस्कृति के लिए अति महत्त्वपूर्ण बात है क्योंकि भारतीय समाज और संस्कृति को ठीक से समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान अति आवश्यक है क्योंकि हमारे धर्म, संस्कृति व प्राचीन साहित्य का माध्यम संस्कृत तथा हिंदी भाषा है। किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व, उसकी संस्कृति और सभ्यता यह सब उस राष्ट्र की मातृभाषा से जुड़े होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हिंदी और संस्कृत विषय पढ़ना हर छात्र के लिए अनिवार्य होगा। भारत में हिंदी भाषा के विकास के लिए अनेकों संस्थाएं समितियों जैसे केंद्रीय हिंदी विश हिंदी निदेशालय आगरा, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा आदि के द्वारा भाषा के प्रशिक्षण के लिए संचालित पाठ्यक्रमों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। यह सभी संस्थान मिलकर प्रतिवर्ष सैकड़ों विदेशी छात्रों को हिंदी

भाषा में पारंगत करके विश्व मंच पर हिंदी के वैश्विक दूत तैयार करते हैं जो कि अपने अपने देशों में हिंदी और भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में हिंदी भाषा की वैश्विक परिधि का निर्माण कर रहे हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हमारे देश की मिट्टी में सांस्कृतिक विविधता हर तरफ दिखाई पड़ती है साथ ही हमारी संस्कृति और हमारी भाषा का एक दूसरे से अटूट संबंध है। यदि हमें भारत को विश्वगुरु बनाना है तो इसके लिए हमें अपनी मातृभाषा पर विशेष ध्यान अर्जित करना होगा। एन.ई.पी. के अनुसार "यह अपने स्वयं के सांस्कृतिक इतिहास कला भाषा और परंपराओं की एक मजबूत भावना और ज्ञान के विकास के माध्यम से है कि बच्चे एक सकारात्मक सांस्कृतिक पहचान और आत्मसम्मान का निर्माण कर सकते हैं।" वर्तमान परिस्थिति में हिंदी भाषा का पर्याप्त प्रचार एवं बाजार आधारित शिक्षा प्रणाली का अनिवार्य रूप से पालन होना चाहिए जिससे देश का सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक विकास संभव हो सकेगा। अपनी मातृभाषा को अधिक से अधिक व्यावहारिक जीवन में बोलने का प्रयास हम सभी को करना चाहिए तथा हम सभी को अपनी भाषा पर अभिमान करना चाहिए। यह सही है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं पर अधिक बल दिया गया है क्योंकि भारतीय भाषाओं की विकास के साथ ही हिंदी भाषा का विकास और विस्तार काफी हद तक हो पाएगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
2. नई शिक्षा नीति से हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं का समान समानांतर विकास होगाः शाह From india tv-in
3. नई शिक्षा नीति और हिन्दी भाषा की उपयोगितारू रमा ठाकुर ज्रौइंत.पद
4. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुकूल मातृभाषा में चिंतन वंदन का समय–– रंहतंद.बवउ
5. हिन्दुस्तानः देश–दुनिया www.livehindustan.com पृष्ठ–13 अंक–10जनवरी 2023
6. नई शिक्षा नीति और हिन्दी : tv9hindi.com

❑❑❑

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
श्रीराम सिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय, जैंती (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड

भारतीय बहुभाषिक लोक और रंगमंच

—ओम्मी ठाकुर

रानावि से प्रशिक्षित नसीरुद्दीन शाह राज्य सभा टीवी के लिए मोहम्मद इरफान को दिए अपने साक्षात्कार में कहते हैं रानावि की स्थापना के करीब साठ वर्ष बाद भी "किसी एक तरह का इंडीजीनस थिएटर हम लोग इजाद नहीं कर पाए हैं, क्योंकि हमने अपने ट्रेडीशन की कद्र नहीं की है। एक हबीब तनवीर साहब थे जो कोशिश कर रहे थे इस तरह की, पर वो भी जब से गुजरे, उनके बाद उनका ग्रुप तितर–बितर हो गया, उनका ग्रुप जो बहुत ही बेहतरीन काम करता था।

'लोक' संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ होता है 'संसार'। रोजगार के अवसर तलाशने नगरों–महानगरों की ओर पलायन कोई नई परिघटना नहीं है, बड़े बाजार, बड़े नगर, बड़े अवसर, बड़ी उपलब्धि का लालच कालिदास को भी उसके लोक से निकाल लाता है, मल्लिका संग उसका सहज संसार पीछे छूट जाता है। नगर या महानगर आपके विस्तृत संसार को लपेट कर सीमित कर देता है, यहां लोक का विलोम जन्म लेता है, जो आपसे 'शिष्ट' होने का आग्रह करता है। अब आप पाते हैं कि आपका अपना लोक सिमट कर स्मृतिशेष हो गया है, और आप कदाचित नए ही किसी लोक में प्रवेश कर गए हैं, जो आपका अपना नहीं है। आपके साथ वालों के साथ भी लगभग यही हुआ है, आप सभी इस नगरीय संसार में अकेले–अकेले हैं, सभी अपना–अपना लोक साथ लाए हैं, पर इसमें साथ वालों की साझेदारी नहीं है, इस तरह एक विखंडित लोक का जन्म होता आया है।

दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, मद्रास, चंडीगढ़ जैसे महानगर ऐसे ही विखंडित लोक हैं। भाषायी संस्कृति के आधार पर प्रांतों का विभाजन जरूर हुआ है लेकिन भाषा किसी भौगोलिक सीमा में नहीं बंध सकती। चंडीगढ़ में हरियाणवी बोलने वालों, पंजाबी बोलने वालों और पहाड़ी बोलने वालों का बराबर बोलबाला है, और उनके अलावा बिहारी, बुंदेली, उर्दू, पश्तो व हिंदी भाषियों का भी बराबर अधिकार है। पर सिर्फ अपनी भाषा बोलने से इनका काम नहीं चलेगा, इन सभी के लिए परस्पर संपर्क की भाषा की आवश्यकता को हिंदी पूरा करती है, जिसमें उनके अपने भाषिक संस्कारों की विलक्षणता साथ होती है। इस तरह एक बहुभाषिक समाज उद्घटित होता है।

अर्थात कोई भी महानगर विखंडित और बहुभाषिक लोक होता है, जिसके पूर्वज कहीं और थे, जिसका अपना भौगोलिक परिवेश कुछ और है, जिसकी जातीय स्मृतियों का साझी उसे कभी–कभी मिलेगा, और वह अपनी सांस्कृतिक–ऐतिहासिक ग्लोरी के लिए ताउम्र विटनेस तलाशता रहेगा। रंगमंच उसकी इस भटकन में साथ दे सकता है, नई समस्याओं के घेरे से निकाल कर, नए प्रश्नों से जूझने की सहूलियत दे सकता है। रंगमंच ट्रांसेंड कर पाने की शक्ति देता है, हमारी मनःस्थिति को उस छोर तक पहुंचाकर, हमारे दिल की धड़कन, हमारे धैर्य

और हमारी इंद्रियों को जाग्रत कर, वापस इस छोर पर ला सकता है। विखंडित लोक में रंगमंच की नितांत आवश्यकता रही है। आंतोनी आर्तो मानते हैं – "जिस वेदना और संकट के समय में हम रहते हैं, ऐसे में हम उस रंगमंच की जरूरत को तीव्रता से महसूस करते हैं, जो किसी घटना की छाया से प्रभावित न हो, जो उत्साहित कर सके हमारी गूंज को और उस अव्यवस्थित समय पर हावी हो जाए, उसको गहरे में प्रभावित कर ले।

विरासत में मिले ध्यान को भटका देने वाली आदतों के चलते हमने उस गहन, सूक्ष्म रंगमंच के विचार को भुला दिया है, जिसमें हमारे अपने पूर्व–ज्ञान को गड्डमड्ड कर देने की शक्ति है। दरअसल वह गहन, सूक्ष्म रंगमंच उस उज्जवल करने वाली चुंबकीय कल्पना दृष्टि की प्रेरणा देता है और आखिर में वही चिरस्मृति में आत्म चिकित्सा के रूप में हमारे काम आती है"।[1]

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NMHS) 2016 के अनुसार अर्बन मेट्रो सिटी के लोगों का मानसिक स्वास्थ्य सबसे कमजोर पाया गया, इसकी एक वजह है हमारे विखंडित और बहुभाषिक शहरों में 'आत्म चिकित्सा' के साधन भरपूर नहीं हैं। बहुभाषिक शहरों में रंगमंच, मराठी और बांग्ला रंगमंच की तरह विकसित नहीं हो सका है। वजह है कि यहां संपर्क भाषा के तौर पर हिंदी और अंग्रेजी प्रयोग होते हैं, और ये दोनों ही व्यापक तौर पर मातृभाषा न होकर उपयोग की भाषाएं हैं। आम जनमानस घर में बोली जाने वाली बोलियों को घर में छोड़कर बाहर हिंदी बोलता है, आज भी।

आज भी शिकायत बनी हुई है कि हिंदी भाषा का अपना रंगमंच खड़ा नहीं हो सका, जिसे लेकर हम वैश्विक स्तर पर किसी भी अन्य प्रतिष्ठित रंगमंच के सामने खड़े हो सकें। जबकि नाट्यशास्त्र और संस्कृत नाटकों की समृद्ध परंपरा, व दक्षिण भारतीय रंगमंच (कथककली, थेरुकुथु) का टिकाऊ स्वरूप रूस और यूरोप को भारत की ओर सम्मान से देखने पर मजबूर करता है। संस्कृत नाटकों की सुदीर्घ परंपरा, जिसमें गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय पूरी शक्ति के साथ समाहित थे, छठी–सातवीं शती तक लोक में विलीन हो जाती है, फिर लोक नाट्य व लोक रंगमंच की परंपरा में भावात्मक धावन करती हुई, असंरक्षित लोक परंपरा में संचरण करती है। आज भी यह परंपरा हमारे लोक रंगमंच बल्कि और सावधान होकर कहें तो पारंपरिक रंगमंच के रूप में देशभर में विद्यमान है। उत्तर प्रदेश में रामलीला, रासलीला व नौटंकी, राजस्थान में गवरी, ख्याल व कठपुतली, गुजरात में भवई, बिहार में विदापत नाच व बिदेसिया, असम में अंकिया नाट, छत्तीसगढ़ में कर्मा और नाचा, मध्यप्रदेश में माच व स्वांग, महाराष्ट्र में तमाशा, बंगाल में जात्रा, उड़ीसा में दशकाठिया, कश्मीर में जशिन, कर्नाटक में यक्षगान, तमिलनाडु में थेरुकुथु, केरल में कथकली जैसे नृत्य–संगीत–अभिनय समुच्चय आधारित लोक नाट्य रूप खूब प्रचलन में हैं। ये पारंपरिक नाट्य रूप, परंपरा से विच्छेद न होने के बावजूद अपनी कलात्मकता में आधुनिक हैं, स्थानीय संस्कारों के समावेशन के बावजूद आनंद प्रदान करने में सार्वभौमिक हैं, इनके दर्शक मायूस नहीं लौटते।

एक प्रश्न बारबार उठता है कि 'क्यों आज संभ्रांत जनमानस रंगमंच को देखने वापस नहीं आ रहा, अथवा क्यों रंगमंच से विरक्त आम जनमानस सिनेमा, संगीत की महफिलों और सर्कश–तमाशों में, हिंसात्मक तुष्टि देने वाली खुशी पाता है'।[2]

दरअसल रंगमंच को चाहिए आजमाई हुई भाषा, प्रशिक्षित अभिनेता और कल्पनाशील दर्शक। मराठी और बांग्ला रंगमंच की तरह हिंदी भाषा का रंगमंच खड़ा नहीं हो सका, यह रंगमंच के साथ–साथ भाषा पर भी लांछन है। जबकि हिंदी नई चाल में ढली ही अभी है, दो सदी भी पूरी नहीं कर पाई है, इस भाषा को वयस्क होने में अभी समय है, भाषा को निर्दोष साबित करता यह तर्क सामने आता है। वर्तमान हिंदी के स्वरूप का इतिहास वाकई ज्यादा पुराना नहीं है, पर

भारतेंदु काल में कोई तो फैक्टर था जो हिंदी भाषा के शैशव काल में लिखे और खेले गए नाटक हिट हो सके। इस फैक्टर को गिरीश रस्तोगी रेखांकित करती हैं "समाज संस्कार, देशवत्सलता, शृंगार को महत्त्व देते हुए भी उनके नाटक हास्य, दिल्लगी, कौतुक, तमाशा प्रहसन को नकारते नहीं। वह (भारतेंदु) शास्त्रीय पद्धतियों और लोक नाट्य रूपों दोनों को पचाकर रहते हुए नाट्य लेखन और रंगकर्म में उनकी संभावनाएं तलाशते हैं"।

पारसी कंपनियों ने आधुनिक युग में सांस्कृतिक जागरण का कोई जिम्मा नहीं उठाया पर दर्शक को टिकट लेकर नाटक देखने के लिए लुभाने में कामयाब रही। रंगमंच को ऐसा ढांचा दिया जो स्वतः सस्टेनेबल था, इसमें कलाकारों को वेतन दिया जाता था, लेखक खास रंगमंच पर खेले जाने के उद्देश्य से नाटक लिखता था, अभिनेता को ट्रेनिंग दी जाती थी, स्थानीय कथाओं और लोकगीतों से कंटेंट लिया जाता था, व्यापार के उद्देश्य से यात्राएं की जाती थीं। पर भाषा, कथानक, कला और प्रदर्शन की परिनिष्ठता और शिष्टतावादी आग्रहों के चलते इसका अवसान बहुत जल्दी हो गया। "राधेश्याम कथावाचक जैसे नाटककारों के नाटक का हमारे बुद्धिजीवी वर्ग और हिंदी लेखकों ने भ्रष्ट अश्लील कहकर बहिष्कार किया और समीक्षकों ने नाटक को दो भागों में बांट दिया– एक साहित्यिक नाटक, दूसरा रंगमंचीय नाटक। इस कृत्रिम, भ्रामक दृष्टि से हिंदी आज तक उबर नहीं पाई है रंगमंच से कटते हुए फारसी नाटक की प्रतिक्रिया में हिंदी नाटक लिखा जाने लगा, कि देखो तुम मनोरंजन करने और धन कमाने के लिए नाटक करते हो, हम साहित्य के लिए मानसिक भूख को शांत करने के लिए नाटक करते हैं। एक खतरनाक दृष्टि, झूठे अहं और भ्रम ने हिंदी नाट्येतिहास को गलत निष्कर्षों का शिकार बनाया। प्रतिक्रियात्मक दृष्टि होने के कारण साहित्यिकता पर अधिक बल हो जाने से नाट्य की दृश्यात्मकता खंडित होती गई और नाटक साहित्य से पाठ्य और फिर वक्तव्य बनता गया"।[3]

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना (1959) के बाद रंगकर्म के विभिन्न आयामों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने का एक और व्यवस्थिक क्रम स्थापित हुआ, देशभर से अभिनय, निर्देशन, रंगलेखन सीखने के लिए उत्सुक रंगप्रेमियों को राजधानी ने आकर्षित किया। 'अभिनय सीखना होता है जीवन से या अभिनय तकनीक के माध्यम से। फिर जो सीखा है उसे आजमाना होता है। और आजमाइश से आगे जाकर सच को पकड़ना होता है। ऐसे में अभिनेता की यात्रा आत्म से शुरु होती है। अभिनय कला की पराकाष्ठा अमूर्त होती है– आलौकिक, रसानुभूति की तरह, यूनानी रंगमंच में कथारसिस की तरह, लीलाधारी और समाजी की तरह, स्तानिस्लाव्सकी के श्रेष्ठ मकसद की तरह या फिर ग्रोतोव्स्की के मनोशरीर की तरह और आर्तो के भावात्मक धावक की तरह'।[4]

रानावि के पहले निदेशक रहे इब्राहिम अल्काजी ने रानावि के साथ कई नाटकों का निर्देशन किया, अपने जीवन काल में कलाकारों की कई पीढ़ियों को अभिनय की बारीकियां सिखाईं। 1947 में, उन्होंने रॉयल अकेडमी ऑफ ड्रामाटिक आर्ट से प्रशिक्षण प्राप्त किया था, 1958 में भारत लौटे हबीब तनवीर ने भी रॉयल अकेडमी ऑफ ड्रामाटिक आर्ट से प्रशिक्षण प्राप्त किया था, हालांकि द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण को उन्होंने भारत में रंगकर्म करने के लिए उपयोगी नहीं पाया, इसलिए एक वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त किया, और उसी स्कॉलरशिप और समय का सदुपयोग करते हुए ब्रिस्टल ओल्ड विक थिएटर स्कूल, और ब्रिटिश ड्रामा स्कूल से प्रशिक्षण लिया। इब्राहिम अल्काजी अर्बन थिएटर से परिचित थे, हबीब तनवीर की तरह रामलीला, महाभारत, दास्तानगोई, जैसी स्टोरी टेलिंग की भारतीय परंपराओं से परिचित नहीं थे। हबीब तनवीर इप्टा के साथ भारत में अलग–अलग हिस्सों में काम किया था वे लोक में रचे–बसे थे, जाहिर है थिएटर के लिए दोनों की अप्रोच में फर्क था, जहां इब्राहिम अल्काजी ने अर्बन थिएटर

पर काम किया "हबीब ने हिंदी रंग परंपरा को समन्वित, सांस्कृतिक शक्ति को रूप में व्यवहृत किया"।[5]

रानावि से प्रशिक्षित नसीरुद्दीन शाह राज्य सभा टीवी के लिए मोहम्मद इरफान को दिए अपने साक्षात्कार में कहते हैं रानावि की स्थापना के करीब साठ वर्ष बाद भी "किसी एक तरह का इंडीजीनस थिएटर हम लोग इजाद नहीं कर पाए हैं, क्योंकि हमने अपने ट्रेडीशन की कद्र नहीं की है। एक हबीब तनवीर साहब थे जो कोशिश कर रहे थे इस तरह की, पर वो भी जब से गुजरे, उनके बाद उनका ग्रुप तितर–बितर हो गया, उनका ग्रुप जो बहुत ही बेहतरीन काम करता था।

अल्काजी साहब मगरिबी (पश्चिमी) थिएटर से मुतासिब थे और उसी तरह का थिएटर करना चाहते थे। अच्छी बात ये थी कि अनुशासन और सॉफस्टिकेशन, और एक टेस्ट उन्होंने बख़्शा हिंदुस्तानी थिएटर को। लेकिन थिएटर करने का उनका अंदाज बहुत ही मगरिबी किसम का था। अगर वो तुगलक या अंधायुग जैसा ड्रामा भी करते थे, तो वो पेश किया जाता था जिस तरह से इंग्लैंड में पेश किया जाएगा, बहुत ही धूम धड़ाके के साथ, बहुत बड़े पैमाने पर।

साथ–साथ सत्यदेव दूबे भी थे, जो वो ही नाटक करते थे अक्सर जो अल्काजी साहब कर चुके हैं। बहुत ही सादे स्तर पर, पैसे थे नहीं दूबे जी के पास, तो वो किसी तरह का धूमधड़ाका करने में यकीन नहीं करते थे, उनकी पेशकश ज्यादा असरदार हुआ करती थी, अक्सर अल्काजी साहब से भी। और सोचने वाली बात है कि अगर दूबे को अल्काजी की जगह ड्रामा स्कूल का पहला डायरेक्टर बनाया जाता तो क्या होता। कुछ दिलचस्प बात जरूर निकल कर आती।"[6]

आगे वे एक राष्ट्रीय विद्यालय के आइडिया को प्रतिभाशाली स्थानीय कलारूपों के लिए लाभप्रद नहीं मानते हुए महत्त्वपूर्ण और महत्त्वाकांक्षी कहते हैं, कि एक गलती थी नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की स्थापना, जिसमें अलग–अलग क्षेत्रों से आए प्रशिक्षुओं को साफ हिंदी बोलना सिखाया जाता था, उनको वापस जाकर अपनी जबान में काम करना था तो साफ हिंदी बोलने का दबाव सही नहीं था। "नैशनल स्कूल की बजाय रीजनल स्कूल बनने चाहिए थे, पर मुश्किल यह होती कि हर एक रीजनल स्कूल में इतना एक ब्रिलिएंट हेड हम कहां से ढूंढते। लेकिन ढूंढने से मिल ही जाता है खुदा भी"।[7]

अभिनेता के लिए दूसरी भाषा का प्रशिक्षण और दूसरी भाषा में प्रशिक्षण हबीब तनवीर को भी खटकता था, "हर भाषा की संरचना के पीछे अपनी कुछ विशिष्ट परंपराएं एवं संस्कार रहते हैं। फिर भी मैं कहूंगा कि अभिनेता की ट्रेनिंग अपनी मातृभाषा में होनी चाहिए इसके लिए अखिल भारतीय स्तर पर नए काम की जरूरत है।"[8]

स्थानीय तत्त्वों को महत्त्व देते हुए हबीब इस बात को कतई स्वीकार नहीं करते कि समस्या किसी और की हो और उसके लिए समाधान कोई करे और उसके लिए बेचैन कोई और रहे। अपने से परे दूसरे वर्ग की समस्या मैं बेहतर समझता हूं अथवा उसका समाधान भी मेरे पास है, यह मानना अपने आप में बड़ा भारी ढोंग एवं फरेब है। जो थिएटर सार्वजनिक रूप से सार्वजनिक मंच पर ऐसा प्रदर्शित करते हैं, उनसे हबीब साहब को सख्त परहेज है। हबीब तनवीर के लिए छत्तीसगढ़ी कलाकारों के साथ काम करना केवल विचारधारात्मक चुनाव नहीं था एस्थेटिक चॉइस भी थी। उनकी स्पष्ट धारणा है कि 'हर इलाके की अपनी समस्या होती है, उसे उस इलाके के लोग बेहतर ढंग से समझते हैं। हां उनके साथ घुल–मिलकर उनके निरंतर साहचर्य से आप शायद उनकी समस्याओं का कोई हल ढूंढ सकें। लेकिन बाहर रहकर किसी दूसरे वर्ग की किसी भी समस्या के हल तक आप नहीं पहुंच सकते। इलाकाई समस्या का हल इलाके

के पास ही हो सकता है।"[9]

दूसरी–तीसरी सदी में ही स्थापित हो चुका है "नाट्य से पार पाना संभव नहीं, इस भौतिक जगत में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका अधिग्रहण नाट्य में न किया जा सके। नाट्य अनेक शिल्पों, अगणित कलाओं, नाना शास्त्रों तथा अनंत प्रकार के भौतिक दैविक व्यवहारों का प्रत्यक्ष प्रयोग होता है।"[10] अर्थात एक ऐसी कला जिसमें सभी कलाओं को समा लेने की शक्ति है, उसके लिए सॉफस्टिकेशन के बहाने सारे स्थानीय संस्कार, सारा इलाकाईपन, चाल–ढाल, ध्वनि, मिथक, मुहावरे, लोक कथाएं, लोकोक्तियां, लोक नृत्य संगीत आदि को झाड़–पोंछ कर निकालने की आवश्यकता नहीं है। उसे एक समन्वित शक्ति के रूप में बरता जा सकता है, यह सहूलियत रंगमंच देता है। रंगसंप्रेषण सिर्फ भाषा का मोहताज नहीं होता, इसके अपने कई माध्यम हैं, सबसे पहला माध्यम अभिनेता है। अभिनय के बल पर, वह रंगभाषा तैयार करता है, रंगभाषा भाषा से परे होती है, इसके बल पर वह मूक रहकर भी अपनी बात पहुंचा सकता है। भाव सार्भौमिक होते हैं, भाषा वहां आड़े नहीं आती। पर वह जिस भाषा या बोली को सबसे सहजता के साथ बरतता आया है, उसी में अभिनय कर पाना अभिनेता को बहुत अधिक संपन्न करता है। हबीब तनवीर के 'चरणदास चोर' के देश–विदेश के सफल मंचन और हाल के वर्षों में समागम रंगमंडल द्वारा 'अगरबत्ती' (लेखक– आशीष पाठक, निर्देशक– स्वाति दूबे) का दिल्ली, चंडीगढ़ और मुंबई में सफल मंचन, अभिनेता की शक्ति के परिचायक हैं। यहां क्रमशः छत्तीसगढ़ी और बुंदेली कलाकार उनकी अपनी भाषाओं और उनके अपने सच्चे भूगोल की कहानियां, कहानियों का समय दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते हैं, और यह दर्शक को अपूर्व संतुष्टि देता है।

"अगर रंगमंच फिर से अपनी उस जरूरत का एहसास कराना चाहता है तो उसे वह सब कुछ पेश करना चाहिए– प्रेम, युद्ध, विक्षिप्तता, अपराध और पागलपन। प्रेम, व्यक्तिगत अभिलाषा, हर दिन की परेशानियां, दिक्क़तें, इस सबके कोई मायने नहीं हैं अगर उनका संबंध महान जनता द्वारा स्वीकृत और मान्य भयावह विस्मयकारी काव्य प्रगतितत्व प्राचीन गीतों के मिथकों में दर्शाए गए मानक स्रोतों से नहीं बनता।"[11]

संदर्भ

1. पृ. 121, अभिनय चिन्तन : स्तानिस्लाव्स्की, ग्रोतोव्स्की और आर्तोय दिनेश खन्ना
2. वही.
3. पृ. 4, हिंदी नाटक का आत्म संघर्ष, गिरीष रस्तोगी
4. पृ. 78, अभिनय चिन्तन : स्तानिस्लाव्स्की, ग्रोतोव्स्की और आर्तोय दिनेश खन्ना
5. पृ. 2, हिंदी रंग आंदोलन तथा हबीब तनवीरय कुसुमलता मलिक
6. https://www.youtube.com/watch?v=3-4VjMgnnRQ (46:05)
7. https://www.youtube.com/watch?v=3-4VjMgnnRQ (50:20)
8. पृ. 64, हबीब तनवीर एक रंग व्यक्तित्वय प्रतिभा अग्रवाल
9. पृ. 37, हबीब तनवीर एक रंग व्यक्तित्वय प्रतिभा अग्रवाल
10. नाट्य शास्त्र
11. पृ. 122, अभिनय चिन्तनः स्तानिस्लाव्स्की, ग्रोतोव्स्की और आर्तोय दिनेश खन्ना

❑❑❑

बांग्ला लोकगीतों में भाषाई परिप्रेक्ष्य

–तृष्णा रॉय

बांगला संगीत सदियों पुरानी धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष संगीत परंपरा को संदर्भित करता है। ऐतिहासिक बंगाल क्षेत्र अब स्वतंत्र बांग्लादेश और भारतीय राज्यों में विभाजित है। बंगाली भाषा में रचित और संगीत की विभिन्न शैलियों से समृद्ध बंगाली संगीत इन दोनों क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय है। समय और भौगोलिक दृष्टि से मानक भाषा के सटीकता बदलते हैं। बंगाली बोली बंगाली भाषा की सबसे अधिक बोली जाने वाली बोली है।

व्यक्ति के विसर्जन और निर्माण में आदि मानव के सामूहिक कल्याण की इच्छा ही इसका प्रमुख कारण था और आज जब हमारा यह समकालीन समाज अपने विकास की चरम सीमा को छूना चाहता है तो सामूहिक चेतना और निष्ठा संसार में मनुष्य अधिकाधिक उत्कृष्ट कर जाता है। यदि लोकभावना की उत्पत्ति पर विचार करें तो वेदों में, विशेषकर ऋग्वेद में लोक और भाव शब्द की उपलब्धि प्राप्त होगी। गीता में 'लोक' शब्द का प्रयोग 'अतोस्मि लोके वेद च प्रथिथा पुरुषोत्तम' के रूप में सभी लोगों के लिए किया गया है, जिसका अर्थ है 'बिना किसी सीमा के शाश्वत सार'।

संस्कृति मानव जीवन की सर्वोत्तम उपलब्धियों की समग्रता है। इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृति मानव विचार, रीति–रिवाज, परंपरा, लोकाचार, विश्वास, मूल्य, धर्म, कला, साहित्य, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि का प्रतिनिधित्व करती है। लोक जीवन और लोक भाषा को उत्सवों, लोकनाटकों, लोकगीतों, लोकनृत्य, लोककथाएं आदि। अपने समय, प्रजाति और परिवेश के आधार पर मौखिक परंपरा ने रूप धारण करने तक अनेक उतार–चढ़ाव देखे हैं, लेकिन फिर भी इसने अपना वर्चस्व बनाए रखा है।

बंगाली जातीयता और संस्कृति का पोषण करने वाली सबसे महत्त्वपूर्ण स्थलाकृतिक विशेषता इसकी प्रकृति की प्रचुरता है। लेकिन जहां तक बंगाली समुदाय की मौखिक परंपराओं का संबंध है, वे अभी भी उन क्षेत्रों की परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं जहां से वे पूर्व औपनिवेशिक बंगाल में आए थे।

लोक गीत अकेले या कोरस में गाए जा सकते हैं। यह गीत साहित्य में उपलब्ध नहीं है। फील्ड वर्क से इन गीतों को संग्रह किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से गाए जाने वाले लोक गीतों में बाउल, भटियाली, मुर्शीदी, मरफती शामिल हैं, जबकि कोरस में गाए जाने वाले गीतों में कविगान, लेटो, अल्कप और गंभीरा शामिल हैं। ऐसी लुप्त होती धुनों को पुनर्प्राप्त करने का प्रयास है और यह पता लगाने का प्रयास है कि विभिन्न स्थानों पर गाए जाने वाले लोक गीतों का भाषिक दृष्टिकोण क्या है।

त्रिपुरा के 3 जिलों (उनाकोटी, पश्चिम और दक्षिण जिलों) के बंगाली लोक गीत गायकों के कई छोटे समूहों थे। 72 बंगला लोकगीतों का संकलन किया गया था। त्रिपुरा के विभिन्न रीति–रिवाजों और त्योहारों के अनुसार गीतों का वर्गीकरण किया गया है।

श्रेणियां हैं– 1. कार्यात्मक गीत या सामयिक गीत 2. अनुष्ठान गीत 3. प्रेम गीत 4. कैलेंडर गीत 5. कार्य गीत 6. भक्ति या धार्मिक गीत 7. कीर्तन 8. नृत्य गीत 9. काव्य गीत 10. शोक गीत।

मेले और त्यौहार : पौष मेला, तीर्थमुखेर मेला, बैशाखी मेला, नीरमहल का मछली और नाव उत्सव, चरक मेला या गजन उत्सव, नबान्न उत्सव, माघी पूर्णिमा, भ्रमकुंड मेला आदि।

क्रियात्मक गीत : परंपरागत रूप से वे गीत जो किसी निश्चित अवसर पर या भारतीय पंचांग की किसी विशिष्ट तिथि पर गाये जाते हैं, क्रियात्मक गीत कहलाते हैं। इस तरह के गीत पारिवारिक बंधनों को पार करके एक बड़ी सांप्रदायिक सभा में गाए जाते हैं। एक बंगाली कहावत है कि 'बारो माशे तेरो पारबन (बारह महीनों में तेरह त्योहार होते हैं) जो अतिशयोक्ति नहीं है, क्योंकि बंगाली कैलेंडर धार्मिक अनुष्ठानों से भरा हुआ है, जो एक भीड़ लोक देवताओं की पूजा की पेशकश है। चैत्र मास में कंपकंपी गाजन, वैशाख मास में काल भैरव, कार्तिक मास में कार्तिक पूजा, मनशा पूजा, शीतला पूजा आदि के रूप में शिव की आराधना से संबंधित अनेक गीत हैं। विभिन्न ब्रत से जुड़े गीत हैं जैसे अकुलानी ब्रत, माघमंडलर ब्रत आदि।

अनुष्ठानिक गीत : वे गीत जो बंगाली परिवार के जीवन भर विभिन्न सामाजिक प्रथाओं या प्रथागत अनुष्ठानों से जुड़े होते हैं जैसे शातिर गान (नामकरण समारोह), विवाह समारोह जिसके विभिन्न भाग कई दिनों तक फैले रहते हैं, साध बक्खन (उम्मीद करने वाली माँ का भोज समारोह), अन्नप्राशन (बच्चे को चावल खिलाने की पहली रस्म) इत्यादि। लेकिन विवाह गीत अनुष्ठान गीतों के लगभग प्रमुख खंड हैं। एक बंगाली शादी कई दिनों तक चलती है जिसमें कई रस्में होती हैं जैसे जल भरा (पानी भरना) रस्म, मंगलाचरण (होने वाली दुल्हन को आशीर्वाद देना), बार बरन गान (दुल्हन का स्वागत करना), अंगटी खेलर गान (रिंग गेम) समारोह, बौभातेर गान (नई दुल्हन की दावत) समारोह आदि। विवाह गीत राधा कृष्ण कथा या रामकथा के वर्णन के माध्यम से लोक जीवन और भावनाओं का जश्न मनाते हैं। इनमें से अधिकांश गीत विशेष महिला समूहों और लड़कियों द्वारा गाए जाते हैं, जिसके कारण उन्हें महिला गीत भी कहा जाता है।

भक्ति या धार्मिक गीत : वे गीत जो सर्वशक्तिमान या कुछ अवतारों या किसी गुरु के लिए उपासकों की भक्ति और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, भक्ति गीत हैं। बाउल गीत मध्य युग से गौर निताई (चैतन्यदेव और नित्यानंद) के सम्मान में गाए जाने वाले एक प्रकार के भक्ति गीत हैं।

कीर्तन : कीर्तन इस राज्य में लोक संगीत का एक बहुत ही लोकप्रिय रूप है, जो नियमित रूप से मंदिरों में, परिवार के देवता के सामने, किसी पंचांग अनुष्ठान के दौरान, परिवार में किसी की मृत्यु के बाद आदि में किया जाता है। त्रिपुरा के लगभग हर स्थानीय बाजार में पौष–माघ मास में 31 दिनों का कीर्तन चौबीसों घंटे होता है। कीर्तन दो प्रकार का होता है, नाम कीर्तन और लीला कीर्तन। नाम कीर्तन के दौरान, कृष्ण का नाम बार–बार गाया जाता है, जबकि लीला कीर्तन राधाकृष्ण के जीवन में विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करता है।

काव्य गीत : काव्य गीत या कविगान लोक गीतों की एक अन्य लोकप्रिय शैली है, जो दुर्गा पूजा के मौसम से शुरू होती है और पूरे सर्दियों के मौसम में जारी रहती है। यह आम तौर पर

राजाओं या जमींदारों द्वारा संरक्षित विशेष समूहों में किया जाता है, जहां रचनात्मक गायक कवि, अमीरों और समृद्ध लोगों के लिए पारंपरिक गीतों के पुराने संस्करणों को गाते है।

प्रेम गीत : प्रेम गीत लोक जीवन का एक अनिवार्य घटक है, जो राधा कृष्ण या अन्य लोक कथाओं की शाश्वत प्रेम कहानी से प्रेरित है। भटियाली त्रिपुरा के कई निचले जिलों में प्रचलित लोक संगीत की एक बहुत लोकप्रिय शैली है।

कैलेंड्रिक गाने : कैलेंड्रिक गाने मूल रूप से साल भर बंगाली महिलाओं के जीवन में सांसारिक घरेलू गतिविधियों का वर्णन करते हैं। इनमें ऋतुओं के चक्र में परिवर्तन के अनुरूप नियमित अनुष्ठानों या मौसमी गतिविधियों के दौरान गाए जाने वाले गीत शामिल हो सकते हैं।

कार्य गीत : ये वे गीत हैं जिन्हें किसी प्रकार का शारीरिक कार्य करते समय गाया जाता है। कभी–कभी गीतों का एक समूह केवल एक विशेष कार्य के लिए निर्धारित किया जाता है और इसे कभी भी किसी अन्य प्रकार के शारीरिक कार्य के लिए नहीं गाया जाता है। बीज बोना, धान की रोपाई, हाथ से भूसी निकालने–बुनने या छत बनाने आदि से जुड़े गीत इसी श्रेणी में आते हैं, जो श्रमिकों को काम की नीरसता से उत्पन्न होने वाली नींद से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। सारि गान एक विशेष प्रकार का कार्य गीत है जो नावों और पानी से जुड़ा होता है। यह समूह की भावना को प्रेरित करता है और मल्लाहों और नाव के मनोबल को गहरा करता है, जो बड़ी गति से पानी के माध्यम से अपना जीविका निर्वहन करते है।

शोक गीत : शोक गीतों का सबसे आम रूप कीर्तन है, जो श्राद्ध समारोह के दौरान गाया जाता है। विषयवस्तु पारंपरिक रूप से रामायण, महाभारत या चैतन्य कथा से ली जाती है और व्यक्तिगत दुःख को बढ़ाने और उन्हें एक पारलौकिक स्तर तक शांति कामना करने पर जोर दिया जाता है।

महिला लोक गायकों के समूह के साथ गायन और वाद्य यंत्रों में पुरुष होते हैं। उन टीमों को विभिन्न अवसरों पर प्रदर्शन करने के लिए बुलाया जाता है और प्रदर्शन लोकनृत्यों या 'जात्रा पाला' से भी समृद्ध होते हैं। अनुष्ठानों और पारंपरिक अवसरों के अलावा, सांस्कृतिक समारोहों में मंच प्रदर्शन के रूप में ग्रामीण लोक गीत की मांग भी रहती है। त्रिपुरा में लोक गीत प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर भी आयोजित की जाती हैं। जैसे–मनशामंगल प्रतियोगिता।

भाषाई परिप्रेक्ष्य

बांग्ला संगीत सदियों पुरानी धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष संगीत परंपरा को संदर्भित करता है। ऐतिहासिक बंगाल क्षेत्र अब स्वतंत्र बांग्लादेश और भारतीय राज्यों में विभाजित है। बंगाली भाषा में रचित और संगीत की विभिन्न शैलियों से समृद्ध बंगाली संगीत इन दोनों क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय है। समय और भौगोलिक दृष्टि से मानक भाषा के सटीकता बदलते हैं। बंगाली बोली बंगाली भाषा की सबसे अधिक बोली जाने वाली बोली है। यह बांग्लादेश के खुलना, बरिसाल, ढाका, मैमनसिंह, सिलहट और कोमिला डिवीजनों और भारत के त्रिपुरा राज्य में बोली जाती है। जिसे आज शुद्ध उच्चारण माना जाता है, कल अशुद्ध माना जा सकता है। लोक साहित्य में अशिक्षित रसिक जनमानस के हृदय की सहज अभिव्यक्ति होती है। लोकगीत उस अभिव्यक्ति का गेय रूप है। गीतों का निर्माण व्यक्ति करता है, कभी ऐसा भी होता है की एक रचना कोई एक करता है तथा अन्य सभी अलग कड़ियां जोड़ देते हैं। ग्रामीण लोग या शहर में बसा हुआ

ग्राम्य समाज अनपढ़ या निरक्षर भले ही हो सकते हैं किन्तु उनके आस–पास घटित हो रहे लोकजीवन की सच्चाई और अनुभवों का इतना विराट संसार होता है कि अव्यक्त को सहजता से व्यक्त करने में सक्षम होते हैं। यदि समाज के सभी स्तरों के लोग शुद्ध उच्चारण के अभ्यस्त हो जाएँ, तो सभी के लिए मानक उच्चारण के प्रभाव में बोलियों का स्वर–विज्ञान बदल जाएगा। दुनिया के कई देशों में लोग तथाकथित शुद्ध उच्चारण के सुधार से मुक्त हो जाते हैं और समझते हैं कि जो कुछ हर कोई नहीं कर सकता वह कुछ हद तक कृत्रिम, असामान्य और मानक उच्चारण सभी मामलों में स्वीकार्य नहीं है। पल्लीगीत या लालनगीत गाते समय, मानक के बजाय क्षेत्रीय उच्चारण सुनना अच्छा लगता है। बंगाली में बोली संबंधी अंतर तीन रूपों में प्रकट होते हैं– मानकीकृत बोली बनाम क्षेत्रीय बोली, साहित्यिक भाषा बनाम बोलचाल की भाषा और शाब्दिक (शब्दावली) भिन्नता।

बोलियों का नाम आम तौर पर उस जिले से उत्पन्न होता है जहां भाषा बोली जाती है। जबकि भाषा का मानक रूप दक्षिण एशिया के बंगाली भाषी क्षेत्रों में बहुत भिन्नता नहीं दिखाता है, बोली जाने वाली बंगाली में क्षेत्रीय विविधता एक बोली निरंतरता का गठन करती है। अधिकतर भाषण केवल कुछ मील की दूरी पर भिन्न होते हैं और धार्मिक समुदायों के बीच अलग–अलग रूप लेते हैं। बंगाली हिंदू संस्कृतीकृत बंगाली (साधु भाषा के अवशेष) में बोलते हैं, बंगाली मुस्लिम तुलनात्मक रूप से अधिक फारसी–अरबी शब्दावली का उपयोग करते हैं और बंगाली ईसाई अपने स्वयं के मंडलियों में संलग्न होने पर ईसाई बंगाली में बातचीत करते हैं। वर्तमान बोलियों के अलावा कुछ और भी हैं जो लुप्त हो चुकी हैं।

लोकगीत साम्प्रदायिक जीवन की उपज हैं। आधुनिकता की शुरुआत और सांप्रदायिक और बड़े पारिवारिक ढांचे के विघटन के साथ, मौखिक परंपराएं लुप्त होती जा रही हैं। लोक गीतों का समृद्ध भंडार एक जातीय समूह के रूप में बंगाली समुदाय के विकास और क्रमागत उन्नति का पता लगाता है।

यह प्रयास ऐसी लुप्त होती धुनों को पुनर्प्राप्त करने और विश्लेषण करने का था कि कैसे पुरुष एवं महिलाएं मिलकर समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषिक संभावनाओं को विकसित करने में और लोकगीतों के मूल्य को बढ़ाने में मदद करती हैं। उदाहरण स्वरूप कुछ गीत–

बंगला विवाह लोकगीत –

(कुंज में यह गीत गाया जाता है)
आई सो गो वृन्दावोने / शुभ लोगनो देखा जाय गो
हाथे – हाथे धोरा –धोरी / आर कुंजे नाचे शब नागोरी।
राधा कृष्णो नृत्य कोरे / नुपुर पाए दिए गो।

(हिंदी अनुवाद)
ओ जी चलो वृंदावन में / आओ शुभ लग्न दिखाई पड़ रही है
हाथों में हाथ है और / कुंज में नगर वासी नृत्य करते हुए मस्त है
अरे राधा कृष्ण नृत्य करें घुंगरू पैर में पहन के रे / घुंगरू पैर में पहन के

बंगला प्रेम लोकगीत– (भटियाली गीत)

के जास रे भाठीगंग बैया? आमार भाई धन रे कोइयो नैयोर नीतो बोइला? तोरा के जास,के जास? बोचोर खानी गहिरा गेलो गेलो रे? भैयेर देखा पैलम न पैलम? कोइल्जा आमर पुड़रा गेलो गेलो रे? छिलम रे कोटई आशा लोइया? भाई न आईलो गेलो गेलो रोथेर मेला चोइला? तोरा के जास के जास? प्राण कंडे कंडे? प्राण कंडे कंडे प्राण कंडे रे प्राण कंडे? नोयों झोरे झोरे नोयों झोरे रे नोयों झोरे? पोदा मनरे बुझैले बोझेना? प्राण कंडे कंडे प्राण कंडे ? शुजों माझी रे भिरे कोइयो गिया? न आसिले स्वपोनेते देखा दितो बोइला? सिन्दुरिया मेघ उईरा आईलो रे? भैयेर खोबोर आन्लो न आन्लो न? भतीर चोरे नौका फिरा आईलो रे? भैयेर खोबोर आन्लो न आन्लो न? निदोय बिभी रे तुमि सदय होइया? भिरे आइनों नोइले अमर पोरं जबे जोइला? तोरा के जास के जास

(हिंदी अनुवाद)

कोन जाते हो मेरे भाटीगंग भाईया / मेरे भैया को जाके कहो
मुझे मायके लेके जाने के लिए / एक साल खतम हो गया
पर भाई से मुलाकात नही हो पाया / मेरा कलेजा ज्वाल के राख हो गया
पर उनसे मुलाकात न हुई / हम बहुत आशा मन मे पाल रक्खे थे
पर भाई नहीं आया / और रथ का मेला खतम हो गया
प्राण रोता है, नयन झरते हैं / यह दिल अब समझता नहीं
सुजोन माझी भाई आप ही कृपा करके / भाई को जाकर बोलो
ना आने पर स्वप्न में मुझे आके वह मिले / बादल भी मेरे भाई की खबर नहीं लाया
भाटी के किनारे नाव भी आ गया / पर भाई का खबर न लाया
हे विधाता तुम जाकर मेरे भाई को ले आओ / नहीं तो मेरा प्राण का नाश हो जायेगा

लोकदेवता 'त्रिनाथ' के गीतों का संकलन एवं अनुवाद –
बंगला लोकगीत (१)–

ठाकुर त्रिनाथ साजाबो बनफुले गो सजनी
ठाकुर त्रिनाथ साजाबो वनफुले।
सजनी गो, अष्ट गाछेर अष्ट फूल माँ आनो गो तुलीया।
ठाकुर तृणाथेर आसने पुष्प देउ ना सजाया गो सजनी।
ठाकुर त्रिनाथ साजाबो बनफूले।
है सजनी गो छुआरे चंदन लोउगो कटोरा भूरिया,
ठाकुर त्रिनाथेर आसने चंदन देउना गो टाईया गो सजनी,
ठाकुर त्रिनाथ साजाबो वनफुले।
सजनी गो गाजा लव जटार जटा ताते सादा देउ मिशाया।
ठाकुर त्रिनाथेर आसने कलकी देउना सजाया गो
सजनी ठाकुर नाथ साजाबो वन फुले।

अनुवाद–

ठाकुर त्रिनाथ को हम बनफूल से सजाएंगे, ठाकुर त्रिनाथ को बनफूल से सजाएंगे।
सजनी आठ वृक्ष से आठ फूल तोड़ कर लाओ, ठाकुर नाथ के आसन में पुष्प सजा कर दो
सजनी, ठाकुर नाथ को बनफूल से सजाएंगे।
सजनी कटोरा भर चंदन लेकर आओ, भगवान त्रिनाथ के आसन में चंदन ड़क दो,
सजनी, भगवान त्रिनाथ को हम बनफूल से सजाएंगे।
सजनी हाथ में गांजा लो एवं उसमे सिद्धि दो,
भगवान त्रिनाथ के आसन म कलकी दो सजनी,
भगवान त्रिनाथ को हम बनफूल से सजाएंगे।

बंगला लोकगीत (२)–

तुम दया कर एसो आमार बाड़ीते / अ भोलानाथ तुमी दया कर एसो आमार बाड़ी।
भोलानाथ तुमी शशाने थाको मुखे बोलो होरी, / अनप्रूणा मां के आमार रेख कैलाशपुर
हे भोलानाथ तुम दया कर एसो आमार बारीते। / तुम दया करे एसो गो आमार बाड़ी।
भोलानाथ तुमी भांग खाओ धुतुराओ खाओ मुखे बोलो हरी,
परमार हस्ते त्रिशूल शोभे है शिरे जटाधारी
हे भोलानाथ तुमी दया करे एसो आमार बाड़ी।

अनुवाद–

भगवान तुम हम पर दया करो और हमारे घर आकर पधारो,
हे भोलानाथ तुम दया करके हमारे घर मे पधारो।
हे भोलानाथ तुम स्मशान मे रहते हो लेकन हरी नाम जप करते हो,
तुम मेरे अन्नपूर्ना मां को कैलाश में रखकर स्मशान आकर ध्यान करते हो।
तुम दया करके हमारे घर पधारो।
हे भगवान तुम हमारे घर पधारो।
भोलानाथ तुम भांग खाते हो धतुरा भी खाते हो, लेकन हरी नाम जप करते हो।
तुम्हारे हाथ मे त्रिशूल शोभा पाती है, और तुम्हारे माथे पर जटा
भोलानाथ तुम दया करके हमारे घर पधारो।

बंगला लोकगीत (३)–

तीन पयसाय होय बाबार मेला
कलीते तीन–नाथेर मेला।
एक पयसार सिद्धि एने तिन कलकि साजाए
साधु रे भाई कलीते तीन–नाथेर मेला।
एक पयसाय पान एने तीन खिली साजाए
साधु रे भाई कलीते तीन–नाथेर मेला।

एक पयसाय तेल एने तीन बात्ती जालाएं
बात्ति जालए दिले निभेनारे ताँर एक आजब लीला,
साधु रे भाई कलीते तीन–नाथेर मेला।

अनुवाद–
तीन पैसे से बाबा भोलानाथ के मेले होते है।
कलीयुग में तीननाथ के मेले होते है।
एक पैसे का सिद्धि लाया जाता है, इससे तीन कलकी दी जाती है।
साधु भाई कलीयुग में तीननाथ के मेले लगी है।
एक पैसे से पान लाकर इससे तीन पत्ते सजाते हो,
साधु रे भाई कलीयुग में तीननाथ के मेले लगी है।
एक पैसे से तेल लाकर तीन दिए जलाते हो,
जलाने के पश्चात वह भी और बुझती नहीं।
यह आश्चर्य की बात है।
साधु रे भाई कलीयुग में तीननाथ के मेले हो रहे है।

बंगला लोकगीत (४)–
दिन गेलअ त्रिनाथेर नाम लोईयो
साधू रे भाई लैयो नामटी परम जतने
साधु रे भाई दिन गेलो त्रिनाथेर नाम लोईया।
लैयो नामटी परम जतने।

अनुवाद
दिन ढलने से नाथ का नाम लेना मत भूलना
रे साधु भाई दिन जाने पर भी त्रिनाथ का नाम लेना।
इस नाम को जतन के साथ लेना साधु भाई
इस नाम को जतन के साथ लेना।

इन लोक संगीत के माध्यम से मौखिक भाषा का संरक्षण एवं संचार किया जा सकता हैं। लोक समाज का विकास और अन्य भारतीय समुदाय के पारंपरिक सम्बन्ध भाषा को विश्व द्वार पर और समृद्ध करने में अधिक सहायक प्रतीत होता है।

❒❒❒

त्रिपुरा विश्वविद्यालय
मोबाइल– 8837436178 ईमेल –roytrishna91@gmail. com
मुख्य लेखक की संख्या –1
मध्य बनमालीपुर, नियर बाप्पीराज फर्नीचर, अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा–799001

वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न

–डॉ. मंजू कुमारी

21वीं सदी में हिन्दी भाषा का लगभग साहित्य इंटरनेट पर उपलब्ध है। जो साहित्य अभी इंटरनेट पर नहीं आ सका है उसके लिए भी काम जारी है। एम.एच.आर.डी., यू.जी.सी. के द्वारा हिन्दी भाषा और साहित्य का स्नातकोत्तर का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम ई.पी.जी. पाठशाला के नाम से ऑनलाइन उपलब्ध है। अब घर बैठे उसको कोई भी कहीं से इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी भाषा और साहित्य से संबंधित ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

बीज शब्द : 'वैश्वीकरण, आभासी पटल, संक्रमणकालीन समाज, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रिंट इलेक्ट्रोनिक मीडिया, भाषिक संवेदना, वसुधैव कुटुम्बकम, उपभोक्तावादी संस्कृति, वैश्विक समाज, वर्चुअल रिअलिटी. सप्लाई और डिमांड आदि।'

सारांश : भाषा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने भावों एवं विचारों को एक–दूसरे तक आसानी से पहुंचा पाते हैं। समाज की निर्मित किसी भाषा के माध्यम से ही संभव है, भारतीय समाज में हिन्दी भाषा और उसका साहित्य बहुत विस्तृत स्तर पर मौजूद है। साहित्य ही वह जरिया है जिसके माध्यम से तत्कालीन समय एवं समाज की स्थिति को समझा जा सकता है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता रही है– 'समाहार की संस्कृति' जो भी यहाँ आता है वह इस देश के तीज–त्यौहार, मूल चेतना, व्यक्तियों के स्वाभिमान इत्यादि से इतना प्रभावित होता है कि यहीं का बनकर रह जाता है। इस समाहार की संस्कृति की बदौलत हिन्दी भाषा का बहुत विकास हुआ है। उसने अन्य भाषाओं के शब्दों जैसे– अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, पुर्तगाली आदि के शब्दों को सहजता से आत्मसात किया है। हिन्दी ने सदैव ही शरणागत की रक्षा की है। विविधता में एकता इसकी विशेषता रही है। हिन्दी भाषा की यही विशेषता उसे आज वैश्विक दौर में वैश्विक पटल पर भी अपना वजूद कायम रखने की सामर्थ्य प्रदान करती है।

आज 21वीं सदी के दौर में वैश्वीकरण के मुख्य वाहक के रूप में 'बाजार और सूचना प्रौद्योगिकी' की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। 'सूचना–प्रौद्योगिकी' का सीधा सम्बन्ध भाषा से है। बिना किसी भाषा के माध्यम से 'सूचना प्रौद्योगिकी' यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। क्योंकि सूचना का जंजाल भाषा की ही देन है। भाषा के माध्यम से ही संवाद स्थापित किए जा सकते हैं। वर्तमान दुनिया 'वर्चुअल रिअलिटी' सूचना के आधार पर गतिशील हो संचालित हो रही है। अब बिना सूचना के वर्तमान दुनिया में गतिशीलता लाना सम्भव नहीं रहा। किसी भी देश की गतिशीलता के लिए अर्थात विकसित होने के लिए आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से सक्रिय भूमिका

अदा करने का काम वह सूचना और भाषा के माध्यम से ही सम्भव है। आज की दुनिया शारीरिक कम मानसिक कार्य ज्यादा मात्रा में करने के प्रति सक्रिय है जिसका एक मात्र आधार भाषा है। वह भारतीय साहित्य हो या किसी भी देश या भाषा का साहित्य हो, अब वह किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित न रहकर पूरे विश्व स्तर पर 'वर्चुअल दुनिया' में उपलब्ध हो चुका है। जिसे कहीं से भी ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकता है। इंटरनेट की दुनिया में 'हिन्दी भाषा और साहित्य' का भविष्य उज्ज्वल है। "इक्कीसवीं सदी कई अर्थों में विकास की सदी है। सूचना–प्रौद्योगिकी ने तो इस सदी में सबसे अधिक विकास किया है। आज विश्व को जितना सबल, सुलभ, समुन्नत और सशक्त बनाने में अन्य संसाधनों का महत्त्व है, उससे कहीं अधिक 'सूचना प्रौद्योगिकी' का महत्त्व है। उसके माध्यम से ही मानव को एक–दूसरे के निकट लाने का काम किया जा रहा है। जिससे उसकी भौगोलिक दूरियां ही समाप्त नहीं हुई, बल्कि उसकी मानसिकता में भी परिवर्तन आया है। अब पहले से भी अधिक उदार, ज्ञानसम्पन्न, सहयोगी, सभ्य, समन्वयी, संकीर्णता से मुक्त, सुविधा सम्पन्न और रचनाशील प्रवृत्ति से युक्त है।"[1]

वर्तमान दुनिया में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से भाषा का विकास तीव्र गति से हो रहा है। इंटरनेट की दुनिया में हिन्दी भाषा वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करती हुई सम्प्रेषणीय बन रही है। "हिन्दी समकालीन भूमण्डलीकरण के दौर में तेजी से एक सशक्त, सर्वत्र उपस्थित विश्वभाषा बन चली है। उसके अनेक स्तर, अनेक रूप, अनेक शैलियाँ हैं और एक नयी अन्तरंग किस्म की बहुलता है। मुक्त बाजार, ग्लोबल, जनसंचार, तकनीकी क्रांति और हिन्दी क्षेत्रों के विराट उपभोक्ता बाजार ने हिन्दी को एक नयी शिनाख्त और ताकत दी है।"[2] वर्तमान दुनिया में हिन्दी कथा–कहानी या कहें कि कविता तक ही सीमित न होकर, वह विश्व स्तर पर संवाद स्थापित कर हिन्दी भाषा में व्याप्त आकंठ ज्ञान का चहुमुखी प्रसार–प्रचार कर रही है। "जब हम हिन्दी साहित्य की आज बात करते हैं, तब उसे खड़ी बोली में रचित काव्य–कृतियों तक ही सीमित नहीं करते, इसमें प्रसाद, पन्त, निराला, प्रेमचन्द, अज्ञेय, मुक्तिबोध, आदि की रचनाओं के साथ–साथ अवधी, ब्रज, मैथिली आदि बोलियों के साहित्यकार यथा जायसी, सूर, तुलसी, विद्यापति, आदि की कृतियों को भी समाहित करने में संकोच नहीं करते। इन विभिन्न बोलियों के माध्यम से अभिव्यक्त होने वाला साहित्य एक है क्योंकि इनकी रचना करने वाले हिन्दी भाषाई समाज की जातीय अस्मिता एवं साहित्यिक चेतना एक है।"[3]

वर्तमान समय में हिन्दी इंटरनेट की भाषा के रूप में पूरे विश्व में फैल चुकी है। अंग्रेजी की भांति हिन्दी विश्व प्रसिद्ध भाषा के रूप में विराजमान हो चुकी है। वैश्विक दौर में हिन्दी की बोलियों पर स्थानीयता का प्रभाव देखा जा सकता है। बहुत ही रोचक और जीवंत रूप में साहित्य के माध्यम से बोलियों का प्रयोग किया जा रहा है। "आज पूरे संसार में करीब 2800 भाषाएँ बोली जाती हैं जिनमें से 12 भाषाएँ मात्र साहित्यिक महत्त्व की हैं। यदि बोलने वालों की संख्या की दृष्टि से देखें तो सारे संसार में पहला स्थान चीनी भाषा का, दूसरा स्थान अंग्रेजी का और तीसरा स्थान हिन्दी का है। हिन्दी भाषा का प्रचलन भारत, नेपाल, मलेशिया, इंडोनेशिया, सूरीनाम, फिजी, गुयाना, मोरिशस, ट्रिनिडाड एवं टोबैगों जैसे करीब पचास देशों में हैं।"[4] आभासी दुनिया के विश्व पटल पर हिन्दी भाषा और साहित्य विकसित हो दुनिया के कोने–कोने तक पहुँच रहा है और साथ ही साथ हिन्दी भाषा बोल–चाल सम्वाद स्थापित करने के एक भाषायी

माध्यम के रूप में विकसित हो रही है। इस संदर्भ में "भाषा वैज्ञानिकों का मत है कि व्यक्ति भाषा का प्रयोग अपने परिवेश, स्थिति तथा संदर्भ के अनुसार करता है' आज के परिवेश एवं संदर्भ के अनुसार हिन्दी भाषा केवल साहित्यिक या सम्प्रेषण की भाषा नहीं रही। वह तो कामकाज, कार्य पद्धति, विज्ञान, तकनीक, प्रौद्योगिकी, विधि चिकित्सा, वाणिज्य के साथ–साथ संगणक, सेल्युलर, इंटरनेट, सैटेलाईट सूचना सुपर हाइवे की भाषा बनने लगी है। संचार माध्यमों की समाज सापेक्ष्य सेवा माध्यम (सर्विस टूल्स) के रूप में प्रयुक्त हो रही है। सामाजिक सन्दर्भ के गतिशील प्रवाह में अपने गुणों को बढ़ा रही है। वह संचार की भाषा बन भाषाई क्षमता तथा भाषा व्यवहार को गति प्रदान कर रही है। संचार भाषा के सभी गुण हिन्दी में है। जिसके कारण वह आज विश्व भाषा बन रही है।"[5] हिन्दी भाषा ही भारतीय समाज में राष्ट्र भाषा बनने के योग्य है। क्योंकि हिन्दी भाषा की सहजता मानव मन की गहराई अपनी सहज मातृभाषा में ही सम्भव होती है। हिन्दी भाषा की महत्ता को बताते हुए "सरदार बल्लभ भाई पटेल ने कहा है कि– हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि राष्ट्रभाषा की उन्नति बढ़ाने और उसकी सेवा करे, जिससे कि सारे भारत में वह बिना किसी संकोच या संदेह के स्वीकृत हो। हिन्दी भाषा का पट महासागर की तरह विस्तृत होना चाहिए जिसमें मिलकर और भाषाएँ अपना बहुमूल्य भाग ले सके। राष्ट्रभाषा न तो किसी प्रान्त न किसी जाति की है। वह सारे भारत की भाषा है।"[6] हिन्दी ही वह भाषा है जिसके माध्यम से पूरे भारत वर्ष के लोगों को एकता के सूत्र में बाधा जा सकता है।

हिन्दी भाषा की कुछ महत्त्वपूर्ण "अभिव्यक्ति अनुभूति, साहित्य कुञ्ज, गद्यकोश, कविता कोश, हिन्दी युग्म, प्रवासी टुडे, प्रवासी दुनिया, प्रभा साक्षी डॉट काम ऐसी ही प्रचलित साइट्स हैं। महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा ने 'हिन्दी समय' के नाम से अपना वेबसाइट शुरू किया है। इसमें बहुत से उपन्यासों, कहानियों, निबंध संग्रहों, यात्रा वृतांत, रिपोर्ताज, डायरी आदि को पढ़ा जा सकता है। अलग–अलग विधाओं की पुस्तकें यहाँ उपलब्ध है। "जो नई तकनीक है चाहे इंटरनेट हो, ई–मेल, ई–बुक, ई–कामर्स, सभी में हिन्दी का सफल प्रयोग हो रहा है। इंटरनेट पर हिन्दी की पुस्तकें, अखबार, पत्र–पत्रिकाएँ दूसरे देशों के विविध साइट्स पर उपलब्ध हैं। नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित बारह हजार पृष्ठों का 'विश्व हिन्दी कोश' भी इन्टरनेट पर उपलब्ध है।...टेलीविजन तथा रेडियों में भी हिन्दी ने अपना वैश्विक स्थान बना लिया है।"[7]

21वीं सदी में हिन्दी भाषा का लगभग साहित्य इंटरनेट पर उपलब्ध है। जो साहित्य अभी इंटरनेट पर नहीं आ सका है उसके लिए भी काम जारी है। एम.एच.आर.डी., यू.जी.सी. के द्वारा हिन्दी भाषा और साहित्य का स्नातकोत्तर का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम ई.पी.जी. पाठशाला के नाम से ऑनलाइन उपलब्ध है। अब घर बैठे उसको कोई भी कहीं से इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी भाषा और साहित्य से सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

गौरतलब है कि "भूमण्डलीकरण के औजार बाजार और मीडिया ने न सिर्फ हिन्दी को बल्कि अपनी देहरी तक सीमित अन्य भाषाओं को भी विस्तार दिया है। प्रौद्योगिकी ने इसे आसान बनाया है। एक–बार फिर भाषा निर्णायक रूप में बदल रही है। हम एक ऐसे 'संक्रमण बिन्दु' पर खड़े हैं, जहाँ से हमें भाषा की ताकत और कमजोरियों के सवाल से भी दो चार होना होगा। मीडिया में हिन्दी के बढ़ावें को देखकर जो लोग खुश हो रहे हैं, उन्होंने स्थिति पर गहराई से

विचार ही नहीं किया है। इसका अर्थ है, जनता को लगातार एक ऐसी भाषा में बनाएं रखना, जिसमें ज्ञान नहीं, दैनिक सूचनाएँ ही अधिक हो, ज्ञान का केन्द्रीयकरण इस मायने में अंग्रेजी भाषा के पक्ष में और अधिक हुआ है।"[8] कवि 'निलय उपाध्याय' की कविता में अभिव्यक्ति समाज और संस्कृति की बेचौनी का एक दृश्य–

"बेचते–बेचते
खरीद लेने वालों पर टिका था बाजार
खरीदते–खरीदते बिक जाने वालों पर टिकी थी,
यह दुनिया"

भाषा की मानवीय सम्वेदना दिन–प्रतिदिन घट रही है। सनसनी फैलाने हेतु 'मीडिया भाषा' का बोलबाला बढ़ता ही जा रहा है। भाषिक संवेदना की शून्यता मात्र खबर बनकर रह गई हैं। बाजारीकृत संस्कृति ने शब्द से उसकी जीवन्तता खत्म कर उसे बेजान बना दिया है। वैश्वीकरण के इस दौर में भाषा, समाज और संस्कृति का नया रूप मीडिया की ही देन है। आधुनिकता की भाषा में कहे तो बिना मीडिया क्रांति के तथाकथित 'पिछड़े समाज और रूढ़िवादी संस्कृति से मुक्ति पाना संभव न था। भारतीय समाज और संस्कृति में जहाँ 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना का तात्पर्य 'पूरा विश्व परिवार है' था। वहीं दूसरी तरफ आज 'वैश्वीकरण' का मतलब– 'पूरा विश्व बाजार' है। जहाँ वस्तु बनायीं जाती है, वस्तु बेची जाती है। जहाँ समाज बाजार है, लोग उपभोक्ता हैं और बाकी जो बचे उत्पादक या व्यापारी। मानवीय सम्वेदना मात्र छल है और कुछ भी नहीं। आज के समाज की यह नई सोच है। इसलिए भी समाज की हर–एक वस्तु का वजूद उसके बाजारी मूल्यों पर आधारित होता जा रहा है। क्या भाषा का अस्तित्व भी नई सोच को आत्मसात कर लेने मात्र से बचा रह सकता है? मीडिया सूचनाओं का जंजाल है। मीडिया जब उद्योग बन जाती है तो उसका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना मात्र हो जाता है। 'इसी लाभ का शिकार कहीं न कहीं हमारी भाषाएँ भी हो रही हैं। जिस कारण भाषा तो व्यावसायिक हो रही है, लेकिन भाषा की जीवन्तता पर खतरा बढ़ता जा रहा है। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

समकालीन समय में अब हिन्दी केवल साहित्य की भाषा नहीं रही, बल्कि उसका चौमुखी विकास हो रहा है। हिन्दी भाषा अंग्रेजी भाषा की भांति अपना विस्तार कर रही है। हिन्दी भाषा आज साहित्य और विचार की भाषा मात्र का माध्यम न होकर सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की भी भाषा है। हिन्दी अगर आज देश के विकास की गति के साथ विकासशील से विकसित होने की ओर तीव्र गति से बढ़ रही है, तो वह सूचना क्रांति रूपी मीडिया की ही देन है। जिसके माध्यम से हिन्दी भाषा का तेवर काफी हद तक बदला है। इस बात को स्वीकार करने में किसी को कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि हिन्दी भाषा को वैश्विक स्तर पर लाने में समकालीन मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अंततः भाषा समाज और संस्कृति की महत्ता को नेल्सन मंडेला के शब्दों में कहें तो 'जब किसी को कोई बात उस भाषा में बताते हैं जिसे वह जानता है तो कथन उसके मस्तिष्क तक पहुँचता है और जब उसकी अपनी भाषा में बताते हैं तो संवाद दिल को छू जाता है।' वर्तमान दुनिया में हिन्दी भाषा बहुत ही समृद्ध हो रही है लेकिन मानवीय संवेदना और सहजता की भांति भाषा की भी सहजता और उसकी संवेदना दिन प्रतिदिन घटती जा रही है

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। वैश्वीकृत समाज की बाजारूभाषा में मरती सम्वेदना को 'कुँवर नारायण' की कविता "भाषा की ध्वस्त पारिस्थितिकी में" की एक झलक!

एक भाषा जब सूखती
शब्द खोने लगते अपना कवित्त
भावों की ताजगी
विचारों की सत्यता
बढ़ने लगते लोगों के बीच
अपरिचय के उजाड़ और खाइयाँ"[9]

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि हिन्दी भाषा मात्र एक भाषा या एक संवाद का माध्यम ही नहीं है बल्कि वह हम भारतीयों की पहचान और हमारा अस्तित्व है। वैश्वीकरण के इस दौर में बाजार और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया में हिन्दी भाषा का प्रवेश उसके उज्ज्वल भविष्य का सूचक है। स्वदेश सिंह का कथन सही प्रतीत होता है कि "इंटरनेट और मोबाइल के दौर में हिन्दी और भी तेजी से उभर कर सामने आई है, क्योंकि अब तो तकनीक और भी सस्ती हुई है, साक्षरता दर और शहरीकरण भी पहले के मुकाबले काफी बढ़ा है। बाजार तो 'सप्लाई और डिमांड' पर चलता है। हिन्दी की डिमांड तेजी से बढ़ी है तो विभिन्न माध्यमों से हिन्दी का प्रसार भी तेजी से बढ़ा है।"[10] इस प्रकार इंटरनेट की दुनिया में हिन्दी भाषा विश्व स्तर पर पहुँच देश के विकास में अपना योगदान दे रही है।

संदर्भ ग्रन्थ–

1. सम्पादक–कल्पना वर्मा, भूमण्डलीकरण और हिन्दी, पृ. सं. 331
2. वही–पृ. सं.151
3. डॉ.रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव,भाषाई अस्मिता और हिन्दी, वाणी प्रकाशन, प्र. सं–1992 पृ. सं. 18
4. महिपाल सिंह, देवेन्द्र मिश्र, विश्व बाजार में हिन्दी–पृ. सं.190)
5. डॉ शैलजा पाटील, वैश्विकता के संदर्भ में हिन्दी–पृ.सं.30
6. वही–पृ.सं.51
7. सम्पादक–कल्पना वर्मा, भूमण्डलीकरण और हिन्दी, पृ. सं. 42
8. www.Abhivyakti-hindi.org इन्टरनेट की दुनिया में हिन्दी का भविष्य–भास्कर जुयाल–
9. http://www.hindisamay.com/content/3047/1/कुँवर–नारायण–कविताएँ–भाषा–की–ध्वस्त–पारिस्थितिकी–में
10. दैनिक जागरण, 23 अक्टूबर–2018, पृ.सं.09

❑❑❑

(हिन्दी–विभाग) रा. महा. देहरा, कांगड़ा, हि. प्र.
ईमेल – manjoo89jnu@gmail.com मो.: 8076674373

वैश्विक पटल पर हिंदी भाषा का प्रश्न

—डॉ. अनुरूद्ध सिंह

संयुक्त राष्ट्रसंघ के मूल सिद्धांत शांति और सुरक्षा को स्थापित करने में हिंदी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2014 के बाद जिस प्रकार हमारी सरकार ने अपनी राजनीतिक, कूटनीतिक एवं विदेशी नीति के माध्यम से नीतियों की तेजी दी है उससे विश्व में न केवल भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है, बल्कि हिंदी के संयुक्त राष्ट्र की अधिकारिक भाषा बनाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

हिंदी विश्व की तीन प्रमुख भाषाओं में से एक है। पिछले तीन दशकों से हिंदी का प्रभाव वैश्विक पटल पर बढ़ा है। हिंदी दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है।[1] अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या 150 करोड़, मंदारिन (चीन) बोलने वालों की संख्या 110 करोड़, हिंदी बोलने वालों की संख्या 60 करोड और स्पेनिश बोलने वालों की संख्या 54 करोड़ है। विश्व के लगभग 46 देशों में हिंदी के अध्ययन एवं अध्यापन की व्यवस्था है। जिन देशों में अप्रवासी भारतीयों की आबादी देश की जनसंख्या में 40% से अधिक है, उन देशों में सरकारी एवं गैर–सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई करायी जाती है।[2] विभिन्न देशों के अधिकांश अप्रवासी भारतीय जीवन के विविध क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग करते हैं एवं अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक के रूप में हिंदी को ग्रहण करते हैं। तथा इन देशों के लोग हिंदी को एक 'विश्व भाषा' के रूप में सीखते हैं, पढ़ते हैं तथा हिंदी में लिखते हैं।

भारत के अतिरिक्त अन्य देश जहाँ हिंदी बोली जाती है अथवा जहाँ हिंदी का अध्ययन–अध्यापन होता है उन देशों को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है[3]–

(क) वे देश जहाँ अप्रवासी भारतीय बहुत बड़ी संख्या में रहते हैं –

(1) मारीशस (2) फीजी (2) सूरीनाम (4) गयाना (5) ट्रिनिडाड एण्ड टुबेगो

(ख) भारत के पड़ोसी देश–

(6) पाकिस्तान (7) बांग्लादेश (8) श्रीलंका (9) नेपाल (10) भूटान (11) म्यांमार (बर्मा)

(ग) अन्य देश.

क्रमांक	महाद्वीप	देश
1	अमेरिका महाद्वीप	(12) संयुक्त राज्य अमेरिका
		(13) कनाड़ा
		(14) मैक्सिको
		(15) क्यूबा

2 यूरोप महाद्वीप (16) रूस, (17) ब्रिटेन (इंग्लैण्ड) (18) जर्मनी (19) फ्रांस (20) बेल्जियम (21) हालैंड (नीदरलैंड) (22) आस्ट्रिया (23) स्विट्जरलैंड (24) डेनमार्क (25) नार्वे (26) स्वीडन (27) फिनलैण्ड (28) इटली (29) पोलैंड (30) चेक (31) हंगरी (32) रोमानिया (33) बल्गारिया (34) यूक्रैन (35) क्रोशिया

3 अफ्रीका महाद्वीप (36) दक्षिण अफ्रीका (37) री–यूनियन द्वीप

4 एशिया महाद्वीप (38) चीन, (39) जापान, (40) दक्षिण कोरिया (41) मंगोलिया (42) उज्बेकिस्तान (43) ताजिकिस्तान (41) तुर्की (45) थाइलैंड

5 ऑस्ट्रेलिया (46) ऑस्ट्रेलिया।

इनमें कुछ देश ऐसे हैं जहाँ के एक से अधिक विश्वविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं में हिंदी प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इसके विपरीत कुछ देशों में वहाँ के केवल कम से एक विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाई जाती है।

किसी भाषा के महत्त्व को तीन संदर्भों के आधार पर देखा जा सकता है– (1) क्षेत्रीय, (2) राष्ट्रीय, (3) अंतर्राष्ट्रीय। भाषा का अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ कई महत्त्वपूर्ण बातों पर निर्भर करता है[4]–

(1) वह किसी बड़े और महत्त्वपूर्ण देश की राष्ट्रभाषा व राजभाषा होने के साथ–साथ विश्व के कई देशों में पढ़ी और पढ़ाई जा रही है।

(2) उसका साहित्य, इतिहास, धर्म, दर्शन तथा संस्कृति अंतर्राष्ट्रीय रुचि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

(3) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उस देश की अपनी अच्छी व्यापारिक साख हो।

हिंदी इन सभी अर्हताओं को पूरा करती है। वह इस समय विश्व के लगभग 150 देशों के विश्वविद्यालयों और सैकड़ों अन्य संस्थाओं में पढ़ी तथा पढ़ाई जा रही है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की इधर हिंदी के प्रति रुचि बढ़ी है जिसके विभिन्न राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक कारण हैं।[5] एशिया के देशों में हिंदी की रुचि अपेक्षाकृत कम है जिसका कारण उन देशों में हिंदी के अध्ययन की उपयोगिता तथा साधन और सुविधाओं की कमी होना है। फिर भी इधर विकासशील देशों में अपने अस्तित्व तथा अपनी उन्नति के प्रति चेतना जाग्रत हुई है।

इसके अतिरिक्त अन्य भी कई कारण हैं जिससे हिंदी भाषा ने वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ी है–

(1) भारत की वर्तमान आर्थिक उदारीकरण की नीति के कारण भी विश्व के महान एवं शक्तिशाली देशों की रूचि भारत में बढ़ी है। अतः स्वाभाविक है कि भारत की भाषा हिंदी की लोकप्रियता वैश्विक पटल में बढ़ी है। इस पृष्ठभूमि में विश्व हिंदी सम्मेलनों के आयोजनों का विशेष महत्त्व है।

(2) हिंदी विश्व पटल पर 14 अक्टूबर 1977 को राष्ट्र संघ के मंच से व्यापक रूप से तब जाना गया जब भारत के तत्कालीन विदेशमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने पहली बार राष्ट्र–संघ को हिंदी में संबोधित कर हिंदी को विश्वमंच पर स्थापित किया।[6] हिंदी जगत ने इसे काफी सराहा तो कुछ अंग्रेजी जैसे तथाकथित बुद्धिजीवियों ने इस प्रयास पर देश का बहुत सारा धन अपव्यय करने का कुप्रचार भी किया। बहरहाल विश्व को इस बात का एहसास हुआ कि हिंदी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी संपर्क–भाषा एवं राजभाषा है तथा इसी भाषा के माध्यम से भारत जैसे बहुभाषी देश में अरबों रुपयों का कारोबार संपर्क–भाषा हिंदी के मः

यम से ही संपन्न होता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण–देश की आर्थिक राजधानी मुंबई तथा कई महानगरों में चलने वाला करोबार है।

(3) अटल बिहारी बाजपेयी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने आते ही 2014 में न केवल राष्ट्र–संघ को हिंदी में संबोधित किया, बल्कि 7 जुलाई 2015 के दौरान मध्य एशिया के देशों (कजाकिस्तान, किरगिस्तान. उज्बेकिस्तान, तजाकिस्तान) एवं रूस की राजनयिक यात्रा के दौरान अधिकतर हिंदी का ही प्रयोग किया, जिसमे आर्थिक मुद्दे भी शामिल थे।[7] उस समय मध्य एशिया एवं रूस के अतिरिक्त सम्पूर्ण वैश्विक पटल पर हिंदी की सर्वश्रेष्ठता का भावबोध लोगों के अंदर जगाया।

(4) हिंदी को वैश्विक पटल पर स्थापित करने में फिल्मों, पत्र–पत्रिकाओं, प्रकाशन संस्थाओं, भारत सरकार के उपायों, उपग्रह–चैनलों, विज्ञापन–एजेंसियों, बहुराष्ट्रीय निगमों, यांत्रिक सुविधाओं तथा शिक्षण प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में प्रशिक्षित पेशेवर मानव संसाधन का विशेष योगदान रहा है। इनके अतिरिक्त विश्वस्तरीय साहित्य तथा साहित्यकारों के योगदान को देखा जा सकता है।

संयुक्त राष्ट्रसंघ के मूल सिद्धांत शांति और सुरक्षा को स्थापित करने में हिंदी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2014 के बाद जिस प्रकार हमारी सरकार ने अपनी राजनीतिक, कूटनीतिक एवं विदेशी नीति के माध्यम से नीतियों की तेजी दी है उससे विश्व में न केवल भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है, बल्कि हिंदी के संयुक्त राष्ट्र की अधिकारिक भाषा बनाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

(5) 13 जून 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के हिंदी भाषा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब संयुक्त राष्ट्र के सभी कामकाज और जरूरी संदेश हिंदी भाषा में भी पेश किए जाएंगे। यू.जी.एन.ए. में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत टी. एस. तिरुमूर्ति ने बताया कि इस वर्ष पहली बार हिंदी भाषा को भी शामिल किया गया है। राजदूत टी. एस. तिरुमूर्ति ने यह भी कहा– भारत 2018 से संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डी.जी.सी.) के साथ साझेदारी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के समाचार और मल्टीमीडिया के कंटेट को हिंदी भाषा में प्रसारित करने और बनाने के लिए फंड भी दे रहा है। 2018 में हिंदी/परियोजना शुरु की गई थी, जिसका लक्ष्य हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की सर्वजनिक पहुँच को बढ़ाना और दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों को ज्यादा से ज्यादा कंटेट देना था।[8]

भारत सरकार की इन सफलताओं के अतिरिक्त हमें यह भी प्रयास करना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्रदान करने के साथ–साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं अधिकारिक भाषा घोषित कराने के लिये भारत सरकार को ठोस पहल करनी होगी। संयुक्त राष्ट्र की 6 आधिकारिक भाषाएं निम्नलिखित हैं– अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश भाषाएं हैं, जिसमें अंग्रेजी और फ्रेंच मुख्य है। वैश्वीकरण एवं सूचना क्रांति के युग में हिंदी को कम्प्यूटर की भाषा के रूप में विकसित करना होगा। शिक्षा, चिकित्सा का क्षेत्र हो, व्यवसाय अथवा तकनीक का क्षेत्र हो सभी क्षेत्रों में हिंदी भाषा को प्राथमिकता देना होगा। ऐसा तभी संभव होगा जब प्रत्येक दिवस को हिंदी दिवस के रूप में मनायें। संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी को अधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के लिये भारत को दृढ़ कूटनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए विश्व समुदाय से पर्याप्त समर्थन प्राप्त करना होगा।

हिंदी भाषा का प्रश्न केवल राजनैतिक अथवा वाणिज्यिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। भारतीय मूल के लोग जो विभिन्न देशों में बस गए हैं, अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान को हिंदी के माध्यम से सुरक्षित रखना चाहते हैं। अपनी मूल भूमि की संस्कृति से बहुत दूर बस जाने की विवशता भी है। भारतीय मूल के लोगों में एक प्रकार की बेचैनी और पूर्वदीप्ति (नॉस्टेलजिया) पैदा करती है। जो अपनी मूल भाषा और संस्कृति से होने वाले अतिशय प्रेम के रूप में प्रकट होती है। यही कारण है कि विश्व हिंदी सम्मेलनों के आयोजन में प्रवासी भारतीयों के देशों मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, दक्षिण अफ्रीका आदि ने विशेष रूचि दिखाई है। अभी तक आयोजित 12 विश्व हिंदी सम्मेलनों ने हिंदी भाषा के प्रश्न को वैश्विक पटल पर बड़ी ही सहजता के साथ उठाया है।

वर्तमान स्थिति यह है कि लगभग विश्व समुदाय दबी जुबान से ही सही, यह कहने लगा है कि 21वीं (इक्कीसवीं) सदी भारत और चीन की होगी क्योंकि भारत और चीन विश्व की सबसे तीव्र गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से हैं तथा विश्व स्तर पर इनकी स्वीकार्यता और महत्ता स्वतः बढ़ रही है। इन दोनों देशों के पास नैसर्गिक विशाल प्राकृतिक भण्डार हैं तथा युवा मानव संसाधन है जिसके कारण ये भावी वैश्विक संरचना में उत्पादन के बड़े स्रोत बन सकते हैं। देश की आर्थिक समृद्धि उस देश की भाषायी, सामाजिक, सांकृतिक और राजनीतिक समृद्धि का भी द्योतक है।9 इस प्रकार तमाम कसौटियों में कसे जाने के बाद हिंदी सही मायने में विश्वभाषा की गरिमा के साथ गतिमान है। हिंदी की भावी दिशा इस ओर संकेत कर रही है कि वह वैश्विक पटल पर लगातार फैल रही है। बिहार–राष्ट्रभाषा–परिषद् के 8वें वार्षिकोत्सव में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा था[10]–

"सबकी भाषाएँ समृद्ध हों, हिंदी है मेरी भाषा
पूरी हो मेरे भारत की उससे आशा, अभिलाषा"

संदर्भ–ग्रंथ :

1. BBC NEWS
2. जैन, महावीर सरन, विश्व भाषा हिंदी, (1999), केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा उ.प्र., पृ.सं.–25,
3. वही पृ.सं.–26
4. चतुर्वेदी, अरुण, विश्व भाषा हिंदी प्रथम संस्करण, (1999), केन्द्रीय हिंदी संस्थान आगरा उ.प्र., पृ. सं.–77
5. वही पृ.सं.–77
6. बहुवचन अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका, अंक रू 46 (जुलाई–सितम्बर 2015) महात्मा गांधी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) पृ.सं.–211
7. वही पृ.सं.–211
8. दैनिक भास्कर समाचार पत्र 13 जून 2022
9. उपाध्याय करुणाशंकर, हिंदी का विश्व संदर्भ, पहली आवृत्ति (2010), राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली पृ.सं.–50
10. गुप्त मैथिलीशरण, राष्ट्रभाषा हिंदी : समस्याएँ और समाधान, द्वितीय संस्करण विक्रम संवत (2004), बिहार–राष्ट्रभाषा–परिषद पटना, पृ.सं.–70

❑❑❑

हिंदी विभागाध्यक्ष , मारवाडी महाविद्यालय दरभंगा
पोस्ट–लाल बाग बिहार 846004 मोबाइल– 9582194288 ईमेल–shvmsngh0@gmail.com

अरुणाचल प्रदेश के हिंदी उपन्यासों में स्त्री स्वर

—अरविंद कुमार यादव

'मिनाम' मोर्जुम लोयी का उपन्यास है। यह गालो जनजाति पर केंद्रित है। इस उपन्यास के केंद्र में गालो जनजाति की स्त्री की संघर्ष गाथा है। मिनाम का अर्थ है – सोच विचार। इस उपन्यास में मिनाम का ही नहीं बल्कि सिलसिलेवार अलग–अलग स्त्रियों के शोषण और उनके संघर्ष की कथा कही गई है। पहली कहानी यामी की है।

बीज शब्द : पूर्वोत्तर भारत, बहुपत्नी प्रथा, वधू मूल्य, नेप्प न्यीदा, परम्परा

शोध सार

हिंदी उपन्यासों की दृष्टि से पूर्वोत्तर भारत समृद्ध है। इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक तक तो बाहर के रचनाकार पूर्वोत्तर पर केंद्रित उपन्यासों की रचना करते रहे। लेकिन वर्तमान सदी के दूसरे दशक में रचनात्मक परिदृश्य तेजी से परिवर्तित हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय साहित्यकार हिंदी में लेखन कार्य करने लगे। स्थानीय रचनाकारों की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश विशेष आस जागृत करता है। अरुणाचल प्रदेश की वर्तमान पीढ़ी अपने मूल्यों और परंपराओं को हिंदी भाषा और साहित्य के माध्यम से व्यक्त कर रही है। हिंदी का संपर्क भाषा के रूप में विकसित होने के कारण हिंदी में अपनी साहित्यिक अभिव्यक्ति देने में इन्हें सहजता होती है। अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय लेखकों के महत्त्वपूर्ण उपन्यास– जंगली फूल (जोराम यालाम नाबाम), मिनाम (मोर्जुम लोयी), मेरी आवाज सुनो (जुमसी सिराम), उस रात की सुबह (तुम्बम रीबा 'लिली') हैं। 'जंगली फूल' तानी लोककथा पर आधारित उपन्यास है, जिसमें तानी वंश के आदि पुरूष आबोतानी अनाज के बीज की खोज के लिए लंबी यात्रा पर निकलते हैं जिससे कि अपने कबीले की भूख को मिटाया जा सके और समृद्धि लायी जा सके। अपने वंश की वृद्धि के लिए आबोतानी कई विवाह भी करते हैं। शेष तीन उपन्यास पारंपरिक मूल्यों का दंश झेलती स्त्रियों पर केंद्रित हैं। वधू मूल्य और बहुपत्नी प्रथा प्राचीन अरुणाचली समाज में सामाजिक मूल्य के रूप में स्थापित थे। जिसके पास वधू मूल्य देने की आर्थिक क्षमता होती थी, वे प्रायः एक से अधिक विवाह कर सकते थे । एक से अधिक विवाह करना सामाजिक प्रतिष्ठा का सूचक था। वधू मूल्य के कारण प्रायः अनमेल विवाह होते थे जिसमें स्त्री की इच्छा का ध्यान नहीं रखा जाता था। तलाक लेने की प्रथा भी जटिल थी। इन्हीं समस्याओं को केंद्र में रखकर अरूणाचल के रचनाकारों ने उपन्यास लिखे हैं।

अरुणाचल प्रदेश के हिंदी उपन्यासों में स्त्री स्वर

अरुणाचल प्रदेश भारत के पूर्वोत्तर में स्थित एक राज्य है। यह प्रदेश जनजातीय है। यहाँ निवास करने वाली जनजातियों में आदी, आपातानी, न्यिशी, मिश्मी, मोनपा, शेरदुकपेन, खाम्ती, वांचो नोक्टे आदि प्रमुख हैं। इन सभी आदिवासी समूहों की भाषा भी भिन्न–भिन्न है। लेकिन संवाद के लिए एक–दूसरे से ये हिंदी का प्रयोग करते हैं। संपर्क भाषा हिंदी होने के कारण पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों की अपेक्षा हिंदी में साहित्यिक रचनाओं की दृष्टि से यह प्रदेश समृद्ध है। हिंदी से पूर्व यहाँ पर असमिया भाषा संपर्क और शिक्षा की माध्यम थी। यही कारण है कि यहाँ की पूर्व की पीढ़ी असमिया में अपना लेखन करती थी। भारत सरकार और हिंदी सेवी संस्थाओं के प्रयास से हिंदी यहाँ के लोगों के बीच अपना स्थान बनाने में सफल हुई। ध्यान देने की बात है कि हिंदी यहाँ पर किसी सरकारी माध्यम से थोपी नहीं गई है, बल्कि हिंदी का स्वाभाविक विकास हुआ है। भाषाई तौर पर यह प्रदेश विविधता लिए हुए है, लेकिन हिंदी सभी जनजातीय समूहों में समान रूप से बोली और समझी जाती है। यह पक्ष उसे शेष भारत से आसानी से जुड़ने में सहायक है। हिंदी में साहित्यिक रचना करने की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वर है। पिछले एक दशक में यहाँ की युवा पीढ़ी ने अपने लेखन से राष्ट्रीय पहचान बनाई है। यहाँ हिंदी में साहित्यिक लेखन करने वालों में प्रमुख नाम– जुमसी सिराम 'नीनो', जोराम यालाम नाबाम, मोर्जुम लोयी, तुम्बम रीबा जोमो 'लिली', जमुना बीनी, तारो सिंदिक, रेमोन लोंग्कु आदि हैं। इन सभी रचनाकारों ने अपनी कृतियों में प्रदेश की संस्कृति, स्त्री–दशा, सामाजिक संरचना और परंपरा को प्रमुखता से अभिव्यक्ति दी है। उपर्युक्त रचनाकारों में से चार ने उपन्यास भी लिखे हैं। इन उपन्यासों के नाम– जंगली फूल (जोराम यालाम नाबाम), उस रात की सुबह (तुम्बम रीबा जोमो 'लिली'), मिनाम (मोर्जुम लोयी) और मेरी आवाज सुनो (जुमसी सिराम) है।

हिंदी में प्रथम महत्त्वपूर्ण उपन्यास जंगली फूल है। यह तानी समूह के आदि पुरुष आबोतानी पर केंद्रित है। तानी समूह की महत्त्वपूर्ण जनजातियाँ आपातानी, न्यिशी. आदी, गालो, तागिन और मिसिंग हैं। आदि पुरूष आबोतानी के विषय में लेखिका लिखती है कि "अनगिनत पत्नियाँ रखी उसने ! प्रेम किसी से भी नहीं किया। वह गृहस्थी के लिए बना ही नहीं था ! आवारा सा कोई पैदा हुआ था ! उसकी शक्ति और बुद्धि के चर्चे भी खूब रहे। उसने उसका इस्तेमाल भी औरत के शरीरों को हासिल करने के लिए ही किया था ! वह सिर्फ और सिर्फ अपना वंश बढ़ाना चाहता था ।" दरअसल यह उपन्यास तानी लोककथा पर आधारित है, जिसमें आदि पुरूष आबोतानी के संघर्ष, विवाह और सृजन की कहानी कही गई है। आदिम समाज में जनबल का विशेष महत्त्व था। कबीले के सदस्यों की संख्या के आधार पर उसकी शक्ति आंकी जाती थी। इस शक्ति में वृद्धि करने करने के लिए अधिक से अधिक बच्चों को पैदा करना जरूरी थी, अधिक बच्चों का जन्म तभी होगा जब अधिक शादियाँ की जाएँगी। इसी को ध्यान में रखते हुए आदिम तानी समाज में बहु पत्नी प्रथा का प्रचलन था। तानी ने भी कई विवाह किए। उपन्यास में आबोतानी की तीन पत्नियों– आसीन, याई और जीत – का अलग–अलग अध्यायों में उल्लेख है।

कबीले में अधिक सदस्यों का होना अधिक सुरक्षा की गारंटी थी। उपन्यास में दूसरी महत्त्वपूर्ण घटना आबोतानी की लंबी और जोखिम भरी यात्रा है, जो धान के बीज की खोज के

लिए की गई थी। बीज की खोज के उपरांत कबीले में समय–समय पर आने वाली भुखमरी से निजात मिल गई। धान के बीज को आबोतानी ने अन्य कबीलों में भी बाँटा जिससे कि विपन्नता और भुखमरी को दुनिया से भगाया जा सके। यह जनजातियों में आदिम साम्यवाद की एक नजीर है। लोककथा के अनुसार– "गरीबी की हालत में संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए उसने फिर से संपन्नता प्राप्त कर ली। बुढ़ापे में आबोतानी ने इस धरती का शुक्रिया अदा किया और स्थाई रूप से रहने के लिए दूसरे संसार को रवाना हो गया।"

'उस रात की सुबह' तुम्बम रीबा द्वारा लिखित उपन्यास है। इसमें यापी के माध्यम से गालो समाज की स्त्री– दशा का वर्णन किया गया है। दरअसल यह गालो ही नहीं, बल्कि अन्य समूहों की जनजातीय स्त्री का सच है। उपन्यास की शुरूआत पंचायत घर (कबा देर) से होती है, जहाँ पर विवाह के एक मामले को सुलझाने के लिए गाँव के बड़े बुजुर्ग एकत्रित हुए हैं। इस पंचायत का संबंध पापी के विवाह और उसके इंकार से है। मामला बहुत पेचीदा था। पेचीदा इसलिए हो गया था क्योंकि यापी उस पुरुष के साथ ब्याहकर नहीं जाना चाहती थी जो उससे उम्र में काफी बड़ा होने के साथ–साथ फूफा भी था। बात यह हुई थी कि यापी की बुआ याका का विवाह तातो से हुआ था, लेकिन विवाह के कुछ दिनों के बाद ही याका की मृत्यु हो गई। परंपरा के अनुसार याका के विवाह में मिले उपहारस्वरूप वधू–मूल्य को या तो वापस किया जाए या याका के बदले उसी घर से कोई लड़की तातो की पत्नी बनकर जाए। याका के परिवार की आर्थिक स्थिति वधू–मूल्य वापस कर सकने की नहीं थी, दूसरे वधू–मूल्य वापस करना उचित भी नहीं माना जाता था। चूँकि यापी बहुत छोटी थी इसलिए उसे भेजा नहीं जा सकता था। आदिम गालो समाज में स्त्री की क्या स्थिति थी, इसको यापी के पिता द्वारा पंचायत में कही गयी बात से जाना जा सकता है – "याका के गुजर जाने के बावजूद उसके ससुराल वाले – यानी कि तातो और उनके खानदान वाले इस रिश्ते को कायम रखना चाहते हैं। अब परिवार में से किसी को तो दुग्ने की जगह लेनी है ही। इसलिए हम सबने मिलकर खानदान की भलाई के लिए कुछ वर्षों पहले इसी जगह यह फैसला किया था कि उन दस मिथुनों और सारे हिसाब–किताब के बदले जब तुम बड़ी हो जाओगी तो तुम्हारा विवाह तातो से करा दिया जाएगा।" यापी जैसी स्त्री के साथ जो भी हो रहा था, वह परंपरा के नाम पर हो रहा था। याका की मृत्यु के बाद कबा–देर में हुए फैसले के बाद से अब तक तातों की तीन पत्नियाँ हो चुकी थीं और उम्र भी लगभग यापी के पिता के बराबर यानी लगभग पैंतालीस वर्ष थी। उसी अधेड़ तातो की चौथी पत्नी बनकर नवयुवती यापी को जाना था। लेकिन यापी के प्रतिकार और तातो के ही परिवार के दो शिक्षित युवकों– तामार और कातम – के सहयोग वह इस विवाह से बच पाती है। उपन्यास में तामार और कातम का आगमन आधुनिक शिक्षा और नव परिवर्तन के आगमन का सूचक है।

'मिनाम' मोर्जुम लोयी का उपन्यास है। यह गालो जनजाति पर केंद्रित है। इस उपन्यास के केंद्र में गालो जनजाति की स्त्री की संघर्ष गाथा है। मिनाम का अर्थ है – सोच विचार। इस उपन्यास में मिनाम का ही नहीं बल्कि सिलसिलेवार अलग– अलग स्त्रियों के शोषण और उनके संघर्ष की कथा कही गई है। पहली कहानी यामी की है। उसने आर्थिक तंगी के बावजूद उच्च शिक्षा ग्रहण करने की ठान रखी थी। लेकिन उसका सोचा–विचारा कुछ भी फलित नहीं हुआ।

गाँव के स्कूल की स्थिति सुधारने और बच्चों को पढ़ाने के क्रम में उसके जीवन में ऐसा कुछ घटित हुआ जिसने उसे नर्क जैसी जिंदगी और अंततः मृत्यु दी। यामी गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर की मेधावी छात्रा थी। स्कूल की छुट्टियों के दौरान उसने गाँव के स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया। वहीं पर एक दिन तातुम नाम के लड़के को उसने शराब पीने के कारण सजा दे दी। यही सजा यामी के लिए काल बन गयी। इस अपमान का बदला लेने की उसने ठान ली और अपने पिता तादर के सामने यामी के साथ विवाह करने का प्रस्ताव रख दिया। इस विवाह के प्रस्ताव से यामी के माता–पिता भी खुश हुए क्योंकि तातुम गाँव के सबसे समृद्ध घर का बेटा था। यामी के विरोध करने के बावजूद उसका विवाह तातुम के साथ लेपा लिङनाम के तहत कर दिया गया। लेपा लिङनाम एक सामाजिक प्रथा थी जिसमें लड़की के मना करने पर जबरदस्ती उसका संबंधित लड़के के साथ विवाह कर दिया जाता था। लड़की को कमरे में बंद करके भूखा–प्यासा रखा जाता था। अगर लड़की स्वेच्छा से समर्पण न करती तो उसके साथ पति द्वारा बलात्कार भी किया जाता था। इस परंपरा के संबंध में लेखिका लिखती है कि– "अन्य समाज में इसे लाफिया, लेफा आदि के नाम से जाना जाता है। ये सिलसिला तब तक चलता जब तक लड़की गर्भवती न हो जाती। लेपा लिङनाम में लड़कियों के साथ किसी पशु से कम व्यवहार नहीं किया जाता था। यह प्रथा भी वक्त के साथ कम होती चली गई।" यामी के साथ तातुम द्वारा मारपीट का जो सिलसिला शुरू हुआ वह यामी की मृत्यु तक जारी रहा। यामी की मृत्यु भी तातुम की मार खाकर हुई थी । यामी ने यापी और याजुम नामक दो लड़कियों को जन्म दिया । इस कारण तातुम और अधिक मारपीट करने लगा। तातुम शराब के नशे में धुत्त होकर यामी से कहता है कि – "मेरा जमीन इतना ज्यादा है, मिथुन इतना ज्यादा है, तादोक (माला) है, सबकुछ है, लेकिन मेरा माईकी बेटा नाई पैदा कर सकता... मेरा वंश को कौन चलाएगा ? हम तो दूसरा शादी करेगा ही।" दरअसल पुरूष वर्चस्व वाले आदिम समाज में स्त्री का काम लड़कों को जन्म देकर वंश वृद्धि करना था। कमोबेश यह आज भी पाया जाता है। यदि स्त्री वंश वृद्धि में सक्षम नहीं होती थी तो पति दूसरा विवाह कर लेता था। बहु विवाह वाले समाज यह एक बहाना था। गालो समाज में भी बहु विवाह प्रचलित था। वधू–मूल्य चुकाने की क्षमता हो तो पुरूष कई विवाह कर सकता था। वधू–मूल्य अरुणाचल प्रदेश की कई जनजातियों का स्याह सामाजिक पक्ष था। वधू–मूल्य के अन्तर्गत वर पक्ष द्वारा मिथुन, मीट, कपड़े, माला, शराब (आपोंग) आदि उपहार स्वरूप वधू पक्ष को दिया जाता था। यामी की मृत्यु के बाद यापी और याजुम पढ़ने के लिए बाहर रहने लगीं। एक दिन उनकी मुलाकात मिनाम से हुई जो प्रोफेसर थीं और अरुणाचल प्रदेश से ही थीं। इस मुलाकात के बाद उपन्यास मिनाम की डायरी के माध्यम से 'मैं' शैली में शुरू होता है। मिनाम का भी संघर्ष कमोबेश यामी की ही तरह था। लेकिन दोनों में फर्क यह था कि यामी स्त्री प्रताड़ना के दलदल से नहीं निकल पाई जबकि मिनाम सभी परिस्थितियों को मात देती हुई सामाजिक–आर्थिक क्षेत्र में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने में सफल हुई।

जुमसी सिराम का 'मेरी आवाज सुनो' स्त्री संवेदना की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण उपन्यास है। इस उपन्यास के केंद्र में नेप्प न्यीदा और उससे उपजी समस्याएँ हैं। नेप्प न्यीदा का अर्थ पेट विवाह है। इसके अन्तर्गत गर्भस्थ शिशु का विवाह किसी के साथ तय कर दिया जाता था। यदि गर्भस्थ शिशु का विवाह किसी पुरुष से तय किया गया हो और जन्म लड़के का हो तो अगले बच्चे के

जन्म की प्रतीक्षा की जाती थी। लेकिन पुरूष किसी अन्य से दूसरा विवाह भी कर सकता था। एक बार वधू–मूल्य चुका कर तय कर दिए गए विवाह को स्त्री टाल नहीं सकती थी। वधू–मूल्य, पेट विवाह और बेमेल विवाह एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। 'मेरी आवाज सुनो' में इन तीनों समस्याओं की अभिव्यक्ति हुई है। लेखक ने अपने लेखकीय वक्तव्य में लिखा है कि– " बहुत पहले जब यह एक लघु उपन्यासिका के रूप में प्रकाशित हुआ था तो विवादों के केंद्र में आ गया था। कारण यह था कि यह उपन्यास हमारे प्रदेश में फैली एक कुरीति नेप्प न्यीदा की आलोचना करता है।" आयि का विवाह लगभग बीस वर्ष पूर्व उसके जीजा ताकार के साथ तय कर दी गयी थी। अब आयि युवती हो चुकी थी। अब पूर्व निर्धारित रिश्ते को अमली जामा पहनाने का समय आ गया था। ताकार आयि के घर आकर पूर्व में दिए गए वधू–मूल्य का हवाला देता है– "तुम्हारी बहन यायि (आयि) की शादी मुझसे तय हो चुकी थी। मेरे स्वर्गीय पिता जी ने तुम्हारे घर वालों को कई गाएँ और मिथुन, साथ ही दूसरी कीमती चीजें भी दी थीं।" आयि इस विवाह को स्वीकार नहीं करती है, क्योंकि वह आलुक नामक युवक से प्रेम करती थी दूसरे ताकार आयि का जीजा था और उसकी उम्र लगभग पचास वर्ष की थी और आयि अभी अट्ठारह की हुई थी। चूँकि ताकार संभ्रांत परिवार से था और वधू–मूल्य चुकाने में सक्षम होने के कारण कई विवाह कर सकता था। यह परंपरा स्त्री को भोग्य वस्तु के रूप में प्रस्तुत करती है। तानी समाज में ही नहीं बल्कि अन्य में स्त्री की दशा अच्छी नहीं रही है। समय–समय पर ऐसी स्त्री–विरोधी परंपराओं के विरुद्ध आवाज उठती रही है। इसमें स्त्री का विद्रोही स्वर ज्यादा रचनात्मक, प्रभावी और परिवर्तनकारी होता है। उत्तर भारत में दहेज रूपी परंपरा ने स्त्री जाति को मनुष्य होने से वंचित कर रखा है तो पूर्वोत्तर भारत के तानी (गालो) समूह की जनजातियों में वधू–मूल्य के रूप में यह स्त्री जाति के अस्तित्व को नकार रहा है। लेकिन अन्तर यह है कि जहाँ उत्तर भारत का समाज परिवर्तन की आहट का तीव्र विरोध करते हुए स्त्री विरोधी मूल्यों से चिपके रहने का प्रयास करता है तो वहीं अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों में परिवर्तन अपेक्षाकृत तीव्र गति से हो रहे हैं। आधुनिक शिक्षा से आ रहे परिवर्तनों का संगठित विरोध प्रायः नहीं देखने को मिलता है। आलुक–आयि की हत्या ताकार के लोगों के द्वारा कर दी जाती है लेकिन इस हत्या के बाद याकेन की माँ, बाबी और याजुम के नेतृत्व में जो आक्रोश भीड़ की शक्ल में उमड़ता है, वह परिवर्तन की आकांक्षा से भरा हुआ है। मुखिया का वक्तव्य इस परिवर्तन की गवाही दे रहा है– "अब हमारा भविष्य नई पीढ़ी पर निर्भर है। तुम लोग ठीक कह रहे हो। उन कुरीतियों को सुधारना तुम लोगों के हाथ में है। मुझे आयि–आलुक की मृत्यु का बहुत गम है।" मुखिया का यह वक्तव्य इस ओर भी संकेत करता है कि यहाँ का समाज प्रतिगामी परंपराओं को त्यागकर प्रगतिगामी परंपराओं को अपनाने में हिचकता नहीं है।

❐❐❐

पीएचडी, शोधार्थी (हिन्दी विभाग)
पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय,
मोबाइल नं. 6033092485 793022 ईमेल – arvind.yadav488@gmail.com

सुब्रमनी कृत उपन्यास 'डउका पुरान' में साहित्यिक संवेदना

—सुअम्बदा कुमारी

फीजी हिंदी में लिखा गया उपन्यास 'डउका पुरान' फीजी के बदलते सामाजिक–सांस्कृतिक स्वरूप को उद्‌घाटित करता है। उपन्यास की शुरुआत में ही यह प्रश्न उठता है कि 'डउका' किसे माना जाए? 'फीजी लाल गिरमिट राम डउका' इस उपन्यास का प्रमुख पात्र है। 'डउकाओं' की कोई खास पहचान नहीं है। फीजीलाल कहता है "बाप हमार बोला करत रहिन हम लोग डउका जात हैं। जात पात कै बात तो हम ना जानित। हाँ, जब कोई डउका देखित तो जुरूत पहिचान लेइत।...

साहित्य का मर्म एकता और समरसता को बनाए रखना है। वह एक होकर सबका हो जाता है और देश, धर्म, भाषा, लिंग, रंग, जाति, वर्ग इत्यादि की सभी सीमाएँ तिरोहित हो जाती हैं। प्रवासी साहित्य भारत से बाहर रचे जाने पर भी भारत के पाठकों को आकर्षित करता है और उन्हें जिससे भारतेतर समाज से उनका लगाव स्वतः स्थापित हो जाता है। सन् 1962–63 में डॉ० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी ने प्रवासी हिन्दुस्तानियों के लिए 'भारतवंशी' शब्द का प्रयोग किया था। "भारतवंशी ऐतिहासिक शब्द है जो वंश को किसी जाति या परिवार से सम्बद्ध करने के साथ–साथ देश और मातृभूमि से भी तालमेल जोड़ता है। इस तरह से व्यक्ति एक देश के मूल का होकर भी दूसरे देश का निवासी, प्रवासी नागरिक होता है। भारतवंशी बहुल देश वस्तुतः भारतीयता की लोकसंस्कृति का ज्योति स्तम्भ है।" फीजी में भारतीय गिरमिटिया मजदूरों का आगमन 9 मई, 1870 ई. से शुरू हुआ था। 'लेओनादी दास' मात्र एक जहाज नहीं था बल्कि वह ऐसा संवाहक था जो एक समूची भाषाई संस्कृति को अपने में समेटे, एक नए देश की ओर जा रहा था और इसके वाहक कोई साहित्य–मनीषी नहीं थे। इसके वाहक थे भारत के खेत–खलिहान में काम करनेवाले आम मजदूर, जिनके शब्द थे–कुदाल, कुल्हाड़ी, खेत, बिछौना, आँगन, तुलसी कुआँ।...भगवान राम की यह प्रजा अपने साथ मुल्ला दाऊद की 'चंद्रायन', जायसी की 'पद्‌मावत' और तुलसी की 'रामचरितमानस' की भाषाई संस्कृति अपने साथ लेकर जा रही थी।

मूल शब्द :
भारतवंशी/प्रवासी, प्रवासन, सांस्कृतिक गठरी, सामाजिक संघर्ष, नॉस्टेल्जिया, फीजी हिंदी।

उद्देश्य :

'भारतवंशी' शब्द की व्याख्या करना।

फीजी में प्रवासन के स्वरूप पर प्रकाश डालना।

उपन्यास 'डउका पुरान' की साहित्यिक संवेदना का विश्लेषण करना।

प्रासंगिकता :

किसी भी भाषा को अगर अनादि काल तक जीवित रहना है तो साहित्य के कंधे पर ही चढ़कर वह जीवित रह सकती है। हिंदी भाषा में लेखन की प्रक्रिया देश की सीमा को पारकर विदेशों में भी अपने पांव पसार रही है। प्रवासी हिंदी साहित्य आज हाशिए का साहित्य न होकर मुख्य धारा में अपने विषय विविधता के कारण उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विषयगत और भाषागत विभिन्नता के कारण उपन्यास 'डउका पुरान' प्रवासी साहित्य में अपना अद्वितीय स्थान रखता है। प्रस्तुत शोध–पत्र में अनिल जोशी द्वारा संपादित 'प्रवासी लेखन नयी जमीन, नया आसमान (2018), कमल किशोर गोयनका द्वारा संपादित 'हिंदी प्रवासी साहित्य, गद्य विधाएँ (2018) प्रवीण कुमार झा द्वारा रचित कुली लाइन्स (2019) मैनेजर पाण्डेय कृत 'साहित्य और समाजशास्त्रीय दृष्टि' (2016) आदि सैद्धांतिक ग्रंथों का अध्ययन किया गया है। इस शोध–पत्र हेतु सुब्रमनी के उपन्यास 'डउका पुरान' के अतिरिक्त हिंदी पत्रिकाओं, वेब पत्रिकाओं एवं प्रवासी साहित्य के विशेष ब्लॉग्स का अनुशीलन भी किया गया है।

अनुसंधान पद्धति

प्रस्तावित शोध–पत्र का आधार सुब्रमनी कृत उपन्यास 'डउका पुरान' में साहित्यिक संवेदना है। अतः विषय की गंभीरता को देखते हुए विवेचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है, ताकि शोध–पत्र में स्पष्टता, नूतनता एवं तथ्यात्मकता दिखाई जा सके और अंत में उद्धृत सारे तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष भी निकाले गए हैं।

उपन्यास 'डउका पुरान में साहित्यिक संवेदना'

20 जून, 1943 को लाबासा, फीजी में जन्मे सुब्रमनी एक मशहूर लेखक हैं, जो फीजी हिंदी और अंग्रेजी भाषा में फिक्शन और नॉन फिक्शन लिखते हैं। गिरमिटिया पुत्र होने की वजह से इनकी रचनाओं में अनुभव की प्रामाणिकता झलकती है। लेखक बनने का श्रेय ये अपने पिता को देते है तथा साहित्य सेवा को अपने जीवन का प्राथमिक उद्देश्य मानते हैं। 'साउथ पेसफिक लिटरेचर फ्रॉम मिथ टू फैबुलेशन', 'द फैंटेसी ईटर्स' (लघु कथा संग्रह), 'वाइल्ड फ्लावर्स' (कहानी संग्राह), 'आफ्टर नैरेटिव्स', 'अल्टरिंग इमेजिनेशन' (भाषणों, निबन्धों और समीक्षाओं का संग्रह), 'फिजी मॉंरू एक हजार की माँ', 'डउका पुरान' (उपन्यास), 'रीजन टू इमेजिन' इत्यादि रचनाएँ लिखकर इन्होंने खुद को एक उपन्यासकार, निबंधकार और आलोचक के रूप में स्थापित किया है।

फीजी हिंदी में लिखा गया उपन्यास 'डउका पुरान' फीजी के बदलते सामाजिक–सांस्कृतिक स्वरूप को उद्घाटित करता है। उपन्यास की शुरुआत में ही यह प्रश्न उठता है कि 'डउका' किसे माना जाए? 'फीजी लाल गिरमिट राम डउका' इस उपन्यास का प्रमुख पात्र है। 'डउकाओं' की कोई खास पहचान नहीं है। फीजीलाल कहता है "बाप हमार बोला करत रहिन हम लोग डउका जात हैं। जात पात कै बात तो हम ना जानित। हाँ, जब कोई डउका देखित तो जुरूत पहिचान लेइत।...बस समझो ई पुरान डउकन कै मेला है।" डउकाओं को खोजने का मतलब है, मिल गया डउका पुरान सुनाने को। कथानक की शुरुआत ही इतिहास लेखन की घटना से शुरू होती है जहाँ नॉस्टेल्जिया प्रमुख तत्त्व के रूप में उभर कर आता है। साहित्यकार अजय नवरिया नॉस्टेल्जिया को रचनात्मक यात्रा का पहला चरण मानते हैं जिसकी अनगूँज पूरे उपन्यास में सुनाई पड़ती है। एक दिन फीजीलाल को किसोरवा बुलाने आता है कि कोई बाबू उससे मिलकर इतिहास लिखना चाहते है। "जेकप हम्मे समझाइस। बाबू डउकन के इतिहास

लिखै है। इतिहास लिखैके है तो गोरमिंट के पास जासक चाही।...आज तलक तो कोई ना आइन हमार इतिहास लेवै। हाँ गिरमिट कै खिस्सा लई गईन केतनो। डउकन कै इतिहास मांगे तो सुनाय देईब डउका पुरान"। फीजीलाल इस बात से अत्यंत खुश है कि कोई डउकाओं का इतिहास लिखने का सोच रहा है। वह सोचता है कि सबको इस देश के इतिहास में शामिल होना चाहिए चाहे वह डउका हो, औघड़ या लाकुडू लफाड़ी। वह मन ही मन हँसता है कि "अब तो तोहार इतिहास होइ जाई डामा डोल। उबड़ खाबड़। जऊन कुछ तू बिदमान लोगन रददी समझत हौ, निकार कै करत हौ बाहेर, वही सब सान कै बनाइब डउका पुरान"। इतिहास का डाँवाडोल होने की बात उन प्रवासियों की मूक आवाज है जिसे शासन सत्ता द्वारा दबा दिया गया है, जो इतिहास के काल खंडों में विलीन हैं। फीजीलाल जानता है कि डउकाओं का इतिहास कोई रोमांचक घटना से भरपूर नहीं है, इसके पीछे छुपा है छल–कपट, शोषण, अत्याचार की अनन्तहीन व्यथा। जिसे रद्दी समझकर हमेशा नकारा गया है। इतिहास की स्वर्णिम गाथाओं में किसानों के रक्त से रंजित अध्याय को लिखने का साहस किसी में है? फीजीलाल कह उठता है कि अगर आप इतिहास लिखना शुरू करोगे तो आपकी सारी व्यवस्था डांवाडोल हो जाएगी। प्रवीण कुमार झा के शब्दों में "यह इतिहास है विश्व के सबसे बड़े पलायन और अप्रवास का, जो लगभग भुला दिया गया। लाखों लोग समन्दर से जहाज पर भेजे गये, ऐसे कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर जिन्हें न वो समझ सकते थे, न पढ़ सकते थे। हिन्दुस्तान से दूर कई हिन्दुस्तानियों की। यह कहानी कई गैर–अदालती सवाल पूछती है उन ब्रिटिश सरकारों से, जिन्होंने यह होने दिया। जिन लोगों को कभी इंसाफ नहीं मिल सका। जो लोग कभी लौट कर न आ सके। एक अनचाही दुनिया बसा ली । बिना किसी सरकारी मुआवजे के, किसी सरकारी माफी के। यह कर्ज ब्रिटेन पर रह ही गया।" डउका पुरान कोई विश्राम सागर नहीं है न ही कोई कोक–शास्त्र। यह गिरमिटियों की महागाथा है। फीजीलाल का मानना है इसे सुनाने के लिए तीन दिन का समय चाहिए। डउका पुरान में केवल गोबर थोड़े ही है इसमें नदी, पहाड़, पर्वत, चाँदनी रात, शादी–ब्याह, महातीर्थ और एक औरत है जिसका नाम है पिंगला। यहाँ लोक समुदाय का जमवाड़ा हैं। उपन्यास में यह प्रश्न बार–बार आता है कि 'डउकास कमती है का? यहाँ पर डउका समुदाय से तात्पर्य भारतवंशीयों से है। जब व्यक्ति अपने देश से प्रवासित होता है तो उसके साथ उसकी सामाजिक–सांस्कृतिक गठरी भी साथ जाती है। फीजीलाल जीवन भर अपनी लोकसंस्कृति और भाषा को छोड़ नहीं पाता है। अपने देश से दूर होना उनके लिए बेगानापन नहीं है बल्कि बेगानापन का मतलब है आपसी मेल–जोल की कमी। "सबेरे सबेरे मुरगन सरदार कै रेडियोम गवनई सुनारू देस भवा बेगाना । हम बोला देस ना भय बेगाना, छोड़ दिहिन हम लोग एक दुसरेक हाथ। अउर कुछ ना है। यही असल बात है। कोईक कोई का न रहा। सब आपन सवारथ के पीछे भागे।"

यह उपन्यास अतीत और वर्तमान के लेखा–जोखा में विस्तार पाता है। अतीत में भयानक कष्ट है लेकिन लोक व्यवहार और आपसी प्यार की डगर मजबूत है, जिस पर डउकन समाज हंसी–खुशी एक दूसरे के सुख–दुःख में शामिल होकर आगे बढ़ते हैं। अतीत के झरोखे में है फीजीलाल का जन्म, युवा होता प्रेम, प्रेम की असफलता, बनता–बिगड़ता, टूटता–जुड़ता सामाजिक–सांस्कृतिक परिवेश, राजनीति से प्रभावित डउका समाज। इस उपन्यास में नॉस्टेल्जिया का परावर्तक स्वरूप विरासत संरक्षण के संदर्भ में उद्धृत हुआ है। फीजीलाल को एक 'घर' की तलाश है। वह घर जिसमें कामिनी के साथ वह अपने सपनों को सृजित कर सके। 'घर' यहाँ

पर स्थायित्व का प्रतीक है। प्रेम की असफलता घर के खोने की बिडम्बना से शुरू होती है। अन्यतम की तलाश में यायावर बन जीवन भर भटकता रहता है फीजीलाल। फीजीलाल के लिए कामिनी का चेहरा 'पुनामासी के चंदरमा' जैसे है। एक दिन बातों ही बातों में कामिनी फीजीलाल से बोल देती है कि उसकी माँ और ताजी (पिताजी) उसे बहुत पसंद करते है पर उसकी माँ को फीजीलाल के पंगुल हाथ पर मया (दया) आता है। इस बात को सुनकर फीजीलाल का स्वाभिमान बहुत आहत होता है, "हमार दिमाग मा पता नहीं का दउरत रहा। जइसे कोई मंतर पढैरू पंगुल, पंगुल, तु पंगुल हौ । पंगुलपना। देहीं मारी पंगुल। दिमाग आतमा पंगुल। फीजीलाल पंगुल। पंगुल जीवनी, पंगुल दुनिया...। हमरी जिंदगी तो एक तमासा बन गय।" यहाँ पर फीजीलाल का दर्द केवल एक पंगुल व्यक्ति का दर्द नहीं है बल्कि सम्पूर्ण दिव्यांग समाज की संवेदना का दर्द है जिसे सुब्रमनी फीजीलाल के माध्यम से व्यक्त करने की कोशिश करते हैं। अनगिनत पात्रों के मध्य दिव्यांग फीजीलाल को नायक के रूप में स्थापित कर सुब्रमनी साहित्य के क्षेत्र में नया प्रतिमान स्थापित करते हैं। फीजीलाल की घुमक्कड़ी रूपी तीर्थयात्रा का अंतिम उद्देश्य अपने राजा से मिलकर गाँव लौटना है। फीजीलाल की यह इच्छा अधूरी रह जाती है। फीजीलाल निराश है। निराशापन शारीरिक नहीं मानसिक है। इच्छाओं के अधूरे रहने का मलाल, समय से न पहुँचने का अफसोस, जीवन संग्राम की विवेचना करता फीजीलाल अचेतावस्था में है, "चलत गयो, फीजीलाल। न आगे देखेव, ना पीछे। ना पढ़ेव लिखेव, ना कोई अड्डा बनायो। ना माइक बहुत ममता मिला, ना अउरत कै पियार। कउवाक रकम जकरे पलेट मा मिला, खाय लिहेव। ना हरदम कै साथी पायो, ना ईसवर से मेल। कोई बात नहीं, फीजीलाल, एतना तो जान लिहेव की रास्ता जाते रहे अउर खलास भी होय जाय–साथे साथे।" फीजीलाल का आत्मंथन केवल व्यक्तिगत नहीं है बल्कि इसका विस्तार संपूर्ण भारतवंशी समाज में जाकर होता है। यायावरी का उद्देश्य यहाँ पर केवल मन बहलाना नहीं है बल्कि गिरमिटिया समाज के एक–एक रेशे से पाठकों को रूबरू कराना है। सुब्रमनी इस उद्देश्य में सफल होते हुए दिखाई देते हैं। सात अध्यायों में विभाजित यह उपन्यास सैकड़ों किस्से–कहानियों को आपस में समेटे हुए है। फीजीलाल का कामिनी के प्रति प्रेम निश्छल और निस्वार्थ है। सुब्रमनी ने प्रेम के गरिमामयी स्वरूप का निर्वाह पूरे उपन्यास में किया है। जीवन के अंतिम चरण में फीजीलाल दिग्भ्रमित है। स्वप्न, कल्पना और भ्रम के जाल में डूबते फीजीलाल से कामिनी पूछ रही है कि कहाँ भटक गये फीजीलाल? फीजीलाल कामिनी से कहना चाहता है कि मुझ से पहले तुम भटक गयी लेकिन वह बोल नहीं पाता है। "तोहार तो सदास भटकेक आदत ! कहां भटकत फिरत रहेव, अब देख लिहेव नतीजा? तू हिंया भी टेम से ना आय पायो।...हम भटकत नहीं, कामिनी। खाली हमार चाल धीमा पड़ गय।...भीड़ मा कामिनीक चेहरा देखान।...हम उठ कै बइठ गवा। केसर चंदन छोड़ के राजा...अबकी हमार मुंह से सच्चे आवाज निकरा। कामिनी!' 'दया ना आई ओ निर्मोही, ओ निर्मोही।" इस उपन्यास के पात्र फीजीलाल के माध्यम से वे भाषाई अस्मिता की बात भी करते हैं। फीजीलाल कहता हैं, "भाखाक कदर हम जान पावा जब हमार तीरथ सुरु भय। केतने आनुआनुम रात गुजारा। कभी जहाज मा कभी कभी कोरोम । खाली भाखाक दुई बात जानेक जरिये लोग आपन दुवारी खोल देवैं । आखिर ई डउका पुरान का है–भाखा तो है जड़ एकर। दूनो जड़ अउर पुलई।" फीजीलाल द्वारा इस बात को स्वीकार करना कि 'डउका पुरान' की जड़ भाषा है जो भाषाई अस्मिता को संदर्भित करता है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि इस उपन्यास के माध्यम से सुब्रमनी फीजी समाज

की आंतरिक हलचलों से पाठकों को रूबरू कराते हुए मानवीय संवेदना का सूक्ष्म चित्रण करते हैं। मातृभाषा की स्थापना इस उपन्यास का प्रमुख उद्देश्य है, स्वयं सुब्रमनी के शब्दों में, "मैं ग्रामीण क्षेत्र का रहनेवाला हूँ और मेरे चरित्र आस पास के निर्धन तथा अति साधारण पात्र ही हैं। अतः इनके प्रति न्याय उनकी ही भाषा में लिखकर हो सकता है, इसलिए अपने दोनों उपन्यासों के लिए मैनें उनकी भाषा फीजी हिंदी ही चुनी।" विमलेश कांति वर्मा के शब्दों में,"फीजी के समाजशास्त्रियों और भाषा वैज्ञानिकों का मानना है कि 70–80 वर्षों के बाद फीजी हिंदी के लुप्त हो जाने पर फीजी हिंदी में लिखी सुब्रमनी की ये दोनों कृतियाँ ही होगी जो फीजी के गिरमिटिये समाज की संस्कृति की दस्तावेज बनेंगी और जिनको पढ़कर हो शोधकर्ता यह जान सकेंगे कि फीजी में आये गिरमिटियों के जीवन और संस्कृति का स्वरूप क्या था।

संदर्भ सूची

1. श्रीधर, प्रदीप, (सं) प्रवासी हिंदी साहित्य दशा एवं दिशा, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2018, (भूमिका से)
2. सुखलाल, गंगाधर सिंह, विश्व हिंदी पत्रिका, विश्व हिंदी सचिवालय स्विफ्ट लेन, फॉरेस्ट साइड मॉरीशस 2010, पृष्ठ–27
3. सुब्रमनी, डउका पुरान, स्टार प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2001, पृष्ठ–24.
4. सुब्रमनी, डउका पुरान, स्टार प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2001, पृष्ठ–6.
5. पूर्ववत्, पृष्ठ–6
6. झा, प्रवीण कुमार, कुली लाइन्स, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2019.
7. सुब्रमनी, डउका पुरान, स्टार प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2001 पृष्ठ–8.
8. पूर्ववत्, पृष्ठ–56
9. पूर्ववत्, पृष्ठ–137
10. पूर्ववत्, पृष्ठ–56
11. पूर्ववत्, पृष्ठ–137
12. बीना शर्मा (सं), प्रवासी जगत (फीजी विशेषांक), केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, खंड–4, अंक–2, जनवरी–मार्च, 2021, पृष्ठ–14.
13. नावरिया, अजय, सुषमा आर्य, (सं) प्रवासी हिंदी कहानीरू एक अंतर्यात्रा, शिल्पायन प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2013.
14. जोशी अनिल, प्रवासी लेखन नयी जमीन, नया आसमान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2018.
15. गोयनका कमल किशोर, (सं), हिंदी प्रवासी साहित्य, (गद्य विधाएँ), यश पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, संस्करण 2018.
16. बीना शर्मा (सं), प्रवासी जगत (फीजी विशेषांक), केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, खंड–4, अंक–2, जनवरी–मार्च, 2021, पृष्ठ–13.

❑❑❑

शोधार्थी, हिंदी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
मोबाइल – **7009086924** ईमेल – Suambadabhu29@gmail.com

भाषा का प्रश्न और इक्कीसवीं सदी का भारत

—अरुण कुमार अग्रहरि

शोध–पत्र सारांश

भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित भारतीय भाषाओं के उन्नयन के लिए NEP–2020 (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) में प्रावधान किया गया है। प्रस्तुत शोध सारांश में वर्णनात्मक विधि का प्रयोग करते हुए विषयवस्तु का विश्लेषण किया गया है जो कि भारतीय भाषा माध्यम उच्च शिक्षा की संभावनाओं पर विश्लेषण करने का एक प्रयास है।

भारत विभिन्न भाषाओं और विविध संस्कृतियों वाला देश है। इसी भाषाई विविधता के कारण भारत की उच्च शिक्षा पूर्णतः प्रभावी नहीं बन पा रही है क्योंकि यहाँ की भाषाएँ विविधता होने के कारण भारतीय भाषाओं में उच्च शैक्षिक समाग्रियों का पूर्णतया अभाव है। विषय गत पुस्तकें अधिकतर इंग्लिश माध्यम में ही प्राप्त होती है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी प्रबंधन आदि पर आधारित पुस्तकें पूर्णतः इंग्लिश पर ही आधारित है, जबकि हिंदी कुछ कला विषयों या प्रचलित विषयों तक ही सीमित है। अगर बात करें अंग्रेजी भाषा की तो अंग्रेजी को वैश्विक भाषा की श्रेणी में रखा जाता है, इसके उलट चीन अपनी प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा को अपनी ही भाषा (मंदारिन) में उपलब्ध कराता है। अब भारत के आईआईटी संस्थानों में भी शिक्षण सामग्री हिंदी भाषा में भी उपलब्ध होंगी। इसी क्रम में IIT BHU ने अपने कदम को पिछले सत्र में ही बढ़ा दिया है।

एक स्नातक डिग्री धारक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह वस्तु की आधारभूत विश्लेषणात्मक क्षमता से युक्त हो या विश्लेषण करने की योग्यता अपने पास रखता है। परंतु अगर शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में बात किया जाए तो यहाँ पर भी चुनौतियों से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता है। उत्तर प्रदेश या बिहार में प्रशिक्षित शिक्षकों का पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल तथा अन्य प्रदेशों प्रांतों में कोई प्रभाव नहीं मिल पाता है ऐसा कहा जा सकता है कि यह उनकी भाषाई पृष्ठभूमि जनित कारकों के कारण हो सकते हैं।

बीज शब्द : भाषाई विविधता, मंदारिन समझ अभिव्यक्ति

शोध पत्र का उद्देश्य :

इस शोध पत्र के द्वारा हिंदी भाषा मे उच्च शिक्षण संस्थानों मे शिक्षण के क्या उद्देश्य हो सकते इसके क्या लाभ है या हानि है, इसको समझना आसान हो जायेगा। शिक्षा का माध्यम एक छात्र के लिए क्या महत्त्व रखता है यह उसको अपने विषय वस्तु को समझने मे बताने का प्रयास है,

हम माध्यमिक तक शिक्षा अपनी मातृ भाषा में प्राप्त करते है या उत्तर भारत में हिंदी में प्राप्त करते हैं। जबकि उच्च शिक्षा विशेष कर विज्ञान, गणित और वाणिज्य की शिक्षा पूर्णतः अंग्रेजी में हो जाती है, यहां तक कला वर्ग में बहुत से विषयो के अध्ययन सामग्री हिंदी में उपलब्ध ही नहीं होती है और कक्षा का वातावरण भी अंग्रेजी ही रहता है। जैसे मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषय को ले लिया जाय तो बहुत ही कम किताबें ही हिंदी में प्राप्त होंगी, भूगोल का उदाहरण लिया जाय तो भारतीय प्रशानिक सेवा या उच्च शिक्षा में प्रोफेसर बनने के लिए सिर्फ अंग्रेजी वाले ही सफल होते हैं ऐसा क्यूं होता है? इस शोध पत्र में इसी पर अध्ययन का प्रयास किया गया है।

राष्ट्र निर्माण की यह संकल्पना बहुत विवश करने वाली है, क्यूंकि हम अधिकतर उस स्नातक युवा का निर्माण करते हैं जिसकी उस विषय पर कोई समझ ही नहीं होती बहुत से स्ववित्त पोषित संस्थान सिर्फ डिग्री निर्माण की कंपनी बन चुकी हैं और सरकार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट बनाना है कि इतने स्नातक हो रहे हैं और पिछली सरकार से तुलना कर आंकड़े को सही करते हैं।

प्रतिभा निर्माण की अवधारणा को अगर समझा जाय तो छात्र को अपने विषय में अगर समझ विकसित नहीं होती है तो उसके अंदर कोई रचनात्मकता का निर्माण नहीं होगा और उसका ज्ञान किसी भी तरह प्रभावी नही होगा।

विकसित राष्ट्र बनने की संकल्पना तब ही सम्भव हो सकती है जब रूस, चीन, अमेरिका और जापान आदि देशों की तरह अपने देश में भी मातृभाषा को उच्च शिक्षा का माध्यम बनाया जाए तथा अधिक से अधिक शिक्षण सामग्री का भी निर्माण किया जाए।

विद्या देती नई कल्पना,
कल्पना देती नई विचार।
नए विचारों से मिले ज्ञान,
ज्ञान बनाए हमें महान।।

—डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

उपरोक्त पंक्तियों से तात्पर्य है कि शिक्षा के माध्यम से हमे ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से ही हमारी अवधारणाओं का निर्माण होता है। वही अवधारणा हमारे विचारों को निर्मित करती हैं और हमारे विचार ही हमें महान बनाते हैं।

यह पंक्ति एक अपनी मातृ–भाषा में शिक्षा प्राप्त किए हुए छात्र के लिए असम्भव है क्योंकि हम अपनी विद्यालयी शिक्षा को अपनी भाषा में प्राप्त करते हैं और उसी मातृ–भाषा में ही हमारी सोचने और समझने की शक्ति निर्मित हो जाती है। जब हम उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय/कॉलेज में जाते हैं तो हमारा माध्यम प्रत्यक्ष रूप से बदल जाता है। उच्च शिक्षा में शिक्षकों द्वारा अंग्रेजी भाषा का प्रयोग बहुतायात रूप में किया जाता है, जो छात्रों के सोचने और समझने की शक्ति को कमजोर करते हैं तथा आत्मविश्वास तोड़ने का प्रयास करते हैं। एक छात्र अपनी भाषा में अच्छी समझ को विकसित कर सकता है तथा उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन

कर सकता है। हमारी उच्च शिक्षा का माध्यम हमारी अपनी मातृ–भाषा/राज–भाषा में होनी चाहिए।

डॉ. कलाम की डिजाइन टू फेल की रणनीति यह बताती है कि किसी बालक की शिक्षा वह जो प्रमाण पत्र पर दिख रही है तथा वह शिक्षा जो वास्तविक (मानसिक) है के प्रारूप में अंतर है तो यह पूरी शिक्षा प्रक्रिया फेल मानी जाएगी। जैसे भाषा माध्यम की बात है तो मातृ–भाषा में बालक की समझ उच्च वैचारिक होती है, जबकि बालक की स्नातक में भाषा माध्यम बदल दिए जाने से उसकी समझ उच्च नहीं बन पाती है और छात्र की जो अवधारणा निर्मित होती है वह पूर्णतः स्पष्ट नहीं हो पाती है यहाँ पर एक दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि वह क्या करें? यही स्थित प्रतिभा को दमित कर जाती है जो कि किसी भी छात्र के लिए घातक साबित होता है कि वह शिक्षा माध्यम की वजह से अपनी शिक्षा को त्याग देता है।

प्रधानमंत्री ने एक सम्बोधन में बताया कि देश के 8 राज्यों के 14 इंजीनियरिंग कॉलेज हिन्दी, तमिल, तेलगु, मराठी तथा बांग्ला इन पाँच भारतीय भाषाओं में शिक्षा देना शुरू कर रहे हैं। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम का 11 भाषाओं में अनुवाद करने का टूल विकसित किया जा रहा है। शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा पर जोर देने से गरीब ग्रामीण, पिछड़े लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

COVID–19 के दौरान आनलाइन शिक्षण में दीक्षा एवं स्वयं जैसे पोर्टल पर 2300 करोड़ से ज्यादा हिट्स हुये जो कि इस बात का स्पष्ट का प्रमाण है की छात्र समय में परिवर्तन के साथ बदलाव की ओर अग्रसर हो रहा है।

भाषा के सन्दर्भ में साइन लैंग्वेज को एक विषय का दर्जा दिया गया है अब छात्र इसे एक भाषा के रूप में पढ़ सकते हैं। इससे दिव्यांग वर्ग को बहुत सहयोग मिलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21.02.2022) को तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री एम.वैंकैया ने जोर देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा को मातृभाषा में प्रदान करके ही शिक्षा को असल में समावेशी बनाया जा सकता है। अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने वाले जापान, फ्रांस तथा जर्मनी जैसे विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए इन देशों द्वारा अपनाए गए तरीकों और नीतियों से हमें सीखना चाहिए। वहाँ का अध्ययन, अनुसंधान और शोध अंग्रेजी बोलने वाले देशों के समान विश्व–स्तरीय रहता है। जरूरी है तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली को भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जाए और उपयुक्त विषय–वस्तु को तैयार किया जाए।

कोठारी आयोग 1964–66 की सिफारिशों में शामिल एक संस्तुति थी कि ''उच्च शिक्षा भी भारतीय भाषा में दी जानी चाहिए'' लेकिन कुछ विदेश से अंग्रेजी पढ़कर आये लोगों ने अंग्रेजी का ऐसा हौवा खड़ा किया कि यदि अंग्रेजी नहीं रहेगी तो देश टूट जायेगा, देश पिछड़ जायेगा, विज्ञान और तकनीक का विकास कैसे होगा? भारतीय भाषाएँ अंग्रेजी के मुकाबले जानबूझ कर पीछे रख दी गयी है।

कुछ लोगो का कहना है कि अंग्रेजी नहीं होगी तो विदेशों (यूरोप) में नौकरी नहीं मिल सकती है, अगर अंग्रेजी का महत्त्व इतना ही है, तो चीन और जापान क्यूँ अपनी भाषा में ही पढ़ाते हैं? जबकि ये दोनों विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आते हैं तथा तकनीकी में पूरा विश्व इनका अनुसरण करता है।

लगभग 200 साल में अंग्रेजी के आतंक, लालच और झूठी प्रतिष्ठा ने समाज के अंदर जो जगह बनायी है, उसी का परिणाम है की शिक्षा व्ययस्था पूर्णतः अव्यवस्थित हो गयी है, और फलस्वरूप देश की तरक्की उस स्तर पर नहीं हो पायी है, जिस स्तर पर अन्य देश उदाहरण स्वरूप– चीन, जापान, यूरोपीय देश और दक्षिण कोरिया आदि आगे बढ़े हैं और यह सब संभव हुआ है शिक्षा में बदलाव यानी अपनी भाषा, मातृभाषा में शिक्षा देने से।''

अंग्रेजी रहने से पूरी पीढ़ी में रचनात्मकता का अभाव हो गया है।

उच्च शिक्षा में भाषा सम्बन्धी सुधार के क्रम में राष्ट्रीय भर्ती परीक्षा (National Testing Agency) ने प्रवेश परीक्षा के माध्यम में बदलाव किया है। मेडिकल की पढ़ाई के लिए जो नीट (NEET) की परीक्षा सिर्फ अंग्रेजी माध्यम में होती थी पिछले वर्षों में यह परीक्षा 8 भारतीय भाषाओं मे शुरू करने के बाद इस वर्ष यह परीक्षा का आयोजन 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित की गई।

NEET–UG 2022 प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा गुजराती भाषा में 49625 आवेदन, बंगाली भाषा में 42136 आवेदन तथा तमिल भाषा में 31803 आवेदन किये गये थे।

भारतीय प्रद्यौगिकी संस्थान बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (IIT-BHU) हिन्दी माध्यम में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू करने जा रहा है। यह देश का पहला ऐसा संस्थान होगा जहाँ इंजीनीयरिंग कर रहे छात्रों को हिन्दी में पढ़ने का विकल्प मिलेगा।

IIT-BHU के निदेशक और राजभाषा समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा का माध्यम मातृभाषा किए जाने का प्रावधान है जिसको ध्यान में रखते हुये IIT-BHU इंजिनीयरिंग प्रथम वर्ष की पढ़ाई अब हिन्दी माध्यम में शुरू करने जा रहा है।

म. प्र. सरकार और वहाँ के शिक्षा मंत्री विश्वास नारंग ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर, अपने यहाँ की प्रचलित शिक्षा पद्धति के अगले शैक्षिक सत्र से हिन्दी माध्यम द्वारा MBBS पाठ्यक्रम को शुरुआत करने की घोषणा की। मेडिकल छात्रों के लिए यह MBBS हिन्दी कोर्स दो चरणों में शुरू किया जाएगा। पहले चरण में हिन्दी में कोर्स पाठ्यक्रम का विकल्प चुनने वाले छात्रों को हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा माध्यमों के द्वारा शिक्षा दी जाएगी, वहीं दूसरे चरण उनके आंकलन के प्रदर्शन के अनुरूप होगा।

"उ. प्र. मे आठ लाख बच्चे हिंदी भाषा में असफल हो जाते हैं।" वर्तमान परिवेश समझ आधारित न होकर प्रस्तुतीकरण आधारित हो रहा है, एक बालक की उसकी विषय–वस्तु पर क्या समझ बनी है इसका मतलब अभिभावक को नहीं है, वह सिर्फ तात्कालिक प्रस्तुतीकरण से मतलब रख रहा है। बालक की मातृ–भाषा जो होगी उसी भाषा के द्वारा उसकी समझ उच्च होगी।

आज प्रदर्शन के युग में ज्ञान और समझ की महत्ता कम हुई है। इस प्रदर्शन को सोशल मीडिया भी बढ़ावा दे रहा है जहाँ काम कम और प्रदर्शन ज्यादा हो रहा है।

आज देश के करीब 21 करोड़ बच्चे स्कूल जाते हैं, 15 करोड़ मध्याह्न भोजन का लाभ उठा रहे हैं। स्कूलों की उपलब्धता 98% के लिए एक किलो मी. के दायरे में हैं। मातृभाषा का परिचय बच्चों को घर से ही हो जाता है। इस भाषा में बातचीत समझने–समझाने की क्षमता के साथ बच्चे विद्यालय में दाखिला लेते हैं।

सामान्य मानव की बात की जाए तो अंग्रेजी या अन्य भाषा जो उसकी मातृभाषा नहीं रही हो यदि उसमें किसी कार्य को बताना या उसके परिणाम का विश्लेषण करना पड़े तो उसे इसके लिए बहुत कठनाई का कार्य हो सकता है। इसे एक उदाहरण द्वारा समझा जा सकता है, एक बालक जो हिन्दी भाषी है अर्थात् उसकी मातृभाषा हिन्दी है। उसे एक विद्यालय में प्रवेश करवाया जाता है, जहाँ पर शिक्षा का पूर्ण माध्यम अंग्रेजी है तो उस बालक के सामने यह एक बहुत बड़ी समस्या आ जाएगी जिसे नया तो अभिभावक समझ रहे हैं और न ही वह संस्थान। सभी लोग उसे सिर्फ अंग्रेजी पढ़ाने के पीछे पड़े हैं । और इन सबके फलस्वरूप जब बच्चे का वार्षिक परिणाम आता है तो यह देखा गया कि वह बालक सिर्फ उत्तीर्ण है इसके साथ ही साथ वह कक्षा का सबसे निम्न स्तर का बालक बन गया है।

ऐसा क्यों हुआ ?

इसके साथ ही अगर अंग्रेजी भाषी को हिन्दी भाषा में सोचने और समझने को कह दिया जायेगा तो वह व्यक्ति क्या कर पायेगा?

कुछ भी नहीं।

यूनेस्को द्वारा भाषाई विविधता को बढ़ावा देने और उनके संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21-Feb) की शुरुआत की गई।

मातृ–भाषा को हतोत्साहित करने की प्रवृत्ति विद्यालयों में देखी जाती है। जैसे हिंदी बोलने में इंग्लिश मध्यम के विद्यालयों में दंड लगने वाली घटनाओं के बारे में हमने सुना है।

उच्च शिक्षा में भाषा की महत्ता विषय की समझ बढ़ाने के लिए होती है उत्तर भारत में हिंदी भाषी क्षेत्र में अधिकतर बच्चे हिन्दी माध्यम से अपनी माध्यमिक शिक्षण को प्राप्त करते हैं और वह स्नातक की शिक्षा के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों, कालेजों में प्रवेश लेते हैं, जहाँ पर BA में भाषा का माध्यम हिन्दी चल रहा है।

चीन में उच्च शिक्षा पाने वाली आबादी की संख्या 24 करोड़ तक पहुँच गयी है। नये श्रमिक औसतन 13.8 वर्षों के लिए शिक्षा ले चुके हैं। चीन के श्रमिकों की गुणवत्ता में भारी परिवर्तन आया है। उच्च शिक्षा सुयोग्य व्यक्तियों का प्रशिक्षण, पढ़ाई फॉर्मूला प्रबंध व्यवस्था और गारंटी व्यवस्था आदि क्षेत्रों में निरंतर सुधार करता रहा है।

चीन में पचास फीसदी से अधिक आबादी मंदारिन भाषा ही बोलती है। भाषायी बहुलता को चीन में राष्ट्रीय एकता के अंतर्गत कभी भी स्वीकार नहीं किया गया।

चीन की कम्यूनिष्ट सरकार राष्ट्रीय भाषा मंदारिन पूरे देश में पूरी तरह से थोपने के लिए अक्रामक अभियान शुरू कर रहा है जिसका लक्ष्य है 2025 तक 85 प्रतिशत नागरिक इस भाषा का प्रयोग करें। इतना ही नहीं 2035 तक शत प्रतिशत नागरिकों को मंदारिन भाषी बनाने का लक्ष्य है। साथ ही साथ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक संस्थाओं और वैश्विक समारोहों में मंदारिन की स्थिति और प्रभाव को बढ़ाया जाए।

उच्च शिक्षा में अध्ययन माध्यम में मातृ भाषा या राज भाषा का ही प्रयोग किया जाए, इसके लिए भारत में भाषा से संबंधित विभिन्न संस्थान और संगठन की स्थापना हुई जो भाषा स्थानीय भाषा के संवर्धन का कार्य करते है तथा उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रयास करती है–

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दिल्ली
केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा
केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर
केन्द्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, चेन्नई
राष्ट्रीय सिन्धी भाषा संवर्धन परिषद, दिल्ली
राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद, दिल्ली
महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

उक्त संस्थानों के अलावा सभी विश्वविद्यालय/कॉलेज में भी भाषा विभाग में विभिन्न भाषाओं के द्वारा नियमित रूप से उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है।

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम
हिन्दी शिक्षण में निष्णात (एम. एड.)
हिन्दी शिक्षण पारंगत (बी. एड.)
हिन्दी शिक्षण प्रवीण (बी. टी. सी.)

हिन्दी शिक्षण विशेष गहन (पूर्वोत्तर राज्यों के अंहर्र प्राथमिक स्कूल के लिए नागालैंड) के लिए तीन वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम

इसी तरह राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान भी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को संचालित करता है। भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षण माध्यम में भारतीय भाषाओं का प्रवेश प्रारंभ हो गया। राष्ट्र भाषा हिन्दी पूर्णतः जहाँ मातृ भाषा के रूप में बोली का माध्यम है, वहाँ शिक्षा का माध्यम भी हिन्दी ही है वहीं दूसरी तरफ अन्य भारतीय भाषाएं भी विकास के क्रम में है जिसे लोग अधिक से अधिक अपना माध्यम बना रहे है।

निष्कर्ष :–

भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है यहां पर संविधान भी बहुत भाषाओं को मान्यता देता है, एक लोकतान्त्रिक देश में किसी एक भाषा को लागू करना कठिन है लेकिन जनसंख्या को आधार बनाकर हिंदी भाषा को उत्तर भारत एवं मध्य भारत की उच्च शिक्षा का माध्यम बनाया जा सकता और इसके माध्यम से उन छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर अवश्य मिलेगा क्योंकि आधी से ज्यादा जनसंख्या को इसका लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसका समर्थन करता है, केंद्र सरकार इसकी शुरूआत भी कर चुकी है लेकिन हमारे बहुत से विद्वान शिक्षक इस पर काम नहीं करना चाहते है क्योंकि यह एक कठिन कार्य है उनके लिए उन्हें हिंदी नहीं आती है, सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में एक अनुवाद विभाग की स्थापना अवश्य हो जिससे शिक्षक एवं छात्र अपनी भाषा की समस्या को वहां से हल कर सके।

गूगल ट्रांसलेटर क्लिष्ट हिंदी का अनुवाद करता है। इससे हिंदी और कठिन हो जाती है। प्रतिभा निर्माण के लिए विकसित देशों के उच्च शिक्षा देने के माध्यम को अनुसरण करना होगा, अगर विकसित देशों मे शिक्षा का माध्यम वहां की अपनी भाषा हो सकती है तो भारत मे क्यूँ

नहीं। सभी केंद्रीय, राज्य, निजी विश्वविद्यालयों को इस बात को मानना पड़ेगा और भाषा के माध्यम को बदलना होगा जो कि छात्र हित में और साथ ही साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. मेरे सपनों का भारत– ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, प्रभात प्रकाशन, न्यू दिल्ली
2. मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ– अरुण कुमार सिंह, एम. एल. डी. प्रकाशन, दिल्ली
3. 'एडवांटेज इंडिया' ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, सृजन पाल सिंह, राजपाल प्रकाशन, दिल्ली
4. शोध गंगा
5. "वार्षिक रिपोर्ट 2015–16" उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार
6. पत्र सूचना कार्यालय (PIB) 29.July.2021, 03.Sep.2021, 22.Feb.2022
7. जागरण ब्लॉग
8. जागरण 09.थ्मइ.2022, भोपाल
9. एजेंसी बीजिंग 02.क्मब.2021
10. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022
11. My.gov.com
12. google.com

❒❒❒

शोधार्थी (शिक्षा संकाय) राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

ई–मेल : agrahari515@gmail.com

21वीं सदी में हिंदी भाषा और बाजारवाद

–दीपा कुमारी राम

हिन्दी सिनेमा ने हिंदी भाषा को विश्वस्तरीय भाषा का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हिन्दी भाषा की फिल्में अन्य भाषाओं की अपेक्षा अधिक प्रचलित हैं खास कर इसके संगीत। व्यक्ति चाहे किसी दूसरी भाषा का क्यों न हो फिर भी वो बड़ी आसानी से हिन्दी गानों को समझ लेता है। जुरासिक पार्क, स्पाइडर मैन, हैरी पॉटर आदि जैसी अनेक अँग्रेजी फिल्में बनायी गई। अँग्रेजी भाषा में बनी इन फिल्मों से उतना मुनाफा नहीं हुआ जितना इन फिल्मों के हिन्दी डबिंग से हुआ।

भाषा भाव को अभिव्यक्त करने का माध्यम भर नहीं, बल्कि विचारों का आदान–प्रदान कर मनुष्य से मनुष्य को जोड़ने का माध्यम भी है। भाषा के संदर्भ में कह सकते हैं कि भाषा विचारों की पोशाक है। हम अपने विचारों को ही अलग–अलग भाषा रूपी पोशाक पहनाकर भावों को अभिव्यक्त करते हैं। जब हम 21वीं सदी के हिंदी भाषा के संदर्भ में बात करते हैं तो हम पाते हैं कि यह समस्त हिंदी भाषा भाषियों की आत्मा से जुड़ी है। हम जो सोचते हैं, हमारे मन मस्तिष्क में जो खयाल आता है, वह सब हमें अपनी भाषा में ही आता है। इसलिए भाषा के ज्ञान बिना सब व्यर्थ है। भाषा के संदर्भ में गिरजा कुमार माथुर की कविता है–

"जैसे चीटियाँ लौटती हैं / बिलों में
कठफोड़वा लौटता है / काठ के पास
• • •
ओ मेरी भाषा / मैं लौटता हूँ तुम में
जब चुप रहते–रहते / अकड़ जाती है मेरी जीभ
दुखने लगती है / मेरी आत्मा।"

21वीं सदी में हिंदी भाषा केवल साहित्यिक भाषा या बोलचाल की भाषा नहीं है बल्कि यह वैश्विक संदर्भ में बाजार की भाषा बन गई है। हिंदी भाषा की प्रसिद्धि सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञापनों, सिनेमा जगत, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रचार–प्रसार, सांस्कृतिक परिवर्तन आदि में अत्यधिक है। भूमंडलीकरण, उदारीकरण एवं बाजारीकरण के कारण हिंदी का क्षेत्र विस्तृत हुआ है। भूमंडलीकरण ने पूरे विश्व को ग्लोबल गांव में तब्दिल कर दिया है। भूमंडलीकरण के कारण देश की संकटग्रस्त आर्थिक व्यवस्था में उदारीकरण का उदय हुआ जिसके कारण विदेशी पूँजी को अपने देश में निवेश करने की अनुमति मिल गयी जिससे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का विस्तार हुआ। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अधिक लाभ कमाने हेतु निजीकरण को प्रश्रय दिया। चीन, सोवियत युनियन आदि देशों ने निजीकरण को

अपनाया ताकि उसका स्वायत सत्ता कायम हो सके। भूमंडलीकरण, उदारीकरण, निजीकरण की अगली कड़ी है बाजारवाद। बाजारवाद को मायावीरूप देने में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के बहुआयामी विमर्श, विज्ञापन का ग्लैमरीकरण और मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका है। इस स्थिति में हिन्दी भाषा भारत में व्यवसायिक भाषा के रूप में भी अलग पहचान बनायी। हिन्दी भाषा के भूमंडलीकरण के संदर्भ में कई विद्वान मानते हैं कि भूमंडलीकरण के दौर में भाषाओं की स्थिति को लेकर हिंदी भाषा के सामने चुनौती तो है पर संकट नहीं। प्रौद्योगिकी और बाजार के साथ हिंदी जितना सामंजस्य स्थापित करेगी उतनी ही तीव्रगति से वृद्धि होगी। यह सच है की हिन्दी भाषा अन्य भाषाओं को भी अपने में आसानी से सम्माहित कर लेती है। जिसके कारण इसका क्षेत्र काफी विस्तृत हुआ है।

21वीं सदी में ऑनलाइन बाजार का प्रचलन चरमोत्कर्ष पर है। वर्तमान समय में ऑनलाइन बाजार के तौर पर अमेजन, फ्लिपकार्ट, आजीओ, मीसो, आदि जैसी अनेक प्लेटफार्म इजात की गयी हैं जिसके द्वारा हम घर बैठे अपनी इच्छानुसार किसी भी वस्तु को हिन्दी में लिख कर खोज और खरीद सकते हैं। इसके अलावा जरूरत के अनुसार अलग–अलग एप्प भी है, जैसे दवाई के लिए फार्मेसी, मेडप्लस, फ्लिपकार्ट हेल्थ आदि सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के लिए नायिका, शृंगार कॉस्मेटिक आदि हैं। इस दौर में हमें किसी वस्तु को खरीदने के लिए बाजार जाने की जरूरत नहीं है बल्कि बाजार खुद हमारे घर आ जाता है। घर बैठे ही एक आदेश पर सब कुछ मिल जाता है। इस बाजार में वस्तु खोजना बहुत आसान है।

21वीं सदी में बाजारवाद की जड़े मजबूत करने में विज्ञापन की अहम भूमिका है। बाजार में नई वस्तु आने के साथ उस वस्तु की गुणवक्ता से ग्राहक को परिचित कराने के लिए विज्ञापन दिखाये जाते हैं ताकि ग्राहक को उस वस्तु के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हो जाए और वह अपनी जरूरत के अनुसार सही वस्तु का चुनाव कर सके। इसके लिए विज्ञापनदाता कहीं हिन्दी भाषा में तो कहीं हिन्दी–इंग्लिश दोनों भाषाओं को मिला कर सुंदर जींगल्स या कहानी या कुछ पंक्तियों के माध्यम से विज्ञापन देते हैं ताकि ग्राहक अधिक प्रभावित हो सके। इसी संदर्भ में ज्ञानेन्द्रपति ने अपनी कविता 'उत्तर परमात्मा' के माध्यम से विज्ञापन की दुनिया की वास्तविकता से हमें रूबरू कराया है कि विज्ञापन किस तरह हमारे रोजमर्रा के जीवन में सम्माहित हो चुका है। दिन के आरंभ में ही टूथपेस्ट बन हमारी दाँतों से लिपट जाता है और साबुन, शैंपू बन कर सिर से पैर तक अपना आधिपत्य जमा लेता है और खाने–पीने से लेकर पहनने–ओढ़ने तक की तमाम वस्तुएं पूरे दिन उपयोग करते हैं, जैसे हम खाने की वस्तुओं से जुड़े विज्ञापनों में दिखाये गये मेग्गी, पीज्जा, नूडल्स आदि का सेवन करते हैं। गर्मियों में हम प्यास बुझाने के लिए विज्ञापन में दिखाये जाने वाले शीतल पेय का सेवन करते हैं साथ ही आकर्षक विज्ञापन से प्रभावित हो कर वस्त्र में लक्स कोजी आदि का उपयोग करते हैं, और इन सब का विज्ञापन हिन्दी और इंग्लिश दोनों भाषाओं को मिला कर दिया जाता है जैसे 'ठंडा–ठंडा कूल–कूल' 'दिल मांगे मोर' आदि वस्तुतः वे हमारी इच्छाओं का मूर्तिकर्ता एवं पूर्तिकर्ता दोनों ही है। कवि कहते हैं–

"वह एक माया पुरुष है
एक छाया पुरुष है
वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में फूल फैलकर
पूँजीवाद की निर्माणशाला बनाने की प्रक्रिया में
सिरजा गया है वो
बहुरूपधारी।"

आज बाजारवाद इतना बलशाली हो गया है कि वह मायावी पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हो गया है। वह अपने मायावी शक्ति से पूरी दुनियाँ को अपनी मुट्ठी में कर रखा है।

उपभोक्तावादी संस्कृति में वस्तु और उपभोक्ता दो ही प्रमुख हैं। भूमंडलीकरण के युग में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उपभोग की लालसा को बढ़ा दी है। बड़ी कंपनियाँ अपना एक ब्रांड बना कर उत्पाद को बड़ा कर रही है। बहुत सी वस्तु पर भारी छूट, सेल, आफर, एक के साथ एक फ्री जैसे शब्दों के उपयोग कर व्यक्ति को प्रलोभन दिया जाता है और उनको वस्तु का गुलाम बनाया जाता है। इस संस्कृति के तहत लोग दिखावे के चक्कर में अनावश्यक वस्तुओं से घर भर देते हैं। जंगलों को काट कर मल्टी नेशनल कंपनियाँ स्थापित की जा रही हैं छोटे–छोटे दुकानों को हटा कर ईको–फ्रेंडली सुपर मार्केट बनाया जा रहा है जो इस बात का प्रमाण है कि लोग व्यक्ति से उपभोक्ता में तब्दील हो रहें हैं। इस संदर्भ में प्रफुल्ल कोलख्यान ने कहा है– "एक बाजार से दूसरे बाजार में सिर्फ माल ही नहीं माहौल भी जाता है। अपने साथ संदेश और संस्कृति भी ले जाता है।"

हिन्दी सिनेमा ने हिंदी भाषा को विश्वस्तरीय भाषा का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हिन्दी भाषा की फिल्में अन्य भाषाओं की अपेक्षा अधिक प्रचलित हैं खास कर इसके संगीत। व्यक्ति चाहे किसी दूसरी भाषा का क्यों न हो फिर भी वो बड़ी आसानी से हिन्दी गानों को समझ लेता है। जुरासिक पार्क, स्पाइडर मैन, हैरी पॉटर आदि जैसी अनेक अँग्रेजी फिल्में बनायी गई। अँग्रेजी भाषा में बनी इन फिल्मों से उतना मुनाफा नहीं हुआ जितना इन फिल्मों के हिन्दी डबिंग से हुआ।

बदलते दौर में हिन्दी फिल्म के अलावा हिन्दी वेब सीरीज भी बनाये जा रहे हैं। लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं। वेब सीरीज में मुख्य रूप से हिन्दी भाषा ही है किन्तु कुछ सीरीज में क्षेत्रीय भाषाओं का भी प्रभाव दिखाई देता है। अनेक ऐसे वेब सीरीज हैं जो समाज में घटित सच्ची घटना पर आधारित हैं जैसे 'ह्यूमन' दवा ट्रायल पर आधारित है, 'माई' क्राइम पर आधारित है, 'जामताड़ा– सबका नम्बर आयेगा' फाल्स कॉल द्वारा अंजान व्यक्ति के अकाउंट हैक कर पैसे ट्रांसफर करने पर आधारित है। इसी तरह 'मुंबई डायरीज', 'भौकाल', 'दिल्ली क्राइम' आदि जैसे अनेक वेब सीरीज अमेजोन प्राईम और नेटफ्लिक्स पर दिखाये जाते हैं।

हम आज किसी भी सर्च इंजन जैसे गूगल, फायर फॉक्स, मोजिला आदि पर इंग्लिश भाषा के साथ हिन्दी भाषा में लिख कर या बोल कर भी किसी चीज को खोज सकते हैं। यह कहीं

न कहीं हिन्दी भाषा के महत्त्व को बढ़ा रहा है। 21वीं सदी में हिंदी संपर्क भाषा के रूप में भी काफी प्रचलित हो रही है। वर्तमान समय में लिंगुआ फ्रांका में अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा भी शामिल है। आज विदेशों में भी हिंदी पत्र–पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं। आजकल विदेशों में भी हिंदी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है, जैसे जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एन. एच. के वर्ल्ड, चीन के चाईना रेडियो इंटरनेशनल आदि पर हिंदी कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं। संचार की भाषा के रूप में भी हिन्दी भाषा के शब्दों को विशेष पहचान मिली है कुछ नए शब्द जुड़े हैं जैसे पोस्टर्स, डायरी जर्नल्स, हैंडबिल, न्यूज बुलेटिन, मैसेजबुक आदि।

वर्तमान समय में फेसबुक, व्हाट्सप्प, इंस्टाग्राम आदि जैसे सोशल मीडिया पर इंग्लिश के समानांतर हिन्दी भाषा में भी पोस्ट लिखे जा रहे हैं। यही कारण है कि इन दिनों हिंगलिश भाषा भी जोरों से प्रचलन में है जिसमें हम मनमाने ढंग से हिन्दी और अँग्रेजी दोनों भाषाओं का उपयोग एक साथ करते हैं। हमें इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं बल्कि उसे अवसर के रूप में ग्रहण करने की जरूरत है क्योंकि हिंदी अन्य भाषाओं के शब्दों को लेकर आगे बढ़ी है और समृद्ध हुई है। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता के सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ी, हिंदी की सबसे बड़ी ताकत है कि उसने प्रायः 40 भाषाओं से शब्द ग्रहण किया। अतः हम कह सकते हैं कि इस भाषा के समृद्धि का एक कारण उसका यह समन्वयवादी दृष्टिकोण है।

हिन्दी भाषा और बाजारवाद के संदर्भ में देखे तो बाजार के कारण हिन्दी भाषा का विकास तो हुआ है किन्तु भाषा में काफी बदलाव भी देखने को मिला है। पहले हिन्दी भाषा में उच्च कोटी के साहित्य लिखने के लिए इसका उपयोग किया जाता था किन्तु व्यवसायीकरण की वजह से हिंदी में नए–नए पारिभाषिक शब्दवालियों को जोड़ा गया है, जैसे सेल, डिस्काउंट, ईएमआई इत्यादि। इसके कारण हिन्दी भाषा का विस्तार हुआ है और हमारी पुरानी संस्कृति में भी बदलाव आया है हम मॉल संस्कृति की तरफ जा रहे हैं। इसके कुछ नकरात्मक प्रभाव की बात करें तो बाजारवाद के प्रभाव के कारण मानवीय मूल्य भी वस्तुगत मूल्य की तरह आंके जा रहे हैं। यहाँ जो व्यक्ति जितना अधिक चाहे जिस भी तरिके से (ईमानदारी या बेईमानी) अर्थोपार्जन करता है, वह उतना ही अधिक धन वान और श्रेष्ठ माना जाता है। बाजार के साथ सरकार की नजरों में भी ऐसे लोग ही महत्त्वपूर्ण हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुये भारतीय बाजार के संदर्भ में विष्णु नागर की पंक्तियाँ हैं – "भारत एक बाजार है जहाँ वैसे तो अभी भी एक सरकार है मगर वह भी यही सोचती है कि इस देश में इंसान नहीं सिर्फ खरीदार बसते हैं और जो खरीदार नहीं हैं वे इन्सान भी भला कैसे हो सकते हैं और जो इंसान नहीं हो सकते, वे भला भारत के नागरिक भी कैसे हो सकते हैं।" यहाँ बाजारवादी दुनिया ऐसी हो गयी है कि इंसान को इंसानियत के कटघरे से बाहर कर उसकी पहचान तक छीन लेती है। ज्ञान चतुर्वेदी ने बाजारवाद को बाढ़ की तरह माना है। इनके ही शब्दों में–" सारी बस्ती बाढ़ में डूबने को थी। हर तरफ बस बाजार ही बाजार था। घर डूब रहे थे। सम्बन्ध तो सबसे पहले डूबे। दोस्तियाँ गले–गले तक इस मटमैले पानी में थीं। बोर्ड, होर्डिंग्स और विज्ञापनों का कीचड़ हर मकान में घुस गया था। घरों की अपनी

पहचान गुम थी। सब तरफ बाजार ही बाजार लहरा रहा था।" वस्तुतः बाढ़ जिस तरह सब कुछ अपने में समाहित कर लेता है उसी तरह बाजारवाद भी अपने में सब कुछ समाहित करता जा रहा है।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि बाजारवाद के कारण हिंदी भाषा का विस्तार हुआ है। विज्ञापन, सिनेमा एवं संचार माध्यम में उपयोग के कारण यह भाषा आज विश्वस्तरीय भाषा के रूप में जानी जा रही है। इन तमाम अच्छाइयों के बावजूद भी इसमें कुछ कमी है क्योंकि बाजार का सिद्धांत है किसी तरह से लाभ कमाना। अतः कई जगहों पर लाभ के लिए हिन्दी भाषा का उपयोग कर इसके सांस्कृतिक सौंदर्य को नष्ट किया जा रहा है। भाषा की संवेदना, आत्मियता, मानवीयता नष्ट हो रही है। लोग भौतिक सुख सुविधा के आदि हो रहे हैं और नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। अतः हमें आधुनिकता और उपभोक्तवादी संस्कृति की तरफ अग्रसर होते हुये भाषिक मर्यादा को बचाए रखने की जरूरत है, तभी हिन्दी भाषा का सर्वांगीण विकास हो सकेगा और वह विश्व कि सर्वश्रेष्ठ भाषा बन सकेगी।

संदर्भ सूची

1. https://www.amarujala.com]kavita
2. कोलख्यान प्रफुल्ल, बाजारवाद और जनतंत्र, आनंद प्रकाशन, कोलकाता, प्रथम संस्करण–2006 पृ सं–23
3. ज्ञानेंद्रपति, संशयात्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्रथम संस्करण–2004, पृ.सं.– 23.
4. रामशरण जोशी, मीडिया और बाजारवाद, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्रथम संस्करण–2015, पृ.सं.– 67
5. ज्ञान चतुर्वेदी , पागलखाना, राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण, पृ.सं.– 64

❒❒❒

असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) सेरामपुर गर्ल्स कॉलेज, पश्चिम बंगाल

मोबाइल नं.– 8981747036 ईमेल – ramdipakumari@gmail.com

भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति

—आचार्य (डॉ.) एस. हुसैन

भारत सरकार ने 29 जुलाई को जो शिक्षा नीति पारित की है। वह अतिउत्तम है। क्योंकि यह नीति देश के संपूर्ण युवाओं को अपना सर्वांगीण विकास तथा रोजगार के अवसर सृजित करने वाली है। नीति से पूर्व जो शिक्षा प्रणाली संचालित थी। वह परंपरागत शिक्षण विधियों पर आधारित थी। जिसमें अल्प मात्रा में रोजगार की संभावनाएं थी। यही ऐसे कारण हैं, जिनके द्वारा भारत में बेरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं को जन्म दिया था।

शिक्षा एक सीखने व सिखाने की प्रक्रिया है। जिसको भाषा के संप्रेषणीय माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है। भाव से भावनाएं और भावनाओं से भाषा का उदय होता है जो एक संप्रेषण का उत्तम माध्यम है। जिससे ज्ञान का आदान–प्रदान होता है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित व क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ाने और आज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया। जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। नई शिक्षा नीति 2020 के भाषा के संबंध में उत्पन्न उन सभी सवालों को समझाया, व शिक्षा नीति का हिस्सा भी बनाया गया है। संपूर्ण देश में प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस पर चर्चा होती आ रही है। राजभाषा आयोग ने 1995 की सिफारिशों में से एक भारतीय भाषाओं के ज्ञान और सीखने को शामिल किया गया। जबकि पूर्व 1968 में कोठारी आयोग (1964–66) जिसे भारतीय शिक्षा के इतिहास में पहला कदम कहा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों में भाषाओं के विषय में गहन चिंतन की आवश्यकता होनी चाहिए। भारत में ब्रिटिश शासन के समय से भाषा एक विवाद का प्रश्न बना रहा है अंग्रेजों ने भी भारतीय भाषाओं का विरोध किया, एवं अंग्रेजी को सर्वश्रेष्ठ भाषा बताकर, भारतीयों के ऊपर थोप दिया गया जिसका परिणाम यह हुआ, कि भारतीय जनमानस की शिक्षा प्रभावित होने लगी। क्योंकि ऐसा माना जाता है। मातृ भाषा सीखने का सबसे सशक्त माध्यम होती है।

बहुत से विद्वान यह पक्ष रखते हैं कि अंग्रेजी में विश्व का सबसे बड़ा साहित्य उपलब्ध है तो जिन देशों में भी अपनी राष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी से अलग है, वह कैसे सीखते होंगे। जैसे कि चीन, रूस, फ्रांस, जापान आदि देश, तो अपनी राष्ट्रीय मातृभाषा को ही शिक्षा का माध्यम रखते आए हैं। अतः हमें भी अपनी राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों में भाषागत प्रश्नों को सुलझा कर किसी एक भाषा को पूरे देश की शिक्षा का माध्यम रखना

होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों में सीखने एवं भाषा का प्रश्न अति चिंतनीय है। जिस पर हमारे विद्वानों को गहन चिंतन करके उचित कदम उठाना होगा। अतः हम कह सकते हैं। कि पूरे देश में शिक्षा का माध्यम अपनी राष्ट्रीय भाषा होनी ही चाहिए।

हाल ही में वर्तमान समय में विषम परिस्थितियां रही, जिससे शिक्षा का स्तर भी प्रभावित हुआ। वैसे शिक्षाविद यह पहले से ही मानकर चल रहे थे की लॉक डाउन और ऑनलाइन कक्षाओं की वजह से छात्रों की पढ़ने–लिखने की क्षमता में कमी आएगी। बरहाल जो कमी साल 2022 में दिखी है। उसे साल 2023 में तेजी से दूर कर लेना चाहिए। शिक्षा की वार्षिक स्थिति की ताजा रिपोर्ट से यह पता चलता है, कि पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामांकन में काफी वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल 72.9 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों में जाते हैं। देश में निजी ट्यूशन लेने वालों की संख्या भी बढ़ी है। मतलब ज्यादा नंबर लाने की होड़ तेज हुई है, साथ ही यह देखना भी चाहिए कि क्या स्कूलों में पर्याप्त या संतोषजनक पढ़ाई हो रही है? प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की रिपोर्ट से तमाम शिक्षा संस्थानों को मदद मिलती है। देश के 616 जिलों और 19060 हजार 7 गांव में हुए सर्वेक्षण 6,99,597 बच्चों की पढ़ाई लिखाई को टटोला है। ऐसे सर्वेक्षण स्कूलों या कम से कम सभी बड़े स्कूलों को अपने स्तर पर भी करने चाहिए, ताकि छात्रों की कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। निजी स्कूलों की संख्या भले ही बढ़ रही है लेकिन सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ रहा है। सरकारों को अपने स्कूलों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि स्कूल न जाने वाली लड़कियों की संख्या 4 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत हो गई है शिक्षा में जो कसर छूट जा रही है। उसे जल्दी दूर करने से ही सबकी भलाई और राष्ट्र का भला होगा।

प्रस्तावना :

हमारे संविधान में भारत को लोकतांत्रिक, न्याय पूर्ण, सामाजिक रूप से सचेत सांस्कारिक और मानवीय राष्ट्र जहां सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का भाव हो, एक ऐसे राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। जैसे–जैसे भारत ज्ञान आधारित, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिक तकनीकी और समाज की ओर बढ़ता जा रहा है। वैसे–वैसे और अधिक हमारे देश का युवा वर्ग उच्चतर शिक्षा की ओर बढ़ेगा। 21वीं सदी की आवश्यकताओं को देखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की समीक्षा के बाद नई शिक्षा नीति 2020 को 34 वर्षों के बाद भारत सरकार ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी मिलने पर लागू कर दिया। जिसको इसरो के प्रमुख रह चुके डॉ. कस्तूरी रंगन की अध्यक्षता में तैयार किया गया था। जिसका उद्देश्य देश में स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणालियों में परिवर्तन कार्य सुधारों का मार्ग प्रशस्त कर भारत को विश्व में वैश्विक ज्ञान में अग्रणी स्थान दिलाना है। इस नीति के तहत बहुत से महत्त्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं जैसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम परिवर्तित करके शिक्षामंत्रालय रखा गया है। नीति के तहत 3 से 18 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के अंतर्गत रखा गया है। कर्नाटक नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इस नीति में शिक्षण का माध्यम पहली से पांचवी कक्षा तक में मातृ भाषा का इस्तेमाल करेंगे। शिक्षा

को 5 + 3+ 3+4 के स्कूली पाठ्यक्रमों में विकसित किया जाएगा। जिसमें बच्चे पांच साल फाउंडेशन स्टेज में तीन साल प्रीपेड स्टेज में तीन साल मिडिल स्टेज में और 4 साल सेकंड स्टेज में बिताएंगे। शिक्षा नीति 2020 में कक्षा 5 तक की शिक्षा का माध्यम मातृभाषा/स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के रूप में अपनाने पर बल दिया जाएगा, साथ ही इस नीति में मातृभाषा को कक्षा 8 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। स्कूल और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिए संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विजन :

इस नीति का विजन विद्यार्थियों में भारतीय होने का गर्व न केवल विचार में हो बल्कि व्यवहार, बुद्धि, कर्म, ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए। जो मानवाधिकारों स्थाई विकास जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो, ताकि वह सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें। इसी के आधार पर नई शिक्षा नीति के आधारभूत 5 स्तंभों के रूप में समझने का प्रयास किया गया है।

नई शिक्षा नीति के पांच स्तंभ :

1. Accessibility (सब तक पहुंच)
2. Equity (भागीदारी)
3. Quality (गुणवत्ता)
4. Affordability (किफायती)
5. Accountability (जवाबदेही)

भारत सरकार ने 29 जुलाई को जो शिक्षा नीति पारित की है। वह अतिउत्तम है। क्योंकि यह नीति देश के संपूर्ण युवाओं को अपना सर्वांगीण विकास तथा रोजगार के अवसर सृजित करने वाली है। नीति से पूर्व जो शिक्षा प्रणाली संचालित थी। वह परंपरागत शिक्षण विधियों पर आधारित थी। जिसमें अल्प मात्रा में रोजगार की संभावनाएं थी। यही ऐसे कारण हैं, जिनके द्वारा भारत में बेरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं को जन्म दिया था। मेरे ख्याल से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कई मायनों में हितकारी होगी। क्योंकि जिस तरह संपूर्ण विश्व में डिजिटल शिक्षा पद्धति तथा व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उसे ध्यान में रखते हुए यह नीति अवश्य लाभकारी होगी। भारतीय युवाओं को आज के इस तकनीकी, सूचना व संचार प्रौद्योगिकी सीखने की ओर प्रेरित भी करेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आवश्यकता एवं महत्त्व :

वर्तमान समय ज्ञान विज्ञान व उभरती हुई अर्थव्यवस्था व प्रौद्योगिकी के साथ–साथ ई–शिक्षा का है। क्योंकि आने वाला समय जन–धन को डिजिटल रूप मिलने वाला है, इस पर सरकार की प्रायोगिक योजनाएं तीव्रगति से चल रही है। नई शिक्षा नीति में छात्र किताबी ज्ञान के अलावा भौगोलिक/बाहरी ज्ञान की भी समझ व परख ठीक से कर सकें। बच्चों को कुशल बनाने के साथ–साथ जिस क्षेत्र में वे रुचि रखते हैं, उनको उस क्षेत्र में पूर्ण अवसर देने के

साथ–साथ उन्हें प्रशिक्षित करना है। इस प्रकार सीखने वाले अपने उद्देश्य और अपनी क्षमताओं का पता लगाने में सक्षम होंगे। बस इसी बाबत शिक्षा नीति में बदलाव की आवश्यकता पड़ी जिस का वर्तमान में महत्त्व भी रहेगा।

भाषायी विविधता का संरक्षण प्रदान करना :

इस नीति के अंतर्गत पांचवी कक्षा में शिक्षा मातृभाषा/स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया है। स्कूली और उच्च शिक्षा में क्षेत्रों के लिए संस्कृत तथा अन्य भाषाओं का भी विकल्प मौजूद होगा। जिनमें निम्न प्रकार से भाषाओं का बालकों को लाभ मिलेगा।

- मातृभाषा को आगे बढ़ाने में सहायता के साथ–साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का विकास सम्भव हो सकेगा।
- अंग्रेजी भाषा के साथ–साथ संस्कृत तथा अन्य भाषाओं के विकल्प मौजूद होने से छात्रों को भाषा चुनने की कोई बाध्यता नहीं होगी।
- इंटर्नशिप की व्यवस्था लागू होने से नए इंटर्न्स को मौका व सीखने के नवीन अवसर मिलेंगे।
- एनसीईआरटी द्वारा एक नई रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसमें कक्षा 10 व 12 की परीक्षाओं में कुछ बदलाव कर सेमेस्टर में बहुविकल्पीय प्रश्नों में सुधार से छात्र–छात्राओं में भ्रम को लेकर होने वाली समस्या से छुटकारा मिलेगा।
- देश में उच्च शिक्षण संस्थानों में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 3.5 करोड़ नई सीटें जुड़ने से छात्र एवं छात्राओं को आगे बढ़ने के नये–नये अवसर मिलेंगे।
- उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंको को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए (एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट) दिया जाएगा।
- इस नीति में मानव संसाधन मंत्रालय को बदल कर उसका नाम शिक्षा मंत्रालय करने पर मुहर लगी है।
- संगीत, योग, खेल, मुख्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे, जिनका मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे, समर्थक थे।
- स्कूलों में नई शिक्षा नीति 2020 में 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 के प्रारूप को मंजूरी दी गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य :

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों में सभी स्तरों के छात्रों को बागवानी नियमित रूप से खेल–कूद/योग/नृत्य/मार्शल आर्ट को स्थानीय उपलब्धता के अनुसार प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। इनके साथ ही पाठ्यक्रम में भाषा के संदर्भ में निम्न प्रकार के उद्देश्यों को सम्मिलित किया गया है। जो बिंदु बार नीचे दिए गए हैं।

- भारत को एक वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाना।
- कक्षा 5 तक की शिक्षा मातृभाषा/स्थानीय/भाषा क्षेत्रीय भाषा में उपलब्ध कराना।

- मातृभाषा को कक्षा आठ और उसके आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।
- उच्च–शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता के स्तर को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (gross enrollment number ratio GER) percent तक लाना।
- 10+2 का पाठ्यक्रम समाप्त कर 5+3+3+4 के मॉडल को विकसित कर अमल में लाना।
- राष्ट्रीय प्रगति समान नागरिकता एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देने के साथ–साथ राष्ट्रीय एकता को बल प्रदान करना।

तथ्यों / आंकड़ों का विश्लेषण :

शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर 2022) से मिले आंकड़े राहत और चुनौती दोनों का एहसास कराते हैं राहत की बात यह है, कि भारत में महामारी के कहर के बाद शिक्षा का विकास और विस्तार फिर शुरू हो गया है। हालांकि 4 साल बाद राष्ट्रीय स्तर पर हुए इस व्यापक सर्वे में एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है, कि राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ने वाले की बुनियादी क्षमता साल 2012 के पहले से स्तर तक गिर गई है। पिछले कुछ वर्षों में इसमें सुधार दिखने लगा था। लेकिन अब लगता है, कि महामारी ने गहरा असर दिखाया है। देश के अधिकांश राज्यों में सरकारी और निजी दोनों तरह के स्कूलों में लड़कों के साथ ही लड़कियों की भी पढ़ने की क्षमता घटी है। सरकारी एवं निजी स्कूलों में कक्षा 3 के सिर्फ 20.5% छात्र पढ़ सकते हैं, जबकि 2018 में 27.3% छात्र पढ़ने में सक्षम थे। उत्तर भारत के राज्यों में ही नहीं बल्कि दक्षिण के अपेक्षाकृत विकसित राज्यों में भी गिरावट चिंता जगाती है। कक्षा 5 की बात करें तो साल 2018 में 50.5% छात्र पढ़ने में सक्षम थे, पर 2022 में सक्षम छात्र 42.8 प्रतिशत हो गए हैं। साल 2018 की तुलना में बच्चों के बुनियादी अंकगणितीय स्तर में भी गिरावट आई है। कक्षा 3 के छात्रों के मामले में 2018 में 28.2% की तुलना में राष्ट्रीय स्तर पर अनुपात अब 25.9% हो गया है। यह भी लगभग पूरे स्कूल स्तर पर गणित की क्षमता को बढ़ाएं रखने के लिए स्कूलों में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। शिक्षा के स्तर को सुधारना और गणित ही या अंकगणित को ज्यादा व्यावहारिक बनाना बहुत जरूरी है। वैसे शिक्षाविद यह पहले से ही मान कर चल रहे थे, कि लॉकडाउन और ऑनलाइन कक्षाओं की वजह से छात्रों की पढ़ने की क्षमता में कमी आएगी। बहरहाल जो कमी साल 2022 में दिखी है उसे साल 2023 में तेजी से पूरा कर लेना चाहिए। यदि देश के हर बच्चे की नींव पढ़ने में लिखने और गणित के अभ्यास में पक्की हो जाए, तो देश का भविष्य बदल जाएगा। मगर इस मंजिल तक पहुंचने के लिए जोरदार कोशिश करनी होगी।

सामान्यकरण / निष्कर्ष :–

1986 की शिक्षा नीति जहां विभिन्न सामाजिक समूह को मानक शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए तैयार की गई थी। इसमें वंचित समूह पर बल प्रदान किया गया था। वही 2020 की शिक्षा नीति में सामाजिक समावेशन पर बल दिया गया है। इसमें शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण मानव

क्षमता एवं न्याय संगत समाज का विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देना है। नई शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम आलोचनात्मक सोच चर्चा और विश्लेषणात्मक सीखने की अनुमति देने पर केंद्रित है। कुल मिलाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 शिक्षा और प्रशिक्षण मानव संसाधनों को अनूकूल बनाया, जिन्होंने मूल्य शिक्षा में योगदान दिया। मानव संसाधन बनाने का सपना देखती है, जो मूल्य प्रस्ताव तैयार करेगा। इस प्रकार नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के साथ भारतीय शिक्षा प्रणाली अंतरराष्ट्रीय होने की ओर अग्रसर हो रही है। नई शिक्षा नीति 2020 में स्कूली शिक्षा के लिए एक नया पाठ्यक्रम और सक्षम रचना की परिकल्पना की गई है, जो विद्यार्थियों की आवश्यकता और उनके विकास के विभिन्न चरणों में प्रसांगिक है। इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को तैयार करना है, जो भारत के सभी बच्चों को लाभान्वित कर सके। इसका लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान के स्तर पर महाशक्ति बनाना है। शिक्षण के लिए न्यूनतम योग्यता 4 वर्ष एकीकृत बी०एड०शिक्षक प्रशिक्षण के लिए एक नया और व्यापक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा एन.सी.एफ.टी. 2021 एन.सी.ई.आर.टी. के परामर्श से बनाई जाएगी। 2030 तक शिक्षण के लिए न्यूनतम डिग्री योग्यता 4 वर्षीय एकीकृत B-Ed होगी।

स्कूली शिक्षा में मौजूदा 10̣2 संरचना को 3 से 18 वर्ष की आयु वाले छात्रों के लिए 5+3+3+4 को कवर करते हुए एक नया शैक्षणिक और पाठ्यक्रम पुनर्गठन के साथ संशोधित किया जाएगा। वर्तमान में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को 10+2 प्रस्तुत रचना में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि कक्षा 1 से 6 वर्ष की उम्र में शुरू होती है। इसके मुख्य रूप से यह लाभ होगा। नई शिक्षा नीति छात्रों के व्यवहारिक ज्ञान को सिर्फ हटाकर सीखने पर महत्त्व नहीं देगी। यह छात्रों को कम उम्र से वैज्ञानिक स्वभाव में विकसित करने में मदद करेगी।

संदर्भ सूची :

1. पाल हंसराज (पाठ्यचर्या कल आज और कल) शिप्रा पब्लिकेशन, दिल्ली – 2006
2. महाजन, बी.डी. प्राचीन भारत का इतिहास, एस०चंद एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
3. कोठारी, अतुल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीयता शिक्षा का पुनरुत्थान, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, जनवरी–2021
4. त्यागी, पाठक, पी.डी.जी.एस.डी. कोठारी कमीशन, श्री विनोद पुस्तक मंदिर आगरा–2021
5. मल्होत्रा ममता, शिक्षा का आधार, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली जनवरी–2020
6. पचौरी, गिरीश, कार्य शिक्षा, गांधीजी के नई तालीम एवं सामुदायिक सहभागिता आर. लाल. बुक डिपो, मेरठ–2020
7. पांडेय, रमाशंकर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नवयुग पब्लिकेशन,रामबाग आगरा,
8. बयाती, जमुनालाल, सर्व शिक्षा, राखी प्रकाशन, संजय पैलेस व्यवसायिक कंपलेक्स आगरा 28202।

❒❒❒

एस्ट्रान कॉलेज ऑफ एजूकेशन, मेरठ

वैचारिक क्रांति में भाषा का योगदान

—डॉ. माया शर्मा

राष्ट्रीय चेतना किसी भी देश के राष्ट्रवादी विकास के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण है, भाषा किसी भी संस्कृति की धुरी होती है। समाज, संस्कृति एवं सभ्यता को विकसित करने में भाषा का बहुमूल्य योगदान होता है। हिंदी भाषा का इतिहास अधिक पुराना है। हिंदी भारत की केंद्रीय भाषा है। इस रूप में वह प्रांतीय व्यवहार का साधन भी है तथा प्रदेश की विभिन्न संस्कृतियों को समर्थन पूर्वक अभिव्यक्त करने वाली शक्ति भी है।

प्रस्तावना

किसी भी राष्ट्र के विकास एवं राष्ट्रीय चेतना विकसित करने में वैचारिक क्रांति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वैचारिक क्रांति का विस्तार तब संभव होता है जब राष्ट्र में कोई एक भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम हो। एक भाषा के न होने का यह अर्थ नहीं है कि, उस क्षेत्र में राष्ट्रीय चेतना विकसित नहीं होगी, परंतु एक राष्ट्रीय भाषा संप्रभुता, अखंडता, एकत्त्व, और राष्ट्रीयता को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। वह अपने वास्तविक अर्थ को ना केवल समाज में विकसित करती है बल्कि, संपूर्ण समाज में भाषाई विविधता होते हुए भी एकता के सूत्र में समाज को बांधे रखती है, यह भाषा की शक्ति है। अपने विचारों को दूसरों तक आसानी से पहुंचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम भाषा ही होती है। भाषा समझने योग्य हो तो वैचारिक क्रांति उत्पन्न होती है। एक समझने योग्य भाषा के अभाव से समाज एवं राष्ट्र को एक सूत्र में बांधना कठिन हो जाता है यही कारण है कि, राष्ट्रीय चेतना के लिए राष्ट्रीय भाषा का होना अधिक आवश्यक है ।

उद्देश्य

किसी भी देश की राष्ट्रीय चेतना एवं नवजागरण के लिए वैचारिक क्रांति का बहुत बड़ा योगदान रहा है। वैचारिक क्रांति में योगदान देने वाले लेखक, कवि, एवं साहित्यकारों ने अपनी कलम के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना विकसित करने का प्रयास किया। भारत के संदर्भ में भी साहित्यकारों ने सुस्ती नहीं दिखाई राष्ट्रीय चेतना के लिए उन्होंने, भारतीय साहित्य में वैचारिक क्रांति का सूत्रपात किया। अपने विचारों के माध्यम से भारत में राष्ट्रीय चेतना को विकसित करने का जो प्रयास किया गया उसमें भाषा की मुख्य भूमिका रही। भाषा के माध्यम से विकसित नवीन अवधारणा को "वैचारिक क्रांति" की संज्ञा दी गई। उसके लिए सर्वाधिक जो मूल तत्त्व विद्यमान रहा वह भाषा का प्रश्न था। हिंदी भाषा में लेख एवं कविताओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना विकसित करने में भारतीय साहित्यकार अग्रणी रहे, उनके विचारों से समाज में ना केवल राष्ट्रीय चेतना विकसित हुई बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव भी

उत्पन्न हुआ। यह तब संभव हुआ जब भारत में भाषा के माध्यम से अपने विचार साहित्यकारों द्वारा प्रेषित किए गए। राष्ट्रीय चेतना विकसित करने में भाषा सदैव मुख्य भूमिका में रही। भाषा के इसी मुख्य तत्त्व को समाज के सम्मुख रखना मेरे शोध का मूल उद्देश्य है।

परिकल्पना

राष्ट्रीय चेतना विकसित करने में भाषा मूल तत्त्व का कार्य करती है। एक वैचारिक क्रांति राष्ट्रीय क्रांति को प्रभावित करती है, और उस राष्ट्र में राष्ट्रवाद का उद्भव होता है। राष्ट्रवाद की उत्पत्ति राष्ट्रीय चेतना की प्रासंगिकता पर निर्भर करती है जिसका आधार स्तंभ भाषा है। भारत में राष्ट्रीय भाषा हिंदी की प्रासंगिकता को राष्ट्रीय विषय मानना श्रेष्यकर होगा।

शोध प्रविधि

यह शोध पत्र द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है।

इसमें साहित्य के सर्वेक्षण पर विशेष बल दिया गया है।

लेखन प्रणाली में यह ऐतिहासिक एवं राष्ट्रवादी इतिहास लेखन पर आधारित है।

आंकड़ों का एकत्रीकरण साहित्यिक स्रोतों के माध्यम से किया गया है।

शोध की विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग भी किया गया है।

"वैचारिक क्रांति"

राष्ट्रीय चेतना किसी भी देश के राष्ट्रवादी विकास के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण है, भाषा किसी भी संस्कृति की धुरी होती है। समाज, संस्कृति एवं सभ्यता को विकसित करने में भाषा का बहुमूल्य योगदान होता है। हिंदी भाषा का इतिहास अधिक पुराना है। हिंदी भारत की केंद्रीय भाषा है। इस रूप में वह प्रांतीय व्यवहार का साधन भी है तथा प्रदेश की विभिन्न संस्कृतियों को समर्थन पूर्वक अभिव्यक्त करने वाली शक्ति भी है। हिंदी की सर्वव्यापकता हमारी राष्ट्रीय भावना से प्रेरित है। महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि, हिंदी के पीछे राष्ट्रीय शक्ति काम कर रही है, क्योंकि हिंदी केंद्रीय या राष्ट्रीय भाषा के रूप में एकता का आधार बनी हुई है। वर्तमान में अनेक देशों में हिंदी भाषा बोली जाती है। राष्ट्रीय चेतना एवं भाषा के प्रश्न के संदर्भ में यह बात अधिक सोचनीय है कि, भारतवर्ष की मूल अवधारणा में किसी एक भाषा को संपूर्ण भारत की राष्ट्रभाषा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बल्कि हिंदी भाषा से एकत्व तथा राष्ट्रीय चेतना का विकास होना अवश्यंभावी है। भारत भाषाई आधार पर विविधता वाला देश है यहां धर्म, संस्कृति, जाति एवं मान्यताओं की विविधता पाई जाती है। भाषाई विविधता होने के बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकता एवं चेतना विकसित होने का मूल कारण यह रहा कि भारत में हिंदी भाषा के लिए आंदोलन प्रारंभ हो चुके थे। भारत में रहने वाले समस्त व्यक्तियों के हृदय में भारतवर्ष की मूल अवधारणा विकसित हो रही थी, जिसमें केंद्रीय भाषा के रूप में हिंदी को स्वीकारा जा रहा था। हिंदी भाषा की संकल्पना धीरे–धीरे संपूर्ण राष्ट्र में फैल गई।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के समय भाषा के विषय को दो संदर्भों में देखा जा सकता है एक, वह भाषा, जो प्रारंभ से राष्ट्रीय परिदृश्य पर थी और जिसने समस्त भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधकर राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व संभाला और दूसरा, कांग्रेस की भाषा नीति। यह सर्वविदित है कि अपने उदय काल से ही हिंदी भारतीय भाषाओं में सर्वप्रमुख रही है। क्षेत्र की दृष्टि से भी और प्रयोगकर्ताओं की दृष्टि से भी हिंदी सर्वश्रेष्ठ है। अपने उद्भव के 200–300 वर्षों में हिंदी संपूर्ण भारतवर्ष के भाषिक व्यवहार और साहित्य की भाषा बन गई थी और दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में इसका प्रचार–प्रसार प्रारंभ हो गया था। यह भी स्पष्ट तौर पर कहा जा

सकता है कि, इस समय तक खड़ी बोली का महत्त्व अन्य भाषा रूपों से अधिक नहीं था। साहित्य के क्षेत्र में तो कम से कम हिंदी की अन्य बोलियों और शैलियों को पर्याप्त महत्त्व मिलता था। सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक हो जाता है कि भारत में हिंदी भाषा के महत्त्व को कैसे सर्वमान्य तक लाया जा सकता है। भारत में उत्तर भारतीय एवं मध्य भारत से लेकर पश्चिम–उत्तर भारत में अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहां हिंदी भाषा प्रचलित है। यही सबसे बड़ा प्रचार का माध्यम रहा होगा। क्योंकि व्यक्तियों में आपसी भाषाई मतभेद पूर्व में उपस्थित नहीं थे। मध्यकालीन भारत को हिंदी भाषा तथा भारतीय सांस्कृतिक पुनरुत्थान का काल माना जा सकता है। सांस्कृतिक दृष्टि से सारा भारत एक ही था। विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी विशेषता भारत के विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न धर्मों के जो तीर्थ स्थान है, इन स्थानों में आने वाले यात्रियों ने हिंदी को देश के कोने–कोने में पहुंचाने का प्रयास किया। हिंदी भाषी प्रदेशों के लोग, हिंदी तीर्थ स्थानों पर आते थे और हिंदी भाषी प्रदेश के निवासी भी आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि प्रदेशों में अपने तीर्थ स्थानों पर जाते थे। ऐसे में एक ऐसी भाषा की आवश्यकता थी जो विभिन्न भाषा भाषियों के बीच सेतु का कार्य कर सके। हिंदी ने उस काल में इस दायित्व का निर्वहन किया।

"डॉक्टर मलिक मोहम्मद के अनुसार, देश के एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा करने वालों को एक सामान्य भाषा का सहारा लेना पड़ता था। उन दिनों एक सामान्य व्यापक भाषा केवल हिंदी थी, जो उत्तर–दक्षिण, पूरब–पश्चिम के बीच तीर्थ यात्रियों के बीच में बातचीत की सामान्य भाषा थी। विशेषकर दक्षिण और उत्तर के सांस्कृतिक संबंध की दृढ़ श्रृंखला के रूप में हिंदी भाषा सशक्त माध्यम बनी हुई थी।" सच्चाई तो यह है कि जनसंपर्क की भाषा किसी के बनाए नहीं बनती, परंतु उसको सांस्कृतिक और धार्मिक परिस्थितियां सदियों से स्वरूप देती आई है। भारत देश की सांस्कृतिक परंपराओं को अक्षुण्य बनाए रखने में पालि, प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं के बाद हिंदी को व्यापक रूप धारण करने का भरपूर अवसर प्राप्त हुआ है। इस आधार पर हम यह मान सकते हैं कि, उस समय भारत में, सांस्कृतिक सहभागिता तथा तीर्थ यात्रियों के माध्यम से भारत में हिंदी भाषा को राष्ट्रीय भाषा के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से विकसित किया गया होगा।

भारत में प्राचीन काल से ही विभिन्न भाषाओं का उद्‌भव हुआ, एवं भाषाई प्रगति सांस्कृतिक प्रगति का माध्यम बनी। आधुनिक काल में हिंदी राष्ट्रीय अस्मिता और अभिमान की प्रतीक मानी जाने लगी थी। हिंदी भाषा के संदर्भ में आधुनिक काल का आरंभ 1800 ईस्वी में कोलकाता में फोर्ट विलियम महाविद्यालय की स्थापना से माना जा सकता है। यह महाविद्यालय अरबी, फारसी, संस्कृत, हिंदुस्तानी, बंगला, ग्रीक आदि भाषाओं में शिक्षा दिया करता था। हिंदी भाषा, हिंदुस्तानी भाषा ही थी, परंतु गिलक्रिस्ट जो कि फोर्ट विलियम महाविद्यालय में हिंदुस्तानी विभाग के अध्यक्ष थे, की भाषा नीति हिंदी के विरुद्ध रही, अतः इसी कारण हिंदी में उर्दू का समावेश हो गया और एक अपभ्रंश वाली हिंदी का उदय हुआ। इसी महाविद्यालय में 1823 में विलियम प्राइस के विभागाध्यक्ष बनने के पश्चात हिंदुस्तानी के स्थान पर हिंदी का अध्ययन प्रारंभ हो गया। उस समय संपूर्ण भारत में ऐसी शिक्षण संस्थाएं उपस्थित थी जो हिंदी भाषा में अध्ययन करा रही थी। जिनमें अनेक विद्यालय एवं महाविद्यालय शामिल थे।

भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के समय हिंदी भाषा ही संपर्क के लिए अपना दायित्व निभा रही थी। सभी क्रांति समाचार, संवाद और संकेत हिंदी में ही प्रसारित किए गए। क्रांति का विस्तार भारत के अधिकांश राज्यों में तो था, परंतु दक्षिण भारत से क्रांति अछूती रह

गई, इसका एकमात्र कारण हिंदी भाषा का ना होना था। राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं ने यह अनुभव किया कि हिंदी के प्रचार–प्रसार से ही देश को स्वाधीनता मिल सकती है। इस संबंध में ऐसे प्रदेश जहां हिंदी भाषा नहीं बोली जाती उन क्षेत्रों में हिंदी का राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचार प्रसार किया गया।

केशव चंद्र सेन ने 1873 में अपने बंगाली पत्र "सुलभ समाचार" में लिखा कि, यदि भाषा एक न हो और भारतवर्ष में एकता और अखंडता सुनिश्चित न हो पाई तो उसका उपाय क्या है? यह विचारणीय तथ्य है। संपूर्ण भारत में एक भाषा का उपयोग करना इसका एकमात्र उपाय हो सकता है। इस समय भारत में जितनी भी भाषाएं प्रचलित है उनमें हिंदी भाषा सर्वश्रेष्ठ है।

वंदे मातरम के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी ने भी हिंदी का पक्ष लेकर भारत को एक सूत्र में बांधने की कल्पना प्रस्तुत की थी।

सत्यार्थ प्रकाश के रचयिता एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती मूलतः गुजराती थे, परंतु अपने भाषणों, ग्रंथों, लेखों में उन्होंने हिंदी को वरीयता प्रदान की, और अपने भाषण हिंदी भाषा में दिए।

ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय मानते थे कि, केवल हिंदी ही अखिल भारतीय भाषा बन सकती है।

पुनर्जागरण एवं भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए बनाई गई "सनातन धर्म" सभा ने भी भारत के विभिन्न प्रदेशों में हिंदी को प्रोत्साहन दिया।

पंडित मदन मोहन मालवीय, गोस्वामी गणेश दत्त तथा श्रद्धा राम फिल्लौरी आदि ने पंजाब में हिंदी की लगभग 200 सायंकालीन पाठशाला की स्थापना की, तथा लाहौर में "विश्व बंधु" हिंदी दैनिक का प्रकाशन किया।

महाराष्ट्र में प्रार्थना सभा के माध्यम से महादेव गोविंद रानाडे ने हिंदी के प्रचार पर बल दिया।

संपूर्ण भारत में हिंदी भाषा के प्रचार के लिए समितियां बनाई गई, जिनमें मुख्य रूप से काशी नागरी प्रचारिणी सभा, हिंदी साहित्य सम्मेलन, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, मुंबई हिंदी विद्यापीठ, महाराष्ट्र राष्ट्र सभा, मैसूर रियासत हिंदी प्रचार समिति, मैसूर हिंदी प्रचार परिषद, केरल हिंदी प्रचार सभा, कर्नाटक महिला सेवा समिति, सौराष्ट्र हिंदी प्रचार समिति, आदि प्रमुख थी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1885 से 1904 तक कांग्रेस के अधिवेशनों में अधिकांशत हिंदी में भाषण दिए गए।

ब्रिटिश सरकार द्वारा 1900 में हिंदी को उत्तर प्रदेश में फारसी के साथ न्यायालय की भाषा घोषित किया गया।

महात्मा गांधी ने "हिंद स्वराज्य" नाम की किताब में हिंदी के महत्त्व को बताते हुए यह स्वीकार किया कि, भाषाई विचारों को प्रस्तुत कर हम एक सूत्र में बंध सकते हैं। वे लिखते हैं कि हर एक पढ़े–लिखे हिंदुस्तानी को अपनी भाषा हिंदी का, मुसलमान को अरबी का, पारसी को फारसी का, और इन सभी को हिंदी का ज्ञान होना चाहिए। तब हम अपने आपस के व्यवहार में से अंग्रेजी को निकाल बाहर फेंक सकते हैं।

1917 ईस्वी में गांधी ने अपने उद्देश्यों को प्रकट करते हुए उपनिवेशो में बसे भारतीय विषय पर कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में हिंदी में भाषण दिया था।

1918 ईस्वी में महात्मा गांधी हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए थे।

1919 ईस्वी तक गांधी जी सदा यही कहते रहे कि हिंदी ही "राष्ट्रभाषा" के सर्वथा योग्य है। महात्मा गांधी के अनुसार राष्ट्रभाषा की पांच विशेषताएं बताई गई –

वह भाषा राज्य कर्मियों के लिए सरल हो।

राष्ट्र के लिए सरल हो।

क्षणिक या अल्प स्थाई स्थिति के ऊपर निर्भर ना हो।

वह भाषा भारतवर्ष के परस्पर धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवहार निभा सके।

उस भाषा को देश के अधिकांश निवासी बोलते हो।

गांधीजी मानते थे कि हिंदी ही इन पांचों शर्तों को पूरा करती है।

1925 में कानपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति एवं कार्यकारिणी समिति की कार्यवाही में यह निर्णय लिया गया कि, साधारणतः कार्यवाही हिंदुस्तानी में होगी यहां पर हिंदुस्तानी से तात्पर्य हिंदी भाषा ही है। यदि कोई अवसर उपस्थित हो जाए तो अंग्रेजी या कोई प्रांतीय भाषा प्रयुक्त हो सकती है। प्रांतीय समितियों की कार्यवाही साधारणतः प्रांतीय भाषाओं में चलेगी, हिंदुस्तानी का भी प्रयोग किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का यह निर्णय ना केवल भाषा की वैचारिक क्रांति से संबंधित था, अपितु भारतीय राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी को महत्त्व भी देना था।

1935 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में महात्मा गांधी ने पुनः राष्ट्रभाषा की दृष्टि से हिंदी का महत्त्व बताया।

1936 में महात्मा गांधी के प्रयासों से पश्चिम व पूर्वी क्षेत्रों में हिंदी भाषा के प्रचार के लिए "हिंदी प्रचार समिति वर्धा" की स्थापना हुई।

भाषा संबंधी संदेहों को दूर करने के लिए 1938 में हिंदी के स्थान पर राष्ट्रभाषा कर दिया गया।

आचार्य किशोरी दास वाजपेई के शब्दों में 1901 से 1910 तक जो राष्ट्रभाषा की प्रगति हुई थी, उसमें अत्यधिक प्रेरणा कुछ राजनैतिक आंदोलन से मिली थी, जिसके सूत्रधार राष्ट्रपिता महामना लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक थे, और जिसकी भुजाएं बंगाल और पंजाब थी।

1921 से 1923 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्याग्रह आंदोलन अपने पूर्ण जोरों पर था। जिसमें राष्ट्रभाषा की पताका संपूर्ण भारत में फहर रही थी।

1924 से 1930 के बीच राष्ट्रभाषा का प्रसार संपूर्ण भारत में हिंदी के संदर्भ में तीव्र गति से हुआ।

1942 से 1944 तक के राष्ट्रीय संघर्ष में राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का प्रभाव अत्यधिक बढ़ गया और अब तक भारत का कोई भी प्रदेश राष्ट्रभाषा से शून्य ना रहा।

भारतीय वैचारिक क्रांति के एक और अग्रदूत माधव राव सप्रे हुए जिन्होंने संपूर्ण भारत में भाषाई आधार पर राष्ट्रीय एकता का पक्ष रखा। उन्होंने अनेक पत्र निकाले जिनमें हिंदी केसरी, कर्मवीर पत्रिका, देश सेवक एवं छत्तीसगढ़ मित्र प्रमुख थे। 1924 में माधव राव सप्रे जी देहरादून अधिवेशन में हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष भी चुने गए। अधिवेशन में सप्रे जी ने हिंदी भाषा के पक्ष में राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने की बात कही। राष्ट्रवादी चेतना निर्मित करने का माधव राव सप्रे जी का भाव स्वतंत्रता संग्राम लड़ने की प्रेरणा से ओतप्रोत था। व्यक्तिगत तौर पर उन्होंने लेखनी के माध्यम से अपना आंदोलन जारी रखा।

हिंद केसरी ने 30 जून 1960 के अंक में क्रांतिकारियों का एक पत्र प्रकाशित किया था। देशभर में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलनों के समाचार दूर–दूर से संकलित कर "हिंद केसरी" के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे थे। उस काल में माधव राव सप्रे जी "हिंद केसरी" में इलाहाबाद से लेकर मद्रास, तथा कोचीन तक के समाचार छपते थे।

22 अगस्त 1960 को ब्रिटिश सरकार ने माधवराव सप्रे जी को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। हिंद केसरी के द्वारा राष्ट्रवादी चेतना के साथ ही राष्ट्रभाषा का प्रचार–प्रसार भी बड़े जोरों शोरों से किया गया। माधव राव सप्रे जी की संकल्पना थी की राष्ट्रभाषा ही राष्ट्रवाद को जन्म देती है।

निष्कर्ष – वैचारिक क्रांति में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में भाषा का प्रश्न एक जटिल समस्या थी। परंतु सर्वव्यापी राष्ट्र के जनमानस द्वारा आत्मसात किए जाने के साथ–साथ हिंदी के प्रचार–प्रसार ने इसे राष्ट्रीय भाषा बनाने में कठोर परिश्रम किया। इस प्रकार स्वाधीनता आंदोलन और हिंदी प्रचार समानांतर रूप से चलते रहे। आंदोलनकारी नेताओं के साथ–साथ जनता का ध्यान राष्ट्रीय घटनाओं की ओर तो था ही, साथ ही भारतीय यह जान चुके थे कि, स्वाधीनता आंदोलन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक राष्ट्रीय भाषा का होना अति आवश्यक है और इसी माध्यम से संपूर्ण भारत में राष्ट्रवाद लाया जा सकता। भारत में हिंदी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। उपरोक्त कथनों से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान परिदृश्य में वैचारिक क्रांति ने हिंदी की अनिवार्यता को अन्य भाषाओं की अपेक्षा पहले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि, 2011 के जनगणना के आधार पर हिंदी बोलने वाले लोगों में इजाफा हुआ है । 2001 में 41.03 फीसदी लोगों ने हिंदी को मातृभाषा बताया था, जबकि 2011 में इसकी संख्या बढ़कर 43.63ः हो गई है। वहीं दूसरे स्थान पर बांग्ला भाषा बरकरार है।

संदर्भ

1. शुक्ला राम लखन, आधुनिक भारत का इतिहास, हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय।
2. थरेजा, पुष्पा, भारतेंदु युगीन साहित्य में राष्ट्रीय भावना दिल्ली 1978
3. शर्मा रामविलास, भारत में अंग्रेजी राज और मार्क्सवाद, दिल्ली 1982
4. देसाई आर, भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि दिल्ली 1977
5. अग्रवाल डॉ विजय, हिंदी भाषा अतीत से आज तक, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली
6. अहमद डॉ इकबाल, राजभाषा हिंदी प्रगति और परायण, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली
7. सप्रे डॉ अशोक, पंडित माधव राव सप्रे व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अनुशीलन, पंडित माधव राव सप्रे साहित्य शोध केंद्र, रायपुर छत्तीसगढ़
8. माधवराव सप्रे संग्रहालय भोपाल
9. ठाकुर हरी, छत्तीसगढ़ के रत्न, रायपुर 1970
10. वर्मा डॉक्टर श्रीमती सरोज, हिंदी सेवी माधव राव सपरे, साहित्य वाणी पब्लिकेशन

❏❏❏

सहायक प्राध्यापक डेनियलसन डिग्री महाविद्यालय छिंदवाड़ा

भाषा का प्रश्न और पूर्वोत्तर की हिंदी

—डॉ. अशोक कुमार

त्रिपुरा हमारे देश का एक ऐसा प्रांत है जो तीन तरफ से बंगलादेश से घिरा हुआ है। यहां पर हिन्दू, मुस्लिम व बौद्ध सम्प्रदाय के लोग रहते हैं। बंगला यहां की प्रमुख भाषा है, आदिवासियों की अपनी अलग भाषाएं हैं परन्तु यहां पर हिंदी भाषियों की संख्या भी काफी है। राजधानी अगरतला में हिंदी निदेशालय के साथ हिंदी शिक्षण कालेज की भी स्थापना की गई लेकिन हिंदी के प्रचार–प्रसार का यह दौर यहां पर लंबे समय तक नहीं चल सका क्योंकि हिंदी भाषा के बढ़ते प्रभाव से चिंतित कुछ सांप्रदायिक ताकतों ने हिंदी प्रतिष्ठानों पर ध्वंसात्मक प्रहार करना शुरू कर दिया इससे भाषायी एकता एवं अखंडता को बड़ी ठेस पहुंची।

जब हम भाषा का प्रश्न उठाते हैं तो उस समय भारत की संस्कृति, अस्मिता तथा स्वाभिमान का प्रश्न भी जेहन में उठता है। आजादी के पहले से एक ऐसी भाषा के लिए प्रश्न उठाया जाता रहा है जो सम्पूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोए रखे तथा सम्पर्क भाषा का कार्य कर सके। यह प्रश्न उन नेताओं एवं समाज सेवियों ने भी उठाया जिन की मातृभाषा हिंदी नहीं थी। महात्मा गांधी, सरदार पटेल, विवेकानंद, स्वामी दयानंद, रवीन्द्र नाथ टैगोर, सुभाष चन्द्र बोस आदि तमाम मुख्य व्यक्तियों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के समर्थन में बात कही है। स्वतंत्रता आन्दोलन के समय समस्त राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया हिंदी ने ही किया है। परन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात देश के कुछ संकीर्ण मानसिकता वाले राजनेताओं के स्वार्थी मनसूबों के फलस्वरूप हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने में अड़चनें आती रही हैं। आज भारत भूमि का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां पर हिंदी को बोला या समझा न जाता हो। क्योंकि सूचना प्रौद्योगिकी के विकास ने भूमंडलीकरण को जन्म दिया, इससे पूरी दुनिया एक ग्लोबल विलेज बन गई है। ग्लोबल विलेज की धारणा के कारण भाषा, संस्कृति में बदलाव आना स्वाभाविक है और बदलाव प्रकृति का नियम है। अतः आज लोगों के बीच दूरियां खत्म होने से भाषाओं का दायरा बढ़ गया है। इसी संदर्भ में हिंदी ने तो अपनी सीमा का बहुत ही ज्यादा विस्तार किया है। आज विश्व के समस्त कोनों में भारतवंशी निवास कर रहे हैं, चाहे वे वहां पर गिरमिटिया मजदूर के रूप में बसे हों या किसी व्यवसाय, तथा नौकरी–पेशा की वजह से। और ये सब किसी न किसी रूप में हिंदी के संवर्धन में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

भारत में वैधानिक रूप से हिंदी की स्थिति पर दृष्टिपात किया जाए तो यह संघ राज्य की राजभाषा है तथा उत्तर भारत के हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार व झारखंड की सरकारों

ने भी अपने सरकारी राज–काज की भाषा के रूप में इसे स्वीकार किया हुआ है। दक्षिणी राज्यों ने हिंदी को लेकर हमेशा बवाल खड़ा किया है, ऐसा भी नहीं है कि वहां के लोग हिंदी नहीं जानते। बल्कि वहां पर वाणिज्य, व्यापार में हिंदी का व्यापक रूप से प्रयोग होता है। वहां के लोगों को हिंदी को कानूनी रूप से राष्ट्रभाषा/राजभाषा स्वीकार करने में ही तकलीफ होती है। शायद उनको ऐसा लगता है कि हिंदी को अगर राजभाषा/राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया तो इन राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। हिंदी के प्रति कमोबेश ऐसी ही स्थिति पूर्वोत्तर राज्यों की है, (असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा) जिन्हें हम 'सेवन सिस्टर' के नाम से जानते हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी के तीन केन्द्र गुवाहाटी, शिलांग वह दीमापुर हैं पूर्वोत्तर के राज्यों में हिंदी एक सशक्त सम्पर्क भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान इन राज्यों में हिंदी के प्रचार–प्रसार में अहम भूमिका निभा रहा है।

पूर्वोत्तर राज्यों में भाषायी दृष्टि से असम में असमिया और त्रिपुरा में बंगला भाषा बोली जाती है। मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड तथा अरूणाचल प्रदेश में तिब्बत–बर्मा उप परिवार की और मोन–खमीरा वर्ग की भाषाएं बोली जाती हैं। देश की आजादी के बाद भारत सरकार ने इन राज्यों में सम्पर्क भाषा हिंदी के अध्ययन–अध्यापन और प्रचार प्रसार के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया है।

आजादी के बाद हिंदी को जब राजभाषा घोषित किया गया तो यहां पर इसका कोई विशेष विरोध नहीं हुआ क्योंकि असमिया मागधी अपभ्रंश से उत्पन्न हुई भाषा है इसलिए असम के लोग हिंदी को आसानी से समझ लेते हैं। यहां पर हिंदी के प्रचार–प्रसार में महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, मारवाड़ियों एवं मजदूरों का बड़ा योगदान रहा है। असम के लब्धप्रतिष्ठित कवि श्रीमंत शंकरदेव ने 'ब्रजबुलि' नामक कृत्रिम भाषा को जन्म दिया– जिसमें मैथिली, ब्रज, अवधी तथा भोजपुरी शब्दों की भरमार थी। 'राष्ट्रभाषा प्रचार समिति'–वर्धा' ने भी यहां पर अपने परीक्षा केंद्र खोल कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षा को एक नई दिशा प्रदान की है। अतः कहा जा सकता है कि असम में हिंदी एक सम्पर्क भाषा के रूप में अच्छा कार्य कर रही है। प्रो. कृष्णनारायण प्रसाद 'मागध' जी को पूर्वोत्तर हिंदी के सजग प्रहरी के रूप में जाना जाता है। इन्होंने 'हिंदी साहित्य : युग और धारा', 'अलंकार विमर्श', 'हिंदी बावनी काव्य', 'शंकरदेव : साहित्यकार और विचारक', 'असम प्रान्तीय हिंदी साहित्य', 'माधवदेव : व्यक्तित्व और कृतित्व' आदि अनेक ग्रंथों की रचना कर हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। असम में हिंदी के प्रचार –प्रसार में कमलनारायण देव, चित्र महंत तथा रजनीकांत चक्रवर्ती आदि का भी सराहनीय योगदान रहा है।

सूर्योदय की भूमि वाले राज्य अरुणाचल प्रदेश में लगभग 26 जनजातियां तथा 110 उपजातियां मानी गई हैं। इन सबके रहन–सहन रीति–रिवाज, सामाजिक मान्यताएं, धार्मिक विश्वास एवं भौगोलिक परिवेश भी अलग–अलग है। इसी विभिन्नता के चलते इनकी

भाषाएं भी उतनी ही हैं जितनी जातियां, बल्कि जातियों से अधिक बोलियां और उपबोलियां हैं। यहां पर मुख्य रूप से निशी, आदी, आपातानी, गालो, नाक्ते, खामती, तांडसा, तांगिन, वांड्चू, शेरदुक्पन, मेम्बा आदि जनजातियां निवास करती हैं, जिनकी भाषा भी जनजाति के नाम से है। जैसे निशी जाति की 'निशी' भाषा तथा तागिन जाति की 'तागिन' भाषा। नेफा के असम से सटे इलाकों में असमिया और तिब्बत की सीमा से लगते इलाकों में हिंदी भाषा प्रचलन में थी। आजादी के पश्चात सन् 1967–68 में जब नेफा के समीपवर्ती स्कूलों में हिंदी माध्यम को बदलकर असमिया माध्यम प्रारम्भ किया गया तो यहां के जनजातीय लोगों ने इसका घोर विरोध किया। जिसके फलस्वरूप प्रशासन की टीम ने उनकी मांग को सही पाया और हिंदी को ही शिक्षा का माध्यम रहने दिया गया। इसीलिए कहा जाता है कि इतिहास गवाह है कि यह एक ऐसा प्रदेश है जो अहिंदी भाषी क्षेत्रों में होते हुए भी हिंदी भाषा के संदर्भ में जन आंदोलन हुए। तवांग गोम्पा में उस समय का आंदोलन का अभिलेख अभी भी सुरक्षित है। यहां के एकमात्र विश्वविद्यालय में हिंदी विषय में शोध कार्य भी हो रहें हैं तथा विश्वविद्यालय सन् 2001 से 'अरूण प्रभा' पत्रिका का प्रकाशन भी कर रहा है तथा हिंदी विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह तथा अन्य हिंदी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

अरूणाचल प्रदेश से हिंदी की अनेक पत्रिकाएं छपती रही हैं। 'सांगपो' (डॉ रमण सांडियाल) यहां की पहली हिंदी पत्रिका थी। इसके बाद पूर्व नागरी (डॉ रमण सांडियाल), अरूण नागरी, प्रवाह (डॉ भारती वर्मा), दिशा (डॉ अवधेश कुमार मिश्र), अरूणोदय (जयप्रकाश शुक्ल), अरूण ज्योति, विवेकानंद केंद्र से, 'अरूण आवाज' पत्र तथा 'अरूणोदय भूमि' का प्रकाशन अरूणाचल प्रदेश हिंदी समिति द्वारा होता है। अरुणाचल प्रदेश में डॉ. रमण शांडिल्य, डॉ. बी. बी.पांडेय, डॉ. धर्म राज सिंह, डॉ. माता प्रसाद, डॉ. मधुसूदन शर्मा, डॉ. सत्यदेव झा, नंदन राम जैसे साहित्यिकारों ने हिंदी साहित्य का संवर्धन किया है। यहां पर अच्छी बात यह है कि अन्य प्रान्तों की तरह हिंदी विरोधी भावनाएं नहीं दिखाई देती हैं। यहां पर राजनेता भी चुनाव प्रचार या जनसभाओं में हिंदी का प्रयोग करते हैं। अतः कहा जा सकता है कि यहां पर घर, दफ्तर, सामान्य विचार विमर्श के लिए हिंदी का प्रयोग होता है। हालांकि यहां पर मीडियम आफ इंस्ट्रक्शंस अंग्रेजी, लेकिन संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग अधिक होता है।

त्रिपुरा हमारे देश का एक ऐसा प्रांत है जो तीन तरफ से बंगलादेश से घिरा हुआ है। यहां पर हिन्दू, मुस्लिम व बौद्ध सम्प्रदाय के लोग रहते हैं। बंगला यहां की प्रमुख भाषा है, आदिवासियों की अपनी अलग भाषाएं हैं परन्तु यहां पर हिंदी भाषियों की संख्या भी काफी है। राजधानी अगरतला में हिंदी निदेशालय के साथ हिंदी शिक्षण कालेज की भी स्थापना की गई लेकिन हिंदी के प्रचार–प्रसार का यह दौर यहां पर लंबे समय तक नहीं चल सका क्योंकि हिंदी भाषा के बढ़ते प्रभाव से चिंतित कुछ सांप्रदायिक ताकतों ने हिंदी प्रतिष्ठानों पर ध्वंसात्मक प्रहार करना शुरू कर दिया इससे भाषायी एकता एवं अखंडता को बड़ी ठेस पहुंची। इस तरह की संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों की सोच के कारण यहां पर हिंदी भाषा का विरोध होता रहा है इसी

कारण हिंदी का अध्यापन विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर निराशाजनक है। त्रिपुरा में 'राष्ट्र भाषा प्रचार समिति–वर्धा' की एक शाखा काफी समय से हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए प्रयासरत है, परन्तु जनता की उदासीनता एवं राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण यहां पर हिंदी की स्थिति में सुधार नहीं आया है। यहां पर हिंदी प्रचारकों में रमेंद्र कुमार पाल का नाम प्रमुख है। इन्होंने भारत–पाक युद्ध (1971) में आये सैनिकों एवं आम जनता के बीच द्विभाषीय का कार्य किया। इन्होंने देवी मां, वर्षा वंदन, जानवरों की क्रांति, तथा प्राथमिक कोक बोरक भारती आदि पुस्तकों की रचना कर हिंदी साहित्य को समृद्ध करने व हिंदी के प्रचार–प्रसार में अहम योगदान दिया है।

मेघालय अर्थात 'बादलों का घर'। यहां पर खासी, गारो, अंग्रेजी तथा हिंदी प्रमुख भाषाएं हैं। यहां पर हिंदी के प्रचार प्रसार का कार्य करने वाली स्वेच्छिक संस्थाओं का अभाव है। केवल मात्र दो संस्थाएं– 'हिंदी प्रसार मंडल' तथा 'राष्ट्र भाषा प्रचार परिषद' वित्तीय अभाव के बावजूद भी हिंदी कार्यों से जुड़ी हुई हैं। सन् 1952 में मिसामारी हिंदी प्रशिक्षण केन्द्र के सक्रिय योगदान से मेघालय में हिंदी शिक्षा के प्रचार–प्रसार में काफी अभिवृद्धि हुई है। यहां पर ईसाई मिशनरियों के वर्चस्व के बावजूद भी हिंदी के बढ़ते प्रभाव को समझने लगे हैं।

मेघालय में आरम्भिक काल में हिंदी के प्रचार–प्रसार में महात्मा सिंह, बैकुंठनाथ सिंह, केशव शर्मा, विश्वनाथ उपाध्याय, पद्मनाथ बरठाकुर आदि का अहम योगदान रहा है। इनके पश्चात डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. दिनेश कुमार चौबे, डॉ. मानवेन्द्र प्रसाद पाण्डेय तथा अकेलाभाई का भी सराहनीय योगदान रहा है। यहां पर हिंदी के विकास एवं प्रचार प्रसार में सन् 2005 में सम्पन्न 'अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन' की भी विशेष भूमिका रही है।

मिजोरम को आजादी से पहले 'लुशाई हिल्स' तथा बाद में 'मिजो हिल्स' नाम से जाना जाता था। यहां की प्रमुख भाषा मिजो तथा अंग्रेजी है। यहां पर हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए 'मिजोरम हिंदी प्रचार समिति' तथा 'हिंदी टीचर्स एसोसिएशन' एक लंबे समय से कार्यरत हैं। यहां आइजोल में आधुनिक भारतीय भाषा के रूप में हिंदी के अध्यापन की व्यवस्था है।

मिजोरम में हिंदी साहित्य के संवर्धन एवं प्रचार–प्रसार में मिजो भाषी साहित्यिकारों आर. जल्हैया, सेलेत थाड़, वी. एन. ठहाका, सी. कामलोवा, डॉ. सी. ई. जीनी, डॉ. बी. आर. राल्ते, आर. ललथला मौनी, लाल रिकिमी रेंथली आदि का विशेष योगदान रहा है।

मणिपुर पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी विकास में अच्छी स्थिति में है। एक पुराकथा के अनुसार शिव–पार्वती के लीला–नृत्य के समय नागराज ने 'मणि' का प्रकाश किया था। उसी की स्मृति में इसका नाम मणिपुर पड़ गया। यहां पर हिंदी क्षेत्र में कार्य करने वाली तीन संस्थाएं–'मणिपुर हिंदी परिषद', 'मणिपुर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, इंफाल' तथा 'अखिल भारतीय शिक्षक संघ, इंफाल' कार्यरत हैं। ये संस्थाएं हिंदी परीक्षार्थियों के लिए पाठ्यक्रम तथा पाठयपुस्तकें तैयार करती हैं तथा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए संगोष्ठी एवं सम्मलेनों की व्यवस्था करती हैं। यहां पर प्रारंभिक कालीन हिंदी सेवियों में भागवत देव शर्मा, पंडित राधामोहन शर्मा तथा द्विजमणि

शर्मा का नाम प्रमुख है इनके पश्चात ललित माधव शर्मा, बंक बिहारी शर्मा, थोकचोक मधुसिंह, कुंजबिहारी सिंह, मयूम गुणाधर शर्मा, सिजगुरु मयूम, नीलवीर शर्मा, नवीन चंद, कंजकिशोर सिंह तथा राजकुमार खिदिर चंद आदि ने हिंदी भाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। यहां पर 'महिप' पत्रिका कविता प्रकाशन के लिए हिंदीत्तर कवियों को उपयुक्त मंच प्रदान करती है। यहां से चार दैनिक समाचार पत्र भी प्रकाशित हो रहे हैं जिनमें पूर्वांचल प्रहरी, सेंटिनल, पूर्वोदय खबर तथा उत्तरकाल प्रमुख हैं। आज मणिपुर में राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी लेखन हो रहा है। यहां के हिंदी और गैर हिंदी विद्वानों ने साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य कर हिंदी की श्रीवृद्धि की है। मणिपुर पूर्वोत्तर राज्यों में ऐसा राज्य है जहां पर हिंदी का विकास द्रुत गति से हुआ है।

नागालैंड में वैसे तो अंग्रेजी प्रमुख भाषा है परन्तु आओ, अंगामी, लोथा, सेमा, कोन्यक आदि भाषाएं भी बोली जाती हैं। यहां पर 'राष्ट्र भाषा प्रचार समिति', 'वर्धा असम राष्ट्र भाषा प्रचार समिति', 'मणिपुर हिंदी परिषद' आदि स्वैच्छिक संस्थाओं के परीक्षा केंद्र हैं। नागालैंड की एकमात्र स्वैच्छिक संस्था 'नागालैंड भाषा परिषद' है जो हिंदी माध्यम से जनजातीय भाषाओं की सेवा कर रही है। असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सहयोग से यहां पर हिंदी प्रचार कार्य संतोषजनक है। नागालैंड में कुछ अवरोध के पश्चात भी हिंदी भाषा के विकास को गति मिली है। यहां के स्थायी निवासी पी. तमजन आओ तथा राबेमो लोथा ने हिंदी प्रशिक्षक के रूप में पहचान बनाई है। नगाभाषी हिंदी साहित्यकारों में के फ्योखामो लोता, एम. पी. तमजन आओ, की मांओं कमजक, जकिएनी अंगामी, किनजाकीर आदि का नाम प्रमुख है।

भाषाई दृष्टि से पूर्वोत्तर राज्यों का अध्ययन करने से प्रतीत होता है कि यहां पर अब हिंदी का इतना विरोध नहीं होता है जितना आजादी के प्रारम्भिक वर्षों में होता था। यहां पर हिंदी सम्पर्क भाषा के रूप में ही नहीं बल्कि साहित्यिक रूप में भी प्रतिष्ठित हो रही है। इसका प्रमुख कारण है यहां पर सैन्य बलों, सैलानियों, फिल्म इंडस्ट्री का आवागमन। यहां का नैसर्गिक सौंदर्य सभी को आकर्षित करता है। लोगों के आवागमन से यहां पर सभी की आमदनी बढ़ती है। अतः यहां के स्थानीय लोगों ने मन बना लिया है कि सम्पर्क भाषा हिंदी ही हमें जीवनयापन में मदद कर सकती है। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी अच्छी स्थिति में है तथा वह दिन दूर नहीं जब हिंदी राष्ट्र भाषा घोषित की जाएगी तो यहां पर इसे विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा।

❐❐❐

सहायक प्रोफेसर (हिंदी), राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर–52 गुरुग्राम
ईमेल–ashokkoslia385@gmail.com मोबाइल –9811108079

भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा-नीति

–डॉ. विभाषा मिश्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 में शालाओं में सीखने के माध्यम के रूप में मातृभाषा की अनुशंसा की गई है। इसके अनंतर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005 और निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम–2009 में भी मातृभाषा को ही शिक्षा के माध्यम के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है। (एस. सी.ई.आर. टी.2018) राष्ट्रीय शिक्षा–नीति में तो मातृभाषा को शिक्षा प्रारंभ का अनिवार्य माध्यम निरूपित किया गया है। तद्नुसार, कम से कम कक्षा–5 तक तथा जहाँ संभव हो सके, कक्षा–8 तक मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी है।

भाषा मानव को मिला वह वरदान है, जिससे वह अन्य प्राणियों से न केवल भिन्न है, अपितु श्रेष्ठ भी है। इसका मुख्य कारण है इसकी सृजनात्मकता, जो अन्य प्राणियों की भाषा में उपलब्ध नहीं है। अन्य प्राणी जन्म से प्राप्त भाषा का ही आजीवन व्यवहार करते हैं, जबकि मानव–भाषा समुदाय–विशेष में अर्जित की जाती है। इसीलिए समुदाय–भेद से भाषा–भेद की स्थिति संभव हुई है, और विश्व में अनेक भाषाएँ अस्तित्व में आईं। अन्य प्राणियों में वह विकास संभव नहीं हो पाया, जो मानव ने किया, क्योंकि मानव को विरासत में पिछली पीढ़ियों की अनुभव–संपदा भाषा के ही जरिए सुलभ हो सकी। भर्तृहरि ने ठीक ही कहा है कि सारा ज्ञान वाक्–रूप ही है (अय्यर, 1981)। देकार्ते ने इसीलिए भाषा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वे कहते हैं– "Thanks to language, Man became man" अर्थात् भाषा से ही मनुष्य मनुष्य बन सका। इस दृष्टि से भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम न होकर संस्कृति–सभ्यता की वाहिका ही बन गई और पीढ़ी–दर–पीढ़ी मनुष्य ने ज्ञान–विज्ञान–प्रौद्योगिकी में अकथनीय उन्नति की।

भारत विश्व का वह देश है, जहाँ सैकड़ों भाषाएँ बोली जाती हैं। यहाँ का प्रायः प्रत्येक व्यक्ति एकाधिक भाषाओं का व्यवहार करता पाया जाता है। भाषिक भिन्नता या सांस्कृतिक भिन्नता यहाँ किसी भी प्रकार से बाधक नहीं है, क्योंकि यहाँ 'भिन्नता में एकता' का आदर्श चरितार्थ होता है। इसी भिन्नता को दृष्टिगत रखते हुए संविधान ने शिक्षा के लिए भाषा–नीति की पहल की, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र की रीढ़ है और भाषा ही शिक्षा की आधारभूमि है।

बच्चा जब बोलना शुरू करता है, तब वह भाषा के माध्यम से ही अपने वातावरण से परिचित होता है। उसका संज्ञानात्मक विकास अपनी भाषा में होता है, नामशः व्यक्ति, वस्तु, घटना, रंग, प्रकाश, वृक्ष, पशु–पक्षी, मौसम आदि का ज्ञान भाषा के जरिए ही होता है। इतना ही नहीं, धीरे–धीरे वह अपनी इच्छा, आवश्यकता, अनुभूति को भी अपनी भाषा में ही व्यक्त करता है। निरंतर अभ्यास से भाषा की आदत उसके स्वभाव में परिणत हो जाती है और अंततः वह अपना व्यक्तित्व भी भाषा में ही रचता–गढ़ता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय संविधान के अनुच्छेद–350 (ए) ने यह प्रावधान किया कि "यह प्रत्येक राज्य एवं स्थानीय अधिकरण का प्रयास होना चाहिए कि प्राथमिक अवस्था से भाषायी चुनौतियों को दूर करने और उनमें अवसरों को बढ़ाने के लिए भारतीय शिक्षा–प्रणाली आधिकारिक रूप से त्रिभाषीय

सूत्र का अनुसरण करती है।"

इसी अनुक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 में शालाओं में सीखने के माध्यम के रूप में मातृभाषा की अनुशंसा की गई है। इसके अनंतर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005 और निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम–2009 में भी मातृभाषा को ही शिक्षा के माध्यम के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है। (एस. सी.ई.आर. टी.2018) राष्ट्रीय शिक्षा–नीति में तो मातृभाषा को शिक्षा प्रारंभ का अनिवार्य माध्यम निरूपित किया गया है। तद्नुसार, कम से कम कक्षा–5 तक तथा जहाँ संभव हो सके, कक्षा–8 तक मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी है। (एन. ई.पी.–2020) इसका एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि बच्चा घर पर प्राप्त अपने स्थानीय ज्ञान को पाठशाला में जाकर जब दुहराएगा, तब उसे न केवल घर–जैसा वातावरण मिलेगा, बल्कि उसकी जिज्ञासा, रुचि, भी सीखने के लिए बढ़ती जाएगी।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2005 तथा राष्ट्रीय शिक्षा–नीति–2020 में दो या अधिक भाषाओं के शिक्षण का भी प्रावधान है, जिससे बच्चों का क्षितिज–विस्तार संभव है, क्योंकि प्रत्येक भाषा एक विश्व–दृष्टि है और अनेक भाषाओं के ज्ञान से उसकी सोच का दायरा बढ़ेगा और उसमें सौहार्द, सहअस्तित्व, सहकारिता–जैसे मानवीय मूल्यों का विकास होगा। तथापि यह भी सच है कि अन्य भाषाओं का ज्ञान मातृभाषा के ही माध्यम से विकसित होता है। भारतेंदु ने बहुत पहले ही कहा है कि–' निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।'

यह ज्ञातव्य है कि अन्य भाषाओं के ज्ञान से निजभाषा कभी विकृत या अविकसित नहीं होती, वरन् और भी अधिक पुष्ट होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में इसीलिए मातृभाषा को भी अन्य विषयों की तरह पढ़ाए जाने का निर्देश है, क्योंकि 'भाषा जानना' और 'भाषा के बारे में जानना' दो अलग–अलग स्थितियाँ हैं। भाषा के बारे में जानने का अर्थ है– भाषा की यांत्रिकी को जानना, जिसमें उसकी संरचना का ज्ञान तो है ही, साथ ही विभिन्न सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों में भाषा की भिन्न–भिन्न भूमिकाओं का ज्ञान भी समाहित है।

मातृभाषा के पुष्ट ज्ञान से विषय–वस्तु का ज्ञान स्वयमेव सहज रूप से संभव है और एक खास अवस्था (कक्षा–8) के बाद बच्चा स्वयं अन्य भाषा (ओं) में दक्षता प्राप्त करके अन्य भाषा (ओं) में भी ज्ञान प्राप्त कर सकता है, क्योंकि भाषाएँ सतही स्तर पर भिन्न प्रतीत होती हैं, परंतु आंतरिक दृष्टि से समान हैं, तभी तो अनुवाद संभव होता है। सामाजिक–भूमिकाएँ सभी भाषाओं में समान हैं, केवल उनका प्रत्यक्षीकरण भिन्न–भिन्न होता है। (द्रष्टव्य–हैलिडे, 1976–3)

भूमंडलीकरण के इस युग में कोई भी राष्ट्र एक भाषा के जरिए विकास नहीं कर सकता। वहाँ के प्रत्येक नागरिक को कम से कम दो भाषाएँ आनी ही चाहिए, जिससे वह स्थानीयता की परिधि में ही कैद न रहे, वरन् अवसरों की खोज में अन्यान्य देशों में भी अपनी पैठ बना सके।

भारतीय परिवेश में शिक्षा–नीति में भाषा का प्रश्न महत्वपूर्ण है। तद्नुसार यहाँ प्रत्येक शिक्षार्थी को अपनी भाषा के अलावा एक अन्य भारतीय भाषा तथा एक विदेशी भाषा का ज्ञान अनिवार्य है।

संदर्भ–

1. अय्यर, के.ए. एस. (1981), भर्तृहरि का वाक्यपदीय (अनु.–रामचंद्र द्विवेदी), जयपुर।
2. Krishnaswamy, N., Verma, S.K., Nagarajan, N. (2009, 66): Modern Applied Linguistics, Macmillan, Delhi.
3. Halliday, M.A.K. (1970, 140-165)), Language Structure & Language Function, New Horizon's in Linguistics (ed-J. Lyons.), Penguin Books.
4. Government of India Ministry of Human Resource Devlopment (2020), National Education Policy -2020.
5. S.C.E.R.T. Raipur (2018), National Seminar on School Education in The 21st Century. (Souvenir)

❒❒❒

अतिथि प्राध्यापक, साहित्य एवं भाषा–अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

फोन– 9131028611 ई.मेल.– vibhashamishra@gmail.com

वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा की स्वीकार्यता एवं प्रासंगिकता

—सीमा देवी

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ–साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंगेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए सरकार का प्रयास है कि हिन्दी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके।

हिंदी एक आधुनिक भारतीय–आर्य भाषा है तथा यह भारतीय–यूरोपीय भाषाओं के परिवार से सम्बन्धित भाषा है और संस्कृत की वंशज है, जो भारत के उत्तर–पश्चिमी सीमाओं में आर्यन बसने वालों की बोली से उद्भूत है। समय की अवधि के साथ विकास के विभिन्न चरणों से गुजरती हुई शास्त्रीय संस्कृत से पाली–प्राकृत और अपभ्रंश तक, हिन्दी का उद्भव 10वीं शताब्दी में पाया जाता है। हिन्दी को हिन्दवी, हिन्दुस्तान और खड़ी बोली के रूप में भी जाना जाता था। देवनागरी लिपि में लिखी गई हिन्दी (जो विश्व की वर्तमान लेखन प्रणाली के बीच सबसे वैज्ञानिक लेखन प्रणाली है) भारत गणराज्य की राष्ट्रीय आधिकारिक भाषा है और इसे दुनिया के सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। इसके अलावा हिन्दी बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य की राज्यभाषा भी है। दुनियाँ भर में लगभग 600 मिलियन लोग हिन्दी को पहली या दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं।

वैश्विक स्तर पर भाषा को जमने के लिए जो सबसे महत्त्वपूर्ण एवं किसी भी भाषा की सम्प्रेशणीय क्षमता के लिए आवश्यक शर्त है कि उस भाषा की निज अभिव्यक्ति क्षमता कितनी है। यदि भाषा विश्व के सभी लोगों को अपनी बात समझाने में असमर्थ है या यूं कहें कि उसमें सम्प्रेशणीयता का स्तर उच्च नहीं है, तो वैश्विक धरातल पर भाषा के टिके रहने का कोई आधार और औचित्य नहीं है।

हमें हिन्दी भाषा के अस्तित्व को बनाए रखना है तो सबसे पहले सैकड़ों बोलियों जैसे बुंदेलखंडी, भोजपुरी, गढ़वाली, अवधी, मगधी आदि की रक्षा करनी होगी। ऐसी क्षेत्रीय बोलियां ही हिन्दी की प्राणवायु हैं। आज हिन्दी का ज्ञान गैरहिन्दी क्षेत्रों में फैल रहा है और देश में सार्वभौमिक लिंगुआ फ्रैंका के रूप में हिन्दी के उद्भव का सूर्य चमक रहा है।

मुख्य शब्द : हिन्दी भाषा, राजभाषा, स्वीकार्यता, प्रासंगिकता

परिचय

हिन्दी भाषा न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेशक और परिचयायक भी है। यह बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिन्दी विश्व की सम्भवतः वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनियों भर में समझने, बोलने और चाहने वाले और बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सशक्त माध्यम भी है। भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिन्दी का एक विशेष स्थान है। हिन्दी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है।

हिन्दी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केन्द्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में हो। राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में 14 सितम्बर 1949 का दिन बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी के उपयोग को प्रचलित करने के लिए हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है।

राजभाषा विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2017 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा देश भर के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के प्रमुखों को राजभाषा कार्यान्यिन में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''हिन्दी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है। किसी भी भाषा की तरह हिन्दी भी मौलिक सोच की भाषा है।[1]

हिन्दी ने अपनी विभिन्न बोलियों और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं से प्रभाव ग्रहण करते हुए अपना एक अखिल भारतीय मानक रूप विकसित कर लिया है। अब इसका एक अत्यन्त समृद्ध साहित्य है, जिसमें साहित्य के अलावा इसके पास अन्य अनुशासनों में रचित साहित्य का विशद भंडार है। यह भारत की राजभाषा और सम्पर्क भाषा होने के साथ अघोषित राष्ट्रभाषा भी है। इस कारण सिर्फ यह नहीं है कि यह देश की बहुसंख्या की भाषा है, बल्कि इसलिए भी कि यह देश के सम्पूर्ण सांस्कृतिक उत्तराधिकार का वहन करती है।

एक तरफ देश की संस्कृति की वाहिका संस्कृत भाषा के समीप है, जो समस्त आर्यभाषाओं की जननी है, तो दूसरी ओर आधुनिक ज्ञान–विज्ञान को भी व्यक्ति करने में सक्षम है। खड़ी बोली हिन्दी साहित्य को अभी एक सदी से थोड़ा ही जो अधिक हुआ है किन्तु इतनी अल्पावधि में ही इसने जितना विकास कर लिया है उतना अंग्रेजी, जर्मन आदि भाषाएं कई सदियों में कर पाई हैं। यह गर्व का विषय है। हिन्दी अपने अपार अभिव्यक्ति सामर्थ्य के बल आज के युग की आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सक्षम है, कम से कम अपने देश में तो अवश्य। इसमें सम्भावनाएं अनन्त हैं। किन्तु सम्भावनाओं का होना एक बात है और उन सम्भावनाओं को यथार्थ का रूप देना दूसरी बात।

आजादी के पूर्व हिन्दी ने अगर भारतीय नवजागरण की चेतना का वहन किया तो आजादी

के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का माध्यम भी बनी। साहित्य और ज्ञान के विविध क्षेत्रों में हिन्दी में नये और मौलिक काम हुए। एक उद्देश्य था कि देश को अपनी भाषा में, आम जन को सम्मिलित करते हुए सशक्त बनाना है, आगे बढ़ाना है। यह उत्साह अब मृतप्राय है।

आजादी के सात दशक बीतते बीतते यह स्पष्ट दिखने लगा है कि हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं को लेकर भारत की तरक्की की जा सकती है। इसका कोई विश्वास हममें नहीं बचा है। पूरा देश इस बात पर एकमत दिखता है कि भारतीय भाषाओं में कोई भविष्य नहीं, यदि आज की वैश्वीकृत दुनियां में आगे बढ़ना है तो वह अंग्रेजी के रास्ते ही सम्भव है।

हिन्दी में चाहे जितनी भी सामर्थ्य है और सम्भावना हो उसे अपनाने का ही कोई उत्साह लोगों में नहीं रहा। हिन्दी में साहित्य के क्षेत्र में भले ही पूर्ववत सक्रियता बनी हुई है, लेकिन कोई भाषा केवल साहित्य के बल पर आगे नहीं बढ़ती। बल्कि साहित्येत्तर क्षेत्रों में भाषा का प्रयोग उसकी व्यावहारिक शक्ति का परिचायक है, वही उसमें जीविकोपार्जन की क्षमता लाता है।

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ–साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंगेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए सरकार का प्रयास है कि हिन्दी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके।

केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाये गये कदमों के परिणामस्वरूप कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। इसी क्रम में राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबन्धन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग से सम्बन्धित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्य रिपोर्ट राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिन्दी में तैयार की ली हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित जनकल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को हिन्दी में मिलने से गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हुए देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी का आरम्भ अंग्रेजी में हुआ, लेकिन तकनीक किसी एक भाषा को हो, सुविधा या अवसर नहीं देती। सूचना प्रौद्योगिकी के पंखों पर सवार होकर हिन्दी अपना अभूतपूर्व प्रसार कर रही है। ज्ञान और मनोरंजन के माध्यमों में हिन्दी का स्थान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

इन्टरनेट पर हिन्दी के प्रयोक्ताओं की संख्या किसी भी अन्य भारतीय भाषा की अपेक्षा अधिक है। मास मीडिया के जबरदस्त उभार से पत्रकारिता व इससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में हिन्दी के लिए अवसर बढ़े हैं और उल्लेखनीय रूप से रोजगार सृजन हुआ है।

देश की स्वतंत्रता से लेकर हिन्दी ने कई महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त ही हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिन्दी तथा प्रान्तीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा ''विश्व हिन्दी सम्मेलन'' ओर अन्य अन्तर्राष्ट्रीय

सम्मेलनों के माध्यम से हिन्दी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा ''प्रवासी भारतीय दिवस'' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एक सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे हिन्दी को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। यूनेस्को की सात भाषाओं में हिन्दी को भी मान्यता मिली है।[2]

आज संचार साधनों की बदौलत स्थानों के बीच की दूरियां कम हो गयी हैं या यह भी कह सकते हैं कि एक तरह से मिट गई हैं। सम्पूर्ण विश्व एक गांव बन गया है, जिसमें कभी भी, कहीं से भी, किसी से भी तत्काल सम्पर्क स्थापित हो सकता है, यदि आपके पास उसके लिए अपेक्षित साधन हों। यह भी भविष्यवाणी की जा रही है कि वैश्वीकरण के इस दौर में विश्व की दस भाषाएं ही जीवित रहेंगी, जिनमें हिन्दी भी एक होगी। वैश्वीकरण एवं बाजारवाद के सन्दर्भ में हिन्दी का महत्त्व इसलिए बढ़ेगा क्योंकि भविष्य में भारत व्यावसायिक, व्यापारिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से एक विकसित देश होगा।

विश्व भाषाएं तो विश्व की उस प्रत्येक भाषा को कहा जा सकता है, जिसमें प्रयोक्ता एकाधिक देशों में बसे हुए हैं, किन्तु विश्वभाषा पद की वास्तविक अधिकारिणी वे भाषाएं हैं, जो विश्व के अधिकतर देशों में पढ़ी, लिखी, बोली, सुनी और समझी जाती है। वस्तुतः प्रत्येक विश्वभाषा के प्रमुख कार्य होते हैं – बोल–चाल एवं जनसम्पर्क, साहित्य सृजन, शिक्षा एवं जनसंचार माध्यम, प्रशासनिक कामकाज, व्यवसायिक और तकनीकी अनुप्रयोग और विश्वबोध या वैश्विक चेतना।

विश्वभाषा से अपेक्षाएं होती हैं कि उसे बोलने–समझने वालों का विस्तृत भौगोलिक विस्तार हो। आज भारत के बाहर नेपाल, भूटान, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, हांगकांग, फीजी, मॉरीशस, ट्रिनीडाड, सूरीनाम, इंग्लैण्ड, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में हिन्दी भाषी प्रचुर संख्या में हैं। दूसरी अपेक्षा है कि वह भाषा लचीली हो, उसमें भिन्न सन्दर्भों की अभिव्यक्ति की क्षमता हो, उसका एक सर्वस्वीकृत मानक रूप हो, उसमें भिन्न सन्दर्भों की अभिव्यक्ति की क्षमता हो, उसका एक सर्वस्वीकृत मानक रूप हो, उसमें उपमानकों की कुछ दूर तक स्वीकृत होते हुए भी परस्पर सम्प्रेषणीयता किसी न किसी स्वीकृत मानक के माध्यम से बनी हुई हो और हिन्दी में यह गुण भी है।[3]

हिन्दी में ब्रज, अवधी, भोजपुरी, राजस्थानी, पहाड़ी, बुन्देली, बघेली, मगधी, छत्तीसगढ़ी और जाने कितनी उपजन भाषाओं के शब्द भंडार, मुहावरे और उसकी लोकोक्तियां रच बस गई हैं। इसके अलावा हिन्दी भाषा का भारत की अन्य भाषाओं के साथ शताब्दियों से घनिष्ठ सम्पर्क रहा है विश्वभाषा से तीसरी अपेक्षा है कि भाषा में विश्व मन का भाव हो। हिन्दी भाषी अपने देश में भी अनेक राज्यों में निवास करने के कारण प्रांतीयता से ऊपर उठा हुआ है और उसके पास ऐसे साहित्य की विशाल परम्परा है, जो विश्व के पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

हिन्दी विश्वभाषा की ओर–सकारात्मक प्रवृत्तियां[4]

हिन्दी एक विश्वभाषा है, क्योंकि वह देश की राष्ट्रभाषा होने के साथ–साथ अन्य देशों में भी पर्याप्त संख्या में लोगों द्वारा लिखी, बोली और समझी जाती है। वैश्वीकरण के परिप्रेक्ष्य में

हिन्दी के प्रति सकारात्मक प्रवृत्तियां इस प्रकार दिखाई दे रही हैं—

1. जनतांत्रिक आधार पर हिन्दी विश्व भाषा है, क्योंकि उसके बोलने—समझने वालों की संख्या संसार में तीसरी है।

2. विश्व के 132 देशों में बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिन्दी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं।

3. एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिन्दी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है।

4. हिन्दी का किसी देशी या विदेशी भाषा से कोई विरोध नहीं है। अनेक भाषाओं के शब्दग्रहीत होकर हिन्दीमय बन गए हैं। यही कारण है कि आज हिन्दी का शब्दकोश विश्व का सबसे बड़ा भाषिक शब्दकोश है।

5. हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्ट्रीय जगत छिपाए हुए है। आर्य, द्रविड़, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी चीनी, जापानी सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री व वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं।

6. प्रवासी भारतीय वैश्वीकरण का सबसे प्रत्यक्ष वाहक लगते हैं और आडियो—वीडियो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उसके बीच हिन्दी एक जीवंत कड़ी बन रही है।

7. इंटरनेट पर हिन्दी भी स्वीकार्य और लोकप्रिय हो रही है। हिन्दी पत्रकारिता और हिन्दी साहित्य भी अब इंटरनेट के माध्यम से विश्व भर में प्रसारित होने लगा है।

निष्कर्ष :

आज आवश्यकता इस बात की है कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने के साथ—साथ इसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिए कुछ ठोस पहल की जाए। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिए एक ऐसी महत्त्वपूर्ण भाषा बन जाए, जिसकी उपेक्षा न हो सके। यह तभी होगा जब हमारी मानसिकता बदलेगी। हमें अपनी भाषा बोलते हुए गौरव का अनुभव होगा। जापान जर्मनी, इंग्लैंड, रूस, फ्रांस, चीन आदि सभी शक्तिशाली देश अपनी भाषा में वक्तव्य देते हैं और अनुवादक के माध्यम से उनकी बात विदेशी श्रोताओं तक पहुंचती है। हिन्दी को लेकर भी ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है। हिन्दी के सामने कई चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक है कि हम वास्तविक स्थिति और अपनी कमियां समझें, हमें लक्ष्य का स्पष्ट ज्ञान हो, लक्ष्य प्राप्ति की सार्थक योजनाएं बनें, ईमानदारी तथा दृढ़ता से योजनाओं को कार्यान्वित किया जाए तथा समय—समय पर प्रगति का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हिन्दी को विश्व में अपना स्थान बनाये रखने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

सन्दर्भ सूची

1. हिन्दी दिवस (देश की आत्मा है हिन्दी), मेरी सरकार, 14 सित. 2017
2. उपर्युक्त
3. राकेश शर्मा 'निषीथ' विश्वभाषा की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम, विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरीशस 18—20 अगस्त, 2018
4. उपर्युक्त।

❒❒❒

भाषा का प्रश्न और दक्षिण का हिंदी साहित्य

—नायराह कुरैशी

जिस प्रकार कबीर, ज्ञानेश्वर, नामदेव, गुरूनानक जैसे संतों ने ऊँच–नीच, जात–पात की भावना को नष्ट करने का, कर्मकाण्ड, आडम्बर आदि को समाप्त करने का प्रयास किया उसी प्रकार दक्खिनी हिन्दी के सूफी कवियों ने कुरान तथा भारतीय वेददान्त का सुन्दर समन्वय करते हुए सत्य–मार्ग, प्रेम–मार्ग, हृदय की शुद्धता आदि गुणों को अपने काव्य के माध्यम से दर्शाया।

दकन या दक्खिन शब्द की उत्पति संस्कृत से मानी जाती है। आर्य जब भारत आए तो यहाँ के उत्तर और पश्चिम प्रदेशों को पार करके जब पंजाब पहुँचे तो उनके हाथ की तरफ जो भौगोलिक क्षेत्र दिखाई पड़ा उसे उन्होंने दक्षिण कहा। प्राकृत में दक्षिण शब्द परिवर्तित होकर दक्खिन बन गया। फारसी और अरबी में इसे दकन कहा गया। दक्खिनी भाषा का साहित्य महत्त्वपूर्ण है। ख्वाजा बंदे नवाज, गेसुदराज ने सर्वप्रथम इस भाषा में अपने विचार व्यक्त करने का श्रय प्राप्त किया है। उत्तर भारत में जो खड़ी बोली उपेक्षित हो गई थी वही बोली दक्षिण में अपने चरमोन्ति तक पहुँच गई।

राष्ट्रभाषा हिन्दी के स्वरूप का निर्माण करने में दक्खिनी हिन्दी के साहित्यकारों का योगदान महत्त्वपूर्ण है। दक्खिनी हिन्दी साहित्य को फारसी लिपी में देखकर उसे उर्दू समझना गंभीर भूल होगी। दक्खिनी हिन्दी के सूफी साहित्य का मूल संबंध हिन्दी सूफी साहित्य से है। दक्खिनी हिन्दी के सूफी कवियों की सांस्कृतिक देन उत्तर के सूफियों की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण है। विदेशी भाव को अपने देश के अनुरूप बदल देने में इन कवियों की अद्भुत क्षमता थी। जिस समय हिन्दु–मुस्लिम अपनी धार्मिक कट्टरता पर स्थिर थे ऐसे समय में भारत में सूफियों का आगमन शांती का संदेश लेकर आया।

शोध–पद्धति

आलोच्य शोध पत्र में विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है जिसमें दक्खिनी हिन्दी साहित्य पर आधारित अंग्रेजी एंव दक्खिनी हिन्दी साहित्य की प्रमुख आलोचनात्मक पुस्तकों का अध्यन्न किया गया है।

परिचय

दकन शब्द की उत्पति संस्कृत से मानी जाती है। कहा जाता है आर्य जब भारत के पश्चिम और उत्तर प्रदेशों को पार करके पंजाब पहुँचे तो अपने हाथ की तरफ जो भौगोलिक क्षेत्र दिखाई पड़ा उसे दक्षिण कह दिया। प्राकृत में दक्षिण शब्द परिवर्तित होकर दक्खिन बन गया। फारसी और अरबी में इसे दकन कहा गया। डॉ. हेमचंद्र राय चौधरी के अनुसार, 'दक्खिनी

शब्द से तात्पर्य उस ऐतिहासिक भू–भाग से है, जो सह्याद्री पर्वत माला से दक्षिण की तरफ फैला हुआ है। और जिसकी श्रृंखला को ही महेन्द्रगिरी से मिलकर महानदी और गोदावरी से आवरीज बनाता हुआ, यह भाग दक्षिण में कृष्णा और तुंगभद्रा नदी तक व्याप्त हुआ है।'' आगे दक्खिनी हिन्दी के उद्‌भव के संबंध में डॉ. श्रीराम शर्मा लिखते हैं 'दक्खिनी शब्द से वर्तमान बरार, हैदरबाद राज्य, महाराष्ट्र और मैसूर राज्य का बोध होता है। इस प्रदेश की गोदावरी और कृष्णा दो प्रधान नदियाँ हैं।' दक्खिनी हिन्दी इन्हीं प्रदेशों में विकसित हुई। दक्षिण के केरल प्रान्त के साथ अरबों का समुद्री व्यापारिक संबंध पुराना है किन्तु राजनैतिक दृष्टि से मुसलमानों के साथ दक्षिण भारत का संबंध कुछ समय बाद स्थापित हुआ जिससे दक्खिन के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं साहित्यिक क्षेत्रों को प्रभावित किया।

विषय–विस्तार

राजनीतिक और सामरिक महत्त्व की दृष्टि से मोहम्मद तुगलक ने दक्षिण में अपनी राजधानी बनाने का निश्चय किया और सन् 1328 ई. में दौलताबाद को राजधानी बनाया गया। 1328 ई. में दिल्ली के नागरिकों, पदाधिकारों, सैनिकों, विद्वानों और कलाविदों को दिल्ली छोड़कर दौलताबाद जाने और वहां आवास के लिए मकानों का निर्माण करने का आदेश दिया। इतिहासकारों और राजनीति के विद्वानों में इसकी निश्चिता को लेकर मतभेद हो सकता है कि मोहम्मद तुगलक की यह नीति कहाँ तक सफल हुई थी किन्तु भाषाई दृष्टि से उसका यह कार्य दक्खिनी हिन्दी के लिए वरदान सिद्ध हुआ। दक्खिनी, दखनी या दकनी का प्रयोग दो अर्थों में होता है। इसका अर्थ है दक्षिण निवासी मुसलमान। दूसरा अर्थ है, दक्खिनी या दकनी भाषा। दक्खिनी हिन्दी भाषा की शैली है, एक स्वाभाविक भाषा है। इसका यह नाम देशपरक है जिसमें विदेशी शब्दों की मात्रा भी अल्प है। 15वीं शताब्दी में अमीर खसरो की भाषा हिन्दी हिन्दुस्तानी थी। उस समय भारतीय मुस्लिम संस्कृति का विकास हो रहा था। तत्संबंधित भाषाएँ दक्षिण में उत्तरी भारत की भाषाओं से भिन्न रूप धारण करने लगीं। उत्तरी भारत वाले मुसलमान दक्षिण भारत आकर जिस हिन्दी या हिन्दुस्तानी भाषा का प्रयोग करते थे उसे दकनी हिन्दी या दकनी कहा गया। 15 वीं, 16 वीं तथा 17 वीं सदी के लेखकों ने दकनी हिन्दी द्वारा फारसीकरण का मार्ग प्रशस्त किया अर्थात दक्षिण की हिन्दुस्तानी में अरबी–फारसी के शब्दों के प्रयोगधिक्य के द्वारा फारसीकरण किया जाने लगा। आधुनिक कालीन दकनी पर उत्तरी भारत की उर्दू का अधिक प्रभाव पड़ा जिसके परिणामस्वरूप दकनी अब केवल एक स्थानीय बोली मात्र नहीं रह गई। इसने अब साहित्यिक रूप ग्रहण करना प्रारम्भ कर दिया। 17 वीं व 18 वीं शताब्दी के उत्तरी भारत के मुसलमानों द्वारा प्रयोग किया जाने लगा तथा 'दक्खिनी' को नया नाम 'रेख्ता' दिया गया। फ्रेंच विद्वान गार्सा–द–तासी ने दक्खिनी हिन्दी की इस विशिष्टता को देखते हुए इसे राष्ट्रीय भाषा कहा है। दक्खिनी का इतिहास 14वीं से 18 वीं सदी तक लगभग पाँच सौ वर्ष में व्याप्त है।

जिस प्रकार कबीर, ज्ञानेश्वर, नामदेव, गुरूनानक जैसे संतों ने ऊँच–नीच, जात–पात की भावना को नष्ट करने का, कर्मकाण्ड, आडम्बर आदि को समाप्त करने का प्रयास किया उसी प्रकार दक्खिनी हिन्दी के सूफी कवियों ने कुरान तथा भारतीय वेददान्त का सुन्दर समन्वय करते हुए सत्य–मार्ग, प्रेम–मार्ग, ह्रदय की शुद्धता आदि गुणों को अपने काव्य के माध्यम से दर्शाया। दक्खिनी हिन्दी का सूफी काव्य उत्तर के सूफी काव्य से कम नहीं। खवाजा बन्दा नवाज अपने सिद्धान्तों को अरबी और फारसी में व्यक्त करते हैं पर आम जनता को समझाने के लिए वह

दक्खिनी हिन्दी का प्रयोग करते हैं। दक्खिनी हिन्दी साहित्य के विकास में निर्गुण हिंदू कवियों का योगदान भी महत्त्वपूर्ण है जैसे नामदेव, एकनाथ, संतज्ञानश्वर आदि। संत ज्ञानश्वर ने सन् 1210 ईसवी में गीता पर जो टीका लिखी जिसमें उनका नाम ज्ञानेश्वरी है दक्खिनी भाषा की झलक मिलती है, जैसे

'निर्गुण ब्रह्म भुवन से न्यारा, पाथी पुस्तक भय अपारा।
कोरा कागज पढ़कर जाये, लेना और एक देना दोय'
संत एकनाथ के काव्य में भी दक्खिनी भाषा की झलक मिलती है
'अल्ला रखेगा वैसा ही रहना, मौला रखेगा वैसा ही रहना
कोई दिन शक्कर, दुध–मिलदा, कोई दिन अल्ला माँगता गया।'
कर्मकाण्ड की निन्दा करते गुए कबीर कहते हैं
केसन कहा बिगारिया, जो मूडों सौ बार
मन को काहे न मँडीओं, जामे विषम विकार

इसी बात को दक्खिनी सूफी कवि मिरांजी लिखते हैं, लूचत मंडत फिर, फोकट तीरथ करें या हज दान देख, जे भान भई मूरक भज अर्थात तीर्थयात्रा या बाम मुँवाने से ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती। सच्ची भक्ति तथा आचरण की शुद्धता पर उन्होंने बल दिया। इस प्रकार से दक्खिनी कवियों ने अपनी आध्यत्मिक तथा आंतरिक अनुभूति को सरलता से अभिव्यक्त किया है। दक्खिनी का सूफी साहित्य उत्तर के सूफी साहित्य का बाधक न बनकर साधक बनकर उभरा है। यह मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का गौरव है कि उसकी एक सशक्त धारा अहिन्दी प्रदेश में समस्त रूप से बहती आ रही है। डॉ. मुहम्मद कुंज मेत्तर जी का माना है, 'हिन्दी भाषा और साहित्य के सह्रदय काव्य रसियों को प्रेम की संजीवनी पिलाने वाले दक्खिनी हिन्दी के सूफी साहित्यकार सदैव अमर रहेंगे'

दक्खिनी हिन्दी सूफी साहित्य में हिन्दी तथा भारतीय साहित्य की वे सभी परम्पराएँ सुरक्षित हैं तथा इन भारतीय परम्परा का विदेशी परम्पराओं के साथ सुन्दर संयोग हुआ है। हिन्दी का प्रथम शोक–गीत भी दक्खिनी भाषा में ख्वाजा बंदानवाज ने लिखा है। भारतीय संगीत को भी दक्खिनी हिन्दी सूफी कवियों की देन अविस्मरणीय मानी गयी है। सूफियों में समा अथवा संगीत सभा का महत्त्व विशेषकर माना जाता है। चिश्ती परम्परा के सूफी संतों ने भारतीय संगीत को और समृद्ध किया है। स्वयं ख्वाजा बंदा नवाज जी ने दक्खिनी भाषा में गीत लिखे है। जानम ने भी विविध रागों में अनेक गीत लिखें हैं। दक्खिन सूफी मत को लोकप्रिय बनाने का श्रेय मिरांजी तथा उनके पुत्र जानम को जाता है। मिरांजी ने हिन्दी को अपने विचारों का माध्यम बनाया। उन्होंने हिन्दी में लिखने का अपना उद्देश्य इस प्रकार बताया है वे अरबी बोल न जायें, न फारसी पछाने, यूँ देखत हिन्दी बोल, पन मानी है नप तोल। काजी मुहम्मद बहरी, कुतुबुद्दीन कादरी, फिरोज बिदरी, शेख अश्रफ, अब्दुल वजही आदि सूफी के श्रेष्ठ साहित्यकार माने जाते हैं।

❒❒❒

अिसस्टन्ट प्रोफेसर,हिन्दी विभाग, कश्मीर विश्वद्यालय,श्रीनगर,जम्मू कश्मीर 190006
ईमेल –naairah@uok.edu.in, 9419623309

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा नीति का समीक्षात्मक अध्ययन

—डॉ. शीलम भारती

21वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है। इस शिक्षा नीति का मुख्य लक्ष्य विभिन्न प्रकार की असमानताओं को कम करते हुए सतत् विकास के लक्ष्य को 2030 तक प्राप्त करना है। इस नीति में सरकार ''क्या सोचे'' से ''कैसे सोचें'' के जरिये एक उल्लेखनीय बदलाव करना चाहती है। सोच की अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से ही होती है। भारत एक बहुभाषी देश है। भाषायी अन्तर को कम करने एवं विद्यार्थियों का सर्वोत्तम विकास करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा नीति की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य यह देखना है कि भाषा नीति कितनी कारगर है। भाषा नीति को लेकर जो प्रावधान किये गये हैं उसकी समीक्षा करना।

मुख्य शब्द– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भाषा नीति, बहुभाष्यता, विधार्थी।

भारत में कुछ भाषाएं बहुमत में है और कुछ अल्पमत में है और कुछ भाषाएं नहीं बल्कि बोलियां हैं। इस अंतर को कम करने के लिए ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र का प्रयोग किया गया है। त्रिभाषा सूत्र केवल एक लक्ष्य नहीं है बल्कि भारत के भावनात्मक एकीकरण का मार्ग है।

भारत एक बहुभाषी देश है। इसकी 15 प्रमुख भाषाएं हैं जिनमें से प्रत्येक का इतिहास और साहित्य कम से कम 1,000 वर्ष पुराना है। भारत में भाषाई विविधता के आधार पर कई राज्यों का पुनर्गठन किया गया है। भारत की अपनी एक विशिष्ट भाषाई भौगोलिक संरचना है। इस विविध भाषाई भौगोलिक संरचना के आधार पर भारत में विद्यालयी शिक्षा में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक भाषीय रह पाना असम्भव है। भाषा चयन, भाषा उपयोग और भाषा इंजीनियरिंग को ध्यान में रखकर ही विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों में द्विभाषीय सूत्र और त्रिभाषीय सूत्र को अपनाया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है (रा. शि.नी. 2020, पृष्ठ–4) बहुभाषावाद भारत की अनिवार्य आवश्यकता है। इस अनिवार्य आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रिभाषा सूत्र को अपनाया गया। भारत देश जिसके प्रत्येक राज्य की अपनी विशिष्ट भाषा, शैली और साहित्य है, इस विविधतापूर्ण देश में राष्ट्रीय एकता एवं संचेतना का विकास एक–दूसरे की भाषा और उनके द्वारा व्यक्त किये गये दृष्टिकोण के लिए आपसी सम्मान से ही संभव है। इस प्रकार के आपसी सम्मान के वातावरण का

निर्माण केवल ज्ञान के माध्यम से ही संभव है। प्रत्येक राज्य की अपनी पहचान को प्रदर्शित करते हुए एक विशिष्ट भाषा है। अतः केन्द्र व राज्य दोनों का दायित्व है कि वो प्रत्येक राज्य की स्थानीय क्षेत्रीय भाषा के विकास एवं संवर्द्धन में योगदान दें। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार का परम दायित्व है कि वो प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करें, इसलिए प्रशासन के साथ–साथ शिक्षा में भी प्रमुख क्षेत्रीय भाषा प्रगतिशील उपयोग करना होगा। देश को समग्र रूप से बहुभाषावाद को अपने लक्ष्य के रूप में अपनाना होगा।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत में असक्षारता एवं ड्राप आउट की दर अब भी बहुत अधिक है। क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाकर इस असाक्षरता और ड्राप आउट की दर में कमी लायी जा सकती है। शिक्षा में क्षेत्रीय भाषा/स्थानीय भाषा–मातृभाषा का प्रयोग ऊर्जा के नये स्रोत खोलेगी, जो संरचनात्मकता, नवाचार और अनुरूपण को बढ़ावा देगी। यहां पर बहुभाषावाद को राष्ट्रीय नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर देखे जाने की आवश्यकता है। इसके प्रति हमें एक बौद्धिक अभिवृत्ति विकसित करने की आवश्यकता है।

भारत में कुछ भाषाएं बहुमत में है और कुछ अल्पमत में है और कुछ भाषाएं नहीं बल्कि बोलियां हैं। इस अंतर को कम करने के लिए ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र का प्रयोग किया गया है। त्रिभाषा सूत्र केवल एक लक्ष्य नहीं है बल्कि भारत के भावनात्मक एकीकरण का मार्ग है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत सरकार शिक्षा के विकास, प्रचार एवं प्रसार के लिए समय–समय पर विभिन्न शिक्षा नीति लेकर आई। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग 1948, माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952, भारतीय शिक्षा आयोग 1964–1966 नई शिक्षा नीति 1968–1992. नई शिक्षा नीति 1992, पुरानी शिक्षा नीति 1986 का ही संशोधन रूप थी। नई शिक्षा नीति 1992 में नई शिक्षा नीति 1986 के अधूरे काम को पूरा करने का प्रयास किया गया था। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009, पिछली शिक्षा नीति 1986–1992 के बाद है। इस अधिनियम द्वारा सार्वभौमिक प्रारम्भिक शिक्षा सुलभ कराने हेतु कानूनी आधार उपलब्ध कराया गया था। इसी क्रम में भारत सरकार नई शिक्षा नीति 2020 लेकर आयी। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जिसे 29 जुलाई 2020, को भारत के केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। यह नीति प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के साथ–साथ ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए व्यापक ढांचा है। शिक्षा नीति के कुल 4 भाग 1. प्राथमिक शिक्षा, भाग 2, उच्चतर शिक्षा, भाग 3, अन्य केंद्रीय विचारणीय मुद्दे भाग 4, क्रियान्वयन की रणनीति है। इस दस्तावेज की व्याख्या 107 पृष्ठों में की गयी है।

त्रिभाषा सूत्र की उत्पत्तिः–

(1) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार परिषद; CABE) ने सन् 1956 में विचार–विमर्श करके त्रिभाषा सूत्र प्रस्तुत किया। जिसे 1961 में मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में अनुमोदित किया गया।

(2) विश्वविद्यालय आयोग (1948–1949), मुदालियर आयोग (1952–1953), कोठारी आयोग (1964–1966) नई शिक्षा नीति 1968, 1986 में किसी न किसी रूप में त्रिभाषा सूत्र का समर्थन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भाषा नीति : लक्ष्य एवं दृष्टि

इस नीति के आधार सिद्धान्त में ही कहा गया है कि बहुभाषिता और

अध्ययन–अध्यापन के कार्य में भाषा की शक्ति को प्रोत्साहन देना है (पृष्ठ 7)। इस नीति में पूर्व में प्रचलित 10 + 2 + 3 वाली प्रणाली को 5 + 3 + 3 + 4 की एक नयी व्यवस्था में पुनर्गठित कर दिया गया है। नए 5 + 3+ 3 + 4 में 3 वर्ष के बच्चों को शामिल किया गया है। 5 + 3 + 3 + 4 प्रणाली इस प्रकार है।

4. कक्षा 9 से 12
3. कक्षा 6 से 8
3. कक्षा 3 से 5
5. कक्षा 1 से 2 (2 वर्ष) आंगनबाड़ी / प्री स्कूल / बालवाटिका (3 वर्ष)

3 वर्ष के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्था की गयी है। इस नीति में भाषा से संबंधित निम्नलिखित प्रावधान किये गये हैं:–

प्रारम्भिक बाल्यवस्था से ही इस नीति में बहुभाषा पर ध्यान दिया गया है। सभी भारतीय और स्थानीय भाषाओं में दिलचस्प और प्रेरणादायक बाल साहित्य और सभी स्तर के विधार्थियों के लिए स्कूल और स्थानीय पुस्तकालयों में बड़ी मात्रा में पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेंगी। इस नीति में बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति नामक शीर्षक में उल्लेखित है। जहां तक संभव हो, कम से कम ग्रेड 5 तक लेकिन यह बेहतर होगा कि यह ग्रेड 8 और उससे आगे तक भी हो, शिक्षा का माध्यम, घर की भाषा / मातृभाषा / स्थानीय भाषा / क्षेत्रीय भाषा होगी। विज्ञान सहित सभी विषयों में उच्चतर गुणवत्ता वाली पाठ्य पुस्तकों को घरेलू भाषाएं / मातृभाषा में उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे मामलों में जहां घर की भाषा की पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं है, शिक्षकों और छात्रों के बीच संवाद की भाषा भी जहां संभव हो, वहां घर की भाषा बनी रहेगी। शिक्षकों को उन छात्रों के साथ जिनके घर की भाषा / मातृ–भाषा शिक्षा के माध्यम से भिन्न है, द्विभाषी शिक्षण–अधिगम सामग्री सहित द्विभाषी एप्रोच का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। (4.11)

संस्कृत के अलावा भारत की अन्य शास्त्रीय भाषाएं और साहित्य, जिनमें तमिल, तेलगू, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया, पालि, फारसी और प्राकृत शामिल है, स्कूलों में भी व्यापक रूप से छात्रों के लिए विकल्प के रूप में संभवतः ऑनलाइन मॉड्यूल के रूप में अनुभवात्मक और अभिनव एप्रोच के माध्यम से उपलब्ध होंगे। (4.18)।

भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में उच्चतर गुणवत्ता वाले कोर्स के अलावा, विदेशी भाषाएं, जैसे कोरियाई, जापानी, थाई, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, पुर्तगाली और रूसी भी माध्यमिक स्तर पर व्यापक रूप से अध्ययन हेतु उपलब्ध करायी जायेगी। (4.20)।

फाउंडेशनल स्टेज की शुरूआत और इसके बाद से ही बच्चों को विभिन्न भाषाओं में (लेकिन मातृभाषा पर विशेष जोर देने के साथ) एक्सपोजर दिये जायेंगे। शुरूआती वर्षो में पढ़ने और बाद में मातृभाषा में लिखने के साथ ग्रेड–3 और आगे की कक्षाओं में अन्य भाषाओं में पढ़ने और लिखने के लिए कौशल विकसित किये जायेंगे। राज्य, विशेष रूप से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के राज्य अपने–अपने राज्यों में त्रिभाषा फार्मूले को अपनाने के लिए और साथ ही देश भर में भारतीय भाषाओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए आपस में द्विपक्षीय समझौते कर सकते हैं। विभिन्न भाषाओं को सीखने के लिए और भाषा शिक्षण को लोकप्रिय बनाने के लिए तकनीक का वृहद उपयोग किया जायेगा (4.12)।

उच्चतर गुणवत्ता वाली विज्ञान और गणित में द्विभाषी पाठ्य पुस्तकों और शिक्षण अधिगम

सामग्री को तैयार करने के सभी प्रयास किये जायेंगे ताकि विधार्थी दोनों विषयों पर सोचने और बोलने के लिए अपने घर की भाषा/मातृभाषा और अंग्रेजी दोनों में सक्षम हो सकें (4.14)।

संवैधानिक प्रावधानों, लोगों, क्षेत्रों और संघ की आकांक्षाओं और बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत का ध्यान रखते हुए त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू किया जाना जारी रहेगा (4.13)।

इस प्रकार संस्कृत को त्रि–भाषा के मुख्य धारा विकल्प के साथ स्कूल और उच्चतर शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों के लिए एक महत्त्वपूर्ण समृद्ध विकल्प के रूप में पेश किया जायेगा (4.17)।

दुर्भाग्य से भारतीय भाषाओं को समुचित ध्यान और देखभाल नहीं मिल पाई जिसके तहत देश ने विगत 50 वर्षो में ही 220 भाषाओं को खो दिया है। युनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को ''लुप्तप्राय'' घोषित किया है (22.5)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : समीक्षात्मक मूल्यांकनः–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (13,29,54) में कम से कम 4 बार इस शब्द का प्रयोग किया गया है कि ''जहां तक संभव हो'' सम्पूर्ण भारत में मातृभाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाया जाये। यह इस शिक्षण नीति की महत्त्वाकांक्षा है। लेकिन वास्तविकता में देखा गया है कि सभी आवश्यक कानून, अधिनियम बैंक फार्म, अस्पताल फार्म, स्कूल नामांकन फार्म, न्यायिक उपक्रम और सरकारी नौकरी आवेदन फार्म अक्सर सभी अनुसूचित भाषाओं में अनुवादित नहीं होते हैं। यहां तक कि माननीय उच्चतम न्यायालय में भी भाषा का माध्यम अंग्रेजी ही है। माननीय उच्चतम न्यायालय की भाषा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ–साथ राष्ट्रभाषा हिन्दी को भी बराबर प्राथमिकता देने की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। ऐसी परिस्थिति में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मातृभाषा, शिक्षा की आकांक्षा कितनी विश्वसनीय होगी इस पर संदेह है। सिद्धान्त और व्यवहार का अंतर पूर्व की तरह भविष्य में भी बने रहने की संभावना है।

मातृभाषा, बहुभाष्यताः–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का यदि गहनता से अध्ययन किया जाए तो इस नीति की भाषा नीति में कोई नयापन नहीं है। यह पूर्ववर्ती शिक्षा नीतियों का ही दुहराव है या उनसे उधार लिया गया है। पूर्ववर्ती नीतियों की तरह इस नीति में भी बोलियों, भाषाई छात्रवृत्ति और भाषाई शोध पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया गया है।

भारत के अधिकांश राज्यों में अब भी कई स्कूल विद्यालयों, कॉलेजों में कक्षाओं को अक्सर हिन्दी और अंग्रेजी जैसे विभिन्न भाषा माध्यमों में पढ़ने वाले छात्रों के आधार पर विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी व्यवस्था सरल और लागू करने में आसान है। लेकिन व्यवहारिक दृष्टि से यह देखा गया है कि अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों बनाम हिन्दी माध्यम या मातृ भाषा में पढ़ने वाले छात्रों के बीच एक पदानुक्रम विकसित हो जाता है। अंग्रेजी माध्यम के छात्र स्वयं को श्रेष्ठ समझने लगते हैं और हिन्दी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों में हीनभावना घर करने लगती है। यह पदानुक्रम का अंतर समाज द्वारा भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनाया जाने लगता है। ऐसी स्थिति में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि सरकार मातृभाषा पर तो बल दे रही है लेकिन समाज और विधार्थियों में अंग्रेजी बनाम मातृभाषा के अंतर को कैसे कम कर पायेगी।

भाषाएं वैचारिक निर्माण है जिनमें सामाजिक स्थान और संस्थागत समझ गंभीर और महत्त्वपूर्ण है (लाडोसा 2010ः 603)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद

एवं अल्पसंख्यक भाषा बोलने वालों के प्रति पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण पर ध्यान नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इन मूलभूत वास्तविकताओं को स्वीकार करने से चूक गयी है।

निजीकरण एवं वैश्वीकरण का विरोधाभासः—

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक परिदृश्य से भी देखे जाने की आवश्यकता है। भारत ने दिसम्बर 2015 में व्यापार पर सामान्य समझौता (General Agreement on Trade in Services GATS) पर हस्ताक्षर किया था। उच्च शिक्षा में गेट्स (GATS) पर हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से शिक्षा को वस्तुकरण की ओर ले जाता है। इसने शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों को सेवा प्रदाताओं और विद्यार्थियों को सेवा उपभोक्ताओं में परिवर्तित कर दिया, जिससे शैक्षिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सेवा कर का भुगतान करना होगा (संतोष 2006)। इस व्यवस्था ने भारत में सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शुल्क संरचना को प्रभावित करना आरम्भ कर दिया। इस हस्ताक्षर का एक अन्य प्रभाव यह भी है कि भारत ने विदेशी शिक्षा प्रदाताओं के लिए अपने द्वार खोल दिये हैं। इनके पास अब उच्च शिक्षा में निवेश, प्रवेश व डिग्री देने का अधिकार होगा। इससे विदेशी संस्थानों की संख्या में वृद्धि होगी। उच्च शिक्षा में वैश्वीकरण के इस प्रयास का भारत के उपर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है क्योंकि इससे निजी एवं सरकारी, देशी और विदेशी शिक्षण संस्थाओं में प्रतिस्पर्धा होगी। इस प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव देश पर पड़ेगा क्योंकि भारत की अभी भी एक बड़ी आबादी गरीबी स्तर के नीचे है। जाति धर्म के नाम पर अभी भी भारत असमानता एवं पदानुक्रम की समस्या से जूझ रहा है। विश्व बैंक (2020) के अनुमान के अनुसार लगभग 176 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में जी रहे हैं।

भाषा नीति की एक प्रमुख समस्या हिन्दी और संस्कृत को मुख्य धारा में लाने और सभी राज्यों से उन्हें अपनाए जाने का दबाव है। यह नीति अन्य स्थानीय या क्षेत्रीय भाषाओं की अवहेलना कर हिन्दी और संस्कृत को ही सभी स्कूलों में व्यापक रूप से बढ़ावा देने पर बल देती है। यह छात्रों पर एक मनोवैज्ञानिक प्रभाव उत्पन्न करती है। साथ ही उन्हें कुछ भाषाओं को श्रेष्ठ मानने के लिए मजबूर भी करती है। (फेरोओ 2020)। इसके पूर्व की शिक्षा नीतियों में भी त्रि—भाषा सूत्र को अपनाया गया है जिसकी व्यापक आलोचना हुई है। विशेषकर दक्षिण भारत से जो इसे गैर हिन्दी भाषी राज्यों पर हिन्दी थोपने के कदम के रूप में देखते हैं। जिस तरह से इस नीति में भाषा सूत्र को रखा गया है वह 1965 में हिन्दी को अधिकारिक भाषा बनाने के केन्द्र के निर्णय के विरोध में हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिलाता है।

कुछ विधार्थियों के अभिभावकों की नौकरी स्थानान्तरण वाली है जैसे सशस्त्र बल, सेना, निजी एवं केन्द्रीय सरकारी नौकरियां आदि। इनके सदस्यों का बड़ी मात्रा में अन्तर्राज्यीय स्थानान्तरण होता है। स्थानान्तरण वाले मामलों में मातृभाषा में शिक्षा की स्पष्टता का अभाव है, यदि प्रत्येक राज्य का अपना शिक्षा का माध्यम होगा तो इस प्रकार के विधार्थी किस माध्यम में शिक्षा लेंगे। इसके साथ ही इससे इनके ज्ञान के स्तर में कमी आयेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में GDP का कुल 6 प्रतिशत ही खर्च किया जायेगा। भाषा नीति की क्रियान्वयन की जटिलताओं को देखते हुए यह राशि बहुत ही कम दिखाई पड़ती है।

भाषा अभिव्यक्ति एवं शिक्षा का माध्यम मात्र है। हमारी निष्ठा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और इसके रख—रखाव पर होनी चाहिए ना कि भाषा पर। भाषा नीति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक अनिवार्य घटक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा सूत्र पर आवश्यकता से अधिक बल दिया गया है। भाषा मात्र साधन है न कि स्वयं में साध्य।

निष्कर्षः–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य मातृभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा में सम्मिलित कर भाषा का संवर्द्धन, व्यक्ति एवं समाज का विकास करना है। सरकार ने प्रयास तो अच्छा किया लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की योजना एवं क्रियान्वयन के बीच विरोधाभास देखने को मिलता है। इसके साथ ही असमानता और समावेशित शिक्षा के लिए मातृभाषा के माध्यम से सार्वभौमिक शिक्षा का लक्ष्य एक कभी न पूरे होने वाले सपने की तरह लगता है। इसके साथ ही इस नीति में सिद्धान्त और व्यवहार का भारी अन्तर देखने को मिलता है।

मानवीय प्रकृति का सार्वभौमिक सत्य यह है कि मानव द्वारा निर्मित चीजों में थोड़ी बहुत कमियां रह ही जाती हैं। उपरोक्त कमियों के बावजूद भी यह नीति उपलब्ध विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प का चयन करती है। संघीय लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि जिस भाषा सूत्र (1954) से आरम्भ हुआ और जिसे पूरे राष्ट्र को दिया गया, इसमें कुछ संशोधन करके इसे सशक्त और प्रगतिशील तरीके से क्रियान्वयन किया जाये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भाषा नीति निःसंदेह उज्जवल भविष्य की दशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

संदर्भ ग्रन्थ सूचीः–

1. अगनिहोत्री, आर.के. एण्ड ए.एल. खन्ना (1997)
   प्राब्लेमेटाइजिंग इंग्लिश इन इंडिया, न्यू डेलटी, सेज पब्लिकेशन
   http://www.mbrd,gov.in/sties/upload-files/mbrd/files/NEP Final Hindi O.pdf
2. संतोष बी. (2006)' ''द यूनिवर्सिटी इन द सेन्चुरी' टूवर्ड ए डेमोक्रेटिक एण्ड इमैनसिपेटोरी यूनिवर्सिटी रिफार्म, ''द यूनिवर्सिटी, स्टेट एण्ड मारकेटः द पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ ग्लोबेलाइजेशन इन द अमेरिकॉस, आर.ए. रहोड्स एण्ड सी ए टोरेर्स (इडीएस), स्टैनफोर्डः स्टैनफोड यूनिवर्सिटी प्रेस
3. दासगुप्ता, प्रोबल (2004), ''लैंगवेज, पब्लिक स्पेस एण्ड एन एजुकेटेड इमैजिनेशन'' इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, वॉल्यूम 39, नं0 21, पृष्ठ 2169–73
4. रिपोर्ट ऑफ गवरमेंट ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020
5. राय कुमकुम (2020)ः ''नेशनल एजुकेशन पॉलिसी नीड्स क्लोस स्कूटनी फॉर व्हाट इट सेस् एण्ड व्हाट इट इज नॉट, ''इंडियन एक्सप्रेस, 31 जुलाई
6. लाडोसा, चाइस (2010)ः ''ऑन मदर एण्ड अदर टंगसः
7. सोसियोलिंगविस्टिक, स्कूल्स एण्ड लैंगवेज् आइडियोलॉजी इन नॉरथन इंडिया'', लैंगवेज साइंसेस, वाल्यूम 32 नं0 6, पृष्ठ 602–14
8. विकटर, फेरोओ (2020) न्यू एजुकेशन पॉलिसी, ए क्रिटिकल एनालिसिस, मैटर्स इंडिया।
   http:// mattersindia.com//2020/08/national-education-policy-a-critical-analysis/
9. वर्ल्ड बैंक (2020)ः पार्वती एण्ड इक्वैलिटी ब्रीफ– साउथ एशियाः इंडिया,
10. वर्गीज, एन.वी. (2007)ः गेट्स एण्ड हायर एजुकेशनः द नीड फॉर रेगुलेटरी पॉलिसीज, पेरिसः इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन प्लानिंग।
11. ड्रेजे जेन एण्ड अमर्टसेन (2002)ः इंडियाः डेवेलोपमेन्ट एण्ड पारटिसिपेशन सेकेण्ड 3डी, ऑक्सफोर्डः आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस

❑❑❑

बुराड़ी कांड में भाषा की भूमिका

—डॉ. पूजा जग्गी

एक और महत्त्वपूर्ण सिद्धांत जिसको मान्यता मिली की यह मौतें तंत्र–मंत्र या कर्मकांडों का एक हिस्सा थीं। यह न तो कोई अकेली घटना थी और न ही यह अपनी तरह की पहली घटना थी। इस प्रकार की सामूहिक आत्महत्या या हत्या बिल्कुल भी असामान्य नहीं है। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, इस सदी की शुरुआत के बाद से, धार्मिक समुदायों में सामूहिक आत्महत्याएं व्यापक रूप से देखी गई है।

यह शोध पत्र बुराड़ी सामूहिक आत्महत्याओं के मामले में भाषा की भूमिका का पता लगाने के लिए अत्यंत सहायक है। शिक्षाविदों ने पिछले शोधों में ऐसे मामलों के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और फोरेंसिक दृष्टिकोणों का पता लगाया है, लेकिन जहां तक भाषा की भूमिका का संबंध है, बहुत कम काम किया गया है। प्रस्तुत शोधपत्र ऐसे मामलों में भाषा की भूमिका के विषय में विभिन्न सिद्धांतकारों द्वारा दिए गए सिद्धांतों को प्रस्तुत करता है तथा बुराड़ी कांड के बाद चुंडावत निवास से बरामद किए गए रजिस्टरों की भाषा के साथ उन सिद्धांतों की समानताएं बताता है। यह शोध पत्र बुराड़ी जैसे कांडों की रोकथाम करने और उनके बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य करता है, जहाँ पर ललित जैसे मानसिक संतुलन खोए हुए व्यक्तियों या चरम पंथियों द्वारा हानिकारक भाषा का प्रयोग किया गया हो। यह शोध पत्र सभी संभावित मंचों पर इस मुद्दे पर खुली और विस्तृत चर्चा का आह्वान भी करता है। इस शोध पत्र में प्रासंगिक स्कूल पाठ्यक्रम में, संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण और प्रभावी तरीके से युवाओं और किशोरों में जागरूकता फैलाने की बात भी कही गई है।

कीवर्ड्स : बुराड़ी कांड, भाषा की भूमिका, चुंडावत परिवार, 11 रजिस्ट्रो की टिप्पणियाँ

1 जुलाई, 2018 को सुबह लगभग 7:15 बजे ललित चुंडावत के साथ अक्सर सुबह सैर पर जाने वाले एक पड़ोसी गुरचरणसिंह, रोजाना की सैर से उनकी गैरमौजूदगी देखकर बुराड़ी स्थित चुंडावत आवास पर गए। वह इसलिए भी चिंतित हो गए क्योंकि चुंडावत के स्टोर भी बंद थे जो आमतौर पर सुबह 5 से 5:30 बजे के बीच खुल जाया करते थे। गुरचरण सिंह ने ललित चुंडावत सहित दस लोगों को फांसी पर लटके देखा और घर का दरवाजा खुला देखा। उन्होंने शोर मचाया और सभी पड़ोसियों को बुला लिया। सुबह करीब साढ़े सात

बजे पुलिस से संपर्क किया गया। ग्यारह में से दस लोग – दो पुरुष, छह महिलाएं और दो किशोर – घर के आंगन में दालान की छत में एक जाल से लटके पाए गए, सभी एक साथ बंद थे। उनकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और उनके मुंह पर टेप लगा हुआ था और उनके हाथ–पैर भी बंधे हुए थे। उनके चेहरे लगभग पूरी तरह से लिपटे हुए थे, कान रुई से भरे हुए थे और हाथ पीछे की ओर बंधे हुए थे। वहाँ पाँच स्टूल थे, जिन्हें शायद 10 सदस्यों ने साझा किया था। उनके चेहरे एक ही चादर से काटे गए कपड़े के टुकड़ों से ढँके हुए थे। एक अन्य महिला, 80 वर्षीय नारायणी देवी दूसरे कमरे में मृत पाई गई थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसका गला घोंटा गया है। राजीव तोमर, एक पुलिस अधिकारी, ने पाया कि परिवार के शव पेड़ों की शाखाओं की तरह लटके हुए थे। इस भयानक घटना ने सब लोगों को झकझोर कर रख दिया और वास्तव में क्या हुआ, इसे समझने के लिए अनगिनत अटकलों को जन्म दिया।

राजधानी, देश और दुनिया को झकझोर कर रख देने वाली ऐसी भीषण और हृदय विदारक घटना के पीछे के कारणों को समझने के लिए पुलिस, मीडिया और शिक्षाविदों ने तरह–तरह के सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं। शुरू में पुलिस ने बताया कि उनकी हत्या कर दी गई थी। अपराध स्थल इतना अविश्वसनीय रूप से असामान्य था, जिसने इस परिकल्पना को जन्म दिया। परिवार के सभी लोगों के हाथों को पीठ के पीछे बांध दिया गया था, और छत से निलंबित होने के दौरान उनकी आँखे ढकी हुई थीं। समग्र रूप से यह दृश्य इस बात का विरोधी था कि परिवार के लोगों ने आत्महत्या की थी क्योंकि उनका दरवाजा भी सुरक्षित रूप से बंद नहीं था तो पुलिस ने सोचा कि कोई व्यक्ति बाहर से आकर हत्या कर गया। पुलिस की यह सोच और दृढ़ हो गई क्योंकि आत्महत्या से संबंधित कोई भी लेख घर से प्राप्त नहीं हुआ। लेकिन इस सिद्धांत को बाद में खारिज कर दिया गया था। सीसीटीवी में किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश नहीं दिखा तथा किसी भी पड़ोसी को घर से किसी तरह की गड़बड़ी की आवाज सुनाई नहीं दी। एक अकेला व्यक्ति बिना किसी ध्वनि या गलती किए हुए, पूरे अपराध स्थल को मंचित करने में कामयाब नहीं हो सकता था।

एक और महत्त्वपूर्ण सिद्धांत जिसको मान्यता मिली की यह मौतें तंत्र–मंत्र या कर्मकांडों का एक हिस्सा थीं। यह न तो कोई अकेली घटना थी और न ही यह अपनी तरह की पहली घटना थी। इस प्रकार की सामूहिक आत्महत्या या हत्या बिल्कुल भी असामान्य नहीं है। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, इस सदी की शुरुआत के बाद से, धार्मिक समुदायों में सामूहिक आत्महत्याएं व्यापक रूप से देखी गई है। आत्म–विनाश का मार्ग प्रशस्त करने वाले धर्म और परंपरा के कुछ उदाहरण मसाडा के यहूदियों, मोंटानिस्टों के विधर्मी ईसाई समुदायों और यहाँ तक कि जौहर करने वाली राजपूत महिलाओं की सामूहिक आत्महत्याएं है।

चुंडावत निवास के उन बंद दरवाजों के पीछे क्या हुआ था, हम शायद कभी पूरी तरह से समझ नहीं पाएंगे, जहां तीन पीढ़ियां, जो अच्छी तरह से शिक्षित, काफी समृद्ध, सामान्य और खुशमिजाज दिखती थीं, ने इस तरह के अत्यंत विचित्र कदम उठाने के लिए सहमति व्यक्त की।

इस विषय पर विभिन्न मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रीयों ने अपने दृष्टिकोण दिए परंतु भाषा की भूमिका को विस्तार से किसी ने भी नहीं बताया। इस लेख का विचार–विमर्श सामूहिक आत्महत्याओं, हत्याओं या अन्य ऐसी घटनाओं को समझने और रोकथाम करने में भी मदद करेगा। जहाँ सामाजिक प्रभाव जैसे कि किसी पंथ को अंधाधुंध मानने की प्रवृत्ति पाई गई हो।

पलायन, टॉड वुंगथोंग (2020) ने "विनाशकारी संप्रदायों की भाषा" पर अपने लेख में इस तरह के संचार की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या की है। समाज में जीवन के अर्थ और मूल्य को बढ़ावा देना धर्म के अंतिम लक्ष्यों में से एक है (चौटर्स, 2000, कोएनिग, किंग, और कार्सन, 2012)। यह लोगों को आध्यात्मिक, मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण से स्वस्थ जीवन जीने का निर्देश देने की कोशिश करता है (एलिसन एंड लेविन, 1998, फ्लेचर, 2004)। हालाँकि, कुछ धार्मिक संगठन शुरू में फलदाई रूप से काम करते हैं अंत में नकारात्मक हो जाते हैं और अपने अनुयायियों को हिंसक अपराध करने या सामूहिक आत्महत्या करने के लिए प्रोत्साहित करते है। अनुसंधान दर्शाता है कि विनाशकारी पंथों में कट्टरपंथी गैर–धार्मिक विचारों का प्रयोग किया जाता है जो मुख्यधारा के धार्मिक समूहों के उपदेशों में नहीं होता। उनकी शब्दावली और संचार, वश में करने के लिए बहुत सारे तरीकों का उपयोग करते हैं जैसे कि अपने समूह पर अंधाधुंध विश्वास, चीजों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करना और हुक्म न मानने पर दंड देना और मानने पर इनाम देना।

यदि बुराड़ी मामले के साथ समानताएं खींची जाए तो, यह ध्यान रखना उचित होगा कि जांचकर्ताओं ने बताया कि पिछली शाम को चुंडावत निवास पर एक धार्मिक समारोह को संपन्न करने के चिन्ह मिले हैं। उन्होंने घर से 11 पत्रिकाएं बरामद की। उनका संचार मुखर, क्रोधित और निर्देशात्मक था। न केवल लिखित सामग्री बल्कि परिवार वालों से ललित भी पिता की तरह स्वर और ढंग से संप्रेषित करता था। इस प्रकार, परिवार के सदस्यों को विश्वास होने लगा कि उनके पिता वास्तव में उनके साथ हैं। कथित तौर पर पिता की आत्मा, परिवार का पितृसत्तात्मक मुखिया ललित को निर्देश देता था कि उसे क्या करना है। टिप्पणियों ने ललित के इस दावे को इंगित किया कि परिवार समृद्ध था क्योंकि पिता की आत्मा उससे बात कर रही थी और उसे निर्देश दे रही थी। ललित परिवार के मुखिया का प्रतीत बन गया था। इसके बाद जो तर्क दिया गया वह यह था कि बड़ की पूजा की प्रतिक्रिया पिता की आत्मा को श्रद्धांजलि प्रकट करने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए की जा रही थी। "ललित के पिता की आत्मा के साथ अन्य आत्माएं", जिनकी मृत्यु 2007 में हुई थी, और "वे आत्माएं अभी भी मोक्ष के लिए कैसे तरस रही हैं" जैसे अंधविश्वास भरे विचारों के प्रमाण थे।

रजिस्टरों में मिली टिप्पणियों की भाषा में परिवार के सदस्यों को नियंत्रित करने और डर पैदा करने की कोशिश करने के कई उदाहरण हैं जैसे– उन्होंने "भटकती आत्माओं" के बारे में उल्लेख किया है, यह आशंका व्यक्त की गई कि परिवार अगली दिवाली नहीं देख सकता है। "धनतेरस पहले ही मनाया जा चुका है। किसी की गलतियों के कारण आप कुछ हासिल करने

से बहुत दूर हैं। हो सकता है कि आप अगली दिवाली न देख पाए। चेतावनी को नजर अंदाज मत किया करो," प्रविष्टि में कहा गया। 11 नवंबर, 2017 ललित से एक और प्रविष्टि परिवार के "कुछ पाने" में असफल होने के पीछे "किसी की गलतियों" का उल्लेख किया था, वह भी इसी तर्ज पर था। 19 जुलाई, 2015 को हिंदी में लिखे गए लेख में कहा गया है, "चार आत्माएं अभी भी मेरे साथ भटक रही हैं। अगर आप खुद को सुधार लेंगे तो ये आत्माएं मुक्त हो जाएंगी/ रुवके फोन की लत अच्छी नहीं, इसके अलावा परिवार की महिलाओं में एक दूसरे के साथ अक्सर झगड़ा होना भी ठीक नहीं"। टिप्पणियों में चीजों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने के उदाहरण भी थे, जहाँ स्वर्गीय ललित और टीना के गुणों का उल्लेख किया गया था और परिवार के अन्य सदस्यों को आदेश दिया गया था कि वह ललित और टीना जैसे बने। मतारोपण की दिशा में अत्यधिक प्रयास किए गए थे। एक प्रविष्टि ने परिवार के सदस्यों को "टिप्पणियों को बार–बार पढ़ने और उनमें दिए गए निर्देशों का पालन करने की सलाह दी, साथ ही परिवार के सदस्यों को ललित के बारे में बहुत अधिक चिंता न करने का आदेश दिया"।" टिप्पणियों में चेतावनी दी गई थी, कि कैसे घर के निर्माण में देरी हुई और कैसे प्रियंका के 'मांगलिक दोष' ने उसकी शादी की संभावनाओं को प्रभावित किया क्योंकि किसी ने टिप्पणियों में लिखी बातों का पालन नहीं किया।" इसके अलावा परिवार को एक बंद समूह बनाने का सक्रिय प्रयास किए गए थे। प्रविष्टियों में उल्लेख किया गया था कि बड़ की पूजा और ललित के पिता की आत्मा का आगमन घर में बाहरी लोगों की उपस्थिति में नहीं होगा। "यह टिप्पणियाँ बताती है कि जब प्रियंका की सगाई के लिए घर में मेहमान थे तो ललित ने ऐसा व्यवहार क्यों नहीं दिखाया। पूछताछ के दौरान, पुलिस ने पाया कि ललित अपनी पत्नी के साथ परिवार पर काफी नियंत्रण रखता था ("बुराड़ीडेस : नोट्स इन फैमिली रजिस्टर्स से दे मई नॉट सी नेक्स्ट दिवाली," 2018)। यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि रजिस्टर की टिप्पणियों में अत्यंत ही स्पष्ट भाषा में बड़ की पूजा की एक–एक प्रक्रिया को बहुत विस्तार से प्रस्तुत किया गया था ताकि कोई भी परिवार का सदस्य इसको संपूर्ण रूप से करने से बच न सके।

ऊपर प्रदान किए गए साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि लिखित और मौखिक भाषा ने सामूहिक आत्म क्षति की इस घटना में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप दुखद मौतें हुई है। इस तरह की भाषा ने, नियंत्रण, रहस्यमय हेरफेर, शुद्धता की मांग, अपराधबोध के सिद्धांतों को समूह नियंत्रण को बढ़ावा दिया है न कि व्यक्तिगत कल्याण को। संप्रेषित भाषा में जितने इस प्रकार के लक्षण होते हैं, वह उतनी ही अधिक विनाशकारी हो सकती है। इसी तरह की विशेषताओं को पेथरिक (2017) द्वारा भी साझा किया गया है। वार्ड (2002) ने विनाशकारी समूहों की विशेषताएँ प्रदान की हैं जहाँ वह संचार की पिरामिड संरचना के बारे में बात करता है, जिसके शीर्ष स्तर के नेतृत्व के लिए निर्विवाद प्रतिबद्धता है। बुराड़ी मामले में ललित सर्वोच्च नेता थे और उनकी पत्नी उनकी सहायता करती थी और कोई उनसे सवाल नहीं करता था। वार्ड आगे पुरस्कार और दंड के माध्यम से सदस्यों के साथ हेरफेर और शोषण की ओर इशारा

करता है। टिप्पणियों की भाषा ऐसे उदाहरणों से भरी थी। ललित ने सदस्यों को विश्वास दिलाया कि परिवार ने जो आर्थिक समृद्धि अनुभव की है, वह पिता की आत्मा की आज्ञा का पालन करने के कारण है। यदि परिवार के सदस्य ऐसा करने में विफल रहे तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। विनाशकारी समूहों में बाहरी लोगों से समूह की गुप्त बातों को न करने की हिदायत भी होती है। चुंडावत परिवार को भी बाहरी लोगों से बात नहीं करने की हिदायत दी गई थी। यह ध्यान रखना उचित है कि 11 रजिस्टर बरामद किए गए थे और वे 2015 से लिखे गए थे, 3 साल से अधिक समय होने के बावजूद परिवार के सदस्यों ने कभी भी ललित के बारे में या रजिस्टरों में लिखी गई टिप्पणियों के बारे में किसी भी व्यक्ति चाहे वह परिवार के कितना भी निकट मित्र या रिश्तेदार क्यों न हो, नहीं बताया।

एक बहुत ही पेचीदा मुद्दा यह है कि ललित द्वारा इस तरह के संचार का उपयोग करने का मूल कारण क्या था। ललित के मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में विभिन्न परिकल्पनाएँ प्रस्तावित की गई हैं। 2004 में भोपाल के सबसे छोटे बच्चे ललित को एक दर्दनाक घटना का सामना करना पड़ा था जिसके कारण उसकी आवाज चली गई थी। डीएसएम–5 (DSM-V) में, यह रूपांतरण विकार (Conversion Disorder) का मामला बताया गया है। फ्रायड के दृष्टिकोण के आधार पर, ललित को एक अस्वीकार्य अचेतन संघर्ष का सामना करना पड़ा जो चिंताजनक था, जिसे उन्होंने अचेतन मन में दबा दिया। फिर भी, किसी भी अन्य दमित यादों की तरह, इन संघर्षों ने प्रच्छन्न रूप में चेतना में उभरने की कोशिश की और शारीरिक लक्षणों में परिवर्तित हो गया (बारलो और डूरंड, 2014)। एक अन्य परिकल्पना का दावा है कि यह साझा मनोविकार (Shared Psychoses) का मामला था जहां सभी परिवार के सदस्यों ने ललित के भ्रम और मतिभ्रम पर विश्वास करना शुरू कर दिया और उसके चरम विश्वासों के शिकार हो गए। ललित के व्यवहार के पीछे जो भी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारण रहे हो, घटना में उसके द्वारा संचार की प्रक्रिया और गुणवत्ता की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

इस शोध पत्र का एक प्रमुख निहितार्थ यह है कि उपदेशों और संचार में प्रयुक्त भाषा के आधार पर सभी हित धारकों को इस तरह के प्रयासों के बारे में सतर्क किया जा सकता है। इस जागरूकता को आम लोगों में फैलाने की जरूरत है कि वह परिवार के भीतर या सामाजिक और सामुदायिक ढांचों में ऐसे हानिकारक संचार से बचें। इसके अलावा, ऐसे विषयों पर खुली चर्चा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस तरह के मुद्दों पर सभी संभव मंचों पर चर्चा करने की प्रवृत्ति को वर्जित बनाने के बजाय सुगम बनाया जाना चाहिए। ऐसे सभी प्रयासों में एक बड़ी चुनौती यह है कि आध्यात्मिक और धार्मिक संचार और अस्वास्थ्यकर मतारोपण के बीच अंतर की बहुत पतली रेखा है। हमारे जैसे देश में जहाँ धर्मों और भाषाओं में इतनी विविधता है, और विशाल आबादी है, एक तरफ हम बहुत सहिष्णु राष्ट्र हो सकते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कट्टरवादी या रूढ़िवादी हो सकते हैं जो कि हमारे देश के हित में नहीं है। बड़ी संख्या में निरक्षर और कमजोर आबादी जो अत्यधिक अंधविश्वासों में विश्वास करने के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं और इस तरह की रणनीति से आसानी से गुमराह हो जाते हैं। युवा इस जागरूकता को फैलाने

में योगदान दे सकते हैं। इस तरह की शिक्षा भी स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए, लेकिन ऐसी भाषा और शैली में जो किसी भी वास्तविक धर्म या आध्यात्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना संवेदनशील तरीके से किशोर के मन को आकर्षित करें। इसके अलावा, ऐसी हानिकारक संचार प्रथाओं को रोकने और प्रबंधित करने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप कार्यक्रमों को विकसित करने में अनुसंधान किया जा सकता है ताकि बुराड़ी सामूहिक मानव वध जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बचा जा सके।

References

Barlow, D. H., Durand, V. M., Lalumière, M. L., & Stewart, S. H. (2014). Abnormal psychology. W. Ross MacDonald School Resource Services Library.

Burari Deaths: Notes In Family Registers Say They May Not See Next Diwali. (2018, July 11). Outlook India. https://www.outlookindia.com/website/story/burari-deaths-notes-in-family-registers-say-they-may-not-see-next-diwali/313332

Chatters, L. M. (2000). Religion and health: Public health research and practice. Annual review of public health, 21(1), 335-367.

Ellison, C. G., & Levin, J. S. (1998). The religion-health connection: Evidence, theory, and future directions. Health education & behavior, 25(6), 700-720.

Fletcher, S. K. (2004). Religion and life meaning: Differentiating between religious beliefs and religious community in constructing life meaning. Journal of Aging Studies, 18(2), 171-185.

Koenig, H., Koenig, H. G., King, D., & Carson, V. B. (2012). Handbook of religion and health. OupUsa.

Petherick, W. (2017). Cults. In The Psychology of Criminal and Antisocial Behavior (pp. 565-588). Academic Press.

Palayon, R. T., Todd, R. W., &Vungthong, S. (2020). The Language of Destructive Cults: : Keyness Analyses of Sermons. Communication & Language at Work, 7(1), 42–58. https://doi.org/10.7146/claw.v7i1.123251

Ward, D. (2002). Cults and the family. Australian and New Zealand Journal of Family Therapy, 23(2), 61-68.

❒❒❒

मनोवैज्ञानिक विभाग, माता सुंदरी कॉलेज फॉर वुमेन, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली –110002

ईमेल: poojajaggi@ms.du.ac.in व्हाट्सएप मैसेज नंबर –.919899759439 मोबाइल नंबर –.919811161600

भाषा के प्रश्न और काशीनाथ सिंह

—प्रीति पाण्डेय

अर्थात ऐ दुनिया वालो! वह पालना लकड़ी का है जिस पर बचपन में सोए थे। वह गुल्ली—डंडा भी लकड़ी है जिससे खेले थे! वह पटरी भी लकड़ी है जिसे लेकर मदरसा गए थे! ब्याह का मँड़वा और पीढ़ा भी लकड़ी है जिस पर ब्याह रचाया था! सुहाग की सेज भी लकड़ी है जिस पर दुल्हन के साथ सोए थे और बुढ़ापे का सहारा लाठी भी तो लकड़ी है! ऐ दुनियावालों! अंतकाल जिस टिकटी पर मसान जाते हो और जिस चिता पर तुम्हें मिटाया जाता है— सब लकड़ी है! ऐ दुनियावालों! यह संसार कुछ नहीं, सिर्फ लकड़ी का तमाशा है।"[13]

बीज—शब्द : मौलिकता, बेमशक्कत, सपाट, बहुअर्थी, दुरूहता, प्रवाहमयता, धक्कामार, ठसकीली, जिंदादिली, भदेसपन, स्पष्ट बयानबाजी, अश्लील, औघड़ किस्सागोई, मशक्कत, गालियाँ, ऊब, प्रसंगानुकूल।

भाषा और मनुष्य का गहरा रिश्ता है। मनुष्य भाषा के माध्यम से ही अपने विचारों एवं भावों को व्यक्त करता है। व्यक्ति प्रतीकात्मक भाषा के माध्यम से ही एक—दूसरे के प्रति श्रद्धा, प्रेम एवं निष्ठा की भावना प्रकट करता है। भाषा है तो समाज है, समाज है तो भाषा अर्थात् दोनों एक—दूसरे के पूरक हैं। साहित्य की प्रत्येक विधा में भाषा का विशेष महत्त्व है। भाषा ही वह माध्यम है जिसके सहारे लेखक पाठकों के अंतःकरण में प्रवेश करता है। रचनाकार अपने ह्रदय और बुद्धि में आने वाले विचारों और संवेदनाओं को समाज तक पहुँचाने हेतु भाषा नामक सेतु से ही होकर गुजरता है। साहित्यकार के लिए कलात्मक विचारों के साथ—साथ उपयुक्त भाषा एवं सुंदर व सार्थक शब्दों का चयन भी आवश्यक है। रेमंड विलियम्स कहते हैं— "असल में एक लेखक की रचना में, उसके रूप में और भाषा में भी अनुभव और अभिव्यक्ति का संबंध महत्त्वपूर्ण होता है। वही संबंध समाज से लेखक को जोड़ता है।"[1] कथा—लेखन में तो अनुभव और अभिव्यक्ति का संबंध वास्तव में महत्त्वपूर्ण होता है।

भाषा की दुरुहता भावनात्मक एवं प्रवाहशीलता में बाधक तत्त्व है। अतः भाषा सहज और आडंबर विहीन होनी चाहिए, यथा काशीनाथ सिंह की भाषा। श्यामसुंदर दुबे लिखते हैं— "अपने समय और अपनी अभिव्यक्ति की भाषा पा लेने की ईमानदार कोशिश हर अच्छी रचना में होती है। इस भाषा को काशी ने तलाशा है।"[2] काशीनाथ सिंह में कथा—लेखन की अद्भुत क्षमता है, जो कि उनके कथा—साहित्य में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

दरअसल भाषा काशीनाथ सिंह के गद्य—साहित्य की बहुत

बड़ी ताकत है। उनका भाषागत वैशिष्ट्य उनके कथा–लेखन के विकास का प्रतीक है। आनंद नारायण पांडे लिखते हैं– "काशीनाथ सिंह ने बड़ी मशक्कत के साथ बोलचाल की भाषा के विभिन्न रूपों को पहचानकर अपनी कथा भाषा की सर्जना की है।"[3] काशीनाथ सिंह की भाषा प्रवाह की गति हर जगह एक जैसी नहीं है। उनकी भाषा का गतिसूचक यंत्र समय, स्थान एवं परिवेश के अनुसार निरंतर बदलता रहता है। उनकी भाषा की यह गति, प्रवाहमयता तात्कालिक सामाजिक स्वरों के उत्थान–पतन पर निर्भर करती। व्यंग्य उनकी रचना का गहरा आधार–बिंदु है। योगेश देसाई उनकी भाषागत वैशिष्ट्य के संबंध में लिखते हैं–"उनकी भाषा लोक जीवन से सम्पृक्त है, टनाकेदार है। उसमें किसान चेतना है। किसान का व्यंग्य–विनोद उनकी भाषा में मौजूद है। वे सामान्यजनों के बीच उठना–बैठना अधिक पसंद करते हैं। वे चायवाला, पानवाला, रिक्शावाला, खोमचेवाला, मजदूर, किसान, वकील, इंजीनियर और छात्रों के साथ बैठना और उनसे वार्तालाप करना उचित समझते हैं। उनकी भाषा की तल्खी और रवानगी का राज यही है। उनकी भाषा धक्कामार है, ठसकीली है और उसमें सही जगह चोट मारने का खिलंदड़पन है।"[4] पात्रों के परिवेश एवं जीवन–स्तर के अनुकूल कब, कहां, किससे और किस तरह की बात कहलवानी है यह लेखक बखूबी जानता है। कथा–साहित्य की रचनात्मक प्रवृत्ति एवं सामाजिकता के अनुरूप लेखक की भाषा भी गतिमान है।

सूरज पालीवाल काशीनाथ सिंह की भाषा पर टिप्पणी करते हुए लिखते हैं– "मैं उनकी भाषा पर इतना मोहित हुआ जितना एक जमाने में फणीश्वरनाथ रेणु की भाषा पर। एक रचनाकार के पास ऐसी भाषा को जो उसे जहां चाहे तोड़े और जहां चाहे मोड़े, फिर भी वह भाषा बनी रहे– बोली और गाली से अलग ऐसे रचनाकार हिंदी में बहुत कम है। हम या तो नकली भाषा बोलते हैं और लिखते हैं या उस भाषा का ढोंग करते हैं। जो हमारे कहने में ही नहीं हैं, जो हमारे इशारे पर नहीं नाचती और हमारे बिना कहे बोलती नहीं है।"[5] काशीनाथ सिंह की भाषा हमारे परिवेश के इर्द–गिर्द घूमती हुई सरल एवं सहज भाषा है। उनका लेखन आम आदमी के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक यथार्थ से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। जिस परिवेश और जिस प्रकार का लेखन वो करते हैं, उनमें बनावटीपन की कोई जगह नहीं है। जिस समस्या, परिवेश, स्थान और समय से टकराती हुई उनकी रचना सामने आती है, उनकी भाषा उसी रंग में खुद को ढाल लेती है। यही कथाकार की रचनात्मक भाषा की विशेषता उन्हें अन्य समकालीन कथाकारों में विशिष्ट स्थान प्रदान करती है।

काशीनाथ सिंह ने अपने कथा–लेखन में बनारसी लहजे वाली आम–बोलचाल की सहज भाषा का प्रयोग किया है, जिसमें कहीं–कहीं यथा प्रसंग अश्लील शब्दों का प्रयोग भी हुआ है। सर्वाधिक विवादित रचना रही 'काशी का अस्सी' का उद्धरण दृष्टाव्य है– "एक अपरिचित और दूसरे परिचित स्वर के बीच संवाद– 'ई कौन है बे', लेखक है भोसड़ी के', 'लिखता क्या है?', 'हमारी झाँट। जो हम बोलते हैं, वही टीप देता है।', 'अरे, वही तो नहीं देख तमाशा लकड़ी वाला?' हां वही। देखो तो कितना शरीफ, लेकिन हरामी नंबर एक।"[6] ये अश्लील कहे जाने वाले शब्द वास्तव में बनारस की आम–बोलचाल में सामान्यतः हंसी–मजाक एवं वैचारिक संवादों में

सहज ही प्रयोग किए जाते हैं।

काशीनाथ सिंह पर अश्लील शब्दों के प्रयोग हेतु लगाए गए आरोप पूर्णतः निराधार है, क्योंकि यह अश्लील शब्द कथाकार की मात्र अपनी शब्दावली ना होकर संपूर्ण बनारस की सभ्यता एवं संस्कृति में रची–बसी है। 'काशी का अस्सी' का यह उद्धरण उन सभी शंकाओं का समाधान है, जो काशीनाथ सिंह को अश्लील शब्दों का प्रयोगकर्ता मानते हैं– "धक्के देना और धक्के खाना, जलील करना और जलील होना, गालियां देना और गालियां पाना औघड़ संस्कृति है। अस्सी की नागरिकता के मौलिक अधिकार और कर्तव्य हैं। इसके जनक संत कबीर रहे हैं और संस्थापक औघड़ कीनाराम। चंदौली के एक गांव से नगर आए एक अप्रवासी संत। अस्सीवासी उसी औघड़ संस्कृति की जायज–नाजायज औलादें हैं। गालियां संस्कृति की राष्ट्रभाषा है, जिसमें प्यार और आशीर्वाद का लेन–देन होता है।"[7] समकालीन लेखक व पाठकगण जिसे काशीनाथ सिंह की भदेसपन से युक्त भाषा कहते हैं, वे यह भूल जाते हैं कि बनारस की गली–मोहल्लों में अश्लील कहे जाने वाले शब्दों का प्रयोग आम–बोलचाल की भाषा में सामान्य तौर पर किया जाता है। कथाकार ने तो केवल बनारस की वास्तविक सभ्यता एवं संस्कृति को उजागर करने हेतु काशी की मूल एवं वास्तविक सभ्यता का प्रयोग अपने कथा–लेखन में जस–का–तस कर दिया है।

काशीनाथ सिंह अपनी मूल भाषा पर पकड़ बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उनकी गद्य–भाषा की विशिष्टता का बखान करते हुए चंपा कुमारी सिंह ने लिखा है–'काशीनाथ सिंह साठोत्तरी कथा–लेखकों की उस पीढ़ी में आते हैं, जिसने पहली बार हिंदी कहानी की भाषा की पवित्रता को तोड़ा। भाषा काशीनाथ सिंह के गद्य की बहुत बड़ी ताकत है। उनकी भाषागत वैशिष्ट्य कहानी और उपन्यास के विकास का प्रतीक है। उस दौर में भाषा में जो मुहावरा कविता बना रही थी, वह काशीनाथ सिंह ने अपनी कहानियों में बनाया। कविता के भाषा की लाक्षणिकता कहानियों में है।"[8] अर्थात लेखक ने अपने गद्य साहित्य में नई मूल्य अभिव्यक्ति के साथ कविताओं, मुहावरों एवं लोकोक्तियों का प्रयोग किया है। व्यंगपूर्ण विनोद के रूप मे औघड़ संस्कृति का प्रयोग निःसंदेह गद्य–साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय है।

काशीनाथ सिंह पूरी सादगी एवं संजीदगी के साथ अपनी भाषा–शैली में एक तरफ अभिजात्य मूल्यों पर बात करते हैं, तो दूसरी तरफ संदर्भ के अनुसार स्थानीय रंगों को भी घुला–मिलाकर प्रस्तुत करने में माहिर हैं। उनके कथा–लेखन में किस्सागोई वाचिक परंपरा का बोध होता है। वह सीधी–सादी व्यंग्यपूर्ण लोक–प्रचलित कथाओं एवं किंवदंतियों से कथा–साहित्य का अपना पूरा ठाठ अविष्कृत करने में सबसे अधिक सफल हुए हैं।

दरअसल काशीनाथ सिंह अश्लील कहे जाने वाले शब्दों का सर्वाधिक प्रयोग 'काशी का अस्सी' उपन्यास में किया है। एक ईमानदार और जिम्मेदार लेखक की हैसियत से उन्होंने उपन्यास के पहले अध्याय की शुरुआत निम्न शब्दों से की है– "मित्रों, यह संस्मरण वयस्कों के लिए है, बच्चों और बूढ़ों के लिए नहीं और उनके लिए भी नहीं जो यह नहीं जानते कि अस्सी और भाषा के बीच ननंद–भोजाई और साली–बहनोई का रिश्ता है। जो भाषा में गंदगी, गाली,

अश्लीलता और जाने क्या–क्या देखते हैं और जिन्हें हमारे मोहल्ले के भाषाविद् 'परम' (चूतिया का पर्याय) कहते हैं, वह भी कृपया इसे पढ़कर अपना दिल ना दुखाए।"[9] 'काशी का अस्सी' गद्य में किसी तरह का कोई आवरण नहीं है। काशीनाथ सिंह की भाषा के इसी अनावृत्त रूप के कारण इसे अश्लील कहा गया है।

काशीनाथ सिंह की भाषा में जो व्यंग्यात्मक धार है, नुकीलापन है, वह भाषा संबंधी कट्टर अभिजात्य मानसिकता के प्रति ऊब की उपज है। 'काशी का अस्सी' का उदाहरण दृष्टव्य है– "जिस देश में मुर्दा फूंकने के लिए घूस देना पड़ता हो उसमें सिद्धांत?"[10] आगे काशीनाथ सिंह अस्सी के प्रमुख पात्र राय साहब पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए लिखते हैं– "रायसाहब का गला ही लाउडस्पीकर है और लाउडस्पीकर से निकलते रहते हैं ईट, पत्थर, गोले! बहुतों को उनसे बतियाना अपना मुंह पिटाना लगता है।"[11] दरअसल काशीनाथ सिंह का लोक–जीवन पर्यवेक्षण और ग्रामीण आंचलिक बोलचाल के शब्दों में ध्वनि–विवेकी रूप परिष्कृत रहा है। वह सीधी–साधी व्यंगपूर्ण लोक–प्रचलित कथाओं– किवदंतियों उसे कहानी का पूरा–का–पूरा ठाठ अविष्कृत करने में सक्षम है। वे लिखते है– "जब सौ रचनाकार मरते हैं तब एक आलोचक पैदा होता है।"[12] छात्र–आंदोलन आधारित 'अपना मोर्चा' उपन्यास में व्यंग्यात्मक पात्र 'ज्वान' पर टिप्पणी करते हुए अभिजीत सिंह लिखते हैं– उपन्यास में 'ज्वान' जैसे पात्र का होना अर्न्तविरोधों से व्यक्त होने वाले व्यंग्य की तीक्ष्णता में सहायक है। 'ज्वान' चीजों को हमेशा एक द्वन्द्व–न्याय से देखता है। इससे भाषा में एक नया सा व्यंग्यात्मक तनाव पैदा होता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि कथाकार काशीनाथ सिंह ने बनारस की आम भाषा का प्रयोग करते हुए यथोचित प्रसंगानुकूल व्यंग्यात्मक भाषा का प्रयोग बड़ी ही कुशलता पूर्वक किया है।

काशीनाथ सिंह ने अपने कथा–साहित्य लेखन के बीच–बीच में काव्यात्मक भाषा का प्रयोग कलात्मकता उत्पन्न करने एवं ऊब से बचने हेतु किया है। 'काशी का अस्सी' उपन्यास में व्यक्ति के जीवन में लकड़ी के महत्त्व की ओर इशारा करते हुए लिखते हैं–

"सुनो सुनो ए दुनियावालों
यह जग बना है लकड़ी का
जीते लकड़ी, मरते लकड़ी
देख तमाशा लकड़ी का.

अर्थात ऐ दुनिया वालो! वह पालना लकड़ी का है जिस पर बचपन में सोए थे। वह गुल्ली–डंडा भी लकड़ी है जिससे खेले थे! वह पटरी भी लकड़ी है जिसे लेकर मदरसा गए थे! ब्याह का मँड़वा और पीढ़ा भी लकड़ी है जिस पर ब्याह रचाया था! सुहाग की सेज भी लकड़ी है जिस पर दुल्हन के साथ सोए थे और बुढ़ापे का सहारा लाठी भी तो लकड़ी है! ऐ दुनियावालों! अंतकाल जिस टिकटी पर मसान जाते हो और जिस चिता पर तुम्हें मिटाया जाता है– सब लकड़ी है! ऐ दुनियावालों! यह संसार कुछ नहीं, सिर्फ लकड़ी का तमाशा है।"[13]

'आछे दिन पाछे गए' संस्मरण में काशीनाथ सिंह ने बनारस शहर की विशेषताओं सहित अपनी कर्मभूमि के प्रति लगाव को बड़े ही काव्यात्मक ढंग से प्रस्तुति दी है–

"इसे मजबूरी कहिए या पसंद मैंने अपनी– जीविका के लिए यही शहर चुना!
अखंड हरिकीर्तनओं का शहर!
रात रात कव्वालियों और बिरहा दंगलों का शहर!
कंधे पर लखोटिया लंगोट की पगड़ी बांधे सिर का शहर!
पान की दुकानों के आगे सुबह–शाम गप्पे मारता
और ठहाके लगाता शहर!
गलियों और गालियों, घाटों और मालियों, 'हर हर महादेव'
के नारों और तालियों का शहर!
प्राणों से प्यारा शहर
दुनिया में न्यारा शहर
आंखों का तारा शहर
मस्ती का मारा शहर
हाय हाय हमारा शहर!

'हाय–हाय' इसलिए कि यह शहर भी था और एक भारी–भरकम ओखल भी, जिसमें अपनी मर्जी से अपना सिर डाले हुए सारा जीवन पड़ा रहा!"[14]

विस्तृत कथ्य को सूक्ष्म रूप में नारे एवं सूक्तियों के माध्यम से कथाकार ने अपने गद्य–लेखन में कसावट उत्पन्न की है।

"ठाकुर बुद्धि, यादव बल झंडू हो गया, जनता दल.
राम लला हम आएंगे मस्जिद वहीं बनाएंगे (मंदिर की जगह)
पाउच नहीं, दूध चाहिए बनिया नहीं अहिर चाहिए.
अबकी बारी, अटल बिहारी.
पत्थर रखो छाती पर मोहर मारो हाथी पर."[15]

काशीनाथ सिंह का गद्य लेखन सूक्तियों एवं उद्धरणों से भरपूर है। लेखन के बीच–बीच में सूक्तिपरक वाक्यों का सटीक प्रयोग उनकी भाषागत कसावट को दर्शाता है। कम शब्दों में प्रभावी ढंग से कहना उनकी भाषा की विशेषता रही है, जिसके लिए उन्होंने यथोचित स्थानों पर ही सूक्तिपरक वाक्यों का प्रयोग किया है। यहां पर कुछ सूक्तियों के उदाहरण दृष्टव्य है–

"धांधलियाँ विश्वविद्यालय का चरित्र है।"[16]

"भ्रष्टाचार लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन है।"[17]

"सिद्धांत सोने का गहना है।"[18]

"मैं तुम दोनों के चरम सुख का वरदान थी।"[19]

"गेहूं के सिर्फ दो उपयोग थे– शादी–ब्याह और श्राद्ध।"[20]

"जिसका कोई घर नहीं होता, या तो उसका कुछ नहीं होता या उसकी पूरी दुनिया होती है।"[21]

राजनीतिक नारे एवं सूक्तिपरक का प्रयोग लेखक ने चरित्र के भावों को अभिव्यक्त करने हेतु

किया है। इनके प्रयोग से लेखक ने कथ्य को रोचकता एवं शिल्प को मजबूती प्रदान की है। काशीनाथ सिंह की भाषा सदैव एक चरित्र का रूप धरकर सामने आती रही है। "उपसंहार में विषय की मांग के अनुसार (संभवतः पहली बार) उनकी भाषा सांस्कृतिक आस्वाद से गुजरती है। 'मितकथन' इसकी विशेषता है और 'अमित अर्थ' उपलब्धि।"[22] हालांकि उपसंहार उपन्यास में संस्कृत श्लोक का यथावत प्रयोग न करके उनके अर्थो का साहित्यिक तुकबंदी के साथ प्रयोग लेखक ने किया है–

"जैसे कर्म में ही फल छिपा रहता है, वैसे ही
जीवन में भी मृत्यु छिपी रहती है।"[23]

काशीनाथ सिंह हिंदी की साठोत्तरी पीढ़ी के कथाकारों में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। भाषा सदैव उनके लिए जीती–जागती, जिंदा चीज रही है। 'बनारस की बानी और गंगा का पानी' उनके लेखकीय व्यक्तित्व में समाया हुआ है। भाषा उनके गद्य की बहुत बड़ी ताकत है, जिसका उपयोग कब, कैसे और कहाँ किस रूप में किया जाए यह उनकी लेखकीय साधना का आवश्यक अवयव रहा है। 'हिंदी भाषा में क्रियाओं के प्रयोग' विषय पर शोध–कार्य करते हुए उन्हें यह अनुभव हो गया था कि 'भाषा हमारी तरह एक जीवित सावयव प्रक्रिया है, जिसके भीतर फैले हुए संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अवयव वगैरह स्नायु–जाल की तरह है। यदि वे वाक्य में आएँ तो इनका निजी अर्थ और अस्तित्व होना ही चाहिए, उनका फालतू या बेजा इस्तेमाल कुछ वैसा ही अपराध है, जैसे बिना जरूरत के किसी आदमी को कहीं खड़े रहने का उपदेश देना। काशीनाथ सिंह की रचनाओं के भीतर से गुजरने वाला कोई भी विवेकशील पाठक यह स्वीकार करेगा कि उन्होंने अपनी शक्ति भर इस प्रतिज्ञा का निर्वहन किया है।' बड़ी मशक्कत के बाद काशीनाथ सिंह ने बनारस की बोलचाल की भाषा के विभिन्न रूपों की पहचान कर अपनी कथा–भाषा की सर्जना की है। बासी–तिवासी, सरपोटना, प्यौना–चकत्ती, फींचना, सबुनाना, अगोरना, कल्ला फूटना, तेल चिपोरना, न्योता–हंकारी, अहरा–भौरीं, बुड़बक जैसे शब्द उनके कथा–साहित्य में आसानी से मिल जाएँगे।

उनकी बनारसी लहजे वाली भाषा की मौलिकता एवं जीवंतता का राज इन्हीं शब्दों में छिपा हुआ है। ऐसा नहीं है कि 'काशीनाथ सिंह ने केवल शब्द प्रयोग के क्षेत्र में ऐसा किया हो। उनकी पूरी भाषा, सारा वाक्य–विन्यास, हिंदी की बोलचाल की प्रकृति को ध्यान में रखकर निर्मित किया गया है। अपनी रचनाओं के संवाद को वे इस प्रकार नियोजित करते हैं कि उससे उनका पूरा परिवेश, व्यक्तित्व और संस्कार हमारे सामने उद्‌भाषित हो उठते हैं।' काशीनाथ सिंह की रचनाओं में जितनी तरह के पात्र हैं, उतनी ही तरह के अंदाज वाली भाषा, शैली व वाक्य–विन्यास हैं। वे मुख्यतः ठेठ बनारसी ठाठ के कथाकार हैं, जिनकी कथा–भाषा जन–भाषा के अत्यंत निकट जान पड़ती है। उनकी भाषा ऊपर से सपाट पर भीतर से बहुअर्थी है।

काशीनाथ सिंह ने अपनी कथा–साहित्य में प्रतीकों का बेहतरीन इस्तेमाल किया है। चूँकि वे रोजमर्रा की घटनाओं को केंद्र में रखकर लेखन–कार्य करते हैं, इसी कारण वे प्रतीकों के प्रचलित रूपों व अर्थों के अलावा नये प्रतीकों का प्रयोग करते नजर आते हैं। इन प्रतीकों के

उपयोग से कथाकार की लेखनी को पैनापन तो मिला ही, टेक्स्ट को अर्थवेत्ता भी मिली है। 'सूचना' कहानी में उन शोषक वर्गों पर प्रतीकात्मक प्रहार किया गया है, जो ना केवल हमारे समाज बल्कि पूरे देश के लिए नासूर बन गए हैं– "उसकी आंखें फैली हैं, मुंह खुला है और गोश्त की मोटाई को मापते चाकू का सिरा छाती के बीचों–बीच उभरा है, जिस पर बैठने के लिए मक्खियां आपस में मर–कट रही हैं। समूचे धड़ पर इतनी अधिक मक्खियां भनभना रही हैं, जैसे वहां पानी से तर कोई चीनी का बुरा हो। उसके दो सुनहले दाँतों से बंधी हुई जबड़े के बराबर एक दफ्ती खड़ी है, जिस पर सुर्ख हर्फो में लिखा है 'कृपया मक्खियां उड़ाने की हिम्मत ना करें वह भूखी हैं।"[24]

इसके अलावा उनकी कुछ ऐसी कहानियां भी हैं, जो पूर्ण रूप से प्रतीकात्मक रूप में लिखी गई हैं 'पहला प्यार' सदी का 'सबसे बड़ा आदमी' 'लोग बिस्तरों पर', 'जंगलजातकम्' आज कहानियां संपूर्णतः है प्रतीकात्मक यथार्थपरक अब दृष्टिगोचर होती हैं। काशीनाथ सिंह की रचनात्मक प्रभावशीलता में उनकी बिम्बात्मक भाषा का महत्त्वपूर्ण योगदान होते हुए भी आमतौर पर वे ऐन्द्रिक प्रयोग से बचते दिखाई पड़ते हैं। 'रेहन पर रग्घू' में वे लिखते हैं–"आकाश साफ था। आधा आंगन चांदनी में था, आधा उसकी छाया में। चाँद सीधे रघुनाथ के चेहरे को देख–देख कर मुस्कुरा रहा था। उसके जल्दी खिसक जाने की उम्मीद कर रहे थे लेकिन वह अपनी जगह से हटने का नाम नहीं ले रहा था। वे उसे एकटक देखते रहे और उन्हें अब लगने लगा– जैसे चाँद दर्पण हो और उसमें दिखाई पड़ने वाले धब्बे उन्हीं के चेहरे की झाइयाँ! गांव के छोरे से पार से ही शुरू हो जाते थे ईख और अरहर के खेत जहां से सियारों ने एकसाथ हुआँ–हुआँ शुरू किया।"[25] भाषा के माध्यम से कथाकार के विचार, भाव एवं उसकी दृष्टि के बारे में पता चलता है। बिम्बात्मक भाषा के प्रयोग का उचित तरीका पूरी कथा की संरचना के बारे में सही रूप से प्रसिद्धि दिलाने में सक्षम है।

साठोत्तरी कथाकारों में अग्रणी काशीनाथ सिंह 'काशी का अस्सी' में एक साथ अनेक गूँथे हुए प्रसंगों, अनेक संश्लिष्ट मूल्यों, बोधों तथा अंतर्विरोधों को सूक्ष्मता, सांकेतिकता, व्यंग्यात्मक एवं काशी के अस्सी घाट समेत वहां की सभ्यता एवं संस्कृति से पाठकों को अवगत कराया है। आंचलिक शिल्प–विधान में वातावरण को सघन बनाने के लिए कथ्य के अनुकूल भाषा का विन्यास लेखक के लिए आवश्यक हो जाता है, जिसका काशीनाथ सिंह ने बखूबी निर्वहन किया है– "तो, सबसे पहले इस मुहल्ले का मुख्तसर–सा बायोडाटा–कमर में गमछा, कंधे पर लंगोट और बदन पर जनेऊ–यूनिफॉर्म है अस्सी का!...... 'हर हर महादेव' के साथ 'भोसड़ी के' नारा इसका सार्वजनिक अभिवादन है!... जो मजा बनारस में, न पेरिस में न फारस में'। है इसका।. 'गुरु' यहां की नागरिकता का 'सरनेम' है। ना कोई सिंह, ना कोई पांडे, ना जादो ,ना राम! सब गुरु! जो पैदा भया, वह भी गुरु, जो मरा वह भी गुरु!"[26]

काशीनाथ सिंह ने अपने कथा–साहित्य में भाषा के साथ शिल्प को भी महत्त्वपूर्ण माना है। उन्होंने अपनी भाषा के माध्यम से खुद को तो परिभाषित किया ही है, साथ ही लोक–चेतना में अपनी आत्म–चेतना का विलय करके वे समाज को भी परिभाषित करने में सफल रहे हैं।

काशीनाथ सिंह की कथा–भाषा की महत्ता बताते हुए आनंद नारायण पांडे लिखते हैं– "भाषा की धुरीहीनता के इस जमाने में काशीनाथ सिंह जैसे रचनाकार का होना हिंदी के लिए बहुत ही सौभाग्य पूर्ण है। नई पीढ़ी के लेखकों से मेरा आग्रह है कि वह हिंदी भाषा की प्रकृति और सौन्दर्य से परिचित होने के लिए, अच्छी हिंदी की पहचान के लिए, हिंदी लिखना सीखने के लिए भी उन्हें अवश्य पढ़ें।"[27] निष्कर्ष हम कह सकते हैं कि काशीनाथ सिंह के कथा साहित्य में भाषा और शिल्प का अत्यंत सुंदर प्रयोग हुआ है आप के कथा साहित्य में प्रयुक्त भाषा बनावटी पन से परे है और सिर्फ प्रयोग सटीक है इस मायने में काशीनाथ सिंह समर्थ कथाकार होने के साथ–साथ अपने समकालीन कथा कारों में अपना स्थान बनाए हुए हैं।

संदर्भ ग्रंथ–सूची

1. सिंह, कामेश्वर प्रसाद. कथा शिखर काशीनाथ सिंहय पृष्ठ 362.
2. सिंह, कामेश्वर प्रसाद. कथा शिखर काशीनाथ सिंहय पृष्ठ 350.
3. सिंह, कामेश्वर प्रसाद. कथा शिखर काशीनाथ सिंहय पृष्ठ 342–345.
4. देसाई, योगेश. गरबीली गरीबी के कथाकार काशीनाथ सिंहय पृष्ठ 247.
5. जगताप, रमेश. काशीनाथ सिंह का कथा साहित्यय पृष्ठ 119.
6. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 53.
7. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 38.
8. सिंह, चंपा कुमारी. समकालीन समीक्षा के धरातलय पृष्ठ 223.
9. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 11.
10. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 25.
11. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 28.
12. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 19.
13. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 31.
14. सिंह, काशीनाथ. आछे दिन पाछे गएय पृष्ठ 22.
15. मोहन, संपादक. आशुतोष काशी का अस्सी पाठ पुनरूपाठय पृष्ठ 24.
16. मोहन, संपादक. आशुतोष काशी का अस्सी पाठ पुनरूपाठ य पृष्ठ 45.
17. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 34.
18. सिंह, काशीनाथ. काशी का अस्सीय पृष्ठ 34.
19. सिंह, काशीनाथ. महुआ चरितय पृष्ठ 55.
20. सिंह, काशीनाथ. महुआ चरितय पृष्ठ 318.
21. सिंह, काशीनाथ. आदमी नामाय पृष्ठ 121.
22. सिंह, काशीनाथ. उपसंहारय फ्लैप कवर से.
23. वही, 108.
24. सिंह, काशीनाथ. कहनी उपखानय पृष्ठ 149.
25. सिंह, काशीनाथ. रेहन पर रग्घूय पृष्ठ 55.
26. शर्मा, प्रदीप कुमार. हिंदी उपन्यासों का शिल्प विधानय पृष्ठ 214.
27. सिंह, कामेश्वर प्रसाद. कथा शिखर काशीनाथ सिंहय पृष्ठ 345.

❑❑❑

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड–492013

मो–9131071726 ईमेल– pritipandey301187@gmail.com

भाषा का प्रश्न और प्रवासी साहित्य

—जगबीर सिंह

21वीं सदी विज्ञान का युग है। इसमें विश्व में त्वरित गति से परिवर्तन देखो जा रहे हैं। भूमंडलीकरण के औजार बाजार और मीडिया ने ना सिर्फ हिंदी को बल्कि अपनी देहरी तक सीमित अन्य भाषाओं को भी विस्तार देने का काम किया है। हिंदी भाषा ने भी अपने गतिशीलता बनाए रखी है। हिंदी सत्ता की नहीं बल्कि प्रारंभ से ही जनता की भाषा रही है। इसका विकास राजाओं के दरबारों में नहीं बल्कि जनता के ह्रदय में हुआ है।

भाषा विचार विनिमय एवं अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन है। इसके माध्यम से तत्कालीन समाज की समस्याओं व स्थिति का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। भारत बहुभाषिक व बहु सांस्कृतिक देश है। इसके संबंध में कहा गया है कि 'कोस कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी'। भारत भाषाओं का अजायबघर है। आज हिंदी भाषा आसपास के देशों तक सीमित नहीं रही बल्कि वैश्विक स्तर पर अपना परचम लहरा रही है। हिंदी भाषा मात्र साहित्य और विचार की भाषा का माध्यम न होकर सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की भाषा बन गई है। यह भाषा विदेशों में रह रहे लोगों के प्रवास की संस्कृति, संस्कार एवं उस भू–भाग से जुड़े लोगों की स्थिति से अवगत करवाने का कार्य कर रही है। प्रवासी साहित्य ने हिंदी को नई जमीन प्रदान की है। प्रवासी साहित्य हिंदी भाषा और भारतीय संस्कारों की परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का कार्य कर रहा है। वास्तव में हिंदी प्रवासी साहित्य को अलग प्रकार से न देखकर हिंदी की ही एक शाखा के रूप में देखा जा सकता है। प्रवासी साहित्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी साहित्य को पुष्पित और पल्लवित कर रहा है। इसलिए प्रवासी साहित्य को अलग करके देखने की बजाय उसे हिंदी की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

भाषा का प्रश्न और प्रवासी साहित्य

भाषा शब्द की उत्पत्ति भाष् धातु से हुई है। भाषा का अर्थ है बोलना, कहना, कुछ बताना। वास्तव में लोग व्यवहार में जिस बोलचाल का प्रयोग करते हैं वही भाषा कहलाती है। भाषा वह साधन है जिसके माध्यम से हम अपने विचारों एवं भावों को एक दूसरे तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। डॉ. बाबूराम सक्सेना के अनुसार 'जिन ध्वनि चिन्हों द्वारा मनुष्य परस्पर विचार विनिमय करता है उनको समष्टि रूप में भाषा कहते हैं।'[1] मानव शुरुआत में अपने भावों को समझाने के लिए संकेतों का प्रयोग करता था लेकिन धीरे–धीरे मानव सभ्यता के

विकास, शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान से भाषा के ये संकेत बदलते गए। भाषा के माध्यम से ही समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। इसके माध्यम से ही तत्कालीन समाज की समस्याओं व स्थिति का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी भाषा अपने समाज और संस्कृति की पहचान होती है। अपनी भाषा के बिना कोई भी देश अपने सहज अस्तित्व को खो सकता है। भाषा के माध्यम से ही देश में जीवंत प्राण फुंके जा सकते हैं। भाषा जोड़ती है संस्कृतियों को, देश को, युगों को।

भारत में भाषिक विविधता

भारत एक बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक तथा बहुभाषी देश है। यहां के बारे में एक कहावत प्रसिद्ध है ,'कोस–कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी'[2] इसलिए भारत को भाषाओं का अजायबघर कहा जाता है। भाषिक संरचना की दृष्टि से देखें तो प्रत्येक प्रांत की अपनी भाषा या बोली है जैसे पंजाबी, हरियाणवी, तमिल ,तेलुगू, कन्नड़, मराठी आदि। भाषिक विभिनता के साथ–साथ खानपान, पहनावा संस्कृति, भूगोल आदि के रूप में विभिन्नताएं हमारे देश में प्रचुर मात्रा में मिलती है। विभिनता में एकता हमारे राष्ट्र की प्रमुख धरोहर है।

एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 1600 मातृ भाषाएं प्रचलन में हैं, जिनमें 121 भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें भारत में 10000 या उससे ज्यादा लोग बोलते हैं तथा उनमें से 58 भाषाओं को तो स्कूलों में पढ़ाया जाता है। भाषाओं के इसी सागर में से भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 मुख्य बोलियों को भाषा के रूप में मान्यता दी गई है। आज हिंदी भाषा राजभाषा के तौर पर अपना निर्वहन करते हुए संपूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

21वीं सदी विज्ञान का युग है। इसमें विश्व में त्वरित गति से परिवर्तन देखे जा रहे हैं। भूमंडलीकरण के औजार बाजार और मीडिया ने ना सिर्फ हिंदी को बल्कि अपनी देहरी तक सीमित अन्य भाषाओं को भी विस्तार देने का काम किया है। हिंदी भाषा ने भी अपने गतिशीलता बनाए रखी है। हिंदी सत्ता की नहीं बल्कि प्रारंभ से ही जनता की भाषा रही है। इसका विकास राजाओं के दरबारों में नहीं बल्कि जनता के ह्रदय में हुआ है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी संपूर्ण भारतवर्ष को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य तथा आजादी की लड़ाई को धार देने में अहम भूमिका हिंदी भाषा की रही है। हिंदी भाषा मात्र भाषा या संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हम भारतीयों की पहचान है, हमारा अस्तित्व और शान है। हिंदी भाषा आज साहित्य और विचार की भाषा मात्र का माध्यम न होकर सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की भाषा है। हिंदी भाषा आज केवल भारत या उसके कुछ पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं रही है बल्कि इसके फलक ने वैश्विक विस्तार प्राप्त किया है।

हिंदी भाषा व प्रवासी साहित्य

शब्दकोश के अनुसार प्रवासी शब्द का अर्थ–

संस्कृत की वस् धातु से शब्द बना है वास जिसका अर्थ है कहीं पर रहना, निवास करना। वास में 'प्र' उपसर्ग लगने से बना प्रवास शब्द का अर्थ है विदेश गमन, विदेश में बसना, प्रदेश

में रहना। किसी दूसरे देश की धरती पर निवास करने वाला व्यक्ति प्रवासी कहलाता है। प्रवासी साहित्य का उद्‌भव और विकास इंडियन डायसपोरा से हुआ है जिसका अर्थ है वह बिखरी हुई आबादी विशेषकर अलग–अलग भौगोलिक क्षेत्रों में जा बसी है। वास्तव में अपने वतन से दूर रहकर जो लेखन कार्य किया जाता है उसे प्रवासी साहित्य कह सकते हैं।

परिभाषाः–

डॉ. रामदरश मिश्र के अनुसार, 'प्रवासी साहित्य' ने हिंदी को नई जमीन दी है और हमारे साहित्य का दायरा दलित विमर्श और स्त्री विमर्श की तरह विस्तृत किया है।'[3]

राजेंद्र यादव के अनुसार, 'विदेशों में जो लोग साहित्य की रचना कर रहे हैं वह हमेशा दोहरी पहचान में बंधे रहते हैं, जो न तो यहां की और न वहां की जिंदगी में हस्तक्षेप कर पाते हैं।'

प्रवासी साहित्य के मूल रूप से दो आधार हैं–

प्रथम, गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों की दूसरी पीढ़ी का लेखन है जो अपने पूर्वजों की पीड़ा को भुला नहीं पाए और उस दर्द को कहानी, उपन्यास और कविता के माध्यम से व्यक्त किया।

दूसरा – उन भारतीय लोगों का है जो जीविकोपार्जन व सुख सुविधा की चाह में विदेशों में तो बस गए लेकिन अपनी भाषा, संस्कृति और समाज की संवेदना को जीवित रखने के लिए लेखन कार्य शुरू किया।

हिंदी भाषा : प्रवासी साहित्य का विस्तार

प्रवासी साहित्य भारत से अपनी संस्कृति, भाषा और समाज से कटकर जीविकोपार्जन के लिए विदेशों में संघर्ष करते रहे भारतीयों की मनोदशा और आंतरिक पीड़ा को व्यक्त करता है। इसका अपना एक वैशिष्ट्य है जो उसकी संवेदना, परिपक्व जीवन दृष्टि और परिवेश में दिखाई पड़ता है। पराए देशों में पराए होने की अनुभूति और उस अपरिचित परिवेश में समायोजन के प्रयास, नॉस्टैल्जिया (घर की याद या अतीत के परिवेश में विचरना), सफलता और असफलताओं को प्रवासी साहित्य का आधार माना जा सकता है। इनके साहित्य में प्रेम, राग–विराग जैसी संवेदनाओ की अभिव्यक्ति उसी प्रकार से दिखाई देती है जैसी सामान्य भारतीय साहित्य में। इनके साहित्य में जिन देशों में यह रह रहे हैं उनकी माटी की गंध वहां की जीवन शैली के साथ साथ दो संस्कृतियों के संकरीकरण एवं आत्मसातीकरण, सांस्कृतिक अलगाव, सामाजिक विच्छेदन, अतीत की स्मृतियों और उत्तर औपनिवेशिक गाथा का सम्मिश्रण दिखाई देता है। अलग प्रकार की बेचैनी और अकुलाहट के साथ अलग प्रकार की संवेदना इनके साहित्य में दृष्टिगोचर होती है। भले ही प्रवास की गतिविधियों एवं संस्कृतियों ने प्रभावित किया हो लेकिन इनका हृदय भारत से उसी प्रकार जुड़ा रहा जिस प्रकार से श्री 420 फिल्म में राज कपूर जी कहते हैं –

मेरा जूता है जापानी,
यह पतलून इंगलिस्तानी,

सर पे लाल टोपी रूसी,

फिर भी दिल है हिंदुस्तानी।

हिंदी प्रवासी साहित्य व उसके साहित्यकारों का योगदान

अभिमन्यु अनत

आधुनिक काल में मॉरीशस के अभिमन्यु अनंत ने साहित्य के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उनके 32 उपन्यास, 7 कहानी संग्रह तथा अनेक धार्मिक, आर्थिक लेखों का व्यापक प्रकाशन मिलता है। इनके 'लाल पसीना' उपन्यास ने काफी प्रशंसा पाई है। 'लाल पसीना' जैसे उपन्यासों में इन्होंने मारीशस में भारतीयों के जीवन का सजीव चित्रण किया है। इनके अपने कविता संग्रह 'कैक्टस के दांत' में मजदूरों की पीड़ा, उनकी दुर्गति, उनका शोषण, अत्याचार व सामाजिक विषमताओं का चित्रण किया है। इन्हें मॉरीशस का प्रेमचंद कहा जाता है।

नरोत्तम पांडेय

90 के दशक में बिहार के बक्सर जिले से इंग्लैंड (यूके) में जाकर बसने वाले नरोत्तम पांडेय के उपन्यास 'जो नहीं लौटे' में गिरमिटिया बन कर गए मजदूरों की व्यथा पीड़ा को दिखाया गया है। वहीं 'बाबा की धरती' में बिहार प्रदेश की आंचलिकता के दर्शन देखने को मिलते हैं।

सुधा ओम ढींगरा

प्रवासी साहित्यकारों में सुधा ओम ढींगरा का नाम बड़े आदर से लिया जाता है। सुधा जी ने 'कौन सी जमीन अपनी' कहानी संग्रह से साहित्य के क्षेत्र में जगह बनाई। अमेरिका में रहने वाले मंजीत सिंह अपनी पत्नी मनविंदर के साथ नवांशहर पंजाब में रहने वाले अपने भाई के पास बार–बार पैसे भेजता है जो उस पैसे से जमीन खरीद लेता है। जब मनजीत सिंह अमेरिका से आकर अपने हक की बात करता है तो रात में ही उसका भाई उसे मरवाने की योजना बनाता है। मंजीत सिंह आने वाले खतरे को भांप कर वहां से चल देता है चलते वक्त अपनी पत्नी से पूछता है कि 'जान नहीं पा रहा हूं कि कौन सी जमीन अपनी है'।[4] 'टॉरनेडो' कहानी भारत की याद और उसकी खुशबू की कहानी है। जबकि 'क्षितिज से परे' कहानी में एक प्रताड़ित स्त्री के विद्रोह को दर्शाया गया है। उनकी एक कहानी 'सूरज क्यों निकलता है' को पढ़ते हुए पाठक को सहसा ही प्रेमचंद के घीसू और माधव की याद आने लगे तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी कहानियों की विशेषताओं में आदर्श का संसार है परंतु मूल रूप से वह संसार यथार्थ की जमीन पर खड़ा है।

सुषम बेदी

पंजाब के फिरोजपुर शहर में जन्मी न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाती हैं। इनके 'हवन' तथा 'मैंने नाता तोड़ा' प्रमुख उपन्यास हैं। इनका पहला उपन्यास हवन 1979 साहित्यिक पत्रिका 'गंगा' में धारावाहिक रूप में प्रकाशित हुआ। जिसका बाद में अंग्रेजी तथा उर्दू में अनुवाद हुआ। इसमें विदेशी सभ्यता की भौतिक चमक–दमक से लेकर विदेश जाने वाले व्यक्ति वहां पहुंचकर उल्लास और आनंद को प्राप्त करने के प्रयास में अपने जीवन को कैसे होम कर रहे हैं उनकी मन स्थिति कैसी है, इसका सटीक चित्रण 'हवन' में हुआ है।[5] 'मैंने नाता तोड़ा'

उन नाते रिश्तों के विडंबना पूर्ण सच को उजागर करता है जो चाचा, मामा होकर भी घर में ही स्त्री देह का शोषण करते हैं। 'लौटना' उपन्यास में विदेशी शिक्षा को सदैव ऊंचा तथा भारतीय शिक्षा के स्तर को निम्न मानना जैसी समस्या का वर्णन किया गया है।

उषा राजे सक्सेना

इंग्लैंड में प्रवासी भारतीय के रूप में साहित्य रचना में लगी हुई हैं। ये यूके में हिंदी की त्रैमासिक पत्रिका पुरवाई की सह संपादिका है। इनका हिंदी साहित्य मूल रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता व भाषा के प्रति गहन लगाव के साथ प्रवासी जीवन के अनेक प्रकार के अनुभवों ने भी व्यापक रूप से प्रभावित किया है। कहानी संग्रह 'प्रवास' में कुल 10 कहानियां हैं। इनकी कहानी 'वह रात' बेहद चर्चित कहानी है। एक मां और उसके छोटे बच्चों के साथ कल्याणकारी राज्य की भूमिका पर केंद्रित इस कहानी की मर्मस्पर्शी संवेदना झकझोर देती है।[6]

जोगिंदर सिंह कंवल

ये फिजी के प्रसिद्ध कथाकार हैं। इन्होंने सदैव अपनी रचनाओं में फिजी के जनजीवन को चित्रित करने का प्रयास किया है। इनकी साहित्यिक यात्रा 'मेरा देश मेरे लोग' से हुई थी। श्री कंवल ने सवेरा, करवट, धरती मेरी माता आदि कई उपन्यासों की रचना की। इनके उपन्यासों में भारतीय लेखक मुंशी प्रेमचंद के समान अत्याचार, शोषण तथा अपने जीवन के अनुभवों को उकेरा है।

जकिया जुबैरी

लखनऊ में जन्मी जकिया जुबैरी ब्रिटेन की प्रवासी हिंदी लेखिका है। ये यूके की पुरवाई पत्रिका की संरक्षक तथा भारत में प्रवासी सम्मेलन के आयोजन के लिए जानी जाती हैं। जकिया जी का पहला कहानी संग्रह 'सांकल' प्रकाशित हुआ। इसमें स्त्री मन की कशमकश को चित्रित किया गया है। जुबैरी का अपनी कहानियों के माध्यम से जिंदगी की परेशानियों को सुलझाने की तरफ गहरा रुझान है। 'बाबुल मोरा' तथा 'मारिया' जैसी कहानियां उन्होंने जिंदगी के यथार्थ से उठाई हैं। जिनमें व्यथा से ज्यादा घृणा, चाहत से ज्यादा घिन, मजबूरी से ज्यादा भटकाव नजर आता है। 'मेरे हिस्से की धूप' कहानी हमारी और आपकी परखी हुई सी लगती है।

नीना पाल

हरियाणा के अंबाला शहर में जन्मी नीना पाल ने तीन उपन्यास रिहाई, तलाश और कुछ गांव–गांव कुछ शहर–शहर लिखे हैं। 'अठखेलियां' तथा 'शराफत विरासत में नहीं मिलती' कहानी संग्रह तथा 'वैश्विक कहानियों का संपादन' किया। कुछ गांव–गांव कुछ शहर–शहर उपन्यास में इंग्लैंड के लेस्टर शहर के बनने की कहानी के साथ–साथ गुजरातियों के यहां जमने और संघर्ष करने को दिखाया गया है। इस उपन्यास में गुजराती परिवार की तीन पीढ़ियों का संघर्ष दिखाया है जो गुजरात से युगांडा और युगांडा से लेस्टर पहुंचे हैं।[7]

प्रोफेसर हरिशंकर आदेश

प्रोफेसर हरिशंकर आदेश प्रवासी हिंदी लेखक, कवि एवं संगीतकार हैं। आदेश जी ने अनेक महाकाव्यों की रचना की। उनकी लगभग 350 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

उनके प्रमुख महाकाव्य शंकुतला, देवी सावित्री, महारानी दमयंती, रघुवंश शिरोमणि तथा ललित गीत रामायण हैं। खंडकाव्य जिनकी संख्या लगभग 30 है में महाभारत कथा, देवी उपाख्यान, शवदहन स्थान, जन गीता, पिछली सुधियां आदि प्रमुख हैं। प्रोफेसर आदेश त्रिनिडाड में भारत के सांस्कृतिक दूत नियुक्त हुए थे, उसके बाद वह वहीं के होकर रह गए। उन्होंने कनाडा, अमेरिका व त्रिनिडाड के मिनिस्टर ऑफ रिलीजन, भारतीय विद्या संस्थान के महानिदेशक, श्री आदेश आश्रम त्रिनिडाड के कुलपति, ज्योति एवं जीवन ज्योति त्रैमासिक पत्रिका के प्रधान संपादक तथा वर्ष विवेक एवं अंतरिक्ष समीक्षा के संपादक जैसे महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू समाज अमेरिका तथा विद्या मंदिर कनाडा के आध्यात्मिक गुरु, स्वतंत्र साहित्यकार के रूप में भी उन्होने समाज को सेवाएं अर्पित की।

वर्तमान में देश–विदेश में प्रवासी हिंदी साहित्य

जिस प्रकार तकनीक और सभ्यता के प्रचार प्रसार की गति में तेजी आ रही है उसी प्रकार प्रवासी साहित्य के लेखन में भी गति आ रही है। इन प्रमुख लेखकों के अलावा दक्षिण अफ्रीका में किशुन बिहारी, तुलसीराम पांडे, भावना सिंह, पुर्तगाल में शिव कुमार सिंह, जर्मनी में राम प्रसाद भट्ट, मॉरीशस में बृजेंद्र भगत मधुकर, रामखिलावन, डॉ. वीरसेन जग्गा सिंह, न्यूयॉर्क के डॉ. विजय कुमार मेहता, फ्रांस के पेरिस विश्वविद्यालय की डॉक्टर निकोल बसवी आदि साहित्यकार हिंदी के समर्थन में योगदान दे रहे हैं । इसके अतिरिक्त यूके हिंदी समिति, कृति, कथा, गीतांजलि, भारतीय भाषा संगम (मार्क), हिंदी समिति मेनचेस्टर, विद्या मंदिर टोरंटो, अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विद्या संस्थान और विश्व हिंदी संस्थान जैसी संस्था हिंदी लेखन, शिक्षण और प्रचार–प्रसार को काफी प्रोत्साहन दे रही हैं।

प्रवासी हिंदी कथा साहित्य निश्चित रूप से कथानक, शैली और शिल्प की दृष्टि से भिन्न और विशिष्ट पहचान वाला है। प्रवासी हिंदी कविता भाव, विचार और अभिव्यक्ति की दृष्टि से समृद्धतम आधार लिए हुए है। विषय वैविध्य की दृष्टि से उसका फलक व्यापक और अभिव्यंजना कौशल में उसकी प्रस्तुति बेजोड़ है।[8] प्रवासी साहित्य में भारतीय संस्कारों का आत्मसातीकरण मानवीय संवेदना, मूल्यों की खोज तथा अस्मिता के प्रति जागरूकता का संयोग कदम–कदम पर दिखाई देता है। प्रवासी साहित्य गणना की दृष्टि से ही नहीं बल्कि गुणवत्ता की दृष्टि से भी बेहतर स्थिति में कहा जा सकता है। वास्तव में हिंदी प्रवासी साहित्य तो साहित्य की एक शाखा है और यदि हम इस शाखा को काट देंगे तो हिंदी की जड़े कैसे मजबूत हो सकेंगी। हिंदी भाषा और साहित्य की जड़ें चाहे स्वदेश में हो या प्रदेश में वह मजबूत तभी होंगी जब उसकी शाखाएं फूलवती और फलवती होंगी। वास्तव में हिंदी प्रवासी साहित्य हिंदी के विराट संसार का एक अंग है।

निष्कर्ष

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि हिंदी भाषा की साहित्यिक दुनिया में प्रवासी साहित्यकारों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। हिंदी के प्रवासी साहित्य ने अपना एक संसार रचा जो चाहे छोटा ही था परंतु उसने अलग साहित्य संसार की रचना की जो पूरे विश्व में निरंतर फैलता

गया। साहित्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पल्लवित और पुष्पित करने का श्रेय प्रवासी भारतीयों को जाता है। 'वसुधैव कुटुंबकम' जो हमारी संस्कृति का मूल भाव है वह विदेशियों को बहुत आकर्षित करता है। हिंदी साहित्य का अपना वैशिष्ट्य है जो उसकी संवेदना, जीवन दृष्टि, सरोकार तथा परिवेश में परिलक्षित होता है। प्रवासी हिंदी साहित्य आज 'दूसरी परंपरा' के तर्ज पर दूसरा राजपथ तैयार कर रहा है और सशक्त कदमों से आगे बढ़ रहा है। प्रवासी हिंदी साहित्य हिंदी साहित्य के विशाल वटवृक्ष की समृद्ध और सशक्त शाखाओं में से एक है जो दिन प्रतिदिन अपनी रचना धर्मिता से हिंदी के साहित्य को सघन बनाने के साथ–साथ पाठक वर्ग को प्रवास की संस्कृति, संस्कार एवं उस भू–भाग से जुड़े लोगों की स्थिति से अवगत करवाने का कार्य कर रहा है। यह हिंदी भाषा और भारतीय संस्कारों की परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर रहा है।

संदर्भ सूची

1. डॉ सुरेंद्र शर्मा, राजभाषा हिंदी– कल, आज और कल, आधार प्रकाशन, पंचकूला (हरियाणा) पृष्ठ संख्या–14
2. रघुवीर सिंह मथाना व बाबूराम, हरियाणवी साहित्य का इतिहास ,लक्ष्मण साहित्य प्रकाशन रोहतक, प्रथम संस्करण– 2004, पृष्ठ संख्या 5
3. डॉ.वर्षा गुप्ता ,हिंदी का प्रवासी साहित्य ,लेख– मई 23 ,2021
4. कौन सी जमीन अपनी, डॉ सुधा ओम ढींगरा ,भावना प्रकाशन, 109ए पटपड़गंज, दिल्ली– 110091 5.प्रवासी लेखन, नई जमीन नया आसमान– वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, सं. 2018
5. हवन, सुषमा बेदी, अभिरुचि प्रकाशन ,114 करण गली विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली110025
6. उषा राजे सक्सेना, प्रवासी हिंदी लेखन तथा भारतीय हिंदी, वर्तमान साहित्य, कुंवर पाल सिंह, नमिता सिंह (संपादक) जनवरी–फरवरी– 2006
7. कुछ गांव –गांव कुछ शहर– शहर, नीना पॉल, यश पब्लिकेशन 11848 पंचशील गार्डन न्यू शाहदरा, दिल्ली– 110032
8. डॉ सुधा जितेंद्र, प्रवासी हिंदी साहित्य के प्रमुख चिंतन बिंदु, प्रवासी साहित्य और साहित्यकार, पृष्ठ 26
9. प्रवासी साहित्य संवेदनाओं से भरा, दैनिक जागरण 28 फरवरी 2012विभिन्न पत्र पत्रिकाएं
10. ठन्ना, स्वर्ण लता ,हिंदी के प्रवासी साहित्य की परंपरा, जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका, वर्ष 22, अंक–2, दिसंबर 2016, पृष्ठ संख्या 121
11. अरोड़ा मधु ,प्रवासी साहित्य और चुनौतियां ,प्रवासी संसार, वर्ष 10, अंक दो पृष्ठ 12 (जनवरी–मार्च 2014)
12. कमल किशोर गोयंका प्रवासी साहित्य गवेषणा–, अंक 103, जुलाई – सितंबर –2014, पृष्ठ 11

❒❒❒

तुलसी का कबित विवेक

—डॉ. मलखान सिंह

जिस काव्य के केंद्र में राम का चरित्र हो, वह काव्य संसार का कल्याण करने वाला ही होगा— राम कथा जग मंगल करनी। जो कविता चरित्र निर्माण में सहायक नहीं है, तुलसी उसे उत्तम काव्य नहीं मानते। कोई कितना अच्छा और बड़ा कवि क्यों न हो, उसकी अनूठी रचना तब तक अच्छी नहीं मानी जा सकती जब तक कि उसमे राम जैसा चरित्र न हो—भणिति बिचित्र सुकबि कृत जोऊ। राम नाम बिनु सोह न सोऊ।

विषम स्थितियों में सकारात्मक मनोवृत्तियों के साथ भारतीय जीवन दृष्टि को रूपायित, व्याख्यायित और परिष्कृत करने वाले कवि तुलसी का साहित्य कटुता, निराशा और संकीर्णता से मुक्त करने वाला साहित्य है। तुलसी के अनुसार विचार और उच्चार के सम्यक समन्वय की अभिव्यंजना ही काव्य है। वाणी और विनायक ही लोकमंगलकारी काव्य के कर्त्ता हैं अर्थात वाक् शक्ति की प्रांजलता और उसमें निहित विचारों की उपस्थिति ही कविता का मानक है।

वर्णानामर्थसंघानां रसानां छंदसामपि
मंगलानां च कर्त्तारौ वंदे वाणीविनायकौ।

रामचरितमानस के मंगलाचरण का यह प्रथम श्लोक भारतीय काव्य शास्त्र की परंपरा–"शब्दार्थौ सहितौ काव्यं " के अनुरूप है। शब्द कविता के मर्म उदघाटन में सहायक मात्र होते हैं। तुलसी के यहाँ शब्द सौंदर्य और वस्तु सौंदर्य की अन्तःसंबद्धता ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। उनके अनुसार शब्द और अर्थ उसी प्रकार अभिन्न हैं जैसे जल और जल की लहर– गिरा अरथ जल बिचि सम कहियत भिन्न न भिन्न। भारी भरकम शब्दों के बोझ तले दबी, सिसकती, कराहती कविता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनके अनुसार विद्वान लोग उसी कविता का आदर करते हैं, जो सरल हो, जिसमें निर्मल चरित्र का वर्णन हो तथा जिसे सुनकर शत्रु भी स्वाभाविक वैर को भूलकर सराहना करने लगे—सरल कबित कीरति बिमल सोइ आदरहिं सुजान। सहज बयर बिसराइ रिपु जो सुनि करहिं बखान/अपने समय के समस्त प्रश्नों से टकराने वाली तथा अपने विरोधियों को भी सहमत बना लेने वाली रचना को तुलसी उत्तम काव्य मानते हैं। तुलसी का साहित्य तीनों प्रकार के दोषों (दैहिक, दैविक, भौतिक) दुखों, दरिद्रताओं, कुचालों और पापों से बचाने वाला साहित्य है– त्रिविध दोष दुख दारिद दावन। कलि कुचालि कुलि कलुष नसावन/ तुलसी के अनुसार जो रचना सबको आनंद से भर दे तथा विद्वानों को सुकून प्रदान करे, वही मानक कविता है –बुध विश्राम सकल जन रंजिनि। आनंदविधायनी

कविता को तुलसी लोकमंगल की कविता कहते हैं। उनके अनुसार कविता का मुख्य प्रयोजन लोकमंगल है। तुलसी की कविता, कविता के लिए नहीं है, लोक कल्याण के लिए है – मंगल करनी कलिमल हरनी तुलसी कथा रघुनाथ की। ऐसी कविता विवेक रूपी अग्नि को प्रकट करने वाली लकड़ी अरणि के समान होती है –पुनि बिबेक पावक कहुं अरनि। विवेकवान समाज ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार होता है। विभेदपरक मानसिकता और अन्यायपूर्ण व्यवस्था के स्थान पर सर्वहितकारी रामराज की स्थापना, ज्ञानवान समाज के आधार पर ही की जा सकती है। इसलिए तुलसी भारतीय ज्ञान परम्परा के उज्ज्वल पक्ष को कविता का आधार बनाते हैं तथा सामजिक, धार्मिक और राजनैतिक विकृतियों का विरोध करते हैं । तुलसी संसार के समस्त दुखों का कारण अज्ञानता को मानते हैं । तुलसी का 'मानस' आनंद का विधायी तभी बनता है, जब उसके प्रत्येक सोपान को ज्ञान के नेत्रों से देखा जाये। आँखों में पट्टी चढ़ाकर या अंधभक्त बनकर तुलसी की रचना का आनंद नहीं लिया जा सकता –सप्त प्रबंध सुभग सोपाना, ज्ञान नयन निरखत मन माना अर्थात सात कांड ही इस मानस सरोवर की सात सुंदर सीढ़ियाँ हैं, जिनको ज्ञान रूपी नेत्रों से देखते ही मन प्रसन्न हो जाता है। तुलसी के काव्य का आस्वाद वही ले सकता है जिसका ह्रदय विशाल हो और बुद्धि विमल हो – ह्रदय सिंधु मति सीप समाना.

तुलसी अपनी कविता द्वारा पाठकों को संस्कारित करने वाले रचनाकार थे। वे संसार की अधिकांश समस्याओं– अंतर्विरोधों की वजह कुदृष्टि को मानते हैं। देखने का नजरिया जितना उदार, समग्र और समावेशी होगा, मानवतावादी समाज उतना ही प्रगतिशील होगा। अज्ञानता का अंधकार चाहे जितना घना हो अगर दृष्टि सही है, तार्किक और संवेदनशील है, तो समस्त दुखों और दोषों को दूर किया जा सकता है। आज सूचना विस्फोट का युग है। जानकारी और सूचनाओं के जंगल में भटकने का खतरा बढ़ता जा रहा है। आलोचनात्मक विवेक के विकास की राह में अनेक बाधाएँ और चुनौतियाँ हैं। दिमाग का विस्तार तो खूब हुआ परंतु ह्रदय की सरसता दिनों दिन शुष्क होती जा रही है। मन की आँखों से देखना यानी प्रेम से– अपनत्व से देखना है। तुलसी उसी रचना को श्रेष्ठ मानते हैं जो ह्रदय की आँखें खोल दे –उघरहिं बिमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुख भव रजनी के।। इसलिए तुलसी ह्रदय की आँखें खोलने और दृष्टि दोष को दूर करने वाले कवि हैं। उनके अनुसार उत्तम रचना वही हो सकती है जो नेत्र दोषों को दूर करने वाली नयनामृत के समान हो –नयन अमिय दृग दोष विभंजन।

तुलसी समदर्शी, उदार ,सहिष्णु और संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए प्रेम, शील और ज्ञान पर बल देते हैं। उनके अनुसार ज्ञान से अंहकार और प्रेम से द्वेष को दूर किया जा सकता है। अहमन्यता से मुक्त होकर जब कोई रचनाकार अपनी ग्रहण क्षमता और रचनात्मक क्षमता में वृद्धि करता है, तो वह कालजयी रचनाकार बन जाता है। तुलसी बार–बार अपने को कवित विवेक से शून्य कहकर –कबित बिबेक एक नहिं मोरें ' अपनी रचनाधर्मिता को पांडित्य के अहं से और शास्त्र के दंभ से मुक्त करते हैं तथा मनुष्यता की विस्तृत भूमि 'लोक' को अपनी रचना का आधार बनाते हैं –भाषा भणिति भोरि मति मोरी। उनके अनुसार चिंतन, मनन, अध्ययन और सत्संगति से प्राप्त विवेक, प्रेम के बिना उसी प्रकार असुंदर है जैसे प्राण के बिना शरीर। इसलिए तुलसी के राम को केवल प्रेम प्रिय है– रामहिं केवल प्रेमु पियारा। मनीषी विद्वान मानते हैं कि परहित और त्याग प्रेम के बिना संभव नहीं है। इसलिए भक्तिकाल के सभी कवि अपनी कविता का केंद्रीय तत्त्व प्रेम को बनाते हैं।

जीवन की समस्त चुनौतियों का समाधान करने के लिए विवेकवान, चरित्रवान, कर्मठ, साहसी, समदर्शी और परहितकारी मनुष्य का निर्माण करने वाली कविता को तुलसी उत्तम काव्य मानते हैं। इसलिए वे लोकमंगल के लिए चरित्र निर्माण पर सर्वाधिक बल देते हैं और चरित्र निर्माण का मानक राम को बनाते हैं। राम के गुण समूह कलयुग के कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल, कपट, दंभ और पाखंड को जलाने के लिए वैसे ही हैं जैसे ईंधन के लिए प्रचंड अग्नि।

कुपथ कुतरक कुचालि कलि कपटदंभ पाषंड ।
दहन राम गुन ग्राम जिमि इंधन अनल प्रचंड।

तुलसी के काव्य का मूल विषय 'राम चरित' है। राम का चरित्र उनके गुण, व्यवहार और स्वभाव के आधार पर निर्मित होता है 'राम रूप गुन शील सुभाऊ'। एक ऐसा प्रेरक चरित्र जो न्याय, समानता, सम्मान और कल्याण के लिए अपने युग की विसंगतियों से टकराता है तथा वीरता, धीरता और दृढ़ता के साथ जीवन मूल्यों को अपने आचरण में उतारता है। वह उच्च आदर्शों का व्यावहारिक पाठ बन जाता है। इसलिए श्री रघुनाथ जी के निर्मल चरित्र का वर्णन चारों फलों (धर्म अर्थ काम मोक्ष) को देने वाला है –बरनउ रघुबर बिमल जसु जो दायकु फल चारि। उस चरित्र पर रीझ कर तुलसी गर्व से कहते हैं कि उनकी कविता अनगढ़, भदेस क्यों न हो किन्तु उसका विषय श्रेष्ठ है–भणिति भदेस बस्तु भलि बरनी। तुलसी कहते हैं कि हे ! राम आपके चरित्र को देख–सुनकर मूर्ख लोग मोह को प्राप्त होंगे और ज्ञानीजन सुखी होगें –राम देखि सुनि चरित तुम्हारे। जड़ मोहहि बुध होहिं सुखारे। जो गुणों को आपका और दोषों को अपना समझता हैं दृगुन तुम्हार समुझइ निज दोसा, जो जाति– पांति, धन, धर्म, परिवार, घर के अहं से मुक्त हैं, जिनकी दृष्टि में स्वर्ग, नरक और मोक्ष सब समान हैं, जो कर्म से, वचन से और मन से केवल रामके गुणों के अनुरागी हैं, जो दूसरे की संपत्ति देखकर हर्षित होते हैं और दूसरे की विपत्ति देखकर दुखी होते हैं, जो अवगुणों को छोड़ कर सबके गुणों को ग्रहण करते हैं, राम उसके हृदय में निवास करते हैं – राम करहु तेहि कें उर डेरा। इस प्रकार तुलसी राम नाम मनिदीप द्वारा भीतर और बाहर उजाला करने वाले कवि थे।

राम नाम मनिदीप धरु जीह देहरी द्वार
तुलसी भीतर बाहेर हु जौं चाहसि उजिआर

जिस काव्य के केंद्र में राम का चरित्र हो, वह काव्य संसार का कल्याण करने वाला ही होगा– राम कथा जग मंगल करनी। जो कविता चरित्र निर्माण में सहायक नहीं है, तुलसी उसे उत्तम काव्य नहीं मानते। कोई कितना अच्छा और बड़ा कवि क्यों न हो, उसकी अनूठी रचना तब तक अच्छी नहीं मानी जा सकती जब तक कि उसमे राम जैसा चरित्र न हो–भणिति बिचित्र सुकबि कृत जोऊ। राम नाम बिनु सोह न सोऊ। "तुलसी के काव्य की मूल वस्तु है– लोकमंगलकारी आदर्शों की उपलब्धि। रामचरित मानस इन्हीं आदर्शों की प्रतिष्ठा का परिणाम है। यह आदर्श प्रतिष्ठा ही तुलसी के काव्य का मर्म है। काव्य के तथाकथित उपादान इसकी सौंदर्य वृद्धि में सहायक मात्र हैं। "सुकवि की कविता उत्पन्न कहीं और होती है, शोभा अन्यत्र कहीं पाती है। अर्थात कवि की वाणी से उत्पन्न हुई कविता वहाँ शोभा पाती है जहाँ उसमें कथित आदर्श का ग्रहण और अनुसरण होता है – उपजहिं अनत अनत छवि लहहिं। इस प्रकार तुलसी उच्च मूल्यों– आदर्शों को मनुष्य के आचरण से जोड़ देने वाले कवि हैं, जिससे उनकी रचना 'मंगल भवन अमंगल हारी' करने वाली बन जाती है।

तुलसी की कविता न तो दरबारी रस देने वाली कविता है– जदपि कबित रस एकउ नाहीं और न तो चमत्कृत करने वाली या पांडित्य प्रदर्शन करने वाली कविता है– कबि न होऊँ नहिं बचन प्रवीनू। जब कवि चंद सिक्कों के लालच में बिक जाते हैं तथा झूठ, पाखंड और राजप्रशस्ति के प्रसार का माध्यम बन जाते हैं तब ऐसे रचनाकारों के रचनाकर्म पर सरस्वती जी भी सिर धुन कर पछताने लगती हैं –कीन्हे प्राकृत जन गुन गाना। सिर धुनि गिरा लागि पछिताना / तुलसी वर्ण–वर्ण बेचने वाले सुवर्ण लोभी कवियों के काव्य विवेक को दूर से नमस्कार करते हैं। तुलसी ईमान के साथ जीने मरने वाले कवि थे। यही कारण है कि वे दाने–दाने को तरसते रहे परन्तु लेखनी को सत्ता की शक्ति के सामने झुकने नहीं दिया– तुलसी अब का होइहैं नर के मनसबदार। कुछ पाने का लोभ और कुछ होने का गुरूर व्यक्ति को अंधा बना देता है। विषम विकराल स्थितियों में जीने वाला कवि अपने ईमान से समझौता नहीं करता है। इसलिए तुलसी का रचना कर्म मन को संतोष देने वाला, लोकभाषा में संवाद और समन्वय स्थापित करने वाला है– भाषा बद्ध करब मैं सोई, मोरे मन प्रबोध जेहिं होई। शास्त्रीय भाषा से वैयक्तिक पांडित्य या अहं भले ही तुष्ट होता हो किन्तु जब उद्देश्य लोक कल्याण का हो तो रचना के समस्त उपादानों का लोकमय हो जाना स्वाभाविक है। इसलिए तुलसी की कविता में सुख–दुख, हार–जीत, स्वप्न–संघर्ष, आशा–निराशा के अनेक चित्र पाठकों को सहजता से बांध लेते हैं। ये चित्र लोक के सहज चित्र हैं, कहीं से आरोपित या चिपकाए हुये नहीं।

कोई भी रचनाकर अपने युग के घात–प्रतिघात से निर्मित होता है। उसके युग का सच क्या है? उस सच को देखने की दृष्टि कितनी पैनी और वैज्ञानिक है? युगीन विसंगतियों और अंतर्विरोध ों को पकड़ने में कवि कहाँ तक सक्षम है? उसके रचनात्मक फलक में परिवर्तनकामी चेतना के साथ नवीनता और निरंतरता की स्थिति क्या है? क्या रचनाकार अपने युग के तीखे सवालों से टकराता है ? क्या उसकी रचना अपने पाठकों से संवाद करती है ? इसके साथ–साथ यह देखना और भी जरूरी है कि रचना अपने पाठकों के मस्तिष्क में कितनी नवीन संभावनाओं को जन्म दे पाती है ? कवि के आस–पास आमूलक्रांति की भावना भले न हो परंतु जो नहीं है उसके बीज बो देने वाला कवि ही कालजयी होता है। तुलसी परिवर्तन के बीज बोने वाले कवि हैं। परिवर्तनशीलता और निरंतरता ही तुलसी की रचनाधर्मिता को विशिष्ट बनाती है। असाधारण को साधारण करना, शास्त्र को लोक में और लोक को शास्त्र में उतार देना तुलसी की अप्रतिम रचना शैली का प्रमाण है। भारतीय जीवन मूल्यों को न केवल जिंदा करना अपितु उन्हें निरंतर बनाना ही तुलसी का असाधारण प्रदेय है। नाथों–सिद्धों से कबीर तक जाति–पांति, भेदभाव और धार्मिक आडंबरों का विरोध होता रहा है। लेकिन तुलसी के काव्य में जाति आधारित अपमान की गहरी पीड़ा एक नए विमर्श को जन्म देती है। तुलसी ने जाति के आधार पर किए गए अपमान को संसार का सबसे बड़ा दुख माना है–जद्यपि जग दारुण दुख नाना। सबसे कठिन जाति अपमाना। इसी प्रकार पराधीनता के विरुद्ध महामंत्र फूँकने वाले वे मध्यकाल के प्रथम कवि थे– कत विधि सृजि नारि जग माही, पराधीन सपनेहु सुख नाही। चाहे जाति के आधार पर अपमानित वर्ग की पीड़ा हो या लिंग के आधार पर स्त्री पराधीनता के सवाल हों या अन्यायी राज व्यवस्था का प्रतिकार हो या कर्मवाद–भाग्यवाद के द्वंद्व के बीच कर्मवाद की प्रतिष्ठा का सवाल हो– सुभ अरु असुभ करम अनुहारी, तुलसी प्रत्येक स्थिति में अनुभूत सत्य और सद के प्रति अपनी निष्ठा

व्यक्त करते हैं। वे अपनी रचनाओं में समाजैतिहासिक यथार्थ का चित्रण करते हैं। तुलसी अपने समय के दरिद्रता रूपी रावण को देखकर हा–हाकार करने वाले कवि थे, न कि आपदा में लाभ का अवसर तलाशने वाले कवि थे – दारिद दसानन देखि तुलसी ह हा करी। इस प्रकार तुलसी अपने युग का भोगा हुआ यथार्थ रचते हैं। दुख, दुर्भिक्ष, दरिद्रता, दुर्वृत्ति तथा कुशासन के दौर में जब चारों तरफ कुपंथ, कुतर्क, कपट, कुचाल, दंभ तथा पाखंड का बोलबाला था तब तुलसी की लेखनी कभी डगमगाई नहीं। एक ऐसे समय में तुलसी डटकर खड़े रहे जब दंभियों ने अनेक पंथ बना लिए थे तथा गाल बजाना और दंभ बघारना ही पांडित्य था और दूसरों का धन लूटना ही टैलेंट था –सोइ सयान जो परधन हारी, जो कर दंभ सो बड़ आचारी। इतिहास उस रचनाकार को सदैव याद रखता है जो अपने समय–समाज के सच से आँखे नहीं चुराता। तुलसी ऐसे रचनाकार थे जो बिना किसी भय के अपने समय के सच को अपनी रचनाओं में उतार देते हैं। विश्वनाथ त्रिपाठी ठीक लिखते हैं कि "तुलसी का काव्य मध्यकालीन उत्तर भारत का सबसे प्रामाणिक संदर्भ कोश है। उसमें तुलसी द्वारा देखा और समझा हुआ भारत मौजूद है।"

तुलसी स्वप्न और संघर्ष के कवि थे। तुलसी समझौतापरस्त, चुप्पी साध लेने वाले मूक दर्शक कवि नहीं थे। तुलसी घोर गरीबी में जीने वाले और सत्ता के प्रलोभन को हँसकर ठुकरा देने वाले कवि थे। तुलसी परंपरा और जीवन संघर्षों से अर्जित मूल्यों–सिद्धांतों के साथ जीने वाले व्यक्ति थे। तुलसी नींद से जगाने वाले, संवेदनशील बनाने वाले, कर्तव्यबोध कराने वाले कवि थे। एक तरफ वे यह कहकर कि "जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी, सो नृप अवस नरक अधिकारी "न्यायप्रिय व्यवस्था का मानक स्थापित करते हैं, दूसरी तरफ सत्ता के अन्य महत्त्वपूर्ण उपादानों को भी बिना भय के सत्य बोलने के लिए प्रेरित करते हैं– सचिव बैद गुरु तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस। राज धर्म तन तीनिकर होई बेगिहीं नास/इस तरह वीरगाथा, भगवतगाथा और विलासगाथा के उस दौर में तुलसी जीवनगाथा रचने वाले कवि थे। देखना यह है कि कवि की चिंताएं समाज के हर स्तर को छूती हैं कि नहीं ? आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते थे कि विद्रोह और भक्ति दोनों सहयोगी धारणाएं हैं। तुलसी के यहाँ एक ओर 'क्षमा शील जे पर उपकारी' विश्वामित्र, वाल्मीकि, भारद्वाज जैसे ऋषितुल्य ब्राह्मण, देवता हैं, जो सर्वथा आदरणीय हैं दूसरी ओर धर्म का धंधा करने वाले, वेदों को बेचने वाले, लंपट, कपटी, ईर्ष्यालू ब्राह्मण भी हैं, जिनकी तुलसी घोर भर्त्सना करते हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि तुलसी की काव्य रचना में मनुष्य के द्वारा धारण किए गए गुण ही उसे लोक में पूजनीय या अवांछनीय बनाते हैं। वस्तुतः तुलसी गुणग्राही कवि थे। इसलिए उनके साहित्य में गुणों के प्रति उत्कट प्रेम सर्वत्र विद्यमान है।

तुलसी लोक और शास्त्र के समन्वय के कवि हैं। तुलसी की राम कथा सुंदर नदी के समान है जिसमें राम और सीता का यश रूपी जल भरा हुआ है। लोकमत और वेदमत इसके दो किनारे हैं –लोक वेद मत मंजुल कूला। इस मानस रूपी नदी में अनेक प्रश्न हैं जो नाव के समान है और इन प्रश्नों के उत्तर ही केवट हैं। जैसे केवट पार लगाता है वैसे ही इन प्रश्नों की नाव में बैठाकर कवि केवट की भांति विवेक पूर्ण उत्तर देकर अपने पाठको को पार लगाता है। प्रश्न ही इस कथा रूपी नदी की शोभा हैं–नदी नाव पटु प्रस्न अनेका। केवट कुसल उत्तर सबिबेका। कवि उसी रचना को श्रेष्ठ मानता है जो अपने पाठकों से संवाद करती है और समन्वय का विवेक जगाती है। तुलसी संवाद के कवि हैं। इस कथा में बुद्धि से विचार कर जो चार अत्यंत सुंदर

और उत्तम संवाद रचे गये हैं, वही इस पवित्र कथासरोवर के मनोहर घाट हैं –सुठि सुंदर संबाद बर बिरचे बुद्धि बिचारि। तेइ एहि पावन सुभग सर घाट मनोहर चारि/संवाद से श्रेष्ठ विचारों की वर्षा होती है। तुलसी विचारविहीन कविता को सुंदर नहीं मानते हैं – जौं बरषइ बर बारि बिचारू। होहिं कबित मुकुतामनि चारू/तुलसी काव्य के चार तत्वों के समन्वय पर बल देते हैं– रामचरित (कथानक), हृदय (भाव), बिचारु (बुद्धिपक्ष) और जुगुति (युक्ति)। अर्थात सदविचार रहित भावों के उच्छल मात्र से सज्जनों के निर्मल हृदय की परितुष्टि नहीं हो सकती है। वही कवि महान है जिसकी कलात्मक भाव व्यंजना उत्कृष्ट जीवन दर्शन से युक्त हो –जुगुति बेधि पुनि पोही अहि राम चरित बर लागा। पहिरहि सज्जन बिमल उर शोभा अति अनुराग। उत्तम विचार या सिद्धान्त मनुष्य के चरित्र में ढलकर अत्यधिक शोभायमान होते हैं– लहहिं सकल सोभा अधिकाई। भारतीय चिंतन, मानवीय मूल्य और सिद्धांत राम के चरित्र में ढलकर न केवल शोभायमान होते हैं अपितु सुग्राह्य भी बनते हैं। इस प्रकार तुलसी जीवन मूल्यों और सिद्धांतों को सुग्राह्य बनाने वाले कवि हैं।

तुलसी शिल्प को भाव के उत्कर्ष का साधन मानते थे। तुलसी के काव्य में भावों की स्थिति और विकास लोक–मर्यादा के दायरे में होता है। राम लक्ष्मण के अद्भुत रूप लावण्य को देखकर विह्वल सखी सीता से केवल इतना ही कह पाती है कि–स्याम गौर किमि कहऊँ बखानी। गिरा अनयन, नयन बिनु बानी / यह सुनकर सीता के हृदय में राम दर्शन की उत्कंठा बढ़ जाती है। जो देखने लायक हैं उसे अवश्य देखना चाहिए परंतु पिता का प्रण इसकी अनुमति नहीं देता। यहाँ प्रेम की विह्वलता और लोकमर्यादा का द्वंद्व देखते ही बनता है। यह द्वंद्व सूरदास के यहाँ भी है। वहाँ गोपियाँ कृष्ण से मिलने रात के अंधेरे में जाती हैं। कोई देख न ले इसलिए जहाँ चंद्रमा का प्रकाश नहीं है अर्थात वृक्षों की छाया तले से होकर मिलने जाती हैं। तुलसी के यहाँ भी सीता भवानी पूजा रोककर राम दर्शन को जाती हैं और राम को देखते ही सीता का मोहित हो जाना, जड़वत, अपलक राम को निहारना और राम रूप को हृदय मंदिर में बसाकर पलकों के कपाट बंद कर लेना। न किसी और को देखना और न किसी और को देखने देना – अनन्य प्रेम की व्यंजना – थके नयन रघुपति छबि देखे ,पालकन्हिहूँ परिहरी निमेखे। नेत्रों का गोपन संवाद कुछ क्षण के लिए लोक मर्यादा के बंधनों से मुक्त कर देता है। जब राम के भुवन मोहन सौंदर्य पर मुग्ध सीता पिता के प्रण को स्मरण कर अधीर हो जाती है, तब विह्वलप्रेम, क्षोभ व आकुलता में परिणत हो जाता है। सीता की विह्वलता और अधीरता काव्य को और अधिक मार्मिक बना देती है–नख सिख देखि राम कै सोभा। सुमिरि पिता पन मन अति छोभा/इस प्रकार तुलसी की सौंदर्य चेतना की परिधि में आने वाले संचारी भाव– उत्कंठा, आकुलता, जड़ता, संकोच, अधीरता आदि तुलसी के काव्य को भावप्रवण बनाने वाले उपादान हैं। तुलसी के काव्य में प्रेम व्यंजना और रतिजन्य अनुभावों का सहज चित्रण अद्वितीय है। जहाँ–जहाँ तुलसी की भक्ति भावना कविता में हावी हो गयी है वहाँ–वहाँ काव्य कलात्मक सौष्ठव का ह्रास हुआ है।–पौढ़िए लालन पालने हौं झुलावौं, चारु चरित रघुबर तेरे तेहि मिलि गाई चरन चितु लावौं। कौशल्या माता का यह कहना– "हे रघुश्रेष्ठ ! मैं कविता कामिनी के साथ मिलकर तुम्हारे पवित्र चरित्र को गाकर तुम्हारे चरणों में चित्त लगाऊँ।" यहाँ तुलसी की भक्ति भावना का अतिरेक कलात्मक सौष्ठव का ह्रास कर देता है। माता का स्थान तुलसी ने ले लिया। इस प्रकार कवि और भक्त की चरम द्वंद्वता

ही तुलसी के काव्य का वैशिष्ट्य बन जाता है। इस सन्दर्भ में आचार्य राम स्वरूप चतुर्वेदी का यह मत युक्त संगत प्रतीत होता है कि "तुलसीदास की दो दृष्टियाँ हैं। एक है ईश्वर में पूरी आस्था और दूसरी है मनुष्य का पूरा सम्मान। उनके अनुसार ये दोनों दृष्टियाँ तुलसी में एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। सिया राम मय सब जग जानी जैसी पंक्तियाँ इस गहरे आत्मविश्वास पर ही लिखी जा सकती हैं, जहाँ ईश्वर और मनुष्य दोनों की एक साथ प्रतिष्ठा हो। 'सियाराम' यदि उनकी भक्ति के लिए आश्रय स्थल हैं तो 'सब जग' उनके रचना कर्म के लिए। अनुभूति और अभिव्यक्ति का जैसा संश्लिष्ट रूप तुलसी की रचना में देखने को मिलता है, वह ईश्वर और मनुष्य की एकरूपता से ही निकलता है।"

तुलसी मार्मिक प्रसंगों के चयन के साथ–साथ कहानी कहने की कला में भी पूर्णतः निपुण थे। नाटकीयता तुलसी के प्रबंध काव्य की प्रमुख विशेषता है। मुहावरेदार भाषा का प्रयोग हो या मनोदशा को व्यक्त करने वाली शारीरिक चेष्टाएं अनुभाव, विभाव, संचारीभाव या चुटीला और धारदार व्यंग्यविधान हो या वातावरण का सजीव वर्णन या सूक्ष्म सौंदर्य चित्रण हो, वस्तु और शैली दोनों ही दृष्टि से तुलसी की सन्तुलित और सटीक शैली कथा को रोचक और प्रभावशाली बनाती है। यथा–

रेख खंचाइ कहउ बलु भाषी। भामिनि भइहु दूध कइ माखी।
जौं सुत सहित करहु सेवकाई। तौ घर रहहु न आन उपाई।
तन पसेउ कदली जिमि काँपी। कुबरी दसन जीभ तब चांपी।
कुबरी करि कबुली कैकेई। कपट छुरी उर पाहन टेई।
जीभ कमान बचन सर नाना। मनहुं महिप मृदु लच्छ समाना।

यहाँ पर जीभ को कमान और शब्दों को बाण बनाना, कपट की छुरी में धार चढ़ाना, दूध की मक्खी होना, पसीने से नहा जाना और केले के पत्ते की तरह काँपना, दांतों तले जीभ दबाना या व्यंग्य करना आदि अनेक मनोदशाओं, क्रियाओं द्वारा कथा की सजीवता, संवाद धर्मिता , अर्थव्यंजकता में वृद्धि की गयी है। आचार्य शुक्ल ठीक कहते हैं कि– "तुलसी भारतीय जनता के प्रतिनिधि कवि हैं इनकी वाणी की पहुँच मनुष्य के सारे भावों एवं व्यापारों तक है।" इस प्रकार प्रबंध काव्य की सजीवता, चित्रमयता, रोचकता, सरसता, नाटकीयता, ध्वनिमयता, उत्सुकता, संवाद धर्मिता के साथ सिद्धान्त और व्यवहार का समन्वय तुलसी की विनम्र रचनाधर्मिता को अतुल्य बनाता है। तुलसी की रचना ही तुलसी की काव्य मर्मज्ञता का प्रमाण है। तुलसी की रचना में वस्तु और शिल्प की अभिन्नता ही उसकी विशिष्टता है–

मुख सुखाहिं लोचन स्त्रवहिं सोकु न हृदय समाइ।
मनहुं करुन रस कटकई उतरी अवध बजाइ।

इस पंक्ति में एक तरफ कथा के करुण प्रसंग का मार्मिक चित्रण है, दूसरी तरफ उद्धरण के रूप में करुण रस का मानवीकरण किया गया है। वस्तु और शिल्प की अभिन्नता की दृष्टि से यह अन्यतम उदाहरण है। रामवन गमन प्रसंग में शोक, राम के बाल रूप में वात्सल्य, युद्ध भूमि में हनुमान, अंगद, लक्ष्मण आदि में उत्साह, शिव विवाह, नारदमोह के प्रसंग में हास्य, परशुराम लक्ष्मण संवाद में क्रोध, लंकादहन में भय, विनय पत्रिका में निर्वेद आदि अनेक प्रसंगों में स्थायी भाव के अतिरिक्त काव्यशास्त्र में वर्णित सभी संचारी भावों का चित्रण किया गया है।

तुलसी साहित्य में मानव मन को प्रभावित करने वाली प्रत्येक क्रिया और जीवन की अनेक स्थितियों का चित्रण तन्मयता और गहराई के साथ किया गया है। तुलसी के काव्य में वस्तु शिल्प और भाव विचार आदि प्रत्येक घटक के बीच अद्‌भुत संतुलन मिलता है। विरूद्धों का सामंजस्य ही तुलसी की काव्यनिपुणता है।

तुलसी ने अपनी रचना में अनेक गुण–दोषों का बखान किया है। उनके अनुसार जो प्रासंगिक हैं वही ग्राह्य है। अंधश्रद्धा या दुर्भावना से ग्रसित पाठक तुलसी जैसे रचनाकार के साथ न्याय नहीं कर सकता। इसलिए तुलसी आलोचनात्मक विवेक के आग्रही कवि थे –ते हिं ते कछु गुण दोष बखाने। संग्रह त्याग न बिनु पहिचाने। इस प्रकार तुलसी मूलतः भारतीय चिंतनपरंपरा के उदात्त तत्त्वों को आगे बढ़ाने वाले कवि हैं। दरअसल तुलसी को समझना सम्पूर्ण भारतीय चिंतन परंपरा को समझना है। डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार जो लोग तुलसी को संकुचित दृष्टि से देखते हैं वे लोग हिन्दी भाषी जनता को तुलसी की विरासत से वंचित करना चाहते हैं।" वस्तुतः तुलसी एक ऐसे महान सृष्टा और जीवन द्रष्टा कवि हैं जिन्होंने मध्यकालीन भारत की सम्पूर्ण जड़ता पर प्रहार किया। फ्रैंज काफ्का के अनुसार "एक किताब को हमारी आत्मा के भीतर जमी बर्फ को तोड़ने के लिए कुल्हाड़ी होना चाहिए।" इस कथन के अनुसार अगर तुलसी के काव्य को परखा जाए तो तुलसी का काव्य न केवल अपने पाठकों की आत्मा में जमी बर्फ को पिघला देता है अपितु उसे नयी ताजगी और स्फूर्ति से भर देता है। अन्याय, असमानता, भुखमरी और सत्ता षड्यंत्र के विरुद्ध तुलसी का आत्म संघर्ष रघुवीर सहाय जैसे बाद के कवियों की कविता की पूर्वपीठिका बन जाता है –

कुछ होगा, कुछ होगा अगर मैं बोलूँगा
न टूटे, न टूटे तिलिस्म सत्ता का
मेरे अंदर एक कायर टूटेगा

इस प्रकार तुलसी दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का शमन करने वाली रचना को सार्थक रचना मानने वाले कवि थे। तुलसी की रचना सुकवि रूपी शरद ऋतु के मन रूपी आकाश को सुशोभित करने वाले तारागण के समान है –सुकबि सरद नभ मन उडगन से।

संदर्भः

1. बालकाण्ड , रामचरित मानस –तुलसीदास
2. अयोध्या काण्ड ,रामचरित मानस – तुलसीदास
3. परंपरा का मूल्य और मूल्यांकन –रामविलास शर्मा
4. गोस्वामी तुलसी दास –आ रामचन्द्र शुक्ल
5. लोकवादी तुलसी दृविश्वनाथ त्रिपाठी
6. गोस्वामी तुलसी दास –डॉ रामचंद्र तिवारी
7. दोहावली –तुलसीदास

❑❑❑

असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय भाषा केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली–67
मोबाइल–9990765648 ईमेल– malkhan1979@gmail-com

थाई समकालीन कविताओं में रामायण का प्रभाव : रावण के पात्र के विशेष संदर्भ में

—कित्तिपोंग बुनकर्ड

वर्ष 1977 में राष्ट्रीय कवि श्री नवरत्न फोंगफाईबून द्वारा रचित कविता "छकमाछोममुअंग" नामक कविता संकलन की पंक्तियों में भी रावण विशेष उल्लेखानीय है। छकमाछोममुअंग का अर्थ है घोड़े पर शहर की सैर। इस संकलन की कविताओं में स्थानीय बौद्ध विहारों की चित्रकलाओं का वर्णन किया गया है। थाईलैंड के बौद्ध विहारों में रामकथा से संबंधित प्रसंगों के चित्र व्यापक रूप से देखने को मिलते हैं।

प्राचीन काल से थाईलैंड के साहित्य एवं संस्कृति पर रामायण का प्रभाव विविध रूपों में दिखाई देता रहा है। महाराजा रामप्रथमफ्राफुथयोदफाचुलालोक कृत "रामकीयन" थाईलैंड की रामकथा का सबसे प्रमाणित, विस्तृत तथा विशाल ग्रंथ माना जाता है। यह रचना सन् 1797 में संपन्न हुई। इस रचना से पहले भी और इस रचना के बाद भी थाईलैंड की चित्रकला, नृत्य, लोककथा और साहित्य आदि में रामकथा का प्रभाव व्यापक रूप से विद्यमान रहा। आज तक समकालीन थाई कविताओं पर भी रामकथा नये—नये रूपों में प्रभावित रही। विशेषकर "रावण" जो थाई साहित्य में थोसकन के नाम से जाना जाता है। उसकी थाई लोगों में लोकप्रियता बहुत हुई है। यह थोसकन शब्द दशकंठ से रूपांतरित है। इस लेख में रावण के पात्र को केंद्रित रखते हुए इस तरह अध्ययन किया गया है कि थाई समकालीन कविताओं में रावण के पात्र का उल्लेख किन—किन रूपों में किया जाता है। और उन रूपों से क्या—क्या विशिष्ट मूल्य प्राप्त किए जाते हैं।

हिंदी साहित्य की दृष्टि में नवगीतों को कविता के दायरे में गिना जाता है या नहीं, इस विषय के संबंध में भिन्न—भिन्न विचार हुए। लेकिन वर्तमान में ऐसा प्रतीत होता है कि नवगीत भी कविता का एक रूप स्वीकृत है। जबकि थाई साहित्य की दृष्टि में देखा जाए, नवगीतों को भी समकालीन कविता के दायरे में गिना जाता है। थाईलैंड के सुविख्यात विद्वान प्रो. सुमालीवीरवोंग का कथन है कि "नवगीत को ही कविता के दायरे में प्रमुख रूप से गिना जाता है क्योंकि यह विधा लोक काव्य की परम्परा से विकसित हुई और लोक काव्य ही संपूर्ण थाई कविताओं का आधार है।"[1] उक्त कथन के अनुसार, इसलिए इस लेख में समकालीन थाई कविताओं के साथ थाईनवगीतों को भी उदाहरण के रूप में लेकर अध्ययन किया गया है। जिन कविताओं और नवगीतों का इस लेख में अध्ययन किया जाने वाला है उनकी रचना का समय सातवें दशक से लेकर 2016 तक है।

सर्वप्रथम थाई रामायण का संक्षिप्त परिचय जानना आवश्यक है। रामायण का प्रभाव दूसरे देशों खासकर एशियाई देशों में

व्याप्त देखने को मिलता है। इन देशों पर न केवल वाल्मीकि रामायण या तुलसीदास कृत रामचरितमानस का प्रभाव पड़ा, बल्कि भारत में रची गई अन्य रामायणों का प्रभाव भी पड़ा।[2] एशियाई देशों में रामकथा का जो स्वरूप विकसित हुआ वह विभिन्न रामायणों का सम्मिश्रण था जिसमें स्थानीय छोटी–छोटी कथाओं का भी समावेश हो गया। जब रामकथा दूसरे देशों में पहुँची, उन देशों की संस्कृति का प्रभाव भी उसपर पड़ा जिससे उसके स्वरूप में परिवर्तन आ गया। थाईलैंड की रामकथा "रामकीयन" के नाम से जानी जाती है। रामकीयन "रामकीर्ति" शब्द का थाई भाषा में रूपांतरण है जिसका अर्थ है राम की कीर्ति। यह थाई भाषा में फिर से लिखा भारतीय रामायण ग्रंथ है। थाई रामकथा ग्रंथों में से राजा राम प्रथम फ्रा बुद्ध योदफाचूलालोक महाराज का रामकीयन ग्रंथ थाईलैंड का सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय ग्रंथ है। यह रचना गेयपद के रूप में सन् 1797 संपन्न हुई। रामकीयन की कथा प्रमुख रूप से उसी रामकथा के समान है जिसमें राम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान रावण द्वारा सीता का अपहरण किया गया है। लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव और विभीषण आदि की सहायता से सीता को बचाने के लिए लंका पर राम की विजय हुई। लेकिन कुछ पात्रों के नामों में और कुछ प्रसंगों में थाईरामकीयन में भारतीय रामायणों से भिन्नता मिलती है। थाईरामकीयन की कथा राजा राम प्रथम के शासनकाल में प्रायः होने वाले युद्धों को प्रतिबिम्बित करती है। जब राजा राम प्रथम ने सन् 1782 में बैंकॉक को अपने राज्य की राजधानी बनाया था, तब भी थाइयों और उनके उत्तर–पूर्व, पश्चिमी तथा दक्षिणी पड़ोसियों के बीच बहुधा युद्ध होते रहते थे। थाई लोग रामायण के विषय में लगभग 13वीं शताब्दी से जानते थे। अयुथ्या राज्य के युद्ध में नष्ट होने के बाद रामायणी साहित्य के मात्र कुछ अंश ही बचे रह गए। अतः राजा राम प्रथम ने अनुभव किया कि थाई संस्कृति को दोबारा स्थापित किया जाए। विशेष रूप से साहित्य और कला के क्षेत्र में। इसलिए उन्होंने थाई कवियों को संगठित किया और रामकीयन को इस प्रकार से रचने के लिए प्रेरित किया कि वह थाई मान्यताओं और सांस्कृतिक परंपराओं को व्यक्त कर सके। संभवतः उन्होंने अपने सुझाव भी दिए होंगे और उसके कुछ अंशों का सृजन भी किया होगा।[3] रामकीयन की रचना उनके निरीक्षण में हुई और अंत में उन्होंने उसे अपनी स्वीकृति प्रदान की। तभी से यह रचना राजा राम प्रथम की रामकीयन के नाम से जानी जाती है।

थाईरामकीयन के अनुसार रावण तो वही खलनायक है जिसने छल–कपट करते हुए राम से सीता का अपहरण किया और अंत में राम द्वारा उसका वध किया गया। लेकिन आश्चर्यजनक और ध्यान देने योग्य विषय है कि थाई समकालीन कविताओं में रावण का उल्लेख दशकों से बार–बार मिलता रहा। रचना के समय के क्रम से उदाहरण निम्नलिखित हैं –

वर्ष 1972 में सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय गीतकार श्री फयोंगमुकदा द्वारा रचित नवगीत "पेन पाई माईडाई" अर्थात् "असंभव" की पंक्तियों में रावण का उल्लेख अलग दृष्टि से किया गया है। इस प्रकार है –

अगर रावण की तरह मेरे दस चेहरे हों
दसों चेहरों को मुड़कर तुम्हारे लिए मुस्कराता रहूँगा
दस जीभों से, दस मुंहों से एक ही स्वर में बतलाऊँगा
कि प्यार करता हूँ तुमसे

प्यार करता हूँ तुमसे
अगर रावण की तरह मेरी बीस आँखें हों
बीसों आँखों से तुम्हीं ताकता रहूँगा
बीसों बाँहों से तुम्हीं लिपटाता रहूँगा
बीस सीता हों तो मेरी नजर में
कभी नहीं आ सकेंगी

• • •

उक्त पंक्तियों में ऐसा लग रहा है कि रावण खलनायक न होकर एक बड़े प्रेमी के पात्र में परिवर्तित हुआ। रचनाकार का यह सुंदर सृजन प्रशंसनीय है। रावण के भयानक रूप को विपरीत दृष्टि से प्रस्तुत किया जाने वाला यह रूप अनोखा है क्योंकि किसी थाई रचनाकार ने ऐसा कभी किया नहीं। इसलिए इस गीत को दशकों से बड़ी लोकप्रियता प्राप्त हुई। आज तक लोगों में इस गीत की पंक्तियाँ गायी जाती रहीं।

वर्ष 1977 में राष्ट्रीय कवि श्री नवरत्न फोंगफाईबून द्वारा रचित कविता "छकमाछोममुअंग" नामक कविता संकलन की पंक्तियों में भी रावण विशेष उल्लेखनीय है। छकमाछोममुअंग का अर्थ है घोड़े पर शहर की सैर। इस संकलन की कविताओं में स्थानीय बौद्ध विहारों की चित्रकलाओं का वर्णन किया गया है। थाईलैंड के बौद्ध विहारों में रामकथा से संबंधित प्रसंगों के चित्र व्यापक रूप से देखने को मिलते हैं। इस कविता संकलन में कवि ने घोड़े पर शहर की सैर करते हुए उन चित्रों का बौद्ध दर्शन पर आधारित वर्णन किया है।[4] किसी स्थान में रावण का चित्र प्रत्यक्ष होने पर ये पंक्तियाँ लिखी गयी हैं –

• • •

दशानन वही "तृष्णा" है जो / सारे दुखों का कारण
बीस बाहें "उपादान" हैं जिससे / "भव","जाति" उत्पन्न हो जाती हैं
सीता के प्रति तृष्णा हुई / इसलिए क्रोध और द्वेष लाया वंशनाश
बुद्धि भ्रष्ट, असत्य और अन्याय हुआ / इसलिए हुआ सर्वनाश
चाहे दशमुख का हो या सहस्र मुख का हो[5]

• • •

उक्त पंक्तियों में रावण का पात्र और बौद्ध दर्शन का सम्मिश्रण है। तृष्णा, उपादान, भव और जाति ये चार शब्द जो उक्त पंक्तियों में अंकित हैं वे बौद्ध दर्शन पर आधारित पटिच्चसमुप्पाद यानी प्रतीत्यसमुत्पाद सिद्धांत के अंग हैं। यह सिद्धांत कहता है कि कोई भी घटना अन्य घटनाओं के कारण ही एक जटिल कारण और परिणाम के जाल में विद्यमान होती है। कर्म और कर्म के परिणाम के अनुसार अनंत संसार का चक्र बनता है। तृष्णा यानी विषयों के प्रति आसक्ति, यह उपादान का कारण है। उपादान का आशय है संसार की वस्तुओं के प्रति राग–मोह जो भव का कारण बनता है। इस सिद्धांत के अनुसार भव का अर्थ है जन्म ग्रहण करने की इच्छा। यही इच्छा यानी भव है जो जाति का कारण बनता है। जाति अथवा जन्म लेने से जरा, मरण, शोक इत्यादि दुःखों की पूरी प्रक्रिया उत्पन्न हो जाती है। तृष्णा को जो दुःख का कारण है, उसे त्यागकर निर्वाण पाया जा सकेगा।

उक्त पंक्तियों में कवि ने रावण को लेकर प्रतीकात्मक रूप से बौद्ध दर्शन प्रस्तुत किया है। रावण की सीता के प्रति तृष्णा के कारण से ही सर्वनाश का परिणाम उसे मिला।

वर्ष 1990 में सुपरिचित गीतकार श्री लोबबुरीरद ने "हुआचाईथोसकन" गीत रचित किया। हुआचाईथोसकन का मतलब है रावण का मन। इस गीत में बुरे मन वाले प्रेमी को रावण का बिंबात्मक प्रयोग किया गया है। गीतकार ने इस प्रकार लिखा है –

• • •

इच्छा थी राम का जैसा प्रेम पाना / जिसने सीता की तलाश में लड़ाई लड़ी
सच्चे मन से, अपने जीवन से अधिक प्रेम से / सुंदर है राम का चेहरा
सुंदर है राम का मन / मगर एक सुन्दर चेहरे वाले के मारे
मुझे बड़ी पीड़ा हुई / उस सबसे सुन्दर वाले के मारे
जिसका लोकप्रिय है चेहरा / मगर मन क्यों जैसा रावण का

इन पंक्तियों में किसी उदास प्रेमिका की शिकायत की आवाज सुनाई देती है। तुलना भी की जाती है कि उसके प्रेमी का राम जैसा सुंदर चेहरा है मगर रावण जैसा बुरे मन का है। इस गीत में खलनायक रावण का पात्र वही पारंपरिक दृष्टि से देखा गया है। इन पंक्तियों से एक बात और देखी जा सकती है कि सीता–राम का प्रेम एक वांछनीय आदर्श प्रेम है।

इक्कीसवीं शताब्दी के दूसरे दशक के गीत में भी रावण का उल्लेख किया गया है । 2016 में रचित "तुआरायथीरकथुआ" नामक एक गीत है जिसे अधिक लंबे समय तक लोगों में लोकप्रियता प्राप्त हुई। गीतकार ने अपने उपनाम को थोसकन अर्थात् रावण भी रखा। "तुआरायथीरकथुआ" का हिंदी भावानुवाद है "मैं हूँ तुम्हारा खलनायक दीवाना"। इस गीत के शब्दों में लड़के का उदास स्वर इस प्रकार सुनाया गया है –

• • •

शायद मुझे रावण की तरह बनना पड़ेगा
जो हमेशा राम से हारता रहेगा
जितना भी करेगा सीता के मन को न जीत सकेगा
बुरा तो सही मगर
तुम्हारे लिए प्यार किसी से कम नहीं
क्यों है हमेशा हार मेरी रही

• • •

उक्त शब्दों से स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि इक्कीसवीं शताब्दी में भी समकालीन थाई कविताओं पर रामकथा का प्रभाव रहा और उसमें रावण का विशेष स्थान विद्यमान रहा। थाई लोगों की सामान्य मान्यताओं में यह बात सर्वविदित है कि रावण एक खलनायक है जो किसी प्रेमिका को रावण जैसा प्रेमी मिलने या पाने की इच्छा नहीं होती। उक्त पंक्तियों में रचनाकार उदासी और निराशा महसूस करते हैं कि अपनी प्रेमिका के मन को जीतना असंभव है। इसलिए अपने को रावण की तुलना की गयी और हार स्वीकार किया गया।

निष्कर्ष

थाई साहित्य की दृष्टि में रामायण न केवल पुराने समय का धार्मिक ग्रंथ है बल्कि यह रचना एक अनुपम साहित्यिक भंडार के रूप में देखी जा सकती है। थाई रामकथा अर्थात् रामकीयनथाई साहित्यकारों को प्रेरित करती रही है कि नई–नई रचनाओं का पुनर्सृजन किया जाए। उदाहरणार्थ समकालीन थाई कविताओं में जो रामकीयन का प्रभाव पड़ा, उसमें रावण का पात्र एक बहुत रुचिकर विषय है। समकालीन थाई कविताओं को ध्यानपूर्वक देखकर यह विषय स्पष्ट रूप से सामने प्रकट हुआ कि बीसवीं शताब्दी के सातवें दशक से इक्कीसवीं शताब्दी के दूसरे दशक तक रावण का पात्र भिन्न–भिन्न रूपों में वर्णित किया गया है। इस प्रस्तुति के अनुसार समकालीन थाई कविताओं में रावण का पात्र भिन्न चार प्रकारों का वर्णन किया गया है। क्रमशः एक प्रेम दीवाना, तृष्णा का प्रतीक, बुरे मन वाला प्रेमी और प्रेम से उदास वाला व्यक्ति। ऐसा प्रतीत होता है कि थाईरामकीयन की भाँति जिसमें विविध स्रोतों की कथाओं का सम्मिश्रण है, समकालीन थाई कविताओं में भी पुरानी कथाओं के पुनर्सृजन विविध रूपों में निर्माण किए गये हैं जिन्हें समकालीन थाई कविताओं का विशिष्ट लक्षण माना जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कवीनिफोनथाईबोदविख्रलैसननिफोन, सुमालीवीरवोंग, थाईलैंडरीसर्चफंड, बैंकॉक,1998, पृ.1
2. रामकीर्ति (रामकीयन) रामायण का थाई रूप, डॉ.करुणा शर्मा,भारतीय दूतावास,बैंकॉक, 2015, पृ. 5
3. वही, पृ. 7
4. बुद्धधम्म नाई कवीनिफोनथाईसमयमाई, सुचित्राचोंगस्थितवथना,चूड़ालंकरण विश्वविद्यालय, बैंकॉक, 2002, पृ.193
5. छकमाछोममुअंग,नवरत्न फोंगफाईबून,कारवेक प्रकाशन, बैंकॉक,1977पृ. 23

❑❑❑

पीएचडी कैंडिडेट, हिंदी विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग–793022 (मेघालय),

मो. 66649696091, ई–मेल kittipongboonkerd@gmail.com

काशी का साहित्यिक योगदान

—प्रो. सुचिता त्रिपाठी

गोस्वामी जी के समय में दरबारी साहित्य का बोलबाला था। फारसी की गजलें और कव्वालियां काव्य का आदर्श थी। शाही दरबार में इन्हीं के अनुकरण पर लिखी गयी रचनाओं को सम्मानित किया जाता था दरबारों में रहने वाले या राज्यागित रचनाकारों के लिए अपने आश्रयदाता को प्रसन्न करना ही प्रमुख उद्देश्य था। दरबार की शान–शौकत, इमारतों की भव्यता, उत्सवों की सफलता आदि के अतिरिक्त आश्रयदाताओं की वीरता का अतिरंजित वर्णन ही साहित्य का प्रमुख प्रतिपाद्य था।

काशी विश्व की प्राचीनतम नगरी है, हमारा सबसे प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में काशी का उल्लेख मिलता है। रामायण, महाभारत तथा बुद्ध की जातक कथाओं में काशी का उल्लेख किया गया है। काशी के माहात्म्य का वर्णन सबसे बड़े पुराण स्कन्द महापुराण में काशी खण्डनाम से एक विस्तृत पृथक विभाग ही है। इस पुरी के प्रसिद्ध नाम– काशी, वाराणसी, अविमुक्त क्षेत्र, आनन्द कानन, महाश्मशान, रूद्रावास, काशिका, तपःस्थली, मुक्ति भूमि, शिवपुरी, त्रिपुरारिकाज नगरी की और विश्वनाथ नगरी है।

जो भूतल पर होने पर भी पृथ्वी से संबद्ध नहीं है, जो जगह की सीमाओं से बँधी होने पर भी सभी का बंधन काटने वाली है, जो महात्रिलोक पावनी गंगा के तट पर सुशोभित तथा देवताओं से सुशोभित है। ऐसा माना जाता है कि प्रलय में भी काशी का नाश नहीं होता। वरूणा और असि नामक नदियों के बीच पाँच कोस में बसी होने के कारण इसे वाराणसी कहते हैं। काशी नाम का अर्थ हैं– जहाँ शब्द (बह्म) प्रकाशित हो। भगवान शिव काशी को कभी नहीं छोड़ते। जहाँ देह छोड़ने मात्र से प्राणी मुक्त हो जाये वह अविमुक्त क्षेत्र यही है। काशी में इस समय लगभग 1500 मंदिर है जिसमें से बहुतों की परम्परा इतिहास के विविध कालों से जुड़ी हुई है। बाबा विश्वनाथ के मूल मंदिर की परम्परा अतीत के इतिहास के विविधकालों से जुड़ी हुई है। बाबा विश्वनाथ के मूल मंदिर की परम्परा अतीत के इतिहास के अज्ञात युगों तक चली गयी, संकटमोचन मंदिर की स्थापना गोस्वामी तुलसीदास ने की थी, दुर्गा मंदिर को 17वीं शती में मराठों ने बनवाया था। घाटों के तट पर अनेक मंदिर बने है इनमें सबसे प्राचीन गहड़वालों का बनवाया राजघाट का आदि केशव मंदिर है। प्रसिद्ध घाटों में दशाश्वमेध, मणिकर्णिका, हरिश्चन्द्र और तुलसीघाट की गिनती की जा सकती है। नवीन मंदिरों में भारत माता का मंदिर तथा तुलसी मानस मंदिर प्रसिद्ध है। आधुनिक शिक्षा के केन्द्र काशी हिन्दू श्विविद्यालय की स्थापना महामना पं0 मदन मोहन मालवीय ने की प्राचीन परम्परा की संस्कृत पाठशालाएं तथा सम्पूर्णानन्द

संस्कृत विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विभिन्न विषयों की शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारवान तथा उन्नत राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जागृत करने के लिए कृत संकल्प है।

शब्द ही ब्रह्म है, शब्द ही शिव है, शब्द की विभा से विभूषित काशी की धरती में ऋषि मुनि सभी ज्ञान और मुक्ति की आशा में आये, आदि शंकराचार्य को यहीं चांडाल ने ज्ञान–बोध कराया। संत तेंलंग स्वामी, विशुद्धानन्द तथा माधवाचार्य अन्याय संतो की तपःस्थली है काशी, जैन धर्म रैदास के 4 तीर्थकारों की ज्ञानभूमि भी यहीं रही है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, कबीर, जयशंकर की जन्मभूमि तथा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, बाबू श्याम सुन्दरदास, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी इत्यादि साहित्यकारों की कर्मभूमि काशी रही है, चाहे भक्तिकाल हो या आधुनिक काल हर दौर में हिन्दी साहित्य का गढ़ काशी ही बना, यहाँ साहित्य किताबों के पन्नों में ही नहीं सिमटा, बल्कि मानव–जीवन को अंदर तक प्रभावित किया है। काशी हिन्दी साहित्य के निर्माण, विकास और नवजागरण का गढ़ बना, कबीरदास, मध्यकाल के साहित्यिक चेतना के शिखर है, उनसे थोड़ा पहले काशी में रैदास हुए, इन लोगों के पीछे सम्बल के रूप में जड़े है रामानन्द, दक्षिण से उत्तर की ओर साहित्य रामानन्द लेकर आये और काशी को गढ़ बनाया, रामानन्द मध्ययुग के महागुरू थे, उनके शिष्यों में कबीर, रैदास और तुलसीदास तीनों ही थे। ये अपनी वाणी और तपस्या से सबके पूज्य हो गये। काशी के घाट पर महाकाव्य की रचना करने वाले तुलसीदास ने काशी में ज्ञान और भक्ति की धारा बहाई। विद्वानों से लेकर सामान्य जन की कुटियां तक उनकी वाणी का प्रसार हुआ। लोगों के बीच भगवान श्रीराम को बैठाया, ये उनके साहित्य का सबसे बड़ा अवदान है। काशी में रामलीला की शुरूआत का और पूरेनगर को थियेटर बनाने का श्रेय भी तुलसीदास को जाता है। वाल्मिकी, भास, कालिवास, भवभूति तक तो लगभग राम को शक्ति सिन्धु शील सिन्धु, सौन्दर्य सिन्धु मानने की, फलतः आदर्श सम्राट और आदर्श पुरूषोत्तम जानने की जो परम्परा रही उसे तुलसी ने उनके मर्यादा स्वरूप को अंगीकार करते हुए तुलसी के विश्व दृष्टिकोण ने राम को स्वयं प्रकृति और सृष्टि का ही गुणधाम स्वामी एवं स्रष्टा बनाया, उनकी लोकराधक तथा लोकमंगल प्रधान जीवन दृष्टि से तत्कालीन शैव तथा वैष्णव संघर्ष को समन्वय में बदलकर लोकनेता राम में शिवधर्मी राम का भी विचित्र संयोग किया। तुलसी के समय तक इतिहास अभिजात्य– संस्कृति के पूरे ऐश्वर्य तथा विलास को, सामन्तीय सम्राटों की अनन्त शक्ति तथा अपार शैर्य को, लोकजीवन की शोकपूर्ण पीड़ा तथा अथाह दैन्यता, दरिद्रता को झेल चुका था। इतिहास चक्रवर्ती तथा विश्व विजेता सम्राटों के अलौकिक अप्राकृतिक अतिमानवीय कर्तव्यों में इतना भ्रांति हो चुका था कि प्रजा के लिए वह अगम, अगोचर, अकल, अदृश, अमूर्त, अनन्त आदि हो चुका था। शंकर की ब्रह्म की धारणा को अधिक फैलाने के लिए सम्पूर्ण प्रकृति तथा उसकी सृष्टि के मूल व्युत्पत्ति तत्त्वों को भी दार्शनिक धरातल 'ऐक' और 'पूर्ण' और अद्वैत करने की आवश्यकता ने तुलसीदास की परबह्म की धारणा को 'सगुण' बृहत रूप में विराटीकृत किया। फलतः परवृक्ष, सगुण राम में पूर्ववर्ती अनेक सामाजिक सूत्राकरणों, ऐतिहासिक दशाओं, सांस्कृतिक आकांक्षाओं और यथार्थ समस्याओं का एक संग्रह हो जाता है। श्रीराम के स्वरूप तथा कथा को लेकर उनकी दूसरी महत उपलब्धि अविरल ऐतिहासिक चेतना की सिद्धि है। उनका ऐतिहासिक काल मध्यकाल था एक ओर राम को उन्होंने जहाँ मध्यकाल की लोक चेतना में ढाला वहीं दूसरी

ओर अपने वर्तमान काल के समकालीन अनुभवों तथा समस्याओं की अपनी ग्राम्भीकृत, पवित्र दृष्टि से छानकर प्रस्तुत करना पड़ा उनकी तीसरी महत्त्वपूर्ण देन उनका परिवाद की छोटी इकाई से लेकर समाज तथा राज्य की एक व्यापक परम्परा थी जिसमें परिवार के लोगों की व्याख्या उनका मतैक्य से लेकर राजनीति में भी रामराज्य की परिकल्पना आज भी विश्व के कोने–कोने में रामराज्य की परिकल्पना और बात की जाती है मारीशस से लेकर अन्य गिरमिटिया प्रवासी देशों में तुलसी का रामचरित मानस इस कदर व्याप्त हुआ जहाँ आज भी लोग एक दूसरे से मिलते है तो सीताराम या जय सीताराम कहकर अभिवादन करते हैं।

किसी मानव समुदाय या राष्ट्र के उत्थान–पतन में वहाँ के तत्कालीन साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। युग विशेष में निर्मित होने वाला साहित्य जहाँ एक ओर समकालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थितियों का प्रमाण प्रस्तुत करता है। वहीं दूसरी ओर रचनाकार सन्तोष अथवा असन्तोष की प्रतिक्रियात्मक अभिव्यक्ति भी करता है। यदि साहित्य में समकालीन अभावात्मक स्थितियों, विकृतियों अथवा विकृतियों के प्रति व्यथित वेदना की अभिव्यक्ति हो तो उससे रचनाकार की सामाजिक संसस्टि और ध्येन धर्मिता प्रमाणित होती है। किन्तु यदि ऐसा न होकर किसी इतर उद्देश्य या लाभ–लोभ से अवसरानुकूल लेखन को बढ़ावा दिया जाय तो रचनाकार को दायित्वहीनता का प्रमाण मिलता है।

गोस्वामी जी के समय में दरबारी साहित्य का बोलबाला था। फारसी की गजलें और कव्वालियां काव्य का आदर्श थी। शाही दरबार में इन्हीं के अनुकरण पर लिखी गयी रचनाओं को सम्मानित किया जाता था दरबारों में रहने वाले या राज्यागित रचनाकारों के लिए अपने आश्रयदाता को प्रसन्न करना ही प्रमुख उद्देश्य था। दरबार की शान–शौकत, इमारतों की भव्यता, उत्सवों की सफलता आदि के अतिरिक्त आश्रयदाताओं की वीरता का अतिरंजित वर्णन ही साहित्य का प्रमुख प्रतिपाद्य था। इसके अतिरिक्त विलासी आश्रयदाताओं के मनोरंजन के लिए कामोत्तेजक साहित्य का सृजन किया जाता था। तत्कालीन साहित्य में उदात्त जीवन–मूल्यों और सात्विक सारणियों को प्रेरित–प्रतिष्ठित करने की शक्ति नहीं थी। कृष्णोपासक भक्तों ने अपने साहित्य में जिस संजीवनी शक्ति का सन्निवेश किया वह भी कालान्तर में वासना सिक्त होने लगा। राधा–कृष्ण की लीलाओं को सामान्य धरातल पर लाकर वासनात्मक श्रृंगार का साधन बना लिया गया। मनोरंजन ही साहित्य का उद्देश्य बन गया। सूफियों का साहित्य प्रेम–साधना पर आधारित था। आख्यानों के वर्णन में आध्यात्मिक तत्त्व का स्रोत अत्यन्त सूक्ष्म पर सामान्य जनता के लिए अदृश्य होता था। इसलिए उसका भी समाज पर कोई अनुकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा था। नीतिपरक रचनाएँ लिखी जा रही थी किन्तु वे मात्रा में अल्प और कम प्रभावकारी थी। शाही दरबार में पनपने वाले साहित्य का व्यापक प्रभाव पड़ रहा था परिणाम स्वरूप समाज की साहित्यिक अभिरूचि श्रृंगारी साहित्य की ओर उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही थी। इसी ह्रासशील साहित्यिक पृष्ठभूमि पर गोस्वामी जी का आविर्भाव हुआ उनकी सबसे बड़ी कृति रामचरितमानस जो काशी में लिखी गयी उसका साहित्यिक अवदान जहाँ लोगों की अभिरूचियों में एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला वहीं पर साहित्य काशी में पुस्तकालय से लेकर मठों, मंदिरों, घाटों पर स्थान पाने लगी यही कारण था। जिस रामचरितमानस को तुलसीदास ने तुलनी घाट पर बैठकर लिखा उसकी साहित्यिकता– सुर सरि सम सब कर हित होई की भावना को

संजोये से लेकर आज तक गंगा की अविरल मध्यकाल घाट की तरह सबको अभिसिंचित करती, पवित्र करती, कल्याण करती चली आ रही है।

मध्यकाल में ही बनारस को दूसरा महत्त्वपूर्ण साहित्यिक अवदान कबीर को माना जा सकता है। कबीर अपने जीवन–काल के जनजीवन को प्रभावित किये। जैसा कि रविदास और तुलसीदास के मामले में है। कबीर का काशी में रहना एक महत्त्वपूर्ण बात है। कबीरदास काशी के थे, इसका अर्थ यह था कि उनकी अभिव्यक्ति इतनी तेजी और प्रमाणिकता से प्रसारित हो सकती थी जिसकी कल्पना आज मुश्किल है। आज की तरह उस समय भी बनारस शिक्षा, व्यापार तथा तीर्थाटन का एक बड़ा केन्द्र था। वहाँ कही गई बात के प्रतिध्वनित होने का स्वतः प्रबन्ध था क्योंकि शहर में छात्रों, व्यापारियों, कलाकारों और तीर्थयात्रियों का आना–जाना लगा रहता था और ये लोग भारत भर और उसके बाहर तक आते–जाते रहते थे। यह एक आदर्श मंच था। जाहिर सी बात है कबीर के बोल अविस्मरणीय है। उनके निधन के एक सदी के भीतर लोग उन बोलों को सैकड़ों मील दूर राजस्थान और पंजाब में लिखकर रख रहे थे। इन सबसे अलग बनारसी कबीर काफी अलग है। कबीरपंथ इसी कबीर को याद करता और पूजता है। कबीरपंथ ऐसे साधुओं और गृहस्थों का समुदाय है जो मुख्यतः साधारण तबकों से आते हैं और जिन्होंने 'बीजक' नामक खंड (कविताओं की सूची या निर्देशिका, जो बताती है कि कोश कहाँ मिलेंगे) तैयार किया कबीर उकसाते हैं, फटकारते हैं, चुनौती देते है। अपनी मौखिक क्षमता पर पूरा विश्वास रखते हुए वे कागज पर लिखी हर चीज के साथ–साथ उन लोगों को खारिज करते हैं जो खुद को बहुत महत्त्वपूर्ण मानते हैं, खुद को धूल भरे दस्तावेजों के रखवाले के तौर पर प्रस्तुत करते हैं। मुसलमान हो या हिन्दू, काजी हो या ब्राह्मण सभी एक ही मूल से निकले हैं, और योगी भी बहुत बेहतर नहीं है बल्कि और बुरे भी हो सकते हैं। ये जो बीजक वाले कबीर हैं, वे किसी भी देवता का कम ही उल्लेख करते हैं। राम का उल्लेख होता है लेकिन नाम, ईश्वर के लिए आम तौर पर प्रयुक्त नाम के लिए और शिव की तरह कृष्ण हास्य या इनकार को छोड़ बाकी सबके लिए अनुपस्थित है।

कबीर के लिए जाति–पांति का भी कोई विशेष अर्थ नहीं था कबीर तुलसी से पहले हुए थे। सगुण और निर्गुण के अंतमिश्रण की संस्कृति उन्हीं की देन है। कबीर ने कहा गुण में र्निगुण, निर्गुण में गुण वाट छड़ि क्यों कहिये। उन्होंने ईश्वर की जीव में तथा सृष्टि के घट–घट में रमा हुआ बताकर मानव मात्र की एकता का संदेश दिया, खालिक खलक, खलक में खालिक, सब घट रहयो समाई।

कबीर ने पूरी उम्र काशी के ब्राह्मणों से लोहा लिया। मौलवियों के अत्याचारों का पर्दाफाश किया नाथपंथियों के पाखंडों को चकनाचूर किया। उनके जीवन के अंतिम समय में पुनः काशी एक चुनौती था। कहा जाता है कि काशी में मरने से मुक्ति होती है। कबीर ऐसे भक्त थे जो ईश्वर को भी कसौटी पर कस देते थे। वे सोचने लगे कि यदि मैं काशी में मरकर मुक्त होऊँ तो राम का कौन सा निहोरा है। इस भ्रम को तोड़ने के लिए उन्होंने मगहर जाना उचित समझा और अन्ततः मगहर चले गये। कबीर का मगहर जाना मगहर के लिए वरदान साबित हुआ जिस कठिन परिग्राम और एक निष्ठता की उन्होंने अलख जगायी उसने बंजर के कलेजे में भी संवेदना के अंकुर उगा दिये। कबीर का काशी को साहित्यिक योगदान कबीर के अनुयायियों ने कबीर मठ

बना डाला निश्चित रूप से काशी की साहित्यिक परम्परा पुस्तकालय से लेकर मठों, मंदिरों, घाटों तक परिव्याप्त होती रही लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जिस मंदिर, मस्जिद का कबीर जीवन भर विरोध करते रहे आज उनके अनुयायियों द्वारा लहरतारा में तालाब के किनारे कबीर का मंदिर बनाया और पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया प्रश्न उठना स्वाभाविक है निर्गुण, निराकर ब्रह्म का उपासक स्वयं आकार लेकर मंदिर में विराजमान किया गया यह प्रश्न कबीरपंथियों पर बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।

काशी आधुनिक काल तक आते–आते जिस साहित्य आन्दोलन को आकार प्रकार देकर गढ़ी उसमें नयी–नयी विधाओं के साथ भाषा का भी प्रचुर विकास, परिस्कार हुआ। इसके पुरोधा काशी में चौक से ठठेरी बाजार होकर पुराने महाल से आगे सौ कदम की दूरी पर चौक की पुरानी हवेली की ड्योढ़ी जो आज भारतेन्दु भवन के नाम से जाना जाता है में जन्में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र है। चौतीस वर्ष तीन महीने सत्ताइस दिन के जीवन काल में काशी के इस साहित्यकार ने हिन्दी में युगान्तर स्थापित किया। उन्होंने हिन्दी साहित्य निर्माण के साथ–साथ हिन्दी प्रचार का भी कार्य किया। उन्हीं के प्रभाव से स्थान–स्थान पर हिन्दी वद्धिनी सभाओं, 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना हुई उन्होंने हिन्दी को नयी चाल में ढालने के साथ–साथ हिन्दी पुस्तकों का एक नया पाठक वर्ग तैयार करने में भी सहायता प्रदान की। उन्होंने स्वयं की रची और दूसरों की लिखी सैकड़ों, पुस्तकें उत्तम कागज तथा उत्तम टाईप में छपवाकर हजारों की संख्या में हिन्दी प्रेमियों तथा साहित्य प्रेमियों को या तो प्रेम स्वरूप भेंट कर दी या नाम मात्र के मूल्य पर उनका वितरण किया। इससे हिन्दी पुस्तकों का प्रचार होने के साथ–साथ हिन्दी प्रचार भी व्यापक स्तर पर हुआ उनका एक महती योगदान विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं का या जिसमें 'कविवचन सुधा', हरिश्चन्द्र मैगजीन, हरिश्चन्द्र चनिद्रका का सम्पादन किया जिससे हिन्दी में युगान्तर स्थापित हुआ। हिन्दी गद्य के निर्माता के रूप में भारतेन्दु की बहुत बड़ी देन हिन्दी साहित्य को हुआ इनसे पहले हिन्दी साहित्य का मुख्य माध्यम कविता थी, उन्होंने हिन्दी गद्य को हिन्दी साहित्य का प्रथम रूप बनाया हिन्दी गद्य को उन्होंने जन्म ही नहीं दिया उसका परिष्कार और परिमार्जन भी किया।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक भारत में चेतना की एक लहर सी दौड़ चुकी थी। सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक सभी क्षेत्रों में व्यक्ति कार्य कर रहे थे और उनके मूल में राष्ट्रीयता की प्रबल भावना थी, साथ ही वे देश के सामाजिक स्तर को भी ऊँचा उठाना चाहते थे। इतिहास की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित होने लगा था और वे अतीत से भी प्रेरणा प्राप्त करना चाहते थे। विश्व में प्रचलित नवीन विचारधाराओं से भी उन्होंने कुछ न कुछ ग्रहण ही किया। इस प्रकार राष्ट्रीय भावना का स्वरूप धीरे–धीरे बन रहा था और देश की बिखरी हुई शक्तियाँ संगठित की जा रही थी। उन्नीसवीं शताब्दी ने उस सुदृढ़ पृष्ठभूमि का कार्य किया जिस पर आगे चलकर बीसवीं शताब्दी के शक्तिशाली भारत का निर्माण हुआ जो राजनीति, समाज, साहित्य, प्रत्येक दृष्टि से गतिशील रहा।

उन्नीसवीं शताब्दी के इस आन्दोलित वातावरण में हिन्दी साहित्य की नवीन परम्परा का विकास हुआ। भारतेन्दु ने अपने युग का प्रतिनिधित्व किया। देश की अनेक रूढ़ियों और कुरीतियों के सुधार का उन्होंने प्रयास किया इस सामाजिक कार्य के लिए प्रायः उन्हें नाटकों

का अवलम्बन ग्रहण करना पड़ा किन्तु कविता में भी उन्होंने इन भावनाओं को स्थान दिया। साहित्य के क्षेत्र में एक सर्वथा नयी चेतना का आरम्भ भारतेन्दु युग से हो जाता है, भारतेन्दु के साहित्य में प्राचीन नवीन का सम्मिलन, देश प्रेम, समाज सेवा आदि भावनाएँ प्राप्त होती है। यद्यपि सामाजिक दृष्टि के कारण गद्य का अवलम्ब अधिक ग्रहण किया गया, किन्तु काव्य में भी सुधारवादी भावनाएँ प्रतिपादित की गयी। काव्य के भाव, भाषा, शैली सभी में भारतेन्दु ने अपनी मौलिकता का परिचय दिया। वे उस समय की प्रचलित विचारधारा से प्रभावित थे। आचार्य शुक्ल के शब्दों में "नवीन धारा के बीच भारतेन्दु की वाणी का सबसे ऊँचा स्वर देश भक्ति का था। नीलदेवी, भारत दुर्दशा, आदि नाटकों के भीतर आयी हुई कविताओं में देश–दशा की जो मार्मिक व्यंजना है, उसके अलावा बहुत सी स्वतंत्र कविताएं भी उन्होंने लिखी जिसमें कहीं देश की अतीत गौरवगाथा का गर्व, कहीं वर्तमान अधोगति की क्षोभ भरी वेदना, कहीं भविष्य की भावना से जमी हुई चिंता इत्यादि अनेक महत्त्वपूर्ण भावनाओं का संचार पाया जाता है। सामाजिक रचनाओं के अतिरिक्त उनकी प्रेम और श्रृंगार की रचनाएं, अनुभूति की तीव्रता में पर्याप्त संरसता है। इस प्रकार भारतेन्दु के बहुमुखी व्यक्तित्व ने आगे की परम्परा को प्रभावित किया। उनके साथ में प्रताप नारायण मिश्र, बदरीनारायण प्रेमघन, जगमोहन सिंह आदि ने कार्य किया। इनकी रचनाएँ अनेक विषयों को लेकर चलती थी। वे देश की दशा पर दुःख प्रकट करते थे, समाज के कुरीतियों के सुधार की चर्चा और अन्य, अनेक सामान्य विषयों पर भी वे लिखते थे। भारतेन्दु ने विभिन्न दिशाओं में कार्य किया और आधुनिक हिन्दी काव्य की राष्ट्रीय परम्परा को जन्म दिया। जीवन और काव्य एक दूसरे के निकट आये तथा रीति काव्य की घोर श्रृंगारिकता से काव्य को मुक्ति मिली। इसने हिन्दी काव्य की नयी पृष्ठभूमि का कार्य किया। भारतेन्दु के बहुमुखी व्यक्तित्व ने स्वयं प्रसाद को भी प्रभावित किया प्रसाद साहित्यिक जगत में अपने वास्तविक कृतित्व के साथ बीसवीं शताब्दी में प्रवेश करते हैं। बीसवीं शताब्दी का यह समय जो जातीय भावना के स्थान पर राष्ट्रीयता ने ग्रहण कर लिया था भारत की कल्पना माँ के रूप में दृढ़ हुई राष्ट्रीय प्रेरणा के लिए कवि अपने प्राचीन आदर्शों को पुनः सम्मुख लाने का प्रयास करने लगे। उन्हें यदि वीरता की प्रेरणा इतिहास–पुरूषों से मिलती तो जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए राम और कृष्ण का आदर्श आकृष्ट करता। इसी पृथ्वी पर अपनी समस्याओं का समाधान करने की इच्छा से उसने ईश्वर को भी देश में बुला लिया, देवत्व का मानवीकरण हो गया। बढ़ती हुई देश–प्रेम की भावना में समस्त कवि–समाज ने अपनी–अपनी शक्ति के अनुसार योग दिया। इस भावना का विकास होता गया और कवि ने देश की सीमाओं से आगे बढ़कर विश्व की ओर झांका। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में काव्य ने अतीत गौरव, राष्ट्रीय भावना, मानवता भाव को ग्रहण किया। इन सभी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए भारतेन्दु गद्य का भी अवलम्ब किया। समाज और साहित्य के इसी नव सुधार काल में काशी के महाकवि जयशंकर प्रसाद ने प्रवेश किया, कविता, नाटक, कहानी, उपन्यास सभी क्षेत्रों में अपनी सर्वतोमुखी प्रतिभा से कार्य करने वाले इस महान रचनाकार ने अपने समय की सांस्कृतिक चेतना का नया संस्करण साहित्य में प्रस्तुत किया। उनके साहित्य में वे अनुभूतियाँ मिलती है जिनका सम्बन्ध परम्परा और पूर्व पीठिका से भी है। कवि प्रसाद ने परम्परा का अनुकरण न करते हुए भी उसमें योगदान दिया उन्होंने प्राचीन का एक नवीन संस्करण प्रस्तुत किया। 'कामायनी' विश्वकाव्य में एक नया चरण

है। आंसू विरह काव्यों में मेघदूत के समीप रखा जा सकता है। दीर्घ काव्य–परम्परा के होते हुए भी जिस समय कवि ने पदार्पण किया, उसके सम्मुख एक विचित्र समस्या थी। उसने महान कलाकारों की भांति अपने नवीन पथ का निर्माण किया। प्रसाद प्राचीन परिपाटी और स्वच्छन्दतावाद के संगम रूप में हिन्दी में प्रतिष्ठित है। युग के कवि–रूप में उन्होंने आस–पास बिखरी हुई सामग्री का उपयोग किया, उनके साहित्य की मूल प्रेरणा भारतीय है। उन्होंने उपनिषद दर्शन से अपने रहस्यवाद की प्रेरणा ली थी। इसके अतिरिक्त धीरे–धीरे उनके काव्य में परिस्कार होता गया। भारत की गतिशील सामाजिक परिस्थितियों ने उन्हें प्रभावित किया। प्रेम–पथिक को सीमित क्षेत्र 'कामायनी' तक आते–आते सार्वभौमिक रूप ग्रहण करता है। प्रसाद के यौवनकाल की राष्ट्रीयता अन्तिम समय तक प्रखर रूप धारण कर चुकी थी। भारतीय नेताओं के सम्मुख स्वतंत्रता ही एक मात्र लक्ष्य नहीं रह गया था। वे संसार में भारत को एक उन्नत राष्ट्र के रूप में देखने के इच्छुक थे। वे राष्ट्रीय के स्थान पर सार्वभौतिक दृष्टिकोण से विचार करने लगे थे।

काशी में साहित्य की एक विस्तृत परम्परा नागरी प्रचारिणी सभा के रूप में विकसित हुई, बाबू श्याम सुन्दर दास, रामचन्द्र शुक्ल इत्यादि विद्वानों ने नागरी प्रचारिणी सभा के रूप में एक मानक स्थापित किया। लेकिन आज नागरी प्रचारिणी सभा की स्थिति को देखते हुए यह प्रश्न विचारणीय है, जिन साहित्य संतों ने इस विशाल साहित्यकोश में अपनी आहुति देकर इसको पूरे विश्व में प्रकाशमान बनाया, उसको उन्नत समुन्नत बनाना आज बनारस के साहित्यकारों का दायित्व है।

हम इस दायित्व बोध में कितने खरे उतर पा रहे है।

संदर्भ ग्रंथ

1. प्रसाद का काव्य–प्रेमशंकर।
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास–आचाय रामचन्द्र शुक्ल।
3. हिन्दी साहित्येतिहास की भूमिका–भाग–3
4. आधुनिक काल – डॉ0 सूर्य प्रसाद दीक्षित।

❒❒❒

रेडियो प्रसारण में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अन्य प्रायोजित कार्यक्रमों की जनहितकारी भूमिका

–प्रो. नीलम राठी

जल शक्ति अभियान और पानी की चिट्ठीके संदर्भ में भारत सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और उनका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में रेडियो की भूमिका असंदिग्ध है। रेडियो अपने कार्यक्रमों के जरिए मनुष्य को भीतर तक प्रभावित करता है। मनुष्य अपने दैनिक कार्य करते हुए जैसे रसोई में काम करते हुए, बस कार आदि में सफर करते हुए, मजदूर वर्ग अपनी दिहाड़ी करते हुए भी रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि महिला शिक्षा की बात हो, सर्व शिक्षा अभियान हो या बाल स्वास्थ्य मंत्रालय का पोलियो अभियान, विधवा विवाह और बाल विवाह रोकथाम आदि सब के सफल क्रियान्वयन में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस हेतु को ही लक्षित करते हुए जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा एफएम पर **पानी की चिट्ठी नाम** से **किस्सा गोई शैली** अर्थात कहानी वाचन का प्रायोजित कार्यक्रम प्रसारित किया गया।जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से जल संबंधी समस्याएं,जल समस्या निवारण की चुनौतियां, जन जागरण के कारण चुनौतियों से निपटान अर्थात समाधान की कोशिशों कोसत्य घटनाओं पर आधारित लघु कथाओं के रूप में लिखकर जन सामान्य नागरिकों या साहित्यकारों द्वारा मंत्रालय या एफएम गोल्ड में भेजी गई। उन्हीं कहानियों का प्रसारण इस कार्यक्रम **पानी की चिट्ठी में** किया गया। ये सभी सत्य घटनाओं पर आधारित कहानियां थी। ये कार्यक्रम 22 फरवरी 2019 से 5 अगस्त 2019 तक प्रसारित किया गया जिसमें 36 कहानियां प्रसारित की गई, यह कार्यक्रम **पानी की चिट्ठी विद नीलेश मिश्रा** नाम से प्रसारित हुआ।

बीज शब्द – जल शक्ति,पानी की चिट्ठी, जल संरक्षण, भूजल प्रबंधन, राष्ट्रीय मिशन ।

भूमिका – भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण को मिशन के रूप में लागू किया गया है ताकि वर्षा जल संरक्षण और जल प्रबंधन को बढ़ावा मिले। बाढ़ प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, भूजल प्रबंधन, बांध पुनर्वास के महत्व के मद्देनजर राष्ट्रीय जल मिशन

कार्यान्वयन का महत्व असन्दिग्ध है। भूजल प्रयोग में भारत पहले नंबर पर है। केंद्रीय जल बोर्ड बताता है के 2007 से 17 तक भूजल स्तर में 61 प्रतिशत तक की गिरावट आई है बढ़ती आबादी, शहरीकरण, औद्योगिकरण और मानसून में देरी इस गिरावट की बड़ी वजह है। एक बड़ी चिंता यह भी है की भारत जल पुनर्चक्रण के मामले में बेहद पिछड़ा है। पुराने समय के बनेतालाब, कुएं, खर, झीलबड़ी मात्रा में पूरी तरह खत्म हो चुके हैं। वे या तो स्वयं बिना देख–भाल छंटनी आदि की उपेक्षा के कारण अनउपयोगी हो गए हैं या मनुष्य के स्वार्थ ने उनके स्थानों पर अतिक्रमण कर लिया है। स्थिति की भयावहता को देखते हुए सरकार के एजेंडे में जल संरक्षण प्राथमिकता पर है। यही कारण है कि सरकार ने जल शक्ति अभियान का बिगुल फूंक दिया है और पानी की कमी से जूझ रहे देश के 255 जिलों में 1 जुलाई 2019 से जल शक्ति अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है। इस अभियान में गंभीर रूप से जल स्तर की कमी वाले 313 ब्लॉक शामिल किए गए हैं। 1186 ब्लॉक जहां भूजल का अत्यधिक दोहन हुआ है, 94 जिले जहां जल स्तर काफी नीचे चला गया है। पानी की कमी से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में सरकार ने जल शक्ति अभियान के रूप में हर घर जल योजना प्रारंभ की है। जलाभाव से उत्पन्न समस्याओं में पानी के कारण पलायन एक बड़ा मुद्दा है जिस कारण जनसंख्या अनुपात भी असंतुलित हो जाता है।

अंतर्वस्तु का विश्लेषण भारत सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और उनका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में रेडियो की भूमिका असंदिग्ध है। रेडियो अपने कार्यक्रमों के जरिए मनुष्य को भीतर तक प्रभावित करता है। मनुष्य अपने दैनिक कार्य करते हुए जैसे रसोई में काम करते हुए, बस कार आदि में सफर करते हुए, मजदूर वर्ग अपनी दिहाड़ी करते हुए भी रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि महिला शिक्षा की बात हो,सर्व शिक्षा अभियान हो या बाल स्वास्थ्य मंत्रालय का पोलियो अभियान, विधवा विवाह और बाल विवाह रोकथाम आदि सब के सफल क्रियान्वयन में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस हेतु को ही लक्षित करते हुए जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा एफएम पर **पानी की चिट्ठी** नाम से **किस्सा गोई शैली** अर्थात कहानी वाचन का प्रायोजित कार्यक्रम प्रसारित किया गया।जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से जल संबंधी समस्याएं, जल समस्या निवारण की चुनौतियां, जन जागरण के कारण चुनौतियों से निपटान अर्थात समाधान की कोशिशों कोसत्य घटनाओं पर आधारित लघु कथाओं के रूप में लिखकरजन सामान्य नागरिकों या साहित्यकारों द्वारा मंत्रालय या एफएम गोल्ड में भेजी गई। उन्हीं कहानियों का प्रसारण इस कार्यक्रम **पानी की चिट्ठी** में किया गया। ये सभी सत्य घटनाओं पर आधारित कहानियां थी। ये कार्यक्रम 22 फरवरी 2019 से 5 अगस्त 2019 तक प्रसारित किया गया जिसमें 36 कहानियां प्रसारित की गई, यह कार्यक्रम **पानी की चिट्ठी विद नीलेश मिश्रा** नाम से प्रसारित हुआ। बकोल नीलेश मिश्रा–**"यह कार्यक्रम सप्ताह में तीन बार प्रसारित होता है भारत के अलग–अलग हिस्सों से सच्ची कहानियों पर आधारित कहानियों को आप तक पहुंचाया जा रहा है जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा"[1] (प्रत्येक एपिसोड के प्रारंभ में)**। सप्ताह में 3 दिन भारत के अलग–अलग हिस्सों से घटित घटनाओं के सच्चे किस्से इस कार्यक्रम का आधार बने।

रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम "पानी की चिट्ठी" में उपस्थित जल संबंधी समस्याएं



रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम पानी की चिट्ठी में उपस्थित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयास ,योजनाएं जिन पर सरकार सब्सिडी भी प्रदान करती है।



पानी की चिट्ठी कार्यक्रम का प्रारंभ मनजीत ठाकुर की कहानी बदलाव की बूंद से हुआ (प्रथम पानी की चिट्ठी है) जो एफएम पर मंत्रालय के प्रायोजित कार्यक्रम में प्रसारित हुई जिसमें आत्मकथात्मक शैली में पानी की विशेषता, गुण एवं आवश्यकता के साथ साथ पानी की समस्या

और कारणों पर प्रकाश डाला गया है। –"मैं पानी हूं, पानी पहाड़ों से गिरता हो तो झरना कहलाता है और किसी की आंख से गिरा तो आंसू, मैं बादल से गिरकर धरती को सींचता हूं। गंगा जी में मिल जाऊं तो अमृत माना जाता हूं पर अजीब बात है इतना जरूरी होने के बावजूद भी मेरी कद्र करने वाले कितने कम है। कई जगह तो ऐसी होती हैं जहां बारिश कम होती है या कुदरत की वजह ही ऐसी होती है कि मैं ज्यादा टिक नहीं पाता। ऐसा ही एक इलाका है गुजरात का बनास कांठा जिला"[2] (एपिसोड 1)

कहानी में जल द्वारा मनुष्य के अपने प्रति किए जाने वाले उपेक्षित व्यवहार को रेखांकित किया गया है। – आत्मकथात्मक शैली में प्रारंभ हुई पानी की चिट्ठी देश के अनेक स्थानों का पता बांचती हुई अपने अंतिम पड़ाव 5 अगस्त 2019 को 36वें एपिसोड में शबनम की लिखी कहानी वूज़ू का पानी तक पहुँच कर विराम ले लेती है। जिसके अनुसार पानी के उपयोग और संरक्षण में व्यक्ति के प्रयासों का प्रसारण कर प्रेरणा प्रदान की गई है। "मैं पानी हूं, वही पानी जो आकाश से बरस जाए तो बारिश कहलाता है और यदि जमीन पर पड़े तो नदी बन जाए, ठहर जाए तो झील और प्यासी जबान को तर करे तो अमृत कहलाता है। जरूरत तो सबको है मेरी लेकिन दुनिया में इस वक्त जो हालात हैं उनको देखकर लगता है कि लोग मेरी फिक्र कम ही करते हैं। सब लोग जमील कुरैशी जैसे थोड़े होते हैं। यह जो भोपाल की एयरपोर्ट रोड पर इंद्र कॉलोनी की मस्जिद है ना इसमें नमाज पढ़ने वालों के कतार में सबसे आगे जो सफेद कुर्ते पजामे में शख्स बैठा है वही तो है जमील कुरैशी"[3] (एपिसोड 36) उसी के पानी की बर्बादी को रोकने और सदुपयोग में लाने के प्रयासों को रेखांकित करती है यह अंतिम प्रसारित पानी की चिट्ठी। इसके अतिरिक्त पानी और पलायन, लकीरें, एक और एक ग्यारह, कायाकल्प, मजदूर से मशहूर तक, घर वापसी, हर हर गंगे, शर्मा जी का बेटा, मैं अकेला ही चला था, मिशन काकतिया, किफायत आदि बेहद महत्वपूर्ण कहानियाँ हैं जो जल की मूल्यवत्ता, जल ही जीवन है, जल है तो कल है,आदिस्लोगन का वास्तविक बोध करती हैं।

पानी के अभाव के कारण एवं समाधान – पानी की चिट्ठी कार्यक्रम में कहानियों के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में पानी के अभाव के कारणों की पड़ताल की गई है। जिसमें कुछ क्षेत्रों में बरसात की कमी,नदी एवं नहरों का अभाव, बंजर एवं पथरीली जमीन, वृक्षों का कटाव, पानी का अतिशय दोहनआदि इसके प्रमुख कारण हैं।

जिन्हें प्रथम कहानी में कितने स्पष्ट शब्दों में कारण को स्पष्ट किया गया है। –"खेत तो हैं साहब मगर पथरीले हैं" [4] (एपिसोड 1) जिसके निदान के लिए इस कहानी में बांधों के निर्माण द्वारा जल समस्या के समाधान को रेखांकित किया गया है। – "यहां बांधों में जमा रहूंगा तो फसलें लहराएंगी फिर कोई भूखा नहीं सोएगा। पर जब बादल छाए और बूंदों के रूप में उछलता कूदता मैं धरती में जम गया तो नीचे रिसने में मेरा रास्ता रोके खड़े थे पत्थर हंसमुखभाई ही नहीं उन जैसे सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया था अब मैं मौजूद था लेकिन धरती का पेट नहीं भर पा रहा था। बांध बनाने का असली मकसद पूरा नहीं हो पा रहा था, बांधों में जमा मैं भाप बनकर उड़ गया"[5] (एपिसोड 1) कहानी किसी समस्या आने पर रुकती नहीं अपितु समाधान ढूँढने के प्रयास में पुनः लग जाती है। तत्पश्चात इस स्थिति से निपटने के लिए माइक्रो इरिगेसन का विकल्प दृष्टिगोचर होता है। जिसमें अल्प मात्रा में ही पानी का

उपयोग करते हुए सिंचाई की जा सकती है। इस प्रणाली में पाईप के द्वारा पानी को सीधे पौधे तक लाया जाता है इसलिए इसमें पानी की खपत बहुत काम होती है और पानी के अपव्यय की संभावना भी नहीं रहती। किन्तु फिर एक अन्य समस्या या खड़ी होती है जो बहुत व्याहरिक समस्या है वह है अत्यंत गरीब,सीमांत किसान के पास पाइप पाइन खरीदने के पैसे नहीं है। क्योंकि पानी का जलस्तर अधिक गहरा होने के कारण पाईप भी अधिक चाहिए।

माइक्रोइरिग्रेशन में पाइपलाइन पर अधिक व्यय– "पानी इतना नीचे है सारा पैसा पीवीसी लाइन लाने में खर्च हो जाता है जो बूंद सिंचाई में पैसा बचता है वह इधर निकल जा रहा है"[6] (एपिसोड 1)। इस तरह से हम देखते हैं कि पानी के अभाव से एक अन्य समस्या उत्पन्न होती है वह है। भूजल स्तर का अधिक गहरा होना भी एक बडा कारण है। जिसके विकल्प के रूप में पानी की अल्प खपत के रूप में माइक्रो इरिगेशन समाधान परक बताया गया है। और ये सब समाधान मनुष्य की समझ , अथक परिश्रम न खोने वाले धैर्य के साथ साथ जिस कारण संभव होते हैं वह है सरकार की इनके लिए दी जाने वाली सब्सिडी । साथ ही किसानों को जागरूक करने के लिए स्थानीय एन जी ओ की भूमिका।

पानी के अभाव में फसल उत्पन्न नहीं होगी तो आय नहीं होगी फलस्वरूप किसान गरीबी, कर्ज और पोषण के अभाव से ग्रस्त हो जाएगा। –"गुजरात का बनासकांठा जिला जिले की 2 तहसीलें हैं जिनमें ज्यादातर जनजातीय लोग ही रहते हैं नाम तो है अमीरगढ़, लेकिन यहां के 150 गांव के लोगों ने कभी अमीरी की झलक तक नहीं देखी वजह वही बारिश की कमी तालाब सब सूखे पड़े रहते हैं.जिस कारण फसल नहीं हो पाती फलस्वरूप किसान कर्ज में डूबें हैं जिसके कारण पलायन की समस्या भी बन गई है"[7] (एपिसोड 1) सुविधाओं की इच्छा और बेहतर जीवन की लालसा लिए लोग पलायन कर जाते हैं।जल के अभाव में गरीबी और पलायन जैसे एक दूसरे के पर्याय हैं।

"कितने लोग गांव छोड़ गए कितने उखड़ गए कितने उजड़ गए"[8] (एपिसोड)

पानी के एकत्रीकरण के अभावके कारण भी जल समस्या उत्पन्न होती है।–बरसात के पानी के बह जाने से पानी एकत्र नहीं हो पाता। जिस कारण भूजल स्तर बहुत नीचे चल जाता है। गहरे भूजल स्तर में सिचाई में अधिक खर्च – पानी तो इतना नीचे है पंप से सिंचाई करेंगे तो डीजल का खर्चा बढ़ेगा बात सही थी पुराने तरीके से सिंचाई के लिए मेरी अधिक मात्रा की जरूरत होती है लेकिन बनासकांठा में तो मैं कम था अभी तो नीचे बहुत नीचे। ये तो वही बात हुई कंगाली में आटा गीला। क्योंकि पहले ही बनासकांठा जिला आर्थिक रूप से कमजोर था। भूजल गहरा था। सिंचाई करो तो खर्च अधिक न करो तो फसल नहीं। फसल न हो तो गरीबी, भुखमरी और कुपोषण। जलाभाव के कारण समस्या विकराल थी।

पानी के अभाव से उत्पन्न समस्याओं के समाधान/निदान हेतु छोटे छोटे बांध बनाकर पानी रोककर प्रयास की गए – "एनजीओ के साथ कोशिशें शुरू कर दी साल 2002 में इलाके में तो

छोटे बांध बनाने के लिए अनुदान का पैसा लेकर आए थे गांव के चौराहे पर सब जुटे तो हसमुख भाई ने मुस्कुरा कर कहा क्यों भाइयों अब तो खुश हो हम सब मिलकर छोटे–छोटे बांध बनाएंगे यहां के पानी को रोककर उस से इस धरती को हरा–भरा बनाएंगे"[9] (एपिसोड 1)

भूजल स्तर में सुधार याभूजल स्तर को बनाए रखने का हल हैसोखते गड्ढे का निर्माण। इसके कारण लोगों के बीच खींची लकीरे भी मिट जाएंगी क्योंकि जब झगड़े की वजह ही नहीं रही तो फासले क्यों होंगे।

पानी के घरेलू उपयोग के लिए हैंडपंप लगवाना सरकार की जल संबंधी एक और योजना है पीने के पानी की व्यवस्था।जिसके लिए सरकार सार्वजनिक स्थानों पर हैंडपंप लगवा रही है। पानी की किल्लत से आपसी मनमुटाव और झगड़े होने के कारण समाज का सौहार्द भी समाप्त होता है–अंकिता चौहान की लिखी कहानी लकीरें में – पानी नदी में बैठा हूं ,अठखेलियां मेरा स्वभाव है कभी बादल बनकर सूरज को ढक लिया तो कभी धरती पर धड़ाधड़ बरस पड़ा। मन से जरा चंचल हूं लेकिन दिल का साफ"[10] (एपिसोड 25) मध्यप्रदेश के दलोदा इलाके में सरकार द्वारा लगाए गए इस हैंडपंप के मुहाने पर इकट्ठा हो गया जिससे लड़ाई झगड़ा होने के कारण मौहल्ले में कटुता उत्पन्न हो गई।" पानी क्या बंटाकि पूरा मौहल्ला ही दो हिस्सों में बंट गया मन में एक लंबी सी लकीर खींच गई अपनों के बीच"[11] (एपिसोड 25) मनचाही व अनचाही दूरी ने घर कर लिया। मौहल्ले के हैंडपंप पर हुई कहासुनी से मौहल्ले के लोगों में मन मुटाव हो गया। जिसे दूर करने के प्रयास में सुनीता द्वारा हैंडपंप के बाहर फैले पानी की दूर तक निकासी कर दी गई। हैंडपंप के पास पानी न रहने से भूजल स्तर गिर गया और हैंडपंप सूख गया। जिसके निदान स्वरूप हैंडपंप के करीब सोखता गड्ढा बनाकर और उसमें अतिरिक्त पानी इकठ्ठा कर भूजल स्तर बढ़ाया गया तब लोगों के पीने के लिए हैंडपंप में पानी आया। वह करीबी लोगों से हुए मनमुटावभी समाप्त हो गए।

पथरीली जमीन को सम बनाना– "बनासकांठा का कलेजा भी न चट्टानों से बना है इस पत्थर दिल धरती का कलेजा मोम करने के लिए डायनामाइट लगवा देंगे। डायनामाइट भी लगे चट्टाने भी तोड़ी गई धरती का कलेजा मॉम भी हुआ और मैं वहाँ जाकर जमा लेकिन तेज गर्मी आई तब मुझे और नीचे पहुंचना पड़ा खूब नीचे"[12] (एपिसोड 1)

तेज गर्मी में पानी का वाष्प बनकर उड़ जाता है इसलिए भी ग्रीष्म ऋतु में भूजल नीचे चल जाता है। जिसे बचाए रखने के प्रयास ही जल समस्या के निवारण के प्रयास भी हैं। ऐसी स्थिति में जबकि भूजल के स्तर की समस्या हो जहां पानी की अल्प मात्र हो वहाँ सिंचाई के लिए माइक्रो इरिगेशन ही एक मात्र उपाय है। जल को यदि भविष्य के लिए भी सुरक्षित रखना है तब भी इसी प्रणाली का उपयोग करना चाहिए।

माइक्रोइरिग्रेशन– माइक्रो इरिगेशन का नाम सुना है क्या बोला माइक्रो सिंचाई यानी पानी का कम खर्चा, पानी को बचाकर खर्चा, पानी का सोचा समझा इस्तेमाल, लेकिन "इसमें तो खर्चा

आएगा ना हरी भाई के पास जायज सवाल था हां खर्च तो आएगा पर राज्य सरकार माइक्रो सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए मदद कर रही है हम उन तक अपनी गुहार लेकर जाएंगे कुछ तो जरूर होगा ना हसमुखभाई सरकारी मदद ले आए और गांव में सिंचाई के लिए मेरा इस्तेमाल और स्प्रिंकल से होने लगा"[13] (एपिसोड 1) माइक्रो इरिगेशन के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी की व्यवस्था इस प्रणाली के लिए की गई है इस की तरफ ही यहाँ इंगित किया गया है। जिसका लाभ उठाकर किसान भूजल स्तर की समस्या का निस्पादन कर सकते हैंऔर सरकार से माइक्रोइरिग्रेशन के लिए बिना ब्याज वाला कर्ज का लाभ उठा सकते हैं। तत्पश्चातनिजी कंपनी की मदद से सस्ते पाइप बनाए जाने लगे तो लागत कम हो गई। सोलह में से बारह आना सरकारी मदद आने से (अर्थात लागत का एक चौथाई) कोशिश के बाद किसानों की जिंदगी थोड़ी आसान हो गई।

तालाब खोदकर बारिश का पानी इकट्ठा कर सिंचाई करना – "महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में मेरी इतनी कमी थी उनके सपने भी सूख गए थे खेती के बढ़ने के लिए चाहिएपानी लेकिन कुछ लोग मुझे बहने देते हैं नलो से नालियों से"[14] (एपिसोड 3) बब्बल पानी की ताकत को समझ कर खेत में तालाब खरीदने खोदने का परामर्श देता है तो मालिक उसे डपट देता है। बात बब्बन को चुभ जाती है। वह बीबी के जेवर बेचकर खेत खरीदता है। तालाब खोदने के लिए सरकार सब्सिडी भी देती है तहसील से सब्सिडी का फार्म लेकर उसे भरदेता है तहसील के अतिरिक्त यह फार्म केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कॉमन सेंटर पर भी मिलते हैं। बब्बन ने सरकारी बैंक से लोन लेकर तालाब खुदाया, उसके सपने धीरे–धीरे आकार लेने लगे। उसने इस बार भी जी तोड़ मेहनत की, अपने लिए, अपनी फसल के लिए। धरती माता ने उसे भरपूर फसल के रूप में आशीर्वाद दिया, फसल काटने जिस दिन वह अपने खेत में उतरा उस दिन वह भावुक हो गया चेहरे पर तो खुशी थी लेकिन आंखों से आंसू बह रहे थे। आंसुओं में भी मैं ही था यानी पानी गांव के लोगों ने बब्बन से जानकारी लेकर अपने अपने खेतों में तालाब खोदे। इस तरह अथक परिश्रम और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर बब्बन मजदूर से मशहूर हो चुका था।

पानी के अभाव की समस्या का निदान, प्रभाव और उत्पादन– गुजरात का बनासकांठा "मैं पानी हूं जो बनासकांठा के पत्थरों में ठहर गया था चल तो दिया था पता है कोशिश करता हुआ इंसान दुनिया का सबसे खूबसूरत इंसान होता है। हाड़ तोड़ मेहनत से पाने के लिए बांध की मिट्टी जमा करते चलते लोगों के पसीने के पानी को क्या मैं ऐसे ही बर्बाद होते देख सकता था लेकिन इंसानों के बीच एक कहावत है – राम सहायक उसके होते, जो होते हैं आप सहायक। – अब तो खेत लहरा रहे हैं ना –पथरीले पहाड़ों से गुजरते हुए मैं जानता हूं कि रास्ता उसी को मिलता है जो आगे बढ़ता है।– बनासकांठा में जो किसानों के खेत में मैं पहुंचा तो ठहरी हुई जिंदगी अब चल पड़ी । खेतों में मुझे अपनी जड़ों में हर वक्त महसूस करते हैं । यानी माइक्रो इरिगेशन के पाइपसे गिरती मेरी आवाज बहुत धीमी है लेकिन इससे होने वाले बदलाव की

आवाज बहुत तेज है बनासकांठा के किसानों से पूछना कभी हो सके तो हसमुख भाई से पूछना वह कहेंगे पानी की टप टप करती बूंद की आवाज में आवाज नहीं पूरा संगीत है” [15] (एपिसोड 1)

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि हम अज्ञानवश या आलस्य और असावधानी, बढ़ती जनसंख्या आदि के कारण सदियों से चले या रहे अपने परंपरागत जल स्रोतों को भूल रहे हैं। केवल अपने आज को देखते हैं स्वार्थवश केवल अपने विषय में सोचकर पानी का अपव्यय करते हैं। जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से न केवल हमें सजग किया जा रहा है अपितु जिन क्षेत्रों में जल की समस्या भयावह बन गई थी। पलायन हो रहे थे और छोटे किसान सिंचाई के अभाव में फसल बर्बाद होने के कारण कर्ज में डूब रहे थे। आवासीय कालोनियों में भी ग्रीष्म काल में पानी की समस्या बन जाती थी सरकार की अनेक योजनाएं जिन पर हमने ऊपर बात की हर घर जल योजना, नहरों ,तालाबों ,आहार पाइन आदि के जीर्णोद्धार की योजना, बरसाती नदियों पर चौक डैम बनाने, तालाबों के निर्माण, पहाड़ी क्षेत्रों में ढलान पर और खेतों की मेढके बाहर गड्ढे खोदकर पानी जमा कर भूजल स्तर को बनाए रखने की योजना, हैंडपंप के पास सोखते गड्ढे बनाकर भी भूजल स्तर को बनए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं अनेक गैर सरकारी संस्थाएं एवं समाज सेवी भी इस महायज्ञ में प्रयासरत हैं। हरसुख भाई, आबिद सुरति, जमील कुरैशी के प्रयास और हर हर गंगे एवं भागीरथ एपिसोड में महेश शर्मा जी के प्रयास इस के जीवंत प्रमाण हैं। महेश जी आदिवासी क्षेत्रों की समस्या उन्ही की सदियों की परंपरा ‘हलमा’ प्रथा (निशुल्क श्रमदान) का पुनय उपयोग कराके 113 गांव में शिवलिंगों का निर्माण और कांवड यात्रा कर शिवरात्रि को संकल्प लेकर रामनवमी के दिन शिव जटाओं (चौक डैम आदि) से अपने अपने गाँव में सिंचाई के लिए जल पहुंचाते हैं।देश केकई राज्यों के विभिन्न स्थानों जिसमें मध्यप्रदेश के आदिवासी झाबुआ क्षेत्र भी हैं उत्तराखंड का पहाड़ी क्षेत्र गुमखल भी है गुजरात महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, पंजाब के विभिन्न कृषि आधारित सिंचाई की समस्या है तो डेल्ही, मुंबई जैसे महानगरों की आवासीय कॉलोनियों की जल संबंधी समस्याओं को भी लिया गया है। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय इसकी कथा शैली की रोचकता में भी है तो वही यह बात भी महत्वपूर्ण है की कार्यक्रम सिर्फ समस्याओं का चित्रण मात्र नहीं करता बल्कि समस्या समाधान में प्रयास रत सरकार और जनता दोनों का ही बखूबी चित्रण करता है तथा श्रोताओं को भी प्रयास की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। यह कार्यक्रम मीडिया के सूचना, शिक्षा और मनोरंजन तीनों उद्देश्यों को पूर्ण करता है।

संदर्भ –

एपिसोड के लिंक
एपिसोड 1 https://www.youtube.com/watch?v=Wy1zOW8q2u4
एपिसोड 2 https://www.youtube.com/watch?v=gJa10-rJqBk
एपिसोड 3 https://www.youtube.com/watch?v=ufVTHAQlp1o

एपिसोड 4 https://www.youtube.com/watch?v=7wCP909Qb5c
एपिसोड 5 https://www.youtube.com/watch?v=wQty8HsY8XM
एपिसोड 6 https://www.youtube.com/watch?v=D7g_nXLKx3Q
एपिसोड 7 https://www.youtube.com/watch?v=9dJMTQPX1EE
एपिसोड 8 https://www.youtube.com/watch?v=S1KeDQBmeyA
एपिसोड 9 https://www.youtube.com/watch?v=IVHUrnd9LvM
एपिसोड 10 https://www.youtube.com/watch?v=4t7SlDKIYQw
एपिसोड 11 https://www.youtube.com/watch?v=DIgPgmWhH68
एपिसोड 12 https://www.youtube.com/watch?v=pghsAuYfW5s
एपिसोड 13 https://www.youtube.com/watch?v=ChHhInkBlxE
एपिसोड 14 https://www.youtube.com/watch?v=6GzB9NQZ-Nc
एपिसोड 15 https://www.youtube.com/watch?v=saRhPSbnoyM
एपिसोड 16 https://www.youtube.com/watch?v=_VbjEK6XpLI
एपिसोड 17 https://www.youtube.com/watch?v=tWGdmZSDB_M
एपिसोड 18 https://www.youtube.com/watch?v=-QaMnWXEy2c
एपिसोड 19 https://www.youtube.com/watch?v=iE5tUPLs4ow
एपिसोड 20 https://www.youtube.com/watch?v=maZf7h20VvM
एपिसोड 21 https://www.youtube.com/watch?v=_hOdPyxGzLA
एपिसोड 22 https://www.youtube.com/watch?v=XTgAlKpHhl8
एपिसोड 23 https://www.youtube.com/watch?v=2c3ca-0o7Uo
एपिसोड 24 https://www.youtube.com/watch?v=GAHRsFnCZRU
एपिसोड 25 https://www.youtube.com/watch?v=RnQl0_zHDHY
एपिसोड 26 https://www.youtube.com/watch?v=s6vR-n9XChw
एपिसोड 27 https://www.youtube.com/watch?v=iKV_xg2zqYQ
एपिसोड 28 https://www.youtube.com/watch?v=deDm7qr5IEM
एपिसोड 29 https://www.youtube.com/watch?v=B7EuBqjMHXo
एपिसोड 30 https://www.youtube.com/watch?v=q7P8HiCgGo0
एपिसोड 31 https://www.youtube.com/watch?v=NuU-YdWwf4w
एपिसोड 32 https://www.youtube.com/watch?v=q46EoiNEIP8
एपिसोड 33 https://www.youtube.com/watch?v=Huwi-m5GgBA
एपिसोड 34 https://www.youtube.com/watch?v=i6vbwuz90hc
एपिसोड 35 https://www.youtube.com/watch?v=iIKzyikQ5Jo
एपिसोड 36 https://www.youtube.com/watch?v=c2oS9k0SIH0

❐❐❐

प्रोफेसर
अदिति महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
मोबाइल नं – 9873910379 ईमेल –drneelamrathi123@gmail.com

सॉफ्ट पावर : भारतीय विदेश नीति की अहम् रणनीति

–डॉ. अमित कुमार गुप्ता
–डॉ. अपर्णा

महात्मा गांधी ने बताया था–"मेरा मानना है कि जिस सभ्यता में भारत का विकास हुआ है, उसे दुनिया के सामने उपहास के रूप में नहीं आने देना है। हमारे पूर्वजों द्वारा बोए गए सांस्कृतिक बीजों की बराबरी कोई नहीं कर सकता। रोम चला गया गया, ग्रीस ने वही भाग्य साझा किया, फिरौन की शक्ति टूट गई, जापान पाश्चात्य हो गया है, चीन का कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन भारत अभी भी और एक मजबूत नींव के साथ किसी ना किसी तरह आगे भी रहेगा।

भारत अन्य राष्ट्रों के तरह विश्व परिदृश्य पर अपनाप्रभुत्व स्थापित करने के लिए संघर्षरत है। भारत के राजनीतिक विचारकों में ये बहस की बात है कि, क्या भारत महाशक्ति बनेगा तथा क्या वह कभी अपना वैश्विक वर्चस्व को स्थापित कर पाएगा? अपने इसी वैभव की प्राप्ति के लिए। भारत ने अपनी सॉफ्ट पावर (मृदु शक्ति) क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया है। इस लेख में हम मृदु शक्ति के रूप में भारत की क्षमताओं को तलाशने का प्रयास करेंगे। साथ ही भारत सरकार अन्य राष्ट्रों के समक्ष अपनी सकारात्मक छवि को बढ़ाने के लिए मृदु शक्ति का उपयोगकैसे कर रही है, इस पर भी चर्चा करेंगे।

बीज शब्द– मृदु शक्ति, सार्वजनिक कूटनीति, भारतीय संस्कृति, लोकतंत्र, भारतीय प्रवासी।

मूल लेख : सतत प्रतिस्पर्धा अंतराष्ट्रीय राजनीति की विशेषता रही है, जिसमे बड़े राष्ट्र हमेशा से छोटे राष्ट्रों को अपने दबाव में रखना चाहते हैं । विश्व राजनीति का इतिहास इस बात का साक्षी है कि राष्ट्र निरंतर अपनी शक्ति बढ़ाने तथा राष्ट्रहित को साधने हेतु कार्यरत रहते हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एक दूसरे को पीछे छोड़ने की जद्दोजहद में शामिल राष्ट्रों में भारत कोई अपवाद नहीं है, वैश्विक पटल पर भारत भी अलग–अलग राष्ट्रों से अलग–अलग मुद्दों के बहस में अपने आप को स्थापित किए हुए है। भारतीय खद्मे में ये एक बहस का मुद्दा है कि क्या भारत महाशक्ति बनेगा? तथा क्या वह वैश्विक स्तर पर वर्चस्व स्थापित कर पाएगा? इस बात को बार बार बहस का मुद्दा बनाने वाले को भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में क्रय शक्ति की क्षमता (PPP) को देखना चाहिए, जिसमें भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यही नहीदुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारतीय अर्थव्यवस्था है। इसके पास अपने शस्त्रागार में परमाणु हथियार रखने के अलावा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सक्रिय सेना व इन सबसे ऊपर इसकी आणविक क्षमता (World atlas, 2018) है। वैश्विक जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत से अधिकभाग भारत का है। (India Today, 2011), तथा इसके

विदेशी मुद्रा भंडार में दिन पर दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। जिससे भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के अधिक प्रवाह को आकर्षित करने की क्षमता बढ़ी है। दुनिया के शीर्ष 10 अरबपतियों की सूची में भारतीयों अव्वल हैं तथाहाल के कुछ वर्षों की सूची में भारतीयों के नाम दो से चार के बीच हैं (Gupt, 2008)। इस समय भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 'उभरती तथा जिम्मेदार वैश्विक शक्ति' के रूप में संदर्भित किया जाता है।

उपरोक्त तथ्यों के संदर्भ में देखे तो क्या यह भारत के वैभव को वैश्विक परिदृश्य पर सिद्ध करता है? क्या अब इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी रूप से जगह मिल सकती है तथा समाज के उत्कृष्ट शक्ति समूह में शामिल होने की अनुमति मिल सकती है? क्या अब इसे 'विकासशील दुनिया' की स्थिति से ऊपर रखा जा सकता है, और क्य यह दुनिया को एक विकसित देश के रूप में जाना जा सकता है? परंतु उत्तर निश्चित रूप से नकारात्मक है। क्योंकि भारत को कोई इस तरीके से देखना ही नहि चाहता है। (Cohen, 2001, Gupta, 2008)

एक विडंबना यह भी है कि इतिहास हमें भारत के गौरवशाली अतीत विलुप्त संपदाओं के बारे में बताता है। प्राचीन भारतीय सभ्यता (मुख्य रूप से सिंधु घाटी सभ्यता) प्राचीन मिस्र और मेसोपोटामिया के साथ 'दुनिया की पहली महान शहरी सभ्यताओं में से एक थी' (Harappa.com), 'आर्थिक इतिहासकार एंगस मैडिसन के अनुसार, भारत पहली शताब्दी तथा 11वीं शताब्दी में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जहां पहली शताब्दी में विश्व जीडीपी का 32.9ः हिस्सा तथा 1000 CE में 28.9 प्रतिशत भारत का था।' (Maddison, 2001) हालाँकि, औपनिवेशिक शासन ने धीरे–धीरे तथा क्रमिक रूप से भारत को तीसरी दुनिया की स्थिति में कमजोर कर दिया, जो अब एक विकासशील अर्थव्यवस्थाके रूप में विकसित हो रहा है।

इस प्रकार भारत अपनी खोई हुई गरिमा और वैभव को वापस लाने तथा स्वयं को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए आगे बढ़ रहा है। जैसा कि महात्मा गांधी ने बताया था–"मेरा मानना है कि जिस सभ्यता में भारत का विकास हुआ है, उसे दुनिया के सामने उपहास के रूप में नहीं आने देना है। हमारे पूर्वजों द्वारा बोए गए सांस्कृतिक बीजों की बराबरी कोई नहीं कर सकता। रोम चला गया गया, ग्रीस ने वही भाग्य साझा किया, फिरौन की शक्ति टूट गई, जापान पाश्चात्य हो गया है, चीन का कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन भारत अभी भी और एक मजबूत नींव के साथ किसी ना किसी तरह आगे भी रहेगा। (Vision of Indi, 1983)"

स्टीफन पी. कोहेन ने अपनी पुस्तक 'इमर्जिंग पावर इंडिया'में तर्क दिया है कि, 'भारतीय सामरिक अभिजात वर्ग की चिंता के लिए, भारत ने अपनी शक्ति तथा प्रभाव की तुलना में अपने विदेशी तथा गूढ़ गुणों के कारण एक राज्य के रूप में पश्चिमी कल्पना को अधिक उत्तेजित किया है"। (Cohen, 2001)

भारत के पास जो मृदु शक्ति की अवधारणाहैं वो वैश्विक परिदृश्य पर बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता रखती है। जिसकी क्षमता को भारत के विदेश नीति निर्माताओं ने एक अहम हिस्सा माना है, और विदेश मंत्रालय द्वारा 2006 में एक सार्वजनिक कूटनीति विभाग की स्थापना की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर वैश्विक तथा घरेलू राय को एक शिक्षित तथा प्रभावित तरीके से पेश करना है। जिससे की राष्ट्र की एक बेहतर छवि वैश्विक पटल पर पेश हो, जो इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय स्थिति (The Times of India, 2006) के अनुरूप रहे। विदेशों

में भारतीय छवि को उन्नत बनाने में सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग की सहायता कई अन्य मंत्रालय तथा परिषद् कर रहे हैं, जैसे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR), भारतीय विश्व मामलों की परिषद (ICWA), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग प्रभाग, विदेश प्रचार विभाग, पर्यटन मंत्रालय तथा प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय आदि। सभी व्यक्तियों, समाजों, संस्थानों, संगठनों तथा विभिन्न मंत्रालयों के संयुक्त प्रयासों से भारतीय मृदु शक्ति को उभारने का प्रयास किया जा रहा है और अंततः भारत के बारे में दुनिया की जो धारणाये है उनमें सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। नवदीप सिंह सूरी (संयुक्त सचिव, लोक कूटनीति प्रभाग, विदेश मंत्रालय, भारत) जो की प्रथम भारती सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग का नेतृत्व कर रहे थे, उन्होंने साक्षात्कार में बहुत गर्व से कहा था कि ''बहुत ही कम अवधि में विदेशों में भारत की छवि में एक सकारात्मक बदलाव आया है''।

मृदु शक्ति क्या है?

मृदु शक्ति राजनीति का वह महत्वपूर्ण अंग है, जो संस्कृति, मूल्यों, विचारधारा, किसी के गुप्त ज्ञान तथा अन्य तरह के अमूर्त प्रभावों पर आधारित है (Gupta, 2008)। यह सैन्य बल या आर्थिक प्रोत्साहन का उपयोग किए बिना दूसरों के साथ मित्रवत सम्बन्धों के तरफ ले आनेकी क्षमता है। जोसेफ एस नाई जूनियर ने मृदु शक्ति कोपरिभाषित करते हुए बताया है कि– अवधारणा के प्रतिपादक इस प्रकार है :

मृदु शक्ति दबाव या भय के बजाय आकर्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मामलों में वांछित परिणाम प्राप्त करने की क्षमता है, मृदु शक्ति किसी के विचारों की अपील या दूसरों की प्राथमिकताओं को आकार देने वाले कार्यसूची को निर्धारित करने की क्षमता पर आधारित हुई है। यदि कोई राज्य दूसरों की धारणा में अपनी शक्ति को वैध बना सकता है तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना कर सकता है जो उन्हें अपनी गतिविधियों को चैनल या सीमित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, तो उसे अपने महँगे पारंपरिक आर्थिक या सैन्य संसाधनों को खर्च करने की आवश्यकता नहीं हो सकती है। (Nye, 1996)नाई आगे बताते हैं कि किसी भी राष्ट्र की मृदु शक्ति मुख्य रूप से तीन संसाधनों पर टिकी होती है, संस्कृति (उन जगहों पर जहां यह दूसरों के लिए आकर्षक है), राजनीतिक मूल्य (जब यह देश तथा विदेश में उनके लिए रहता है), और अंतिम है विदेश नीति (जब उन्हें वैध तथा नैतिक अधिकार के रूप में देखा जाता है) (छलम, 2006) जोसेफ एस. नाई जूनियर ने पहली बार (मृदु शक्ति) शब्द को अपनी 1990 की किताब 'बाउंड टू लीडरू द चेंजिंग नेचर ऑफ अमेरिकन पावरश' में दिया। यद्यपि मृदु शक्ति की अवध ाारणा नई है परंतु इस अवधारणा के पीछे का विचार बहुत पुराना है, जिसे ऐतिहासिक रूप से भी परखा गया है। अतीत में, भारत के राजा अशोक, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, महात्मा गांधी तथा कई अन्य लोगों ने बिना अवधारणा के भी मृदु शक्ति के विचार को बहुत कुशलता से प्रयोग किया है। विडंबना यह भी है कि हिटलर, मुसोलिनी तथा ओसामा बिन लादेन ने भी मृदु शक्ति का उपयोग किया है लेकिन बिल्कुल अलग तरीकध्े से। (Gupta, 2013)।

मृदु शक्ति (सॉफ्ट पावर) की अवधारणा को हार्ड पावर की अवधारणा के साथ जोड़ा जाता है– जैसे कि सैन्य शक्ति तथा आर्थिक दबाव, जिसका उपयोग हमेशा रक्तपात, तबाही के साथ होता रहा है। इस बदलती नई विश्व व्यवस्था में जहां परमाणु शक्तियां अब प्रभुत्व हासिल करने

के लिए एक पूर्ण युद्ध के बारे में नहीं सोच सकती हैं, और न ही आतंकवाद को खत्म करने के करीब पहुंच रही है, वस्तुतः हार्ड पावर की भूमिका सीमित हो रही है। हार्ड पावर सैन्य और आर्थिक बल के उपयोग पर अत्यधिक बल देता है। सैन्य बल निश्चित रूप से एक हार्ड पॉवर का एक उपकरण है वहीं अर्थव्यवस्था को भी विवादास्पद रूप से कठोर शक्ति के स्रोत के रूप में देखा गया है, खासकर जब इसे अपनी इच्छा को लागू करने के मकसद से राष्ट्रों पर व्यापार प्रतिबंध और प्रतिबंधों के रूप में लगाया जाता है। इसी तरह अर्थव्यवस्था भी मृदु शक्ति उपकरण का एक हिस्सा बन सकती है, उदाहरण के लिए, अमेरिका द्वारा मार्शल प्लान का कार्यान्वयन (जिसके द्वारा अरबों डॉलर पश्चिमी यूरोपीय देशों में पंप किए गए थे), जिसके कारण लेने वाले देशों में अमेरिकी मृदु शक्ति का विस्तार हुआ। इसी तरहवाल्टर रसेल मीड ने तर्क दिया है कि "आर्थिक शक्ति लालचि शक्ति हैयह सामने वाले को जरूरत के समय मजबूर करने के साथ–साथ उद्देश्य से बहकाता भी है। इसी तरह आर्थिक संस्थानों और नीतियों का एक समूह हमारी प्रणाली में आकर्षित करता है तथा उनके लिए उसे छोड़ना मुश्किल बनाता है"। (Nye, 2006)

भारत की मृदु शक्ति क्षमता

भारत मृदु शक्ति के प्रबल दावेदारों में से एक है। इसकी सांस्कृतिक पहेली हर किसी के विचारोत्तेजक संज्ञान को प्रभावित करती है। मार्क ट्वेन के अनुसार, भारत सपनों तथा रोमांस की भूमि है, हर तरीके से धनाढ्य परिपूर्ण जैसे गरीब भी हैं, अमीर भी हैं, वैभव और शान से परिपूर्ण, महलों और झोंपड़ियों का एक विहंगम संगम, जहां पर कभी अकाल और महामारी भी हुई है। अलग अलग राज्यों में अलग अलग मातृ भाषा, अलग–अलग धर्मों के बीच बहुत से देवी–देवताओं को पूजा जाना। यह एक ऐसी भूमि है जिसे सभी मनुष्य देखना चाहते हैं और एक झलक में, एक बार देख लेने पर भी मनुष्य अपने आप को धन्य मानता है। मिश्रित संस्कृति का ऐसा विहंगम दृश्य जो कि विश्व के किसी भी राष्ट्र में नही देखने को मिलेगा। (Indology, 2009) भारत के अतीत की प्रशंसा में इस तरह के दृष्टांत बहुसंख्यक हैं। यह सब 'भाषाओं और बोलियों, देवी–देवताओं, मूल्यों और विश्वासों, रीति–रिवाजों और प्रथाओं, कामुकता और तपस्या की बहुलता' का समृद्ध मिश्रण है। (Singh, 1998;Gupta, 2013;Gupta] 2018)।

भारत के पास मृदु शक्ति की अपार संभावना है, जो निम्नांकित हैं–

- **भारतीय संस्कृति**

संस्कृति एक प्रभावी मृदु शक्ति संपदा है, जिसे वैश्विक पटल पर खुद को पेश करने के लिए आवश्यक उपकरणों में से एक माना जाता है, साथ हीयह विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी बढ़ाता है। भारत के अतीत से पता चलता है कि कैसे सांस्कृतिक आदान–प्रदान रत्नों और गहनों, कला वस्तुओं और कलाकृतियों का उपहार, दरबारी कवियों, नर्तकियों, संगीतकारों, चित्रकारों, मूर्तिकारों, यहां तक कि रसोइयों, बुनकरों, वगैरह के माध्यम से राजनीतिक मुद्दों को सुलझाया गया है। एक उदाहरण है की भारत के राजनीतिक मुद्दे कैसे रहे हैं जो कि एक राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। (Verma, 2008; Gupta, 2013;Gupta, 2018)।

भारत की सांस्कृतिक विरासत सबसे प्राचीन और विविध में से एक रही है। सदियों से, कई जातियों और लोगों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में योगदान दिया है। भारतीय संस्कृति की ताकत इस तथ्य में निहित है कि इसने समय की अनिश्चितताओं का सामना किया

है तथा इसलिएयह और भी अधिक स्थायी, व्यावहारिक और सरल हो गई है, जिसके पास दुनिया को सिखाने के लिए बहुत कुछ है। विभिन्न जातियों के लोग आए, पहले से ही बसी हुई जातियों के साथ घुलमिल गए, और विविधता में एकता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया (Singh, 19980। भारतीय संस्कृति के विविध घटक, जो अध्यात्म से लेकर कला और शिल्प, संगीत, नृत्य और नाटक, साहित्य, व्यंजन, और बहुत कुछ हैं, दुनिया के सौंदर्यपूर्ण चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो एक ऐसी अनुभूति पैदा करता है जो न केवल समझ से बाहर है बल्कि अमूर्त भी है। जिसकी नीचे चर्चा की गई हैः (Gupta, 2013; Gupta, 2018)

- **भारतीय आध्यात्मिकता**

आध्यात्मिक जीवन भारत का सच्चा सार है। ऐसा माना जाता है कि जो लोग भारतीय मन को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं, वे सैन्य विजेता, धनी व्यापारी या महान राजनयिक नहीं हैं, बल्कि पवित्र गुरु, ऋषि मुनि तथा संत हैं जो आध्यात्मिकता को उसके बेहतरीन तथा शुद्धतम रूप में मूर्त रूप देते हैं। भारत का गौरव यह है कि लगभग हर पीढ़ी में और देश के हर हिस्से में अपने दर्ज इतिहास के समय सेउसने इन पवित्र पुरुषों को पैदा किया है, जो देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र हैं। (Chatterji et. al, 1958)

माना जाता है कि भारत ने अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं के माध्यम से पश्चिमी कल्पना को प्रभावित किया है। यहां सबसे अच्छा उदाहरण स्टीव जॉब्स का भारतीय मंदिर में जीवन बदलने वाले आध्यात्मिक प्रतिबिंबों का अनुभव होगा और इसी तरह, मार्क जुकरबर्ग की भारत यात्रा उस समय महत्वपूर्ण रहा जब फेसबुक बहुत अच्छा नहीं कर रहा था। इसके साथ हीमन की पूर्ण शांति की तलाश में सैकड़ों विदेशी भारत आते हैं, और सबसे बड़ी बात यह है कि विदेशों में भारत को अपनी मृदु शक्ति को एक दूसरे के बीच पहुँचाने के लिए अपने गुरुओं तथा संतों को धन नहीं देना पड़ता है। (Gupta, 2018)

- **भारतीय जीवन शैली**

भारतीयों की समृद्ध सांस्कृतिक प्रथाएं उनके जीवन जीने के तरीके में परिलक्षित होती हैं। भारतीय जीवन शैली का प्रमुख हिस्सा सदस्यों के बीच प्रचलित पारिवारिक बंधन है। यह वह बंधन है जो एक भारतीय को पश्चिम में अपने समृद्ध समकक्षों की तुलना में अधिक संतुष्ट और खुशहाल जीवन जीने के लिए तैयार करता है। विदेशी नागरिक, भारतीय परिवार की इस विशेषता से बहुत प्रभावित होते हैं। भारत में पारिवारिक मूल्यों की व्यापकता भारत को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जहां प्रेम और भाईचारा बहुतायत रूप में फल–फूल रहा है। इससे विश्व समुदाय में भारत की छवि मजबूत होती है। (Gupta, 2013; Gupta, 2008)

2. भारतीय चिकित्सा तथा योग

आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी तथा सिद्ध औषधीय प्रथाएँ भारतीयों की एक उत्पत्ति है। ये औषधीय प्रथाएं इसके प्राचीन सभ्यता के इतिहास में गहराई से निहित हैं और इन्हें चिकित्सा की सबसे पुरानी संगठित प्रणालियों में से एक माना जाता है। इसके अतिरिक्तभारत अब आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अत्याधुनिक तकनीक की राह पर चल रहा है तथा इस प्रकार उपचार के उद्देश्य से भारत विदेशी नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। (ळनचजं, 2013),

वर्तमान में भारत जेनेरिक दवाओं और टीकों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

योग एक भारतीय खोज है, जिसके बारे में कहा जाता है कि उसके पास सभी शारीरिक अस्वस्थता का जवाब है। दुनिया भर में लाखों लोग योग का अभ्यास करते हैं। इससे पहले विभिन्न देशों द्वारा विभिन्न योग स्थितियों को अपने स्वयं के रूप में पेटेंट कराने का प्रयास किया गया था। भारत ने इसका हमेशा विरोध कियाक्योंकि भारत दावा करता है कि योग की उत्पत्ति भारतमें हुई है। इस प्रकारभारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा योग को मान्यता देफलतः2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। इस प्रकारबिना किसी संदेह के कहा जा सकता है कि योग भारत के मृदु शक्ति उपकरण में से एक हो सकता है, जिसके माध्यम से यह भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रदर्शित कर सकता है जिसने विश्व समाज में एक ऐसा ज्ञान दिया है जो दुनिया भर के लोगों के लिए अच्छा काम करेगा और यह सब न्यूनतम या बिना किसी मौद्रिक लागत पर होगा। (ळनचजं, 2013यळनचजं, 2018)

3. भारतीय प्रवासी

भारतीय प्रवासी जो पूरी दुनिया में फैले हुए हैं, अपने व्यवहार और सौम्य गुणों से दुनिया का दिल जीत रहे हैं। श्रीराम चौलिया ने अपने लेख 'द ग्रेट इंडियन डायस्पोरा'में उल्लेख किया है कि, "अधिकांश भाग के लिएएक औसत अमेरिकी, कनाडाई या डचमैन भारतीय अप्रवासियों को राष्ट्रीय सुरक्षा या आर्थिक खतरों के रूप में नहीं देखते हैं, उनके विनम्र, लचीले और प्यारे गुण के लिए धन्यवाद।" (Chaulia,2006) भारत में उनके योगदान को स्वीकार करने के लिए, भारत सरकार ने 2003 से हर साल 9 जनवरी को श्प्रवासी भारतीय दिवसश मनाना शुरू कर दिया है।

4. भारतीय लोकतंत्र

1.25 अरब से अधिक की आबादी के साथ, भारत खुद को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आगे बढ़ा रहा है, जो अभी भी मजबूत और कार्यशील है। यह कई लोगों को आश्चर्यचकित करता है विशेष रूप से वे जो मानते हैं कि लोकतंत्र एक बहु–सांस्कृतिक और बहुभाषी देश में नहीं पनप सकता है और उन्होंने अधिकांश औपनिवेशिक तीसरी दुनिया के राज्यों को राजनीतिक क्षेत्र में विफल होते देखा है जो तबाही, सैन्य तानाशाही के साथ राजनीतिक स्थिति में रह रहे हैं या पूर्व रहे हैं। भारत निश्चित रूप से आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की समस्याओं के बिना नहीं है। नक्सलवाद से लेकर अलगाववादी आंदोलनों, उग्रवाद से लेकर आतंकवाद, सांप्रदायिक दंगों से लेकर भ्रष्टाचार तक की समस्याएंये सभी भारत में दृश्यमान विशेषताएं हैं। हालांकिभारतीय लोकतंत्र की लचीली प्रकृति के कारण भारत ने सब कुछ झेला है। भारतीय जनमानस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास करते हैं और अगर सरकारें लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते हैं तो उन्हें गिराने से वे बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाते। भारतीय अपनी लोकतांत्रिक संस्कृति को बढ़ावा देते हैंऔर यही कारण है कि इस संबंध में भारत को चीन पर एक अनुकूल बढ़त देता है। (Gupta, 2013)

5. भारतीय फिल्म उद्योग और खेल

भारतीय फिल्म उद्योग और धारावाहिक सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं। भारत अब प्रति

वर्ष 800 से अधिक फीचर फिल्मों के औसत उत्पादन के साथ फिल्म निर्माण में दुनिया में सबसे आगे है। मुंबई स्थित हिंदी भाषा का फिल्म उद्योग, जिसे बॉलीवुड के नाम से जाना जाता है, से कम से कम एक चौथाई भारतीय फिल्मों का निर्माण करता है। बॉलीवुड उद्योग सिर्फ एक मनोरंजन उद्योग नहीं है, बल्कि एक आवश्यक मृदु शक्ति उपकरण है जो खुद को जीत रहा है और भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नामफिल्मों के माध्यम से भारत और इसकी संस्कृति के बारे में जान रही है। भारतीय फिल्म उद्योग के अलावाहाल के नए धारावाहिकों ने भी न केवल भारत में बल्कि दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ–साथ यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका में भी एक बड़ा मनोरंजन उद्योग स्थापित किया हैं। भारतीय फिल्म उद्योग चारों ओर से दिल जीत रहा है, जो भारत के लिए एक प्रभावी मृदु शक्ति सम्पत्ति साबित हो रहा है। (Gupta, 2018)

इसी तरह, खेल के क्षेत्र में विश्वनाथन आनंद (शतरंज), सचिन तेंदुलकर (क्रिकेट), साइना नेहवाल और पी.वी. सिंधु (बैडमिंटन), गीत सेठी (स्नूकर), अभिनव बिंद्रा (शूटिंग), मैरी कॉम (मुक्केबाजी) और कई अन्य, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को गौरवान्वित कर चुके हैं। (Gupta, 2018)

भारत के द्वारा मृदु शक्ति का उपयोग

भारत ने खुद को मूल राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिवेश के अनुसार कुशलतापूर्वक स्वयं को प्रभावी रूप से ढलने के लिए स्थापित किया है। अनुकूलन करने के महत्व को संबोधित किया है। इस प्रकारभारत ने मृदु शक्ति के क्षेत्र में अपनी क्षमता को पहचानते हुए विदेश मंत्रालय के तहत वर्ष 2006 में एक सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग की स्थापना की। इसका मुख्य उद्देश्य जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर वैश्विक और घरेलू राय को शिक्षित और प्रभावित करना तथा विदेशों में देश की बेहतर छवि पेश करना है (The Times of India, 2006)। अन्य भारतीय संस्थान जो इस संबंध में सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग की सहायता कर रहे हैं, वे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR), भारतीय विश्व मामलों की परिषद (ICWA), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के प्रभाग हैं।विदेश प्रचार प्रभाग, पर्यटन मंत्रालय और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय।

1) सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग

सार्वजनिक कूटनीति विभाग को वर्ष 2006 में विदेश मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत के भीतर और विदेशों में जनता तक पहुंचना था, ताकि भारत की अधिक जानकारीपूर्ण समझ और प्रशंसा को सक्षम बनाया जा सके। यह विभाग भारतीय विदेश नीति को आकार देने में सार्वजनिक भागीदारी और जनहित के मामले को भी देखता है। इसकी गतिविधियों में व्याख्यान, सेमिनार तथा सम्मेलन आयोजित करना, विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करना, वृत्तचित्रों को चालू करना शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत की छवि के सकारात्मक प्रक्षेपण, सांस्कृतिक प्रचार तथा प्रदर्शनियों का आयोजन,अन्य ऑडियो–विजुअल और प्रिंट प्रचार हैं। गतिविधियों को मोटे तौर पर आगे निकलने की क्षमता, ऑडियो–विजुअल प्रचार और प्रिंट प्रचार में विभाजित किया गया है।

भारत और विदेशों में कई वृत्तचित्रों, फीचर फिल्मों, सांस्कृतिक प्रचार और प्रदर्शनी कार्यक्रमों के माध्यम से, सार्वजनिक कूटनीति विभाग भारत की एक बहुत ही सकारात्मक छवि पेश करने का प्रयास करता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान पूरी की गई कुछ वृत्तचित्र इस प्रकार हैं:

- 'अफ्रीका के साथ संबंध'–अफ्रीकन महाद्वीप के साथ भारत के लगातार बढ़ते संबंधों की पड़ताल करता है,
- 'भारतीय सेना की मार्शल ट्रेडिशन्स' – आधुनिकीकरण की अपरिहार्य प्रक्रिया में सेना द्वारा सामंजस्य स्थापित करने के तरीके को दर्शाती है,
- 'हमसे दो राष्ट्र, दो पड़ोसी' – अफगानिस्तान और भारत की कहानी, उनकी दोस्ती जो समय की कसौटी पर खरी उतरी है,
- 'थ्रू लेंस क्लियरली'– रघु राय का भारत,
- 'भारतीय चुनाव'– एक विशाल लोकतांत्रिक अभ्यास,
- 'स्पिरिट ऑफ इंडिया'– भारत के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने वाली एक लघु फिल्म,
- 'इंडिया इन द मून' – चंद्रयान–I।

सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग (पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन) विदेशों में भारत की छवि को प्रदर्शित करने के लिए पुस्तकों और पत्रिकाओं का भी उपयोग कर रहा है। 'इंडिया पर्सपेक्टिव्स', विदेश मंत्रालय की प्रमुख और अत्यंत है, लोकप्रिय पत्रिका है, इसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, साहित्य, वन्य जीवन, फिल्म और पुस्तक उद्योग तथादेश की उपलब्धियों से भिन्न विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी। यह पत्रिका कई भाषाओं में प्रकाशित होती है, जैसे अरबी, बहासा, इंडोनेशिया, बंगाली, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिंदी, इतालवी, पश्तो, फारसी, पुर्तगाली, रूसी, सिंहल, स्पेनिश, तमिल, उर्दू। पत्रिका दुनिया के सभी कोनों में वितरित की जाती है। (Annual Report, 2008-09)

अपने सार्थक प्रयासों तथा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सोशल मीडिया के उत्कृष्ट इस्तेमाल के लिए इस विभाग को 2010 और 2011 में पुरस्कार प्राप्त हुए। हालाँकि, इस विभाग को 2014 में भारत के विदेश मंत्रालय के 'बाहरी प्रचार प्रभाग'में मिला दिया गया था।

2) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR)

भारत की स्वतंत्रता के तुरंत बाद वर्ष 1950 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की स्थापना इस बात पर प्रकाश डालती है कि भारत अपनी सांस्कृतिक शक्ति और मूल्यों को क्या महत्व देता है। परिषद का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर के देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना है, जो उनके बीच बेहतर और बेहतर आपसी समझ को सक्षम बनाता है।

उपर्युक्त उद्देश्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, परिषद लगातार काम कर रही है और दुनिया भर में अपनी गतिविधियों का संतोषजनक ढंग से विस्तार कर रही है। परिषद द्वारा की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं, विदेशी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, जो भारतीय नृत्य और संगीत सीखना चाहते हैं, भारत और विदेशों दोनों में विभिन्न प्रदर्शनियों, सेमिनारों, व्याख्यानों और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन और भाग लेना, प्रदर्शन करने वाले समूहों के कलाकारों का आदान–प्रदान करना, विदेशों में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों का रखरखाव करना हैं, और इसके

अलावा विशिष्ट आगंतुक कार्यक्रम भी आयोजित करना हैं, जिसके तहत विदेशों से प्रतिष्ठित हस्तियों को भारत आने के लिए आमंत्रित किया जाता है, और बाहर जाने वाले कार्यक्रम के तहतआगंतुक कार्यक्रम जिसमें व्याख्यान देने, पुस्तकों की प्रस्तुति, ऑडियो–विजुअल सामग्री के लिए विशेषज्ञों को विदेश भेजा जाता है।

3) विश्व मामलों की भारतीय परिषद (ICWA)

भारतीय विश्व मामलों की परिषद, जिसने वर्ष 1943 में एक थिंक टैंक के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी, को 2001 में संसदीय अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया था। यह परिषद विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और विश्व मामलों के अध्ययन के लिए समर्पित है। यह वर्तमान में एक थिंक टैंक और भारत में विदेशी मामलों की चर्चा के लिए एक मंच के रूप में काम कर रहा है। इस संबंध में, इसमें विभिन्न संगोष्ठियों, सम्मेलनों और व्याख्यानों का आयोजन करना शामिल है, जिसमें दुनिया के सभी हिस्सों से प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाता है। आईसीडब्ल्यूए अपने सभी सेमिनारों, सम्मेलनों और भारत के भीतर और बाहर विभिन्न गतिविधियों में अपनी भागीदारी के साथ, विभिन्न विदेशी देशों के साथ सहयोग और आपसी समझ बढ़ाने में मदद कर रहा है और इसके अलावा विदेशों में भारत की सकारात्मक छवि प्रदर्शित कर रहा है।

4) भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी)

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रमजो अनिवार्य रूप से द्विपक्षीय प्रकृति रखता है वहपारस्परिक लाभ के लिए सहयोग और साझेदारी के बारे में है, जो विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा करता है। ITEC कार्यक्रम औपचारिक रूप से भारत सरकार द्वारा 15 सितंबर 1964 को शुरू किया गया था और वर्तमान में यह भारत सरकार के तकनीकी सहयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। (तकनीकी सहयोग प्रभाग)

ITEC कार्यक्रम और अफ्रीका कार्यक्रम के लिए विशेष राष्ट्रमंडल सहायता (SCAAP) में के 158 देशों की सदस्यता है, जिसमें एशिया और प्रशांत, लैटिन अमेरिका, कैरेबियन और पूर्वी व मध्य यूरोप के राष्ट्र शामिल हैं।इसका उद्देश्य अनुभवों को साझा करने प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और क्षमता निर्माण का कार्यक्रम है।

5) बाहरी प्रचार प्रभाग

विदेश मंत्रालय के विदेश प्रचार (एक्सपी) विभाग को मुख्य रूप से भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के साथ बातचीत के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भारत सरकार के विचारों/स्थितियों को स्पष्ट करने का कार्य सौंपा गया है। विभाग इस कार्य को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर कई प्रेस वार्ताओं, बयानों, पृष्ठभूमिकारों और पोस्टिंग के माध्यम से करता है। हाल के वर्षों मेंविभाग ने अपने पड़ोसियों और दुनिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों पर सूचना के प्रसार पर ध्यान केंद्रित किया है। विभाग को अतिरिक्त रूप से सभी जरूरी व्यवस्था करने का कार्य सौंपा गया है, जिसमें पत्रकारों के लिए पूरी तरह से सुसज्जित मीडिया केंद्रों की स्थापना और संचालन, मीडिया ब्रीफिंग और देश के अधिकारियों के साथ विदेश यात्रा पर जाने वाले मीडिया के लिए सुविधाएं शामिल हैं। (बाहरी प्रचार)

विदेश प्रचार विभाग पूरे वर्ष राष्ट्रीय और विदेशी मीडिया के साथ संपर्क बनाए रखता है और

भारत में स्थित विदेशी मीडिया को सारी जरूरी सहायता प्रदान करता है। विभाग द्वारा की गई सबसे रचनात्मक गतिविधि विदेशी पत्रकारों को भारत की परिचित यात्रा कराना है, जो विदेशियों को भारतीय राजनीति, विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पहली सक्षम जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। विदेश में भारत की मृदु शक्ति को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने के लिए विदेश मंत्रालय के हाथों में बाहरी प्रचार विभाग सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है। आज तकइसने उचित काम किया है और हर गुजरते साल के साथ अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है।

6) पर्यटन मंत्रालय

भारत अपने पर्यटन उद्योग के उदय से जो विभिन्न लाभ प्राप्त कर रहा है, उसके अतिरिक्त भारत को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटकों की आमद को बढ़ाया जा सके। इस प्रक्रिया में भारत की छवि विशेष रूप से इसकी अनूठी सभ्यता, विरासत और संस्कृति को विश्व समुदाय के सामने प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे दुनिया भारत को बेहतर ढंग से समझ सके। विदेश में अपने 14 कार्यालयों के साथ पर्यटन मंत्रालय विभिन्न प्रचार और विपणन अभियानों में शामिल रहा है, जिसमें भारत को एक ब्रांड और एक आकर्षक गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जहां दुनिया भर के लोगों के लिए बहुत कुछ है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर हैं यह अभियान शुरू किया गया है,जिनकी चर्चा इस प्रकार है :

I घरेलू अभियान

भारत में पर्यटकों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए, इसके महत्व को समझते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने विदेशियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के महत्व के बारे में भारत के नागरिकों को संवेदनशील बनाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। मंत्रालय ने जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता आमिर खान 'पर्यटकों के प्रति अच्छे व्यवहार' पर अभियान जारी किया है। पर्यटन मंत्रालय ने भारत को एक समग्र आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए घरेलू बाजार में एक सामान्य अभियान भी जारी किया। पर्यटन मंत्रालय ने 'ईमानदारी' विषयों पर 4 सामाजिक जागरूकता टीवी विज्ञापनों का भी निर्माण किया। इसमें सामाजिक जागरूकता प्रयासों के हिस्से के रूप में 'आतिथ्य', 'पर्यटकों के प्रति अच्छा व्यवहार और 'भारतीय होने पर गर्व'। इसके अतिरिक्त,''अतिथि देवो भवः'' संदेश को सुदृढ़ करने के लिए, जिम्मेदार व्यवहार के उद्देश्य को प्रोत्साहित करने, जनता और पर्यटन हितधारकों को संवेदनशील बनाने के लिए, दूरदर्शन और विभिन्न टीवी चैनलों पर सामाजिक जागरूकता पर एक अभियान शुरू किया गया है। (प्रचार और विपणन)

II अंतर्राष्ट्रीय अभियान

पर्यटन मंत्रालय ने भारत को एक साल के दौरआकर्षक, बहु–सांस्कृतिक, आधुनिक और खेल के अनुकूल गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अभियान जारी किए हैं। ये अभियान हैं प्रिंट कैंपेन यूरोप, प्रिंट कैंपेन अमेरिका, प्रिंट कैंपेन एशिया पैसिफिक, प्रिंट कैंपेन ग्लोबल और टीवी कैंपेन एशिया पैसिफिक। (प्रचार और विपणन)

इन अभियानों के अलावा, 'अतुल्य भारत' अभियान भारत को विश्व की आबादी के लिए

सर्वोत्तम संभव तरीके से पेश करने के लिए पर्यटन मंत्रालय की प्रमुख पहल का गठन करता है। इस संबंध में, मंत्रालय नियमित रूप से 'अतुल्य भारत' शीर्षक से अपनी द्विमासिक पत्रिका का निर्माण करता रहा है। यह अतुल्य भारत की एक अद्यतन वेबसाइट का भी रखरखाव करता है, जो भारत और इसके भीतर के सभी पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी से भरा हुआ है और साथ ही उन सभी बारीकियों से भरा है जो एक पर्यटक को भारत में उतरने से पहले जानना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय दुनिया भर के विभिन्न विदेशी चैनलों पर अतुल्य भारत पर कई टेलीविजन विज्ञापन चलाता है। इन विज्ञापनों ने विभिन्न देशों में कई पुरस्कार जीते हैं, जो स्पष्ट रूप से विदेशों में इन विज्ञापनों की सफलता के बारे में बताता है।

7) प्रवासी भारतीय मामलों का मंत्रालय

हमें दुनिया भर में भारतीय मूल के लोगों की उपलब्धियों पर गर्व है। किसी भी अन्य लोगों की तुलना में, भारत और भारतीय मूल के लोग जाति, पंथ, धर्म या भाषा की परवाह किए बिना सहिष्णुता और एक साथ रहने की कला का अर्थ जानते हैं। – डॉ मनमोहन सिंह

भारतीय प्रवासन की क्षमता और हेडकाउंट को महसूस करते हुए, जो कि 25 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है और दुनिया भर के 189 देशों में मौजूद है, भारत सरकार ने वर्ष 2004 में 'अनिवासी भारतीयों के मंत्रालय (MOIA)' की स्थापना की जिसका नाम बदलकर सितंबर 2004 में 'प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय (एमओआईए)' कर दिया गया। मंत्रालय का दृष्टिकोण और मिशन, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रवासी भारतीयों के साथ स्थायी, सहजीवी और रणनीतिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है जो भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में सर्वोत्तम सेवा प्रदान करेगा। इसके अलावा इसका उद्देश्य विदेशी भारतीयों के साथ और उनके बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद नेटवर्क की सुविधा और समर्थन के लिए एक मजबूत और जीवंत संस्थागत ढांचा स्थापित करना, ताकि भारत के विकास प्रभाव को अधिकतम किया जा सके और प्रवासी भारतीयों को भारत में निवेश करने और आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसरों से लाभ उठाने में सक्षम बनाया जा सके। अंत में इसके उद्देश्य हैं, भारत के साथ प्रवासी भारतीयों के निरंतर संपर्क को सुगम बनाना और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मामलों में विविध प्रकार की सेवाएं प्रदान करना, प्रवासी भारतीयों के ज्ञान, कौशल और निवेश योग्य संसाधनों का दोहन करने के लिए व्यक्तिगत पहल और सामुदायिक कार्रवाई के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना। जिसमें भारत और इसके डायस्पोरा के बीच के बंधन को मजबूत करने के लिए, इसकी सफलता और उपलब्धियों को पहचानने और अंत में उपयुक्त घरेलू हस्तक्षेपों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से उत्प्रवास के प्रबंधन को एक पारदर्शी, कुशल और मानवीय प्रक्रिया में बदलने में मदद मिलेगी।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि प्रवासी भारतीय मामलों का मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष काम कर रहा है कि प्रवासी भारतीय समुदाय की चिंता का समाधान किया जाएऔर अप्रत्यक्ष रूप से उनसे लाभ भी प्राप्त हो। भारत सरकार इस बात से अवगत है कि प्रवासी समुदाय इसकी प्रमुख मृदु शक्ति संपत्ति है और यही डायस्पोरा है जो भारत के बारे में दुनिया की धारणा को स्थापित कर रहा है। इसलिए भारत और उसके डायस्पोरा के बीच वर्तमान सहजीवन दोनों पक्षों के लिए जीतहै।

8) लोकतंत्र को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका

भारत में लोकतंत्र मजबूत और संपन्न हैऔर इस लोकतंत्र के बारे में दुनिया भारत को हर मंच पर संबोधित करती है। भारत ने उन देशों की सहायता करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अपनाना चाहते हैं। इसका जीवंत उदाहरण भूटान और अफगानिस्तान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया में भारत की सहायता है।

24 मार्च 2008 को भूटान में हुए पहले चुनावों के दौरान, भारत ने एक आधार स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भूटान को एक राजशाही से एक लोकतांत्रिक देश के रूप में तेजी से बढ़ने के तरफ सक्षम बनाया। चुनावों से पहलेभारतीय चुनाव आयोग ने भूटानी नागरिकों और उसके अधिकारियों को चुनाव में भाग लेने और संचालन करने के लिए प्रशिक्षित किया। भूटान के अधिकारियों को भारत में चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गयाऔर इसके अतिरिक्तवर्ष 2007 में नकली चुनावों में, भारत और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी पर्यवेक्षकों के रूप में खड़े हुए तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में भूटानी अधिकारियों की सहायता की। भूटान के सफलतापूर्वक एक लोकतांत्रिक देश में तब्दील हो जाने के बाद भीभारत भूटान को लोकतांत्रिक प्रयोगों के कार्यान्वयन में हर संभव सहायता का आश्वासन देना जारी रखता है। इसी तरह अफगानिस्तान के विकास में भारत की भूमिका की विश्व समुदाय द्वारा काफी सराहना की गई है। अफगानिस्तान के बुनियादी ढांचे के विकास में भारत की सहायता के अलावाभारत ने भी गहरी दिलचस्पी दिखाई है कि अफगानिस्तान में लोकतंत्र जीवित रहे और मजबूत हो। नया अफगान संसद भवन वर्तमान में भारत सरकार द्वारा बनाया जा रहा है जो अफगानिस्तान को एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में बनाने की उम्मीद करता है। भूटान और अफगानिस्तान में इसकी भूमिका के अलावा, अन्य तीसरी दुनिया के देश भी भारतीय लोकतंत्र की लचीली प्रकृति में रुचि रखते हैं।

निष्कर्ष

विदेशों में भारतीय मृदु शक्ति को प्रदर्शित करने की कोशिश में विभिन्न मंत्रालयों के प्रयासों के अलावा, ऐसे संस्थान, समूह और व्यक्ति भी हैं जो भारत की मृदु शक्ति को प्रख्यापित करने में शामिल हैं। उदाहरण के लिए, बॉलीवुड, सरकारी नियंत्रण से स्वतंत्र, दुनिया भर के देशों में भारतीय संस्कृति और इसकी बहुरंगी चकाचौंध को प्रदर्शित करने का एक अनुकरणीय कार्य कर रहा है। कई उद्धरण मिल सकते हैं, जहां भारत के बारे में बात करते समय शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन का संदर्भ मिलता है। विदेशों में बहुत से लोग आश्चर्यजनक रूप से बॉलीवुड अभिनेताओं को भारत के राजनेताओं के बारे में अधिक जानते हैं। हालाँकिकई लोग इस दृ ष्टिकोण से सहमत नहीं हो सकते हैं। बहरहालजब कोई बॉलीवुड फिल्म अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ऑस्कर या कोई अन्य पुरस्कार जीतती हैतो भारत को गर्व होता है। भारत के लिए गर्व की बात होती है जब बॉलीवुड के गाने ऑस्कर और अन्य पुरस्कार जीतते हैं। इसी तरहखेल के क्षेत्र में, विश्वनाथन आनंद (शतरंज), सचिन तेंदुलकर (क्रिकेट), साइना नेहवाल (बैडमिंटन), गीत सेठी (स्नूकर), अभिनव बिंद्रा (शूटिंग), और भी कई नाम ऐसे हैंजो भारत को वैश्विक मंच पर गर्व की अनुभूति करा रहे हैं। अन्य भारतीय पेशेवर भी जैसे अमर्त्य सेन, अरुंधति रॉय, अनीता देसाई, आर.के. नारायण, विक्रम सेठ, अरविंद अडिगा भारत को गौरवान्वित करा रहे हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय

मंच पर अपनी अमूर्त स्थिति को भी बढ़ा रहे हैं।

इसलिए यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भारतीयों ने मृदु शक्ति के महत्व को महसूस किया हैऔर विश्व समुदाय के लिए भारत की मृदु शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए अपना काम कर रहे हैं। हालाँकिएक तथ्य यह है कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा भयंकर है अन्य देश जैसे चीन, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश अपने प्रयासों के मामले में भारत की तुलना में बहुत अधिक कर रहे हैं तथा अपनी स्वयं की मृदु शक्ति का प्रसार कर रहे हैं। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि में शीर्ष 20 मृदु शक्ति देशों में शामिल नहीं है। भारत की वर्तमान सरकार भी एक शक्तिशाली और समर्थ मृदु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र का स्वप्न देखती है । माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भारत को "लोकतंत्र की नई रोशनी"कहने के पीछे का निहितार्थ यही है ।

संदर्भ सूची

1. Address of the Prime Minister of India, Dr. Manmohan Singh, at the Pravasi Bharatiya Divas, Chennai, January 8, 2009. (Source, *Annual Report* (2008-2009), Ministry of Overseas Indian Affairs, New Delhi, Government of India, [Online Web] Accessed: July 01, 2018, URL: http://moia.gov.in/services.aspx?mainid=17
2. *Annual Report* (2008-2009). Public Diplomacy Division, Ministry of External Affairs, New Delhi, published by Policy Planning and Research Division, Ministry of External Affairs.
3. Chatterji, Sunita Kumar, Dutt, Nalinaksha, Pusalker A.D. and Bose, Nirmal Kumar (eds.). (1958). *The Cultural Heritage of India: The Early Phases (Prehistoric Vedic and Upanishadic, Jaina and Buddhist),* Volume I, Calcutta, published by Swami Lokeswarananda, Secretary, The Ramakrishna Mission, Institute of Culture.
4. Chaulia, Sreeram. (2006). The Great Indian Diaspora. Overseas Indian: connecting India with its Diaspora, official e-Zine of ministry of Overseas Indian Affairs, (Online Web) Accessed June 18, 2018, URL: http://www.overseasindian.in/2006/feb/news/opinion24.shtml.
5. Cohen, Stephen P. (2001). *Emerging Power: India*, New Delhi: Oxford University Press.
6. External Publicity, *Annual Report* (2009-2010), Ministry of External Affairs, New Delhi, published by Policy Planning and Research Division, Ministry of External Affairs.
7. Gupta, Amit Kumar (June-December, 2013). Soft Power of the United States, China and India: A Comparative Analysis. *Indian Journal of Asian Affairs*, Vol. 26, No. 1/2, Jaipur.
8. Gupta, Amit Kumar (2008). 'Commentary on India's Soft Power and Diaspora', *International Journal on World Peace*, Vol. XXV No.3.
9. Gupta, Amit Kumar (2018). 'Indo-Japan Relations from the Lens of Soft Power', in*India-Japan Relations in the Era of Globalization,* Prof. Mohammed BadrulAlam (ed.), New Delhi: Gyan Publishing House.
10. Harappa.com, [Online Web] Accessed: June 15, 2018, URL:http://www.harappa.com/indus/indus1.html
11. *India Today* (2011). [Online Web] Accessed: June 12, 2018, URL: https://www.indiatoday.in/india/north/story/census-2011-population-of-india-is-1.21-billion-17.5-per-cent-of-world-131327-2011-03-31

12. Indology, 'Eternal India', by Life Positive, [Online Web] Accessed: June 17, 2018, URL: http://www.lifepositive.com/Mind/Indology/Eternal_India32007.asp
13. Maddison, Angus (2001). *The World Economy: A Millenium Perspective (Development Centre Studies*, OECD Publishing.
14. Nye Jr., Joseph S. (1990). *Bound to Lead: The Changing Nature of American Power*, Canada: Harper Collins Publishers.
15. Nye Jr., Joseph S. (01 March, 2006). 'Think Again: Soft Power', Yale Global Online Magazine: A publication of Yale Center for the study of Globalization, *Foreign Policy*, [Online Web] Accessed: June 20, 2018, URL: http://yaleglobal.yale.edu/content/think-again-soft-power.
16. Nye Jr., Joseph S. and Owens, William A. (March – April, 1996), 'America's Information Edge', *Foreign Affairs*, Vol. 75, No. 2.
17. Publicity and Marketing, *Annual Report* (2009-2010), Ministry of Tourism, Government of India, [Online Web] Accessed: June 21, 2018, URL: http://tourism.nic.in/annualreport.htm.
18. Singh, B. P. (1998). *India's Culture: The State, the Arts and Beyond*, Delhi: Oxford University Press.
19. The Economic Times (April 30, 2014). India Displaces Japan to become Third-Largest Economy in Terms of PPP: World Bank.
20. The Technical Cooperation Division, Government of India, [Online Web] Accessed: June 18, 2018, URL: http://itec.mea.gov.in/
21. The Times of India (05 May, 2006). 'India launches public diplomacy office', New Delhi, [Online Web] Accessed: June 11, 2018, URL: http://timesofindia.indiatimes.com/articleshow/1517855.cms
22. Varma, Pavan K. (2008). Culture as an Instrument of Diplomacy. *Indian Foreign Affairs Journal,* A Quarterly of the Association of Indian Diplomats, Volume 3, No. 2, New Delhi: Cambridge University Press India Pvt. Ltd.
23. *Vision of India* (1983). selections from the works of, 'Rabindranath Tagore,' 'Swami Vivekananda,' 'Mahatma Gandhi,' 'Sri Aurobindo,' 'Maulana AbulKalam Azad,' 'SarvepalliRadhakrishnan' and 'Jawaharlal Nehru.' New Delhi: Indian Council for Cultural Relations.
24. Worldatlas (2018). [Online Web] Accessed: June 11, 2018, URL: https://www.worldatlas.com/articles/29-largest-armies-in-the-world.html

---

सहायक प्राध्यापक , राजनीति शास्त्र विभाग, सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोकय
(पूर्व निदेशक, सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली)।
मोबाइल नं.– +91 8372801243 ईमेल–amitchess123@gmail-com;

सहायक प्राध्यापक, अंतराष्ट्रीय सम्बन्ध विभाग, झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची–835222
मोबाइल नं– +91 8002042763) ईमेल– aparna@cuj.ac.in ;

स्वाधीनता आंदोलन और क्रांतिकारियों का जीवन तथा साहित्य

–डॉ. सत्यप्रकाश सिंह

आमुख : भारत का स्वाधीनता संघर्ष अपने मूल चरित्र में सांस्कृतिक रहा है। इसलिए वह नवजागरण कालीन चेतना के प्रसार के साथ–साथ राष्ट्र स्तर पर एक भावात्मक जुड़ाव के पुनर्निर्माण में भी सफल रहा था। भारत वर्षों तक साम्राज्यवादी और क्रूर शक्तियों का गुलाम रहा है। जिसका प्रभाव आज भी भारत के दृष्टिकोण और जीवन शैली पर परिलक्षित होता है। औपनिवेशिक मानसिकता और आंतरिक हीन भावना के कारण विजयी जैसे दिखने की लालसा हमारी भाषा, विचार, रहन–सहन में दिखाई पड़ रही है। अंग्रेज राजनीतिक ताकत न होते हुए भी हमारी मनःस्थिति पर प्रभाव बनाए हुए हैं। भूमंडलीकरण के दौर में यह प्रभाव पहले की अपेक्षा अधिक गाढ़ा हुआ है। युवाओं में राष्ट्र भाव और राष्ट्र नायकों के योगदान को लेकर एक विस्मृति का भाव दिखाई पड़ रहा है। इसलिए नए, समर्थ तथा समावेशी भारत के लिए उन मूल्यों का पुनरुत्थान आवश्यक है, जो आज के भारत को तार्किक और मानवीय दिशा तथा गरिमा प्रदान कर सकें। इसके लिए वैचारिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन आवश्यक है। स्वतंत्रता, समानता का विचार और 'स्व' का सम्मान आवश्यक है। तभी हम दुःख, कष्ट, क्लेश और विनाश से निकलकर अमरता की ओर बढ़ सकते हैं। प्रस्तुत लेख, क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और रचनाओं के माध्यम से उन मूल्यों की तलाश का प्रयास करता है।

मुख्य शब्द : स्व, नवजागरण, स्वतंत्रता, स्वाधीनता, चित्त, भूमंडलीकरण, नैरेटिव, क्रांतिकारी

स्वतंत्रता और स्वाधीनता : स्वतंत्रता का संबंध अनिवार्य रूप से स्वाधीनता की चेतना से है। स्वाधीन चित्त ही सर्वतोमुखी स्वतंत्रता की साधना कर सकता है। इसलिए स्वाधीनता किसी भी राष्ट्र और जाति के लिए स्वतंत्रता से ज्यादा गहरी और व्यापक अवधारणा है। स्वतंत्रता उसका एक पक्ष है, जैसे राजनीतिक जागरण, सांस्कृतिक जागरण का एक अंग है। हिंदी साहित्य स्वाधीन चेतना के निर्माण के माध्यम से स्वतंत्रता की साधना करता है। 'भारति जय विजय करे' का भाव सीधे–सीधे उसकी स्वाधीन चेतना की अनुगूंज है। निराला की

कविता 'वर दे वीणावादिनी वर दे' इस भाव–बोध की अभिव्यक्ति करने वाली प्रमुख कविता है।

"नव गति, नव लय, ताल–छंद नव
नवल कंठ, नव जलद–मन्द्ररवय
नव नभ के नव विहग–वृंद को
नव पर, नव स्वर दे!
वर दे, वीणावादिनि वर दे।"[1]

नव की यह आकांक्षा दरअसल, गुलाम भारत की स्वाधीनता की आकांक्षा है। स्वाधीन मानस ही अपने आपको प्रत्येक प्रकार के बंधन से मुक्त करते हुए सर्वतोमुखी विकास कर सकता है। परिस्थिति विशेष में गुलाम हो जाना अलग बात है किंतु गुलामी को नियति मान लेना अलग बात है। गुलामी स्वीकार कर लेने की स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब व्यक्ति 'स्व' को समाप्त कर के किसी व्यवस्था या विचार की अधीनता स्वीकार कर लेता है। अंग्रेज हमसे हमारी 'चेतना', हमारा 'स्व' छीन लेना चाहते थे, ताकि स्वतंत्रता का विचार पैदा ही न हो सके। आज भी अनेक शक्तियां हैं, जो लोगों को गुलाम बनाये रखना चाहती हैं। ऐसे में स्वाधीनता का भाव व्यवस्था और हृदय की प्रत्येक जकड़बंदी के विरुद्ध मुक्ति का मार्ग बन सकता है।

क्रांति का विचार और इतिहास–बोध रू क्रांतिकारियों में गुलामी से मुक्ति का भाव आत्मबलिदान और कर्तव्य–बोध की भावना के साथ विकसित हुआ है। इस बोध में सदियों से प्रचलित उस साजिश का भी बोध है, जिसके आधार पर जनमुक्ति के वास्तविक बदलाव को बरगलाया जाता रहा है। दरअसल, नरम दल वालों की तरह क्रांतिकारियों का संघर्ष भी दोहरा था। वे साम्राज्यवादी शासन व्यवस्था से संघर्ष तो कर ही रहे थे साथ ही सामाजिक बदलाव की वकालत भी कर रहे थे। क्योंकि सामाजिक बदलाव के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। इसलिए उनकी क्रांति के दायरे में सामंत, पूंजीपति भी आते हैं, जो अंग्रेजों के स्वाभाविक साझेदार तो थे ही, सामान्य जन को ठगने और उनका शोषण करने वाली प्रमुख कड़ी भी थे। इस परिप्रेक्ष्य में राम प्रसाद बिस्मिल की कविता 'गुलामी मिटा दो' का उदाहरण लिया जा सकता है।

"दुनिया से गुलामी का मैं नाम मिटा दूंगा,
एक बार जमाने को आजाद बना दूंगा।
बेचारे गरीबों से नफरत है जिन्हें, एक दिन,
मैं उनकी अमीरी को मिट्टी में मिला दूंगा।
बंदे हैं खुदा के सब, हम सब ही बराबर हैं,
जर और मुफलिसी का झगड़ा ही मिटा दूंगा।
जो लोग गरीबों पर करते हैं सितम नाहक,
गर दम है मेरा कायम, गिन–गिन के सजा दूंगा।"[2]

यह महज उबाल नहीं है, क्रांति तथा अपनी भूमिका के विस्तार की कविता है। वास्तविक देश प्रेम की कविता है। देश लोगों से बनता है और लोगों की चिंता ही देश की चिंता है। इस कविता में गरीबों की चिंता है, गरीबों के प्रति नफरत रखने वाली अमीरी को मिट्टी में मिला देने का भाव है और शैतानी किले को तोड़ने का कर्तव्यबोध है, साहस है। जिसकी प्रेरणा देश की सामाजिक स्थितियां तो हैं ही, उसका एक स्रोत साम्यवाद भी था। जो साम्राज्यवादी शासन के

विरोध में, क्रांतिकारियों को विचार के स्तर पर प्रभावित कर रहा था। 1929 में छपी पांडेय हीरालाल व्यग्र की इस प्रतिबंधित कविता में उस स्वर की अनुगूंज सुनायी पड़ती है।

"बलिदानों का ढेर देख बलिवेदी ज्वाला खिल जाए
हो ऐसी हुंकार द्रोहियों के दल के दल हिल जाए।
उड़े पताका साम्यवाद की, अवनति का पथ खाली हो,
फूली, फली पल्लवित, इस उपवन की डाली–डाली हो।"[3]

क्रांति, नैतिकता और समाज रू गदर पार्टी के क्रांतिकारी कर्तार सिंह सराभा, जिन्होंने मातृभूमि के लिए 20 वर्ष की आयु में अपना बलिदान दिया, वे अक्सर एक गीत गाया करते थे। भगत सिंह ने 'शहीद कर्तार सिंह सराभा' नामक लेख में इसका जिक्र किया है – "सेवा देश दी जिंदड़िए बड़ी औखी,६ गल्लां करनीआं ढेर सुखल्लीयां ने। जिन्नां देशसेवा विच पैर पाया, ६ लक्ख मुसीबतां झल्लियां ने।"[4] अर्थात देश–सेवा करना बहुत मुश्किल है, जबकि बातें करना बहुत आसान है। जिन्होंने देश–सेवा के रास्ते पर कदम उठा लिया वे लाख मुसीबतें झेलते हैं। अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति के लिए हथियार चाहिए था। हथियारों के लिए रुपयों की आवश्यकता थी। जिसके लिए कर्तार सिंह ने डकैती डालने का सुझाव दिया। यह मार्ग उचित नहीं था, किंतु वह नहीं चाहते थे कि रुपयों की कमी से क्रांति में किसी प्रकार की रुकावट आये। जिससे देश का देश के लोगों का भविष्य जुड़ा हुआ था। उससे संबंधित एक घटना का जिक्र करते हुए भगत सिंह लिखते हैं– "एक दिन वे डकैती डालने एक गांव गए। कर्तार सिंह नेता थे। डकैती चल रही थी। घर में एक बेहद खूबसूरत लड़की भी थी। उसे देखकर एक पापी आत्मा का मन डोल गया। उसने जबरदस्ती लड़की का हाथ पकड़ लिया। लड़की ने घबराकर शोर मचा दिया। कर्तार सिंह एकदम रिवॉल्वर तानकर उसके नजदीक पहुंच गए और उस आदमी के माथे पर पिस्तौल रखकर उसे निहत्था कर दिया। फिर कड़ककर बोले, 'पापी ! तेरा अपराध बहुत गंभीर है। तुझे सजाए–मौत मिलनी चाहिए, लेकिन हालात की मजबूरी से तुम्हें माफ किया जाता है।"[5] उन्होंने उसे तब माफ किया, जब उसने लड़की और उसकी माँ के पैरों में गिरकर माफी मांगी। उस माँ ने कर्तार सिंह से दरख्वास्त की कि हो सके तो कुछ धन छोड़ दीजिए, ताकि इस लड़की की शादी हो सके। कर्तार सिंह ने सारा धन माँ के चरणों में रखकर कहा कि आप जितना धन लेना चाहती हैं, ले लीजिये। उस माँ ने थोड़ा धन रखकर बाकी सब कर्तार सिंह की झोली में डालते हुए कहा कि जाओ बेटा तुम्हे सफलता मिले। क्रांतिकारियों के लिए क्रांति साधना थी किंतु सामाजिक सरोकार और सामाजिकों से बनने वाले रिश्ते की अनदेखी उनके यहां प्रायः नहीं मिलती है। यह देश और देशवासियों के प्रति उनका विचार था। वे कोई कार्य करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखते थे कि उस कार्य के बाद उनका और समाज का, समाज के एक–एक व्यक्ति का कैसा संबंध विकसित होने वाला है। इस आधार पर वह अपने स्थान पर सही भी थे और नैतिक भी। निश्चय ही उनके यहां सशस्त्र क्रांति पर बल था, संसाधनों की पूर्ति के लिए अनैतिक समझे जाने वाले कार्य थे, वर्ग–समन्वय के स्थान पर वर्ग–संघर्ष की भूमिका का आह्वान था। यह सब नरम दल वालों के हिसाब से अनुचित ही नहीं, पाप भी था। किंतु अनेक बार बड़े भाव के लिए उचित–अनुचित और पाप–पुण्य का प्रश्न इतिहास पर छोड़ दिया जाता है।

मुख्यधारा का साहित्य, राजनीति और क्रांतिकारियों की रचनाएँ : क्रांतिकारियों के द्वारा चुना हुआ मार्ग अंग्रेजों के लिए असहनीय तो था ही, नरम दल वालों की दृष्टि में, जिसका नेतृत्व

गांधी कर रहे थे, भी अनुचित और अनैतिक था। उन्हें क्रांति के दर्शन से ही समस्या थी। स्वतंत्रता सेनानी मन्मथनाथ गुप्त ने राम प्रसाद बिस्मिल रचनावली की भूमिका में अपना क्षोभ व्यक्त करते हुए लिखा है – "मैं गांधी का एक अच्छा सिपाही था। इस युग में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का मूल मंत्र अहिंसा बताया गया। मानों राम, परशुराम, कृष्ण, राजा पुरु, शिवाजी, राणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई आदि भारत में पैदा ही नहीं हुए या भारतीय सभ्यता और संस्कृति में उनके लिए कोई स्थान नहीं था। महात्मा गांधी जब तक जीवित रहे, क्रांतिकारियों के विरुद्ध जेहाद छेड़े रहे। यद्यपि उन्होंने 'हिन्दू समाज' में यह माना था कि क्रांतिकारियों के ही कारण एक के बाद एक शासन सुधार आते रहे।"[6] क्रांतिकारियों के क्रांति दर्शन से सहमत न होने वाले लोगों का ध्यान प्रायः उस विचार की तरफ कम जाता है कि मांग कर ली हुई आजादी में समझौते करने पड़ते हैं, जिसका परिणाम भारत विभाजन के रूप में हमारे सामने है। उसके लिए ये नौजवान सहमत नहीं थे। फिर जबरदस्ती घर में घुस आए और अमानवीय जीवन जीने को विवश करने वाले साम्राज्यवादियों से हाथ जोड़कर आजादी मांगने का औचित्य उन्हें समझ नहीं आ रहा था। इसलिए उन्होंने सशस्त्र संघर्ष का रास्ता चुना और साहित्य को उस संघर्ष का अनिवार्य हिस्सा बनाया। उनके द्वारा लिखित साहित्य को यदि अध्ययन–अध्यापन और शोध के दायरे में लाया गया होता तो आज साहित्य की उपस्थिति अधिक प्रभावशाली और व्यापक होती। कम से कम साहित्य और जीवन का एक गतिशील संबंध बना रहता। कोरा विचार प्रभावशून्य होता जाता है। जहां कुछ शब्दों का संगठन करना साहित्य लेखन मान लिया जाता है, वहीं क्रांतिकारियों की रचनाएं, सामूहिक गान और भावों की एकात्मकता की रक्षा करने में सफल रही हैं। श्री राजेंद्र लहिरी, जिन्हें काकोरी कांड के लिए फाँसी की सजा दी गयी थी, उन्होंने अदालत से निकलते हुए बाहर खड़ी हुई जनता के मन में राष्ट्र भाव जगाने के लिए, उपस्थित लोगों और अपने साथियों के साथ मिलकर गाया था–

"दरो–दीवार पर हसरत से नजर करते हैं।
खुश रहो अहले–वतन हम तो सफर करते हैं।।
इस गुलामी में तो हमको न खुशी आई नजर।
खुश रहो अहले–वतन हम तो सफर करते हैं।।"[7]

स्वदेशी की साधना रू हिंदी और हिंदुस्तानियत को आत्मसात करना, स्वाधीनता की साधना से गुजरना है। स्वदेशी की प्रतिज्ञा स्वाधीनता की साधना का ऐसा ही एक रूप था। आत्मनिर्भरता स्वतंत्रता को प्रशस्त करती है। इस रूप में स्वदेशी का संकल्प एक राजनीतिक, आर्थिक अस्त्र था, जिसने भारत के मन को गहरे अर्थों में प्रभावित किया। प्रेमचंद उर्दू साप्ताहिक पत्र 'आवाज–ए–खल्क में 1905 में 'स्वदेशी आंदोलन' नामक लेख लिखकर पढ़े–लिखे शहरी लोगों को विलायती कपड़े के स्थान पर देशी कपड़े के इस्तेमाल की नसीहत देते हैं। "अगर शहरों में विदेशी चीजों का रिवाज कम होने लगे तो देहातों में आप से आप कम हो जायगा। हम अपने सूबे के तजुर्बे से कह सकते हैं कि यहां देहाती ज्यादातर जुलाहों का बुना हुआ गाढ़ा इस्तेमाल करते हैं और जाड़े में गाढ़े की दोहरी चादरें। उनको परदेशी कपड़ों की जरूरत ही नहीं महसूस होती। हम उन लोगों पर हंसा करते थे जो हम लोगों को विलायती शक्कर खाते देखकर मुंह बनाते थे। हमारी नजरों में वह लोग असभ्य मालूम होते थे। अब हमको तजुर्बा होता है कि वह ठीक रास्ते पर थे और हम गलती पर। विदेशी चीजों का रिवाज सभ्य लोगों का डाला हुआ है

और अगर स्वदेशी आंदोलन को सफलता होगी तो उन्हीं के किए होगी।"[8] स्वदेशी भावना तो है ही, अपने लोगों को मजबूत करने और अंग्रेजों को आर्थिक रूप से क्षति पहुंचाने का मार्ग भी था। इसलिए अंग्रेजों को स्वदेशी आंदोलन से खासी परेशानी रही है। 1930 में रामकवि द्वारा लिखित 'स्वदेशी प्रतिज्ञा' कविता से इस भाव को महसूस किया जा सकता है, जिसे अंग्रेज सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था।

"हमारे हिंद वालों के चलन सारे स्वदेशी हो।
पढ़े सब देश की भाषा वचन सारे स्वदेशी हो।
...
करें शोभित हमारे बाग को सब देश के तरुवर।
लगावें जो चमन उसमें सुमन सारे स्वदेशी हो।"[9]

इस कविता में प्रतिबंधित होने जैसा कुछ भी नहीं है, किंतु अंग्रेजों ने उसे प्रतिबंधित किया। यह कविता गांधी के हिन्द स्वराज की तरह भारतीयता का पक्ष अपने ढंग से रखती है। स्वदेश और स्वत्व के प्रति यह राग अंग्रेजों के श्रेष्ठत्व को चुनौती थी। जिस देश को पिछड़ा और असभ्य बताकर अपनी श्रेष्ठ सभ्यता का दावा अंग्रेजों ने किया था, उस को इससे बड़ा और बेहतर उत्तर और क्या दिया जा सकता था। किंतु इसके साथ–साथ ऐसी भी अनेक कविताएं हैं, जो सीधे–सीधे बगावत का ऐलान करती हैं। भारत माता से चण्डिका स्वरूप धारण करने का आह्वान करती हैं और देश हित में तांडव की मांग करती हैं। गोरखपुर से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र 'स्वदेश' का 7 अक्टूबर 1924 में 'विजयदशमी विशेषांक' निकला। इस विशेषांक का संपादन पांडेय बेचन शर्मा उग्र ने किया था। प्रशासन ने उसमे छपी कुछ रचनाओं को विशेष तौर पर राजद्रोह पूर्ण माना। उसमें से एक है श्री रामनाथ लाल सुमन की कविता 'माँ'। किंतु कविता में माँ भारती की छवि सांस्कृतिक स्तर पर 'स्वत्व निज भारत गहै' के भाव को प्रशस्त करती है।

"मां ! अपनी आंखों से क्यों है गूंथ रही नन्हीं बूंदें।
खून छींट दे, आग जला, धधधध लपटें अंबर छू दे।
वे नृशंस बस दर्शन से ही मर जायें बस आंखे मूदे।
अत्याचारी वधिक विदेशी छाती पर न अधिक कूदें।
एक बार मां ! एक बार तू नाच काम बन जायेगा।
ताण्डव की बस एक कला में रक्त पात्र भर जायेगा।"[10]

बड़े भाव के लिए सर्वस्य समर्पण : "मालिक तेरी रजा रहे, औ तू ही तू रहे। /बाकी न मैं रहूँ, न मेरी आरजू रहे।। /जब तक कि तन में जान, रगों में लहू रहे। /तेरा ही जिक्र यार, तेरी जुस्तजू रहे।।"[11] अपना जीवन देश की स्वतंत्रता, देश के जन–जन की स्वतंत्रता जैसे बड़े भाव के प्रति समर्पित कर देना ही क्रांतिकारी आंदोलन का मुख्य ध्येय था। 'विद्यार्थी बिस्मिल की भावना' कविता के अंतर्गत बिस्मिल देश के खातिर बुरी से बुरी स्थिति की कल्पना करते हैं। हाथ पैर में जंजीरें हों, सर कटे, फांसी मिले इत्यादि इत्यादि। किन्तु देश की सेवा से मन न विचलित हो। मातृवेदी संगठन के संस्थापक पंडित गेंदालाल दीक्षित कमजोर और रोगग्रस्त हुए तो उनकी पत्नी ने रोते हुए उनसे पूछा कि – मेरा इस संसार में कौन है ? तो पंडित जी ने कहा कि "आज लाखों विधवाओं का कौन है ? 22 करोड़ भूखे किसानों का कौन है ? दासता की बेड़ियों में

जकड़ी हुई भारत माता का कौन है ? जो इन सबका मालिक है वही तुम्हारा भी। ...मुझे दुख है तो केवल इतना ही कि मैं अत्याचारियों को अत्याचार का बदला न दे सका, मन की मन में ही रह गयी। मेरा यह शरीर नष्ट हो जाएगा, किंतु मेरी आत्मा इन्हीं भावों को लेकर फिर दूसरा शरीर धारण करेगी। अब की बार नवीन शक्तियों के साथ जन्म ले, शत्रुओं का नाश करूंगा।"[12] इस तरह का समर्पण और बलिदान का भाव भारत की स्वतंत्रता की जड़ों को सिंचित और पोषित कर रहा था। यह मातृभूमि के प्रति उसी प्रकार की अनन्यता है, समर्पण है जैसा भक्तिकाल के कवियों में उनके अपने ईश्वर के प्रति पाया जाता है। परम्पराएं हमेशा स्थूल नहीं होती हैं। उसकी सूक्ष्म स्तरों पर भी व्याख्या की जा सकती है। भक्तिकाल की कविता में ईश्वर का स्थान क्रांतिकारियों की कविता में माँ भारती ले लेती है। इस परिप्रेक्ष्य में 'मातृ–वंदना' कविता को देखा जा सकता है–

"हे मातृभूमि ! तेरे चरणों में शिर नवाऊँ।
मैं भक्ति भेंट अपनी, तेरी शरण में लाऊँ।
माथे पे तू हो चन्दन, छाती पे तू हो माला य
जिह्वा पे गीत तू हो, तेरा ही नाम गाऊँ।
जिससे सपूत उपजें, श्रीराम–कृष्ण जैसेय
उस धूल को मैं तेरी निज शीश पे चढ़ाऊँ।"[13]

जब बिस्मिल को फाँसी दी गयी तो उनके चेहरे पर शिकन नहीं थी। माँ भारती के चरणों में खुद को बलिदान कर देने की संतुष्टि का भाव था। फाँसी के तख्ते पर खड़े होकर उन्होंने कहा था– "अब न पिछले बलबले हैं और न अरमानों की भीड़ / एक मिट जाने की हसरत, बस दिले–बिस्मिल में है।"[14] किसी बड़े भाव के प्रति सर्वस्य समर्पण का यह स्वाधीन भाव ही देश की स्वतंत्रता की पृष्ठभूमि निर्मित करता है।

निष्कर्ष : स्वतंत्रता बहुत व्यापक भावना है। उसमें सभी प्रकार की मुक्ति का भाव निहित है। मुक्ति के प्रति समर्पण और कर्तव्यबोध का भाव निहित है। सुरक्षित जीवन की कामना करने वाले इस दायित्व का वरण न कर सकते थे न कर सकते हैं। यह भाव का वह व्यवहार पक्ष है, जो बलिदान मांगता है। क्रांतिकारियों का जीवन और उनकी रचनाएं व्यवस्था और ह्रदय की जकड़न को तोड़ने वाली ऐसी ही रचनाएँ हैं। व्यवस्थाएं स्वयं को स्थापित करने के लिए अनेक प्रकार के नैरेटिव गढ़ती हैं, शक्ति के बल पर लोगों पर नियंत्रण का प्रयास करती हैं। अंग्रेजों ने भी यही कार्य किया। क्रांतिकारियों ने अपने व्यवहार और रचनाओं के माध्यम से इस नैरेटिव को चुनौती देते हुए देशवासियों में उत्साह भरने का कार्य किया। उनका संघर्ष माँ भारती की मुक्ति के साथ–साथ करोड़ों दीन–दुखियों की सर्वतोमुखी मुक्ति का भी रहा। विद्वानों का एक वर्ग मानता है कि समय के साथ नयी पीढ़ी के लिए ये कविताएँ इतनी प्रभावशाली नहीं रह जाएंगी। क्योंकि अब पराधीनता की वह स्थिति नहीं है। किंतु वह स्थिति नहीं आये, इसलिए इन क्रांतिकारी रचनाओं और क्रांतिकारियों का प्रासंगिक बने रहना आवश्यक है। देश के प्रति लगाव और जिम्मेदारी तथा व्यक्ति और व्यक्ति के संबंधों का जैसा पाठ हमें क्रांतिकारी रचनाओं में प्राप्त होता है, वह स्वयं में विशिष्ट है, अनुकरणीय है। हमारे मानस पर औपनिवेशिक प्रभाव बना हुआ है। व्यवस्था और जीवन यांत्रिक, अहंकेंद्रित तथा बाजार केंद्रित होता जा रहा है। सरोकार, आदर्श तथा बड़े भाव की सीख विस्मृत हो चुकी है। ऐसे में क्रांतिकारियों का जीवन और उनकी रचनायें,

युवाओं का चरित्र निर्माण करते हुए वर्तमान समय को मानवीय और तार्किक बना सकती हैं।

संदर्भ–सूची

1. संपादक– अमरेश कुमार त्रिपाठी, निराला रचनावली, भाग–1, पृष्ठ– 225, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण– 1983
2. http://kavitakosh.org/kk/%E0%A4%97%E0%A5%81%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%AE%E0%A5%80_%E0%A4%AE%E0%A4%BF%E0%A4%9F%E0%A4%BE_%E0%A4%A6%E0%A5%8B_/_%E0%A4%B0% E0%A4%BE%E0%A4%AE_% E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0 %A4%B8%E0%A4%BE%E0%A4%A6_%E0%A4%AC%E0%A4%BF% E0%A4%B8%E0% A5%8D%E0%A4%AE%E0%A4%BF%E0%A4%B2
3. संकलन एवं संपादन, रुस्तम राय, प्रतिबंधित हिंदी साहित्य खंड–2, (पांडेय हीरालाल 'व्यग्र'–व्यग्र अभिलाषाएँ) पृष्ठ– 282, राधाकृष्ण प्रकाशन, पहला संस्करण–1999
4. चमन लाल, गदर पार्टी नायक कर्तार सिंह सराभा, पृष्ठ–62–63, नेशनल बुक ट्रस्ट, पहला संस्करण–2007
5. वही, पृष्ठ–64
6. संपादक– दिनेश शर्मा, आशा जोशी , रामप्रसाद 'बिस्मिल' रचनावली, पृष्ठ– 13–14, स्वर्ण जयंती, संस्करण–1997
7. संपादक–आचार्य चतुरसेन शास्त्री, चाँद फाँसी अंक, पृष्ठ–320, स्वर्ण जयंती, प्रथम संस्करण–1997
8. संपादक–राम आनंद, प्रेमचंद रचनावली–खंड–सात, पृष्ठ–40, जनवाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण–1996
9. संकलन एवं संपादन, रुस्तम राय, प्रतिबंधित हिंदी साहित्य खंड–2, पृष्ठ– 267, राधाकृष्ण प्रकाशन, पहला संस्करण–1999
10. नरेन्द्र शुक्ल, उपनिवेश, अभिव्यक्ति और प्रतिबन्ध (ब्रिटिश कालीन उत्तर–प्रदेश में प्रतिबंधित साहित्य), पृष्ठ– 167, अनन्य प्रकाशन, प्रथम संस्करण–2017
11. संपादक– कमलदत्त पाण्डेय, हिन्दू पंच बलिदान अंक, पृष्ठ–149, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, पुनर्मुद्रण–1996
12. संपादक– आचार्य चतुरसेन शास्त्री, चाँद फाँसी अंक, पृष्ठ–302
13. http://kavitakosh.org/kk/%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%A4%E0%A5%83-%E0%A4%B5%E0%A4%A8%E0%A5%8D%E0%A4%A6%E0%A4%A8%E0%A4%BE_/_%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%AE_%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A4%BE%E0%A4%A6_%E0%A4%AC%E0%A4% BF%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4% AE%E0%A4%BF%E0%A4%B2
14. संपादक– आचार्य चतुरसेन शास्त्री, चाँद फाँसी अंक, पृष्ठ–319

❒❒❒

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

पता– फ्लैट नंबर– 69, तरुण विहार अपार्टमेंट, सेक्टर– 13, रोहिणी, दिल्ली– 110085

मोबाइल– 9811870076, ईमेल आईडी– satyaraghuvanshi@gmail.com

ज्योतिबा फुले का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान : एक सामाजिक विश्लेषण

–सरिता कुमारी

भारत में राष्ट्रीयता, स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व जैसे लोकतांत्रिक भावों का विकास आधुनिक काल से ही प्रारंभ हुआ और इसे गति भी मिली। भारतीय समाज और भारतीय संस्कृति का स्त्री और दलित सवाल को एक नया रूप मिला। पहली बार ऐसे सवाल राष्ट्रीय सवाल बने। जब सामाजिक भेदभाव अपनी चरम सीमा पर थे तब फुले जैसे समाज सुधारक का जन्म हुआ और अपने जन्म के उद्देश्य को समझते हुए क्रांतिकारी आन्दोलन का कार्य किए।

सामाजिक, शैक्षिक क्रांति के प्रणेता के रूप में ज्योतिबा फुले को जाना जाता है। शिक्षा की ज्वाला महाराष्ट्र में जलाने के बाद पूरे भारत को आलोकित करने का काम इनके द्वारा किया गया। शिक्षा, संस्कार का दूसरा नाम है तथा नीति ही मानव जीवन का आधार है। इसी विचार को आधार बनाकर ज्योतिबा ने बिना भेद–भाव के समाज के प्रत्येक लोगों को स्वावलंबी बनाने का कार्य प्रारंभ किया। जब तक समाज में स्त्रियों को शिक्षित नहीं किया जाएगा तब तक शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता। इसीलिए पुरुषों से अधिक स्त्री–शिक्षा पर बल दिया। शिक्षा का अधिकार सर्वप्रथम उपेक्षित लोग है उसके बाद अपेक्षित लोग। यह विचार ज्योतिबा फुले का था। समान शिक्षा का अधिकार, प्राथमिक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा का बीज इन्होंने ही बोया था। उन्नीसवीं शताब्दी के पुनर्जागरण एवं सामाजिक क्रांति के साथ शिक्षा के माध्यम से नारी का उत्थान के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले अपने जीवनकाल में कई पाठशाला, छात्रावास आदि खुलवाए। कई तरह की यातनाएँ भी समाज और परिवार से इन्हें मिली। मैकाले की शिक्षा नीति का भी विरोध करके उसमें आवश्यक परिवर्तन करवाए।

की–वर्ड :–समानता, समाज, ज्योतिबा फुले, वंचित, प्रकृति, शिक्षा, नारी, सावित्री बाई फुले।

मूल आलेख :–

महात्मा ज्योतिबा राव फुले का बहिष्कृत समाज वह है जो समाज के दलित, अल्पसंख्यक, महिलाएँ आदि सदियों से प्रताड़ित होती रही है। इनके विकास के लिए गए प्रयासों का अवलोकन करने की कोशिश की गयी है। विश्लेषण के क्रम में तर्क देकर प्रमाणित करने का प्रयास किया गया है कि भारत विभिन्न धर्म मजहब आदि की खान है। यहाँ का प्राचीन धर्म हिन्दू रहा है जो कि परंपरागत कुरीतियों एवं सवर्ण समाज की मकड़जाल में फंसा हुआ है। सीमित एवं संकीर्ण मानसिकता की बहुलता थी। लोगों की सेवा करने वाले लोगों को हेय दृष्टि से देखने का कार्य किया जाने लगा। उन्हें शूद्र के नाम से पुकारा जाने लगा। एक उच्च समाज का निर्माण करके मानव

समाज को जानवरों से भी बदतर जीवन जीने को मजबूर रहे। महात्मा फुले एक ऐसे समाज सुधारक बनकर आए जिनके द्वारा समाज के वंचितों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला और समाज एवं अंग्रेजी सत्ता से संघर्ष किया जाय।

ज्योतिबा फुले उन्नीसवीं सदी के महाराष्ट्र राज्य के समाज सुधारकों के बीच अप्रतिम स्थान रखते हैं। आधुनिक भारत के जनक और भारतीय नवजागरण के पिता के रूप में ज्योतिबा फुले स्थापित हैं। मनु के द्वारा व्यवस्थित असमानताएँ इन्हें उचित नहीं लगा। गैर ब्राह्मणों और शूद्रों को न सिर्फ अपमानित होते देखा बल्कि हाथियों से कुचलवाते देखा। गैर ब्राह्मणों को अपनी पीठ के पीछे झाड़ू बांधकर चलते देखा ताकि उसके चलने के पीछे–पीछे झाड़ू लगते जाय। महिलाओं के शोषण का भी ठिकाना न रहा। सत्ती प्रथा इनके द्वारा देखी हुई घटना है। डॉ० अम्बेडकर ने फुले के संबंध में अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में लिखते हैं, "जिन्होंने हिन्दू समाज की छोटी जातियों को, उच्च्य वर्णों के प्रति उनकी गुलामी की भावना के संबंध में जागृत किया और जिन्होंने विदेशी शासन से मुक्ति पाने से भी सामाजिक लोकतंत्र (की स्थापना) अधिक महत्वपूर्ण है, इस सिद्धांत का प्रतिपादन किया, उस आधुनिक भारत के महान शूद्र महात्मा फुले की स्मृति को सादर समर्पित।"1

भारत में राष्ट्रीयता, स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व जैसे लोकतांत्रिक भावों का विकास आधुनिक काल से ही प्रारंभ हुआ और इसे गति भी मिली। भारतीय समाज और भारतीय संस्कृति का स्त्री और दलित सवाल को एक नया रूप मिला। पहली बार ऐसे सवाल राष्ट्रीय सवाल बने। जब सामाजिक भेदभाव अपनी चरम सीमा पर थे तब फुले जैसे समाज सुधारक का जन्म हुआ और अपने जन्म के उद्देश्य को समझते हुए क्रांतिकारी आन्दोलन का कार्य किए। ज्योतिबा के पिता गोविन्दराव ने असामाजिक व्यवस्थाओं से बचपन में ही अवगत करा दिया था। शिक्षा से वंचित समाज की परिस्थितियों से परिचय करा दिया गया था। बाल्यावस्था से ही शिक्षा, रोजगार और सम्मान से वंचित दलितों, पिछड़ों को देखकर फुले के मन में प्रतिक्रिया होती रहती थी। यही बड़ा होने पर कार्यरूप में बदल गयी। ज्योतिबा का प्रमुख उद्देश्य था समाज से असमानता समाप्त हो, निम्न जातियों और स्त्रियों में शिक्षा का प्रचार–प्रसार हो। क्योंकि शिक्षा के द्वारा ही लोगों में चेतना का संचार हो सकता है। फुले कहते हैं– "विद्या बिना मति गयी, मति बिना नीति गयी, नीति बिना गति गयी, गति बिना वित गया, वित बिना शूद्र गये, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किया।"2

एकमात्र शिक्षा के अभाव में ही इतने असामाजिक कार्य हो जाते हैं। इसी कारण 1848 ई०3 में सबसे पहले फुले दंपति ने कन्याशाला का आरंभ किया। 1849 में इसके परिणामस्वरूप उन्हें घर छोड़ना पड़ा। मुंबई सरकार के अभिलेखों से पता चलता है कि इनके द्वारा पुणे तथा उसके आस–पास के क्षेत्रों में बालक–बालिकाओं के लिए 18 विद्यालय खोले गए। 1855 में पुणे में भारत की प्रथम रात्रि पाठशाला खोला गया। 1852 में मराठी पुस्तकों का प्रथम पुस्तकालय खोला गया। 1851 में फिमेल एज्यूकेशन सोसायटी, सितम्बर 1853 में सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग द एज्यूकेशन ऑफ महाराष्ट्र एण्ड मांगरू की स्थापना की गई। कन्या शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान के कारण मुम्बई (महाराष्ट्र) सरकार की ओर से उन्हें पुणे के संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य मेजर कैंडी ने इन्हें 16 नवम्बर 1852 को 193 रुपये के दो शॉल भेंटकर सम्मानित किया। ज्योतिबा फुले आधुनिक विश्व के ऐसे पहले चिंतक थे जिन्होंने नारी को पुरुष से श्रेष्ठ माना है। उनका कहना था नारी को वे सभी अधिकार प्राप्त हो जो पुरुषों को मात्र प्राप्त है।

यदि पुरुष बहुपत्नि विवाह का अधिकारी है तो स्त्री को भी बहुविवाह की अधिकारिणी होनी चाहिए अन्यथा पुरुषों को यह अधिकार निषिद्ध कर देना चाहिए।4

इससे स्पष्ट पता चलता है कि कितना मुखर विचार था। उन्नीसवीं सदी के सुधार आंदोलनों एवं सुधारवादियों में स्त्री के प्रति काफी चिन्ता की। स्त्रियों की भूमिका केवल गृहकार्य तक ही थी। ज्योतिबा के क्रांतिकारी विचारों से भारतीय सामाजिक इतिहास को शक्ति तथा गरिमा प्रदान की गयी। ज्योतिबा फुले का शिक्षा के क्षेत्र में अवदान के पूर्व स्थिति को देखा जाय तो पता चलता है कि वर्तमान शिक्षा पद्धति से भिन्न शिक्षा पद्धति थी। एक समय तो उच्च वर्ग तक ही शिक्षा व्यवस्था सीमित थी। संस्कृत, व्याकरण, विधि, वैधक, धर्मशास्त्र और अंकगणित आदि की पढ़ाई होती थी। जिसे निम्न जाति वालों के लिए नहीं था।5 अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी' में स्वयं कहते हैं ब्राह्मण अध्यापकों को यह चिंता थी कि यदि अछूतों को स्कूल में भर्ती कर लिया गया तो विद्रोह हो जाएगा। यही कारण है कि अंग्रेजी सरकार को भी शिक्षा के सवाल को हल करने में समस्या आ रही थी।6

अंग्रेजी शासन के पहले प्रजा को शिक्षा देने का दायित्व सरकार पर नहीं था। इसका दायित्व समाज के उच्च वर्ग के लोगों ने ले रखा था। शिक्षा को धर्म से जोड़कर स्वकेन्द्रित कर दिया गया था। निम्न जातियों को शिक्षा से पूरी तरह दूर कर दिया गया था। इनके लिए धर्मग्रंथों या धर्म विषयक ग्रंथों को पढ़ना तो दूर छूना भी अपराध समझा जाता था। भूलवश या किसी कारणवश यदि इस विषय के संपर्क में आ जाते थे तो अपवित्र समझकर उनकी शुद्धि का विध ाान धर्म के ठेकेदारों ने बना रखा था। इतना ही नहीं बल्कि निम्न जाति के लोगों के लिए प्रताड़ित करने की भी व्यवस्था थी।7

यह सर्वविदित है कि भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना से लोगों में चेतना आयी। शिक्षा के प्रति भी दृष्टि बदली। पहले जहाँ किसी खास वर्ग तक शिक्षा सीमित थी वही व्यापक रूप से सर्वसाधारण वर्ग के लिए भी सुलभ होने लगी। भारत के प्राचीन साहित्य का अध्ययन, उसका विकास के साथ–साथ अध्यापकों को प्रोत्साहन दिया जाने लगा। प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए शास्त्रों का ज्ञान और उसके प्रचार–प्रसार का कार्य किया जाने लगा। इस तरह शिक्षा का द्वार सभी के लिए खुल गया। अब एक नये समाज के निर्माण और उसके विकास के लिए शिक्षा का सूत्रपात हुआ। लेकिन अंग्रेजी सत्ता भी साफ नीयत से इस पर काम नहीं किए। फिर भी समय परिवर्तनशील होता है। थोड़ी भी चेतना निम्न वर्ग में आयी कि सामाजिक चिंतकों के द्वारा क्रांतिकारी आंदोलन चलाए जाने लगे। सन् 1840 में बाम्बे नेटिव एजूकेशन सोसायटी ऑफ सरकारी विद्यालयों का एकीकरण करके शिक्षा परिषद का पुनर्गठन किया गया। इस तरह एक ठोस शुरूआत शिक्षा प्रसार के क्षेत्र में की गई जिसका परिणाम हुआ कि निम्न जाति के लिए शिक्षा के रास्ते और आसान हो गए।8

प्राचीन काल से ही स्त्री और दलित वर्ग जहां शोषण के शिकार होते रहे, इन दोनों के लिए ज्योतिबा मध्यकाल में आगे आए। उनका कहना था कि जब तक समाज में स्त्री जाति को शिक्षित नहीं किया जाता है तब तक घर–परिवार अशिक्षित ही रहेगा। आदिकाल से जो परंपरा रही है कि माता ही बच्चों की प्रथम गुरु होती है उनके द्वारा ही दिए गए शिक्षा और संस्कार बच्चे सीखेंगे। ज्योतिबा ने इसके लिए कन्या पाठशाला खोला। धर्म के ठेकेदार और कट्टरपंथी विचारक इसका पुरजोर विरोध करने लगे। उनका मत था कि स्त्रियाँ प्रकृति से दुष्ट, चंचल और विवेकहीन होती है। वह विश्वास के योग्य नहीं है। इनके शिक्षित हो जाने से सामाजिक–व्यवस्था

अस्त–व्यस्त हो जाएगी। फुले का इस विचार से कोई लेना–देना नहीं रहा और अपने फैसले पर अडिग रहे। सबसे पहले अपने पत्नी को घर पर पढ़ाया और पाठशाला में एक शिक्षिका के रूप में स्थापित किया।9

1848 में पहली बार कन्या पाठशाला खोलने के पहले दिन से ही छात्राओं का आना प्रारंभ हो गया। यह बात और है कि जिसके पहले दिन से ही छात्राओं का आना प्रारंभ हो गया। यह बात और है कि जिस देश में आदि शक्ति के रूप में नारी को स्थान दिया गया उसी देश में नारी की स्थिति दयनीय हो गयी थीं। इन्हीं के उत्थान का बीड़ा उठाया गया। अपने विद्यालय में हर वर्ग, हर जाति की बालिकाओं को शिक्षित किया जाने लगा। अंकगणित और व्याकरण के मूलभूत सिद्धान्त जैसे विषय पढ़ाए जाने लगे। उस समय सादाशिवराव गोवडे नामक समाजसेवी ने तन मन धन से सहयोग किये।10

कट्टरपंथियों के गढ़ में ज्योतिबा महार, भंगी शूद्र अतिशूद्र आदि की लड़कियों को एक तरफ पढ़ाने का कार्य करते थे वहीं सामाजिक विरोधियों का कड़ा विरोध सहते थे। स्थिति एक समय ऐसा आ गया कि इन्हें धमकी तक मिलने लगी। इनके पिता गोविन्दराव को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गयी। सामाजिक दबाव के कारण ज्योतिबा अपने विद्यालय के लिए एक शिक्षिका ढूँढने लगे। नहीं मिलने पर स्वयं पत्नी सावित्री बाई को शिक्षित करके सहायक शिक्षिका के रूप में नियुक्त किया। पत्नी को भी सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा। एक हिन्दू स्त्री के द्वारा शिक्षा का प्रचार–प्रसार करने का कार्य देखकर समाजद्रोही, धर्मद्रोही आदि कह दिया गया। इतना ही नहीं कुछ कट्टरपंथी के द्वारा तो आने–जाने के क्रम में फिकरेबाजी की जाती थी, छींटे कसे जाते थे। कीचड़, पत्थर आदि फेंके जाते थे। सावित्री बाई फुले अपनी प्रतिक्रिया में यही कहती थी कि मेरे उपर फेंके गये पत्थर और कीचड़ मेरे लिए फूलों के जैसे हैं। मैं अपना कर्त्तव्य निभा रही हूँ। भगवान आपको क्षमा करें।11

धीरे–धीरे स्त्री शिक्षा और निम्न जातियों की हिमायती करने वाले के रूप में ज्योतिबा का नाम सम्पूर्ण महाराष्ट्र में फैल गया। इस मिशन में जहाँ सफलता मिल रही थी वहीं कई अत्याचार का सामना भी करना पड़ा। यहाँ तक कि इन्हें घर से भी निकाल दिया गया था। बावजूद सामाजिक प्रताड़ना के अपने कर्त्तव्य से पीछे नहीं हटे। ज्योतिबा फुले को लगने लगा मात्र स्कूली शिक्षा तक सीमित रहने से ही मिशन पूरा नहीं हो सकता हैं इससे तो समाज के सीमित लोग ही शिक्षित हो सकते हैं। इसलिए समाज के प्रत्येक शिक्षित का दायित्व बनाता है कि वह अपने पास–पड़ोस के लोगों को भी शिक्षित करे, ज्ञान का दीप जलाएँ। इसके लिए प्रौढ़ शिक्षा, रात्रि पाठशाला, पुस्तकालयी शिक्षा आदि पर बल दिया जाने लगा। 1852 में पूना लाइब्रेरी की स्थापना की गयी। पूणे में लक्ष्मीबाई रोड पर एक वाचनालय था लेकिन वह कुछ खास वर्ग तक ही सीमित था। गरीब तबके के लोग इससे वंचित थे। एक बेहतर पुस्तकालय के निर्माण के लिए जहाँ समर्पित व्यक्ति चाहिए जो शिक्षित हो, समय पर पुस्तकालय खोले, पुस्तकों का रख–रखाव करे, लोगों को पुस्तक उपलब्ध कराए। ऐसी समस्याओं से घबराने के बजाय एक मकान में ही पुस्तकालय की स्थापना कर दी गयी और स्वयं कार्यभार संभालने लगे।12

इनके अथक प्रयास से अछूतों की शिक्षा के विषय में एक बहुत बड़ा परिवर्तन आने लगा। भारत सरकार के मार्गदर्शन के लिए 19 जुलाई 1854 को शिक्षा के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा जिसमें स्पष्ट लिखा था कि "जो करीब जनता खुद को मेहनत से भी शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ है, उसे जीवन में उपर्युक्त और व्यावहारिक ज्ञान के लिए योग्य बनाने हेतु शिक्षा दी जाये। हमारी

इच्छा है कि सरकार भविष्य में उचित कदम उठाकर इस लक्ष्य को हासिल करे। इसके लिए सरकार आर्थिक व्यय करने के लिए तैयार है। इस ज्ञापन पत्र में आगे यह भी लिखा था कि किसी भी विद्यार्थी को जाति के कारण सरकारी विद्यालय या महाविद्लाय में प्रवेश देने से इंकार नहीं किया जावे। वुड का यह ज्ञापन भारतीय शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में शिक्षा संबंधी महान, आदेश के रूप में जाना जाता है।"13

इस विज्ञापन को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर के रूप में शामिल किया गया। भारत में शिक्षा को धीरे–धीरे गति मिलने लगी। चार्ल्स वुड की इस शिक्षा नीति में भी बहुत गहराई छुपी हुई है। इसे मात्र बहुमुखी शिक्षा प्रसार की नीति ही मात्र नहीं समझना चाहिए बल्कि अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे। सरकार के उच्च पदों पर जितने भी अधिकारी पदस्थापित रहते थे सभी चाहते कि निम्नवर्ग के लोग इस पद पर कभी आसीन न हो। 1855 में अछूतों के लिए विद्यालय खोलने का आवेदन सरकार को दिया गया और इसके अनुसार सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालय खोला गया। शिक्षा बोर्ड ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा कि "यह पहली बार ही अवसर है कि हमलोगों ने अस्पृश्यों के लिए विद्यालय खोला।"14

भारतीय शिक्षा के प्रेमी ज्योतिबा फुले पहले भारतीय थे जिन्होंने दलितों, महिलाओं में बहुत जोर–शोर से शिक्षा का प्रचार–प्रसार के लिए भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाया। भारत की जटिल सामाजिक–व्यवस्था, पुरानी दासता, व्यापक गरीबी, धार्मिक कुरीतियाँ, जातिगत विभेद आदि के कारण शिक्षा की मूलभूत कल्पना ही समाप्त होती जा रही थी। इसके लिए इन्होंने कहा कि शूद्रों, दलितों, मेहनतकश के बच्चों को यदि पीढ़ी दर पीढ़ी शिक्षा प्राप्त नहीं होगी तो किसी खासवर्ग के गुलाम बन कर ही रह जाएंगे। इसलिए इनके लिए भी एक अलग स्कूल खोला जाय। यहाँ हर जाति के शिक्षकों की भर्ती की जाय। व्यक्तिगत या जातीय आधार पर कुछ लोगों के द्वारा जो संचालित शिक्षण है वह समाज के सभी वर्ग के लिए न्याय नहीं कर सकते हैं। इस तरह उनके आंदोलन आगे बढ़ते गये।

ज्योतिबा का संघर्ष चलता रहा। शिक्षा का दीप धीरे–धीरे और अधिक संख्या में जलने लगा। कई असामाजिक घटनाएँ समाज में होती रही। एक समय ऐसा हुआ कि 1856 में महार जाति के एक विद्यार्थी को धारवाड़ के एक सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने प्रवेश देने से मना कर दिया। इस मुद्दे को लेकर मुंबई सरकार और सभी वर्ग के विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश देने से मना नहीं किया जा सकता है। इस पर राय देते हुए लन्दन में स्थित कंपनी के संचालक ने लिखा कि "हमारा उद्देश्य है कि सरकारी शिक्षा संस्था सभी वर्गों के लिए खुली होनी चाहिए। कुछ अधिकारी मुंबई सरकार के डर से सदियों से चली आ रही दूषित परंपराओं तोड़ने से कतराते थे, परंतु अब मुंबई सरकार को चेतावनी दी जाने से उनके होश ठिकाने आये हैं और अब उन्होंने यह घोषणा की है कि सरकारी खर्च से चलने वाले सभी विद्यालय जाति–पांति निषेध रूप से सभी वर्गों के लिए खुले रहेंगे।"15

धीरे–धीरे शिक्षा की क्रांति का प्रभाव ब्राह्मण–वर्ग पर भी पड़ने लगा। ज्योतिबा के साथ सहानूभूतिपूर्वक लोग आगे बढ़ने लगे। कट्टरता की चरम सीमा होने के बावजूद इनके विचारों से प्रभावित होकर साथ मिलना बहुत बड़ी बात है। लेकिन मात्र दयाभाव से संतुष्टि मिलना फुले को पसंद नहीं था। उच्चवर्ग को प्राप्त समस्त अधिकार निम्नवर्ग को भी मिले। ज्योतिबा का स्पष्ट विचार था कि "निम्न वर्गों को इस प्रकार की शिक्ष दी जाय कि वे व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकारों व सामाजिक समानता के लिए लड़ सकें।"16

शिक्षा अब सर्वव्यापक हो गया। स्थिति यह बनने लगी कि यदि पुराण, धर्मशास्त्र, इतिहास आदि निम्न वर्ग भी पढ़ने लगे। कुछ लोगों को डर सताने लगा कि धर्मशास्त्र का अर्थ निम्न वर्ग के छात्र समझने लगेंगे तो इसका परिणाम उच्च वर्ग के लोगों पर भी पड़ने लगेगा। जयोतिबा ने तो पहले ही स्मृति, संहिताकार और सामाजिक कानून के ठेकेदारों का पर्दाफाश कर दिया था। दिन–प्रतिदिन बैठकों का दौर प्रारंभ होने लगा। फुले के सहयोगियों का विचार आया कि निम्नवर्ग के छात्रों को केवल पढ़ना–लिखना सिखाया जाय और अंकगणित ही पढ़ाया जाय, जबकि ज्योतिबा इसे मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि प्रत्येक छात्र अपने जीवन के हितकारी–अहितकारी बातों को समझना सीखे। अच्छे–बुरे की पहचान करना सीखें। "अपने अधिकार हासिल करने के लिए केवल लड़ने के लिए ही नहीं वरन उनकी रक्षा के लिए भी उन्हें तैयार रहना चाहिए।"17

हमेशा जगाए रखने के लिए कई कार्य किये गये। हालांकि इनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब थी। कारण कि पति–पत्नी निःस्वार्थ भाव से बिना वेतन लिये शिक्षण कार्य में लगे रहते थे। स्वयं की जीविका से वे उलझे रहे। कुछ कट्टरपंथियों के द्वारा तो इनकी हत्या के प्रयास भी किए गए। लेकिन बाधाओं का सामना करते हुए आगे बढ़ते रहे। इसाई मिशनरियों के एक निपुण अध्यापक और निम्नवर्गों के शुभचिंतक के रूप में प्रसिद्धि मिलने लगी। जब हंटर आयोग कमीशन की स्थापना हुई तब कई संस्थानों आयोगों से विचार–विमर्श लिये गये। ज्योतिबा फुले के विचार भी लिये गये। हंटर आयोग (1882) ने दलितों, महिलाओं में शिक्षा के प्रसार की सिफारिश तो की लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं किया गया।18

भारतीय शिक्षा के प्रेमी ज्योतिबा फुले पहले भारतीय थे जिन्होंने दलितों महिलाओं में बहुत जोर–शोर से शिक्षा का प्रचार–प्रसार के लिए भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाया। भारत की जटिल सामाजिक व्यवस्था, पुरानी दासता, व्यापक गरीबी, धार्मिक कुरीतियाँ, जातिगत विभेद आदि के कारण शिक्षा की मूलभूत कल्पना ही समाप्त होती जा रही थी। इसके लिए इन्होंने कहा कि शूद्रों, दलितों, मेहनतकश के बच्चों को यदि पीढ़ी–दर–पीढ़ी शिक्षा प्राप्त नहीं होगी तो किसी खास वर्ग के गुलाम बन कर ही रह जाएंगे। इसलिए इनके लिए भी एक अलग स्कूल खोला जाय। यहाँ हर जाति के शिक्षकों की भर्ती की जाय। व्यक्तिगत या जातिय आधार पर कुछ लोगों के द्वारा जो संचालित शिक्षण है वह समाज के सभी वर्ग के लिए न्याय नहीं कर सकते हैं। इस तरह उनके आन्दोलन आगे बढ़ते गये।

निष्कर्ष :–

निष्कर्षतः ज्योतिबा राव अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के दलित–वंचित, शोषित, मजदूर आदि वर्गों के विकास के लिए जिया। अठारहवीं सदी के अंत से शुरू करके जीवन के अंतिम समय तक वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए हमेशा प्रयास किया जिसका परिणाम यह हुआ कि स्त्रियों, कृषकों, मजदूरों, शूद्रों, शोषितों आदि के उत्थान और त्याग के लिए ज्योतिबा आज भी याद किए जाते हैं। वे सदियों से पीड़ितों को शिक्षित करने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हमेशा तत्पर रहे। समाज को स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों की स्थापना के साथ–साथ नए मूल्यों की नींव रखी। प्राचीन काल से चली आ रही दासता के बंधनों को तोड़कर शोषितों के कल्याण के लिए एक नवीन मार्ग तैयार किया। फुले का दर्शन, धर्म का इस्तेमाल सामाजिक असमानता को सही ठहराने के लिए किए गए प्रयासों के विरोध पर आधारित था न कि किसी धार्मिक सुधार या आंदोलन से उनका संबंध था। उन्होंने अपनी

रचनाओं के द्वारा स्पष्ट करना चाहा कि तर्क और नैतिकता के विरुद्ध किसी भी नियम अथवा सिद्धांत को उचित नहीं माना जा सकता है। समाज को शिक्षित होना इसके लिए अति–आवश्यक है। जितनी सशक्त और उचित शिक्षा मिलेगी उतना मजबूत और सामर्थ्यवान समाज का निर्माण संभव है। यही शिक्षा के माध्यम से ज्योतिबा के द्वारा दिया गया संदेश था।

संदर्भ संकेत :

1. डॉ० अम्बेडकर. 'शूद्र कौन थे ?' पुस्तक की समर्पण पत्रिका, 10 अक्टूबर 1946 के हवाले से सुभाष गताडे, आलेख : 1857 का संग्राम और शूद्र–अतिशूद्र, 1857 : निरन्तरता और परिवर्तन, पृ० 284.
2. डॉ० एम० बी० शाह, भारतीय समाज क्रान्ति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2016, पृ० 35.
3. अनुवादक वेदकुमार वेदालंकार, शेतक याचा आसूद–किसान का कोड़ा, महाराष्ट्र, शासन, मुम्बई, 1996, पृ० 01.
4. डॉ० हेमलता आचार्य, भारत में सामाजिक क्रांति के पथ–प्रदर्शक ज्योतिबा फुले, सम्यक प्रकाशन, प्रथम संस्करण–2015, पृ० 61.
5. के० एन० भावलकर, आटो–बायोग्राफी (मराठी), पापूलर प्रकाशन, बॉम्बे, 1997, पृ० 90.
6. वेदकुमार वेदालंकार, गुलामगिरी. महात्मा ज्योतिबा फुले महाराष्ट्र शासन, मुम्बई, 1994, पृ० 110.
7. यं०दि० फड़के, महात्मा फुले गौरव ग्रन्थ–खण्ड प्रथम, सम्पादक हरिनके, महाराष्ट्र राज्य शिक्षण विभाग, मुम्बई, 1991, पृ० 122.
8. डॉ० बैजनाथ पुरी. भारतीय संस्कृति के मूल तथ्य प्राच्य इतिहास विभाग, लखनऊ, सुलभ प्रकाशन, वर्ष 1996, पृ० 451.
9. सर जार्ज आटो ट्रेवेल्यान, द लाइफ एण्ड लैटर्स ऑफ लार्ड मैकाले, पृ० 329–330.
10. एल० जी० मेश्राम विमलकीर्ति (अनुवादक), महात्मा ज्योतिबा फुले रचनावली, तृतीय नाटक राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1990, पृ० 17.
11. अकाल पीड़ितों की सहायता हेतु पत्र 17 मई, 1877, ज्ञान प्रकाश पत्र – 24 मई 1877, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1990.
12. जियालाल आर्य, ज्योतिपुंज महात्मा फुले, पूर्वोदय प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० 78–99.
13. महात्मा ज्योतिबा फुले. गुलामगिरी, सम्यक प्रकाशन, पूणे, 1873, पृ० 102.
14. राजभोंसले याचार, छत्रपति शिवाजी (काव्य), पुरन्द्रे प्रकाशन, मराठी, बॉम्बे, 1978, पृ० 206.
15. भवानी लाल भारतीय, नवजागरण के पुरौधा दयानन्द सरस्वती, वैदिक पुस्तकालय, अजमेर, 1983, पृ० 107.
16. सत्येन्द्रनाथ मजूमदार, विवेकानन्द चरित्र. अनुवादक पं० मोहिनी मोहन गोस्वामी. रामकृष्ण मठ, नागपुर, 1991, पृ० 107.
17. रोमां रोला. रामकृष्ण परमहंस (सम्पादक अनुवादक डॉ० रघुराज गुप्त, धनराज विद्यालंकार), इलाहाबाद, 1978, पृ० 98.
18. धनंजय कीर, डॉ० अम्बेडकर लाइफ एण्ड मिशन, पौपुलर पब्लिकेशन, मुम्बई, 2018, पृ० 05.

शोधार्थी, हिन्दी विभाग,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय,
हजारीबाग, झारखण्ड, ज्योतिन प्रकाश कुशवाहा
राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,
झील रोड, हजारीबाग, झारखण्ड, पिन नं०–825301, फोन नं०–6200763170

National Education Policy (NEP) 2020: Promotion of Indian Languages, Multilingual Education, and the Three Language Formula

–Swati Dwivedi

Abstract:

